لا إله إلا الله محمد رسول الله
जिल्द-3
हदीस नं. 4628-6294
مشكاة المصابيح
मिश्कातुल मसाबिह
वलियुद्दीन अबू अब्दुल्लाह मुहम्मद इब्ने
अब्दुल्लाह अल ख़तीब तबरेज़ी (वफ़ात 740 ही.)
तहकिम व तखरिज
हाफिज जुबैर अली ज़ई(वफ़ात 10 Nov. 2013)
उर्दू तर्जुमा
अबू अनस मुहम्मद सरवर गौहर
हिंदी तर्जुमा(Transliteration)
मुहम्मद शोएब इब्ने डॉ. अब्दुल करीम

*अगर आप pdf मैं ये देख रहे है तो पेज नंबर पे क्लिक(CLICK) करने पर वो पेज खुल जाएगा इंशाअल्लाह

किताबुल आदाब

किताबुल अर्रीकाक

किताबुल फितन

किताबुल अहवाल ए कियामत व बदइल खल्क

किताबुल फ़ज़ाइल ए शमाइल

किताबुल मनाकिब

بَاب السَّلَام • सलाम का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٤٦٢٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " خَلَقَ اللَّهُ آدَمَ على صورته طوله ذِرَاعًا فَلَمَّا خَلَقَهُ قَالَ اذْهَبْ فَسَلِّمْ عَلَى أُولَئِكَ النَّفَرِ وَهُمْ نَفَرٌ مِنَ الْمَلَائِكَةِ جُلُوسٌ فَاسْتَمِعْ مَا يُحَيُّونَكَ فَإِنَّهَا تَحِيَّتُكَ وَتَحِيَّةُ ذُرِّيَّتِكَ فَذَهَبَ فَقَالَ: السَّلَامُ عَلَيْكُمْ فَقَالُوا: السَّلَامُ عَلَيْكَ وَرَحْمَةُ اللَّهِ " قَالَ: «فَزَادُوهُ وَرَحْمَةُ اللَّهِ» . قَالَ: «فَكُلُّ مَنْ يَدْخُلُ الْجَنَّةَ عَلَى صُورَةِ آدَمَ وَطُولُهُ سِتُّونَ ذِرَاعًا فَلَمْ يَزَلِ الْخَلْقُ يَنْقُصُ بعدَه حَتَّى الْآن»

4628. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को उस की सूरत पर तखलीक फ़रमाया, उनका कद साठ हाथ था, जब उस ने उन्हें पैदा किया तो फ़रमाया: जाओ इस जमाअत को सलाम करो, इस जमाअत में चंद फ़रिश्ते बैठे हुए थे वह आप को जो जवाब दें, वह गौर से सुने, चुनांचे वही जवाब तुम्हारा और तुम्हारी औलाद का होगा, वह गए और उन्होंने उन से कहा: السَّلَامُ عَلَيْكَ (सलामती हो तुम पर)! उन्होंने कहा: السَّلَامُ عَلَيْكَ وَرَحْمَةُ اللَّهِ (सलामती हो तुम पर और अल्लाह की रहमत हो)!" उन्होंने उन्हें लफ़्ज़ व रहमतुल्लाह का इज़ाफ़ी (ज़्यादा) जवाब दिया", फ़रमाया: "जन्नत में जाने वाला हर शख़्स सूरत ए आदम अलैहिस्सलाम पर होगा, उस का कद साठ हाथ होगा, उन के बाद फिर मुसलसल अब तक कद व कामत में कमी वाकेअ होती चली आ रही है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6227) و مسلم (28 / 2841)، (7163)

٤٦٢٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو: أَنَّ رَجُلًا سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَيُّ الْإِسْلَامِ خَيْرٌ؟ قَالَ: «تُطْعِمُ الطَّعَامَ وَتَقْرَأُ السَّلَامَ عَلَى مَنْ عَرَفْتَ وَمَنْ لم تعرف»

4629. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया कौन सा (आदाब) इस्लाम बेहतर है, फ़रमाया: "(ये के) तुम खाना खिलाओ और तुम जिसे जानते हो इसे भी और जिसे नहीं जानते इसे भी सलाम करो"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6236) و مسلم (63 / 39)، (160)

٤٦٣٠ - و (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لِلْمُؤْمِنِ عَلَى الْمُؤْمِنِ سِتُّ خِصَالٍ: يَعُودُهُ إِذَا مَرِضَ وَيَشْهَدُهُ إِذَا مَاتَ وَيُجِيبُهُ إِذَا دَعَاهُ وَيُسَلِّمُ عَلَيْهِ إِذَا لَقِيَهُ وَيُشَمِّتُهُ إِذَا عَطَسَ وَيَنْصَحُ لَهُ إِذَا غَابَ أَوْ شَهِدَ «لَمْ أَجِدْهُ» فِي الصَّحِيحَيْنِ «وَلَا فِي كِتَابِ الْحُمَيْدِيِّ وَلَكِنْ»» ذَكَرَهُ صَاحِبُ» الْجَامِع " بِرِوَايَةِ النَّسَائِيِّ

4630. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन के मोमिन पर छे हक़ है: जब वह बीमार हो जाए तो उस की मिलने जाए, जब वह फौत हो जाए तो उस के जनाज़े में शरीक हो, जब वह दावत दे तो उसे कबूल करे, जब वह उस से मुलाकात करे तो उसे सलाम करे, जब इसे छींक आए (और الْحمد لله (तमाम तारीफ़े अल्लाह के लिए है) कहे) तो वह इसे يَرْحَمُكَ اللَّهُ (अल्लाह तुम पर रहम करे) कह कर जवाब दे और उस की मौजूदगी और गैर मौजूदगी में उस से खैरख्वाही करे”| # साहबे मिश्कात कहते हैं और मैंने इसे ने तो सहीहैन में पाया है न किताब अल हुमैदी में लेकिन जामेअ अल अस्वल के मुअल्लिफ इब्ने असीर ने इसे निसाई की रिवायत से ज़िक्र किया है. (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (4 / 53 ح 1940) [و الترمذی (2737) وقال هذا حديث صحيح]

٤٦٣١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَدْخُلُونَ الْجَنَّةَ حَتَّى تُؤْمِنُوا وَلَا تُؤْمِنُوا حَتَّى تَحَابُّوا أَو لَا أدلكم على شَيْء إِذا فعلتموه تحاببتم؟ أفشوا السَّلَام بَيْنكُم» رَوَاهُ مُسلم

4631. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम इस वक़्त तक जन्नत में दाखिल नहीं हो सकते जब तक तुम मोमिन नहीं बन जाते, तुम इस वक़्त तक मोमिन नहीं बन सकते जब तक तुम बाहम मुहब्बत नहीं करते, क्या मैं तुम्हें ऐसी चीज़ न बताऊँ! जब तुम उसे करने लग जाओगे तो तुम्हारी बाहम मुहब्बत हो जाए आपस में सलाम फैलाओ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (93 / 54)، (194)

٤٦٣٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُسَلِّمُ الرَّاكِبُ عَلَى الْمَاشِي وَالْمَاشِي عَلَى الْقَاعِدِ وَالْقَلِيلُ عَلَى الْكَثِيرِ»

4632. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सवार, पैदल चलने वाले को, पैदल चलने वाला बैठे हुए को और मुख़्तसर कसीर को सलाम करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6232) و مسلم (1 / 2160)، (5646)

٤٦٣٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُسَلِّمُ الصَّغِيرُ عَلَى الْكَبِيرِ وَالْمَارُّ عَلَى الْقَاعِدِ وَالْقَلِيلُ عَلَى الْكَثِيرِ»

4633. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “छोटा बड़े को, चलने वाला बैठे हुए को और मुख़्तसर कसीर को सलाम करे”| (बुखारी)

رواه البخاری (6231)

٤٦٣٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أَنَسٍ قَالَ: إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مر على غلْمَان فَسلم عَلَيْهِم

4634. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की रसूलुल्लाह ﷺ बच्चो के पास से गुज़रे और उन्हें सलाम किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6247) و مسلم (14 / 2168)، (5663)

٤٦٣٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «لَا تبدؤوا الْيَهُودَ وَلَا النَّصَارَى بِالسَّلَامِ وَإِذَا لَقِيتُمْ أَحَدَهُمْ فِي طريقٍ فَاضْطَرُّوهُ إِلَى أضيَقِه»

4635. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “यहूद नसारा को सलाम करने में पहल न करो, और जब तुम उन में से किसी को रास्ते में मिले तो उन्हें रास्ते के एक तरफ चलने पर मजबूर कर दो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (13 / 2167)، (5661)

٤٦٣٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا سَلَّمَ عَلَيْكُمُ الْيَهُودُ فَإِنَّمَا يَقُولُ أَحَدُهُمْ: السَّامُ عَلَيْك. فَقل: وَعَلَيْك "

4636. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब यहूदी तुम्हें सलाम करते हैं, तो उन में से एक तुम्हें हमें कहता है, السَّامُ عَلَيْك (तुम पर मौत वाकेअ हो) लिहाज़ा तुम उन्हें यह जवाब दो وَعَلَيْك (और तुम पर हो)”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6257) و مسلم (8 / 2164)، (5654)

٤٦٣٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِذَا سَلَّمَ عَلَيْكُمْ أَهْلُ الكتابِ فَقولُوا: وَعَلَيْكُم "

4637. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अहले किताब तुम्हें सलाम करे तो तुम जवाब में इतना) कहो : “وَعَلَيْك (तुम पर हो)”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6258) و مسلم (6 / 2163)، (5652)

٤٦٣٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عائشةَ قَالَتْ: اسْتَأْذَنَ رَهْطٌ مِنَ الْيَهُودِ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا السَّامُ عَلَيْكُمْ. فَقُلْتُ: بَلْ عَلَيْكُمُ السَّامُ وَاللَّعْنَةُ. فَقَالَ: «يَا عَائِشَةُ إِنَّ اللَّهَ رَفِيقٌ يُحِبُّ الرِّفْقَ فِي الْأَمْرِ كُلِّهِ» قُلْتُ: أَوَلَمْ تَسْمَعْ مَا قَالُوا؟ قَالَ: «قَدْ قُلْتُ وَعَلَيْكُمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «عَلَيْكُمْ» وَلم يذكر الْوَاو»» وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ. قَالَتْ: إِنَّ الْيَهُودَ أَتَوُا النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم [ص:١٣١ فَقَالُوا:

السَّام عَلَيْكَ. قَالَ: «وَعَلَيْكُمْ» فَقَالَتْ عَائِشَةُ: السَّامُ عَلَيْكُمْ وَلَعَنَكُمُ اللَّهُ وَغَضِبَ عَلَيْكُم فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَهْلًا يَا عَائِشَةُ عليكِ بالرِّفق وإِياك والعنفَ والفُحْشَ» . قَالَت: أَو لم تسمع مَا قَالُوا؟ قَالَ: «أَو لم تَسْمَعِي مَا قُلْتُ رَدَدْتُ عَلَيْهِمْ فَيُسْتَجَابُ لِي فِيهِمْ وَلَا يُسْتَجَابُ لَهُمْ فِيَّ»»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ. قَالَ: «لَا تَكُونِي فَاحِشَةً فَإِنَّ اللَّهَ لَا يُحبُّ الفُحْشَ والتفحُّش»

4638. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, यहूदियों की एक जमाअत ने नबी ﷺ से इजाज़त तलब की तो उन्होंने कहा: السَّامُ عَلَيْك (तुम पर मौत वाकेअ हो), मैंने कहा: "بَلْ عَلَيْكُمُ السَّامُ وَاللَّعْنَةُ (बल्के तुम पर मौत और लानत वाकेअ हो)", आप ﷺ ने फ़रमाया: "आयशा! बेशक अल्लाह मेहरबान है के हर मुआमले में मेहरबान जो नरमी करने को पसंद फरमाता है", मैंने अर्ज़ किया: क्या आप ने नहीं सुना के उन्होंने क्या कहा है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "मैंने कह दिया था: وَعَلَيْك (और तुम पर हो) और एक दूसरी रिवायत में: "عَلَيْك (तुम पर हो)" के अल्फाज़ है, उन्होंने وَ (वाव) का ज़िक्र नहीं किया| और बुखारी की रिवायत में है: आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: "यहूदी नबी ﷺ के पास आए और उन्होंने कहा: السَّامُ عَلَيْك (तुम पर मौत वाकेअ हो), आप ﷺ ने फ़रमाया: "وَعَلَيْك (तुम पर हो)", आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: السَّامُ عَلَيْكُمْ وَلَعَنَكُمُ اللَّهُ وَغَضِبَ (तुम पर मौत वाकेअ हो अल्लाह तुम पर लानत फरमाए और तुम पर नाराज़ हो), (ये सुन कर) रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "आयशा! ठहरो नरमी इख़्तियार करो, सख्ती और बदगोई से बचा करो", उन्होंने अर्ज़ किया, क्या आप ने नहीं सुना जो उन्होंने कहा ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम ने नहीं सुना जो मैंने कहा, मैंने उन्हें जवाब दे दिया था, उन के मुत्तल्लिक मेरी बद्दुआ कबूल हो गई जबके उनकी मेरे मुत्तल्लिक बद्दुआ कबूल नहीं हुई", और मुस्लिम की रिवायत में है: आप ﷺ ने फ़रमाया: "आप बदगोई करने वाली न बने, क्योंकि अल्लाह बे तकल्लुफ और बे तकल्लुफ बदगोई को पसंद नहीं फरमाता"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6927) و الرواية الثانية (6030) و مسلم (10 / 2165) و الرواية الثانية (11 / 2165)، (5656 و 5657)

٤٦٣٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أسامة بن زيد: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّ بِمَجْلِسٍ فِيهِ أَخْلَاطٌ مِنَ الْمُسْلِمِينَ وَالْمُشْرِكِينَ عَبَدَةِ الْأَوْثَانِ وَالْيَهُودِ فَسَلَّمَ عَلَيْهِمْ

4639. उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ का एक ऐसी मजलिस से गुज़र हुआ जिस में मुसलमान, बुतों के पुजारी मुशरिक और यहूदी बैठे हुए थे, तो आप ﷺ ने उन्हें सलाम किया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2654) و مسلم (116 / 1798)، (4659)

٤٦٤٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِيَّاكُمْ وَالْجُلُوسَ بِالطُّرُقَاتِ» . فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا لَنَا مِنْ مَجَالِسِنَا بُدٌّ نَتَحَدَّثُ فِيهَا. قَالَ: «فَإِذَا أَبَيْتُمْ إِلَّا الْمَجْلِسَ فَأَعْطُوا الطَّرِيقَ حَقَّهُ» . قَالُوا: وَمَا حَقُّ الطَّرِيقِ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «غَضُّ الْبَصَرِ وَكَفُّ الْأَذَى وَرَدُّ السَّلَام والأمرُ بِالْمَعْرُوفِ وَالنَّهْي عَن الْمُنكر»

4640. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: रास्तो में बैठनेसे बचा करो", सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वहां बेठना हमारी मज़बूरी है उस के बगैर गुज़ारा नहीं, हम वहां बैठ कर बाते करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगर तुमने ज़रूर बेठना ही है तो फिर रास्ते का हक़ अदा करो", उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह

के रसूल! रास्ते का हक़ क्या है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नज़रे झुकाना, तकलीफ न पहुचाना, सलाम का जवाब देना, नेकी का हुक्म देना और बुराई से मना करना”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (6229) و مسلم (114 / 2121)، (5563)

٤٦٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي هَذِهِ الْقِصَّةِ قَالَ: «وَإِرْشَادُ السَّبِيلِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ عَقِيبَ حَدِيثِ الْخُدْرِيِّ هَكَذَا

4641. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से इस (हदीस पिछली ज़िक्र की गई) किस्से के मुत्तल्लिक रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “और रास्ता बताना”| इमाम अबू दावुद ने अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस के बाद इसी तरह रिवायत किया है| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ ابوداؤد (4816)

٤٦٤٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عُمَرَ»» عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي هَذِهِ الْقِصَّةِ قَالَ: «وَتُغِيثُوا الْمَلْهُوفَ وَتَهْدُوا الضالَّ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد عقيب حَدِيث أبي هُرَيْرَة هَكَذَا وَلم أجدهما فِي «الصَّحِيحَيْنِ»

4642. उमर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से इस किस्से के बारे में रिवायत करते हैं, फ़रमाया: “मज़लूम की मदद करो और रास्ता भटके हुए शख़्स की रहनुमाई करो”| इमाम अबू दावुद ने अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु की हदीस के बाद इसी तरह रिवायत किया है, और मैंने इन दोनों हदीसो को सहीहैन में नहीं पाया| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ ابوداؤد (4817) * ابن حجیر العدوی : مستور و فی السند علة أخری و للحدیث شواھد ضعیفة

بَاب السَّلَام • सलाम का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٦٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لِلْمُسْلِمِ عَلَى الْمُسْلِمِ سِتٌّ بِالْمَعْرُوفِ: يُسَلِّمُ عَلَيْهِ إِذَا لَقِيَهُ وَيُجِيبُهُ إِذَا دَعَاهُ وَيُشَمِّتُهُ إِذَا عَطَسَ وَيَعُودُهُ إِذَا مَرِضَ وَيَتْبَعُ جِنَازَتَهُ إِذَا مَاتَ وَيُحِبُّ لَهُ مَا يُحِبُّ لِنَفْسِهِ " رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

4643. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमान के मुसलमान पर दस्तूर के मुताबिक छे हुकुक है जब उस से मुलाकात करे तो उसे सलाम करे, जब वह दावत दे तो उसे कबूल करे, जब वह छींक मारे और वह

الْحَمد لله (तमाम तारीफ़े अल्लाह के लिए है) कहे तो उसे يَرْحَمُكَ اللّٰهُ (अल्लाह तुम पर रहम करे) कहे, जब वह बीमार हो जाए तो उस की मिलने जाए, जब वह फौत हो जाए तो उस के जनाज़े में शरीक हो और उस के लिए वही कुछ पसंद करे जो वह अपने लिए पसंद करता है"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (2736 وقال : هذا حديث حسن) و الدارمی (2 / 275 276 ح 2636) [و ابن ماجه (1433) و احمد (1 / 88 89)] * الحارث الاعور ضعيف و حديث مسلم (2162)، (5651) يغنی عنه

٤٦٤٤ - (حسن) وعن»» عمرَان بن حُصَيْن أَنَّ رَجُلًا جَاءَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَقَالَ: السَّلَامُ عَلَيْكُمْ فَرَدَّ عَلَيْهِ ثُمَّ جَلَسَ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «عشر» . ثمَّ جَاءَ لآخر فَقَالَ: السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللَّهِ وَبَرَكَاتُهُ فَرَدَّ عَلَيْهِ فَقَالَ: «ثَلَاثُونَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4644. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आया और उस ने कहा السَّلَامُ عَلَيْكَ (सलामती हो तुम पर)! आप ﷺ ने इसे जवाब दिया, फिर वह बैठ गया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: "(इस के लिए) दस (नेकियाँ) हैं", फिर दूसरा शख़्स आया और उस ने कहा السَّلَامُ عَلَيْكَ وَرَحْمَةُ اللّٰهِ (सलामती हो तुम पर और अल्लाह की रहमत हो)! आप ﷺ ने इसे जवाब दिया, जब वह बैठ गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "(इस के लिए) बीस (नेकियाँ) हैं", फिर एक और शख़्स आया और उस ने कहा السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللّٰهِ وَبَرَكَاتُهُ (सलामती हो तुम पर और अल्लाह की रहमत हो और उस की बरकत हो)! आप ﷺ ने इसे जवाब दिया, जब वह बैठ गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "(इस के लिए) तीस (नेकियाँ) हैं"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2689 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (5195)

٤٦٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن معَاذ»» بْنِ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَعْنَاهُ وَزَاد ثُمَّ أَتَى آخَرُ فَقَالَ: السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللَّهِ وَبَرَكَاتُهُ وَمَغْفِرَتُهُ فَقَالَ: «أَرْبَعُونَ» وَقَالَ: «هَكَذَا تكون الْفَضَائِل» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4645. मुआज़ बिन अनस रदी अल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ से इसी मफ्हुम की हदीस नकल करते हुए यह इज़ाफा नकल किया है फिर एक और आया और उस ने कहा السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللّٰهِ وَبَرَكَاتُهُ وَمَغْفِرَتُهُ (सलामती हो तुम पर और अल्लाह की रहमत हो और उस की बरकत हो और उस की मगफिरत हो)! आप ﷺ ने फ़रमाया: "(इस के लिए) चालीस (नेकियाँ) है", और फ़रमाया: "फ़ज़ाइल इसी तरह होते हैं"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5196) * سنده معلول لان الراوی شک فی اتصاله وله شاهد ضعيف فی التاريخ الكبير للبخاری (1 / 330)

٤٦٤٦ - (إِسْنَاده صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَوْلَى النَّاسِ بِاللَّهِ مَنْ بَدَأَ السَّلَام» . رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4646. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "सलाम में पहल करने वाला शख़्स

अल्लाह का सबसे ज़्यादा करीबी है”| (सहीह)

صحیح ، رواہ احمد (5 / 254 ح 22545) و الترمذی (2694 وقال : حسن) و ابوداؤد (5197)

٤٦٤٧ - (صَحِيح) وَعَن»» جَرِيرٍ: أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّ عَلَى نِسْوَةٍ فَسَلَّمَ عَلَيْهِنَّ. رَوَاهُ أَحْمَدُ

4647. जरीर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ औरतों के पास से गुज़रे तो आप ﷺ ने उन्हें सलाम किया| (हसन)

حسن ، رواہ احمد (4 / 357 ح 19367) * السند ضعیف جدًا ، فیه جابر الجعفی (ضعیف جدًا رافضی) قال : حدثنی رجل (مجھول) عن طارق التمیمی عن جریر به ، و للحدیث شواھد حسنھعند ابی داود (5204 حسن) و الترمذی (2697) و البخاری فی الادب المفرد (1047 1048) و انظر الحدیث الآتی (4663)

٤٦٤٨ - (حسن) وَعَنْ»» عَلِيِّ بْنَ أَبِي طَالِبٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: يُجْزِئُ عَنِ الْجَمَاعَةِ إِذَا مَرُّوا أَنْ يُسَلِّمَ أَحَدُهُمْ وَيُجْزِئُ عَنِ الْجُلُوسِ أَنْ يَرُدَّ أَحَدُهُمْ. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ [ص:١٣١ الْإِيمَانِ» مَرْفُوعا. وروى أَبُو دَاوُد وَقَالَ: وَرَفعه الْحَسَنُ بْنُ عَلِيٍّ وَهُوَ شَيْخُ أَبِي دَاوُدَ

4648. अली बिन अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब लोगो की जमाअत का गुज़र हो तो उनकी तरफ से एक आदमी का सलाम करना काफी है और जो बैठे हुए हैं उनकी तरफ से एक आदमी का जवाब देना काफी है”| बयहकी ने शौबुल ईमान में उसे मरफुअ रिवायत किया है, और अबू दावुद ने इस हदीस को रिवायत करने के बाद कहा हसन बिन अली ने इसे मरफुअ रिवायत किया है और वह अबू दावुद के उस्ताद है| (हसन)

حسن ، رواہ البیھقی فی شعب الایمان (8922) و ابوداؤد (5210)

٤٦٤٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمْ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَيْسَ مِنَّا مَنْ تَشَبَّهَ بِغَيْرِنَا لَا تَشَبَّهُوا بِالْيَهُودِ وَلَا بِالنَّصَارَى فَإِنَّ تَسْلِيمَ الْيَهُودِ الْإِشَارَةُ بِالْأَصَابِعِ وَتَسْلِيمَ النَّصَارَى الْإِشَارَةُ بِالْأَكُفِّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: إِسْنَاده ضَعِيف

4649. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: जिस ने हमारे अलावा किसी और से मुशाबिहत इख़्तियार की वह हम में से नहीं, तुम यहूद व नसारा से मुशाबिहत इख़्तियार न करो, क्योंकि यहूदियों का सलाम उंगलियों के साथ इशारा करना है जबकि इसाइयों का सलाम हथेलियों के साथ इशारा करना है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: उस की सनद जईफ है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (2695) * ابن لھیعة مدلس و عنعن و للحدیث شواھد ضعیفة عند الطبرانی فی الاوسط (7376) و النسائی (الکبری : 10172) وغیرھما

٤٦٥٠ - (لَهُ إسنادان أَحدهمَا صَحِيحٌ)»» وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ اتا: «إِذَا لَقِيَ أَحَدُكُمْ أَخَاهُ فَلْيُسَلِّمْ عَلَيْهِ فَإِنْ حَالَتْ بَيْنَهُمَا شَجَرَةٌ أَوْ جِدَارٌ أَوْ حَجَرٌ ثُمَّ لَقِيَهُ فَلْيُسَلِّمْ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

4650. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से कोई अपने (मुसलमान) भाई से मिले तो उसे सलाम करे, अगर इन दोनों के दरमियान कोई दरख़्त या दिवार या कोई पथ्थर हाइल हो जाए फिर उस से मुलाकात हो जाए तो चाहिए के इसे सलाम करे”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (5200)

٤٦٥١ - (ضَعِيف) وَعَن»» قَتَادَة قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا دَخَلْتُمْ بَيْتًا فَسَلِّمُوا عَلَى أَهْلِهِ وَإِذَا خَرَجْتُمْ فَأَوْدِعُوا أَهْلَهُ بِسَلَامٍ» رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» مُرْسَلًا

4651. क़तादाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम किसी घर में जाओ तो वहां के रहने वालो को सलाम करो और जब तुम (वहां से) निकलो तो इस घरवालो को अलविदाई सलाम कहो”| बयहकी ने इसे शौबुल ईमान में मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8845 ، نسخة محققة : 8459) و عبد الرزاق فى المصنف (10 / 389 ح 19450) * السند مرسل اى منقطع

٤٦٥٢ - [وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَا بُنَيِّ إِذَا دَخَلْتَ عَلَى أَهْلِكَ فَسَلِّمْ يَكُونُ بَرَكَةً عَلَيْكَ وَعَلَى أَهْلِ بَيْتك» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4652. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेटा! जब तुम अपने घरवालो के पास जाओ तो सलाम करो (इस तरह) तुम पर और तेरे अहले खाना पर बरकत होगी”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2698 وقال : حسن صحيح غريب) * فيه على بن زيد بن جدعان : ضعيف مشهور

٤٦٥٣ - وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «السَّلَامُ قَبْلَ الْكَلَامِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث مُنكر

4653. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पहले सलाम फिर कलाम”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस मुनकर है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (2699) * عنبسة و محمد بن زاذان : متروكان ، و للحديث شواهد ضعيفة عند ابن عدى (الكامل 5 / 1929) و ابن السنى (عمل اليوم و الليلة : 214 و نسخة سليم الهلالى : 215) وغيرهما فالحديث ضعيف

٤٦٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عِمْرَانَ»» بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: كُنَّا فِي الْجَاهِلِيَّةِ نَقُولُ: أَنْعَمَ اللَّهُ بِكَ عَيْنًا وَأَنْعَمَ صَبَاحًا. فَلَمَّا كَانَ الْإِسْلَامُ نُهِينَا عَنْ ذَلِكَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4654. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम दौरे जाहिलियत में (मुलाक़ात के वक्त) कहा करते थे अल्लाह तेरी आँख ठंडी रखे और तुम तरोताज हो खुश खुर्रम हालत में सुबह करो, जब इस्लाम आया तो हमें उस से रोक दिया गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5227) * قتادة : لم يسمع من عمران بن حصين رضى الله عنه ، انظر تحفة الاشراف (8 / 186) فالخبر منقطع

٤٦٥٥ - وَعَن غَالب قَالَ: إِنَّا لَجُلُوسٌ بِبَابِ الْحَسَنِ الْبَصْرِيِّ إِذْ جَاءَ رَجُلٌ فَقَالَ: حَدَّثَنِي أَبِي عَنْ جَدِّي»» قَالَ: بَعَثَنِي أَبِي إِلَى رَسُولِ اللَّهِ [ص:١٣٢] صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: ائتيه فَأَقْرِئْهُ السَّلَامَ. قَالَ: فَأَتَيْتُهُ»» فَقُلْتُ: أَبِي يُقْرِئُكَ السَّلَامَ. فَقَالَ: عَلَيْكَ وَعَلَى أَبِيكَ السَّلَامُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد»» :

4655. ग़ालिब बयान करते हैं, हम हसन बसरी रहीमा उल्लाह के दरवाज़े पर बैठे थे की एक आदमी आया और उस ने कहा मेरे वालिद ने मेरे दादा से रिवायत किया, उन्होंने कहा: मेरे वालिद ने मुझे रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में भेजा फ़रमाया: आप की खिदमत में हाज़िर होकर उन्हें सलाम अर्ज़ करना, उन्होंने कहा: में आप की खिदमत में पहुंचा और मैंने अर्ज़ किया: के मेरे वालिद आप को सलाम अर्ज़ करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम पर और तुम्हारे वालिद पर सलाम हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5231) * قال المنذرى :’’ هذا الاسناد فيه مجاهيل ‘‘

٤٦٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي»» الْعَلَاء بن الْحَضْرَمِيّ أَنَّ الْعَلَاءَ الْحَضْرَمِيَّ كَانَ عَامِلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَانَ إِذَا كَتَبَ إِليه بدأَ بنفسِه. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4656. अबू अल अलाइ बिन हज़्रमी से रिवायत है के अलाअ हज़्रमी रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ के (मुकर्रर करदा बहरीन के) हुक्मरान थे, और जब वह आप की तरफ ख़त लिखते तो अपने नाम से शुरू किया करते थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5134) * بعض ولد العلاء (ابن العلاء) مجهول

٤٦٥٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذا كتب أحدكُم كتابا فليتر بِهِ فَإِنَّهُ أَنْجَحُ لِلْحَاجَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث مُنكر

4657. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब तुम में से कोई ख़त लिखे तो वह इसे खाक आलूद कर दे क्योंकि इस तरह करने से काम जल्द व आसान हो जाता है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस मुनकर है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (2713) * حكمزة : متروک متهم بالوضع و للحديث طريق آخر عند ابن حزم (3774) فيه مجهول و فى السندين : ابو الزبير مدلس و عنعن ان صح السند اليه

٤٦٥٨ - عَن زيدٍ بن ثابتٍ قَالَ: دَخَلْتُ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَبَيْنَ يَدَيْهِ كَاتِبٌ فَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: " ضَعِ الْقَلَمَ عَلَى أُذُنِكَ فَإِنَّهُ أَذْكَرُ لِلْمَآلِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَفِي إِسْنَادِهِ ضعفٌ

4658. ज़ैद बिन साबित रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ﷺ के सामने कातिब था, मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: "कलम अपने कान पर रखो क्योंकि ऐसा करना (कान पर कलम रखना) मकसद व अंजाम जल्द याद करा देता है"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है और उस की सनद में जईफ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذی (2714) * عنبسة و محمد بن زاذان متروکان ، تقدما (4653)

٤٦٥٩ - (صَحِيح) وَعَنْهُ»» قَالَ: أَمَرَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم أَنْ أَتَعَلَّمَ السُّرْيَانِيَّةَ. وَفِي رِوَايَةٍ: إِنَّهُ أَمَرَنِي أَنْ أَتَعَلَّمَ كِتَابَ يَهُودَ وَقَالَ: «إِنِّي مَا آمَنُ يَهُودَ عَلَى كِتَابٍ» . قَالَ: فَمَا مَرَّ بِي نِصْفُ شَهْرٍ حَتَّى تَعَلَّمْتُ فَكَانَ إِذَا كَتَبَ إِلَى يَهُودَ كَتَبْتُ وَإِذَا كَتَبُوا إِلَيْهِ قَرَأْتُ لَهُ كِتَابَهُمْ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

4659. ज़ैद बिन साबित रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं सिरियानी ज़ुबान सीखूं| एक दूसरी रिवायत में है की आप ﷺ ने फ़रमाया की मैं यहूदियों की किताबत सीखूं और फ़रमाया: "मुझे यहूद की किताबत का अंदेशा है", ज़ैद बिन साबित रदी अल्लाहु अन्हु ने कहा: मैंने आधे माह से पहले ही उनकी ज़ुबान सिख ली, जब आप ﷺ यहूद के नाम ख़त लिखाते तो मैं तहरीर करता और जब वह आप ﷺ के नाम ख़त लिखते तो उन के मक्तूब में आप को पढ़ कर सुनाता था| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2706 وقال : حسن) و ابوداؤد (5208)

٤٦٦٠ - (حَسَنٍ) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا انْتَهَى أَحَدُكُمْ إِلَى مَجْلِسٍ فَلْيُسَلِّمْ فَإِنْ بَدَا لَهُ أَنْ يَجْلِسَ فَلْيَجْلِسْ ثُمَّ إِذَا قَامَ فَلْيُسَلِّمْ فَلَيْسَتِ الْأُولَى بِأَحَقَّ مِنَ الْآخِرَةِ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4660. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब तुम में से कोई किसी मजलिस में आए तो वह सलाम करे, फिर अगर वह बेठना चाहे तो बैठ जाए, और जब वह वहां से उठे तो वह सलाम करे, पहला (सलाम) दुसरे सलाम से ज़्यादा हक़ नहीं रखता"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2706 وقال : حسن) و ابوداؤد (5208)

٤٦٦١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ أَنَّ»» رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا خَيْرَ فِي جُلُوسٍ فِي الطُّرَقَاتِ [ص:١٣٢ إِلَّا لِمَنْ هَدَى السَّبِيلَ وَرَدَّ التَّحِيَّةَ وَغَضَّ الْبَصَرَ وَأَعَانَ عَلَى الْحُمُولَةِ» رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ»»» وَذَكَرَ حَدِيثَ أَبِي جُرَيٍّ فِي «بَاب فضل الصَّدَقَة»

4661. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: रास्तो में बैठनेमें कोई खैर व भलाई नहीं, मगर इस शख़्स के लिए (खैर) है जो रास्ता बताए, सलाम का जवाब दे, नज़र झुकाए और जो सवारी पर बोझ रखवाने में मदद करे", और अबू जुरय्यी से मरवी हदीस "بَاب فضل الصَّدَقَة (सदके की फ़ज़ीलत का बयान)" में ज़िक्र की गई है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه البغوى فى شرح السنة (12 / 305 ح 3339) * فيه يحيى بن عبدالله (ضعيف جدًا) عن ابيه عن ابى هريرة الخ و حديث ابى داود (4816 و سنده حسن) يغنى عنه و كذا حديث البخارى فى الادب المفرد (1149) 0 حديث ابى جرى تقدم (1918)

सलाम का बयान • بَاب السَّلَام

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٤٦٦٢ - (صَحِيح) عَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَمَّا خَلَقَ اللَّهُ آدَمَ وَنَفَخَ فِيهِ الرُّوحَ عَطَسَ فَقَالَ: الْحَمْدُ لِلَّهِ فَحَمِدَ اللَّهَ بِإِذْنِهِ فَقَالَ لَهُ رَبُّهُ: يَرْحَمُكَ اللَّهُ يَا آدَمَ اذْهَبْ إِلَى أُولَئِكَ الْمَلَائِكَةِ إِلَى مَلَأٍ مِنْهُمْ جُلُوسٍ فَقُلِ: السَّلَامُ عَلَيْكُمْ. فَقَالَ: السَّلَامُ عَلَيْكُمْ. قَالُوا: عَلَيْكَ السَّلَامُ وَرَحْمَةُ اللَّهِ. ثُمَّ رَجَعَ إِلَى رَبِّهِ فَقَالَ: إِنَّ هَذِهِ تَحِيَّتُكَ وَتَحِيَّةُ بَنِيكَ بَيْنَهُمْ. فَقَالَ لَهُ اللَّهُ وَيَدَاهُ مَقْبُوضَتَانِ: اخْتَرْ أَيَّتَهُمَا شِئْتَ؟ فَقَالَ: اخْتَرْتُ يَمِينَ رَبِّي وَكِلْتَا يَدَيْ رَبِّي يَمِينٌ مُبَارَكَةٌ ثُمَّ بَسَطَهَا فَإِذَا فِيهَا آدَمُ وَذُرِّيَّتُهُ فَقَالَ: أَيْ رَبِّ مَا هَؤُلَاءِ؟ قَالَ: هَؤُلَاءِ ذُرِّيَّتُكَ فَإِذَا كُلُّ إِنْسَانٍ مَكْتُوبٌ عُمْرُهُ بَين عَيْنَيْهِ فَإِذا فيهم رجلٌ أضوؤهم - أَوْ مِنْ أَضْوَئِهِمْ - قَالَ: يَا رَبِّ مَنْ هَذَا؟ قَالَ: هَذَا ابْنُكَ دَاوُدُ وَقَدْ كَتَبْتُ لَهُ عُمْرَهُ أَرْبَعِينَ سَنَةً. قَالَ: يَا رَبِّ زِدْ فِي عُمْرِهِ. قَالَ: ذَلِكَ الَّذِي كَتَبْتُ لَهُ. قَالَ: أَيْ رَبِّ فَإِنِّي قَدْ جَعَلْتُ لَهُ مِنْ عُمْرِي سِتِّينَ سَنَةً. قَالَ: أَنْتَ وَذَاكَ. قَالَ: ثُمَّ سَكَنَ الْجَنَّةَ مَا شَاءَ اللَّهُ ثُمَّ أُهْبِطَ مِنْهَا وَكَانَ آدَمُ يَعُدُّ لِنَفْسِهِ فَأَتَاهُ مَلَكُ الْمَوْتِ فَقَالَ لَهُ آدَمُ: قَدْ عَجَّلْتَ قَدْ كُتِبَ لِي أَلْفُ سَنَةٍ. قَالَ: بَلَى وَلَكِنَّكَ جَعَلْتَ لِابْنِكَ [ص:١٣٢ دَاوُدَ سِتِّينَ سَنَةً فَجَحَدَ فَجَحَدَتْ ذُرِّيَّتُهُ وَنَسِيَ فَنَسِيَتْ ذُرِّيَّتُهُ " قَالَ: «فَمن يؤمئذ أَمر بِالْكتاب وَالشُّهُود» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4662. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम को पैदा फ़रमाया और उन में रूह फूंकी तो उन्होंने छींक मारी और الْحَمد لله (तमाम तारीफ़े अल्लाह के लिए है) कहा, उन्होंने अल्लाह की तौफिक से उस की हम्द बयान की, तो उन के रब ने उन्हें कहा: يَرْحَمُكَ اللَّهُ (अल्लाह तुम पर रहम करे), आदम! फरिश्तो की इस जमाअत की तरफ जाओ जो बैठी हुई है, वहां जा कर कहो السَّلَامُ عَلَيْكَ (सलामती हो तुम पर)! उन्होंने कहा: السَّلَامُ عَلَيْكَ (सलामती हो तुम पर)! उन्होंने कहा: عَلَيْكَ السَّلَامُ وَرَحْمَةُ اللَّهِ (तुम पर सलामती हो और अल्लाह की रहमत हो) फिर वह वहां से अपने रब के पास वापिस आए तो उस ने फ़रमाया: "बेशक यह तुम्हारा और तेरी औलाद का बाहमी सलाम है, अल्लाह ने उन्हें हुक्म दिया जबके उस के दोनों हाथ बंद थे, तुम दोनों में से जिसे चाहो इख़्तियार कर लो उन्होंने कहा: मैंने अपने रब का दायाँ हाथ मुन्तखब कर लिया जबके मेरे रब के दोनों हाथ दाए बा बरकत है, फिर अल्लाह तआला ने अपने दाए हाथ को फेलाया तो उस में आदम अलैहिस्सलाम और उनकी औलाद थी, उन्होंने अर्ज़ किया, रब जी! यह कौन है ? फ़रमाया यह तुम्हारी औलाद है, हर इन्सान की उमर उस की दोनों आंखो के दरमियान लिखी हुई थी, और उन में एक ऐसा आदमी था जो उन सबसे ज़्यादा रोशन (चहरे वाला) था, उन्होंने अर्ज़ किया, रब जी! यह कौन है ? फ़रमाया यह आप के बेटे दाउद अलैहिस्सलाम है और मैंने उनकी उमर चालीस साल लिखी है, उन्होंने अर्ज़ किया, रब जी! उस की उमर में इज़ाफा फरमा अल्लाह तआला ने फ़रमाया: बस यही है जो मैंने उस के लिए लिख दी है, उन्होंने अर्ज़ किया, रब

जी! मैंने अपनी उमर से साठ साल इसे अता कर दिए, अल्लाह तआला ने फ़रमाया: यह तेरा मुआमला है, फ़रमाया फिर वह जिस क़दर अल्लाह ने चाहा जन्नत में रहे फिर वहां से उतार दिए गए, और आदम अलैहिस्सलाम अपने उमर शुमार किया करते थे, जब मौत का फ़रिश्ता उन के पास आया तो उन्होंने ने फ़रमाया: तुम जल्दी आ गए हो क्योंकि मेरी उम्र तो हज़ार बरस लिखी गई थी. उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! (दुरुस्त है) लेकिन आप ने अपने बेटे दाउद (अ) को साठ साल दे दिए थे, उन्होंने इन्कार किया इसी वजह से उनकी औलाद ने भी इन्कार किया, और वह भूल गए इसी वजह से उनकी औलाद भी भूल जाती है"| आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसी दिन से लिखने और गवाही देने का हुक्म फ़रमाया गया"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3368 وقال : حسن غریب)

٤٦٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أسماءَ»» بنت يزيدَ قَالَتْ: مَرَّ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي نِسْوَةٍ فَسَلَّمَ عَلَيْنَا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه والدارمي

4663. अस्मा बिन्ते यज़ीद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हमारी औरतों की जमाअत के पास से गुज़रे तो आप ने हमें सलाम किया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5204) و ابن ماجه (3701) و الدارمی (2 / 277 ح 2640)

٤٦٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن الطفيلِ»» بن أبي بن كعبٍ: أَنَّهُ كَانَ يَأْتِي ابْنَ عُمَرَ فَيَغْدُو مَعَهُ إِلَى السُّوقِ. قَالَ فَإِذَا غَدَوْنَا إِلَى السُّوقِ لَمْ يَمُرَّ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ عَلَى سَقَّاطٍ وَلَا عَلَى صَاحِبِ بَيْعَةٍ وَلَا مِسْكِينٍ وَلَا أَحَدٍ إِلَّا سَلَّمَ عَلَيْهِ. قَالَ الطُّفَيْلُ: فَجِئْتُ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ عُمَرَ يَوْمًا فَاسْتَتْبَعَنِي إِلَى السُّوقِ فَقُلْتُ لَهُ: وَمَا تَصْنَعُ فِي السُّوقِ وَأَنْتَ لَا تَقِفُ عَلَى الْبَيْعِ وَلَا تَسْأَلُ عَن السّلع وتسوم بِهَا وَلَا تَجْلِسُ فِي مَجَالِسِ السُّوقِ فَاجْلِسْ بِنَا هَهُنَا نتحدث. قَالَ: فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ: يَا أَبَا بَطْنٍ - قَالَ وَكَانَ الطُّفَيْلُ ذَا بَطْنٍ - إِنَّمَا نَغْدُو مِنْ أَجْلِ السَّلَامِ نُسَلِّمُ عَلَى مَنْ لَقِينَاهُ. رَوَاهُ مَالك وَالْبَيْهَقِيّ فِي «شعب الْإِيمَان»

4664. तुफैल बिन उबई बिन काब से रिवायत है के वह इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा के पास आया करते थे और वह उन के साथ सुबह के वक़्त बाज़ार जाते, रावी बयान करते हैं, जब हम बाज़ार जाते तो अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा वहां मामूली कारोबार करने वाले, बड़े सरमाया दार, मिस्किन और जिस किसी शख़्स के पास से भी गुज़रते तो उसे सलाम करते, तुफैल बयान करते हैं, मैं एक रोज़ अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा के पास आया तो उन्होंने मुझे बाज़ार जाने के लिए कहा, मैंने उन्हें कहा: आप बाज़ार में क्या करोंगे ? जबके आप किसी बेअ पर रुकते नहीं, न सोदे के मुत्तल्लिक दरियाफ्त करते हैं, न उस की कीमत पूछते है और न आप बाज़ार की मजालिस में बैठते है, लिहाज़ा आप यहा ही तशरीफ़ रखे और हम बात चित करते हैं रावी बयान करते हैं, अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने मुझे फ़रमाया पेट वाले! रावी बयान करते हैं, तुफैल का पेट बड़ा था, हम सलाम की गर्ज़ से जाते हैं, हम हर मिलने वाले को सलाम करते हैं| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه مالک فی الموطا (2 / 961 962 ح 1859) و البیھقی فی شعب الایمان (8790)

٤٦٦٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جَابر»» قَالَ: أَتَى رَجُلٌ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: لِفُلَانٍ فِي حَائِطِي عَذْقٌ وَأَنَّهُ آذَانِي مَكَانُ عَذْقِهِ فَأَرْسَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنْ بِعْنِي عَذْقَكَ» قَالَ: لَا. قَالَ: «فَهَبْ لِي» . قَالَ: لَا. قَالَ: «فَبِعْنِيهِ بِعَذْقٍ فِي الْجَنَّةِ» ؟ فَقَالَ: لَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا رَأَيْتُ الَّذِي هُوَ أَبْخَلُ مِنْكَ إِلَّا الَّذِي يَبْخَلُ بِالسَّلَامِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

4665. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ के पास आया और उस ने अर्ज़ किया, फलां शख़्स का मेरे बाग़ में खजूर का एक दरख्त है, वह इस खजूर के दरख्त की वजह से मुझे तकलीफ पहुंचाता है, रसूलुल्लाह ﷺ ने पैग़ाम भेजा के अपना खजूर का दरख्त मुझे फरोख्त कर दो, उस ने कहा: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “चलो मुझे हिब्बा कर दो”, उस ने कहा: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जन्नत में खजूर के दरख्त के बदले में मुझे फरोख्त कर दो”, उस ने कहा: नहीं, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैंने सलाम कहने में बुखल करने वाले के अलावा तुझ से ज़्यादा बखील कोई और नहीं देखा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (3 / 328 ح 14571) [و عبد بن حميد (1037)] و البيهقى فى شعب الايمان (8771 ، نسخة محققة : 8396 و السنن 6 / 157 158) و الحاكم (2 / 20) * فيه عبدالله بن محمد بن عقيل ضعيف ، ضعفه الجمهور

٤٦٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَبْدِ»» اللَّهِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْبَادِئُ بِالسَّلَامِ بَرِيءٌ مِنَ الْكِبْرِ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شعب الْإِيمَان»

4666. अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सलाम में पहल करने वाला तकब्बुर से बरी होता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8786 ، نسخة محققة : 8407) * سفيان الثورى و ابو اسحاق السبيعى مدلسان و عنعنا

बाब الاسْتِئْذَان • इजाज़त तलब करने का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٤٦٦٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: أَتَانَا أَبُو مُوسَى قَالَ: إِنَّ عُمَرَ أَرْسَلَ إِلَيَّ أَنْ آتِيَهُ فَأَتَيْتُ بَابَهُ فَسَلَّمْتُ ثَلَاثًا فَلَمْ يَرُدَّ عَلَيَّ فَرَجَعْتُ. فَقَالَ: مَا مَنَعَكَ أَنْ تَأْتِيَنَا؟ فَقُلْتُ: إِنِّي أَتَيْتُ فَسَلَّمْتُ عَلَى بَابِكَ ثَلَاثًا فلم تردَّ عليَّ فَرَجَعْتُ وَقَدْ قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اسْتَأْذَنَ أَحَدُكُمْ ثَلَاثًا فَلَمْ يُؤْذَنْ لَهُ فَلْيَرْجِعْ» . فَقَالَ عُمَرُ: أَقِمْ عَلَيْهِ الْبَيِّنَةَ. قَالَ أَبُو سَعِيدٍ: فَقُمْتُ مَعَهُ فذهبتُ إِلى عمرَ فشهِدتُ

4667. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु हमारे पास आए उन्होंने कहा के उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने मुझे अपने पास बुला भेजा, मैं उन के दरवाज़े पर आया और तीन बार सलाम किया, मुझे जवाब न मिला तो मेंलौट गया, उन्होंने (मुझे से) पूछा तुम्हें किसी चीज़ ने हमारे पास न आने दीया ? मैंने कहा में आया था और आप के दरवाज़े पर तीन बार सलाम किया था लेकिन तुमने मुझे जवाब दिया इसलिए में वापिस चला गया, क्योंकि रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया था: “जब तुम में से कोई तीन बार इजाज़त तलब करे और इसे इजाज़त न मिले तो वह वापिस चला जाए”, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: उस पर दलील पेश करो अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु ने कहा में उन के साथ खड़ा हुआ और उमर रदी अल्लाहु अन्हु के पास जा कर गवाही दी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6245) و مسلم (33 / 2153)، (5626)

٤٦٦٨ - (صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ لِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذْنُكَ عَلَيَّ أَنْ تَرْفَعَ الْحِجَابَ وَأَنْ تَسْمَعَ سِوَادِي حَتَّى أَنهَاك»

4668. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “तुम्हारा मुझ से इजाज़त लेना यही है के तुम परदा उठाओ और तुम मेरी पोशीदा बाते सुन लो! (तो आ जाओ) जब तक में तुझे ऐसे करने से मना न करू”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (16 / 2169)، (5666)

٤٦٦٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي دَيْنٍ كَانَ عَلَى أَبِي فَدَقَقْتُ الْبَابَ فَقَالَ: «مَنْ ذَا؟» فَقُلْتُ: أَنَا. فَقَالَ: «أَنَا أَنا» . كَأَنَّهُ كرهها

4669. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अपने वालिद के ज़िम्मा क़र्ज़ के मुत्तल्लिक नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और मैंने दरवाज़ा खटखटाया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “कौन है ?” मैंने कहा: में, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं में”, गोया आप ने इसे नापसंद फ़रमाया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6250) و مسلم (38 / 2155)، (5635)

٤٦٧٠ - (صَحِيح) وَعَن أبي هريرةَ قَالَ: دَخَلْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَوَجَدَ لَبَنًا فِي قَدَحٍ. فَقَالَ: «أَبَا هِرٍّ الْحَق بِأَهْلِ الصُّفَّةِ فَادْعُهُمْ إِلَيَّ» فَأَتَيْتُهُمْ فَدَعَوْتُهُمْ فَأَقْبَلُوا فَاسْتَأْذَنُوا فَأَذِنَ لَهُمْ فَدَخَلُوا

4670. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ आप के घर में दाखिल हुआ, आप ﷺ ने एक प्याले में दूध पाया तो फ़रमाया: “ अबू हिर्र! अहले सुफ्फा के पास जाओ और उन्हें मेरे पास बूला लाओ”, मैं उन के पास

गया और उन्हें बुला लाया, वह आए और (अंदर आने की) इजाज़त तलब की, आप ने उन्हें इजाज़त दे दि तो वह अन्दर गए| (बुखारी)

رواه البخارى (6246)

بَاب الاسْتِئْذَان • इजाज़त तलब करने का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٤٦٧١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ كَلَدَةَ بْنِ حَنْبَلٍ: أَنَّ صَفْوَانَ بْنَ أُمية بعث بِلَبن أَو جداية وَضَغَابِيسَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالنَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأَعْلَى الْوَادِي قَالَ: فَدَخَلْتُ عَلَيْهِ وَلَمْ أُسَلِّمْ وَلَمْ أَسْتَأْذِنْ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " ارْجِعْ فَقُلِ: السَّلَامُ عَلَيْكُمْ أَأَدْخُلُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

4671. कलद: बिन हंबल से रिवायत है के सफवान बिन उमय्य रदी अल्लाहु अन्हु ने (मेरे हाथ) दूध या हिरन का बच्चा और ककड़ी, नबी ﷺ की खिदमत में भेजी, जबके नबी ﷺ ऊपरी इलाके में थे, रावी बयान करते हैं, मैं आप के पास गया तो ना मैंने सलाम किया और न इजाज़त तलब की, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "वापिस जाओ और कहो السَّلَامُ عَلَيْكَ (सलामती हो तुम पर)! क्या मैं आ सकता हूँ ? (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2710 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (5176)

٤٦٧٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا دُعِيَ أَحَدُكُمْ فجاءَ مَعَ الرسولِ فَإِن ذَلِك إِذْنٌ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ. وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ قَالَ: «رَسُول الرجل إِلَى الرجل إِذْنه»

4672. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम में से किसी को बुलाया जाए और वह पैग़ाम लाने वाले के साथ ही आजाए तो यह उस के लिए इजाज़त ही है|" और इन्ही की रिवायत में है फ़रमाया: "आदमी का आदमी की तरफ कासिद भेजना उस की इजाज़त ही है|" जईफ रवाह अबू दावुद| (सहीह)

ضعيف ، رواه ابوداؤد (5190) * قتادة مدلس و عنعن صحيح ، رواه ابوداؤد (5189)

٤٦٧٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبد الله بن بُسرٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا أَتَى بَابَ قَوْمٍ لَمْ يَسْتَقْبِلِ الْبَابَ تِلْقَاءِ وَجْهِهِ وَلَكِنْ مِنْ رُكْنِهِ الْأَيْمَنِ أَوِ الْأَيْسَرِ فَيَقُولُ: «السَّلَامُ عَلَيْكُمْ السَّلَامُ عَلَيْكُمْ» وَذَلِكَ أَنَّ الدُّورَ لَمْ يَكُنْ يَوْمَئِذٍ عَلَيْهَا سُتُورٌ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ أَنَسٍ قَالَ E: «السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللَّهِ» فِي «بَابِ الضِّيَافَةِ»

4673. अब्दुल्लाह बिन बूसर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ किसी के दरवाज़े पर तशरीफ़ लाते

तो आप अपना चेहरा दरवाज़े के सामने न करते, बल्के उस के दाए कोने या बाए कोने पर आते तो फरमाते: "السَّلَامُ عَلَيْكَ (सलामती हो तुम पर) ! السَّلَامُ عَلَيْكَ (सलामती हो तुम पर)!" उन दिनों दरवाज़ो पर परदे नहीं होते थे| # और अनस (र) से मरवी हदीस आप ﷺ ने फ़रमाया: " السَّلَامُ عَلَيْكُمْ وَرَحْمَةُ اللَّهِ (सलामती हो तुम पर और अल्लाह की रहमत हो)" بَابِ الضِّيَافَةِ (मेहमान नवाज़ी का बयान) में ज़िक्र की गई है. (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5186) 0 حديث انس تقدم (4249)

इजाज़त तलब करने का बयान • بَاب الاسْتِئْذَان

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٤٦٧٤ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَطَاءٍ أَنَّ رَجُلًا سَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: [ص:١٣٢] أَسْتَأْذِنُ عَلَى أُمِّي؟ فَقَالَ: «نَعَمْ» فَقَالَ الرَّجُلُ: إِنِّي مَعَهَا فِي الْبَيْتِ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْتَأْذِنْ عَلَيْهَا» فَقَالَ الرَّجُلُ: إِنِّي خَادِمُهَا. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اسْتَأْذِنْ عَلَيْهَا أَتُحِبُّ أَنْ تَرَاهَا عُرْيَانَةً؟» قَالَ: لَا. قَالَ: «فَاسْتَأْذِنْ عَلَيْهَا» . رَوَاهُ مَالِكٌ مُرسلاً

4674. अता इब्ने यस्सार से रिवायत है के एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त करते हुए अर्ज़ किया, क्या मैं अपने माँ (के पास जाते वक़्त इस) से इजाज़त तलब करू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ", इस आदमी ने अर्ज़ किया, मैं घर में उस के साथ ही रहता हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "फिर भी उस से इजाज़त तलब करो", इस आदमी ने अर्ज़ किया, मैं उस का खादिम हूँ, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "फिर भी इजाज़त तलब करो, क्या तुम उसे उरिया हालत में देखना पसंद करते हो ?" उस ने अर्ज़ किया, नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "उस से इजाज़त तलब करो", इमाम मालिक रहीमा उल्लाह ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف لا رساله ، رواه مالک فی الموطا (2 / 963 ح 1862) * السند مرسل

٤٦٧٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كَانَ لِي مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَدْخَلٌ بِاللَّيْلِ وَمَدْخَلٌ بِالنَّهَارِ فَكُنْتُ إِذَا دخلتُ بِاللَّيْلِ تنحنح لي. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

4675. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मुझे रसूलुल्लाह ﷺ के पास रात के वक़्त और दिन के वक़्त जाने की इजाज़त थी, जब में रात के वक़्त जाता तो आप ﷺ मेरे लिए (बतौर ए अलामते इजाज़त) खांस देते थे| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه النسائی (3 / 12 ح 1213) [و ابن ماجه (3708) و احمد (1 / 80 ح 608)] * فی سماع عبدالله بن نجی من علی رضی الله عنه نظر و حديث النسائی (1214 ، و سنده حسن) يغنى عنه

٤٦٧٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» جَابِرٌ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَأْذَنُوا لِمَنْ لَمْ يَبْدَأْ بالسلامِ» رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي «شعب

الْإِيمَان»

4676. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "जो शख़्स (इजाज़त लेने की खातिर) सलाम से इब्तिदा न करे तो उसे इजाज़त दो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8816 ، نسخة محققة : 8433) * ابو الزبير مدلس و عنعن ان صح السند اليه ، و تلميذه ابو اسماعيل ابراهيم بن يزيد الخوزى : ضعيف جدًا

मुसाफह और मुआनकह का बयान • بَاب المصافحة و المعانقة

पहली फस्ल • الْفَصْلُ الأول

٤٦٧٧ - (صَحِيح) عَن قتادة قَالَ: قُلْتُ لِأَنَسٍ: أَكَانَتِ الْمُصَافَحَةُ فِي أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: نعم. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4677. क़तादाह रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैंने अनस रदी अल्लाहु अन्हु से कहा क्या रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा में मुसाफा (पर अमल) था ? उन्होंने ने फ़रमाया: हां| (बुखारी)

رواه البخارى (6263)

٤٦٧٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَبَّلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْحَسَنَ بْنَ عَلِيٍّ وَعِنْدَهُ الْأَقْرَعُ بْنُ حَابِسٍ. فَقَالَ الْأَقْرَعُ: إِنَّ لِي عَشَرَةً مِنَ الْوَلَدِ مَا قَبَّلْتُ مِنْهُمْ أَحَدًا فَنَظَرَ إِلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ قَالَ: «مَنْ لَا يَرْحَمْ لَا يُرْحَمْ» مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ أَبِي هُرَيْرَةَ: «أَثَمَّ لُكَعُ» فِي «بَابِ مَنَاقِبِ أَهْلِ بَيْتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ أَجْمَعِينَ» إِنْ شَاءَ تَعَالَى»» وَذَكَرَ حَدِيثَ أُمِّ هَانِئٍ فِي «بَاب الْأَمان»

4678. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हसन बिन अली रदी अल्लाहु अन्हु का बोसा लिया, इस वक़्त इकरा बिन हाबिस रदी अल्लाहु अन्हु भी आप के पास थे, इकराअ रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मेरे दस बच्चे है, मैंने उन में से किसी का बोसा नहीं लिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने (ताज्जुब से) उस की तरफ देखा फिर फ़रमाया: "जो शख़्स रहम नहीं करता उस पर रहम नहीं किया जाता"| # और हम अबू हुरैरा (र) से मरवी हदीस (أَثَمَّ لُكَعُ) بَابِ مَنَاقِبِ أَهْلِ بَيْتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَعَلَيْهِمْ أَجْمَعِينَ (रसूलुल्लाह ﷺ के घर वालों के मनाकिब) मैं इनशाअल्लाह तआला ज़िक्र करेंगे जबके उम्म हानी (र) से मरवी हदीस بَاب الْأَمان (अमान देने का बयान) में ज़िक्र की गई है. (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5997) و مسلم (65 / 2318)، (6028) * حديث اثم لكع ؟ ياتى (6134) و حديث ام هانى تقدم (3977)

मुसाफह और मुआनकह का बयान • بَاب المصافحة و المعانقة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٤٦٧٩ - (صَحِيح) عَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ مُسْلِمَيْنِ يَلْتَقِيَانِ فَيَتَصَافَحَانِ إِلَّا غُفِرَ لَهُمَا قَبْلَ أَنْ يَتَفَرَّقَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ»» [ص:١٣٢ وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ قَالَ: «إِذَا الْتَقَى الْمُسْلِمَانِ فَتَصَافَحَا وَحَمِدَا اللَّهَ وَاسْتَغْفَرَاهُ غفر لَهما»

4679. बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जब दो मुसलमान मुलाकात करते वक़्त मुसाफा करते हैं तो उन के अलग होने से पहले उन्हें बख्श दिया जाता है”| अहमद तिरमिज़ी, इब्ने माजा और अबू दावुद की रिवायत में है फ़रमाया: “जब दो मुसलमान मुलाकात करते वक़्त मुसाफा करते हैं, अल्लाह की हम्द बयान करते हैं, और उस से मगफिरत तलब करते हैं तो उन्हें बख्श दिया जाता है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (4 / 289 ح 18746) و الترمذی (2727 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (3703) و ابوداؤد (5212) * ابو اسحاق مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة * و رواية :'' و حمدا الله و استغفراه غفرلهما '' رواها ابوداؤد (5211) و سنده ضعيف ، فيه ابو الحکم زيد بن ابی الشعثاء العنزی ، وثقه ابن حبان وحده

٤٦٨٠ - (حسن أَو صَحِيح) وَعَن أنس قَالَ: قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ الرَّجُلُ مِنَّا يَلْقَى أَخَاهُ أَوْ صَدِيقَهُ أَيَنْحَنِي لَهُ؟ قَالَ: «لَا» . قَالَ: أَفَيَلْتَزِمُهُ وَيُقَبِّلُهُ؟ قَالَ: «لَا» . قَالَ: أَفَيَأْخُذُ بِيَدِهِ وَيُصَافِحُهُ؟ قَالَ: «نَعَمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4680. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम में से आदमी अपने भाई या अपने दोस्त से मुलाकात करता है, तो क्या यह उस के सामने सर झुकाए ? फ़रमाया: “नहीं ?” उस ने कहा क्या यह इसे गले लगाए और उस का बोसा ले ? फ़रमाया: “नहीं ?” उस ने अर्ज़ क्या यह उस का हाथ पकड़ कर उस से मुसाफा करे फ़रमाया: “हाँ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2728 وقال : حسن) [و ابن ماجه (3702)] * فيه حنظلة بن عبدالله الدوسی : ضعيف

٤٦٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي أَمَامَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: " تَمَامُ عِيَادَةِ الْمَرِيضِ أَنْ يَضَعَ أَحَدُكُمْ يَدَهُ عَلَى جَبْهَتِهِ أَوْ عَلَى يَدِهِ فَيَسْأَلَهُ: كَيْفَ هُوَ؟ وَتَمَامُ تَحِيَّاتِكُمْ بَيْنَكُمُ الْمُصَافَحَةُ ". رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَضَعفه

4681. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मरीज़ की मुलाक़ात इस तरह पूरी होती है के तुम में से कोई एक अपना हाथ उस की पेशानी पर या उस के हाथ पर रख कर उस से दरियाफ्त करे: “क्या हाल है ?” और तुम्हारा आपस में पूरा सलाम दुआ, मुसाफा करना है”| अहमद तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने इसे जईफ करार दिया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 260 ح 22591) و الترمذی (2731) * فيه علی بن يزيد : ضعيف مجروح ، و عبدالله بن زحر : ضعيف

٤٦٨٢ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا قَالَتْ: قَدِمَ زَيْدُ بْنُ حَارِثَةَ الْمَدِينَةَ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَيْتِي فَأَتَاهُ فَقَرَعَ الباب فقامَ إِلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عُرْيَانًا يَجُرُّ ثَوْبَهُ وَاللَّهِ مَا رَأَيْتُهُ عُرْيَانًا قَبْلَهُ وَلَا بَعْدَهُ فَاعْتَنَقَهُ وَقَبَّلَهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

4682. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, ज़ैद बिन हारिस रदी अल्लाहु अन्हु मदीना तशरीफ़ लाए तो इस वक़्त रसूलुल्लाह ﷺ मेरे घर में तशरीफ़ फरमा थे, वह आप के पास आए तो उन्होंने दरवाज़ा खटखटाया, रसूलुल्लाह ﷺ अपना कपड़ा घसीटते हुए, कमीज़ पहने बगैर ही उस की तरफ चले, अल्लाह की क़सम! मैंने उस से पहले और न उस के बाद आप को कमीज़ के बगैर देखा, आप ﷺ ने इसे गले लगाया और उस का बोसा लिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2732 وقال : حسن غریب) * ابراهيم بن يحيى بن محمد : حسن الحديث و ابوه يحيى : ضعيف وكان ضريرًا يتلقن و محمد بن اسحاق بن یسار مدلس و عنعن ان صح السند اليه

٤٦٨٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَيُّوبَ بْنِ بُشَيْرٍ عَنْ رَجُلٍ مِنْ عَنَزَةَ أَنَّه قَالَ: قُلْتُ لِأَبِي ذَرٍّ: هَلْ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَافِحُكُمْ إِذَا لَقِيتُمُوهُ؟ قَالَ: مَا لَقِيتُهُ قَطُّ إِلَّا صَافَحَنِي وَبَعَثَ إِلَيَّ ذَاتَ يَوْمٍ وَلَمْ أَكُنْ فِي أَهْلِي فَلَمَّا جِئْتُ أُخْبِرْتُ فَأَتَيْتُهُ وَهُوَ عَلَى سَرِيرٍ فَالْتَزَمَنِي فَكَانَتْ تِلْكَ أَجْوَدَ وَأَجْوَدَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4683. अय्यूब बिन बशीर अन्ज: कबिले के एक आदमी से रिवायत करते हैं की उस ने कहा: मैंने अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु से कहा: क्या जब तुम रसूलुल्लाह ﷺ से मुलाकात करते थे तो वह तुम से मुसाफा किया करते थे ? उन्होंने ने फ़रमाया: में जब भी आप से मिला हूँ, आप ﷺ ने मुझ से मुसाफा किया है, आप ने एक रोज़ मुझे तलब फ़रमाया लेकिन में घर पर नहीं था, जब में आया तो मुझे बताया गया, मैं आप ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ आप इस वक़्त चार पाई पर तशरीफ़ फरमा थे, आप ﷺ ने मुझे गले लगाया यह (गले लगाना) बहोत ही बेहतर था बहोत ही बेहतर| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5214) * ايوب بن بشير : مستور و رجل من بنی عنزة : مجهول ، قاله المنذری

٤٦٨٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عكرمةَ بن أبي جهلٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ جِئْتُهُ: «مَرْحَبًا بِالرَّاكِبِ الْمُهَاجِرِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4684. इकरिमा बिन अबी जहल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जिस रोज़ में (बैते इस्लाम के लिए) रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुहाजर सवार के लिए खुशामदीद”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2735 وقال : ليس اسناده بصحيح) * سفيان الثوری و ابو اسحاق مدلسان و عنعنا و مصعب بن سعد ارسل عن عكرمة بن ابی جهل ، فالسند منقطع

٤٦٨٥ - (صَحِيح) وَعَن أَسَيدِ بن حُضَيرٍ - رَجُلٌ مِنَ الْأَنْصَارِ - قَالَ: بَيْنَمَا هُوَ يُحَدِّثُ الْقَوْمَ - وَكَانَ فِيهِ مُزَاحٌ - بَيْنَا يُضْحِكُهُمْ فَطَعَنَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي خَاصِرَتِهِ بِعُودٍ فَقَالَ: أَصْبِرْنِي. قَالَ: «أَصْطَبِرْ» . قَالَ: إِنَّ عَلَيْكَ قَمِيصًا وَلَيْسَ عَلَيَّ قَمِيصٌ فَرَفَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ قَمِيصِهِ فَاحْتَضَنَهُ وَجَعَلَ يُقَبِّلُ كَشْحَهُ قَالَ: إِنَّمَا أَرَدْتُ هَذَا يَا رسولَ الله. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4894. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “करीम बिन करीम बिन करीम बिन करीम युसूफ बिन याक़ूब बिन इसहाक बिन इब्राहीम अलैहिस्सलाम है”| (बुखारी)

رواه البخارى (3390)

٤٨٩٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ قَالَ: فِي يَوْمِ حُنَيْنٍ كَانَ أَبُو سُفْيَانَ بْنُ الْحَارِثِ آخِذًا بِعِنَانِ بَغْلَتِهِ يَعْنِي بَغْلَةَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا غَشِيَهُ الْمُشْرِكُونَ نَزَلَ فَجَعَلَ يَقُولُ «أَنَا النَّبِيُّ لَا كَذِبْ أَنَا ابْنُ عَبْدِ الْمُطَّلِبْ»»» قَالَ: فَمَا رُئِيَ مِنَ النَّاسِ يَوْمَئِذٍ أَشَدُّ مِنْهُ. مُتَّفق عَلَيْهِ

4895. बराअ बिन आजीब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए हुनैन के रोज़ अबू सुफियान बिन हारिस रदी अल्लाहु अन्हु आप यानी रसूलुल्लाह ﷺ के खच्चर की लगाम थामे हुए थे, जब मुशरिकीन ने आप को हर तरफ से घेर लिया

तो आप (सवारी से) निचे उतरे और फरमाने लगे: "मैं नबी हूँ कोई झूठ नहीं, और मैं अब्दुल मूत्तलीब का बेटा हूँ" रावी बयान करते हैं, इस दिन तमाम लोगो में से आप ﷺ से ज़्यादा शिजाअ कोई नहीं देखा गया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3042) و مسلم (80 78 / 1776)، (4616)

٤٨٩٦ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا خَيْرَ الْبَرِيَّةِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ذَاكَ إِبْرَاهِيم» . رَوَاهُ مُسلم

4896. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने आप से पूछा: मखलूक में से बेहतरीन शख्शियत! रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "वो इब्राहीम अलैहिस्सलाम है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (150 / 2369)، (6138)

٤٨٩٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا تُطْرُونِي كَمَا أَطْرَتِ النَّصَارَى ابْنَ مَرْيَمَ فَإِنَّمَا أَنَا عَبْدُهُ فَقُولُوا: عبدُ الله ورسولُه ". مُتَّفق عَلَيْهِ

4897. उमर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरे मर्तबे को ऐसे न बढ़ाना जैसे नसारा ने इसा इब्ने मरियम का रुतबा बढ़ा दिया, मैं तो उस का बंदा हूँ, तुम कहो अल्लाह का बंदा और उस का रसूल"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3445) و مسلم (5 / 1691)

٤٨٩٨ - (صَحِيح) وَعَن عياضِ بن حمارٍ المجاشعيِّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ اللَّهَ أَوْحَى إِلَيَّ: أَنْ تَوَاضَعُوا حَتَّى لَا يَفْخَرَ أَحَدٌ عَلَى أَحَدٍ وَلَا يبغيَ أحدٌ على أحد ". رَوَاهُ مُسلم

4898. इयाज़ बिन हिमार मुजाशीई रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक अल्लाह ने मेरी तरफ वही की है के तुम आजिज़ी इख़्तियार करो हत्ता के कोई किसी पर फख्र न करे और कोई किसी पर ज़ुल्म करे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (64 / 2865)، (7207)

मुफाखिरत और अस्बियत का बयान • بَاب الْمُفَاخَرَة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٤٨٩٩ - (حسن) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَيَنْتَهِيَنَّ أَقْوَامٌ يَفْتَخِرُونَ بِآبَائِهِمُ الَّذِينَ مَاتُوا إِنَّمَا هُمْ فَحْمٌ مِنْ جَهَنَّمَ أَوْ لَيَكُونُنَّ أَهْوَنَ عَلَى اللَّهِ مِنَ الْجُعَلِ الَّذِي يُدَهْدِهُ الْخِرَاءَ بِأَنْفِهِ إِنَّ اللَّهَ قَدْ أَذْهَبَ عَنْكُم عُبِّيَّةَ الْجَاهِلِيَّةِ وَفَخْرَهَا بِالْآبَاءِ إِنَّمَا هُوَ مُؤْمِنٌ تَقِيٌّ أَوْ فَاجِرٌ شَقِيٌّ النَّاسُ كُلُّهُمْ بَنُو آدَمَ وَآدَمُ مِنْ تُرَابٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4899. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “लोग अपने फौत शुदा आबाओ अजदाद पर फख्र करने से बाज़ आजाए वह तो दोज़ख के कोइले है, या वह अल्लाह के यहाँ करम नजासत से भी ज़्यादा हकीर है जो के अपने नाक से गलाज़त धकेलता है, बेशक अल्लाह ने आबाओ अजदाद पर तुम्हारे जाहली फख्र गुरुर को ख़तम कर दिया है, बस वह (फख्र करने वाला) मुअमिन मुत्तकी है या फ़ाजिर बदबख्त, तमाम लोग आदम अलैहिस्सलाम की औलाद है और आदम अलैहिस्सलाम मिट्टी से (पैदा हुए) है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3955 3956 وقال : حسن) و ابوداؤد (5116)

٤٩٠٠ - (صَحِيح) وَعَن مطرف بن عبد الله الشِّخّيرِ قَالَ: قَالَ أَبِي: انْطَلَقْتُ فِي وَفْدِ بَنِي عَامِرٍ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْنَا: أَنْتَ سَيِّدُنَا. فَقَالَ: «السَّيِّدُ اللَّهُ» فَقُلْنَا وَأَفْضَلُنَا فَضْلًا وَأَعْظَمُنَا طَوْلًا. فَقَالَ: «قُولُوا قَوْلَكُمْ أَوْ بَعْض قَوْلِكُمْ وَلَا يَسْتَجْرِيَنَّكُمُ الشَّيْطَانُ» . رَوَاهُ أَحْمد وَأَبُو دَاوُد

4900. मतरफ बिन अब्दुल्लाह बिन शखियर से रिवायत है वह (अपने वालिद से) बयान करते हैं, मैं बनू आमिर के वफद में रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो हमने अर्ज़ किया: आप ﷺ हमारे सय्यिद है, आप ने फ़रमाया: “सय्यिद तो अल्लाह है”, फिर हमने अर्ज़ किया: आप फ़ज़ीलत में हम से अफज़ल है और हम से अज़ीम तर है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो कह रहे हो वह कहो या अपनी बात का कुछ हिस्सा कहो और शैतान तुम्हें (बाते बनाने पर) दिलेर न बना दे”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (4 / 25 ح 16420) و ابوداؤد (4806)

٤٩٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن الْحسن عَن سَمُرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْحَسَبُ الْمَالُ وَالْكَرَمُ التَّقْوَى» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وابنُ مَاجَه

4901. हसन बसरी रहीमा उल्लाह समुरह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दुनिया में बाईस एजाज़ माल है जबकि अल्लाह के यहाँ आखिरत में बाईस एजाज़ तक़्वा है”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواه الترمذی (3271 وقال : حسن غریب) و ابن ماجه (4219) * قتادة عنعن و حدیث النسائی (4 / 65 ح 3227 سندہ صحیح) یغنی عنه

٤٩٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أُبيٍّ»» بن كعبٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ تَعَزَّى بِعَزَاءِ الْجَاهِلِيَّةِ فَأَعِضُّوهُ بِهَنِ أَبِيهِ وَلَا تُكَنُّوا» . رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السّنة»

4902. उबई बिन काब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स जाहली नसब की तरफ निस्बत करे (और उस पर फख्र करे) तो उस से कहो अपने बाप का आले तनासुल (लिंग) काट कर मुंह में ले लो और यह बात किनाया से मत कहो”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (13 / 120 121 ح 3541) [و احمد (5 / 136) و البخارى فى الادب المفرد (936 ، 946)] * الحسن البصرى عنعن و للحديث شواهد ضعيفة عند عبدالله بن احمد فى زوائد المسند (5 / 133 ، فيه مدلس و عنعن) وغيره

٤٩٠٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي عُقْبَةَ عَنْ أَبِي عُقبةَ وَكَانَ مَوْلًى مِنْ أَهْلِ فَارِسَ قَالَ: شَهِدْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أُحُدًا فَضَرَبْتُ رَجُلًا مِنَ الْمُشْرِكِينَ فَقُلْتُ خُذْهَا مِنِّي وَأَنَا الْغُلَامُ الْفَارِسِيُّ فَالْتَفَتَ إِلَيَّ فَقَالَ: " هَلَّا قُلْتَ: خُذْهَا مِنِّي وَأَنَا الْغُلَامُ الْأَنْصَارِيُّ؟ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4903. अब्दुल रहमान बिन अबी उक्बा रहीमा उल्लाह अबू उक्बा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, और वह अहल ए फारस के आज़ाद करदा गुलाम थे, उन्होंने कहा: में गज़वा ए उहद मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ शरीक था, मैंने एक मुशरिक पर वार किया तो मैंने कहा: इसे मेरी तरफ से वुसुल (बर्दाश्त) करो, मैं फ़ारसी उल नस्ल हूँ, आप ﷺ मेरी तरफ मुतवज्जे हुए और फ़रमाया: “तुमने ऐसे क्यों न कहा, इसे मेरी तरफ से वुसुल (बर्दाश्त) करो और मैं अंसारी जवान हूँ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5123) * محمد بن اسحاق مدلس : عنعن و عبد الرحمن بن ابى عقبة مستور لم يوثقه غير ابن حبان

٤٩٠٤ - (صَحِيح) وَعَنِ»» ابْنِ مَسْعُودٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ نَصَرَ قَوْمَهُ عَلَى غَيْرِ الْحَقِّ فَهُوَ كَالْبَعِيرِ الَّذِي رَدَى فَهُوَ يُنزَعُ بذنَبِه» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4904. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स ने अपने कौम की नाहक हिमायत व नुसरत की तो वह इस ऊंट की तरह है जो कुंवो में गिर जाए और इसे उस की दुम से पकड़ कर खिचां जाए”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (5118)

٤٩٠٥ - (ضَعِيف) وَعَن»» واثلةَ بن الأسقَعِ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا الْعَصَبِيَّةُ؟ قَالَ: «أَنْ تُعِينَ قَوْمَكَ عَلَى الظُّلْمِ» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4905. वासिला बिन अस्कअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! अस्बियत किया है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “यह कि तुम नाहक अपने कौम की मदद करो”| (ज़ईफ़)

ضعيف جذا ، رواه ابوداؤد (5119) [و ابن ماجه (3949)] * فيه سلمة الدمشقى : مستور ، لم يوثقه غير ابن حبان و دلس عن عباد بن كثير و لحديثه شاهد ضعيف جدًا ياتى (4909)

٤٩٠٦ - (ضَعِيف) وَعَن»» سُراقَة بن مالكِ بن جُعْشُم قَالَ: خَطَبَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «خيركم الْمُدَافِعُ عَنْ عَشِيرَتِهِ مَا لَمْ يَأْثَمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4906. सुराका बिन मालिक बिन जूअशुम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें खुत्बा देते हुए इरशाद फ़रमाया: "तुम में से बेहतरीन दिफ़ाअ करने वाला वह है जो अपने खानदान का दिफ़ाअ करता है बशर्तेकी वह गुनाह का इर्तिकाब न करे"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5120) * فیه ایوب بن سوید : ضعیف علی الراجح و سعید لم یسمع من سراقة رضی الله عنه

٤٩٠٧ - (ضَعِيف) وَعَن»» جُبَيْرُ بْنُ مُطْعِمٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَيْسَ مِنَّا مَنْ دَعَا إِلَى عَصَبِيَّةٍ وَلَيْسَ مِنَّا مَنْ قَاتَلَ عَصَبِيَّةً وَلَيْسَ مِنَّا من مَاتَ علىعصبية» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4907. जुबेर बिन मुतइम रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "वो शख़्स हम में से नहीं जिस ने अस्बियत की तरफ बुलाया, वह शख़्स हम में से नहीं जो अस्बियत पर किताल करे और वह शख़्स हम में से नहीं जो अस्बियत पर फौत हो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5121 وقال : هذا مرسل ، عبدالله بن ابی سلیمان لم یسمع من جبیر) * و ابن ابی لبیبة ضعیف ، ضعفه الجمهور و حدیث مسلم ، ح : 1848 یغنی عنه

٤٩٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» الدَّرْدَاءَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «حُبُّكَ الشَّيْءَ يُعْمِي وَيُصِمُّ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4908. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "किसी चीज़ से तेरी मुहब्बत अंधा और बहरा बना देती है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (5130) * ابوبکر بن ابی مریم : ضعیف وکان قد سرق بیته فاختلط ، و روی البیهقی فی شعب الایمان (412) عن ابی الدرداءؓ قال : حبک الشیء یعمی ویصم و سنده صحیح و الحمدلله

मुफाखिरत और अस्बियत का बयान • بَاب الْمُفَاخَرَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٤٩٠٩ - (لم تتمّ دراسته) عَن عُبَادَةَ»» بْنِ كَثِيرٍ الشَّامِيِّ مِنْ أَهْلِ فِلَسْطِينَ عَن امْرَأَةٍ مِنْهُمْ يُقَالُ لَهَا فَسِيلَةُ أَنَّهَا قَالَتْ: سَمِعْتُ أَبِي يَقُولُ: سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَمِنَ الْعَصَبِيَّةِ أَنْ يُحِبَّ الرَّجُلُ قَوْمَهُ؟ قَالَ: «لَا وَلَكِنْ مِنَ الْعَصَبِيَّةِ أَنْ يَنْصُرَ الرَّجُلُ قَوْمَهُ عَلَى الظُّلْمِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَابْنُ مَاجَهْ

4909. अहले फिलिस्तीन से अब्बाद बिन कसीर शामी अपने (फिलिस्तीनि) फसिला नामी औरत से रिवायत करते हैं की उस ने कहा, मैंने अपने वालिद को बयान करते हुए सुना, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से मसअला दरियाफ्त करते हुए अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या यह भी अस्बियत के ज़िमरे में आता है के आदमी अपने कौम से मुहब्बत करे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं ? बल्कि अस्बियत तो यह है कि आदमी अपने कौम की नाहक हिमायत व नुसरत करे”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد (4 / 107) و ابن ماجه (3949) * عباد بن كثير : متروک فالسند ضعيف جدًا و للحديث طريق آخر عند ابی داود (5119) و سنده ضعيف جدًا کما تقدم (4905)

٤٩١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنْسَابُكُمْ هَذِهِ لَيْسَتْ بِمَسَبَّةٍ عَلَى أَحَدٍ كُلُّكُمْ بَنُو آدَمَ طَفُّ الصَّاعِ بِالصَّاعِ لَمْ تملؤوه لَيْسَ لِأَحَدٍ عَلَى أَحَدٍ فَضْلٌ إِلَّا بِدِينٍ وَتَقْوًى كَفَى بِالرَّجُلِ أَنْ يَكُونَ بَذِيًّا فَاحِشًا بَخِيلًا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

4910. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारे यह अन्साब (ज़ात क़बीले) किसी के लिए बाईस ए आर नहीं, तुम सब आदम की औलाद हो और तुम सब बाहम इस तरह बराबर हो जिस तरह एक साअ दुसरे साअ के बराबर होता है, दीन और तक़्वा के अलावा किसी को किसी पर कोई फ़ज़ीलत नहीं, आदमी के लिए आर के लिहाज़ से यही काफी है के वह ज़ुबान दराज़, फहश गो और बखील हो”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (4 / 145 ، 158) [و الطبرانی فی الکبیر (17 / 295 ح 814)] و البیهقی فی شعب الایمان (5146 ، نسخة محققة : 4783)] * عبدالله بن لهيعة صرح بالسماع عند الطبرانی ، و هذا الحديث روى عنه يحيى بن اسحاق السيلحينى وهو سمع منه قبل اختلاطه ، و للحديث شواهد معنوية كثيرة جدًا

हुस्ने सुलूक और सिलह रहमीका बयान • بَاب الْبر والصلة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٤٩١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَنْ أَحَقُّ بِحُسْنِ صَحَابَتِي؟ قَالَ: «أَمُّكَ» . قَالَ: ثُمَّ مَنْ؟ قَالَ: «أُمُّكَ» . قَالَ: ثُمَّ مَنْ؟ قَالَ «أُمُّكَ» . قَالَ: ثُمَّ مَنْ؟ قَالَ: «أَبُوكَ» . وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «أُمَّكَ ثُمَّ أُمَّكَ ثُمَّ أُمَّكَ ثُمَّ أَبَاكَ ثمَّ أدناك أدناك» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4911. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे हुस्ने सुलूक का सबसे ज़्यादा हक़दार कौन है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "तेरी वालिदा", उस ने अर्ज़ किया: फिर कौन ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "तेरी माँ", उस ने अर्ज़ किया: फिर कौन ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "तेरी माँ", उस ने अर्ज़ किया: फिर कौन ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "तेरा बाप", एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: "तेरी माँ, फिर तेरी माँ, फिर तेरी माँ, फिर तेरा बाप, फिर तेरा करीबी रिश्तेदार, फिर उस से कम करीबी रिश्तेदार"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5971) و مسلم (4 ، 1 / 2548)، (6500 و 6501)

٤٩١٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رَغِمَ أَنْفُهُ رَغِمَ أَنْفُهُ رَغِمَ أَنْفُهُ» . قِيلَ: مَنْ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «مَنْ أَدْرَكَ وَالِدَيْهِ عِنْدَ الْكِبَرِ أَحَدَهُمَا أَوْ كِلَاهُمَا ثمَّ لم يدْخل الْجنَّة» . رَوَاه مُسلم

4912. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "उस की नाक खाक आलूद हो, उस की नाक खाक आलूद हो, उस की नाक खाक आलूद हो!" अर्ज़ किया गया: अल्लाह के रसूल! किस की आप ﷺ ने फ़रमाया: "जो अपने वालिदेन में से किसी एक या या दोनों को बुढ़ापे में पा ले, फिर वह (इन के साथ हुस्ने सुलूक कर के) जन्नत में दाखिल न हो"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 2551)، (6510)

٤٩١٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَسْمَاءَ بِنْتِ أَبِي بَكْرٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ قَالَتْ: قَدِمَتْ عَلَيَّ أُمِّي وَهِيَ مُشْرِكَةٌ فِي عَهْدِ قُرَيْشٍ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ أُمِّي قَدِمَتْ عَلَيَّ وَهِيَ رَاغِبَةٌ أَفَأَصِلُهَا؟ قَالَ: «نعم صليها» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4913. अस्मा बिन्ते अबी बक्र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मेरी वालिदा मेरे पास तशरीफ़ लाई, जबके वह मुशरिक थी, यह इस वक़्त की बात है जब कुरैश से (हुदेबिया का) मुआयदा हुआ था, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! बेशक मेरी वालिदा मेरे पास आई है, जबके वह बेहतर सुलूक की मुत्मनी है, तो क्या मैं उस से सिलह रहमी करू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, उस से सिलह रहमी करो"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2620) و مسلم (50 / 1003)، (2325)

٤٩١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ آل فُلَانٍ لَيْسُوا لِي بِأَوْلِيَاءَ إِنَّمَا وَلِيِّيَ اللَّهُ وَصَالِحُ الْمُؤْمِنِينَ وَلَكِنْ لَهُمْ رَحِمٌ أَبُلُّهَا [ص:١٣٧ بِبَلَالِهَا. مُتَّفق عَلَيْهِ

4914. अमर बिन आस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “आले अबू फलां, मेरे दोस्त व हिमायती नहीं, मेरा हिमायती तो अल्लाह और स्वालेह मोमिन है, लेकिन उन के साथ रिश्तेदारी है जिसे में सिलह रहमी के ज़रिए बरक़रार रखूँगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5990) و مسلم (366 / 215)، (519)

٤٩١٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن الْمُغِيرَة قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ حَرَّمَ عَلَيْكُمْ عُقُوقَ الْأُمَّهَاتِ وَوَأْدَ الْبَنَاتِ وَمَنَعَ وَهَاتِ. وَكَرِهَ لَكُمْ قِيلَ وَقَالَ وَكَثْرَةَ السُّؤَالِ وَإِضَاعَةَ الْمَالِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

4915. मुगिरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह ने माओ की नाफ़रमानी करने, बेटियों को जिंदा दफ़नाने, बुखल करने और दस्त सवाल दराज़ करने को तुम पर हराम करार दिया है, और फ़िज़ूल बाते करने (लोगो के अहवाल जानने के लिए) ज़्यादा सवाल करने और माल ज़ाए करने को तुम्हारे मुत्तल्लिक नापसंद फ़रमाया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری 2408) و مسلم (12 / 593)، (4483)

٤٩١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مِنَ الْكَبَائِرِ شَتْمُ الرَّجُلِ وَالِدَيْهِ» . قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَهَلْ يَشْتُمُ الرَّجُلُ وَالِدَيْهِ؟ قَالَ: «نَعَمْ يَسُبُّ أَبَا الرَّجُلِ فَيَسُبُّ أَبَاهُ ويسبُّ أمه فيسب أمه» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4916. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी का अपने वालिदेन को गाली देना कबिराह गुनाह है”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या आदमी अपने वालिदेन को गाली देता है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, वह किसी आदमी के वालिद को गाली देता है तो (बदले में) वह उस के वालिद को गाली देता है और यह उस की माँ को गाली देता है, तो (बदले में) वह उस की माँ को गाली देता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5973) و مسلم (146 / 90)، (263)

٤٩١٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ مِنْ أَبَرِّ الْبِرِّ صِلَةَ الرَّجُلِ أَهْلَ وُدِّ أَبِيهِ بَعْدَ أَن يولي» . رَوَاهُ مُسلم

4917. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक आदमी का अपने वालिद के फौत हो जाने के बाद, उस के दोस्तों से सिलह रहमी करना सबसे बड़ी नेकी है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (13 / 2552)، (6514)

٤٩١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَحَبَّ أَنْ يُبْسَطَ لَهُ فِي رِزْقِهِ وَيُنْسَأَ لَهُ فِي أَثَره فَلْيصل رَحمَه» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4918. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स यह पसंद करता है की उस का रीज़्क फराख कर दिया जाए और उस की उमर दराज़ कर दी जाए तो वह सिलह रहमी करे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5976) و مسلم (21 / 2557)، (6524)

٤٩١٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " خُلِقَ اللَّهُ الْخَلْقَ فَلَمَّا فَرَغَ مِنْهُ قَامَتِ الرَّحِمُ فَأَخَذَتْ بِحَقْوَيِ الرَّحْمَنِ فَقَالَ: مَهْ؟ قَالَتْ: هَذَا مقَام العائذ بك من القطيعةِ. قَالَ: أَلَا تَرْضَيْنَ أَنْ أَصِلَ مَنْ وَصَلَكِ وَأَقْطَعَ مَنْ قَطَعَكِ؟ قَالَتْ: بَلَى يَا رَبِّ قَالَ: فَذَاك ". مُتَّفق عَلَيْهِ

4919. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने मखलूक को पैदा फ़रमाया और जब वह उस से फारिग़ हुआ तो रहम खड़ा हो गया और उस ने रहमान की कमर पकड़ ली, उस पर (रहमान) ने फ़रमाया: हट जा, इस (रहम) ने अर्ज़ किया, यह मक़ाम उस का है जो तेरे साथ कतअ रहमी से पनाह तलब करता है, फ़रमाया: क्या तुम उस पर राज़ी नहीं की मैं उस से ताल्लुक काइम रखु जो तुझ से ताल्लुक काइम रखे, और जो तुझ से ताल्लुक तोड़ दे में उस से ताल्लुक तोड़ दू, रहम ने अर्ज़ किया, रब जी! क्यों नहीं (में राज़ी हूँ), फ़रमाया: “ये मैंने जो कहा ऐसे ही होगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4830) و مسلم (16 / 2554)، (6518)

٤٩٢٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " الرَّحِمُ شِجْنَةٌ مِنَ الرَّحْمَنِ. [ص:١٣٧ فَقَالَ اللَّهُ: مَنْ وَصَلَكِ وَصَلْتُهُ وَمَنْ قَطَعَكِ قَطَعْتُهُ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

4920. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रहम रहमान से जुड़ा हुआ है, अल्लाह ने फ़रमाया: “जिस ने तुझ से ताल्लुक काइम किया मैं उस से ताल्लुक काइम करूँगा और जिस ने तुझ से ताल्लुक तोड़ा में उस से ताल्लुक तोड़ दूंगा”| (बुखारी)

رواه البخارى (5988)

٤٩٢١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " الرَّحِمُ مُعَلَّقَةٌ بِالْعَرْشِ تَقُولُ: مَنْ وَصَلَنِي وَصَلَهُ اللَّهُ وَمَنْ قَطَعَنِي قَطَعَهُ الله ". مُتَّفق عَلَيْهِ

4921. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रहम अर्श के साथ मुअल्लक है, वह अर्ज़ करता है जिस ने मुझे जोड़ा अल्लाह इसे जोड़े और जिस ने मुझे तोड़ा अल्लाह इसे तोड़े”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5989) و مسلم (17 / 2555)، (6519)

٤٩٢٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جُبَيْرِ بْنِ مُطْعِمٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ قَاطِعٌ» . مُتَّفِقٌ عَلَيْهِ

4922. जुबेर बिन मुतअम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कतअ रहमी करने वाला जन्नत में नहीं जाएगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (5984) و مسلم (19 / 2555)، (6521)

٤٩٢٣ - (صَحِيح) وَعَنِ»» ابْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «لَيْسَ الواصِلُ بالمكافیء»» وَلَكِنَّ الْوَاصِلَ الَّذِي إِذَا قُطِعَتْ رَحِمُهُ وَصَلَهَا» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

4923. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सिलह रहमी के बदले में सिलह रहमी करने वाला, सिलह रहमी करने वाला नहीं, बल्कि सिलह रहमी करने वाला तो वह है की जब उसके साथ कतअ रहमी की जाए तो वह सिलह रहमी करे”| (बुखारी)

رواه البخاری (5991)

٤٩٢٤ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَجُلًا قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ لي قَرَابةً أصلهم ويقطعوني وَأحسن إِلَيْهِم ويسيؤون إِلَيّ وأحلم عَلَيْهِم وَيَجْهَلُونَ عَلَيَّ. فَقَالَ: «لَئِنْ كُنْتَ كَمَا قُلْتَ فَكَأَنَّمَا تُسِفُّهُمُ الْمَلَّ وَلَا يَزَالُ مَعَكَ مِنَ اللَّهِ ظَهِيرٌ عَلَيْهِمْ مَا دُمْتَ عَلَى ذَلِكَ» . رَوَاهُ مُسلم

4924. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे कुछ रिश्तेदार है, मैं उन से सिलह रहमी करता हूँ और वह मुझ से कतअ रहमी करते हैं, मैं उन से हुस्ने सुलूक करता हूँ और वह मुझ से बदसुलूकी करते हैं, मैं उन से दरगुज़र करता हूँ और वह मुझ पर ज़्यादती करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम्हारा बयान दुरुस्त है तो फिर तुम उन के मुंह में गरम राख डाल रहे हो, जब तक तुम इस रवीश पर काइम रहोगे तो उन के खिलाफ अल्लाह की तरफ से तुम्हें मदद पहुँचती रहेगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (22 / 2558)، (6525)

हुस्ने सुलूक और सिलह रहमीका बयान • بَاب الْبر و الصلة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٤٩٢٥ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ ثَوْبَانَ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَرُدُّ الْقَدَرَ إِلَّا الدُّعَاءُ وَلَا يَزِيدُ فِي الْعُمْرِ إِلَّا الْبِرُّ وَإِنَّ الرَّجُلَ لَيُحْرَمُ الرِّزْقَ بِالذَّنْبِ يُصِيبُهُ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

4925. सौबान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "दुआ, तकदीर को बदल देती है, हुस्ने सुलूक से उमर में इज़ाफा हो जाता है, बेशक आदमी गुनाह के इर्तिकाब की वजह से रीज़्क से महरूम कर दिया जाता है"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابن ماجه (90 ، [4022]) * سفيان الثورى مدلس و عنعن

٤٩٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ»» قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " دَخَلْتُ الْجَنَّةَ فَسَمِعْتُ فِيهَا قِرَاءَةً فَقُلْتُ: مَنْ هَذَا؟ قَالُوا: حَارِثَةُ بْنُ النُّعْمَانِ كَذَلِكُمُ الْبِرُّ كَذَلِكُمْ [ص:١٣٧ الْبِرُّ ». وَكَانَ أَبَرَّ النَّاسِ بِأُمِّهِ. رَوَاهُ فِي» شَرْحِ السُّنَّةِ «. وَالْبَيْهَقِيُّ فِي» شعب الْإِيمَان "»» وَفِي رِوَايَة: قَالَ: «نِمْتُ فرأيتني فِي الْجنَّة» بدل «دخلت الْجنَّة»

4926. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैं जन्नत में दाखिल हुआ तो मैंने वहां किराअत सुनी तो मैंने कहा: यह कौन (कीराअत कर रहा) है ? उन्होंने कहा: हारिस बिन नुअमान है, हुस्ने सुलूक की यही जज़ा होती है, हुस्ने सुलूक की जज़ा ऐसी ही होती है", और वह अपने वालिद के साथ सबसे बढ़कर हुस्ने सुलूक करने वाले थे, बयहकी ने इसे शौबुल ईमान में रिवायत किया है और एक रिवायत में है: "मैं जन्नत में दाखिल हुआ" की बजाए " मैंने ख्वाब में अपने आप को जन्नत में देखा", के अल्फाज़ है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (13 / 7 ح 3418) و البيهقى فى شعب الايمان (7851) * الزهرى مدلس و عنعن ولم يثبت تصريح سماعه فى السند المتصل ، راجع مسند الحميدى (285 بتحقيقى) و صرح بالسماع فى الرواية المرسلة عند ابن وهب فى الجامع (ح 133)

٤٩٢٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ»» اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رَضِيَ الربِّ فِي رضى الْوَالِدِ وَسُخْطُ الرَّبِّ فِي سُخْطِ الْوَالِدِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4927. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "वालिद राज़ी तो रब राज़ी, वालिद नाराज़ तो रब नाराज़"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (1900)

٤٩٢٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي»» الدَّرْدَاء أَنَّ رَجُلًا أَتَاهُ فَقَالَ: إِنَّ لِي امْرَأَةً وَإِن لي أُمِّي تَأْمُرُنِي بِطَلَاقِهَا؟ فَقَالَ لَهُ أَبُو الدَّرْدَاءِ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْوَالِدُ أَوْسَطُ أَبْوَابِ الْجَنَّةِ فَإِنْ شِئْتَ فَحَافِظْ عَلَى الْبَابِ أَوْ ضَيِّعْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَه

4928. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी उस के पास आया तो उस ने कहा मेरी एक बीवी है, जबके मेरी वालिदा इसे तलाक देने का मुझे हुक्म देती है, (ये सुन कर) अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु ने इसे कहा, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “वालिद जन्नत का बेहतरीन दरवाज़ा है, अगर तुम चाहो तो दरवाज़े की हिफाज़त कर लो और चाहो तो ज़ाए कर लो”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (1900 وقال : صحیح) و ابن ماجه (2089)

٤٩٢٩ - (حسن) وَعَنْ»» بَهْزِ بْنِ حَكِيمٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جدِّه قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَنْ أَبَرُّ؟ قَالَ: «أَمَّكَ» قُلْتُ: ثُمَّ مَنْ؟ قَالَ: «أَمَّكَ» قُلْتُ: ثُمَّ مَنْ؟ قَالَ: «أُمَّكَ» قُلْتُ: ثُمَّ مَنْ؟ قَالَ: «أَبَاكَ ثُمَّ الْأَقْرَبَ فَالْأَقْرَبَ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4929. बहज़ बिन हकिम अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं किस से हुस्ने सुलूक करू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने माँ से”, मैंने अर्ज़ किया: फिर कौन ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने माँ के साथ”, मैंने अर्ज़ किया: फिर कौन ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने माँ के साथ”, मैंने अर्ज़ किया: फिर किसी के साथ आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने वालिद के साथ, फिर करीब तरीन और फिर करीब तर रिश्ते दार के साथ (अच्छा सुलूक कर)”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1897 وقال : حسن) و ابوداؤد (5139)

٤٩٣٠ - (حسن صَحِيح) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ عَوْفٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: " قَالَ الله تبَارك: أَنَا اللَّهُ وَأَنَا الرَّحْمَنُ خَلَقْتُ الرَّحِمَ وَشَقَقْتُ لَهَا مِنِ اسْمِي فَمَنْ وَصَلَهَا وَصَلْتُهُ وَمَنْ قطعهَا بتته ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4930. अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह तबारक व तआला फरमाता है, मैं अल्लाह हूँ और मैं रहमान हूँ, मैंने रहम तखलीक किया और उस का नाम अपने नाम (रहमान) से तजवीज़ किया, जिस ने इसे जोड़ा में उसे जोडूंगा और जिस ने इसे तोड़ा मैं उसे अपनी (रहमत से) महरूम करूँगा”| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (1694) [و الترمذی (1907 وقال : صحیح)]

٤٩٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدُ»» اللَّهِ بْنِ أَبِي أَوْفَى قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا تَنْزِلُ الرَّحْمَةُ عَلَى قَوْمٍ فِيهِمْ قَاطِعُ الرَّحِمِ» رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَان»

4931. अब्दुल्लाह बिन अबी अव्फी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस कौम में कतअ रहमी करने वाला शख़्स हो उस पर रहमत नाज़िल नहीं होती”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف جذا ، رواه البیهقی فی شعب الایمان (7962 ، نسخة محققة : 7590) [و البغوی فی شرح السنة (13 / 28 ح 3439 3440) و البخاری فی الادب المفرد (63) و فیه ابو ادام سلیمان بن زید المحاربی وهو ضعیف جدًا متهم]

٤٩٣٢ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي بَكْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ ذَنْبٍ أَحْرَى أَنْ يُعَجِّلَ اللَّهُ لصَاحبه الْعقُوبَة فِي الدُّنْيَا مَعَ مايدخر لَهُ فِي الْآخِرَةِ مِنَ الْبَغْيِ وَقَطِيعَةِ الرَّحِمِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

4932. अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "ज़ुल्म व सरकशी और कतअ रहमी ऐसे गुनाह है की उन के मुर्तकिब को अल्लाह दुनिया में सज़ा देने के साथ साथ इसे आखिरत मैं भी ज़खीरा कर लेता है"| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (2511 وقال : صحیح) و ابوداؤد (4902)

٤٩٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ»» اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ مَنَّانٌ وَلَا عَاقٌّ وَلَا مُدْمِنُ خمر» . رَوَاهُ النَّسَائِيّ والدارمي

4933. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इहसान जतलाने वाला, वालिदेन का नाफरमान और मुश्तकिल शराब नोश जन्नत में नहीं जाएगा"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (8 / 318 ح 5675) و الدارمی (2 / 112 ح 2099)

٤٩٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَعَلَّمُوا مِنْ أَنْسَابِكُمْ مَا تَصِلُونَ بِهِ أَرْحَامَكُمْ فَإِنَّ صِلَةَ الرَّحِمِ مَحَبَّةٌ فِي الْأَهْلِ مَثْرَاةٌ فِي الْمَالِ مَنْسَأَةٌ فِي الْأَثَرِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

4934. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अपने नसब को इस क़दर ज़रूर सीखो जिस के मुताबिक तुम सिलह रहमी करते हो, क्योंकि सिलह रहमी अहल रहम में मुहब्बत, माल में इज़ाफे और दराज़े उमर का बाईस है"| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1979)

٤٩٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابْن»» عمر أَنَّ رَجُلًا أَتَى النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَصَبْتُ ذَنْبًا عَظِيمًا فَهَلْ لِي مِنْ تَوْبَةٍ؟ قَالَ: «هَلْ لَكَ مِنْ أُمٍّ؟» قَالَ: لَا. قَالَ: «وَهَلْ لَكَ مِنْ خَالَةٍ؟» . قَالَ: نَعَمْ. قَالَ: «فبرها» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

4935. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के एक आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने एक बहोत बड़े गुनाह का इर्तिकाब किया है, तो किया मेरे लिए तौबा (की गुंजाईश) है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम्हारी वालिदा है" उस ने अर्ज़ किया: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम्हारी खाला है ?" उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: "उस के साथ हुस्ने सुलूक करो"| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (1904 وقال : صحیح) * و صححه ابن حبان (الموارد : 2022) و الحاکم علی شرط الشیخین (4 / 155) و وافقه الذھبی

٤٩٣٦ - (ضَعِيف) وَعَن»» أبي أسيد السَّاعِدِيّ قَالَ: بَيْنَا نَحْنُ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ جَاءَ رَجُلٌ مِنْ بَنِي سَلَمَةَ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَلْ بَقِي من برِّ أبويَّ شيءٌ أَبَرُّهُمَا بِهِ بَعْدَ مَوْتِهِمَا؟ قَالَ: «نَعَمْ الصَّلَاةُ عَلَيْهِمَا وَالِاسْتِغْفَارُ لَهُمَا وَإِنْفَاذُ عَهْدِهِمَا مِنْ بَعْدِهِمَا وَصِلَةُ الرَّحِمِ الَّتِي لَا تُوصَلُ إِلَّا بِهِمَا وَإِكْرَامُ صَدِيقِهِمَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَابْنُ مَاجَهْ

4936. अबू उसय्द अस्साइदी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, इस असना में के हम रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर थे की इतने में बनू सलमा (के क़बीले) से एक आदमी आप की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या वालिदेन के साथ हुस्ने सुलूक की कोई ऐसी सूरत है जिस के ज़रिए मैं इन की वफ़ात के बाद उन से हुस्ने सुलूक कर सकू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, इन के लिए दुआ करो, इन के लिए मगफिरत तलब करो, उन के बाद उनकी वसीयत पर अमल करो, वह जो सिलह रहमी किया करते थे इसे जारी रखो और उन के दोस्तों की तकरीम करो"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (5142) و ابن ماجه (3664)

٤٩٣٧ - (ضَعِيف) وَعَن»» أبي الطُّفَيْل قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقْسِمُ لَحْمًا بِالْجِعْرَانَةِ إِذْ أَقْبَلَتِ امْرَأَةٌ حَتَّى دَنَتْ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَسَطَ لَهَا رِدَاءَهُ فَجَلَسَتْ عَلَيْهِ. فَقُلْتُ: مَنْ هِيَ؟ فَقَالُوا: هِيَ أُمُّهُ الَّتِي أَرْضَعَتْهُ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

4937. अबू तुफैल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को जीअरान के मक़ाम पर गोश्त तकसीम करते हुए देखा, अचानक एक औरत आई हत्ता के वह नबी ﷺ के करीब हो गई और आप ने उस के लिए अपनी चादर बिछा दि और वह उस पर बैठ गई, मैंने पूछा यह कौन है ? तो उन्होंने बताया: यह आप ﷺ की रिज़ाई वालिद है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (5144) * عمارة بن ثوبان : مستور و جعفر بن يحيى مثله

हुस्ने सुलूक और सिलह रहमीका बयान • بَاب الْبر و الصلة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٤٩٣٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " بَيْنَمَا ثَلَاثَة نفر يماشون [ص:١٣٨ أَخَذَهُمُ الْمَطَرُ فَمَالُوا إِلَى غَارٍ فِي الْجَبَلِ فَانْحَطَّتْ عَلَى فَمِ غَارِهِمْ صَخْرَةٌ مِنَ الْجَبَلِ فَأَطْبَقَتْ عَلَيْهِمْ فَقَالَ بَعْضُهُمْ لِبَعْضٍ: انْظُرُوا أَعْمَالًا عَمِلْتُمُوهَا لِلَّهِ صَالِحَةً فَادْعُوا اللَّهَ بِهَا لَعَلَّهُ يُفَرِّجُهَا. فَقَالَ أَحَدُهُمْ: اللَّهُمَّ إِنَّهُ كَانَ لِي وَالِدَانِ شَيْخَانِ كَبِيرَانِ وَلِي صِبْيَةٌ صِغَارٌ كُنْتُ أَرْعَى عَلَيْهِمْ فَإِذَا رُحْتُ عَلَيْهِمْ فَحَلَبْتُ بَدَأْتُ بِوَالِدَيَّ أَسْقِيهِمَا قَبْلَ وَلَدِي وَإِنَّهُ قَدْ نَأَى بِي الشَّجَرُ فَمَا أَتَيْتُ حَتَّى أَمْسَيْتُ فَوَجَدْتُهُمَا قَدْ نَامَا فَحَلَبْتُ كَمَا كُنْتُ أَحْلُبُ فَجِئْتُ بِالْحِلَابِ فَقُمْتُ عِنْدَ رُؤُوسِهِمَا أَكْرَهُ أَنْ أُوقِظَهُمَا وَأَكْرَهُ أَنْ أَبْدَأَ بِالصِّبْيَةِ قَبْلَهُمَا وَالصِّبْيَةُ يَتَضَاغَوْنَ عِنْدَ قَدَمَيَّ فَلَمْ يَزَلْ ذَلِكَ دَأْبِي وَدَأْبَهُمْ حَتَّى طَلَعَ الْفَجْرُ فَإِنْ كُنْتَ تَعْلَمُ أَنِّي فَعَلْتُ ذَلِكَ ابْتِغَاءَ وَجْهِكَ فَافْرُجْ لَنَا فُرْجَةً نَرَى مِنْهَا السَّمَاءَ فَفَرَجَ اللَّهُ لَهُمْ حَتَّى يرَوْنَ السماءَ»» قَالَ الثَّانِي: اللَّهُمَّ إِنَّه كَانَ لِي بِنْتُ عَمٍّ أُحِبُّهَا كَأَشَدِّ مَا يُحِبُّ الرِّجَالُ النِّسَاءَ فَطَلَبْتُ إِلَيْهَا نَفْسَهَا فَأَبَتْ حَتَّى آتيها بِمِائَة دِينَار فلقيتها بهَا فَلَمَّا قَعَدْتُ بَيْنَ رِجْلَيْهَا. قَالَتْ: يَا عَبْدَ اللَّهِ اتَّقِ اللَّهَ وَلَا تَفْتَحِ الْخَاتَمَ فَقُمْتُ عَنْهَا. اللَّهُمَّ فَإِنْ كُنْتَ تَعْلَمُ أَنِّي فَعَلْتُ ذَلِكَ ابْتِغَاءَ وَجْهِكَ فَافْرُجْ لَنَا مِنْهَا فَفَرَجَ لَهُمْ فُرْجَةً»» وَقَالَ الْآخَرُ: اللَّهُمَّ إِنِّي كُنْتُ اسْتَأْجَرْتُ أَجِيرًا بِفَرْقِ أَرُزٍّ فَلَمَّا قَضَى عَمَلَهُ

قَالَ: أَعْطِنِي حَقِّي. فَعَرَضْتُ عَلَيْهِ حَقَّهُ فَتَرَكَهُ وَرَغِبَ عَنْهُ فَلَمْ أَزَلْ أَزْرَعُهُ حَتَّى جَمَعْتُ مِنْهُ بَقَرًا وَرَاعِيَهَا فَجَاءَنِي فَقَالَ: اتَّقِ اللَّهَ وَلَا تَظْلِمْنِي وَأَعْطِنِي حَقِّي. فَقُلْتُ: اذْهَبْ إِلَى ذَلِكَ الْبَقَرِ وَرَاعِيهَا فَقَالَ: اتَّقِ اللَّهَ وَلَا تَهْزَأْ بِي. فَقُلْتُ: إِنِّي لَا أَهْزَأُ بِكَ فخذْ ذلكَ البقرَ وراعيها فَأَخذ فَانْطَلَقَ بِهَا. فَإِنْ كُنْتَ تَعْلَمُ أَنِّي فَعَلْتُ ذَلِكَ ابْتِغَاءَ وَجْهِكَ فَافْرُجْ مَا بَقِيَ فَفَرَجَ الله عَنْهُم ". مُتَّفق عَلَيْهِ

4938. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस दौरान के तीन आदमी सफ़र कर रहे थे, बारिश आ गई, उन्होंने पहाड़ में एक ग़ार में पनाह ली, इतने में पहाड़ से एक चट्टान गिरी और उस ने उनकी ग़ार का मुंह बंद कर दिया, चुनांचे उन्होंने एक दुसर इसे कहा: अपने आमाल का जाइज़ा लो जो तुमने खालिस अल्लाह की रज़ा की खातिर किए थे, फिर उन के ज़रिए अल्लाह से दुआ करो शायद के वह इस तकलीफ (चट्टान) को दूर कर दे, उन में से एक ने कहा: ऐ अल्लाह! मेरे बूढ़े वालिदेन थे और मेरे छोटे छोटे बच्चे थे, मैं उन के नान व नफ्का का ज़िम्मेदार था, जब में शाम के वक़्त मवेशी ले कर वापिस आता तो मैं दूध दोह कर अपने औलाद से पहले, अपने वालिदेन की खिदमत में पेश किया करता था, एक मर्तबा में जंगल में दूर निकल गया जिस की वजह से में शाम के वक़्त (देर से) घर पहुंचा तो मैंने इन दोनों को सोया हुआ पाया, मैंने हस्बे मामूल दूध धोया, फिर मैं दूध का बर्तन ले कर आया और उन के सिरहाने खड़ा हो गया, मैंने उन्हें जगाना मुनासिब न समझा और उन से पहले बच्चो को पिलाना भी ना मुनासिब जाना जबके बच्चे मेरे कदमो के पास भूके बिलकते रहे, मेरी और उनकी हमें सूरते हाल रही हत्ता के सुबह हो गई (ए अल्लाह !) अगर तू जानता है के मैंने तेरी रज़ा की खातिर ऐसे किया था तो फिर हमारे लिए इस क़दर रास्ता बना दे की हम वहां से आसमान देख लें, अल्लाह ने इन के लिए रास्ता खोल दिया हत्ता के वह आसमान देखने लगे, दुसरे ने अर्ज़ किया, ऐ अल्लाह! मेरी एक चचाज़ाद बहन थी, मैं उसे इतना चाहता था जितना के ज़्यादा से ज़्यादा मर्द औरतों को चाहते है, मैंने उन से बुराई करने का इरादा ज़ाहिर किया लेकिन उस ने इन्कार कर दिया, हत्ता के में उसे सौ दीनार दू, मैंने कोशिश कर के सौ दीनार जमा किए और वह ले कर उस के पास गया, और जब में (इस से बुरा फ़ैल करने के लिए) उस की दोनों टांगो के दरमियान बैठ गया तो उस ने कहा: अल्लाह के बन्दे! अल्लाह से डर जा और इस मोहर को न तोड़, (ये सुनते ही) में उन से उठ खड़ा हुआ, ऐ अल्लाह! अगर तू जानता है के मैंने यह तेरी रज़ा की खातिर किया था तो हमारे लिए रास्ता खोल दे! अल्लाह ने इन के लिए कुछ रास्ता खोल दिया, तीसरे शख़्स ने कहा: ऐ अल्लाह! मैंने एक फर्क (16 रतल) चावलों की उजरत पर एक मज़दूर काम पर लगा रखा था, पस जब उस ने अपना काम मुकम्मल कर लिया तो उस ने कहा: मेरा हक़ मुझे अदा करो, जब मैंने उस का हक़ उस पर पेश किया तो वह इसे कमतर समझते हुए छोड़ कर चला गया में उन से ज़राअत करता रहा हत्ता के मैंने उन से गाय और चरवाहे जमा कर लिए, वह मेरे पास आया और उस ने कहा: अल्लाह से डर जा और मुझ पर ज़ुल्म न कर और मेरा हक़ मुझे अदा कर, मैंने कहा यह गाय और उस के चराने वाले को ले जा, उस ने कहा: अल्लाह से डर! मुझ से मज़ाक न कर, मैंने कहा: में तुम से मज़ाक नहीं कर रहा, तुम यह गाय और उस के चरवाहे को ले जाओ, वह इसे ले कर चला गया, अगर तू जानता है के मैंने यह काम तेरी रज़ा हासिल करने के लिए किया था तो बाकी रास्ता भी खोल दे, चुनांचे अल्लाह ने इन के लिए रास्ता खोल दिया (और वह तकलीफ दूर कर दी)”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3465) و مسلم (100 / 2743)، (6949)

٤٩٣٩ - (إِسْنَاده جيد) وَعَن معاويةَ بن جاهِمةُ أَنَّ جَاهِمَةَ جَاءَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَرَدْتُ أَنْ أَغْزُوَ وَقَدْ جِئْتُ أَسْتَشِيرُكَ. فَقَالَ: «هَلْ لَكَ مِنْ أُمٍّ؟» قَالَ: نَعَمْ. قَالَ: «فَالْزَمْهَا فَإِنَّ الْجَنَّةَ عِنْدَ رِجْلِهَا» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالنَّسَائِيُّ وَالْبَيْهَقِيّ فِي «شعب الْإِيمَان»

4939. मुआविया बिन जाहिम से रिवायत है के जाहिम रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ की खिदमत में आए और उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं जिहाद में शरीक होने के लिए आप से मशवरा करना चाहता हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम्हारी वालिदा है ?" उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: "जाओ उस के पास रहो क्योंकि जन्नत उस के कदमो के पास है"| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (3 / 429 ح 15623) و النسائی (6 / 11 ح 3106) و البیہقی فی شعب الایمان (7833)

٤٩٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن ابنِ»» عمَرَ قَالَ: كَانَتْ تَحْتِي امْرَأَةٌ أُحِبُّهَا وَكَانَ عُمَرُ يَكْرَهُهَا. فَقَالَ لِي: طَلِّقْهَا فَأَبَيْتُ. فَأَتَى عُمَرُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَكَرَ ذَلِكَ لَهُ فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «طَلِّقْهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

4940. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मेरी एक बीवी थी जिसे में पसंद करता था, जबके उमर रदी अल्लाहु अन्हु से नापसंद करते थे, उन्होंने मुझे फ़रमाया: "इसे तलाक दे दो, मैंने इन्कार कर दिया तो उमर रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और आप से यह वाकिए बयान किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: "इसे तलाक दे दो"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (1189 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (5138)

٤٩٤١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي»» أُمامةَ أَنَّ رَجُلًا قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا حَقُّ الْوَالِدَيْنِ عَلَى وَلَدِهِمَا؟ قَالَ: «هُمَا جَنَّتُكَ ونارُكَ» . رَوَاهُ ابنُ مَاجَه

4941. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किसी आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वालिदेन का अपने औलाद पर क्या हक़ है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "दोनों तुम्हारी जन्नत (का सबब) है और तुम्हारी जहन्नम (का सबब) हैं"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (3662) * قال البوصیری :'' هذا اسناد ضعیف وقال الساجی : اتفق اهل النقل علی ضعف علی بن یزید '' و علی بن یزید الالهانی ضعیف جدًا متروک ، تقدم مرارا

٤٩٤٢ - (مَوْضُوع) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْعَبْدَ لَيَمُوتُ وَالِدَاهُ أَوْ أَحَدُهُمَا وَإِنَّهُ لَهُمَا لَعَاقٌّ فَلَا يَزَالُ يَدْعُو لَهُمَا وَيَسْتَغْفِرُ لَهُمَا حَتَّى يَكْتُبَهُ اللَّهُ بارا»

4942. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "एक बन्दे के वालिदेन या इन दोनों में से एक फौत हो जाता है जबकि वह इन दोनों का नाफरमान होता है, और वह (उन की मौत के बाद) इन के लिए दुआ करता रहता है और इन दोनों के लिए मगफिरत तलब करता रहता है तो अल्लाह ऐसे शख़्स को हुस्ने सुलूक करने वाला लिख देता है"| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواه البیہقی فی شعب الایمان (7902 ، نسخة محققة : 7524) [و ابن عدی فی الکامل (7 / 2679 2680)] * فیه یحیی بن عقبة بن ابی مالک وهو کذاب خبیث عدو الله کما قال اب معین رحمه الله و للحدیث شواهد ضعیفة کما فی تنقیح الرواة (2 / 331) فالسند موضوع و الحدیث ضعیف

٤٩٤٣ - (ضَعِيف جدا) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ أَصْبَحَ مُطِيعًا لِلَّهِ فِي وَالِدَيْهِ أَصْبَحَ لَهُ بَابَانِ مَفْتُوحَانِ مِنَ الْجَنَّةِ وَإِنْ كَانَ وَاحِدًا فَوَاحِدًا. وَمَنْ أَمْسَى عَاصِيًا لِلَّهِ فِي وَالِدَيْهِ أَصْبَحَ لَهُ بَابَانِ مَفْتُوحَانِ مِنَ النَّارِ وَإِنْ كَانَ وَاحِدًا فَوَاحِدًا» قَالَ رَجُلٌ: وَإِنْ ظَلَمَاهُ؟ قَالَ: «وَإِنْ ظلماهُ وإن ظلماهُ وإِنْ ظلماهُ»

4943. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अपने वालिदेन (के हक़) के मुत्तल्लिक अल्लाह की इताअत में सुबह करता है तो उस के लिए जन्नत के दरवाज़े खुल जाते हैं और अगर एक हो तो (दरवाज़ा भी) एक और जो शख़्स अपने वालिदेन (के हक़) के मुत्तल्लिक अल्लाह की नाफ़रमानी में सुबह करता है तो उस के लिए जहन्नम के दरवाज़े खुल जाते हैं और अगर वह एक हो तो जहन्नम का दरवाज़ा भी एक”, एक आदमी ने अर्ज़ किया, अगरचे वह उस पर ज़ुल्म करे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगरचे वह उस पर ज़ुल्म करे, अगरचे वह उस पर ज़ुल्म करे और अगरचे वह उस पर ज़ुल्म करे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7916 ، نسخة محققة : 7538) * فيه ابو محمد عبدالله بن يحيى بن موسى السرخسى متهم بالكذب و للحديث شواهد ضعيفة عند هناد بن السرى (الزهد : 993) وغيره

٤٩٤٤ - (مَوْضُوع) وَعَنْهُ»» أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مامن وَلَدٍ بَارٍّ يَنْظُرُ إِلَى وَالِدَيْهِ نَظْرَةَ رَحْمَةٍ إِلَّا كَتَبَ اللَّهُ لَهُ بِكُلِّ نَظْرَةٍ حَجَّةً مَبْرُورَةً» . قَالُوا: وَإِنْ نَظَرَ كُلَّ يَوْمٍ مِائَةَ مرّة؟ قَالَ: «نعم الله أكبر وَأطيب»

4944. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नेक बच्चा जब अपने वालिदेन को नज़रे रहमत से देखता है तो अल्लाह उस के हर बार देखने के बदले में, उस के लिए हज ए मबरुर का सवाब लिख देता है”, सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अगरचे वह हर रोज़ सौ मर्तबा देखे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ अल्लाह (तसव्वुर से) बहोत बड़ा और (हर नुक्स से) पाक तर है”| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7859 ، نسخة محققة : 7475) * فيه نهشل بن سعيد : كذان و السند اليه مظلم و الضحاك عن ابن عباس : منقطع

٤٩٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» بَكْرَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كلُّ الذنوبِ يغفرُ اللَّهُ مِنْهَا مَا شاءَ إِلَّا عُقُوقَ الْوَالِدَيْنِ فَإِنَّهُ يُعَجِّلُ لِصَاحِبِهِ فِي الحياةِ قبلَ المماتِ»

4945. अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वालिदेन की नाफ़रमानी के अलावा अल्लाह जितने चाहे गुनाह मुआफ़ कर देता है ? क्योंकि वह इस (गुनाह) के मुर्तकिब को मरने से पहले जिंदगी ही में सज़ा दे देता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7890 ، نسخة محققة : 75006) و الحاكم (4 / 156) * فيه بكار بن عبد العزيز بن ابى بكرة : ضعيف

٤٩٤٦ - (ضَعِيف) وَعَن»» سعيدِ بْنِ الْعَاصِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «حقُّ كبيرِ الإِخوَةِ على صَغِيرِهِمْ حَقُّ الْوَالِدِ

عَلَى وَلَدِهِ» . رَوَى الْبَيْهَقِيُّ الأحاديثَ الخمسةَ فِي «شعب الْإِيمَان»

4946. सईद बिन आस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बड़े भाई का अपने छोटे भाइयो पर ऐसे हक़ है जैसे वालिद का अपने औलाद पर हक़ है”| इमाम बयहकी ने पांचो अहादीस शौबुल ईमान में रिवायत की है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7929 ، نسخة محققة : 7553) * فيه محمد بن السائب النكرى وهو لين الحديث و الوليد بن مسلم مدلس و عنعن و روى النكرى فى بعض الروايات عن ابيه به و ابوه مجهول ، و للحديث لون آخر عند ابى نعيم فى اخبار اصبهان (1 / 122)

بَابُ الشَّفَقَةِ وَالرَّحْمَةِ عَلَى الْخَلْقِ • मखलूक पर शफकत व रहमत का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٤٩٤٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن جَرِيرِ بْنِ عَبْدُ اللَّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَرْحَمُ اللَّهُ مَنْ لَا يَرْحَمُ النَّاسَ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4947. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह इस शख़्स पर रहम नहीं फरमाता जो लोगो पर रहम नहीं करता”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (7376) و مسلم (66 / 3219)، (6030)

٤٩٤٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عائشة قَالَتْ: جَاءَ أَعْرَابِيٌّ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: أَتُقَبِّلُونَ الصِّبْيَانَ؟ فَمَا نُقَبِّلُهُمْ. فَقَالَ النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «أَوَ أملكُ لَكَ أَنْ نَزَعَ اللَّهُ مِنْ قَلْبِكَ الرَّحْمَةَ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4948. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक आराबी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने पूछा क्या आप बच्चो का बोसा लेते है ? जबके हम तो उनका बोसा नहीं लेते, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मैं तुम्हारे मुत्तल्लिक इख़्तियार नहीं रखता जबके अल्लाह ने तेर दिल से रहमत निकाल दि है (के में उसे वापिस ला सकू)”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (5998) و مسلم (64 / 2317)، (6027)

٤٩٤٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: جَاءَتْنِي امْرَأَةٌ وَمَعَهَا ابْنَتَانِ لَهَا تَسْأَلُنِي فَلَمْ تَجِدْ عِنْدِي غَيْرَ تَمْرَةٍ وَاحِدَةٍ فَأَعْطَيْتُهَا إِيَّاهَا فَقَسَمَتْهَا بَيْنَ ابْنَتَيْهَا وَلَمْ تَأْكُلْ مِنْهَا ثُمَّ قَامَتْ فَخَرَجَتْ. فَدَخَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَدَّثْتُهُ فَقَالَ: «مَنِ ابْتُلِيَ مِنْ هَذِهِ الْبَنَاتِ بِشَيْءٍ فَأَحْسَنَ إِلَيْهِنَّ كُنَّ لَهُ سِتْرًا مِنَ النَّارِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

4949. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक औरत मेरे पास आई और उस के साथ उस की दो बेटियाँ भी थी उस ने मुझ से सवाल किया मेरे पास सिर्फ एक खजूर ही थी मैंने वही इसे दे दी, उस ने इसे अपने दोनों बेटियों के दरमियान तकसीम कर दिया, और खुद न खाई, फिर वह खड़ी हुई और चली गई, नबी ﷺ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो मैंने आप से उस का तज़किरह किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स की उन बेटियों से किसी तरह आज़माइश की गई और उस ने ऊन से हुस्ने सुलूक किया तो वह उस के लिए जहन्नम से आड़ बन जाएगी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5995) و مسلم (147 / 2629)، (6693)

٤٩٥٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ عَالَ جَارِيَتَيْنِ حَتَّى تَبْلُغَا جَاءَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ أَنَا وَهُوَ هَكَذَا» وضمَّ أصابعَه. رَوَاهُ مُسلم

4950. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने दो बच्चियों की परवरिश की हत्ता के वह बालिग़ हो गई तो वह रोज़ ए क़यामत इस तरह आएगा की मैं और वह इस तरह होंगे”, और आप ने अपनी उंगलिया मिलाइ| (मुस्लिम)

رواه مسلم (149 / 2631)، (6695)

٤٩٥١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «السَّاعِي عَلَى الْأَرْمَلَةِ وَالْمِسْكِينِ كَالسَّاعِي فِي سَبِيلِ اللَّهِ» وَأَحْسَبُهُ قَالَ: «كَالْقَائِمِ لَا يَفْتُرُ وَكَالصَّائِمِ لَا يفْطر» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4951. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेवा और मिस्किन की ज़रुरतो का ख़याल रखने वाला, अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले की तरह है”, और मेरा ख़याल है के आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो कयाम करने (तहज्जुद पढ़ने) वाले की तरह है जो सुस्ती नहीं करता, और इस रोज़दार की तरह है जो इफ्तार नहीं करता (मुसलसल रोज़े रखता है)”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6007) و مسلم (41 / 2982)، (7468)

٤٩٥٢ - (صَحِيح) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَا وَكَافِلُ الْيَتِيمِ [ص:١٣٨ لَهُ وَلِغَيْرِهِ فِي الْجَنَّةِ هَكَذَا» وَأَشَارَ بِالسَّبَّابَةِ وَالْوُسْطَى وفرَّجَ بَينهمَا شَيْئا. رَوَاهُ البُخَارِيّ

4952. सहल बिन साद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं और यतीम की किफ़ालत करने वाला, ख्वाह यतीम उस का अपना हो या किसी और का, जन्नत में इस तरह होंगे”, और आप ﷺ ने अन्गुंश्ते शहादत और दरमियानी ऊँगली के साथ इरशाद फ़रमाया और फिर इन दोनों (उंगलियों) के दरमियान कुछ फर्क किया| (बुखारी)

رواه البخارى (5304)

٤٩٥٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَرَى الْمُؤْمِنِينَ فِي تراحُمِهِم وتوادِّهم وتعاطفِهم كمثلِ الجسدِ إِذا اشْتَكَى عضوا تَدَاعَى لَهُ سَائِرُ الْجَسَدِ بِالسَّهَرِ وَالْحُمَّى» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

4953. नौमान बिन बशीर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आप मोमिनो को बाहम रहमत व मेहरबान करने, बाहम मुहब्बत और मदद करने में, जिस्म की तरह पाएंगे जब कोई आज़ा तकलीफ में मुब्तिला होता है तो उस की वजह से उस का सारा जिस्म बेदारी और बुखार में मुब्तिला रहता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6011) و مسلم (66 / 2586)، (6586)

٤٩٥٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمُؤْمِنُونَ كَرَجُلٍ وَاحِدٍ إِنِ اشْتَكَى عَيْنُهُ اشْتَكَى كُلُّهُ وَإِنِ اشْتَكَى رَأْسُهُ اشْتَكَى كُله» . رَوَاهُ مُسلم

4954. नोमान बिन बशीर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तमाम मोमिन फरदे वाहिद की तरह है, अगर उस की आँख दुखती है तो उसका सारा जिस्म दुखता है, और अगर उस का सर तकलीफ में मुब्तिला होता है तो भी उस का सारा जिस्म तकलीफ महसूस करता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (67 / 2586)، (6589)

٤٩٥٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمُؤْمِنُ لِلْمُؤْمِنِ كَالْبُنْيَانِ يَشُدُّ بَعْضُهُ بَعْضًا» ثُمَّ شَبكَ بَين أَصَابِعه. مُتَّفق عَلَيْهِ

4955. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मोमिन (दुसरे) मोमिन के लिए इमारत की तरह है, जिस का एक हिस्सा दुसरे हिस्से को मज़बूत करता है”, फिर आप ﷺ ने एक हाथ की उंगलिया दुसरे हाथ की उंगलियों मैं डाली| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6026) و مسلم (65 / 2585)، (6585)

٤٩٥٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ إِذَا أَتَاهُ السَّائِلُ أَوْ صَاحِبُ الْحَاجَةِ قَالَ: «اشْفَعُوا فَلْتُؤْجَرُوا وَيَقْضِي اللَّهُ عَلَى لِسَان رَسُوله مَا شَاءَ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4956. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, जब साइल या कोई ज़रूरत मंद शख़्स आप के पास आता तो आप ﷺ फरमाते: “तुम (मुझे से) सिफारिश करो तुम्हें अज़र मिलेगा, और अल्लाह जो चाहेगा वह अपने रसूल की ज़ुबान पर जारी फरमादेगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7476) و مسلم (145 / 2627)، (6691)

٤٩٥٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «انْصُرْ أَخَاكَ ظَالِمًا أَوْ مَظْلُومًا» . فَقَالَ رَجُلٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَنْصُرُهُ مَظْلُومًا فَكَيْفَ أَنْصُرُهُ ظَالِمًا؟ قَالَ: «تَمنعهُ من الظُّلم فَذَاك نصرك إِيَّاه» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4957. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने (मुसलमान) भाई की मदद करो, वह ज़ालिम हो या मज़लूम”, किसी आदमी ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं मज़लूम की तो मदद करूँगा लेकिन ज़ालिम की मदद कैसे करू ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारा इसे ज़ुल्म से रोकना, यही तुम्हारा उस की मदद करना है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (6952) و مسلم (62 / 2584)، (6582)

٤٩٥٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الْمُسْلِمُ أَخُو الْمُسْلِمِ لَا يَظْلِمُهُ وَلَا يُسْلِمُهُ وَمَنْ كَانَ فِي حَاجَةِ أَخِيهِ كَانَ اللَّهُ فِي حَاجَتِهِ وَمَنْ فَرَّجَ عَنْ مُسْلِمٍ كُرْبَةً فَرَّجَ اللَّهُ عَنْهُ كُرْبَةً مِنْ كُرُبَاتِ يَوْمِ الْقِيَامَةِ وَمَنْ سَتَرَ مُسْلِمًا سَتَرَهُ اللَّهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

4958. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुसलमान मुसलमान का भाई है न तो वह उस पर ज़ुल्म करता है और न इसे (ज़ालिम के) सुपुर्द करता है और जो शख़्स अपने भाई की हाजत पूरी करने में लगा हो तो अल्लाह उस की हाजत पूरी फरमाता है, और जो शख़्स किसी मुसलमान की कोई परेशानी दूर करता है तो अल्लाह उस से क़यामत के रोज़ की परेशानियों में से कोई परेशानी दूर फरमादेगा, और जो शख़्स किसी मुसलमान की परदापोशी करता है तो रोज़ ए क़यामत अल्लाह उस की परदापोशी फरमाएगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2442) و مسلم (58 / 2580)، (6578)

اسنادہ ضعیف ، رواہ البیھقی فی شعب الایمان (7727 ، نسخۃ محققۃ : 7331) و فیہ قال جریر بن حازم :'' انا یعلی بن حکیم ، اظنہ عن سعید بن جبیر عن ابن عباس '' الخ فالراوی شک فی السند

٥٠٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي رِوَايَةٍ»» ابْنِ عَبَّاسٍ: «فَإِذَا سُلِبَ أَحَدُهُمَا تَبِعَهُ الْآخَرُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

5094. और इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा की रिवायत में है फ़रमाया: “जब उन में से एक को सलब कर लिया जाता है तो दूसरा भी उस के पीछे चला जाता है”| (ज़ईफ़,मौज़ू)

اسناده ضعيف جذا موضوع ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7726 ، نسخة محققة : 7330) * فيه محمد بن يونس الكديمى كذاب و علل أخرى

٥٠٩٥ - وَعَن مُعاذٍ قَالَ: كانَ آخرُ مَا وصَّاني بِهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ وَضَعْتُ رِجْلِي فِي الْغَرْزِ أَنْ قَالَ: «يَا مُعَاذُ أحسُنْ خُلُقكَ للنَّاس» . رَوَاهُ مَالك

5095. मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब मैंने रकाब में पाँव रखा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने आखरी वसीयत करते हुए मुझे फ़रमाया: “मुआज़! लोगो के साथ अच्छे अख़लाक़ से पेश आना”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه مالک فى الموطا (2 / 902 ح 1735 بدون سند) * السند معضل ، الامام مالک ولد بعد وفاة سيدنا معاذ بن جبل رضى الله عنه

٥٠٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مَالك»» بَلَغَهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «بُعِثْتُ لِأُتَمِّمَ حُسْنَ الْأَخْلَاقِ» رَوَاهُ الْمُوَطَّأ "

5096. इमाम मालिक रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मुझे यह बात पहुंची है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे अच्छे अख़लाक़ की तकमील के लिए मबउस किया गया है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه مالک فى الموطا (2 / 904 ح 1742 بدون سند) [وله شواهد ضعيفة عند احمد (2 / 381 و البخارى فى الادب المفرد (273) وغيرهما و انظر الحديث الآتى : 5770)]

٥٠٩٧ - (حسن) وَرَوَاهُ»» أَحْمد عَن أبي هُرَيْرَة

5097. इमाम अहमद ने अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (2 / 381 ح 8939) * فيه محمد بن عجلان مدلس و عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

٥٠٩٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَعْفَرِ»» بْنِ مُحَمَّدٍ عَنْ أَبِيهِ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا نَظَرَ فِي الْمِرْآةِ قَالَ: «الْحَمْدُ لِلَّهِ الَّذِي حَسَّنَ خُلُقِي وَخَلْقِي وَزَانَ مِنِّي مَا شَانَ مِنْ غَيْرِي» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَان» مُرْسلا

5098. जाफर बिन मुहम्मद अपने वालिद से रिवायत करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जब आइना देखते तो यह दुआ पढ़ते: “हर किस्म की तारीफ़ अल्लाह के लिए है जिस ने मेरी सूरत सीरत को बेहतर बनाया और मेरे अलावा किसी में जो ऐब था मुझे

उस से महफ़ूज़ कर के खुबसूरत बनाया”| बयहकी की शौबुल ईमान में मुरसल रिवायत है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (4459 ، نسخة محققة : 4145) * قال ابن ابى فديک : بلغنى عن جعفر بن محمد الخ فالسند منقطع ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة

٥٠٩٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ»» عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ حسَّنَت خَلقي فأحسِنْ خُلقي» . رَوَاهُ أَحْمد

5099. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ दुआ किया करते थे: “ए अल्लाह! तूने मुझे अच्छी तरह तखलीक फ़रमाया है, पस मेरे अख़लाक़ भी संवार दे”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (6 / 68 ح 24896) [و صححه ابن حبان (الموارد : 2423 ، الاحسان : 959) بسند آخر نحوه]

٥١٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَلَا أُنَبِّئُكُمْ بِخِيَارِكُمْ؟» قَالُوا: بَلَى. قَالَ: «خِيَارُكُمْ أَطْوَلُكُمْ أَعْمَارًا وَأَحْسَنُكُمْ أَخْلَاقًا» رَوَاهُ أَحْمد

5100. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या मैं तुम में सबसे बेहतर लोगो के बारे में बताऊँ ?” उन्होंने अर्ज़ किया: ज़रूर बताइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम में से सबसे बेहतर लोग वह है जिन की तुम में से उमरे दराज़ हो और वह तुम में से बेहतरीन अख़लाक़ के हामिल हो”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (2 / 403 ح 9224) [و ابن حبان (الاحسان : 2970 / 2971 ، و ابن اسحاق صرح بالسماع عنده)]

٥١٠١ - (حسن) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَكْمَلُ الْمُؤْمِنِينَ إِيمَانًا أَحْسَنُهُمْ خُلُقًا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد والدارمي

5101. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सबसे कामिल(सर्वोत्तम) ईमान वाले वह लोग है जो उन में सबसे बेहतर अख़लाक़ वाले हैं”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4682) و الدارمى (2 / 323 ح 2795)

٥١٠٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ»» أَنَّ رَجُلًا شَتَمَ أَبَا بَكْرٍ وَالنَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَالِسٌ يَتَعَجَّبُ [ص:١٤١] وَيَتَبَسَّمُ فَلَمَّا أَكْثَرَ رَدَّ عَلَيْهِ بَعْضَ قَوْلِهِ فَغَضِبَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَامَ فَلَحِقَهُ أَبُو بَكْرٍ وَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كَانَ يَشْتُمُنِي وَأَنْتَ جَالِسٌ فَلَمَّا رَدَدْتُ عَلَيْهِ بَعْضَ قَوْلِهِ غَضِبْتَ وَقُمْتَ. قَالَ: «كَانَ مَعَكَ مَلَكٌ يَرُدُّ عَلَيْهِ فَلَمَّا رَدَدْتَ عَلَيْهِ وَقَعَ الشَّيْطَانُ» . ثُمَّ قَالَ: " يَا أَبَا بَكْرٍ ثَلَاثٌ كُلُّهُنَّ حقٌّ: مَا منْ عبدٍ ظلم بمظلمة فِي غضي عَنْهَا لِلَّهِ عَزَّ وَجَلَّ إِلَّا أَعَزَّ اللَّهُ بِهَا نَصْرَهُ وَمَا فَتَحَ رَجُلٌ بَابَ عَطِيَّةٍ يُرِيدُ بِهَا صِلَةً إِلَّا زَادَ اللَّهُ بِهَا كَثْرَةً وَمَا فَتَحَ رَجُلٌ بَابَ مَسْأَلَةٍ يُرِيدُ بِهَا كَثْرَةً إِلَّا زَادَ اللَّهُ بِهَا قِلَّةً ". رَوَاهُ أَحْمد

5102. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के किसी आदमी ने अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु को गाली दी, जबके नबी ﷺ तशरीफ़ फरमा थे, आप ताज्जुब कर रहे थे और मुस्कुरा रहे थे, जब उस ने ज़्यादा बदतमीज़ी की तो अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने उस की किसी बात का जवाब दिया उस पर नबी ﷺ नाराज़ हो कर उठ खड़े हुए, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु आप के पास गए और अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! वह मुझे गालिया दिए जा रहा था जबके आप तशरीफ़ फरमा थे, जब मैंने उस की किसी बात का जवाब दिया तो आप नाराज़ हो कर उठ खड़े हुए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे साथ फ़रिश्ता था जो इसे जवाब दे रहा था, और जब तुम ने इसे जवाब दिया तो शैतान वाकेअ हो गया”, फिर फ़रमाया: “अबू बकर! तीन चीज़े मुकम्मल तौर पर हक़ हैं, जिस शख़्स की हक़ तलफी की जाए और वह अल्लाह अज्ज़वजल की खातिर उस से नज़र अन्दाज़ी करता है तो उस के बदले में अल्लाह इसे कुव्वत व नुसरत अता फरमाता है, जो शख़्स सिलह रहमी की खातिर अतिय्या देता है तो अल्लाह उस के बदले में उसे ज़्यादा अता फरमाता है और जो शख़्स कसरत (माल) की खातिर दस्त हाथ फैलाता है तो अल्लाह मज़ीद किल्लत फरमा देंता है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (2 / 436 ح 9622) [و ابوداؤد (4897 مختصرًا)]

٥١٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ»» قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: لَا يُرِيدُ اللَّهُ بِأَهْلِ بَيْتٍ رِفْقًا إِلَّا نَفَعَهُمْ وَلَا يَحْرِمُهُمْ إِيَّاهُ إِلَّا ضَرَّهُمْ «. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي» شُعَبِ الْإِيمَانِ "

5103. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह जिस घरवालो के साथ नरमी का इरादा फरमाता है तो वह उन्हें नफा पहुंचाता है, और जिस घरवालो को उस से महरूम कर देता है तो वह उन्हें उस की वजह से नुक्सान पहुंचा देता है”| (सहीह)

صحيح ، رواه البيهقی فی شعب الايمان (6557 ، نسخة ثانية : 6137 و سنده ضعيف) * وله شاهد فی معرفة الصحابة لابی نعيم (4 / 1877 ح 4722) بسند صحيح عن عبيد الله بن معمر رضی الله عنه و اختلف فی صحابيته و رجح الحافظ ابن حجر و الذهبی بانه صحابی (انظر تجريد اسماء الصحابة الذهبی 1 / 364 والاصابة)

गुस्से और तकब्बुर का बयान
بَاب الْغَضَب وَالْكبر •

पहली फस्ल
الْفَصْل الأول •

٥١٠٤ - (صَحِيح) عَن أبي هريرةَ أَنَّ رَجُلًا قَالَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: أوصني. قَالَ: «لَا تغضبْ» . فردَّ ذَلِكَ مِرَارًا قَالَ: «لَا تَغْضَبْ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5104. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने नबी ﷺ से दरख्वास्त की मुझे वसीयत फरमाइए आप ﷺ ने फ़रमाया: “गुस्सा न किया कर”, उस ने कई बार यही दरख्वास्त की आप ﷺ ने (हर बार यही) फ़रमाया: “गुस्सा न किया कर”| (बुखारी)

رواه البخاری (6016)

٥١٠٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَيْسَ الشَّدِيدُ بِالصُّرَعَةِ إِنَّمَا الشَّدِيدُ الَّذِي يَمْلِكُ نَفْسَهُ عِنْدَ الْغَضَبِ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5105. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किसी को पछाड़ने वाला शख़्स ज़्यादा ताकतवर नहीं, ताकतवर शख़्स तो वह है जो गुस्से के वक़्त अपने आप पर काबू रखे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6114) و مسلم (107 / 2609)، (6643)

٥١٠٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ حَارِثَةَ بْنِ وَهْبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَلَا أُخْبِرُكُمْ بِأَهْلِ الْجَنَّةِ؟ كُلُّ ضَعِيفٍ مُتَضَعِّفٍ لَوْ أَقْسَمَ عَلَى اللَّهِ لَأَبَرَّهُ. أَلَا أُخْبِرُكُمْ بِأَهْلِ النَّارِ؟ كُلُّ عُتُلٍّ جَوَّاظٍ مُسْتَكْبِرٍ» . مُتَّفق عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَة مُسلم: «كل جواظ زنيم متكبر»

5106. हारिस बिन वहब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या मैं तुम्हें जन्नतियो के बारे में बताऊँ ? हर जईफ शख़्स के लोग इसे जईफ व नातो समझे अगर वह अल्लाह पर क़सम उठा ले तो वह इसे पूरा फरमादे, क्या मैं तुम्हें जहन्नुमियो के बारे में बताऊँ ? हर सरकश, हरामखोर और मुतकब्बर”| और मुस्लिम की रिवायत में है: “हर हरामखोर, दुष्ट और मुतकब्बर शख्स”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4918) و مسلم (47 ، 46 / 2853)، (7187 و 7189)

٥١٠٧ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَدْخُلُ النَّارَ أحد فِي قلبه مِثْقَال حَبَّة خَرْدَلٍ مِنْ إِيمَانٍ. وَلَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ أَحَدٌ فِي قَلْبِهِ مِثْقَالُ حَبَّةٍ مِنْ خَرْدَلٍ مِنْ كبر» . رَوَاهُ مُسلم

5107. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स के दिल में राइ के दाने के बराबर ईमान होगा वह जहन्नम में नहीं जाएगा और जिस शख़्स के दिल में राइ के दाने के बराबर तकब्बुर होगा वह जन्नत में नहीं जाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (148 / 91)، (266)

٥١٠٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ مَنْ كَانَ فِي قَلْبِهِ مِثْقَالُ ذَرَّةٍ مِنْ كِبْرٍ» . فَقَالَ رَجُلٌ: إِنَّ الرَّجُلَ يُحِبُّ أَنْ يَكُونَ ثَوْبُهُ حَسَنًا وَنَعْلُهُ حَسَنًا. قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى جَمِيلٌ يُحِبُّ الْجَمَالَ. الْكِبَرُ بَطَرُ الْحَقِّ وَغَمْطُ النَّاس» . رَوَاهُ مُسلم

5108. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स के दिल में राइ के दाने के बराबर तकब्बुर होगा वह जन्नत में नहीं जाएगा”, एक आदमी ने अर्ज़ किया, आदमी पसंद करता है की उस का लिबास और उस के जूते अच्छे हो, (क्या यह भी तकब्बुर है) आप ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह साहबे जमाल है, और वह जमाल को पसंद फरमाता है, तकब्बुर से मुराद हक़ बात को ठुकराना और लोगो को हकीर जानना है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (147 / 91)، (265)

٥١٠٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ثَلَاثَةٌ لَا يُكَلِّمُهُمُ اللَّهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَلَا يُزَكِّيهِمْ» . وَفِي رِوَايَةٍ: " وَلَا يَنْظُرُ إِلَيْهِمْ وَلَهُمْ عَذَابٌ أَلِيمٌ: شَيْخٌ زَانٍ وَمَلِكٌ كَذَّابٌ وَعَائِلٌ مُسْتَكْبِرٌ ". رَوَاهُ مُسلم

5109. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन आदमी ऐसे है, जिन से अल्लाह रोज़ ए क़यामत कलाम नहीं फरमाएगा और न उन्हें पाक करेगा”| एक रिवायत में है और ना ही उनकी तरफ नज़रे रहमत से देखेगा और इन के लिए दर्दनाक अज़ाब होगा: बुढा ज़ानि, झूठा बादशाह और मुतकब्बर फ़क़ीर”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (172 / 107)، (296)

٥١١٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَقُولُ اللَّهُ تَعَالَى: الْكِبْرِيَاءُ رِدَائِي وَالْعَظَمَةُ إِزَارِي فَمَنْ نَازَعَنِي وَاحِدًا مِنْهُمَا أَدْخَلْتُهُ النَّارَ ". وَفِي رِوَايَةٍ: «قَذَفْتُهُ فِي النَّارِ» . رَوَاهُ مُسلم

5110. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला फरमाता है: बड़ाई मेरी चादर है और अज़मत मेरा आज़ार है, जो शख़्स इन दोनों में से किसी एक को खींचेगा में उसे आग में दाखिल करूँगा”| एक दूसरी रिवायत में है: “मैं उसे आग में भड़काऊँगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (136 / 2620)، (6680)

गुस्से और तकब्बुर का बयान • بَاب الْغَضَب وَالْكبر

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥١١١ - (لم تتمّ دراسته) عَن سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يَزَالُ الرَّجُلُ يَذْهَبُ بِنَفْسِهِ حَتَّى يُكْتَبَ فِي الْجَبَّارِينَ فَيُصِيبَهُ مَا أَصَابَهُمْ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5111. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदमी अपने आप को बड़ा समझता रहता है हत्ता कि वह सरकशो ज़ालिमो के ज़िमरे में लिखा जाता है, चुनांचे जिस (अज़ाब) में वह मुब्तिला हुए यह भी इसी में मुब्तिला होगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2000 وقال : حسن غريب) * فيه عمر بن راشد : ضعيف

٥١١٢ - و (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يُحْشَرُ الْمُتَكَبِّرُونَ أَمْثَالَ الذَّرِّ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فِي صُوَرِ الرِّجَالِ يَغْشَاهُمُ الذُّلُّ مِنْ كُلِّ مَكَانٍ يُسَاقُونَ إِلَى سِجْنٍ فِي جَهَنَّمَ يُسَمَّى: بُولَسَ تَعْلُوهُمْ نَارُ الْأَنْيَارِ يُسْقَوْنَ مِنْ عُصَارَةِ أَهْلِ النَّارِ طِينَةَ الْخَبَالِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

5112. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत किया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तकब्बुर करने वालो को रोज़ ए क़यामत आदमियों की सूरत में चीटियों की मिस्ल जमा किया जाएगा, हर जगह से ज़िल्लत उन्हें ढांप लेगी, उन्हें जहन्नम में बव्लस नामी जेल की तरफ हांका जाएगा, आगो की आग (सब से बड़ी आग) उन्हें घेर लेगी और उन्हें जहन्नुमियो की टीनतील खबाल नामी पिप पिलाई जाएगी”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (2492 وقال : حسن)

٥١١٣ - (ضَعِيف) وَعَن»» عَطِيَّة بن عُرْوَة السعديّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْغَضَبَ مِنَ الشَّيْطَانِ وَإِنَّ الشَّيْطَانَ خُلِقَ مِنَ النَّارِ وَإِنَّمَا يُطْفَأُ النَّارُ بِالْمَاءِ فَإِذَا غَضِبَ أَحَدُكُمْ فَلْيَتَوَضَّأْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5113. अतिया बिन उरवा सअदी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “गुस्सा शैतान की तरफ से है, जबके शैतान आग से पैदा किया गया है, और आग पानी ही से बुझाई जाती है, जब तुम में से किसी को गुस्सा आए तो वह वुज़ू करे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4784)

٥١١٤ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي ذَرٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ: «إِذَا غَضِبَ أَحَدُكُمْ وَهُوَ قَائِمٌ فَلْيَجْلِسْ فَإِنْ ذَهَبَ عَنْهُ الْغَضَبُ وَإِلَّا فَلْيَضْطَجِعْ» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ

5114. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब तुम में से किसी को गुस्सा आए और वह खड़ा हो तो बैठ जाए, अगर गुस्सा ख़तम हो जाए तो ठीक वरना लेट जाए”| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (5 / 152 ح 21675) و الترمذی (لم اجده) [و ابوداؤد (4782) و صححه ابن حبان (الموارد : 1973)]

٥١١٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَسْمَاءَ»» بِنْتِ عُمَيْسٍ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «بِئْسَ الْعَبْدُ عَبْدٌ تَخَيَّلَ وَاخْتَالَ وَنَسِيَ الْكَبِيرَ الْمُتَعَالِ بِئْسَ الْعَبْدُ عَبْدٌ تَجَبَّرَ وَاعْتَدَى وَنَسِيَ الْجَبَّارَ الْأَعْلَى بِئْسَ الْعَبْدُ عَبْدٌ سَهَى وَلَهَى وَنَسِيَ الْمَقَابِرَ وَالْبِلَى بِئْسَ الْعَبْدُ عَبْدٌ عَتَى وَطَغَى وَنَسِيَ الْمُبْتَدَأَ وَالْمُنْتَهَى بِئْسَ الْعَبْدُ عَبْدٌ يَخْتِلُ الدُّنْيَا بِالدِّينِ بِئْسَ الْعَبْدُ عَبْدٌ يَخْتِلُ الدِّينَ بِالشُّبَهَاتِ بِئْسَ الْعَبْدُ عَبْدٌ طَمَعٌ يَقُودُهُ بِئْسَ الْعَبْدُ عَبْدٌ هَوًى يُضِلُّهُ بِئْسَ الْعَبْدُ عَبْدٌ رَغَبٌ يُذِلُّهُ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» . وَقَالَا: لَيْسَ إِسْنَادُهُ بِالْقَوِيِّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ أَيْضًا: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5115. अस्मा बिन्ते उमैश रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बुरा है वह बंदा जिस ने तकब्बुर किया और इस बड़ी बुलंद ज़ात (अल्लाह तआला) को भूल गया, बुरा है वह बंदा जिस ने ज़ुल्म व ज़्यादती की और वह ग़ालिब व आअला ज़ात को भूल गया, बुरा है के बंदा जो भूल गया, खेल कूद में मशगुल रहा और वह क़बरो और अपने पोशीदा होने को भूल गया, बुरा है के बंदा जिस ने तकब्बुर किया और सरकशी की और वह (अपने) आगाज़ व अंजाम को भूल गया, बुरा है वह बंदा जो दीन के बदले दुनिया तलब करता है, बुरा है वह बंदा जो शुबहात के ज़रिए दीन को ख़राब करता है, बदतरीन वह बंदा है जिसे लालच अपनी तरफ खींच ले जाती है, बुरा है के बंदा के ख्वाहिश इसे गुमराह कर देती है, बुरा है के बंदा जिसे दुनिया की रगबत ज़लील कर देती है”| तिरमिज़ी, बयहकी की शौबुल ईमान दोनों ने फ़रमाया: उस की सनद क़वी नहीं, और इमाम तिरमिज़ी ने यह भी फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2448) و البیھقی فی شعب الایمان (8181) * فیه زید الخثعمی : مجھول و ھاشم بن سعید الکوفی : ضعیف

गुस्से और तकब्बुर का बयान • بَاب الْغَضَب وَالْكبر

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٥١١٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ»» عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا تَجَرَّعَ عَبْدٌ أَفْضَلَ عِنْدَ اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ مِنْ جُرْعَةِ غَيْظٍ يكظمها ابتغاء وَجه الله تَعَالَى» . رَوَاهُ أَحْمد

5116. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो बंदा जो अल्लाह तआला की रज़ा की खातिर गुस्से का घूंट पि जाता है के घूंट अल्लाह अज्ज़वजल के नज़दीक सबसे बेहतर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 128 ح 6114) * على بن عاصم : ضعيف على الراجح و الحسن البصرى عنعن عن ابن عمر رضى الله عنه ان صح السند اليه

٥١١٧ - (صَحِيح) وَعَنِ»» ابْنِ عَبَّاسٍ فِي قَوْلِهِ تَعَالَى: (ادْفَعْ بِالَّتِي هِيَ أحسن)»» قَالَ: الصَّبْرُ عِنْدَ الْغَضَبِ وَالْعَفْوُ عِنْدَ الْإِسَاءَةِ فَإِذَا فَعَلُوا عَصَمَهُمُ اللَّهُ وَخَضَعَ لَهُمْ عَدُوُّهُمْ كَأَنَّهُ وَلِيٌّ حَمِيمٌ قَرِيبٌ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ تَعْلِيقًا

5117. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा ने अल्लाह तआला के इस फरमान (اِدْفَعْ بِالَّتِيْ هِيَ اَحْسَنُ) की तफसीर करते हुए फ़रमाया: गुस्से के वक़्त सब्र करना, गलती सरज़द हो जाने पर दरगुज़र करना, जब वह ऐसे करेगा तो अल्लाह उन्हें बचाएगा और उन के दुश्मन भी आजिज़ आ जाएँगे गोया वह करीबी जिगरी दोस्त है”| इमाम बुखारी ने इसे मुअल्लक रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البخارى فى التفسير (باب 4 قبل ح 4816 تعليقًا بدون سند) [و اسنده البيهقى (7 / 45) و ابن حجر فى تغليق التعليق (4 / 303) و سنده ضعيف ، على بن ابى طلحة لم يدرك ابن عباس ، ولا ينفعه ان يروى عن ثقات اصحابه رضى الله عنه لانه لم يصرح بانه سمع جميع رواياته عن ابن عباس من فلان و فلان : الثقات]

٥١١٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ بَهْزِ»» بْنِ حَكِيمٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْغَضَبَ لَيُفْسِدُ الْإِيمَانَ كَمَا يُفْسِدُ الصبرُ الْعَسَل»

5118. बहज़ बिन हकिम अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “गुस्सा ईमान को इस तरह ख़राब कर देता है जिस तरह कीड़ा शहद को ख़राब कर देता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8294 ، نسخة محققة : 7941) [و الطبرانى فى الكبير (19 / 417 ح 1007)] * فيه مخيس بن تميم : مجهول (تقدم : 5067)

٥١١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عمر»» قَالَ وَهُوَ عَلَى الْمِنْبَرِ: يَا أَيُّهَا النَّاسُ تَوَاضَعُوا فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ تَوَاضَعَ لِلَّهِ رَفَعَهُ اللَّهُ فَهُوَ فِي نَفْسِهِ صَغِيرٌ وَفِي أَعْيُنِ النَّاسِ عَظِيمٌ وَمَنْ تَكَبَّرَ وَضَعَهُ اللَّهُ فَهُوَ فِي أَعْيُنِ النَّاسِ صَغِيرٌ وَفِي نَفْسِهِ كَبِيرٌ حَتَّى لَهُوَ أَهْوَنُ عَلَيْهِمْ مِنْ كَلْبٍ أَوْ خنزيرٍ»

5119. उमर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने मिम्बर पर फ़रमाया: लोगो! आजिज़ी इख़्तियार करो, क्योंकि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स अल्लाह की खातिर आजिज़ी इख़्तियार करता है तो अल्लाह इसे बड़ा दर्जा अता करता है, वह खुद को अपनी नज़रो में तो छोटा ख़याल करता है जबके लोगो की नज़रों में अज़ीम होता है, और जो शख़्स तकब्बुर करता है, अल्लाह इसे पस्ती का शिकार कर देता है, वह लोगो की निगाहों में छोटा होता है जबकि वह अपने आप को बड़ा तसव्वुर करता है, हत्ता कि वह उन के नज़दीक कुत्ते या खिंजिर से भी ज़लील व हकीर होता है”| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8140 ، نسخة محققة : 7790) * فيه محمد بن يونس الكديمى و سعيد بن سلام العطار كذابان و علل أخرى

٥١٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَالَ مُوسَى بْنُ عِمْرَانَ عَلَيْهِ السَّلَامُ: يَا رَبِّ مَنْ أَعَزُّ عِبَادِكَ عِنْدَكَ؟ قَالَ: مَنْ إِذَا قَدَرَ غَفَرَ "

5120. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मूसा बिन इमरान अलैहिस्सलाम ने अर्ज़ किया, रब जी! तेरे बंदो में से कौन सा शख़्स तेरे नज़दीक ज़्यादा मुअज्ज़ज़ है ? फ़रमाया: वह शख़्स जो कुदरत होने के बावजूद मुआफ़ कर दे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8327 ، نسخة محققة : 7974) * فيه ابو العباس الحسن بن سعيد بن جعفر بن الفضل بن شاذان ضعيف

٥١٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ»» أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ خَزَنَ لِسَانَهُ سَتَرَ اللَّهُ عَوْرَتَهُ وَمَنْ كَفَّ غَضَبَهُ كَفَّ اللَّهُ عَنْهُ عَذَابَهُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَمَنِ اعْتَذَرَ إِلَى الله قَبِلَ الله عذره»

5121. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अपनी ज़ुबान की हिफाज़त करता है, अल्लाह उस के एबो पर परदा डाल देता है, जो शख़्स अपने गुस्से को रोक लेता है, रोज़ ए क़यामत अल्लाह उस से अपना अज़ाब रोक लेगा और जो शख़्स अल्लाह के हुज़ूर माज़रत करता है, अल्लाह उस की माज़रत कबूल फरमा लेता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (8311 ، نسخة محققة : 7958) [و ابو يعلى (7 / 302 ح 4338)] * الربيع بن سليم الخلقانى ضعيف و ابو عمرو مولى انس بن مالك : مجهول و للحديث شواهد ضعيفة

٥١٢٢ - (حسن بشواهده) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " ثَلَاثٌ مُنْجِيَاتٌ وَثَلَاثٌ مُهْلِكَاتٌ فَأَمَّا الْمُنْجِيَاتُ: فَتَقْوَى اللَّهِ فِي السِّرِّ والعلانيةِ والقولُ بالحقِّ فِي الرضى وَالسُّخْطِ وَالْقَصْدُ فِي الْغِنَى وَالْفَقْرِ. وَأَمَّا الْمُهْلِكَاتُ: فَهَوًى مُتَّبَعٌ وَشُحٌّ مُطَاعٌ

وَإِعْجَابُ الْمَرْءِ بِنَفْسِهِ وَهِيَ أَشَدُّهُنَّ ». رَوَى الْبَيْهَقِيُّ الْأَحَادِيثَ الْخَمْسَةَ فِي» شعب الْإِيمَان "

5122. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तीन चीज़े बाईसे निजात है और तीन चीज़े बाईसे हलाकत है, बाईस निजात चीज़े यह है: ज़ाहिर व बातिन में अल्लाह का तक़्वा इख़्तियार करना, रज़ा व नाराज़ी में हक़ बात करना, और तवंगरी व मुहताजी में मियाने रिवाय (संयम) इख़्तियार करना और बाईसे हलाकत चीज़े यह है: ऐसी ख्वाहिश जिस की इत्तेबा की जाए, ऐसा बुखल जिस की इताअत की जाए और इन्सान की खुद्पसंदी और यह उन सबसे ज़्यादा खतरनाक है”| इमाम बयहकी ने पांचो अहादीस शौबुल ईमान में नकल की है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7252 ، نسخة محققة : 6865) * بكر بن سليم ضعفه الجمهور و باقى السند حسن ، و للحديث شواهد ضعيفة

बَاب الظُّلْم • ज़ुल्म का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٥١٢٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الظُّلْمُ ظُلُمَاتٌ يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5123. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “ज़ुल्म रोज़ ए क़यामत कई अंधेरो का बाईस होगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2447) و مسلم (57 / 2579)، (6577)

٥١٢٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «إِن اللَّهَ لَيُمْلِي لِلظَّالِمِ حَتَّى إِذَا أَخَذَهُ لَمْ يفلته» ثمَّ يقْرَأ (وَكَذَلِكَ أَخْذُ رَبِّكَ إِذَا أَخَذَ الْقُرَى وَهِيَ ظالمة)»» الْآيَة. مُتَّفق عَلَيْهِ

5124. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह ज़ालिम को ढील देता रहता है लेकिन वह जब इसे पकड़ता है तो फिर इसे छोड़ता नहीं”, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “तेरे रब की पकड़ इसी तरह होती है जब वह बस्ती के ज़ालिमो को पकड़ता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4686) و مسلم (61 / 2583)، (6581)

٥١٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا مَرَّ بِالْحِجْرِ قَالَ: «لَا تَدْخُلُوا مَسَاكِنَ الَّذِينَ ظَلَمُوا أَنْفُسَهُمْ إِلَّا أَنْ تَكُونُوا بَاكِينَ أَنْ يُصِيبَكُمْ مَا أَصَابَهُمْ» ثُمَّ قَنَّعَ رَأْسَهُ وَأَسْرَعَ السَّيْرَ حَتَّى اجتاز الْوَادي. مُتَّفق عَلَيْهِ

5125. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ जब मक़ाम हुज्र के पास से गुज़रे तो फ़रमाया: “तुम उन मसाकिन में जहाँ के बासिंदों ने अपने ऊपर ज़ुल्म किया, रोते हुए दाखिल होना क्योंकि जिस अज़ाब में वह मुब्तिला हुए कहीं तुम भी उस में मुब्तिला न हो जाओ”, फिर आप ﷺ ने अपना सर ढांप लिया और रफ़्तार तेज़ कर दी हत्ता कि वह वादी से गुज़र गए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (4419) و مسلم (39 / 2980)، (7465)

٥١٢٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَتْ لَهُ مَظْلِمَةٌ لِأَخِيهِ مِنْ عِرْضِهِ أَوْ شَيْءٍ مِنْهُ الْيَوْمَ قَبْلَ أَنْ لَا يَكُونَ دِينَارٌ وَلَا دِرْهَمٌ إِنْ كَانَ لَهُ عَمَلٌ صَالِحٌ أُخِذَ مِنْهُ بِقَدْرِ مَظْلِمَتِهِ وَإِنْ لَمْ يَكُنْ لَهُ حَسَنَاتٌ أُخِذَ مِنْ سَيِّئَاتِ صَاحِبِهِ فَحُمِلَ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5126. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स पर अपने (मुसलमान) भाई का, उस की इज्ज़त से मुत्तल्लिक या किसी और चीज़ से मुत्तल्लिक कोई हक़ हो तो वह (दुनिया में), उस से मुआफी तलाफी कर ले कबल उस के के वह दिन आ जाए जब उस के पास दिरहम व दीनार नहीं होंगे, अगर उस के पास अमल ए स्वालेह होंगे तो वह उस से उस के ज़ुल्म के बकदर ले लिए जाएँगे, और अगर उस की नेकियाँ नहीं हूइ तो हक़दार के गुनाह ले कर उस पर डाल दिए जाएँगे”| (बुखारी)

رواه البخاری (2449)

٥١٢٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَتَدْرُونَ مَا الْمُفْلِسُ؟» . قَالُوا: الْمُفْلِسُ فِينَا مَنْ لَا دِرْهَمَ لَهُ وَلَا مَتَاعَ. فَقَالَ: «إِنَّ الْمُفْلِسَ مِنْ أُمَّتِي مَنْ يَأْتِي يَوْم الْقِيَامَة بِصَلَاة وَصِيَام وَزَكَاة وَيَأْتِي وَقَدْ شَتَمَ هَذَا وَقَذَفَ هَذَا. وَأَكَلَ مَالَ هَذَا. وَسَفَكَ دَمَ هَذَا وَضَرَبَ هَذَا فَيُعْطَى هَذَا مِنْ حَسَنَاتِهِ وَهَذَا مِنْ حَسَنَاتِهِ فَإِنْ فَنِيَتْ حَسَنَاتُهُ قَبْلَ أَنْ يَقْضِيَ مَا عَلَيْهِ أُخِذَ مِنْ خَطَايَاهُمْ فَطُرِحَتْ عَلَيْهِ ثُمَّ طُرح فِي النَّار» . رَوَاهُ مُسلم

5127. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क्या तुम जानते हो मुफलिस कौन है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, जिस शख़्स के पास दिरहम हो न माल व मताअ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरी उम्मत में से मुफलिस वह शख़्स है जो रोज़ ए क़यामत नमाज़, रोज़े और ज़कात ले कर आएगा और वह भी आ जाएगा जिसे उस ने गाली दी होगी, जिस किसी पर बोहतान लगाया होगा, जिस किसी का माल खाया होगा, जिस किसी का खून बहाया होगा और जिस किसी को मारा पिटा होगा इस (मज़लूम) को उस की नेकियो में से नेकियाँ दे दिया जाएगी, और अगर उस के जिम्मे हुकुक की अदाइगी से पहले ही उस की नेकियाँ ख़तम हो गई तो उन (हकदारों) के गुनाह ले कर इस शख़्स पर डाल दिए जाएँगे फिर इसे जहन्नम में फेंक दीया जाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (59 / 2581)، (6579)

٥١٢٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَتُؤَدَّنَّ الْحُقُوقُ إِلَى أَهْلِهَا يَوْمَ الْقِيَامَةِ حَتَّى يُقَادَ لِلشَّاةِ الْجَلْحَاءِ مِنَ الشَّاةِ الْقَرْنَاءِ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ جَابِرٍ: «اتَّقُوا الظُّلم» . فِي «بَاب الإنفاق»

5128. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम रोज़ ए क़यामत हक़ दारो को उन के हुक़ुक ज़रूर अदा करोगे, हत्ता कि सींगो वाली बकरी से सींगो के बगैर बकरी को बदला दिलाया जाएगा”| और जाबिर (र) से मरवी हदीस: “ज़ुल्म से बचो”, بَاب الْإِنْفَاق وكراهية الْإِمْسَاك (सखावत की फ़ज़ीलत और बुखल की मज़म्मत का बयान) में ज़िक्र की गई है. (मुस्लिम)

رواه مسلم (60 / 2582)، (6580) 0 حديث جابر تقدم (1865)

بَاب الظُّلم • ज़ुल्म का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥١٢٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ حُذَيْفَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا تَكُونُوا إِمَّعَةً تَقُولُونَ: إِنْ أَحْسَنَ النَّاسُ أَحْسَنَّا وَإِنْ ظَلَمُوا ظَلَمْنَا وَلَكِنْ وَطِّنُوا أَنْفُسَكُمْ إِنْ أَحْسَنَ النَّاسُ أَنْ تُحْسِنُوا وإِن أساؤوا فَلَا تظلموا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ. وَيصِح وَقفه على ابْن مَسْعُود

5129. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अम्मअह न बनो (वो इस तरह के) तुम कहो: अगर लोगो ने अच्छा सुलूक किया तो, हम भी अच्छा सुलूक करेंगे, और अगर उन्होंने ज़ुल्म किया तो हम भी ज़ुल्म करेंगे, बल्के तुम अपने आप से अज़्म करो की अगर लोगो ने अच्छा सुलूक किया तो तुम भी अच्छा सुलूक करोगे और अगर उन्होंने बुरा सुलूक किया तो तुम ज़ुल्म नहीं करोगे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2007 وقال : حسن غريب)

٥١٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُعَاوِيَةَ أَنَّهُ كَتَبَ إِلَى عَائِشَةَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهَا أَنِ اكْتُبِي إِلَيَّ كِتَابًا تُوصِينِي فِيهِ وَلَا تُكْثِرِي. فَكَتَبَتْ: سَلَامٌ عَلَيْكَ أَمَّا بَعْدُ: فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «من التمَس رضى الله بسخط النَّاس كفاهُ اللَّهُ مؤونة النَّاس وَمن التمس رضى النَّاسِ بِسَخَطِ اللَّهِ وَكَلَهُ اللَّهُ إِلَى النَّاسِ» وَالسَّلَام عَلَيْك. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5130. मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने आयशा रदी अल्लाहु अन्हा के नाम ख़त लिखा के आप इख्तिसार के साथ मुझे वसीयत लिखे, चुनांचे उन्होंने लिखा: सलाम अलयकुम! अम्मा बाद मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स लोगो की नाराज़ी के बदले में अल्लाह की रज़ा तलाश करता है तो अल्लाह इसे लोगो के शर से काफी हो जाता है, और जो शख़्स अल्लाह की नाराज़ी के बदले में लोगो की ख़ुशी तलाश करता है तो अल्लाह इसे लोगो के सुपुर्द कर देता है” वल सलाम अलयकुम| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (2414) * رجل من اهل المدينة مجهول و روى ابن حبان (الاحسان : 277) عن عائشة رضی الله عنها ان رسول الله صلی علیه و آله وسلم قال : ((من ارضی الناس بسخط الله کفاه الله و من اسخط الله برضا الناس و کله الله الی الناس)) و سند صحیح و رواه احمد فی الزهد (ص 164 ح 908) عن عائشة موقوفًا و سنده صحيح و حدیث ابن حبان و احمد یغنی عن حدث الترمذی

जुल्म का बयान • بَاب الظُّلم

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٥١٣١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن ابْن مَسْعُود قَالَ: لَمَّا نَزَلَتْ: (الَّذِينَ آمَنُوا وَلَمْ يَلْبِسُوا إِيمانهم بظُلْم)»» شَقَّ ذَلِكَ عَلَى أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَالُوا: يَا رَسُول اله: أَيُّنَا لَمْ يَظْلِمْ نَفْسه؟ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَيْسَ ذَاكَ إِنَّمَا هُوَ الشِّرْكُ أَلَمْ تَسْمَعُوا قَوْلَ لُقْمَانَ لِابْنِهِ: (يَا بني لَا تُشْرِكْ بِاللَّهِ إِنَّ الشِّرْكَ لَظُلْمٌ عَظِيمٌ؟)»» فِي رِوَايَةٍ: «لَيْسَ هُوَ كَمَا تَظُنُّونَ إِنَّمَا هُوَ كَمَا قَالَ لُقْمَان لِابْنِهِ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5131. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब यह आयत नाज़िल हुई: “जो लोग ईमान लाए और उन्होंने अपने ईमान के साथ ज़ुल्म की मिलावट नहीं की”, यह रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु पर गिराह गुज़री और उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम में से कौन है जिस ने अपने आप पर ज़ुल्म नहीं किया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस से यह मुराद नहीं, बल्के उस से मुराद शिर्क है, क्या तुम ने लुकमान अलैहिस्सलाम का कौल नहीं सुना जो उन्होंने अपने बेटे से कहा: “बेटे! अल्लाह के साथ शिर्क न करना, क्योंकि शिर्क ज़ुल्मे अज़ीम है” एक दूसरी रिवायत में है: “ऐसे नहीं जो तुम गुमान करते हो, यह तो वह है जैसे लुकमान अलैहिस्सलाम ने अपने बेटे से फ़रमाया था”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (4776) و مسلم (197 / 124)، (327)

٥١٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» أُمَامَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم قَالَ: «مِنْ شَرِّ النَّاسِ مَنْزِلَةً عِنْدَ اللَّهِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ عَبْدٌ أَذْهَبَ آخِرَتَهُ بِدُنْيَا غَيْرِهِ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

5132. अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए क़यामत मक़ाम व मर्तबे के लिहाज़ से वह शख़्स बदतरीन होगा जिस ने किसी की दुनिया (बनाने) की खातिर अपने आखिरत ज़ाए कर ली”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ ابن ماجه (3966) [و حسنه البوصیری المتاخر !] * فیه عبد الحکیم السدوسی لم یوثقه غیر ابن حبان من المتقدمین و روی عنه جماعة

٥١٣٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " الدَّوَاوِينُ ثَلَاثَةٌ: دِيوَانٌ لَا يَغْفِرُهُ اللَّهُ: الْإِشْرَاكُ بِاللَّهِ. يَقُولُ اللَّهُ عَزَّ وَجَلَّ (إِنَّ اللَّهَ لَا يَغْفِرُ أَنْ يُشْرَكَ بِهِ)»» وَدِيوَانٌ لَا يَتْرُكُهُ اللَّهُ: ظُلْمُ الْعِبَادِ فِيمَا بَيْنَهُمْ حَتَّى يَقْتَصَّ بَعْضُهُمْ مِنْ بَعْضٍ وَدِيوَانٌ لَا يَعْبَأُ اللَّهُ بِهِ ظُلْمُ الْعِبَادِ فِيمَا بينهم وبينَ الله فَذَاك إِلَى اللَّهِ فَذَاكَ إِلَى اللَّهِ: إِنْ شَاءَ عَذَّبَهُ وَإِن شَاءَ تجَاوز عَنهُ "

5133. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आमाल नामे तीन किस्म के है: एक वह आमाल नामा जिसे अल्लाह मुआफ़ नहीं फरमाएगा, वह अल्लाह के साथ शरीक करना है, अल्लाह अज्ज़वजल फरमाता है: “बेशक अल्लाह मुआफ़ नहीं करता के उस के साथ शिर्क किया जाए”, एक वह आमाल नामा है जिसे अल्लाह नहीं

छोड़ेगा, वह है बंदो का आपस में ज़ुल्म करना हत्ता कि वह एक दुसरे से बदला ले लें, और एक वह नाम ए आमाल है जिस की अल्लाह परवाह नहीं करेगा, वह है बंदो का अपने और अल्लाह के दरमियान ज़ुल्म करना, यह अल्लाह के सुपुर्द है, अगर वह चाहे तो इसे अज़ाब दे दे और अगर चाहे तो उस से दरगुज़र फरमाए"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7473 ، نسخة محققة : 7069 7070) [و احمد (6 / 240 ح 26559)] * صححه الحاكم (4 / 575) فتعقبة الذهبى ، قال :'' صدقة (بن موسى) ضعفوه و ابن بابنوس فيه جهالة '' و صححه الحاكم مرة أخرى حديثه الآخر (2 / 392) و وافقه الذهبى ، قلت : صدقة بن موسى ضعفه الجمهور فهو ضعيف

٥١٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِيَّاكَ وَدَعْوَةَ الْمَظْلُومِ فَإِنَّمَا يَسْأَلُ اللَّهَ تَعَالَى حَقَّهُ وَإِنَّ اللَّهَ لَا يَمْنَعُ ذَا حق حَقه»

5134. अली बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मज़लूम की बद्दुआ से बचो, वह अल्लाह तआला से अपने हक़ का मुतालबा करता है और बेशक अल्लाह हक़दार से उस का हक़ नहीं रोकता"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7464 ، نسخة محققة : 7061) * فيه صالح بن حسان (كما فى النسخة المحققة) : وهو متروک جدًا

٥١٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَوْسِ»» بن شَرحبيل أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ مَشَى مَعَ ظَالِمٍ لِيُقَوِّيَهُ وَهُوَ يَعْلَمُ أَنَّهُ ظَالِمٌ فَقَدْ خَرَجَ مِنَ الْإِسْلَامِ»

5135. औस बिन शुर्हबिल रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "जो शख़्स ज़ालिम के साथ चलता है ताकि वह उस को तकवियत (मजबूती) पहुंचाए हालाँकि वह जानता है के वह ज़ालिम है, ऐसा शख़्स इस्लाम से ख़ारिज हो जाता है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7675 ، نسخة محققة : 7269) [و الطبرانى فى الكبير (619)] * قال الهيشمى :'' و فيه عياش بن مؤنس ولم اجد من ترجمه '' (مجمع الزوائد 4 / 205) قلت : وثقه ابن حبان وحده فهو مجهول الحال و ابو الحسن نمران بن مخمر : مجهول الحال

٥١٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ أَنَّهُ سَمِعَ رَجُلًا يَقُولُ: إِنَّ الظَّالِمَ لَا يَضُرُّ إِلَّا نَفْسَهُ فَقَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: بَلَى وَاللَّهِ حَتَّى الْحُبَارَى لَتَمُوتُ فِي وَكْرِهَا هُزْلًا لِظُلْمِ الظَّالِمِ. رَوَى الْبَيْهَقِيُّ الْأَحَادِيثَ الْأَرْبَعَةَ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

5136. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने एक आदमी को बयान करते हुए सुना के ज़ालिम शख़्स अपने आप ही को नुक्सान पहुंचाता है, अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: हां, अल्लाह की क़सम! हत्ता कि सरख्वाब ज़ालिम के ज़ुल्म की वजह से दुबली पतली हो कर अपने आशियाने ही में मर जाती है, इमाम बयहकी ने चारो अहादीस शौबुल ईमान में रिवायत की हैं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (7479 ، نسخة محققة : 7075) * عمر بن جابر الحنفى : مقبول اى مجهول الحال و ثقه ابن حبان وحده و اسماعيل بن حكيم الخزاعى لم اجد من و ثقه و اما نعيم بن حماد فهو صدوق حسن الحديث ولم يصب من ضعفه

नेकी का हुकुम देने का बयान • بَاب الْأَمر بِالْمَعْرُوفِ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥١٣٧ - (صَحِيح) عَن أبي سعيدٍ الخدريِّ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ رَأَى مِنْكُمْ مُنْكَرًا فَلْيُغَيِّرْهُ بِيَدِهِ فَإِنْ لَمْ يَسْتَطِعْ فَبِلِسَانِهِ فَإِنْ لَمْ يَسْتَطِعْ فبقلبه وَذَلِكَ أَضْعَف الْإِيمَان» . رَوَاهُ مُسلم

5137. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम में से जो शख़्स बुराई देखे तो वह इसे अपने हाथ से बदल दे, अगर वह ताकत न रखे तो फिर अपने ज़ुबान से, अगर वह (इस की भी) इस्तिताअत न रखे तो फिर अपने दिल से (बदल ने के लिए मंसूबा बंदी करे और उन से नफ़रत रखे) और यह ईमान का कमज़ोर तरीन दर्जा है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (78 / 49)، (177)

٥١٣٨ - (صَحِيح) وَعَنِ النُّعْمَانِ بْنِ بَشِيرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " مثلُ المدهنِ فِي حُدُودِ اللَّهِ وَالْوَاقِعِ فِيهَا مَثَلُ قَوْمٍ استهموا سفينة فَصَارَ بَعْضُهُمْ فِي أَسْفَلِهَا وَصَارَ بَعْضُهُمْ فِي أَعْلَاهَا فَكَانَ الَّذِي فِي أَسْفَلِهَا يَمُرُّ بِالْمَاءِ عَلَى الَّذِينَ فِي أَعْلَاهَا فَتَأَذَّوْا بِهِ فَأَخَذَ فَأْسًا فَجَعَلَ يَنْقُرُ أَسْفَلَ السَّفِينَةِ فَأَتَوْهُ فَقَالُوا: مَالك؟ قَالَ: تَأَذَّيْتُمْ بِي وَلَا بُدَّ لِي مِنَ الْمَاءِ. فَإِنْ أَخَذُوا عَلَى يَدَيْهِ أَنْجَوْهُ وَنَجَّوْا أَنْفُسَهُمْ وَإِنْ تَرَكُوهُ أَهْلَكُوهُ وَأَهْلَكُوا أَنْفُسَهُمْ ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5138. नौमान बिन बशीर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह की हुदूद (काइम करने) में सुस्ती करने वाले और उन में मुब्तिला होने वाले शख़्स की मिसाल इस कौम की मिस्ल है जिन्होंने एक कश्ती (में सवार होने) के मुत्तल्लिक कुरा अन्दाज़ी की तो उन में से बाज़ उस की नीचली मंजिल पर और बाज़ ऊपरी मंजिल पर बैठ गए, जो नीचली मंजिल में थे वह पानी लेने के लिए ऊपरी मंजिल वालो के ऊपर से गुज़रते, जिस से ऊपर वाले तकलीफ महसूस करते, लिहाज़ा चली मंजिल वालो ने कुल्हाड़ा पकड़ा और कश्ती के निचले हिस्से में सुराख़ करने लगे, चुनांचे ऊपर वाले उन के पास आए और पूछा: तुम्हें क्या हुआ ? उन्होंने जवाब दिया के (हमारे ऊपर जाने से) तुम्हें तकलीफ होती है और पानी भी हमारी मज़बूरी है, अगर ऊपर वालो ने उस के हाथ रोक लिए तो वह इसे भी बचा लेंगे और अपने आप को भी बचा लेंगे, और अगर इसे (इस के हाल पर) छोड़ देंगे तो वह इसे भी हलाक कर देंगे और अपने आप को भी हलाक कर लेंगे"| (बुखारी)

رواه البخاری (6286)

٥١٣٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أُسَامَةَ بْنِ زَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يُجَاءُ بِالرَّجُلِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فَيُلْقَى فِي النَّارِ فَتَنْدَلِقُ أَقْتَابُهُ فِي النَّارِ فَيَطْحَنُ فِيهَا كَطَحْنِ الْحِمَارِ بِرَحَاهُ فَيَجْتَمِعُ أَهْلُ النَّارِ عَلَيْهِ فَيَقُولُونَ: أَيْ فُلَانُ مَا شَأْنُكَ؟ أَلَيْسَ كُنْتَ تَأْمُرُنَا

بِالْمَعْرُوفِ وَتَنْهَانَا عَنِ الْمُنْكَرِ؟ قَالَ: كُنْتُ آمُرُكُمْ بِالْمَعْرُوفِ وَلَا آتِيهِ وَأَنْهَاكُمْ عَنِ الْمُنْكَرِ وَآتِيهِ ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5139. उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए क़यामत एक आदमी लाया जाएगा और इसे जहन्नम में डाल दीया जाएगा, उस की अंतड़ियाँ आग में निकल आएगी, वह उन के गिर्द इस तरह चक्कर लगाएगा जिस तरह गधा चक्की के गिर्द चक्कर लगाता है, जहन्नमी उस पर जमा हो जाएँगे और उस से दरियाफ्त करेंगे: ए फलां! तुम्हें क्या हुआ ? क्या तू हमें नेकी करने का हुक्म नहीं देता था और हमें बुराई करने से नहीं रोकता था ? वह कहेगा में तुम्हें नेकी का हुक्म देता था लेकिन खुद नेकी नहीं करता था और मैं तुम्हें बुराई से रोकता था और खुद उस का इर्तिकाब करता था”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2267) و مسلم (51 / 2989)، (7483)

नेकी का हुकुम देने का बयान • بَاب الْأَمر بِالْمَعْرُوفِ

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥١٤٠ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ حُذَيْفَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَتَأْمُرُنَّ بِالْمَعْرُوفِ وَلَتَنْهَوُنَّ عَنِ الْمُنْكَرِ أَوْ لَيُوشِكَنَّ اللَّهُ أَنْ يَبْعَثَ عَلَيْكُمْ عَذَابًا مِنْ عِنْدِهِ ثُمَّ لَتَدْعُنَّهُ وَلَا يُسْتَجَاب لكم» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5140. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! तुम ज़रूर नेकी का हुक्म करो और बुराई से मना करो, वरना करीब है के अल्लाह तुम पर अपना अज़ाब नाज़िल कर दे, फिर तुम उस से दुआए करोगे लेकिन वह कबूल न होगी”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (2169 وقال : حسن)

٥١٤١ - (حسن) وَعَن الْعرس بن عَمِيرَة عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا عُمِلَتِ الْخَطِيئَةُ فِي الْأَرْضِ مَنْ شَهِدَهَا فَكَرِهَهَا كَانَ كَمَنْ غَابَ عَنْهَا وَمَنْ غَابَ عَنْهَا فَرَضِيَهَا كَانَ كَمَنْ شَهِدَهَا» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5141. उर्स बिन उमैर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब ज़मीन पर गुनाह किया जाए और वहां मौजूद शख़्स इसे नापसंद करे तो वह इस शख़्स की तरह है जो वहां मौजूद नहीं, और जो शख़्स इस वक़्त वहां मौजूद न हो लेकिन वह उस पर राज़ी हो तो वह इस शख़्स की तरह है जो वहां मौजूद हो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4345)

٥١٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي بَكْرٍ الصِّدِّيقِ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: يَا أَيُّهَا النَّاسُ إِنكم تقرؤونَ هذهِ الْآيَة: (يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا عَلَيْكُمْ أَنْفُسَكُمْ

لَا يَضُرُّكُمْ مَنْ ضَلَّ إِذَا اهْتَدَيْتُمْ)»» فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ النَّاسَ إِذَا رَأَوْا مُنْكَرًا فَلَمْ يُغَيِّرُوهُ يُوشِكُ أَنْ يَعُمَّهُمُ اللَّهُ بِعِقَابِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالتِّرْمِذِيُّ وَصَحَّحَهُ. وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُد: «إِذا رَأَوْا الظَّالِم فَم يَأْخُذُوا عَلَى يَدَيْهِ أَوْشَكَ أَنْ يَعُمَّهُمُ اللَّهُ بِعِقَابٍ» . وَفِي أُخْرَى لَهُ: «مَا مِنْ قَوْمٍ يُعْمَلُ فِيهِمْ بِالْمَعَاصِي ثُمَّ يَقْدِرُونَ عَلَى أَنْ يُغَيِّرُوا ثُمَّ لَا يُغَيِّرُونَ إِلَّا يُوشِكُ أَنْ يَعُمَّهُمُ اللَّهُ بِعِقَابٍ» . وَفِي أُخْرَى لَهُ: «مَا مِنْ قَوْمٍ يُعْمَلُ فِيهِمْ بِالْمَعَاصِي هُمْ أَكْثَرُ مِمَّن يعمله»

5142. अबू बक्र सिद्दीक रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्हों ने फ़रमाया: “लोगो! तुम यह आयत तिलावत करते हो: “ईमान वालो! (तुम गुनाहों के मुत्तल्लिक) अपना ख़याल रखो, जब तुम हिदायत पर हो तो फिर गुमराह शख़्स तुम्हें नुक्सान नहीं पहुंचा सकता”, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बेशक जब लोग किसी बुराई को देंखेंगे और इसे रोकेंगे नहीं तो फिर करीब है के अल्लाह इन सब को अपने अज़ाब की लपेट में ले ले”| इब्ने माजा तिरमिज़ी, और इमाम तिरमिज़ी ने इसे सहीह करार दिया है| और अबू दावुद की रिवायत में है: “जब वह ज़ालिम को (ज़ुल्म करते हुए) देखते और वह उस के हाथो को न रोके तो फिर करीब है के अल्लाह इन सब को अज़ाब की लपेट में ले ले”| और अबू दावुद की दूसरी रिवायत में है: “जिस कौम में गुनाह होते हो फिर वह उन्हें रोकने की ताकत के बावजूद न रोके तो करीब है के अल्लाह उन्हें अज़ाब की लपेट में ले ले”, एक और रिवायत में है: “जिस कौम की अकलियत गुनाह में मुब्तिला हो जाए और वह अक्सरियत जो गुनाह तो नहीं करती मगर करने वालो को रोकती भी नहीं (वो भी अज़ाब से दो चार हो जाएगी)”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابن ماجه (4005) و الترمذى (2168) و ابوداؤد (4338)

٥١٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن جَرِير بن عبد الله قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا مِنْ [ص:١٤٢] رَجُلٍ يَكُونُ فِي قَوْمٍ يَعْمَلُ فِيهِمْ بِالْمَعَاصِي يَقْدِرُونَ عَلَى أَنْ يُغَيِّرُوا عَلَيْهِ وَلَا يُغَيِّرُونَ إِلَّا أَصَابَهُمُ اللَّهُ مِنْهُ بِعِقَابٍ قبل أَن يموتو» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَابْن مَاجَه

5143. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना :’’ अगर कोई शख़्स किसी कौम में गुनाह करता हो और वह लोगो से रोकने की ताकत के बावजूद न रोके तो फिर अल्लाह उन के मरने से पहले उन्हें अपने अज़ाब में मुब्तिला कर देता है|" (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4339) و ابن ماجه (4009) [و احمد (4 / 364) و الطيالسى (663) و صححه ابن حبان (1839 1804)] * عبيد الله بن جرير مجهول الحال لم يوثقه غير ابن حبان و للحديث شواهد ضعيفة

٥١٤٤ - (ضَعِيف ولبعض فقره شَوَاهِد)»» وَعَن أبي ثعلبةَ فِي قَوْلُهُ تَعَالَى: (عَلَيْكُمْ أَنْفُسَكُمْ لَا يَضُرُّكُمْ مَنْ ضل إِذا اهْتَدَيْتُمْ)»» فَقَالَ: أَمَا وَاللَّهِ لَقَدْ سَأَلْتُ عَنْهَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: " بَلِ ائْتَمَرُوا بِالْمَعْرُوفِ وَتَنَاهَوْا عَنِ الْمُنْكَرِ حَتَّى إِذا رأيت شُحّاً مُطاعاً وَهوى مُتَّبَعاً ودينا مُؤْثَرَةً وَإِعْجَابَ كُلِّ ذِي رَأْيٍ بِرَأْيِهِ وَرَأَيْتَ أَمْرًا لَا بُدَّ لَكَ مِنْهُ فَعَلَيْكَ نَفْسَكَ وَدَعْ أَمْرَ الْعَوَامِّ فَإِنَّ وَرَاءَكُمْ أَيَّامَ الصَّبْرِ فَمَنْ صَبَرَ فِيهِنَّ قَبَضَ عَلَى الْجَمْرِ لِلْعَامِلِ فِيهِنَّ أَجْرُ خَمْسِينَ مِنْهُمْ؟ قَالَ: «أَجْرُ خَمْسِينَ مِنْكُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

5144. अल्लाह तआला के फरमान: “तुम अपने जानो को लाज़िम पकड़ो, जब तुम खुद हिदायत पर होंगे तो गुमराह लोग

तुम्हें कोई नुक्सान नहीं पहुंचा सकेंगे”, के बारे में अबू सअलबा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है, उन्होंने कहा: सुन लो! अल्लाह की क़सम! मैंने उस के मुत्तल्लिक रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “बल्के तुम नेकी करने का हुक्म देते रहो और बुराई से रोकते रहो, हत्ता कि जब तुम देखो के बुखल की इताअत की जाती है, ख्वाहिश की इत्तेबा की जाती है, दुनिया को तरजीह दी जाती है और हर शख़्स अपने राय व अक़्ल पर खुश है, और तुम देखो के एक ऐसा अम्र जिस से बचना मुश्किल है तो फिर तुम अपने जानो को लाज़िम पकड़ो और आम लोगो के मुआमले को छोड़ दो, क्योंकि आगे अय्यामे सब्र आने वाले हैं, जिस शख़्स ने उन अय्याम में सब्र किया गोया उस ने अंगारा पकड़ा, उन अय्याम में अमल करने वाले के लिए पचास आदमियों के अमल करने के बराबर अज्र व सवाब है”, सहाबा रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उन के पचास आदमियों के अज़र की तरह ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन पचास आदमियों के अज़र की तरह जो तुम में से है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3058 وقال : حسن غریب) و ابن ماجه (4014) [عمرو بن جارية وثقه الترمذی و ابن حبان فحديثه حسن]

٥١٤٥ - (ضَعِيف وَبَعض فقره صَحِيحَة الْأَسَانِيد)»» وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَامَ فِينَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَطِيبًا بَعْدَ الْعَصْرِ فَلَمْ يَدَعْ شَيْئًا يَكُونُ إِلَى قِيَامِ السَّاعَةِ إِلَّا ذَكَرَهُ حَفِظَهُ مَنْ حَفِظَهُ وَنَسِيَهُ مَنْ نَسِيَهُ وَكَانَ فِيمَا قَالَ: «إِنَّ الدُّنْيَا حُلْوَةٌ خَضِرَةٌ وَإِنَّ اللَّهَ مُسْتَخْلِفُكُمْ فِيهَا فَنَاظِرٌ كَيْفَ تَعْمَلُونَ أَلَا فَاتَّقُوا الدُّنْيَا وَاتَّقُوا النِّسَاءَ» وَذَكَرَ: «إِنَّ لِكُلِّ غَادِرٍ لِوَاءً يَوْمَ الْقِيَامَةِ بِقَدْرِ غَدْرَتِهِ فِي الدُّنْيَا وَلَا غَدْرَ أَكْبَرُ مِنْ غَدْرِ أَمِيرِ الْعَامَّةِ يُغْرَزُ لِوَاؤُهُ عِنْدَ اسْتِهِ» . قَالَ: «وَلَا يَمْنَعَنَّ أَحَدًا مِنْكُمْ هَيْبَةُ النَّاسِ أَنْ يَقُولَ بِحَقٍّ إِذَا عَلِمَهُ» وَفِي رِوَايَةٍ: «إِنْ رَأَى مُنْكَرًا أَنْ يُغَيِّرَهُ» فَبَكَى أَبُو سَعِيدٍ وَقَالَ: قَدْ رَأَيْنَاهُ فَمَنَعَتْنَا هَيْبَةُ النَّاسِ أَنْ نَتَكَلَّمَ فِيهِ. ثُمَّ قَالَ: «أَلَا إِنَّ بَنِي آدَمَ خُلِقُوا عَلَى طَبَقَاتٍ شَتَّى فَمنهمْ مَن يولَدُ مُؤمنا وَيحيى مُؤْمِنًا وَيَمُوتُ مُؤْمِنًا وَمِنْهُمْ مَنْ يُولَدُ كَافِرًا وَيحيى كَافِرًا وَيَمُوتُ كَافِرًا وَمِنْهُمْ مَنْ يُولَدُ مُؤْمِنًا وَيحيى مُؤْمِنًا وَيَمُوتُ كَافِرًا وَمِنْهُمْ مَنْ يُولَدُ كَافِرًا وَيحيى كَافِرًا وَيَمُوتُ مُؤْمِنًا» قَالَ: وَذَكَرَ الْغَضَبَ «فَمِنْهُمْ مَنْ يَكُونُ سَرِيعَ الْغَضَبِ سَرِيعَ الْفَيْءِ [ص:١٤٢ فَإِحْدَاهُمَا بِالْأُخْرَى وَمِنْهُمْ مَنْ يَكُونُ بَطِيءَ الْغَضَبِ بَطِيءَ الْفَيْءِ فَإِحْدَاهُمَا بِالْأُخْرَى وَخِيَارُكُمْ مَنْ يَكُونُ بَطِيءَ الْغَضَبِ سَرِيعَ الْفَيْءِ وَشِرَارُكُمْ مَنْ يَكُونُ سَرِيعَ الْغَضَبِ بَطِيءَ الْفَيْءِ» . قَالَ: «اتَّقُوا الْغَضَبَ فَإِنَّهُ جَمْرَةٌ عَلَى قَلْبِ ابْنِ آدَمَ أَلَا تَرَوْنَ إِلَى انْتِفَاخِ أَوْدَاجِهِ؟ وَحُمْرَةِ عَيْنَيْهِ؟ فَمَنْ أَحَسَّ بِشَيْءٍ مِنْ ذَلِكَ فَلْيَضْطَجِعْ وَلْيَتَلَبَّدْ بِالْأَرْضِ» قَالَ: وَذَكَرَ الدَّيْنَ فَقَالَ: «مِنْكُمْ مَنْ يَكُونُ حَسَنَ الْقَضَاءِ وَإِذَا كَانَ لَهُ أَفْحَشَ فِي الطَّلَبِ فإحداهُما بِالْأُخرَى وَمِنْهُم مَن يكونُ سيِّءَ الْقَضَاءِ وَإِنْ كَانَ لَهُ أَجْمَلَ فِي الطَّلَبِ فَإِحْدَاهُمَا بِالْأُخْرَى وَخِيَارُكُمْ مَنْ إِذَا كَانَ عَلَيْهِ الدَّيْنُ أَحْسَنَ الْقَضَاءِ وَإِنْ كَانَ لَهُ أَجْمَلَ فِي الطَّلَبِ وَشِرَارُكُمْ مَنْ إِذَا كَانَ عَلَيْهِ الدَّيْنُ أَسَاءَ الْقَضَاءَ وَإِنْ كَانَ لَهُ أَفْحَشَ فِي الطَّلَبِ» . حَتَّى إِذَا كَانَتِ الشَّمْسُ عَلَى رؤوسِ النَّخْلِ وَأَطْرَافِ الْحِيطَانِ فَقَالَ: «أَمَا إِنَّهُ لَمْ يَبْقَ مِنَ الدُّنْيَا فِيمَا مَضَى مِنْهَا إِلَّا كَمَا بَقِيَ مِنْ يَوْمِكُمْ هَذَا فِيمَا مَضَى مِنْهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5145. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ नमाज़ ए असर के बाद हमें खुत्बा इरशाद फरमाने के लिए खड़े हुए तो आप ने कयामे क़यामत तक पेश आने वाले तमाम वाकिअत बयान फरमाए, कुछ लोगो ने इसे याद रखा और कुछ लोगो ने इसे भुला दिया, आप के ख़िताब में यह भी था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “दुनिया शिरीन व शादाब है, बेशक अल्लाह तुम्हें उस में खलीफा व जानशीन बनाने वाला है, वह देखेगा की तुम कैसे अमल करते हो, सुन लो! दुनिया से बचो, और औरतो (के फितने) से बचो”, और आप ﷺ ने ज़िक्र फ़रमाया: “रोज़ ए क़यामत हर दगाबाज़ी के लिए, दुनिया में उस की दगाबाज़ी के मुताबिक एक झंडा होगा और लोगों के अमीर (नेता) की दगाबाज़ी से बढ़कर कोई दगाबाज़ी नहीं होगी, उस का झंडा उस की सुरिन पर नसब किया जाएगा, और लोगो का खौफ तुम में से किसी को हक़ बात कहने से न रोके जबके वह इसे जानता हो”, एक दूसरी रिवायत में है: “अगर वह कोई बुराई देखे तो उसे रोक दे, लोगो का खौफ इसे ऐसा करने से न रोके”, चुनांचे (ये बयान कर के) अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु रोने लगे और

फ़रमाया: यक़ीनन हमने उस को देखा लेकिन लोगो के खौफ ने हमें उस के मुत्तल्लिक बात करने से रोक दिया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “सुन लो! आदम अलैहिस्सलाम की औलाद मुख्तलिफ तबकात पर पैदा की गई उन में से कोई तो मोमिन पैदा किया गया, वह इसी हालत में जिंदा रहा और इसी हालत पर फौत हुआ, और उन में से कुछ को काफ़िर पैदा किया गया, वह हालाते कुफ्र पर जिंदा रहे और काफ़िर ही फौत हुए, और उन में से कुछ मोमिन पैदा होते हैं, हालत ईमान पर जिंदा रहते है और हालाते कुफ्र पर फौत हो जाते हैं, और उन में से कुछ हालाते कुफ्र पर पैदा होते हैं, इसी हालत पर जिंदा रहते है और हालते ईमान पर फौत होते हैं”, और रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने गुस्से का ज़िक्र फ़रमाया: “उन में से कुछ को जल्द गुस्सा आ जाता है और जल्दी ही उतर जाता है, उन में से एक (खसलत) दूसरी (खसलत) का बदल है, और उन में से कुछ ऐसे है जिन्हें गुस्सा देर से आता है और देर से जाता है यह भी एक (खसलत) दूसरी का बदल है, और तुम में से बेहतरीन शख़्स वह है जिसे गुस्सा देर से आता हो और जल्द ज़ाइल होता हो और तुम में से बदतरीन शख़्स वह है जिसे गुस्सा तो जल्द आता हो जबके वह ज़ाइल देर से होता हो”, आप ﷺ ने फ़रमाया: “गुस्से से बचो, क्योंकि वह इब्ने आदम का दिल पर एक अंगारा है, क्या तुम उस की रगों के फूलने और उस की आंखो की सुरखी की तरफ नहीं देखते, जो शख़्स ऐसी कैफियत महसूस करे तो उसे चाहिए के वह लेट जाए और ज़मीन के साथ लग जाए”, रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने क़र्ज़ का ज़िक्र किया तो फ़रमाया: “तुम में से कोई अदाइगी में अच्छा होता है लेकिन जब उस ने किसी से क़र्ज़ लेना हो तो वह वुसुली में सख्ती करता है, यह (खसलत) दूसरी का बदल है, (ताहम यह बात काबिले तारीफ़ नहीं) कुछ ऐसे होते हैं के वह अदाइगी में बुरे होते हैं जबके वुसुली में अच्छे होते हैं तो यह भी दूसरी (खसलत) का बदल है, (ताहम यह बात काबिले तारीफ़ नहीं) और तुम में से बेहतर शख़्स वह है की जब उस पर क़र्ज़ हो तो वह अच्छी तरह अदा करता है, और जब उस ने क़र्ज़ लेना हो तो वह वुसुली में अच्छा होता है, और तुम में से बदतरीन शख़्स वह है जो क़र्ज़ की अदाइगी में बुरा हो और अगर उस ने क़र्ज़ लेना हो तो वह वुसुली में सख्त हो”, हत्ता कि जब धुप खजूर के दरख्तों की चोटियों और दीवारों की अतराफ़ पर आ गई तो फ़रमाया: “सुन लो! दुनिया बस उतनी ही बाकी रह गई है जितना आज के दिन का यह हिस्सा बाकी रह गया है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (2191 وقال : حسن) * على بن زيد بن جدعان ضعيف

٥١٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» الْبَخْتَرِيِّ عَنْ رَجُلٍ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «لن يهْلك النَّاس حَتَّى يعذروا فِي أنفسهم» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5146. अबू बख्तरी, नबी ﷺ के एक सहाबी से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोग इस वक़्त तक गुनाहों की वजह से तबाह व बर्बाद नहीं है जाएँगे जब तक वह गुनाहों के जवाज़ के लिए झूठे उज़्र पेश नहीं करेंगे”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4347)

٥١٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَدِيٍّ»» بْنِ عَدِيٍّ الْكِنْدِيِّ قَالَ: حَدَّثَنَا مَوْلًى لَنَا أَنَّهُ سَمِعَ جَدِّي رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ يَقُولُ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى لَا يُعَذِّبُ الْعَامَّةَ بِعَمَلِ الْخَاصَّةِ حَتَّى يَرَوُا الْمُنْكَرَ بَيْنَ ظَهْرَانيهِمْ وَهُمْ قَادِرُونَ عَلَى

أَنْ يُنْكِرُوهُ فَلَا يُنْكِرُوا فَإِذَا فَعَلُوا ذَلِكَ عَذَّبَ اللَّهُ العامَّةَ والخاصَّةَ» . رَوَاهُ فِي «شرح السّنة»
5259. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरे खलील ने मुझे सात चीजों के मुत्तल्लिक हुक्म फ़रमाया, आप ﷺ ने मसाकिन से मुहब्बत करने और उन के करीब रहने का मुझे हुक्म फ़रमाया, आप ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं अपने से कमतर की तरफ देखूं और जो मुझ से (दुनिया के लिहाज़ से) बढ़तर है उस की तरफ न देखूं, आप ने मुझे सिलह रहमी का हुक्म फ़रमाया अगरचे वह कतअ रहमी करे, आप ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं किसी से कोई चीज़ न मंगू, आप ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं हक़ बात करू अगरचे वह कड़वी हो, आप ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं अल्लाह के (हक़ के) बारे में किसी मलामत गिर की मलामत से न डरु, और आप ने मुझे हुक्म फ़रमाया की मैं لَا حَوْلَ وَلَا قُوَّةَ إِلَّا بِاللَّهِ (नहीं कोई ताक़त और नहीं कोई कुव्वत सिवा अल्लाह के) कसरत से पढ़ा करू, क्योंकि वह (कलीमात) अर्श के निचे खज़ानो में से एक खज़ाना है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 159 ح 21745)

٥٢٦٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ»» قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعْجِبُهُ مِنَ [ص:١٤٤ الدُّنْيَا ثَلَاثَةٌ الطَّعَامُ وَالنِّسَاءُ وَالطِّيبُ فَأَصَابَ اثْنَيْنِ وَلَمْ يُصِبْ وَاحِدًا أَصَابَ النِّسَاءَ وَالطِّيبَ وَلَمْ يُصِبِ الطَّعَامَ. رَوَاهُ أَحْمد

5260. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ को दुनिया की तीन चीज़े पसंद थी, खाना, औरते और खुशबु, आप को दो चीज़े मिल गई और एक न मिल सकी, आप को औरते (अज़वाजे मुतहरात (रअअ)) और खुशबु मिल गई

लेकिन (शुक्म शेर (पेट भर)) खाना न मिला”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (6 / 72 ح 24944) * فيه رجل : مجهول و الحديث الآتى (5261) يغنى عنه

٥٢٦١ - (حسن) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «حُبِّبَ إِلَيَّ الطِّيبُ وَالنِّسَاءُ وَجُعِلَتْ قُرَّةُ عَيْنِي فِي الصَّلَاةِ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالنَّسَائِيُّ. وَزَادَ ابْنُ الْجَوْزِيِّ بَعْدَ قَوْلِهِ: «حُبِّبَ إِلَيَّ» منَ الدُّنْيَا "

5261. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खुशबु और औरते मेरे लिए पसंदीदा बना दी गई है, और मेरी आंखो की ठंडक नमाज़ में है”| अहमद निसाई, और इब्ने जौज़ी ने (حُبِّبَ إِلَيَّ) के बाद (مِنَ الدُّنْيَا) का इज़ाफा नकल किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (3 / 199 ح 13088) و النسائى (7 / 61 ح 3391)

٥٢٦٢ - (صَحِيح) وَعَنْ»» مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا بَعَثَ بِهِ إِلَى الْيَمَنِ قَالَ: «إِيَّاكَ وَالتَّنَعُّمَ فَإِنَّ عِبَادَ الله لَيْسُوا بالمتنعمين» . رَوَاهُ أَحْمد

5262. मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे यमन की तरफ भेजा तो फ़रमाया: “ज़्यादा नाज़ व नेअमत की जिंदगी से बचना क्योंकि अल्लाह के (मुखलस) बन्दे ज़्यादा नेअमत गुज़ार नहीं होते”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 243 ح 22456) [و ابو نعيم فى حلية الاولياء (5 / 155)] * مريح بن مسروق روى عنه جماعة و وثقه ابن حبان وحده و ارسل عن عمر ففى سماعه من معاذ نظر لانه توفى قبل عمر رضى الله عنهما

٥٢٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ»» رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ رَضِيَ مِنَ اللَّهِ بِالْيَسِيرِ مِنَ الرِّزْقِ رَضِيَ الله مِنْهُ بِالْقَلِيلِ من الْعَمَل»

5263. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह की तरफ से मिलने वाले थोड़े से रीज़्क पर राज़ी हो जाता है तो अल्लाह उस के थोड़े अमल से राज़ी हो जाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (4585 ، نسخة محققة : 4265) * اسحاق بن محمد الفروى ضعيف ضعفه الجمهور و الراوى شك فى سماعه من ابيه و السند منقطع

٥٢٦٤ - (ضَعِيف) وَعَنِ»» ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ جَاعَ أَوِ احْتَاجَ فَكَتَمَهُ النَّاسُ كَانَ حَقًّا عَلَى اللَّهِ عَزَّ وَجَلَّ أَنْ يَرْزُقَهُ رِزْقَ سَنَةٍ مِنْ حلالٍ» . رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيّ فِي «شعب الْإِيمَان»

5264. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स भूख में मुब्तिला हुआ या

किसी चिज़ का ज़रूरत मंद हुआ और उस ने इसे लोगो से छुपाए रखा तो अल्लाह अज्ज़वजल पर हक़ है के वह इसे साल फिर के लिए रिज़्के हलाल अता फरमाए", दोनों रिवायतों को इमाम बयहकी ने शौबुल ईमान में नकल किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (10054 ، نسخة محققة : 9581) * فيه ابو عبد الرحمن السلمى ضعيف جدًا ، ولاعمش مدلس و عنعن ان صح السند اليه و علل أخرى

٥٢٦٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ يُحِبُّ عَبْدَهُ الْمُؤْمِنَ الْفَقِيرَ الْمُتَعَفِّفَ أَبَا الْعِيَالِ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

5265. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "बेशक अल्लाह अपने इस मोमिन अयाल दार बन्दे को पसंद करता है जो ज़रूरत मंद होने के बावजूद सवाल नहीं करता"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابن ماجه (4121) * فيه موسى بن عبيدة ضعيف و القاسم بن مهران لم يثبت سماعه من عمران و فيه علة أخرى وله شاهد ضعيف جدًا

٥٢٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن زيدِ»» بنِ أسلمَ قَالَ: اسْتَسْقَى يَوْمًا عُمَرُ فَجِيءَ بِمَاءٍ قَدْ شيبَ [ص:١٤٤] بعسلٍ فَقَالَ: إِنَّه لطيِّبٌ لكني أَسْمَعُ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ نَعَى عَلَى قَوْمٍ شَهَوَاتِهِمْ فَقَالَ (أَذْهَبْتُمْ طَيِّبَاتِكُمْ فِي حَيَاتِكُمُ الدُّنْيَا وَاسْتَمْتَعْتُمْ بِهَا)»» فَأَخَافُ أَنْ تَكُونَ حَسَنَاتُنَا عُجِّلَتْ لَنَا فَلَمْ يشربْه. رَوَاهُ رزين

5266. ज़ैद बिन असलम रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, एक रोज़ उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने पानी तलब किया तो उन्हें शहद मिला पानी पेश किया गया, उन्होंने ने फ़रमाया: यह तो बहोत अच्छा है, लेकिन में अल्लाह अज्ज़वजल का फरमान सुनता हूँ कि उस ने एक कौम को उनकी शह्वात पर मायूब करार देते हुए फ़रमाया: "तुमने अपनी अच्छी चीज़े दुनिया की ज़िन्दगानी में हासिल कर ली और तुमने उन से इस्तेफ़ादा कर लिया, मैं तो डरता हूँ कि हमारी नेकियो का सवाब दुनिया ही में न दे दिया जाए लिहाज़ा उन्होंने इसे न पिया| (मझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده)

٥٢٦٧ - (صَحِيح) وَعَن»» ابنِ عمرَ قَالَ: مَا شبِعنا من تمر حَتَّى فتحنا خَيْبَرَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5267. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हमने फतह खैबर से पहले कभी भी सैर हो कर खजूरे नहीं खाई| (बुखारी)

رواه البخارى (4243)

अमीरों और हरस का बयान • بَاب الأمل والحرص

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥٢٦٨ - (صَحِيح) عَن عبد الله قَالَ: خَطَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَطًّا مُرَبَّعًا وَخَطَّ خَطًّا فِي الْوَسَطِ خَارِجًا مِنْهُ وَخَطَّ خُطُطًا صِغَارًا إِلَى هَذَا الَّذِي فِي الْوَسَطِ مِنْ جَانِبِهِ الَّذِي فِي الْوَسَطِ وفقال: «هَذَا الْإِنْسَانُ وَهَذَا أَجَلُهُ مُحِيطٌ بِهِ وَهَذَا الَّذِي هُوَ خَارِجُ أَمَلِهِ وَهَذِهِ الْخُطُوطُ الصِّغَارُ الْأَعْرَاضُ فَإِنْ أَخْطَأَهُ هَذَا نَهَسَهُ هَذَا وَإِنْ أخطأه هَذَا نهسه هَذَا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5268. अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने एक मिरबअ शकल लकीर खिचां और एक लकीर (इस मिरबअ के) बिच में उस से बाहर जाती हुई खिंची और कुछ इस बिच वाली लकीर के पहलु में छोटी छोटी लकीर और खिंची और फ़रमाया: “ये इन्सान है और यह उस की अजल (मौत) है जो इसे घेरे हुए हैं और जो बाहर की तरफ निकल रही है के उस की उम्मीद है, और यह छोटी छोटी लकीर आने वाले हादसात है, अगर एक उस से खता कर जाता है तो यह (दूसरा) इसे दबोच लेता है और अगर यह उस से खता कर जाता है तो यह इसे दबोच लेता है”| (बुखारी)

رواه البخاری (6417)

٥٢٦٩ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: خَطَّ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خُطُوطًا فَقَالَ: «هَذَا الْأَمَلُ وَهَذَا أَجَلُهُ فَبَيْنَمَا هُوَ كَذَلِكَ إِذْ جَاءَهُ الْخَطُّ الأقربُ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5269. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने कुछ लकीर खिंची तो फ़रमाया: “ये उम्मीद है और यह उस की मौत है, वह इसी असना में होता है तो ज़्यादा करीब वाली लकीर अचानक उस तक पहुँचती है”| (बुखारी)

رواه البخاری (6418)

٥٢٧٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَهْرَمُ ابْنُ آدَمَ وَيَشِبُّ مِنْهُ اثْنَانِ: الْحِرْصُ عَلَى الْمَالِ وَالْحِرْصُ عَلَى الْعُمُرِ ". مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5270. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इन्सान बुढा हो जाता है लेकिन उस की दो चीज़े जवान रहती है माल की हरस और उमर की हरस”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (6421) و مسلم (115 / 1047)، (2412)

٥٢٧١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَا يَزَالُ قَلْبُ الْكَبِيرِ شَابًّا فِي اثْنَيْنِ: فِي حُبِّ الدُّنْيَا وَطول الأمل ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5271. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “बूढ़े शख़्स का दिल दो चीजों के बारे में जवान ही रहता है, दुनिया की मुहब्बत के बारे में और लम्बी ख्वाहिशो के बारे में”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (6420) و مسلم (114 / 1046)، (2411)

٥٢٧٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْذَرَ اللَّهُ إِلَى امْرِئٍ أَخَّرَ أَجَلَهُ حَتَّى بَلَّغَهُ سِتِّينَ سَنَةً» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5272. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने इस शख़्स से (तौबा न करने और नेक अमल न करने का) उज़्र ज़ाइल कर दिया जिस की अजल (मौत) को मोअख़्ख़र किया हत्ता कि इसे साठ साल तक पहुंचा दीया”| (बुखारी)

رواه البخارى (6419)

٥٢٧٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَوْ كَانَ [ص:١٤٥] لِابْنِ آدَمَ وَادِيَانِ مِنْ مَالٍ لَابْتَغَى ثَالِثًا وَلَا يَمْلَأُ جَوْفَ ابْنِ آدَمَ إِلَّا التُّرَابُ وَيَتُوبُ اللَّهُ عَلَى مَنْ تَابَ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5273. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर इन्सान के लिए माल की दो वादियाँ हो तो वह तीसरी तलाश करता है, इन्सान के पट को सिर्फ (कब्र की) मिट्टी ही भरेगी और अल्लाह तौबा करने वाले शख़्स की तौबा कबूल फरमाता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (6436) و مسلم (118 / 1049)، (2418)

٥٢٧٤ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: أَخَذَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِبَعْضِ جَسَدِي فَقَالَ: «كُنْ فِي الدُّنْيَا كَأَنَّكَ غَرِيبٌ أَوْ عَابِرُ سبيلٍ وعُدَّ نفسَكَ فِي أهل الْقُبُور» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5274. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मेरे जिस्म के किसी हिस्से को पकड़ कर फ़रमाया: “दुनिया में ऐसे रहो गोया तुम एक परदेसी या राहगीर हो और अपने आप को अहल क़बुर (मुर्दों) में से शुमार करो”| (बुखारी)

رواه البخارى (6416)

अमीरों और हरस का बयान • بَاب الأمل والحرص

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥٢٧٥ - (لم تتمّ دراسته) عَن عبد الله بن عَمْرو قَالَ: مَرَّ بِنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا وَأُمِّي نُطَيِّنُ شَيْئًا فَقَالَ: «مَا هَذَا يَا عَبْدَ اللَّهِ؟» قُلْتُ شَيْءٌ نُصْلِحُهُ. قَالَ: «الْأَمْرُ أَسْرَعُ مِنْ ذَلِكَ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5275. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हमारे पास से गुज़रे तो मैं और मेरी वालिद (अपने मकान के) किसी हिस्सा की लिपाई कर रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अब्दुल्लाह! क्या हो रहा है ?" मैंने अर्ज़ किया: हम (मकान के किसी) हिस्से की मरम्मत कर रहे हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुआमला (मौत) उस से ज़्यादा तेज़ है"| अहमद तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (सहीह)

صحیح ، رواہ احمد (2 / 161 ح 6502) و الترمذی (2335)

٥٢٧٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُهَرِيقُ الْمَاءَ فَيَتَيَمَّمُ بِالتُّرَابِ فَأَقُولُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنَّ الْمَاءَ مِنْكَ قَرِيبٌ يَقُولُ: «مَا يُدْرِينِي لَعَلِّي لَا أَبْلُغُهُ» . رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» وَابْنُ الْجَوْزِيِّ فِي كتاب «الْوَفَاء»

5276. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ कभी पेशाब करते तो मिट्टी से तयम्मुम करते, मैं अर्ज़ करता अल्लाह के रसूल! पानी तो आप के करीब ही है, आप ﷺ फरमाते: "मुझे किया पता शायद की मैं वहां तक न पहुँच सकू"| शरह सुन्ना और इब्ने जौज़ी ने किताब "الوفاء' अल वफ़ाअ' में उसे रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ البغوی فی شرح السنۃ (14 / 232 ح 4031) [و احمد (1 / 288 و ابن المبارک فی الزھد : 292) و الطبرانی فی الکبیر (12 / 238 ح 12987 ، بلون آخر) * ابن لھیعۃ مدلس و عنعن

٥٢٧٧ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَنَسٍ»» أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «هَذَا ابْنُ آدَمَ وَهَذَا أَجَلُهُ» وَوَضَعَ يَدَهُ عِنْدَ قَفَاهُ ثُمَّ بَسَطَ فَقَالَ: «وَثَمَّ أمله» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5277. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "ये इन्सान है और यह उस की मौत है", और आप ﷺ ने अपना हाथ अपने गुद्दी के पास रखा, फिर खोला तो फ़रमाया: "और वहां उस की आरज़ूए हैं"| (सहीह)

اسنادہ صحیح ، رواہ الترمذی (2334 وقال : حسن صحیح)

٥٢٧٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غَرَزَ عُودًا بَيْنَ يَدَيْهِ وَآخَرَ إِلَى جَنْبِهِ وَآخَرَ أَبْعَدَ مِنْهُ. فَقَالَ: «أَتَدْرُونَ مَا هَذَا؟» قَالُوا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ. قَالَ: «هَذَا الْإِنْسَانُ وَهَذَا الْأَجَلُ» أُرَاهُ قَالَ: «وَهَذَا الْأَمَلُ فَيَتَعَاطَى الْأَمَلَ

فَلَحِقَهُ الْأَجَلُ دُونَ الْأَمَلِ» . رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السّنة»

5278. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने अपने सामने एक लकड़ी गाड़ी, एक उस के पहलु में और एक उस के दौर गाड़ी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या तुम जानते हो, यह क्या है ?" सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल ज़्यादा जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये इन्सान है और यह अजल (मौत) है", रावी बयान करते हैं, मेरा ख़याल है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये आरज़ूए है वह आरज़ूए हासिल करने के लिए कोशिश करता है तो उस की आरज़ू के पूरा होने से पहले इसे मौत आ जाती है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (14 / 285 ح 4091) [و احمد (3 / 18 ح 11149)]

٥٢٧٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «عُمُرُ أُمَّتِي مِنْ سِتِّينَ سَنَةً إِلَى سَبْعِينَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5279. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मेरी उम्मत की उमर साठ और सत्तर साल के दरमियान है"| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2331)

٥٢٨٠ - (حسن) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَعْمَارُ أُمَّتِي مَا بَيْنَ السِتِّينَ إِلَى السَبْعِينَ وَأَقَلُّهُمْ مَنْ يَجُوزُ ذَلِكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ»» وَذُكِرَ حَدِيثُ عَبْدِ اللَّهِ بنِ الشِّخيرِ فِي «بَاب عِيَادَة الْمَرِيض»

5280. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरी उम्मत की उमरें साठ और सत्तर साल के दरमियान है और इस (साठ, सतर) से तजावुज़ करने वाले उन में से कम है"| तिरमिज़ी, इब्ने माजा| और अब्दुल्लाह बिन शखिय इसे मरवी हदीस بَابُ عِيَادَةِ الْمَرِيضِ وَثَوَابِ الْمَرَضِ (मरीज़ की इयादत और मर्ज़ के सवाब का बयान) मरीज़ में ज़िक्र हो चुकी है? (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (3550 وقال : غريب حسن) و ابن ماجه (4236) 0 حديث عبدالله بن الشخير تقدم (1469)

अमीरों और हरस का बयान — بَاب الأمل والحرص

तीसरी फस्ल — الْفَصْلُ الثَّالِثُ

٥٢٨١ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَمْرِو»» بْنِ شُعَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَوَّلُ صَلَاحِ هَذِهِ الْأُمَّةِ الْيَقِينُ وَالزُّهْدُ وَأَوَّلُ فَسَادِهَا الْبُخْلُ وَالْأَمَلُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شعب الْإِيمَان»

5281. अम्र बिन शुऐब अपने वालिद से और वह अपने दादा से रिवायत करते हैं की नबी ﷺ ने फ़रमाया: “इस उम्मत की पहली सलाह (आखिरत का) यकीन और दुनिया से बे रगबती है, जबके उस का अव्वल फसाद बुखल और (लामहदूद) आरज़ूए है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (10844 ، نسخة محققة : 10350) * فيه ابو عبد الرحمن السلمى ضعيف جدًا و عبدالله بن لهيعة مدلس و عنعن ان صح السند اليه و للحديث لون آخر عند احمد (الزهد ص 10 ص 51) و سنده ضعيف لانقطاعه

٥٢٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سُفْيَانَ»» الثَّوْرِيِّ قَالَ: لَيْسَ الزُّهْدُ فِي الدُّنْيَا بِلُبْسِ الْغَلِيظِ وَالْخَشِنِ وَأَكْلِ الْجَشِبِ إِنَّمَا الزُّهْدُ فِي الدُّنْيَا قِصَرُ الْأَمَلِ. رَوَاهُ فِي «شرح السّنة»

5282. सुफियान सौरी रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: “मोटा, झूठा कपड़ा पहनने और रुखा सुखा खाने का नाम दुनिया से बे रगबत नहीं, बल्के आरज़ूओ का कम होना दुनिया से बे रगबती है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (14 / 286 بدون سند ولم اجد مسندًا)

٥٢٨٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ زَيْدِ»» بْنِ الْحُسَيْنِ قَالَ: سَمِعْتُ مَالِكًا وَسُئِلَ أَيُّ شَيْءٍ الزُّهْدُ فِي الدُّنْيَا؟ قَالَ: طِيبُ الْكَسْبِ وَقِصَرُ الْأَمَلِ. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شعب الْإِيمَان»

5283. ज़ैद बिन हुसैन रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैंने इमाम मालिक से सुना, उन से दरियाफ्त किया गया, दुनिया से बे रगबती से क्या मुराद है ? उन्होंने ने फ़रमाया: हलाल कमाई और उम्मीदों का कम होना| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (10779 ، نسخة محققة : 10293) * زيد بن الحسين مجهول : لم اجد من وثقه

بَابُ اسْتِحْبَابِ الْمَالِ وَالْعُمُرِ لِلطَّاعَةِ • अल्लाह की इताअत व इबादत के लिए माल और उम्र से मुहब्बत रखने का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٥٢٨٤ - (صَحِيح) عَن سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ يُحِبُّ الْعَبْدَ التَّقِيَّ الْغَنِيَّ الْخَفِيَّ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَذُكِرَ حَدِيثُ ابْنِ عُمَرَ: «لَا حَسَدَ إِلَّا فِي اثْنَيْنِ» فِي «بَاب فَضَائِلِ الْقُرْآنِ»

5284. साअद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक अल्लाह ऐसे मालदार को पसंद फरमाता है जो परहेज़गार, गुम नाम हो”| और इब्ने उमर (र अ) से मरवी हदीस: “हसद सिर्फ दो आदमियों पर है” बाब فَضَائِلِ الْقُرْآنِ (फ़ज़ाइल ए कुरान) में बयान हो चुकी है? (मुस्लिम)

رواه مسلم (11 / 2965)، (7432) 0 حديث ابن عمر تقدم (2113

بَابُ اسْتِحْبَابِ الْمَالِ وَالْعُمُرِ لِلطَّاعَةِ • अल्लाह की इताअत व इबादत के लिए माल और उम्र से मुहब्बत रखने का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥٢٨٥ - (لم تتمّ دراسته) عَن أبي بكرَة أَنَّ رَجُلًا قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ النَّاسِ خيرٌ؟ قَالَ: «مَن طالَ عمرُه وحسُنَ عَمَلُهُ» . قَالَ: فَأَيُّ النَّاسِ شَرٌّ؟ قَالَ: «مَنْ طَالَ عُمُرُهُ وَسَاءَ عَمَلُهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ والدارمي

5285. अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! कौन सा आदमी बेहतर है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस की उमर दराज़ हो और उस का अमल अच्छा (यानी कुरआन व सुन्नत के मुताबिक) हो”, इस शख़्स ने अर्ज़ किया, सबसे बुरा शख़्स कौन है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिस की उमर दराज़ हो और उस का अमल बुरा हो”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (5 / 40 ح 20686) و الترمذی (2330 وقال : حسن صحیح) و الدارمی (2 / 308 ح 2745 2746) * على بن زيد بن جدعان ضعيف و حديث الترمذی (2329) يغنى عنه

٥٢٨٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبيد بن خَالِد أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ آخَى بَيْنَ رَجُلَيْنِ فَقُتِلَ أَحَدُهُمَا ثُمَّ مَاتَ الْآخَرُ بَعْدَهُ بِجُمُعَةٍ أَوْ نَحْوِهَا فَصَلَّوْا عَلَيْهِ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا قُلْتُمْ؟» قَالُوا: دَعَوْنَا اللَّهَ أَنْ يَغْفِرَ لَهُ وَيَرْحَمَهُ وَيُلْحِقَهُ بِصَاحِبِهِ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَأَيْنَ صَلَاتُهُ بَعْدَ صَلَاتِهِ وَعَمَلُهُ بَعْدَ عَمَلِهِ؟» أَوْ قَالَ: «صِيَامُهُ بَعْدَ صِيَامِهِ لِمَا بَيْنَهُمَا أَبْعَدُ مِمَّا بَيْنَ

السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

5286. उबैद बिन खालिद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने दो आदमियों के दरमियान भाई चाराह काइम किया, उन में से एक अल्लाह की राह में शहीद कर दिया गया, फिर दूसरा उस के तकरीबन एक हफ्ते बाद फौत हो गया, सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने उस की नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ी तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने उस के लिए क्या दुआ की ?” उन्होंने अर्ज़ किया, हमने अल्लाह से दुआ की के वह उस की मगफिरत फरमाए, उस पर रहम फरमाए और इसे उस के साथी से मिलाए, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस की वह नमाज़े जो उस ने उस की नमाज़ो के बाद पढ़ि वह कहाँ गई और उस ने उस के बाद जो अमल किए वह कहाँ गए ? या फ़रमाया: “उस ने उस के बाद जो रोज़े रखे तो वह कहाँ गए ?” इन दोनों के बिच में तो ज़मीन व आसमान के बिच में फासले से ज़्यादा फासला है”| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (2524) و النسائی (4 / 74 ح 1987)

٥٢٨٧ - (صَحِيح) وَعَن أبي كبشةَ الأنماريِّ أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «ثَلَاثٌ أُقْسِمُ عَلَيْهِنَّ وَأُحَدِّثُكُمْ حَدِيثًا فَاحْفَظُوهُ فَأَمَّا الَّذِي أُقْسِمُ عَلَيْهِنَّ فَإِنَّهُ مَا نَقَصَ مَالُ [ص:١٤٥ عَبْدٍ مِنْ صَدَقَةٍ وَلَا ظُلِمَ عَبْدٌ مَظْلِمَةً صَبَرَ عَلَيْهَا إِلَّا زَادَهُ اللَّهُ بِهَا عِزًّا وَلَا فَتَحَ عَبْدٌ بَابَ مَسْأَلَةٍ إِلَّا فَتَحَ اللَّهُ عَلَيْهِ بَابَ فَقْرٍ وَأَمَّا الَّذِي أُحَدِّثُكُمْ فَاحْفَظُوهُ» فَقَالَ: " إِنَّمَا الدُّنْيَا لِأَرْبَعَةِ نفرٍ: عبدٌ رزقَه اللَّهُ مَالا وعلماً فهوَ يَتَّقِي فِيهِ رَبَّهُ وَيَصِلُ رَحِمَهُ وَيَعْمَلُ لِلَّهِ فِيهِ بِحَقِّهِ فَهَذَا بِأَفْضَلِ الْمَنَازِلِ. وَعَبْدٍ رَزَقَهُ اللَّهُ عِلْمًا وَلَمْ يَرْزُقْهُ مَالًا فَهُوَ صَادِقُ النيَّةِ وَيَقُول: لَوْ أَنَّ لِي مَالًا لَعَمِلْتُ بِعَمَلِ فُلَانٍ فأجرُهما سواءٌ. وعبدٌ رزَقه اللَّهُ مَالا وَلم يَرْزُقْهُ عِلْمًا فَهُوَ يَتَخَبَّطُ فِي مَالِهِ بِغَيْرِ عِلْمٍ لَا يَتَّقِي فِيهِ رَبَّهُ وَلَا يَصِلُ فِيهِ رَحِمَهُ وَلَا يَعْمَلُ فِيهِ بِحَقٍّ فَهَذَا بأخبثِ المنازلِ وعبدٌ لم يرزُقْه اللَّهُ مَالا وَلَا عِلْمًا فَهُوَ يَقُولُ: لَوْ أَنَّ لِي مَالًا لَعَمِلْتُ فِيهِ بِعَمَلِ فُلَانٍ فَهُوَ نِيَّتُهُ وَوِزْرُهُمَا سَوَاءٌ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ صَحِيح

5287. अबू कब्शा अन्मारी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तीन खसलते हैं, मैं इन पर क़सम उठाता हूँ और मैं तुम्हें एक हदीस बयान करता हूँ, तुम उसे याद कर लो, वह चीज़े जिन पर में क़सम उठाता हूँ यह हैं: सदका करने से बन्दे का माल कम नहीं होता, जिस बन्दे की हक़ तलफी की जाए और वह उस पर सब्र करे तो उस के बदले में अल्लाह उस की इज्ज़त में इज़ाफा फरमाता है, और बंदा जब किसी से सवाल करता है तो अल्लाह इसे फकीरी में मुब्तिला कर देता है, रही वह बात जो में तुम्हें बताने जा रहा हूँ उस को खूब याद रखना”, पस फ़रमाया: “दुनिया चार किस्म के लोगो के लिए है: एक वह बंदा जिसे अल्लाह ने माल और इल्म अता किया हो और वह इस (इल्म) के बारे में अपने रब से डरता हो, सिलह रहमी करता हूँ और वह इस (इल्म) के मुताबिक अल्लाह की खातिर अमल करता हो, यह सबसे अफज़ल दर्जा है, एक वह बंदा जिसे अल्लाह ने इल्म दिया हो लेकिन इसे रीज़्क न दिया हो, और वह नियत का अच्छा है, वह कहता है: अगर मेरे पास माल होता तो मैं भी फलां (मालदार) शख़्स की तरह खर्च करता, इन दोनों के लिए अज़्र बराबर है, और एक वह बंदा है जिसे अल्लाह ने माल अता किया लेकिन इल्म नहीं दिया तो वह इल्म के बगैर अपने माल की वजह से बेराह रिवाय का शिकार हो जाता है, और वह न तो अपने रब से डरता है और न सिलह रहमी करता है और ना ही इसे हक़ के मुताबिक खर्च करता है, यह शख़्स इन्तिहाई बुरे दरजे पर है, और एक वह बंदा है जिसे अल्लाह ने माल दिया न इल्म वह कहता है: अगर मेरे पास माल होता तो मैं भी फलां शख़्स की तरह अमल (यानी खर्च) करता, वह सिर्फ नियत ही करता है जबके दोनों का गुनाह बराबर है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस सहीह है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (2325) * یونس بن خباب ضعیف رافضی و للحدیث طریق آخر معلول (ضعیف) عند احمد (4 / 230 ح 1802) بمتن آخر

٥٢٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى إِذَا أَرَادَ بِعَبْدٍ خَيْرًا اسْتَعْمَلَهُ» . فَقِيلَ: وَكَيْفَ يَسْتَعْمِلُهُ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «يُوَفِّقُهُ لِعَمَلٍ صَالِحٍ قَبْلَ الموتِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5288. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक अल्लाह तआला जब किसी बन्दे के साथ भलाई का इरादा करता है तो वह इसे (इताअत वाले) कामो पर लगा देता है”, अर्ज़ किया गया: अल्लाह के रसूल! वह इसे किस तरह काम पर लगाता है ? फ़रमाया: “मौत से पहले इसे स्वालेह अमल करने की तौफिक अता फरमा देंता है”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (2142 وقال : صحيح)

٥٢٨٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ شَدَّادِ بْنِ أَوْسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ»» : «الْكَيِّسُ مَنْ دَانَ نَفْسَهُ وَعَمِلَ لِمَا بَعْدَ الْمَوْتِ. وَالْعَاجِزُ مَنْ أَتْبَعَ نَفْسَهُ هَوَاهَا وَتَمَنَّى عَلَى اللَّهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

5289. शद्दाद बिन अवसी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दाना शख़्स वह है, जिस ने अपने नफ्स का मुहासबा किया और मौत के बाद के लिए अमल किए, और कम अक़्ल शख़्स वह है जिस ने अपने नफ्स को ख्वाहिश के ताबेअ किया और अल्लाह पर उम्मीद बांध ली (के वह गफुर व रहीम) है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2459) و ابن ماجه (4260) * ابوبكر بن ابی مريم ضعيف مختلط

بَابُ اسْتِحْبَابِ الْمَالِ وَالْعُمُرِ لِلطَّاعَةِ • अल्लाह की इताअत व इबादत के लिए माल और उम्र से मुहब्बत रखने का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٥٢٩٠ - (صَحِيح) عَنْ رَجُلٌ مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: كُنَّا فِي مَجْلِسٍ فَطَلَعَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَعَلَى رَأْسِهِ أَثَرُ مَاءٍ فَقُلْنَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ نَرَاكَ طَيِّبَ النَّفْسِ. قَالَ: أَجَلْ. قَالَ: ثُمَّ خَاضَ الْقَوْمُ فِي ذِكْرِ الْغِنَى فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا بَأْسَ بِالْغِنَى لِمَنِ اتَّقَى اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ وَالصِّحَّةُ لِمَنِ اتَّقَى خَيْرٌ مِنَ الْغِنَى وَطِيبُ النَّفس من النَّعيم» رَوَاهُ أَحْمد

5290. नबी ﷺ के एक सहाबी से रिवायत है उन्होंने कहा: हम एक मजलिस में थे की अचानक रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए और आप के सर पर पानी (यानी गुसल) के असरात थे, हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हम आप को खुश तिब्ब देख रहे हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ठीक है”, रावी बयान करते हैं, फिर लोगो ने माल दारी के मुत्तल्लिक गौर व खोज़ करना शुरू कर दिया (क्या वह जाईज़ है या नाजाइज़ ?) रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स अल्लाह अज्ज़वजल से डरता है उस के लिए माल दारी में कोई बुराई नहीं, तक़्वा वाले शख़्स के लिए सेहत माल दारी से बेहतर है, और हकीकी ख़ुशी नेअमतो में से है”| (सहीह)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 372 ح 23545) [و ابن ماجه (2141)]

٥٢٩١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سُفْيَانَ الثَّوْرِيِّ قَالَ كَانَ الْمَالُ فِيمَا مَضَى يُكْرَهُ فَأَمَّا الْيَوْمَ فَهُوَ تُرْسُ الْمُؤْمِنِ وَقَالَ لَوْلَا هَذِهِ الدَّنَانِيرُ لَتَمَنْدَلَ بِنَا هَؤُلَاءِ الْمُلُوكُ وَقَالَ مَنْ كَانَ فِي يَدِهِ مِنْ هَذِهِ شَيْءٌ فَلْيُصْلِحْهُ فَإِنَّهُ زَمَانٌ إِنِ احْتَاجَ كَانَ أَوَّلَ مَنْ يَبْذُلُ دِينَهُ وَقَالَ: الْحَلَالُ لايحتمل السَّرف. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

5291. सुफियान सौरी रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, माज़ी में माल नापसंदीदा चीज़ थी, जबके आज वह मोमिन की ढाल है, और फ़रमाया अगर (हमारे पास) दीनार न होते तो यह बादशाह हमें हकीर (तुच्छ) समझते और फ़रमाया जिस शख़्स के हाथ में माल हो वह इसे कारआमद (काम के लायक) बनाए (ज़ाए न करे) क्योंकि यह ऐसा दौर है के अगर वह ज़रूरत मंद हुआ तो वह पहला शख़्स होगा जो (हुसूले दुनिया के लिए) अपना दीन बेच डालेगा, और फ़रमाया हलाल फ़िज़ूल खर्ची का मुतहम्मल नहीं हो सकता| (ज़ईफ़)

ضعيف مردود ، رواه البغوى فى شرح السنة (14 / 291 بعد 4098 بدون سند ولم اجده مسندًا وقوله من اكن المال الى ترس المومن ، رواه ابو نعيم فى حلية الاولياء (6 / 381) و سنده ضعيف جدًا فيه داود (رواد) بن الجراح وهو متروک و شطر الثانى رواه ابو نعيم ايضًا فى الحليه (6 / 381) و سنده ضعيف فيه جماعة لم اجد لهم توثيقًا يعتمد عليه)

٥٢٩٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: يُنَادِي مُنَادٍ يَوْمَ الْقِيَامَةِ: أَيْنَ أَبْنَاءُ السِّتِّينَ؟ وَهُوَ الْعُمُرُ الَّذِي قَالَ اللَّهُ تَعَالَى [أَوَلَمْ نُعَمِّرْكُمْ مَا يَتَذَكَّرُ فِيهِ مَن تذكَّرَ وجاءكُم النذير] رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي شعب الْإِيمَان

5292. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए क़यामत मुनादी (एलान) करने वाला मुनादी (एलान) करेगा : साठ साले कहाँ है ?” और यह (साठ साल) वह उमर है जो अल्लाह तआला ने फ़रमाया: “क्या हम ने तुम्हें उमर अता नहीं की थी, जिस ने नसीहत पकड़नी थी वह नसीहत पकड़ता, और तुम्हारे पास आगाह करने वाले भी आए”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (10254 ، نسخة محققة : 9773) * فيه ابراهيم بن الفضل المخزومى : متروک و ابوبكر بن ابى دارم : كذاب و لكنه توبع ، انظر المعجم الكبير للطبرانى (11 / 177 178 ح 11415)

٥٢٩٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عبدِ»» الله بنِ شدَّادٍ قَالَ إِنَّ نَفرا من بني عذرةثلاثة أَتَوُا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَسْلَمُوا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يَكْفِينِيهِمْ؟» قَالَ طَلْحَةُ: أَنَا. فَكَانُوا عِنْدَهُ فَبَعَثَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ»» بَعْثًا فَخَرَجَ فِيهِ أَحَدُهُمْ فَاسْتُشْهِدَ ثُمَّ بَعَثَ بَعْثًا فَخَرَجَ فِيهِ الْآخَرُ فَاسْتُشْهِدَ ثُمَّ مَاتَ الثَّالِثُ عَلَى فِرَاشِهِ. قَالَ: قَالَ طَلْحَةُ: [ص:١٤٥ فَرَأَيْتُ هَؤُلَاءِ الثَّلَاثَةَ فِي الْجَنَّةِ وَرَأَيْتُ الْمَيِّتَ عَلَى فِرَاشِهِ أَمَامَهُمْ وَالَّذِي اسْتُشْهِدَ آخِرًا يَلِيهِ وَأَوَّلَهُمْ يَلِيهِ فَدَخَلَنِي مِنْ ذَلِكَ فَذَكَرْتُ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فَقَالَ: «وَمَا أَنْكَرْتَ مِنْ ذَلِكَ؟ لَيْسَ أَحَدٌ أَفْضَلَ عِنْدَ اللَّهِ مِنْ مُؤْمِنٍ يُعَمَّرُ فِي الْإِسْلَام لتسبيحه»» وتكبيره وتهليله»

5293. अब्दुल्लाह बिन शद्दाद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, बनू अज़्रह के तीन आदमी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और उन्होंने इस्लाम कबूल कर लिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कौन है जो उन के (खाने पीने की) मुझ से ज़िम्मेदारी उठा ले ?” तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, में, चुनांचे वह (तीनो) उन्हीं के पास थे की नबी ﷺ ने एक लश्कर रवाना किया तो उन में से एक इस लश्कर के साथ हो गया और वह शहीद हो गया, फिर आप ने एक लश्कर रवाना किया तो दूसरा शख़्स उस के साथ गया तो वह भी शहीद हो गया, फिर तीसरा शख़्स अपने बिस्तर पर फौत हो गया, रावी बयान करते

हैं, तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने (ख्वाब में) तीनो को जन्नत में देखा और बिस्तर पर वफात पाने वाले को उन के आगे देखा, जो बाद में शहीद हुआ था वह उस के साथ था, जबके पहले शहीद होने वाला शख़्स इस दुसरे (शहीद) के साथ था, चुनांचे उस से मुझे अश्काल पैदा हुआ तो मैंने नबी ﷺ से उस का तज़किरह किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम को उस से कौन सी चीज़ अजीब लगी ? अल्लाह के यहाँ इस मोमिन से अफज़ल कोई शख़्स नहीं जिसे इस्लाम में अल्लाह तआला की तस्बीह व तकबीर और तहलील "لَا اِلٰهَ اِلَّا اللهُ" कहने के लिए तवील उमर दि जाए| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (1 / 163 ح 1401) * السند مرسل وله طريق آخر عند البزار (954 كشف الاستار) و ابى يعلى (634) و سنده ضعيف

٥٢٩٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُحَمَّدِ»» بْنِ أَبِي عَمِيرَةَ وَكَانَ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: إِنَّ عَبْدًا لَوْ خَرَّ عَلَى وَجْهِهِ مِنْ يَوْمَ وُلِدَ إِلَى أَنْ يَمُوتَ هَرَمًا فِي طَاعَةِ اللَّهِ لَحَقَّرَهُ فِي ذَلِكَ الْيَوْمِ وَلَوَدَّ أَنَّهُ رُدَّ إِلَى الدُّنْيَا كَيْمَا يَزْدَادَ من الْأجر والثَّواب رَوَاهُمَا أَحْمد

5294. मुहम्मद बिन अबी उमैर रदी अल्लाहु अन्हु जो के रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबी थे, उन से रिवायत है उन्होंने ने फ़रमाया: अगर बंदा अपने यौम ए पैदाइश से ले कर बुढा हो कर मरने तक अल्लाह की इताअत में सजदाह रेज़ रहे तो वह रोज़ ए क़यामत उस को भी हकीर समझेगा और वह आरज़ू करेगा के काश इसे दुनिया में दोबारा भेज दिया जाए ताकि वह अज्र व सवाब में इज़ाफा कर सके"| दोनों रिवायत को इमाम अहमद ने नकल किया है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (4 / 185 ح 17800)

तवक्कुल और सब्र का बयान • بَاب التَّوَكُّل وَالصَّبْر

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥٢٩٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَدْخُلُ الْجَنَّةَ مِنْ أُمَّتِي سَبْعُونَ أَلْفًا بِغَيْرِ حِسَابٍ هُمُ الَّذِينَ لَا يَسْتَرْقُونَ وَلَا يَتَطَيَّرُونَ وَعَلَى رَبِّهِمْ يَتَوَكَّلُونَ» مُتَّفق عَلَيْهِ

5295. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरी उम्मत के सत्तर हज़ार लोग हिसाब के बगैर जन्नत में जाएँगे, यह वह लोग है जो न दम झाड़ कराते है और न बद्शुगनी लेते थे और वह अपने रब पर तवक्कुल करते थे"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6472) و مسلم (371 / 218)، (524)

٥٢٩٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمًا فَقَالَ: " عُرِضَتْ عَلَيَّ الْأُمَمُ فَجَعَلَ يَمُرُّ النَّبِيُّ وَمَعَهُ الرَّجُلُ وَالنَّبِيُّ وَمَعَهُ الرَّجُلَانِ وَالنَّبِيُّ وَمَعَهُ الرَّهْطُ وَالنَّبِيُّ وَلَيْسَ مَعَهُ أَحَدٌ فَرَأَيْتُ سَوَادًا كَثِيرًا سَدَّ الْأُفُقَ فَرَجَوْتُ أَنْ يَكُونَ أُمَّتِي فَقِيلَ هَذَا مُوسَى فِي قَوْمِهِ ثُمَّ قِيلَ لِي انْظُرْ فَرَأَيْتُ سَوَادًا كَثِيرًا سَدَّ الْأُفُقَ فَقِيلَ لِي انْظُرْ هَكَذَا وَهَكَذَا فَرَأَيْتُ سَوَادًا كَثِيرًا سَدَّ الْأُفق فَقيل: هَؤُلَاءِ أُمَّتُكَ وَمَعَ هَؤُلَاءِ سَبْعُونَ أَلْفًا قُدَّامَهُمْ يَدْخُلُونَ الْجَنَّةَ بِغَيْرِ حِسَابٍ هُمُ الَّذِينَ لَا يَتَطَيَّرُونَ ولايسترقون وَلَا يَكْتَوُونَ وَعَلَى رَبِّهِمْ يَتَوَكَّلُونَ فَقَامَ عُكَّاشَةُ بْنُ مِحْصَنٍ فَقَالَ: ادْعُ اللَّهَ أَنْ يَجْعَلَنِي مِنْهُمْ. قَالَ «اللَّهُمَّ اجْعَلْهُ مِنْهُمْ» . ثُمَّ قَامَ رجل فَقَالَ: ادْعُ اللَّهَ أَنْ يَجْعَلَنِي مِنْهُمْ. فَقَالَ سَبَقَكَ بِهَا عُكَّاشَةُ. مُتَّفق عَلَيْهِ

5296. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “मुझ पर उम्मते पेश की गई, चुनांचे एक नबी गुज़रे उन के साथ एक आदमी था, एक और नबी थे और उन के साथ दो आदमी थे, और एक और नबी थे उन के साथ चंद आदमी थे, जबके किसी नबी के साथ कोई एक भी नहीं था, मैंने एक बड़ा गिरोह देखा जो अफक तक फैला हुआ था, मैंने उम्मीद की के यह मेरी उम्मत होगी लेकिन मुझे बताया गया के यह मूसा अलैहिस्सलाम अपने कौम के साथ है, फिर मुझे कहा गया: देखो, मैंने बहोत बड़ा गिरोह देखा जो अफक तक फैला हुआ था, मुझे कहा गया: इस तरफ (दाए, बाए) देखो, मैंने बहोत बड़ा गिरोह देखा जो अफक पर फैला हुआ था, मुझे बताया गया के यह आप की उम्मत, और उन के साथ उन के आगे सत्तर हज़ार है जो हिसाब के बगैर जन्नत में जाएँगे, यह वह लोग है जो के बद्शुगनी लेते थे न दम झाड़ कराते थे, और ना ही दागते थे और वह सिर्फ अपने रब पर तवक्कुल करते थे”, इतने में उकाशत बिन मुह्सन रदी अल्लाहु अन्हु ने खड़े हो कर अर्ज़ किया, अल्लाह से दुआ फरमाइए के वह मुझे उन में शामिल फरमाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह उस को उन में से कर दे”, फिर एक और आदमी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह से दुआ फरमाइए के वह मुझे भी उन में कर दे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस में उकाशत तुझ से सबकत ले गया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (5752) و مسلم (374 / 220)، (527)

٥٢٩٧ - (صَحِيح) وَعَنْ صُهَيْبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم «عجبا لأمر الْمُؤمن كُله خَيْرٌ وَلَيْسَ ذَلِكَ لِأَحَدٍ إِلَّا لِلْمُؤْمِنِ إِنْ أَصَابَتْهُ سَرَّاءُ شَكَرَ [ص:١٤٥]» فَكَانَ خَيْرًا لَهُ وَإِنْ أَصَابَتْهُ ضَرَّاءُ صَبَرَ فَكَانَ خَيْرًا لَهُ» رَوَاهُ مُسلم

5297. सहियब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन का मुआमला भी अजीब है, उस का हर मुआमला उस के लिए बाईसे खैर है और यह चीज़ सिर्फ मोमिन के लिए खास है, अगर इसे कोई नेअमत मयस्सर आती है तो वह शुक्र करता है और यह उस के लिए बेहतर है, और अगर इसे कोई तकलीफ पहुँचती है तो वह सब्र करता है और यह भी उस के लिए बेहतर है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (64 / 2999)، (7500)

٥٢٩٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمُؤْمِنُ الْقَوِيُّ خَيْرٌ وَأَحَبُّ إِلَى اللَّهِ مِنَ الْمُؤْمِنِ الضَّعِيفِ وَفِي كُلٍّ خَيْرٌ احْرِصْ عَلَى مَا يَنْفَعُكَ واستعن بِاللَّه ولاتعجز وَإِنْ أَصَابَكَ شَيْءٌ فَلَا تَقُلْ لَوْ أَنِّي فَعَلْتُ كَانَ كَذَا وَكَذَا وَلَكِنْ قُلْ قَدَّرَ اللَّهُ وَمَا شَاءَ فَعَلَ فَإِنَّ لَوْ تَفْتَحُ عمل الشَّيْطَان»»» رَوَاهُ مُسلم

5298. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कवी मोमिन, जईफ मोमिन से बेहतर है निज़ वह अल्लाह को ज़्यादा पसंद है, और सब (मोमिनों) में खैर है, तो अपने लिए नफा बख्श चीज़ के लिए मेहनत व कोशिश कर और अल्लाह से मदद तलब कर और आजिज़ी व सुस्ती न कर, और अगर तुझे कोई नुक्सान पहुंचे तो ऐसे न कहो: अगर में (इस तरह, इस तरह) करता तो इस तरह, इस तरह होता बल्के ऐसे कहो अल्लाह ने मुकद्दर किया और जो उस ने चाहा सो किया, क्योंकि (लफ्ज़) “ अगर” अमल शैतान खोलता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (34 / 2664)، (6774)

तवक्कुल और सब्र का बयान • بَاب التَّوَكُّل وَالصَّبْر

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥٢٩٩ - (لم تتمّ دراسته) عَن عمر بن الْخطاب قَالَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: لَوْ أَنَّكُمْ تَتَوَكَّلُونَ عَلَى اللَّهِ حَقَّ تَوَكُّلِهِ لَرَزَقَكُمْ كَمَا يَرْزُقُ الطَّيْرَ تَغْدُو خِمَاصًا وَتَرُوحُ بِطَانًا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

5299. उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अगर तुम अल्लाह पर इस तरह तवक्कुल करो जिस तरह उस पर तवक्कुल करने का हक़ है, तो वह तुम्हें इस तरह रीज़्क फराहम करेगा जिस तरह वह परिंदों को रीज़्क फराहम करता है, वह सुबह के वक़्त भूके निकलते है और शाम के वक़्त शक्म सैर हो कर वापिस आते है”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (2344 وقال : حسن صحیح) و ابن ماجه (4164)

٥٣٠٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَيُّهَا النَّاسُ لَيْسَ مِنْ شَيْءٍ يُقَرِّبُكُمْ إِلَى الْجَنَّةِ وَيُبَاعِدُكُمْ مِنَ النَّارِ إِلَّا قَدْ أَمَرْتُكُمْ بِهِ وَلَيْسَ شَيْءٌ يُقَرِّبُكُمْ مِنَ النَّارِ وَيُبَاعِدُكُمْ مِنَ الْجَنَّةِ إِلَّا قَدْ نَهَيْتُكُمْ عَنْهُ وَإِنَّ الرُّوحَ الْأَمِينَ - وَفِي رِوَايَةٍ: وإِن رُوحَ الْقُدُسِ - نَفَثَ فِي رُوعِي أَنَّ نَفْسًا لَنْ تَمُوتَ حَتَّى تَسْتَكْمِلَ رِزْقَهَا أَلَا فَاتَّقُوا اللَّهَ وَأَجْمِلُوا فِي الطَّلَبِ وَلَا يَحْمِلَنَّكُمُ اسْتِبْطَاءُ الرِّزْقِ أَنْ تَطْلُبُوهُ بِمَعَاصِي اللَّهِ فَإِنَّهُ لَا يُدْرَكُ مَا عِنْدَ اللَّهِ إِلَّا بِطَاعَتِهِ «. رَوَاهُ فِي» شرح السّنة «وَالْبَيْهَقِيّ فِي» شعب الإِيمان " إِلَّا أَنَّهُ لَمْ يَذْكُرْ: «وَإِنَّ رُوحَ الْقُدُسِ»

5300. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “लोगो! हर वह चीज़ जो तुम्हें जन्नत के करीब कर दे और तुम्हें जहन्नम से दूर कर दे में उस के मुत्तल्लिक हुक्म दे चूका हूँ, और हर वह चीज़ जो तुम्हें जहन्नम के करीब कर दे और तुम्हें जन्नत से दूर कर दे में उस से तुम्हें मना कर चूका हूँ, बेशक रुहुल अमीन और एक दूसरी रिवायत में है बेशक रुहुल कुदुसने मेरा दिल में यह बात डाली के कोई नफ्स अपना रीज़्क पूरा किए बगैर फौत नहीं होगा, सुन लो! अल्लाह से डरो और अच्छे तरीके से रीज़्क तलाश करो और रीज़्क की ताखीर तुम्हें इस बात पर अमादा न करे की तुम

अल्लाह की नाफ़रमानी के साथ इसे तलब करो, क्योंकि अल्लाह के यहाँ जो (इनामात) वह तो महज़ उस की इताअत के ज़रिए ही हासिल किए जा सकते है”| शरह सुन्ना बयहकी की शौबुल ईमान अलबत्ता इमाम बयहकी ने “وَاِنَّ رُوْحَ الْقُدُسِ” (और बेशक रुहुल कुदुस) का ज़िक्र नहीं किया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (14 / 303 304 ح 4111) و البيهقى فى شعب الايمان (10376 ، نسخة محققة : 9891) * السند منقطع ، زبيد الايامى لم يدرک ابن مسعود و للحديث شاهدان ضعيفان

٥٣٠١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «الزَّهَادَةُ فِي الدُّنْيَا لَيْسَتْ بِتَحْرِيمِ وَلَا إِضَاعَةِ الْمَالِ وَلَكِنَّ الزَّهَادَةَ فِي الدُّنْيَا أَنْ لَا تَكُونَ بِمَا فِي يَدَيْكَ أَوْثَقَ بِمَا فِي يَد اللَّهِ وَأَنْ تَكُونَ فِي ثَوَابِ الْمُصِيبَةِ إِذَا أَنْتَ أُصِبْتَ بِهَا أَرْغَبَ فِيهَا لَوْ أَنَّهَا أُبْقِيَتْ لَكَ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَعَمْرُو بْنُ وَاقِدٍ الرَّاوِي مُنكر الحَدِيث

5301. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “दुनिया से बे रगबती, हलाल को हराम करने और माल ज़ाए करने का नाम नहीं, बल्के दुनिया से बे रगबती यह है कि जो कुछ तेरे हाथ में है वह इस चीज़ से जो अल्लाह के हाथो में है, ज़्यादा काबिल एतमाद न हो, और यह कि न हो तो मुसीबत के सवाब में जब तू उस में मुब्तिला कर दिया जाए, रगबत करने वाला के वह (मुसीबत) तुझे न पहुँचती”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है, और अम्र बिन वाकिद रावी मुनकर उल हदीस है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (2340) و ابن ماجه (4100) * عمرو بن واقد : متروک

٥٣٠٢ - (صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كُنْتُ خَلْفَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمًا فَقَالَ: «يَا غُلَامُ احْفَظِ اللَّهَ يَحْفَظْكَ احْفَظِ اللَّهَ تَجِدْهُ تُجَاهَكَ وَإِذَا سَأَلْتَ فَاسْأَلِ اللَّهَ وَإِذَا اسْتَعَنْتَ فَاسْتَعِنْ بِاللَّهِ وَاعْلَمْ أَنَّ الْأُمَّةَ لَوِ اجْتَمَعَتْ عَلَى أَنْ يَنْفَعُوكَ بِشَيْءٍ لَمْ يَنْفَعُوكَ إِلَّا بِشَيْءٍ قَدْ كَتَبَهُ اللَّهُ لَكَ وَلَوِ اجْتَمَعُوا عَلَى أَنْ يَضُرُّوكَ بِشَيْءٍ»» لَمْ يَضُرُّوكَ إِلَّا بِشَيْءٍ قَدْ كَتَبَهُ اللَّهُ عَلَيْكَ رُفِعَتِ الأَقلام وجفَّت الصُّحُف» رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

5302. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक रोज़ मैं रसूलुल्लाह ﷺ के पीछे (सवारी पर बैठा हुआ) था आप ﷺ ने फ़रमाया: “लड़के! तू अल्लाह (के अहकाम) की हिफाज़त कर, अल्लाह तेरी हिफाज़त फरमाएगा, तू अल्लाह (के हुकुक) का ख़याल रख, तू उसे अपने सामने पाएगा और जब तू सवाल करे तो सिर्फ अल्लाह से कर, जब तू मदद तलब करे तो सिर्फ अल्लाह से मदद तलब कर, और जान ले के अगर पूरी उम्मत भी जमा हो कर तुझे कुछ फ़ायदा पहुचाना चाहे तो वह तुझे उस से ज़्यादा कुछ फ़ायदा नहीं पहुंचा सकती जो अल्लाह ने तेरे लिए लिख दिया है, और अगर वह तुझे नुक्सान पहुँचाने के लिए जमा हो जाए तो वह तुझे उस से ज़्यादा कुछ नुक्सान नहीं पहुंचा सकती जो अल्लाह ने तेरे लिए लिख दिया है, कलम उठा लिए गए और सहिफे खुश्क हो गए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (1 / 293 ح 2669) و الترمذى (2516 وقال : حسن صحيح)

٥٣٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ سَعْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مِنْ سَعَادَةِ ابْنِ آدَمَ رِضَاهُ بِمَا قَضَى اللَّهُ لَهُ وَمِنْ شَقَاوَةِ ابْنِ آدَمَ تَرْكُهُ اسْتِخَارَةِ اللَّهِ وَمِنْ شَقَاوَةِ ابْنِ آدَمَ سُخْطُهُ بِمَا قَضَى اللَّهُ لَهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5303. साअद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इन्सान की सआदतमंदी इसी में है के वह अपने बारे में अल्लाह के हुक्म और क़दर पर राज़ी हो, इन्सान की बदनसीबी है के वह अल्लाह से खैर तलब करना छोड़ दे और इन्सान की बदनसीबी है के वह अपने बारे में अल्लाह के हुक्म और क़दर पर राज़ी न हो”| अहमद तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 168 ح 1444) و الترمذی (2151) * محمد بن ابی حمید : ضعیف

بَاب التَّوَكُّل وَالصَّبْر • तवक्कुल और सब्र का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٥٣٠٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن جَابر أَنَّهُ غَزَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قبل نجد فَلَمَّا قفَلَ مَعَهُ فَأَدْرَكَتْهُمُ الْقَائِلَةُ فِي وَادٍ كَثِيرِ الْعِضَاهِ فَنَزَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَتَفَرَّقَ النَّاسُ يَسْتَظِلُّونَ بِالشَّجَرِ فَنَزَلَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَحْتَ سَمُرَةٍ فَعَلَّقَ بِهَا سَيْفَهُ وَنِمْنَا نَوْمَةً فَإِذَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَدْعُونَا وَإِذَا عِنْدَهُ أَعْرَابِيٌّ فَقَالَ: " إِنَّ هَذَا اخْتَرَطَ [ص:١٤٦] عَلَيَّ سَيْفِي وَأَنَا نَائِمٌ فَاسْتَيْقَظْتُ وَهُوَ فِي يَدِهِ صَلتا. قَالَ: مَا يَمْنَعُكَ مِنِّي؟ فَقُلْتُ: اللَّهُ ثَلَاثًا " وَلَمْ يُعَاقِبْهُ وَجلسَ. مُتَّفق عَلَيْهِ

5304. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने नबी ﷺ के साथ नज्द की तरफ जिहाद किया, जब रसूलुल्लाह ﷺ वापिस आए तो वह भी आप के साथ वापिस आए, सहाबा किराम को घने खारदार दरख्तों की वादी में दो पहर को नींद ने आ लिया चुनांचे रसूलुल्लाह ﷺ ने (आराम की गर्ज़ से) यहाँ पड़ाव डाला और सहाबा किराम दरख्तों के साए की तलाश में अलग अलग हो गए, रसूलुल्लाह ﷺ ने केकड़ के दरख्त के निचे पड़ाव डाला और अपने तलवार इस (दरख्त) के साथ लटका दी, और हम थोड़ी देर के लिए सो गए, अचानक रसूलुल्लाह ﷺ हमें बुलाने लगे हमने देखा के एक आराबी आप के पास है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस ने मुझ पर मेरी तलवार सोंट ली जबके मैं इस वक़्त आराम कर रहा था, मैं बेदार हुआ तो तलवार उस के हाथ में सोंटी हुई थी, उस ने कहा तुझे मुझ से कौन बचाएगा ? मैंने तीन मर्तबा कहा: “अल्लाह (बचाएगा)”| आप ﷺ ने उस की कोई सरजंश नहीं की और आप बैठ गए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2910) و مسلم (311 / 843)، (1949)

٥٣٠٥ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي رِوَايَةٍ»» أَبِي بَكْرٍ الْإِسْمَاعِيلِيِّ فِي «صَحِيحِهِ» فَقَالَ: مَنْ يَمْنَعُكَ مِنِّي؟ قَالَ: «اللَّهُ» فَسَقَطَ السيفُ من يَده فَأخذ السَّيْف فَقَالَ: «مَنْ يَمْنَعُكَ مِنِّي؟» فَقَالَ: كُنْ خَيْرَ آخِذٍ. فَقَالَ: «تَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنِّي رَسُولُ اللَّهِ» . قَالَ: لَا وَلَكِنِّي أُعَاهِدُكَ عَلَى أَنْ لَا أُقَاتِلَكَ وَلَا أَكُونَ مَعَ قَوْمٍ يُقَاتِلُونَكَ فَخَلَّى سَبِيلَهُ فَأَتَى أَصْحَابَهُ فَقَالَ: جِئْتُكُمْ مِنْ عِنْدِ خَيْرِ النَّاسِ. هَكَذَا فِي «كتاب الْحميدِي» و «الرياض»

5305. और अबू बकर इस्माइली ने अपने सहीह में यूँ रिवायत की है, उस ने कहा तुझे मुझ से कौन बचाएगा ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह! तलवार उस के हाथ से गिर गई, रसूलुल्लाह ﷺ ने तलवार पकड़ कर फ़रमाया: “तुझे मुझ से कौन बचाएगा ?” उस ने अर्ज़ किया, आप बेहतर पकड़ने वाले हैं (यानी मुआफ़ कर दें) आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम गवाही देते हो के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, और यह कि में अल्लाह का रसूल हूँ ?” उस ने कहा: नहीं ? लेकिन में आप ﷺ से यह अहद करता हूँ की मैं आप से ने तो किताल करूँगा और न आप से किताल करने वालो का साथ दूंगा, आप ﷺ ने उस का रास्ता छोड़ दिया (इसे जाने दीया) वह (आराबी) अपने साथियो के पास आया और कहा: में बेहतरीन शख़्स के पास से तुम्हारे पास आया हूँ| किताब अल हुमैदी और रियाज़ अल स्वालेहीन में इसी तरह है| (सहीह)

اسناده صحیح ، ذکره النووی فی ریاض الصالحین (78 بتحقیقی) و رواه البیهقی فی دلائل النبوة (3 / 375 376 من طریق الاسماعیلی به و لعله اسلم بعد کما یظهر من کلامه و من اجله ذکر فی الصحابة)

٥٣٠٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَبِي ذَرٍّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنِّي لَأَعْلَمُ آيَةً لَو أخَذ النَّاسُ بهَا لكفتهم: (من يتق الله يَجْعَل لَهُ مخرجاويرزقه من حيثُ لَا يحتسبُ)»» رَوَاهُ أَحْمد وَابْن مَاجَه والدارمي

5306. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं एक ऐसी आयत जानता हूँ कि अगर लोग उस पर अमल करे तो वह इन के लिए काफी हो जाए: “जो शख़्स अल्लाह से डर जाए तो वह उस के लिए (तमाम मुश्किलात से) निकलने की राहे पैदा फरमादेगा और इसे ऐसी जगह से रीज़्क फराहम करे जिस के बारे में उसे वह हो गुमान भी न था”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (5 / 178 ح 21884) و ابن ماجه (4220) و الدارمی (2 / 303 ح 2728) * اعله البوصیری بالانقطاع لان ابا السلیل لم یدرک ابا ذر رضی الله عنه کما فی التهذیب وغیره

٥٣٠٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ»» مَسْعُودٍ قَالَ: أَقْرَأَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: (إِنِّي أَنَا الرَّزَّاقُ ذُو الْقُوَّةِ الْمَتِينُ)»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حسن صَحِيح

5307. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे यह आयत सिखाई: “बेशक मैं ही रीज़्क अता करने वाला, कुव्वत व ताकत वाला हूँ”| अबू दावुद, तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

صحیح ، رواه ابوداؤد (3993) و الترمذی (2940)

٥٣٠٨ - (إِسْنَاده جيد) وَعَن أنسٍ قَالَ: كَانَ أَخَوَانِ عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَانَ أَحَدُهُمَا يَأْتِي النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالْآخَرُ يَحْتَرِفُ فَشَكَا المحترف أَخَاهُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «لَعَلَّكَ تُرْزَقُ بِهِ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث صَحِيح غَرِيب

5308. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के दौर में दो भाई थे, उन में से एक नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर होता था जबके दूसरा कारोबार किया करता था, कारोबार करने वाले ने अपने भाई की नबी ﷺ से शिकायत की,

तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “शायद के तुम्हें इसी की वजह से रीज़्क दिया जाता है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस सहीह ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2345)

٥٣٠٩ - وَعَنْ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ قَلْبَ ابْنِ آدَمَ بِكُلِّ وَادٍ شُعْبَةٌ فَمَنْ أَتْبَعَ قَلْبَهُ الشُّعَبَ كُلَّهَا لَمْ يُبَالِ اللَّهُ بِأَيِّ وَادٍ أَهْلَكَهُ وَمَنْ [ص:١٤٦ تَوَكَّلَ عَلَى اللَّهِ كَفَاهُ الشّعب» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه

5309. अमर बिन आस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक इन्सान का दिल का हर वादी में हिस्सा है, जो शख़्स अपने दिल को तमाम हिस्सों के पीछे लगाता है तो अल्लाह को उस की परवाह नहीं ख्वाह वह इसे किसी भी वादी में हलाक कर दे, और जो शख़्स अल्लाह पर तवक्कुल करता है तो वह तमाम हिस्सों से किफ़ायत कर जाता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (4166) * فیه صالح بن رزین : مجھول وقال الذھبی :’’ حدیثه منکر ‘‘ و السند ضعفه البوصیری من اجل صالح ھذا

٥٣١٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " قَالَ رَبُّكُمْ عَزَّ وَجَلَّ: لَوْ أَنَّ عَبِيدِي أَطَاعُونِي لَأَسْقَيْتُهُمُ الْمَطَرَ بِاللَّيْلِ وَأَطْلَعْتُ عَلَيْهِمُ الشَّمْسَ بِالنَّهَارِ وَلَمْ أُسْمِعْهُمْ صَوْتَ الرَّعدِ ". رَوَاهُ أَحْمد

5310. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारे रब अज्ज़वजल ने फ़रमाया: अगर मेरे बन्दे मेरी इताअत करे तो मैं रात के वक़्त इन पर बारिश बरसाऊ और दिन के वक़्त इन पर सूरज निकालू और उन्हें गरज की आवाज़ भी न सुनाउ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (2 / 359 ح 8693) [و الحاکم (4 / 256)] * صدقة بن موسی الدقیقی السلمی ضعیف ضعفه المجھور

٥٣١١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ»» قَالَ: دَخَلَ رَجُلٌ عَلَى أَهْلِهِ فَلَمَّا رَأَى مَا بِهِمْ مِنَ الْحَاجَةِ خَرَجَ إِلَى الْبَرِّيَّةِ فَلَمَّا رَأَتِ امْرَأَتُهُ قَامَتْ إِلَى الرَّحَى فَوَضَعَتْهَا وَإِلَى التَّنُّورِ فَسَجَرَتْهُ ثُمَّ قَالَتْ: اللَّهُمَّ ارْزُقْنَا فَنَظَرَتْ فَإِذَا الْجَفْنَةُ قَدِ امْتَلَأَتْ. قَالَ: وَذَهَبَتْ إِلَى التَّنُّورِ فَوَجَدَتْهُ مُمْتَلِئًا. قَالَ: فَرَجَعَ الزَّوْجُ قَالَ: أَصَبْتُمْ بَعْدِي شَيْئًا؟ قَالَتِ امْرَأَتُهُ: نَعَمْ مِنْ رَبِّنَا وَقَامَ إِلَى الرَّحَى فَذُكِرَ ذَلِكَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «أَمَا إِنَّهُ لَوْ لَمْ يَرْفَعْهَا لَمْ تَزَلْ تَدور إِلَى يَوْم الْقِيَامَة» . رَوَاهُ أَحْمد

5311. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आदमी अपने अहल व अयाल के पास गया, जब उस ने उनकी (भूख की) ज़रूरत देखी तो वह सहरा (रेगिस्तान) की तरफ चला गया, जब उस की अहलिया ने देखा तो वह चक्की की तरफ गई तो उसे दुरुस्त किया और तंदूर की तरफ गई और इसे जलाया, फिर इस औरत ने दुआ की, ऐ अल्लाह! हमें रीज़्क अता फरमा, उस ने देखा के अचानक डब्बा (रोटियों) से भर चूका है, रावी बयान करते हैं, वह तंदूर की तरफ गई तो उसे भी (रोटियों से) भरा हुआ पाया, रावी बयान करते हैं, शोहर वापिस आया तो उस ने कहा, क्या मेरे बाद तुम्हें कोई चीज़ मिली है ? अहलिया ने कहा: जी हाँ, हमारे रब की तरफ से, वह चक्की की तरफ गया (ताके इसे देखे) नबी ﷺ से इस का ज़िक्र

किया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर वह इस (चक्की के पाट) को न उठाता तो वह रोज़ ए क़यामत तक चलती रहती”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 513 ح 10667) [و الطبرانی فی الاوسط (5584)] * هشام بن حسان مدلس و عنعن عن محمد بن سرين الخ

٥٣١٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» الدَّرْدَاءِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الرِّزْقَ لَيَطْلُبُ الْعَبْدَ كَمَا يَطْلُبُهُ أَجَلُهُ» . رَوَاهُ أَبُو نُعَيْمٍ فِي «الْحِلْيَة»

5312. अबू दरदा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “यक़ीनन रीज़्क बन्दे को इस तरह तलाश करता है जिस तरह उस की मौत इसे तलाश करती है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابو نعيم فی حلية الاولياء (6 / 86) * الوليد بن مسلم كان يدلس تدليس التسوية ولم يصرح بالسماع المسلسل و للحديث شاهدان ضعيفان فی الحلية (7 / 90 ، 246) و الكامل لابن عدى وغيرهما

٥٣١٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كَأَنِّي أَنْظُرُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَحْكِي نَبِيًّا مِنَ الْأَنْبِيَاءِ ضَرَبَهُ قَوْمُهُ فَأَدْمَوْهُ وَهُوَ يَمْسَحُ الدَّمَ عَنْ وَجْهِهِ وَيَقُولُ: «اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِقَوْمِي فَإِنَّهُمْ لَا يَعْلَمُونَ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5313. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गोया मैं रसूलुल्लाह ﷺ को देख रहा हूँ कि आप अंबिया अलैहिस्सलाम में से एक नबी का वाकिया बयान कर रहे हैं, उनकी कौम ने उन्हें मारा और लहुलुहान कर दिया और वह अपने चेहरे से खून साफ़ कर रहे हैं और फरमा रहे हैं, ऐ अल्लाह! मेरी कौम की मगफिरत फरमा क्योंकि वह शउर नहीं रखते| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3477) و مسلم (105 / 1792)، (4646)

रिया व शोहरत का बयान • بَاب الرِّيَاء والسمعة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥٣١٤ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ لَا ينظر إِلَى صوركُمْ وَلَا أموالِكم وَلَكِنْ يَنْظُرُ إِلَى قُلُوبِكُمْ وَأَعْمَالِكُمْ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

5314. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “यक़ीनन अल्लाह तुम्हारी सूरतो और अमवाल को नहीं देखता, बल्के वह तुम्हारे दिलों और आमाल को देखता है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (34 /2564)، (6543)

٥٣١٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: أَنَا أَغْنَى الشُّرَكَاءِ عَنِ الشِّرْكِ مَنْ عَمِلَ عَمَلًا أَشْرَكَ فِيهِ مَعِي غَيْرِي تَرَكْتُهُ وَشِرْكَهُ " وَفِي رِوَايَةٍ: فَأَنَا مِنْهُ بَرِيءٌ هُوَ لِلَّذِي عَمِلَهُ ". رَوَاهُ مُسلم

5315. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला फरमाता है, मैं (दुसरे) तमाम शरीको के मुकाबले में शिर्क से सबसे ज़्यादा बेनियाज़ हूँ, जो कोई ऐसा अमल करे जिस में वह मेरे साथ मेरे अलावा किसी और को भी शरीक करे तो मैं उस को उस के शिर्क समेत छोड़ देता हूँ”| एक और रिवायत में है: “मैं इस अमल करने वाले से बेज़ार हूँ वह अमल इसी के लिए है जिस के लिए उस ने किया है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (46 / 2985)، (7475)

٥٣١٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ جُنْدُبٍ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَمَّعَ سَمَّعَ اللَّهُ بِهِ وَمَنْ يُرَائِي يُرَائِي اللَّهُ بِهِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5316. जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स शोहरत की खातिर कोई अमल करता है तो (रोज़ ए क़यामत) अल्लाह इस शख़्स को (लोगो के सामने) ज़लील फरमाएगा (के उस ने इस नियत से अमल किया था) और जो दिखलावा करता है तो अल्लाह इसे (लोगो को) दिखला देगा की यह शख़्स रियाकार है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6499) و مسلم (48 / 2987)، (7477)

٥٣١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قِيلَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَرَأَيْتَ الرَّجُلَ يَعْمَلُ الْخَيْرِ وَيَحْمَدُهُ النَّاسُ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةٍ: يُحِبُّهُ النَّاسُ عَلَيْهِ قَالَ: «تِلْكَ عَاجِلُ بُشْرَى الْمُؤْمِنِ» . رَوَاهُ مُسلم

5317. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से अर्ज़ किया गया, आप बताइए, एक आदमी नेकी का काम करता है, उस पर लोग उस की तारीफ़ करते हैं, एक दूसरी रिवायत में है, उस पर लोगो इसे पसंद करते हैं (इस का क्या हुक्म है ?) आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये मोमिन के लिए पेशगी बशारत है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (166 / 2642)، (6721)

रिया व शोहरत का बयान • بَاب الرِّيَاء و السمعة

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥٣١٨ - (حسن) عَن أبي سعدِ بن أبي فَضَالَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِذَا جَمَعَ [ص:١٤٦ اللَّهُ النَّاسَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ لِيَوْمٍ لَا رَيْبَ فِيهِ نَادَى مُنَادٍ: مَنْ كَانَ أشركَ فِي عملٍ عمله لِلَّهِ أحدا فَلْيَطْلُبْ ثَوَابَهُ مِنْ عِنْدِ غَيْرِ اللَّهِ فَإِنَّ اللَّهَ أَغْنَى الشُّرَكَاءِ عَنِ الشِّرْكِ ." رَوَاهُ أَحْمَدُ

5318. अबू सईद बिन अबी फ़ुज़ालह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अल्लाह लोगो को रोज़ ए क़यामत, जिस में कोई शक नहीं, (हिसाब के लिए) जमा फरमाएग, तो एक एलान करने वाला एलान करेगा: जिस ने किसी ऐसे अमल में, जिसे उस ने अकेले अल्लाह के लिए किया था, शरीक बनाया तो वह अपना सवाब अल्लाह के अलावा किसी और से तलब करे, क्योंकि अल्लाह (दुसरे) तमाम शरीको के मुकाबले में शिर्क से सबसे ज़्यादा बेनियाज़ है”| (हसन)

حسن ، رواه احمد (3 / 466 ح 15932) [و الترمذی (3154) و ابن ماجه (4203)]

٥٣١٩ - (صَحِيح) وَعَن عبد الله بن عَمْرو أَنَّهُ سَمِعَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَنْ سَمَّعَ النَّاسَ بِعَمَلِهِ سَمَّعَ اللَّهُ بِهِ أَسَامِعَ خَلْقِهِ وَحَقَّرَهُ وَصَغَّرَهُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي «شعب الْإِيمَان»

5319. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स अपने अमल के मुत्तल्लिक लोगो को सुनाता है तो अल्लाह उस के मुत्तल्लिक अपने मखलूक के कानो तक सुना देता है और वह इसे हकीर व ज़लील कर देता है”| (सहीह)

صحیح ، رواہ البیھقی فی شعب الایمان (6822 ، نسخۃ محققۃ : 6403) [و احمد (2 / 162 ، 212 ، 223)] * قلت : فیه رجل یقال له ابو یزید وھو خیثمة بن عبد الرحمن کما فی حلیة الاولیاء (4 / 123) و مجمع الزوائد (10 / 222) فالحدیث صحیح و الحمد لله

٥٣٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ كَانَتْ نِيَّتُهُ طَلَبَ الْآخِرَةِ جَعَلَ اللَّهُ غِنَاهُ فِي قَلْبِهِ وَجَمَعَ لَهُ شَمْلَهُ وَأَتَتْهُ الدُّنْيَا وَهِيَ رَاغِمَةٌ وَمَنْ كَانَتْ نِيَّتُهُ طَلَبَ الدُّنْيَا جَعَلَ اللَّهُ الْفَقْرَ بَيْنَ عَيْنَيْهِ وَشَتَّتَ عَلَيْهِ أَمْرَهُ وَلَا يَأْتِيهِ مِنْهَا إِلاَّ مَا كُتِبَ لَهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَرَوَاهُ أَحْمد

5320. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स की नियत तलबे आखिरत हो तो अल्लाह उस का दिल को गनी कर देता है, और उस के मुआमले को मजतमअ (जटिल) फरमा देंता है और दुनिया ज़लील हो कर उस के पास चली आती है, और जिस शख़्स की नियत तलबे दुनिया हो तो अल्लाह उस की पेशानी पर फकीरी सब्त

(लिख) फरमा देंता है, उस के मुआमले को मुन्तशर कर देता है और दुनिया इसे उतनी ही मिलती है जितनी अल्लाह ने उस के लिए लिख दी है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (2465 وقال : حسن غريب) و احمد (5 / 183 ح 21925) و للحديث الآتى يغنى عنه) * يزيد بن ابان الرقاشى زاهد ضعيف

٥٣٢١ - (لم تتمّ دراسته) وَالدَّارِمِيُّ عَنْ أَبَانٍ عَنْ زَيْدِ بْنِ ثَابِتٍ

5321. इमाम दारमी ने इसे अबान की सनद से ज़ैद बिन साबित रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه الدارمى (1 / 75 ح 235) * ابان هو ابن عثمان و سنده صحيح ، و انظر سنن ابى داود (3660) و الترمذى (2656) وغيرهما

٥٣٢٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ بَيْنَا أَنَا فِي بَيْتِي فِي مُصَلَّايَ إِذْ دَخَلَ عَلَيَّ رَجُلٌ فَأَعْجَبَنِي الْحَالُ الَّتِي رَآنِي عَلَيْهَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " رَحِمَكَ اللَّهُ يَا أَبَا هُرَيْرَةَ لَكَ أَجْرَانِ: أَجْرُ السِّرِّ وَأَجْرُ الْعَلَانِيَةِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

5322. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! इस असना में की मैं अपने घर में अपने जाए नमाज़ पर होता हूँ तो अचानक एक आदमी मेरे पास आता है मुझे वह अपनी हालत अच्छी लगती है जिस में वह मुझे देखता है, (क्या यह भी रियाकारी है ?) रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अबू हुरैरा! अल्लाह तुम पर रहम फरमाए, तुम्हारे लिए दुगना अज़र है, पोशीदा का अज़र और ज़ाहिर का अज़र”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2384) [و ابن ماجه (4226)] * حبيب بن ابى ثابت مدلس و عنعن

٥٣٢٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَخْرُجُ فِي آخِرِ الزَّمَانِ رِجَالٌ يَخْتِلُونَ الدُّنْيَا بِالدِّينِ يَلْبَسُونَ لِلنَّاسِ جُلُودَ الضَّأْنِ مِنَ اللِّينِ أَلْسِنَتُهُمْ أَحْلَى مِنَ السُّكَّرِ [ص:١٤٦ وَقُلُوبُهُمْ قُلُوبُ الذِّئَابِ يَقُولُ اللَّهُ: «أَبِي يَغْتَرُّونَ أَمْ عليَّ يجترؤون؟ فَبِي حَلَفْتُ لَأَبْعَثَنَّ عَلَى أُولَئِكَ مِنْهُمْ فِتْنَةً تدع الْحَلِيم فيهم حيران» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5323. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आखरी ज़माने में कुछ ऐसे लोग ज़ाहिर होंगे जो दीन के बदले में दुनिया तलब करेंगे, वह लोगो को खुश करने के लिए बकरी की खाल पहनेंगे उनकी ज़बाने (यानी गुफ्तगू) चीनी से ज़्यादा मीठी होगी, और उन का दिल भेड़ीयों के दिलों जैसे होंगे, अल्लाह फरमाता है, वह धोके में मुब्तिला है (के में उन्हें मुहलत दे रहा हूँ) या वह मेरे खिलाफ जिरात (जुर्रत) करते हैं, मैं अपनी क़सम उठाता हूँ की मैं ऐसे लोगो पर उन्हीं में से एक फितने बरपा करूँगा के वह उन के हलिम बर्दबार (सहनशील) शख़्स को भी हैरान छोड़ देगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الترمذى (2404) * فيه يحيى بن عبيدالله متروک و افحش الحاكم فرماه بالوضع ، قلت : رواية المتروک مثل رواية الكذاب ، لا يستشهد به ولا يعتبر ابدًا

٥٣٢٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ»» عُمَرَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ اللَّهَ تَبَارَكَ وَتَعَالَى قَالَ: لَقَدْ خَلَقْتُ خَلْقًا أَلْسِنَتُهُمْ أَحْلَى مِنَ السُّكَّرِ وَقُلُوبُهُمْ أَمَرُّ مِنَ الصَّبْرِ فَبِي حَلَفْتُ لَأُتِيحَنَّهُمْ فِتْنَةً تَدَعُ الْحَلِيمَ فِيهِمْ حَيْرَانَ فَبِي يغترّون أم عليَّ يجترؤون؟ " رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حديثٌ غَرِيب

5324. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह तबारक व तआला ने फ़रमाया: “मैंने एक ऐसी मखलूक पैदा की है के उनकी ज़बाने चीनी से ज़्यादा शिरीन और उन का दिलएल्वे (एक बूटी) से ज़्यादा कड़वे है में अपनी ज़ात की क़सम उठाता हूँ में उन्हें एक फितने में मुब्तिला करूँगा के वह उन के हलिम (अक्लमंद व बर्दबार (सहनशील)) शख़्स को भी हैरान छोड़ देगा, क्या यह मेरी वजह से धोके में मुब्तिला हुए हैं या मेरे खिलाफ जिरात (जुर्रत) करते हैं ?” तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف رواه الترمذى (2405) * حمزة بن ابى محمد : ضعيف

٥٣٢٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ لِكُلِّ شَيْءٍ شِرَّةٌ وَلِكُلِّ شِرَّةٍ فَتْرَةٌ فَإِنْ صَاحِبُهَا سَدَّدَ وَقَارَبَ فَارْجُوهُ وَإِنْ أُشِيرَ إِلَيْهِ بِالْأَصَابِعِ فَلَا تعدوه» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5325. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “बेशक हर चीज़ के लिए रगबत व निशाट (अमल) होती है और हर रगबत व निशाट (अमल) के लिए ज़ईफ़ व सुस्ती भी होती है, अगर इस रगबत रखने वाले ने मियाने रिवाय (संयम) रखी और इफरात से दुरी रखी तो उस की (कामियाबी की) उम्मीद रखो और अगर उस की तरफ उंगलिया उठाई जाए (इस की मशहूरी हो जाए) तो उसे शुमार न करो”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (2452 وقال : حسن صحيح غريب)

٥٣٢٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ»» عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «بِحَسب امريءٍ مِنَ الشَّرِّ أَنْ يُشَارَ إِلَيْهِ بِالْأَصَابِعِ فِي دِينٍ أَوْ دُنْيَا إِلَّا مَنْ عَصَمَهُ اللَّهُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

5326. अनस रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “किसी आदमी के लिए यही शर काफी है के उस के दीन या दुनिया के मुआमले में उस की तरफ उंगलिया उठाई जाए (इस की शोहरत हो जाए) मगर वह शख़्स जिसे अल्लाह महफ़ूज़ रखे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (6978 ، نسخة محققة : 6580) * كلثوم بن محمد بن ابى سدرة الحلبى ضعيف على الراجح و عطاء بن ابى مسلم الخراسانى عن ابى هريرة : مرسل

रिया व शोहरत का बयान — بَاب الرِّيَاء والسمعة

तीसरी फस्ल — الْفَصْل الثَّالِث

٥٣٢٧ - (صَحِيح) عَن»» أبي تَمِيمَة قَالَ: شَهِدْتُ صَفْوَانَ وَأَصْحَابَهُ وَجُنْدَبٌ يُوصِيهِمْ فَقَالُوا: هَلْ سَمِعْتُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَيْئًا؟ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " مَنْ سَمَّعَ إِنَّ أَوَّلَ مَا يُنْتِنُ مِنَ الْإِنْسَانِ بَطْنُهُ فَمن اسْتَطَاعَ أَن لَا يَأْكُل إِلا طيبا فَلْيَفْعَلْ وَمَنِ اسْتَطَاعَ أَنْ لَا يَحُولَ بَيْنَهُ وَبَيْنَ الْجَنَّةِ مِلْءُ كَفٍّ مِنْ دَمٍ أَهَرَاقَهُ فَلْيَفْعَل. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5327. अबू तमीम रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैं सफवान रहीमा उल्लाह और उन के साथियो के पास मौजूद था और जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु उन्हें वाज़ व नसीहत फरमा रहे थे, उन्होंने पूछा: क्या आप ने रसूलुल्लाह ﷺ से कुछ सुना है ? उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स शोहरत की खातिर कोई अमल करता है तो रोज़ ए क़यामत अल्लाह उस को रुसवा करेगा (की यह इस नियत से अमल करता था) और जो अपने जान को मशक्कत में डालता है तो अल्लाह रोज़ ए क़यामत इसे मशक्कत में मुब्तिला कर देगा”, उन्होंने कहा: हमें वसीयत फरमाइए: उन्होंने ने फ़रमाया: इन्सान के जिस्म से उस का पेट सबसे पहले ख़राब होता है, लिहाज़ा जो शख़्स इस्तिताअत रखता हो के वह सिर्फ हलाल ही खाएगा तो उसे ऐसे ही करना चाहिए और जो शख़्स इस्तिताअत रखे के उस के और जन्नत के दरमियान एक चुल्लू खून, जो उस ने नाजायज़बहाया हो वह हाइल न हो तो वह ज़रूर नाजायज़खून बहाने से बचे| (बुखारी)

رواه البخارى (7152)

٥٣٢٨ - (ضَعِيف) وَعَن»» عمر بن الْخطاب أَنَّهُ خَرَجَ يَوْمًا إِلَى مَسْجِدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَوَجَدَ مُعَاذَ بْنَ جَبَلٍ قَاعِدًا عِنْدَ قَبْرِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَبْكِي فَقَالَ: مَا يُبْكِيكَ؟ قَالَ: يُبْكِينِي شَيْءٌ سَمِعْتُهُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ يَسِيرَ الرِّيَاءِ شِرْكٌ وَمَنْ عَادَى لِلَّهِ وَلِيًّا فَقَدْ بَارَزَ اللَّهَ بِالْمُحَارَبَةِ إِنَّ اللَّهَ يُحِبُّ الْأَبْرَارَ الْأَتْقِيَاءَ الْأَخْفِيَاءَ الَّذِينَ إِذَا غَابُوا لَمْ يُتَفَقَّدُوا وَإِنْ حَضَرُوا لَمْ يُدْعَوْا وَلَمْ يُقَرَّبُوا قُلُوبُهُمْ مَصَابِيحُ الْهُدَى يَخْرُجُونَ مِنْ كُلِّ غَبْرَاءَ مُظْلِمَةٍ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

5328. उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ की मस्जिद की तरफ आए तो उन्होंने मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु को नबी ﷺ की कब्र के पास रोता हुआ देख कर उन से पूछा: तुम्हें कौन सी चीज़ रुला रही है ? उन्होंने ने फ़रमाया: मुझे वह चीज़ रुला रही है जो मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से सुनी थी, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मामूली सी रियाकारी भी शिर्क है, और जिस शख़्स ने मेरे किसी दोस्त से दुश्मनी रखी तो वह शख़्स अल्लाह के साथ जंग करने के लिए मैदान में उतर आया, बेशक अल्लाह ऐसे नेक, मुत्तकी और गुम नाम लोगो को पसंद करता है की जब वह गायब हो तो उन्हें तलाश न किया जाता हो और अगर मौजूद हो तो उन्हें मदउ (बुलाया) नहीं किया जाता और न उन्हें करीब किया जाता है, उन का दिल हिदायत के चिराग हैं, वह हर किस्म के गर्द व गुबार से दूर हैं”, (किसी फितने का शिकार नहीं होते)| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه ابن ماجه (3989) و البيهقى فى شعب الايمان (6812)

٥٣٢٩ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ الْعَبْدَ إِذَا صَلَّى فِي الْعَلَانِيَةِ فَأَحْسَنَ وَصَلَّى فِي السِّرِّ فَأَحْسَنَ قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: هَذَا عَبْدِي حَقًّا ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

5329. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बेशक बंदा जब एलानिया नमाज़ पढ़ता है तो अच्छे तरीके से पढ़ता है और तन्हाई में नमाज़ पढ़ता है तो भी अच्छे तरीके से पढ़ता है, अल्लाह तआला फरमाता है, यह मेरा बंदा मुखलिस है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (4200) * بقية مدلس و عنعن وقال ابو حاتم :'' هذا حديث منكر ، يشبه ان يكون من حديث عباد بن كثير ''

٥٣٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ مُعَاذِ»» بْنِ جَبَلٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَكُونُ فِي آخِرِ الزَّمَانِ أَقْوَامٌ إِخْوَانُ الْعَلَانِيَةِ أَعْدَاءُ السَّرِيرَةِ» . فَقِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَكَيْفَ يَكُونُ ذَلِكَ. قَالَ: «ذَلِكَ بِرَغْبَةِ بَعْضِهِمْ إِلَى بَعْضٍ وَرَهْبَةِ بَعْضِهِمْ من بعض»

5330. मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “आखरी दौर में कुछ ऐसे लोग होंगे के वह ज़ाहिरी तौर पर दोस्त होंगे जबके बातिनी तौर पर दुश्मन होंगे”, अर्ज़ किया गया: अल्लाह के रसूल! यह किस तरह होगा ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये एक दुसरे से रगबत (यानी मफाद) और एक दुसरे से खौफ यानी नुक्सान के पेशे नज़र होगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (5 / 235 ح 22405) * فيه ابوبكر بن ابى مريم الغسانى : ضعيف مختلط ، رواه عن حبيب بن عبيد عن معاذ به و حبيب بن عبيد الرحبى لم يدرک سيدنا معاذ بن جبل رضى الله عنه فالسند منقطع

٥٣٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ شَدَّادِ»» بْنِ أَوْسٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «من صَلَّى يُرَائِي فَقَدْ أَشْرَكَ وَمَنْ صَامَ يُرَائِي فَقَدْ أَشْرَكَ وَمَنْ تَصَدَّقَ يُرَائِي فَقَدْ أَشْرَكَ» رَوَاهُمَا أَحْمد

5331. शद्दाद बिन अवसी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स दिखलावे की खातिर नमाज़ पढ़ता है तो उस ने शिर्क किया, तो शख़्स दिखलावे की खातिर रोज़ा रखता है तो उस ने शिर्क किया, और जो शख़्स दिखलावे की खातिर सदका करता है तो उस ने शिर्क किया”| दोनों अहादीस को इमाम अहमद ने रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (4 / 126 ح 17270)

٥٣٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ»» أَنَّهُ بَكَى فَقِيلَ لَهُ: مَا يُبْكِيكَ؟ قَالَ: شَيْءٌ سَمِعْتُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ فَذَكَرْتُهُ فَأَبْكَانِي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُول: «أَتخوَّفُ على أمتِي الشِّرْكِ وَالشَّهْوَةِ الْخَفِيَّةِ» قَالَ: قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَتُشْرِكُ أُمَّتُكَ مِنْ بَعْدِكَ؟ قَالَ: «نَعَمْ أَمَا إِنَّهُمْ لَا يَعْبُدُونَ شَمْسًا وَلَا قَمَرًا وَلَا حَجَرًا وَلَا وَثَنًا وَلَكِنْ يُرَاؤُونَ بِأَعْمَالِهِمْ. وَالشَّهْوَةُ الْخَفِيَّةُ أَنْ يُصْبِحَ أَحَدُهُمْ صَائِمًا فَتَعْرِضَ لَهُ شَهْوَةٌ مِنْ شَهَوَاتِهِ فَيَتْرُكَ صَوْمَهُ» . رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي «شعب الْإِيمَان»

5332. शद्दाद बिन अवसी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह रोने लगे, उन से पूछा गया, तुम्हें कौन सी चीज़ रुला रही

है ? उन्होंने कहा: वह चीज़ जो मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की ज़बानी सुनी, मैंने इसे याद किया तो उस ने मुझे रुला दीया, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मुझे अपनी उम्मत के बारे में शिर्क और छुपा ख्वाहिश का अंदेशा है” रावी बयान करता है, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या आप के बाद आप की उम्मत शिर्क करेगी ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, अलबत्ता वह सूरज की चाँद की पूजा नहीं करेंगे और ना ही पथ्थर और मूर्ति की, बल्के वह अपने आमाल का दिखलावा करेंगे, और छुपि ख्वाहिश यह है कि उन में से कोई रोज़े की हालत में सुबह करेगा लेकिन उस की ख्वाहिशात में से कोई ख्वाहिश उस के सामने जाएगी तो वह अपना रोज़ा तोड़ देगा”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (6830 ، نسخة محققة : 6411) [و احمد (4 / 123 124)] * فيه عبد الواحد بن زيد البصرى ضعيف متروك كما فى الجرح و التعديل (6 / 20)و للحديث طريق آخر عند ابن ماجه (4205) و سنده ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة و الاحاديث الصحيحة تخالفه فى عبادة الاوثان

٥٣٣٣ - (حسن) وَعَن»» أبي سعيد الْخُدْرِيّ قَالَ: خَرَجَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَحْنُ نَتَذَاكَرُ الْمَسِيحَ الدَّجَّالَ فَقَالَ: «أَلَا أُخْبِرُكُمْ بِمَا هُوَ أَخْوَفُ عَلَيْكُمْ عِنْدِي مِنَ الْمَسِيحِ الدَّجَّالِ؟» فَقُلْنَا: بَلَى يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: «الشِّرْكُ الْخَفِيُّ أَنْ يَقُومَ الرَّجُلُ فَيُصَلِّيَ فَيَزِيدَ صَلَاتَهُ لِمَا يَرَى مِنْ نَظَرِ رجلٍ» . رَوَاهُ ابْن مَاجَه "

5333. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हमारे पास तशरीफ़ लाए तो हम मसीह दज्जाल के बारे में बात चित कर रहे थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या मैं तुम्हें इस चीज़ के मुत्तल्लिक न बताऊँ ? जिस का मुझे तुम्हारे मुत्तल्लिक मसीह दज्जाल से भी ज़्यादा अंदेशा है ?” हमने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! ज़रूर बताइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ शिर्के ख़फी, वह यह है कि एक आदमी नमाज़ पढ़ रहा है और जब वह देखता है के कोई शख़्स मुझे देख रहा है तो वह (इसे दीखाने के लिए) अपनी नमाज़ लम्बी कर देता है (आहिस्ता आहिस्ता लम्बी किराअत के साथ ज़्यादा वक़्त लगाता है)”| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (4204)

٥٣٣٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مَحْمُود»» بن لبيد أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ أَخْوَفَ مَا أَخَافُ عَلَيْكُمُ الشِّرْكُ الْأَصْغَرُ» قالول: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا الشِّرْكُ الْأَصْغَرُ؟ قَالَ: «الرِّيَاءُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ. وَزَادَ الْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ» : " يَقُولُ اللَّهُ لَهُمْ يَوْمَ يُجَازِي الْعِبَادَ بِأَعْمَالِهِمْ: اذْهَبُوا إِلَى الَّذِينَ كُنْتُمْ تُرَاؤُونَ فِي الدُّنْيَا فَانْظُرُوا هَلْ تَجِدُونَ عِنْدَهُمْ جَزَاءً وَخَيْرًا؟ "

5334. महमूद बिन लबीद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे तुम्हारे मुत्तल्लिक शिर्के अज़गर का सबसे ज़्यादा अंदेशा है”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! शिर्के अज़गर से क्या मुराद है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “रियाकार”| और इमाम बयहकी ने शौबुल ईमान में यह इज़ाफा नकल किया है: “जिस रोज़ अल्लाह बंदो को उन के आमाल की जज़ा देगा तो वह उन (रियाकारों) को फरमाएगा: इन्ही की तरफ चले जाओ जिन को तुम दुनिया में (अपने आमाल) दिखाया करते थे, देखो क्या तुम उन के पास जज़ा और खैर व भलाई पाते हो ?” |इसनाद हसन रवाह अहमद बयहकी की शौबुल ईमान. (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 428 ح 24036) و البيهقى فى شعب الايمان (6831 ، نسخة محققة : 6412)

٥٣٣٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ أَنَّ رَجُلًا عَمِلَ عَمَلًا فِي صَخْرَةٍ لَا بَابَ لَهَا وَلَا كَوَّةَ خَرَجَ عَمَلُهُ إِلَى النَّاسِ كَائِنًا مَا كَانَ»

5335. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अगर कोई आदमी किसी ऐसी चट्टान में कोई अमल करता है जिस का कोई दरवाज़ा और रोशनदान नहीं, तो उस का यह अमल जैसा भी हो लोगो पर आशकार हो जाता है"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البیھقی فی شعب الایمان (6940 ، نسخۃ محققۃ : 6541) [و احمد (3 / 28) و الحاکم 4 / 314 ح 7877) و ابن حبان (الاحسان : 5649 / 5678) و ابن وھب صرح بالسماع عندہ] و اصلہ عند ابن ماجہ (4167)

٥٣٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عُثْمَان»» بن عَفَّان قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ كَانَتْ لَهُ سَرِيرَةٌ صَالِحَةً أَوْ سَيِّئَةً أَظْهَرَ اللَّهُ مِنْهَا رِدَاءً يُعْرَفُ بِهِ»

5336. उस्मान बिन अफ्फान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस शख़्स की कोई नेक या बद खसलत छुपी हुई हो तो अल्लाह उस से कोई अलामत ज़ाहिर फरमादेगा जिस से वह पहचाना जाएगा"| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف جدا ، رواہ البیھقی فی شعب الایمان (6942 ، نسخۃ محققۃ : 6543) * فیہ حفص بن سلیمان : متروک

٥٣٣٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عمر»» بن الْخَطَّابِ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّمَا أَخَافُ عَلَى هَذِهِ الْأُمَّةِ كُلَّ مُنَافِقٍ يَتَكَلَّمُ بِالْحِكْمَةِ وَيَعْمَلُ بِالْجَوْرِ» رَوَى الْبَيْهَقِيُّ الْأَحَادِيثَ الثَّلَاثَةَ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

5337. उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुझे इस उम्मत के हर मुनाफ़िक़ का अंदेशा है क्यूंकि वह बात हिकमत के साथ करता है जबके अमल के तौर पर ज़ुल्म करता है", इमाम बयहकी ने तीनो अहादीस शौबुल ईमान में रिवायत की है| (हसन)

حسن ، رواہ البیھقی فی شعب الایمان (1777 ، نسخۃ محققۃ : 1641) [و احمد (1 / 22 ح 143 و سندہ حسن)]

٥٣٣٨ - (ضَعِيف) وَعَن»» المهاجرِ بنِ حبيبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: إِنِّي لَسْتُ كُلَّ كلامِ الْحَكِيم أتقبَّلُ وَلَكِنِّي أَتَقَبَّلُ هَمَّهُ وَهَوَاهُ فَإِنْ كَانَ هَمُّهُ وَهَوَاهُ فِي طَاعَتِي جَعَلْتُ صَمْتَهُ حَمْدًا لِي وَوَقَارًا وإِنْ لمْ يتكلَّمْ " رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

5338. मुहाजिर बिन हबीबी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह तआला का इरशाद है: में दाना के सारे कलाम को कबूल नहीं करता, लेकिन में उस की नियत और उस के इरादे को कबूल करता हूँ, अगर उस की नियत और उस का इरादा मेरी इताअत में है तो मैं उस की ख़ामोशी को अपने लिए हम्द वक़ार (गरिमा) करार दे देता हूँ, अगरचे उस ने कलाम न किया तो"| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الدارمی (1 / 79 ح 258) * فیہ صدقۃ بن عبداللہ بن مھاجر بن حبیب : مجھول ، و المھاجر لیس صحابیًا و لعلہ المھاصر بن حبیب کما فی النسخۃ المحققۃ فالسند مع ضعفہ مرسل

रोने और डरने का बयान • بَاب الْبكاء وَالْخَوْف •

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول •

٥٣٣٩ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ أَبُو الْقَاسِمِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَوْ تَعْلَمُونَ مَا أَعْلَمُ لَبَكَيْتُمْ كَثِيرًا وَلَضَحِكْتُمْ قَلِيلا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5339. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबुल कासिम ﷺ ने फ़रमाया: "उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! अगर तुम (नाफर्मानो के अज़ाब के मुत्तल्लिक) जान लो जो में जानता हूँ तो तुम ज़्यादा रोओ और कम हंसो"| (बुखारी)

رواه البخاری (6485)

٥٣٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ الْعَلَاءِ الْأَنْصَارِيَّةِ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَاللَّهِ لَا أَدْرِي وَاللَّهِ لَا أَدْرِي وَأَنَا رَسُولُ اللَّهِ مَا يُفْعَلُ بِي وبكم» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5340. उम्म अलाअ अंसारी रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह की क़सम! मैं नहीं जानता, अल्लाह की क़सम! मैं नहीं जानता जबके मैं अल्लाह का रसूल भी हूँ कि मेरे साथ और तुम्हारे साथ क्या सुलूक किया जाएगा"| (बुखारी)

رواه البخاری (1243)

٥٣٤١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عُرِضَتْ عَلَيَّ النَّارُ فَرَأَيْتُ فِيهَا امْرَأَةً مِنْ بَنِي إِسْرَائِيلَ تُعَذَّبُ فِي هِرَّةٍ لَهَا رَبَطَتْهَا فَلَمْ تُطْعِمْهَا وَلَمْ تَدَعْهَا تَأْكُلُ مِنْ خَشَاشِ الْأَرْضِ حَتَّى مَاتَتْ جُوعًا وَرَأَيْتُ عَمْرَو بْنَ عَامِرٍ الْخُزَاعِيَّ يَجُرُّ قُصْبَهُ فِي النَّارِ وَكَانَ أَوَّلَ مَنْ سَيَّبَ السَّوَائِبَ» . رَوَاهُ مُسلم

5341. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरे सामने जहन्नम की आग पेश की गई तो मैंने उस में बनी इसराइल की एक औरत को उस की एक बिल्ली की वजह से अज़ाब में मुब्तिला देखा, उस ने इसे बांध रखा था, उस ने इसे न खुद खिलाया और न इसे छोड़ा के वह खशरात अल अर्ज़ खा सके इसी हाल वह भूखी मर गई और मैंने अम्र बिन आमिर अल ख़ज़ाई को देखा के वह जहन्नम में अपने अंतड़ियाँ घंसिट रहा था और वह पहला शख़्स है जिस ने बुतों के नाम पर जानवर छोड़ने की रसम इजाद की"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 904)، (2100)

٥٣٤٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن زينبَ بنتِ جحشٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دخل يَوْمًا فَزِعًا يَقُولُ: «لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَيلٌ للعربِ مِنْ شَرٍّ قَدِ اقْتَرَبَ فُتِحَ الْيَوْمَ مِنْ رَدْمِ يَأْجُوجَ وَمَأْجُوجَ مِثْلُ هَذِهِ» وَحَلَّقَ بِأُصْبَعَيْهِ: الْإِبْهَامَ وَالَّتِي تَلِيهَا. قَالَتْ [ص:١٤٦ زَيْنَبُ: فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَفَنُهْلَكُ وَفِينَا الصَّالِحُونَ؟ قَالَ: «نَعَمْ إِذا كثُرَ الخَبَثُ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5342. ज़ैनब बिन्ते जहश रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ घबराहट के आलम में मेरे पास तशरीफ़ लाए आप ﷺ फरमा रहे थे: "अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, अरबो के लिए इस शर के सबब तबाही है जो के करीब पहुँच चुकी है, आज याजूज माजूज का बांध इस क़दर खोल दिया गया", और आप ﷺ ने अपने दो उंगलियों अंगूठे और अन्गुंश्ते शहादत से हल्का बनाया, जैनब रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या हम हलाक कर दिए जाएँगे जब के स्वालेह लोग हम में मौजूद है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ जब फिस्क व फजुर ज़्यादा हो जाएगा"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3346) و مسلم (2 / 1880)، (7237)

٥٣٤٣ - (صَحِيح) وَعَنْ أَبِي عَامِرٍ أَوْ أَبِي مَالِكٍ الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " لَيَكُونَنَّ مِنْ أُمَّتِي أَقْوَامٌ يَسْتَحِلُّونَ الْخَزَّ وَالْحَرِيرَ وَالْخَمْرَ وَالْمَعَازِفَ وَلَيَنْزِلَنَّ أَقْوَامٌ إِلَى جَنْبِ عَلَمٍ يَرُوحُ عَلَيْهِمْ بِسَارِحَةٍ لَهُمْ يَأْتِيهِمْ رَجُلٌ لِحَاجَةٍ فَيَقُولُونَ: ارْجِعْ إِلَيْنَا غَدًا فَيُبَيِّتُهُمُ اللَّهُ وَيَضَعُ الْعَلَمَ وَيَمْسَخُ آخَرِينَ قِرَدَةً وَخَنَازِيرَ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ «. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ. وَفِى بَعْضِ نُسَخِ» الْمَصَابِيحِ ": «الْحَرَّ» بِالْحَاءِ وَالرَّاءِ الْمُهْمَلَتَيْنِ وَهُوَ تَصْحِيفٌ وَإِنَّمَا هُوَ بِالْخَاءِ وَالزَّايِ الْمُعْجَمَتَيْنِ نَصَّ عَلَيْهِ الْحُمَيْدِيُّ وَابْنُ الْأَثِيرِ فِي هَذَا الْحَدِيثِ. وَفَى كِتَابِ «الْحُمَيْدِيِّ» عَنِ الْبُخَارِيِّ وَكَذَا فِي «شَرحه» للخطابي: «تروح سارحة لَهُم يَأْتِيهم لحَاجَة»

5343. अबू आमिर या अबू मालिक अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "मेरी उम्मत में कुछ ऐसे लोग होंगे जो खज़ (हल्की किस्म का रेशम) और आम रेशम, शराब और अलाते मौसिकी को हलाल समझेंगे और कुछ लोग पहाड़ के दामन की तरफ उतरेंगे उन के साथ उन के मवेशी आएँगे, एक आदमी किसी ज़रूरत के तहत उन के पास आएगा तो वह कहेंगे, कल आना, अल्लाह उन्हें रातो रात अज़ाब में मुब्तिला कर देगा और पहाड़ इन पर गिरा देगा जबके बाकी लोगो की सूरते मसख कर के रोज़ ए क़यामत तक बंदर और खिंजिर बनादेगा"| बुखारी, और मसाबिह के बाज़ नुस्खो में "خز" के बजाए "حر" है और यह तहसिफ (सुधार) है, जबके सहीह "خز" है| अल हुमैदी और इब्ने असीर ने इस हदीस में इसी को राजेह (ज़्यादा सही) करार दिया है और किताब अल हुमैदी में इमाम बुखारी की सनद से और इसी तरह बुखारी की शरह अल खत्ताबी में है (تَرُوْحُ عَلَيْهِمْ سَارِحَةٌ لَهُمْ يَأْتِيْهِمْ لِحَاجَةِ) | (बुखारी और अल सुन्नी की मसाबिह.)

رواه البخارى (5590) و ذكره البغوى فى مصابيح السنة (3 / 453 ح 4113) و اخطا من ضعفه

٥٣٤٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا أَنْزَلَ اللَّهُ بِقَوْمٍ عَذَابًا أَصَابَ الْعَذَابُ مَنْ كَانَ فِيهِمْ ثُمَّ بُعِثُوا عَلَى أَعْمَالِهِمْ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5344. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब अल्लाह किसी कौम पर अज़ाब

नाज़िल करता है तो तमाम लोग इस अज़ाब की लपेट में आ जाते हैं, फिर वह अपने अपने आमाल के मुताबिक रोज़ ए क़यामत उठाए जाएँगे"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری 7108 و مسلم (84 / 2879)، (7234)

٥٣٤٥ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُبْعَثُ كُلُّ عَبْدٍ عَلَى مَا ماتَ عَلَيْهِ» . رَوَاهُ مُسلم

5345. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर बंदा अपने आखरी अमल पर जिस पर वह फौत हुआ उठाया जाएगा"| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (83 / 2878)، (7232)

रोने और डरने का बयान • بَاب الْبكاء وَالْخَوْف

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥٣٤٦ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا رَأَيْتُ مِثْلَ النَّارِ نَامَ هَارِبُهَا وَلَا مِثْلَ الْجَنَّةِ نَامَ طالبها» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5346. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैंने जहन्नम की मिस्ल कोई चीज़ नहीं देखी के जिस से भागने वाला ख्वाब गफ़लत में हो, और ना ही जन्नत की नेअमत व सुरूर के मिसल कोई चीज़ देखी है जिस का चाहने वाला ख्वाब गफ़लत में हो"| (सहीह)

صحیح ، رواہ الترمذی (1633 وقال : حسن صحیح)

٥٣٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي أَرَى مَا لَا تَرَوْنَ وَأَسْمَعُ مَا لَا تَسْمَعُونَ أَطَّتِ السَّمَاءُ وَحُقَّ لَهَا أَنْ تَئِطَّ وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ مَا فِيهَا مَوْضِعُ أَرْبَعَةِ أَصَابِعَ إِلَّا وملَكٌ وَاضع جبهتَه ساجدٌ لِلَّهِ وَاللَّهِ لَوْ تَعْلَمُونَ مَا أَعْلَمُ لَضَحِكْتُمْ قَلِيلًا وَلَبَكَيْتُمْ كَثِيرًا وَمَا تَلَذَّذْتُمْ بِالنِّسَاءِ عَلَى الْفُرُشَاتِ وَلَخَرَجْتُمْ إِلَى الصُّعُدَاتِ تَجْأَرُونَ إِلَى اللَّهِ» . قَالَ أَبُو ذَرٍّ: يَا لَيْتَنِي كُنْتُ شَجَرَةً تعضد. رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

5347. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो में देख रहा हूँ वह तुम नहीं देखते और जो में सुनता हूँ वह तुम नहीं सुनते, आसमान ने आवाज़ निकाली और इसे चर चराने की आवाज़ निकालनी भी चाहिए उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! वहां हर चार अन्गुंश्ते पर फ़रिश्ता अपनी पेशानी रखे हुए अल्लाह के हुज़ूर सर बा सजूद है, अल्लाह की क़सम! अगर तुम जान लो जो में जानता हूँ तो तुम कम हंसो और ज़्यादा रोओ, तुम

बिस्तरों पर औरतो (बिविओं) से लुत्फ़ अन्दोज़ होना छोड़ दो और तुम सहरा (रेगिस्तान) की तरफ निकल जाओ और अल्लाह के हुज़ूर (दुआओं के ज़रिए) इल्तेजा करो", अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु ने कहा काश में एक दरख्त होता जो काट दिया जाता| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 173 ح 21848) و الترمذی (2321 وقال : حسن غریب) و ابن ماجه (4190)

٥٣٤٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ خَافَ أَدْلَجَ وَمَنْ أَدْلَجَ بَلَغَ الْمَنْزِلَ. أَلَا إِنَّ سِلْعَةَ اللَّهِ غَالِيَةٌ أَلَا إِنَّ سِلْعَةَ اللَّهِ الْجَنَّةُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5348. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जो शख़्स (रात के आखरी हिस्से में सफ़र करने से) डरता हो वह रात के इब्तिदाई हिस्से में सफ़र का आगाज़ करता है और जो शख़्स रात के इब्तिदाई हिस्से में सफ़र करता है तो वह मंजिल पर पहुँच जाता है, सुन लो! अल्लाह का सामान कीमती है, सुन लो! अल्लाह का सामान जन्नत है"| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواه الترمذی (2450 وقال : حسن غریب) * یزید بن سنان : ضعیف ضعفه الجمهور و ضعفه راجح

٥٣٤٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ»» عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَقُولُ اللَّهُ جَلَّ ذِكْرُهُ: أَخْرِجُوا مِنَ النَّارِ مَنْ ذَكَرَنِي يَوْمًا أَوْ خَافَنِي فِي مَقَامٍ «رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ والْبَيْهَقِيُّ فِي» كِتَابِ الْبَعْث والنشور "

5349. अनस रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह, इस का ज़िक्र अज़ीमो शान हो फरमाएगा: हर इस शख़्स को जहन्नम की आग से निकाल दो जिस ने (इखलास के साथ) किसी एक रोज़ भी मुझे याद किया हो या वह किसी जगह मुझ से डरा हो"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (2594 وقال : حسن غریب) و البیهقی فی کتاب البعث و النشور (لم اجده و رواه فی شعب الایمان (740) [و الحاکم (1 / 70)]

٥٣٥٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ»» قَالَتْ: سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ هَذِهِ الْآيَةِ: (وَالَّذِينَ يُؤْتونَ مَا آتوا وقُلوبُهم وَجِلَةٌ)»» أَهُمُ الَّذِينَ يَشْرَبُونَ الْخَمْرَ وَيَسْرِقُونَ؟ قَالَ: «لَا يَا بِنْتَ الصِّدِّيقِ وَلَكِنَّهُمُ الَّذِينَ يَصُومُونَ وَيُصَلُّونَ وَيَتَصَدَّقُونَ وَهُمْ [ص:١٤٧ يَخَافُونَ أَنْ لَا يُقْبَلَ مِنْهُمْ أُولَئِكَ الَّذِينَ يُسَارِعُونَ فِي الْخَيْرَاتِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْن مَاجَه

5350. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से इस आयत: "वो लोग देते है, जो कुछ देते है, और उस पर उन का दिल खौफ ज़दाह है", के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया, क्या उन से मुराद वह लोग है जो शराब पीते और चोरी करते हैं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "सिद्दीक की बेटी नहीं! बल्के उन से मुराद वह लोग है जो रोज़े रखते है, नमाज़ पढ़ते है और सदका करते हैं, और वह डरते हैं की कहे ऐसे न हो के वह उन से कबूल न हो, यही लोग नेकियो में जल्दी करते हैं"| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (2675) و ابن ماجه (4198)

٥٣٥١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِيٍّ»» بْنِ كَعْبٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا ذَهَبَ ثُلُثَا اللَّيْلِ قَامَ فَقَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ اذْكُرُوا اللَّهَ اذْكُرُوا اللَّهَ جَاءَتِ الرَّاجِفَةُ تَتْبَعُهَا الرَّادِفَةُ جَاءَ الْمَوْتُ بِمَا فِيهِ جَاءَ الْمَوْتُ بِمَا فِيهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5351. उबई बिन काब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ का मामूल था की जब दो तिहाई रात गुज़र जाती तो आप ﷺ खड़े हो जाते और फरमाते: "लोगो! अल्लाह का ज़िक्र करो अल्लाह का ज़िक्र करो, ज़लज़ला आने वाला है, उस के मुतस्सिल बाद दूसरा ज़लज़ला आने वाला है, और मौत अपने सख्तियो के साथ आ गई और मौत अपने सख्तियो के साथ आ गई"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2457 وقال : حسن) * سفيان الثورى مدلس ولم اجد تصريح سماعه فى هذا الحديث

٥٣٥٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» سَعِيدٍ قَالَ: خَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِصَلَاةٍ فَرَأَى النَّاس كَأَنَّهُمْ يَكْتَشِرُونَ قَالَ: " أَمَا إِنَّكُمْ لَوْ أَكْثَرْتُمْ ذِكْرَ هَادِمِ اللَّذَّاتِ لَشَغَلَكُمْ عَمَّا أَرَى الْمَوْتُ فَأَكْثِرُوا ذكر هَادِمِ اللَّذَّات الْمَوْت فَإِنَّهُ لَا يأتِ على الْقَبْرِ يومٌ إِلَّا تَكَلَّمَ فَيَقُولُ: أَنَا بَيْتُ الْغُرْبَةِ وَأَنَا بَيْتُ الْوَحْدَةِ وَأَنَا بَيْتُ التُّرَابِ وَأَنَا بَيْتُ الدُّودِ وَإِذَا دُفِنَ الْعَبْدُ الْمُؤْمِنُ قَالَ لَهُ الْقَبْرُ: مَرْحَبًا وَأَهْلًا أَمَا إِنْ كُنْتَ لَأَحَبُّ مَنْ يَمْشِي عَلَى ظَهْرِي إِلَيَّ فَإِذْ وُلِّيتُكَ الْيَوْمَ وَصِرْتَ إِلَيَّ فَسَتَرَى صَنِيعِي بِكَ ". قَالَ: " فَيَتَّسِعُ لَهُ مَدَّ بَصَرِهِ وَيُفْتَحُ لَهُ بَابٌ إِلَى الْجَنَّةِ وَإِذَا دُفِنَ الْعَبْدُ الْفَاجِرُ أَوِ الْكَافِرُ قَالَ لَهُ الْقَبْرُ: لَا مَرْحَبًا وَلَا أَهْلًا أَمَا إِنْ كُنْتَ لَأَبْغَضَ مَنْ يَمْشِي عَلَى ظَهْرِي إِلَيَّ فَإِذْ وُلِّيتُكَ الْيَوْمَ وَصِرْتَ إِلَيَّ فَسَتَرَى صَنِيعِي بِكَ " قَالَ: «فَيَلْتَئِمُ عَلَيْهِ حَتَّى يَخْتَلِفَ أَضْلَاعُهُ» . قَالَ: وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأَصَابِعِهِ. فَأَدْخَلَ بَعْضَهَا فِي جَوْفِ بَعْضٍ. قَالَ: «وَيُقَيَّضُ لَهُ سَبْعُونَ تِنِّينًا لَوْ أَنَّ وَاحِدًا مِنْهَا نَفَخَ فِي الْأَرْضِ مَا أَنْبَتَتْ شَيْئًا مَا بَقِيَتِ الدُّنْيَا فَيَنْهَسْنَهُ وَيَخْدِشْنَهُ حَتَّى يُفْضِي بِهِ إِلَى الْحِسَابِ» قَالَ: وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا الْقَبْرُ رَوْضَةٌ مِنْ رِيَاضِ الْجَنَّةِ أَوْ حُفْرَةٌ مِنْ حُفَرِ النَّارِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

5352. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ नमाज़ के लिए तशरीफ़ लाए तो आप ने लोगो को देखा गोया वह हंस रहे हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "सुन लो! अगर तुम लज्ज़तो को कतअ कर देने वाली (मौत) का कसरत से ज़िक्र करते तो वह तुम्हें इस चीज़ (हंसने) से, जो मैंने देखी, तुम्हें बाज़ रखती, तुम लज्ज़तो को कतअ करने वाली चीज़ यानी मौत का कसरत से ज़िक्र करो, क्योंकि कब्र हर रोज़ कहती है: में गैर मानुस का घर हूँ, मैं तन्हाई का घर हूँ, मैं मिट्टी का घर हूँ, और मैं कीड़ो मकोड़े का घर हूँ, और जब बंदा मोमिन दफन किया जाता है तो कब्र इसे खुशामदीद कहती है, सुन लो! मेरी सतह पर चलने वाले लोगों से तू मुझे सबसे ज़्यादा पसंद था, आज तू मेरे सुपुर्द कर दिया गया है, और तू मेरे पास आ गया है, तू अपने साथ मेरा सुलूक देखेगा", फ़रमाया: "वो उस की हद्दे नज़र तक उस के लिए फराख कर दी जाती है और उस के लिए जन्नत की तरफ एक दरवाज़ा खोल दिया जाता है, और जब फ़ाजिर बंदा या काफ़िर शख़्स दफन किया जाता है तो कब्र इसे कहती है: तेरे लिए किसी किस्म का खैर मुकद्दम नहीं, सुन ले! मेरी सतह पर चलने वाले तमाम लोगों से तू मुझे ज़्यादा नापसंद था, तू आज मेरे सुपुर्द किया गया है, और तू मेरे पास आ गया है, तू अनकरीब अपने साथ मेरा सुलूक देख लेगा", फ़रमाया: "वो उस पर तंग हो जाती है, हत्ता कि उस की पसलिया एक दुसरे में घुस जाती है", रावी बयान करते हैं, और रसूलुल्लाह ﷺ ने यह कैफियत कर के दिखाई के आप ने एक हाथ की उंगलिया दुसरे हाथ की उंगलियों में दाखिल की, और फ़रमाया: "उस पर सत्तर अजगर मुसल्लत कर दिए जाएँगे, और अगर उन में से एक ज़मीन पर फूंक मार दे तो वह (ज़मीन) रहती दुनिया तक कोई चीज़ न उगाए, वह इसे दसते और नोचते रहेंगे हत्ता कि इसे हिसाब तक पहुंचा दीया जाएगा"|

रावी बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कब्र तो बाग़ो में से एक बाग़ है या जहन्नम के घड़ो में से एक घड़ा है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2460) * عبيد الله بن الوليد الوصافى : ضعيف و عطية العوفى ضعيف مدلس و لبعض الحديث شواهد

٥٣٥٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي»» جُحَيْفَة قَالَ: قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ قَدْ شِبْتَ. قَالَ: «شَيَّبَتْنِي سُورَةُ هُودٍ وَأَخَوَاتُهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

5353. अबू जुहैफा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप बूढ़े हो गए है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सुरह हूद और इस जैसी सूरतो ने मुझे बुढा कर दिया”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (فى الشمائل : 42) و الطبرانى فى الكبير (22 / 123 ح 317) * ابو اسحاق عنعن و انظر الحديث الآتى (5354)

٥٣٥٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ»» عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ أَبُو بَكْرٍ: يَا رَسُولَ اللَّهِ قَدْ شِبْتَ. قَالَ: شَيَّبَتْنِي (هود)»» و (المرسلات)»» و (عمَّ يتساءلون)»» و (إِذا الشَّمْسُ كُوِّرَتْ)»» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ»» وَذُكِرَ حَدِيثُ أَبِي هريرةَ:»» لَا يلج النَّار «فِي» كتاب الْجِهَاد "

5354. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप तो बूढ़े हो गए है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सुरह हूद वाकिया, मुरसलात, नबा (عم يتساءلون) और सुरह शम्स ने मुझे बुढा कर दिया है” तिरमिज़ी, और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस: “जहन्नम में दाखिल नहीं होगा”, باب الْجِهَاد (बाब अल जिहाद) में ज़िक्र की गई है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3297) * ابو اسحاق عنعن و للحديث شواهد ضعيفة و روى الطبرانى فى الكبير (17 / 286 287 ح 790) بسند حسن عن عقبة بن عامر رضى الله عنه ان رجلاً قال : يا رسول الله ! شبت ؟ قال : ((شيتنى هود و اخواتها)) وهو يغنى عنه 0 حديث ابى هريرة : لا يلج النار ، تقدم (3828)

بَاب الْبكاء وَالْخَوْف • रोने और डरने का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٥٣٥٥ - (صَحِيح) عَن»» أنسٍ قَالَ: إِنَّكُمْ لَتَعْمَلُونَ أَعْمَالًا هِيَ أَدَقُّ فِي أَعْيُنِكُمْ مِنَ الشَّعْرِ كُنَّا نَعُدُّهَا عَلَى عَهْدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ من الموبقات. يَعْنِي المهلكات. رَوَاهُ البُخَارِيّ

5355. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने ने फ़रमाया: तुम ऐसे आमाल करते हो जो तुम्हारी नज़रों में बाल से भी ज़्यादा बारीक़ हैं (यानी निहायत मामूली है) जबके रसूलुल्लाह ﷺ के अहद में हम उन्हें खतरनाक शुमार किया करते थे| (बुखारी)

رواه البخارى (6492)

٥٣٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَائِشَةَ»» أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَا عَائِشَةَ إِيَّاكِ وَمُحَقَّرَاتِ الذُّنُوبِ فَإِنَّ لَهَا مِنَ اللَّهِ طَالِبًا» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ وَالدَّارِمِيُّ والْبَيْهَقِيُّ فِي «شُعَبِ الْإِيمَانِ»

5356. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आयशा! छोटे गुनाहों से भी बचा करो क्योंकि उन गुनाहों के लिए भी अल्लाह की तरफ से (अज़ाब का) मुतालबा करने वाला है”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (4242) و الدارمى (2 / 303 ح 2729) و البيهقى فى شعب الايمان (7261)

٥٣٥٧ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي بُرْدَةَ بْنِ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ لِي عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ: هَلْ تَدْرِي مَا قَالَ أَبِي لِأَبِيكَ؟ قَالَ: قُلْتُ: لَا. قَالَ: فَإِنَّ أَبِي قَالَ لِأَبِيكَ يَا أَبَا مُوسَى هَلْ يَسُرُّكَ أَنَّ إِسْلَامَنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهِجْرَتَنَا مَعَهُ وَجِهَادَنَا مَعَهُ وَعَمَلَنَا كُلَّهُ مَعَهُ بَرَدَ لَنَا؟ وَأَنَّ كُلَّ عَمَلٍ عَمِلْنَاهُ بَعْدَهُ نَجَوْنَا مِنْهُ كَفَافًا رَأْسًا بِرَأْسٍ؟ فَقَالَ أَبُوكَ لِأَبِي: لَا وَاللَّهِ قَدْ جَاهَدْنَا بَعْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَصَلَّيْنَا وَصُمْنَا وَعَمِلْنَا خَيْرًا كَثِيرًا. وَأَسْلَمَ عَلَى أَيْدِينَا بَشَرٌ كَثِيرٌ وَإِنَّا لَنَرْجُو ذَلِكَ. قَالَ أَبِي: وَلَكِنِّي أَنَا وَالَّذِي نَفْسُ عُمَرَ بِيَدِهِ لَوَدِدْتُ أَنَّ ذَلِكَ [ص:١٤٧ بَرَدَ لَنَا وَأَنَّ كُلَّ شَيْءٍ عَمِلْنَاهُ بَعْدَهُ نَجَوْنَا مِنْهُ كَفَافًا رَأْسًا بِرَأْسٍ. فَقُلْتُ: إِنَّ أَبَاكَ وَاللَّهِ كَانَ خيرا من أبي. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5357. अबू बुरदह बिन अबू मूसा बयान करते हैं, अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने मुझे फ़रमाया: क्या तुम जानते हो के मेरे वालिद ने आप के वालिद से क्या फरमाया था ? उन्होंने कहा: मुझे इल्म नहीं, उन्होंने ने फ़रमाया: मेरे वालिद ने आप के वालिद से कहा: अबू मूसा, क्या यह बात तुम्हें खुश करती हैं के रसूलुल्लाह ﷺ के साथ में हमारा इस्लाम आप के साथ में हमारी हिजरत और आप के साथ में हमारा जिहाद और आप के साथ हमने जो भी अमल किए वह हमारे लिए साबित व बरक़रार रहे, और हमने आप ﷺ के बाद जो अमल किए है, हम उन में बराबर बराबर (गुनाह व सवाब) रह जाए, उस पर आप के वालिद ने मेरे वालिद से कहा: नहीं, अल्लाह की क़सम! हमने रसूलुल्लाह ﷺ के बाद जिहाद किया, नमाज़े पढ़ी, रोज़े रखे, बहोत से नेक काम किए और बहोत से लोगो ने हमारे हाथो पर इस्लाम कबूल किया, और हम उन कामो के सवाब की उम्मीद रखते है, मेरे वालिद ने कहा: लेकिन में उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में उमर की जान है! यह पसंद करता हूँ कि वह आमाल (जो हमने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ किए) हमारे लिए साबित रहे, और वह तमाम आमाल जो हमने आप ﷺ के बाद किए उन में हम बराबर बराबर निजात पा जाए में (अबू बुरेदा) ने कहा बेशक आप के वालिद (उमर (र)), अल्लाह की क़सम! मेरे वालिद से बेहतर थे| (बुखारी)

رواه البخارى (3915)

٥٣٥٨ - و (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَمَرَنِي رَبِّي بِتِسْعٍ: خَشْيَةِ اللَّهِ فِي السِّرِّ وَالْعَلَانِيَةِ وَكَلِمَةِ الْعَدْلِ فِي الْغَضَبِ وَالرِّضَى وَالْقَصْدِ فِي الْفَقْرِ وَالْغِنَى وَأَنْ أَصِلَ مَنْ قَطَعَنِي وَأُعْطِيَ مَنْ حَرَمَنِي وَأَعْفُو عَمَّنْ ظَلَمَنِي وَأَنْ يَكُونَ صَمْتِي فِكْرًا وَنُطْقِي ذِكْرًا وَنَظَرِي عِبْرَةً وَآمُرُ بِالْعُرْفِ «وَقِيلَ» بِالْمَعْرُوفِ " رَوَاهُ رزين

5358. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मेरे रब ने मुझे नौ (9) चीजों का हुक्म फ़रमाया: पोशीद हो या एलानिया हर हालत में अल्लाह का डर रखना, गज़ब व रज़ा में हक़ बात करना, फकर व माल दारी में मियाने रिवाय (संयम) इख़्तियार करना, जो शख़्स मुझ से कतअ ताल्लुक करे में उस के साथ ताल्लुक काइम करू, जो शख़्स मुझे महरूम रखे में उसे अता करू, जिस शख़्स ने मुझ पर ज़ुल्म किया मैं उसे मुआफ़ करू, मेरा ख़ामोश रहना गौर व फिकर का पेशे खैमा हो, मेरा बोलना ज़िक्र हो और मेरा देखना इबरत हो और यह कि में नेकी का हुक्म दू"| (मझे नहीं मिली रवाह रजिन.)

لم اجده ، رواه رزين (لم اجده) وله شاهد عند ابن ابی الدنیا فی اصلاح المال (328) عن داودؑ من قوله و سنده ضعیف جدًا

٥٣٥٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ»» اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ عَبْدٍ مُؤْمِنٍ يَخْرُجُ مِنْ عَيْنَيْهِ دُمُوعٌ وَإِنْ كَانَ مِثْلَ رَأْسِ الذُّبَابِ مِنْ خَشْيَةِ اللَّهِ ثُمَّ يُصِيبُ شَيْئًا مِنْ حَرِّ وَجْهِهِ إِلَّا حَرَّمَهُ اللَّهُ عَلَى النَّارِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

5359. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जिस मोमिन बन्दे की आंखो से अल्लाह के डर के पेशे नज़र आंसू निकल आए, ख्वाह वह मख्खी के सर के बराबर हो फिर वह उस के चेहरे पर आ जाए तो अल्लाह इस शख़्स को जहन्नम की आग पर हराम करार दे देता है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (4197) * حماد بن ابی حمید : ضعیف ، اسمه محمد (تقدم : 5303) و هذا الحدیث من اجله ضعفه البوصیری

लोगों में तागिर और तब्दील का बयान • بَاب تغير النَّاس

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥٣٦٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّمَا النَّاسُ كَالْإِبِلِ الْمِائَةِ لَا تَكَادُ تَجِدُ فِيهَا رَاحِلَةً» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5360. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "लोग (अपने हालात व सिफात के इख्तिलाफ के लिहाज़ से) उन सौ ऊटों की तरह है जिन में तुम एक भी सवारी के काबिल न पाओ"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6498) و مسلم (232 / 2547)، (6499)

٥٣٦١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَتَتَّبِعُنَّ سُنَنَ مَنْ قبلكُمْ شبْرًا بشبرٍ وذراعاً بذراعٍ حَتَّى لَوْ دَخَلُوا جُحْرَ ضَبٍّ تَبِعْتُمُوهُمْ» . قِيلَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ الْيَهُودَ وَالنَّصَارَى؟ قَالَ: «فَمَنْ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5361. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम अपने से पहले लोगो के तरीको की पेरवी व मुवाफिकत करोगे जिस तरह बालिश्त बालिश्त के बराबर और हाथ हाथ के बराबर होता है, हत्ता कि अगर वह सांडे के बिल में घुसे होंगे तो तुम भी उनकी मुवाफिकत करोगे”, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! (पहले लोगो से मुराद) यहूद और नसारा आप ﷺ ने फ़रमाया: “तो फिर और कौन है ?” (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3456) و مسلم (6 / 2669)، (6781)

٥٣٦٢ - (صَحِيح) وَعَن مرداس الْأَسْلَمِيّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَذْهَبُ الصَّالِحُونَ الْأَوَّلُ فَالْأَوَّلُ وَتَبْقَى حُفَالَةٌ كَحُفَالَةِ الشَّعِيرِ أَوِ التَّمْرِ لَا يُبَالِيهِمُ اللَّهُ بالةً» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5362. मिरदास असलमी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “नेक लोग एक एक कर के चले जाएँगे, और बेकार लोग बाकी रह जाएँगे जैसे जो का भूसा या खजूर का कचरा बाकी रह जाता है जिन की अल्लाह के यहाँ कोई कद्र व कीमत नहीं होगी”| (बुखारी)

رواه البخاری (4156)

باب تغير النَّاس • लोगों में तागिर और तब्दील का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥٣٦٣ - (لم تتمّ دراسته) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا مَشَتْ أُمَّتِي الْمُطَيْطَاء وَخَدَمَتْهُمْ أَبْنَاءُ الْمُلُوكِ أَبْنَاءُ فَارِسَ وَالرُّومِ سَلَّطَ اللَّهُ شِرَارَهَا عَلَى خِيَارِهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

5363. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब मेरी उम्मत तकब्बुराना चाल चलेगी और बादशाहो के बेटे यानी फारिस व रोम के शहज़ादे उन के खादिम बन जाएंगे तो अल्लाह इस (उम्मत) के बुरे लोगो को उन के अच्छे लोगो पर मुसल्लत फरमा देंगा”| तिरमिज़ी और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (2261) * موسی بن عبیدۃ ضعیف و روی ابن حبان فی صححه (الاحسان : 6681 / 6716) ان النبی صلی اللہ علیه و آله وسلم قال : ((اذا مشت امتی المطیطاء وخد متھم فارس و الروم سلّط بعضھم علی بعض)) و سندہ حسن وھو یغنی عنه

٥٣٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ حُذَيْفَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى تَقْتُلُوا إِمَامَكُمْ وَتَجْتَلِدُوا بأسيافكم ويرَث دنياكم شرارُكم» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5364. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी जब तक तुम अपने खलीफा को क़त्ल नहीं करोगे, बाहम क़त्ल व गारत नहीं करोगे और तुम्हारे बुरे लोग तुम्हारी दुनिया के वारिस नहीं बन जाएँगे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2170 وقال : حسن)

٥٣٦٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى يَكُونَ أَسْعَدَ النَّاسِ بِالدُّنْيَا لُكَعُ بْنُ لُكَعَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالْبَيْهَقِيّ فِي «دَلَائِل النُّبُوَّة»

5365. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि बेवकूफ़ो की औलाद दुनिया में सबसे ज़्यादा खुशनसीब न हो जाए”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2209 وقال : حسن) و البیھقی فی دلائل النبوۃ (6 / 392)

٥٣٦٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن مُحَمَّد بن كَعْب الْقرظِيّ قَالَ: حَدَّثَنِي مَنْ سَمِعَ عَلِيَّ بْنَ أَبِي طَالب قَالَ: إِنَّا لَجُلُوسٌ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَسْجِدِ فَاطَّلَعَ عَلَيْنَا مُصْعَبُ بْنُ عُمَيْرٍ مَا عَلَيْهِ إِلَّا بُرْدَةٌ لَهُ مَرْقُوعَةٌ بِفَرْوٍ فَلَمَّا رَآهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَكَى لِلَّذِي كَانَ فِيهِ مِنَ النِّعْمَةِ وَالَّذِي هُوَ فِيهِ الْيَوْمَ ثُمَّ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَيْفَ بِكُمْ إِذَا غَدَا أَحَدُكُمْ فِي حُلَّةٍ وَرَاحَ فِي حُلَّةٍ؟ وَوُضِعَتْ بَيْنَ يَدَيْهِ صَحْفَةٌ وَرُفِعَتْ أُخْرَى وَسَتَرْتُمْ بُيُوتَكُمْ كَمَا تُسْتَرُ الْكَعْبَة؟» . فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ نَحْنُ يَوْمَئِذٍ خَيْرٌ مِنَّا الْيَوْمَ نَتَفَرَّغُ لِلْعِبَادَةِ وَنُكْفَى الْمُؤْنَةَ. قَالَ: «لَا أَنْتُمُ الْيَوْمَ خَيْرٌ مِنْكُمْ يَوْمَئِذٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5366. मुहम्मद बिन काब कुरज़िय्यी बयान करते हैं, मुझे इस शख़्स ने हदीस बयान की जिस ने अली बिन अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु से सुना: उन्होंने ने फ़रमाया: हम मस्जिद मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ बैठे हुए थे की अचानक मुसअब बिन उमैर रदी अल्लाहु अन्हु हमारे पास आए इन पर सिर्फ एक ही चादर थी जिस पर चमड़े के पेवंद लगे हुए थे, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने उन्हें देखा तो आप उनकी पिछले नेअमतो वाली हालत और आज की हालत का फर्क देख कर रोने लगे, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारी हालत क्या होगी जब तुम में से कोई शख़्स दिन के पहले पहर एक जोड़ा पहनेगा और दिन के दुसरे पहर दूसरा जोड़ा पहनेगा उन के दस्तरखान पर एक तशरी रखी जाएगी और दूसरी उठाई जाएगी, और तुम अपने घरो को (पर्दों और सजावट की चीजों से) इस तरह धांपोगे जिस तरह काबा को (गिलाफो के साथ) धांपा जाता है”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! इस वक़्त हम आज की निस्बत बेहतर होंगे, हम इबादत के लिए फारिग़ होंगे और हम काम काज से फारिग़ कर दिए जाएँगे (मुलाज़िम काम करेंगे) आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं ? इस वक़्त की निस्बत आज तुम बेहतर हो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2476 وقال : حسن غریب) * فیه ’’ من سمع ‘‘ وھو مجھول

٥٣٦٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَأْتِي عَلَى النَّاسِ زَمَانٌ الصَّابِرُ فِيهِمْ عَلَى دِينِهِ كَالْقَابِضِ عَلَى الْجَمْرِ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ إِسْنَادًا

5367. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "लोगो पर एक ऐसा वक़्त भी आएगा के इस वक़्त अपने दीन पर काइम रहने वाला अंगारा पकड़ने वाले की तरह होगा"| तिरमिज़ी, और फ़रमाया इस हदीस की सनद ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (2260) * عمر بن شاكر ضعيف و حديث الترمذی (3058) يغنی عنه

٥٣٦٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا كَانَ أُمَرَاؤُكُمْ خِيَارَكُمْ وَأَغْنِيَاؤُكُمْ سُمَحَاءَكُمْ وَأُمُورُكُمْ شُورَى بَيْنَكُمْ فَظَهْرُ الْأَرْضِ خَيْرٌ لَكُمْ مِنْ بَطْنِهَا. وَإِذَا كَانَ أمراؤكم شِرَارَكُمْ وأغنياؤكم بخلاؤكم وَأُمُورُكُمْ إِلَى نِسَائِكُمْ فَبَطْنُ الْأَرْضِ خَيْرٌ لَكُمْ من ظهرهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: هَذَا حديثٌ غَرِيب

5368. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब तुम्हारे हुक्मरान वह होंगे जो तुम में सबसे बेहतर होंगे, तुम्हारे माल दार लोग सखी और तुम्हारे मुआमलात बाहमी मशवरे से तेअ होंगे तो फिर तुम्हारे लिए ज़मीन की पुश्त उस के पेट से बेहतर होगी (यानी जिंदगी मौत से बेहतर होगी) और जब तुम्हारे हुक्मरान बुरे लोग होंगे, तुम्हारे माल दार लोग बखील और तुम्हारे मुआमलात औरतो के सुपुर्द होंगे तो फिर तुम्हारे लिए ज़मीन का पेट उस की पुश्त से बेहतर होगा"| (मौत जिंदगी से बेहतर होगी) तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2266) * صالح بن بشير المری ضعيف و فيه علة أخرى

5408. अबू वाकिद लय्शी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ जब गज़वा ए हुनैन के लिए रवाना हुए तो आप ﷺ मुशरिकीन के एक दरख्त के पास से गुज़रे, जिस पर वह अपना अस्लिहा लटकाया करते थे, इसे ज़ात नौट कहा जाता था, सहाबा ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! हमारे लिए भी ज़ात नौट मुकर्रर फरमादे जिस तरह इन के लिए ज़ात

नौट है, रसूलुल्लाह ﷺ ने (ताज्जुब से) फ़रमाया: "(سُبْحَانَ اللهِ) पाक है अल्लाह यह (बात) तो ऐसे ही है जैसे मूसा अलैहिस्सलाम की कौम ने कहा था: "हमारे लिए भी एक माबूद मुकर्रर कर दे जिस तरह उन के माबूद हैं", उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! तुम भी अपने से पहले लोगो के तरीको पर चलोगे"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (2180 وقال : حسن صحيح)

٥٤٠٩ - (صَحِيح) وَعَن»» ابْن الْمسيب قَالَ: وَقَعَتِ الْفِتْنَةُ الْأُولَى - يَعْنِي مَقْتَلَ عُثْمَانَ - فَلَمْ يَبْقَ مِنْ أَصْحَابِ بَدْرٍ أَحَدٌ ثُمَّ وَقَعَتِ الْفِتْنَةُ الثَّانِيَةُ - يَعْنِي الْحَرَّةَ - فَلَمْ يَبْقَ مِنْ أَصْحَابِ الْحُدَيْبِيَةِ أَحَدٌ ثُمَّ وَقَعَتِ الْفِتْنَةُ الثَّالِثَةُ فَلَمْ تَرْتَفِعْ وَبِالنَّاسِ طَبَاخٌ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5409. इब्ने मुसय्यब से रिवायत है उन्होंने ने फ़रमाया: "पहला फितना, यानी उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु की शहादत का वाकिया रवानुमा हुआ तो गज़वा ए बद्र में शरीक होने वाला कोई सहाबी बाकी नहीं था, फिर दूसरा फितना यानी वाकिया हर्रा (यज़ीद के दौर में मदीना पर हमला हुआ) तो सुलह हुदैबिया में शरीक कोई सहाबी बाकी नहीं था, फिर तीसरा फितने रवानुमा हुआ तो वह ख़तम न हुआ जबके लोगो में अक़ल न रही| (बुखारी)

رواه البخاری (4024)

بَاب الْمَلَاحِم • जंगो का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٥٤١٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم قا ل: " لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى تَقْتَتِلَ فِئَتَانِ عَظِيمَتَانِ تَكُونُ بَيْنَهُمَا مَقْتَلَةٌ عَظِيمَةٌ دَعْوَاهُمَا وَاحِدَةٌ وَحَتَّى يبْعَث دجالون كذابون قريب مِنْ ثَلَاثِينَ كُلُّهُمْ يَزْعُمُ أَنَّهُ رَسُولُ اللَّهِ وَحَتَّى يُقْبَضَ الْعِلْمُ وَتَكْثُرَ الزَّلَازِلُ وَيَتَقَارَبَ الزَّمَانُ وَيظْهر الْفِتَنُ وَيَكْثُرَ الْهَرْجُ وَهُوَ الْقَتْلُ وَحَتَّى يَكْثُرَ فِيكُمُ الْمَالُ فَيَفِيضَ حَتَّى يُهِمَّ رَبَّ الْمَالِ مَنْ يَقْبَلُ صَدَقَتَهُ وَحَتَّى يَعْرِضَهُ فَيَقُولُ الَّذِي يعرضه عَلَيْهِ: لَا أَرَبَ لِي بِهِ وَحَتَّى يَتَطَاوَلَ النَّاسُ فِي الْبُنْيَانِ وَحَتَّى يَمُرَّ الرَّجُلُ بِقَبْرِ الرَّجُلِ فَيَقُولُ: يَا لَيْتَنِي مَكَانَهُ وَحَتَّى تَطْلُعَ الشَّمْسُ مِنْ مَغْرِبِهَا فَإِذَا طَلَعَتْ وَرَآهَا النَّاسُ آمَنُوا أَجْمَعُونَ فَذَلِكَ حِينَ (لَا يَنْفَعُ نَفْسًا إِيمَانُهَا لَمْ تَكُنْ آمَنَتْ مِنْ قَبْلُ أَوْ كَسَبَتْ فِي إِيمَانِهَا خَيْرًا)»» وَلَتَقُومَنَّ السَّاعَةُ وَقَدْ نَشَرَ الرَّجُلَانِ ثَوْبَهُمَا بَيْنَهُمَا فَلَا يَتَبَايَعَانِهِ وَلَا يَطْوِيَانِهِ وَلَتَقُومَنَّ السَّاعَةُ وَقَدِ انْصَرَفَ الرَّجُلُ بِلَبَنِ لِقْحَتِهِ فَلَا يَطْعَمُهُ وَلَتَقُومَنَّ السَّاعَةُ وَهُوَ يُلِيطُ حَوْضَهُ فَلَا يَسْقِي فِيهِ وَلَتَقُومَنَّ السَّاعَةُ وَقَدْ رَفَعَ أُكْلَتَهُ إِلَى فِيهِ فَلَا يطْعمهَا ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5410. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि दो अज़ीम जमाअते किताल करेगी, उन के बिच में बड़ी क़त्ल व गारत होगी, और इन दोनों का दावा एक ही होगा, और तकरीबन तीस दज्जाल कज़्ज़ाब भेजे जाएँगे, वह सब यही दावा करेंगे के वह अल्लाह के रसूल हैं, और इल्म उठा लिया जाएगा और ज़लज़ले कसरत से आएँगे, ज़माने (क़यामत का वक़्त) करीब आ जाएगा, फितने ज़ाहिर होंगे, क़त्ल ज़्यादा

होंगे, और तुम में माल की कसरत हो जाएगी और रेल पेल हो जाएगी, माल वाला ख़याल करेगा के उस का सदका कौन कबूल करेगा ? और यहाँ तक के वह इसे किसी को देने की कोशिश करेगा तो वह शख्स, जिसे वह पेश कश करेगा, कहेगा मुझे उस की ज़रूरत नहीं, और लोग बड़ी बड़ी इमारतों के मुत्तल्लिक बाहम फख्र करेंगे, एक आदमी दुसरे आदमी की कब्र के पास से गुज़रेगा तो कहेगा: काश के उस की जगह में होता और सूरज मग़रिब से निकलेगा, जब वह (इस तरफ से) तुलुअ होगा और लोगो से देख लेंगे तो वह सब ईमान ले आएँगे लेकिन इस वक़्त किसी शख़्स का ईमान उस के लिए फ़ायदा मंद नहीं होगा जो उस से पहले ईमान दार न हो या उस ने अपने ईमान की हालत में अच्छे काम न किए हो, और क़यामत इस तरह अचानक काइम होगी के दो आदमियों ने अपने दरमियान अपना कपड़ा फैला रखा होगा लेकिन वह न तो खरीद व फरोख्त कर सकेंगे और न इसे लपेट सकेंगे, और एक आदमी अपने ऊंटनी का दूध निकाल चूका होगा लेकिन वह इसे खा (पि) न सका होगा और क़यामत काइम होगी के (एक शख़्स अपने हौज़ की लिपाई कर रहा होगा लेकिन वह उस से पि नहीं सकेगा, और क़यामत काइम होगी के (एक आदमी) ने अपना लुकमा मुंह की तरफ उठा लिया होगा लेकिन वह इसे खा नहीं सकेगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (7121) و مسلم (248 / 157)، (396 و 2340 و 7256 و 7302)

٥٤١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى تُقَاتِلُوا قَوْمًا [ص:١٤٩ نِعَالُهُمُ الشَّعْرُ وَحَتَّى تُقَاتِلُوا التُّرْكَ صِغَارَ الْأَعْيُنِ حُمْرَ الْوُجُوهِ ذُلْفَ الْأُنُوفِ كَأَنَّ وجوهَهُم المجَانُّ المُطْرَقة» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5411. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि तुम एक ऐसी कौम के साथ किताल करोगे जिन के जूते बाल वाले (यानी चमड़े) के होंगे, और यहाँ तक की तुम तुर्कों से जंग करो जिन की आँखे छोटी होगी चेहरे सुर्ख होंगे नाक चपटी होगी और उन के चेहरे ऐसे होंगे जैसे तबत ढाल होती है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2928) و مسلم (62، 66 / 2912)، (7310 و 7311 و 7312 و 7313 و 7314)

٥٤١٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى تُقَاتِلُوا خُوزًا وَكِرْمَانَ مِنَ الْأَعَاجِمِ حُمْرَ الْوُجُوهِ فُطْسَ الْأُنُوفِ صِغَارَ الْأَعْيُنِ وُجُوهُهُمُ الْمَجَانُّ الْمُطْرَقَةُ نِعَالُهُمُ الشّعْر» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5412. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि तुम अज़मीओ में से खोज़ और करमन वालो से किताल करो, वह सुर्ख चेहरो वाले, चपटी नाक वाले और छोटी आंखो वाले होंगे, उन के चेहरे तबत ढाल जैसे होंगे और उन के जूते बाल वाले यानी (चमड़े के) होंगे”| (बुखारी)

رواه البخاری (3590)

٥٤١٣ - (لم تتمّ دراسته) وَفِي رِوَايَة لَهُ وَعَن عَمْرو بن تغلب: «عراض الْوُجُوه»

5413. और सहीह बुखारी ही में अम्र बिन ताग्लिब से मरवी रिवायत में है: " चोड़े चेहरो वाले"| (बुखारी)

رواه البخارى (2927)

٥٤١٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى يُقَاتِلَ الْمُسْلِمُونَ الْيَهُودَ فَيَقْتُلُهُمُ الْمُسْلِمُونَ حَتَّى يختبئ الْيَهُودِيُّ مِنْ وَرَاءِ الْحَجَرِ وَالشَّجَرِ فَيَقُولُ الْحَجَرُ وَالشَّجَرُ: يَا مُسْلِمُ يَا عَبْدَ اللَّهِ هَذَا يَهُودِيٌّ خَلْفِي فَتَعَالَ فَاقْتُلْهُ إِلَّا الْغَرْقَدَ فَإِنَّهُ من شجر الْيَهُود ". رَوَاهُ مُسلم

5414. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि मुसलमान यहूदियो से किताल करेंगे, मुसलमान उन्हें क़त्ल करेंगे इस वक़्त यहूदी पथ्थर और दरख्त के पीछे छिपेगा तो वह पथ्थर और दरख्त पुकार कर कहेगा: ए मुसलमान! अल्लाह के बन्दे! यह यहूदी मेरे पीछे है, आओ और इसे क़त्ल करो, अलबत्ता गरकद का दरख्त नहीं कहेगा, क्योंकि वह यहूदियों के दरख्तों में से है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (82 / 2922)، (7339)

٥٤١٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى يَخْرُجَ رَجُلٌ مِنْ قَحْطَانَ يَسُوقُ النَّاسَ بعصاه» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5415. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि कहटान से एक आदमी निकलेगा वह लोगो को अपने लाठी के साथ हांकेगा"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3517) ومسلم (60 / 2910)، (7308)

٥٤١٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا تَذْهَبُ الْأَيَّامُ وَاللَّيَالِي حَتَّى يَمْلِكَ رَجُلٌ يُقَالُ لَهُ: الْجَهْجَاهُ ". وَفِي رِوَايَةٍ: " حَتَّى يَمْلِكَ رَجُلٌ مِنَ الْمَوَالِي يُقَالُ لَهُ: الجَهجاه ". رَوَاهُ مُسلم

5416. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "दिन रात ख़तम नहीं होंगे (क़यामत काइम नहीं होगी) हत्ता कि जह्जाह नामी शख़्स मालिक बन जाएगा", एक दूसरी रिवायत में है: "हत्ता की आज़ाद करदा गुलामो में से जह्जाह नामी एक शख़्स मालिक बन जाएगा"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (61 / 2911)، (7309)

٥٤١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَتَفْتَحَنَّ عِصَابَةٌ مِنَ الْمُسْلِمِينَ كَنْزَ آلِ كِسْرَى الَّذِي فِي الْأَبْيَض» . رَوَاهُ مُسلم

5417. जाबिर बिन समुराह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मुसलमानों की एक जमाअत आले कीसरा के खज़ाने पर कब्ज़ा कर लेगी जो के सफ़ेद महल में है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (78 / 2919)، (7331)

٥٤١٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلَكَ كِسْرَى فَلَا يَكُونُ كِسْرَى بَعْدَهُ وَقَيْصَرُ لِيَهْلِكَنَّ ثُمَّ لَا يَكُونُ قَيْصَرُ بَعْدَهُ وَلَتُقْسَمَنَّ كُنُوزُهُمَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ» وَسَمَّى «الْحَرْبُ خُدْعَةٌ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5418. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कीसरा हलाक हो जाएगा और उस के बाद कोई कीसरा नहीं होगा, कैसर हलाक हो जाएगा और उस के बाद कोई कैसर नहीं होगा, और इन दोनों के खज़ाने अल्लाह की राह में तकसीम किए जाएँगे”, और आप ﷺ ने लड़ाई का नाम धोका और फरेब रखा| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3027 3028) و مسلم (76 / 2918)، (7327)

٥٤١٩ - (صَحِيح) وَعَنْ»» نَافِعِ بْنِ عُتْبَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «تَغْزُونَ جَزِيرَةَ الْعَرَبِ فَيَفْتَحُهَا اللَّهُ ثُمَّ فَارِسَ فَيَفْتَحُهَا اللَّهُ ثُمَّ تَغْزُونَ الرُّومَ فَيَفْتَحُهَا اللَّهُ ثُمَّ تَغْزُونَ الدَّجَّال فيفتحه الله» . رَوَاهُ مُسلم

5419. नाफेअ बिन उत्बा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम जज़ीरा अरब में जिहाद करोगे तो अल्लाह फतह अता करेगा, फिर फारस में जिहाद करोगे अल्लाह फतह अता करेगा, फिर तुम रोम पर हमला करोगे तो अल्लाह फतह अता फरमाएगा, फिर तुम दज्जाल से किताल करोगे तो अल्लाह फतह अता फरमाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (38 / 2900)، (7284)

٥٤٢٠ - (صَحِيح) وَعَن»» عَوْف بن مَالك قَالَ: أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي غَزْوَةِ تَبُوكَ وَهُوَ فِي قُبَّةٍ مِنْ أَدَمٍ فَقَالَ: " اعْدُدْ سِتًّا بَيْنَ يَدَيِ السَّاعَةِ: مَوْتِي ثُمَّ فَتْحُ بَيْتِ الْمَقْدِسِ ثُمَّ مُوتَانٌ يَأْخُذُ فِيكُمْ كَقُعَاصِ الْغَنَمِ ثُمَّ اسْتِفَاضَةُ الْمَالِ حَتَّى يُعْطَى الرَّجُلُ مِائَةَ دِينَارٍ فَيَظَلُّ سَاخِطًا ثُمَّ فِتْنَةٌ لَا يَبْقَى بَيْتٌ مِنَ الْعَرَبِ إِلَّا دَخَلَتْهُ ثُمَّ هُدْنَةٌ تَكُونُ بَيْنَكُمْ وَبَيْنَ بَنِي الْأَصْفَرِ فَيَغْدِرُونَ فَيَأْتُونَكُمْ تَحْتَ ثَمَانِينَ غَايَةً تَحْتَ كُلِّ غَايَةٍ اثْنَا عَشَرَ أَلْفًا ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5420. ऑफ बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं गज़वा ए तबुक में नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ जबके आप चमड़े के एक खैमे (तंबू) में थे आप ﷺ ने फ़रमाया: “क़यामत से पहले छे अलामाते शुमार करो: मेरी वफात, फिर बैतूल मकदस की फतह, फिर एक वबा जो तुम में इस तरह फ़ैल जाएगी जिस तरह बकरियों में ताऊन की बीमारी फ़ैल जाती है, फिर माल की रेल पेल हत्ता कि आदमी को सौ दीनार दिए जाएँगे मगर वह फिर भी नाराज़ होगा, फिर एक ऐसा फितने बरपा (ज़ाहिर) होगा जो अरबो के तमाम घरो में दाखिल हो जाएगा, फिर तुम्हारे और रुमियो के दरमियान

सुलह होगी, लेकिन वह दगाबाज़ी करें,गे वह इसी परचम तले तुम पर हमला करेंगे और हर झंडा तले बारह हज़ार लोग होंगे"| (बुखारी)

رواه البخارى (3176)

٥٤٢١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى يَنْزِلَ الرُّومُ بِالْأَعْمَاقِ أَوْ بِدَابِقَ فَيَخْرُجُ إِلَيْهِمْ جَيْشٌ مِنَ الْمَدِينَةِ مِنْ خِيَارِ أَهْلِ الْأَرْضِ يَوْمَئِذٍ فَإِذَا تَصَافُّوا قَالَتِ الرُّومُ: خَلُّوا بَيْنَنَا وَبَيْنَ الَّذِينَ سَبَوْا مِنَّا نُقَاتِلْهُمْ فَيَقُولُ الْمُسْلِمُونَ: لَا وَاللَّهِ لَا نُخَلِّي بَيْنَكُمْ وَبَيْنَ إِخْوَانِنَا فَيُقَاتِلُونَهُمْ فَيَنْهَزِمُ ثُلُثٌ لَا يَتُوبُ اللَّهُ عَلَيْهِمْ أَبَدًا وَيُقْتَلُ ثُلُثُهُمْ أَفْضَلُ الشُّهَدَاءِ عِنْدَ اللَّهِ وَيَفْتَتِحُ الثُّلُثُ لَا يُفْتَنُونَ أَبَدًا فَيَفْتَتِحُونَ قسطنطينية فَبينا هُمْ يَقْتَسِمُونَ الْغَنَائِمَ قَدْ عَلَّقُوا سُيُوفَهُمْ بِالزَّيْتُونِ [ص:١٤٩] إِذْ صَاحَ فِيهِمُ الشَّيْطَانُ: إِنَّ الْمَسِيحَ قَدْ خَلَفَكُمْ فِي أَهْلِيكُمْ فَيَخْرُجُونَ وَذَلِكَ بَاطِلٌ فَإِذَا جاؤوا الشامَ خرجَ فَبينا هُمْ يُعِدُّونَ لِلْقِتَالِ يُسَوُّونَ الصُّفُوفَ إِذْ أُقِيمَتِ الصَّلَاة فَينزل عِيسَى بن مَرْيَمَ فَأَمَّهُمْ فَإِذَا رَآهُ عَدُوُّ اللَّهِ ذَابَ كَمَا يَذُوبُ الْمِلْحُ فِي الْمَاءِ فَلَوْ تَرَكَهُ لَانْذَابَ حَتَّى يَهْلِكَ وَلَكِنْ يَقْتُلُهُ اللَّهُ بِيَدِهِ فيريهم دَمه فِي حربته ". رَوَاهُ مُسلم

5421. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "क़ियामत काइम नहीं होगी हत्ता कि रूमी फ़ौजी अअमाक (मदीना के करीब जगह) या दाबिक के मक़ाम पर पड़ाव डालेगी, तो मदीना से इस वक़्त रुए ज़मीन के बेहतरीन लोगों पर मुश्तमिल एक लश्कर उनकी तरफ रवाना होगा, जब वह सफ बंदी कर लेंगे तो रूमी कहेंगे, तुम हमारे और उन लोगो के दरमियान, जिन्होंने हमारे लोगों को कैदी बनाया था, रास्ता छोड़ दो, हम इनसे किताल करना चाहते है, मुसलमान कहेंगे, नहीं, अल्लाह की क़सम! हम तुम्हारे और अपने भाइयो के दरमियान राह खाली नहीं छोड़ेंगे, वह इनसे किताल करेंगे, वह तिहाई शिकश्त खा जाएँगे, अल्लाह उनकी कभी तौबा कबूल नहीं फरमाएगा, उन में से तिहाई क़त्ल कर दिए जाएँगे वह अल्लाह के यहाँ आअला दरजे के शुहदा है, और तिहाई फताहियाब होंगे वह कभी आज़माए नहीं जाएँगे वह कुस्तुनतुनिया फतह करेंगे, वह माले गनीमत तकसीम कर रहे होंगे, और उन्होंने अपने तलवारे जैतून के दरख्त के साथ लटका दी होगी इसी दौरान शैतान उन में ज़ोर दार आवाज़ से कहेगा के मसीह (दज्जाल) तुम्हारे अहल व अयाल में आ चूका है, वह निकलेंगे और यह बात बातिल होगी, जब वह शाम पहुंचेंगे तो वह निकल चूका होगा, इस असना में के वह किताल के लिए तय्यारी कर रहे होंगे, सफे दुरुस्त कर रहे होंगे के इतने में नमाज़ के लिए इकामत कही जाएगी तो इसा बिन मरियम अलैहिस्सलाम नुज़ूल फरमाइएगे, और वह उनकी इमामत कराएंगे, जब अल्लाह का दुश्मन (दज्जाल) उन्हें देखेगा तो वह इस तरह पिघल जाएगा जिस तरह नमक पानी में घुल जाता है, और अगर वह इसे छोड़ भी दें तो वह खुद ही गल सड़ कर हलाक हो जाएगा, लेकिन अल्लाह उन (इसा (अस)) के हाथो इसे क़त्ल कराएगा, वह अपने नेज़े पर उस का लगा हुआ खून दिखाएंगे"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (34 / 2897)، (7278)

٥٤٢٢ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: إِنَّ الساعةَ لَا تقومُ حَتَّى لَا يُقْسَمَ ميراثٌ وَلَا يُفْرَحَ بِغَنِيمَةٍ. ثُمَّ قَالَ: عَدُوٌّ يَجْمَعُونَ لِأَهْلِ الشَّامِ وَيَجْمَعُ لَهُمْ أَهْلُ الْإِسْلَامِ (يَعْنِي الرّوم)»» فيتشرَّطُ الْمُسْلِمُونَ شُرْطَةً لِلْمَوْتِ لَا تَرْجِعُ إِلَّا غَالِبَةً فَيَقْتَتِلُونَ حَتَّى يَحْجِزَ بَيْنَهُمُ اللَّيْلُ فَيَفِيءُ هَؤُلَاءِ وَهَؤُلَاء كل غير غَالب وتفنى الشرطة ثمَّ يَتَشَرَّطُ الْمُسْلِمُونَ شُرْطَةً لِلْمَوْتِ لَا تَرْجِعُ إِلَّا غالبة فيقتتلون حت يَحْجِزَ بَيْنَهُمُ اللَّيْلُ فَيَفِيءُ هَؤُلَاءِ وَهَؤُلَاءِ كُلٌّ غير غَالب وتفنى الشرطة ثمَّ يشْتَرط الْمُسْلِمُونَ شُرْطَةً لِلْمَوْتِ لَا تَرْجِعُ إِلَّا غَالِبَةً

فيقتتلون حَتَّى يُمْسُوا فَيَفِيءُ هَؤُلَاءِ وَهَؤُلَاءِ كُلٌّ غَيْرُ غَالِبٍ وَتَفْنَى الشُّرْطَةُ فَإِذَا كَانَ يَوْمُ الرَّابِعِ نَهَدَ إِليهم بقيةُ أهلِ الإسلام فيجعلُ الله الدَبْرَةَ عَلَيْهِم فيقتلون مَقْتَلَةً لَمْ يُرَ مِثْلُهَا حَتَّى إِنَّ الطَّائِرَ ليمر بجنباتهم فَلَا يُخَلِّفُهُمْ حَتَّى يَخِرَّ مَيِّتًا فَيَتَعَادَّ بَنُو الْأَبِ كَانُوا مِائَةً فَلَا يَجِدُونَهُ بَقِيَ مِنْهُمْ إِلَّا الرَّجُلُ الْوَاحِدُ فَبِأَيِّ غَنِيمَةٍ يُفْرَحُ أَوْ أَيِّ مِيرَاث يقسم؟ فَبينا هُمْ كَذَلِكَ إِذْ سَمِعُوا بِبَأْسٍ هُوَ أَكْبَرُ مِنْ ذَلِكَ فَجَاءَهُمُ الصَّرِيخُ: أَنَّ الدَّجَّالَ قَدْ خَلَفَهُمْ فِي ذَرَارِيِّهِمْ فَيَرْفُضُونَ مَا فِي أَيْدِيهِمْ وَيُقْبِلُونَ فَيَبْعَثُونَ عَشْرَ فَوَارِسَ طَلِيعَةً ". قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي لَأَعْرِفُ أَسْمَاءَهُمْ وَأَسْمَاءَ آبَائِهِمْ وَأَلْوَانَ خُيُولِهِمْ هُمْ خَيْرُ فَوَارِسَ أَوْ مِنْ خَيْرِ فَوَارِسَ عَلَى ظَهْرِ الْأَرْض يَوْمئِذٍ» . رَوَاهُ مُسلم

5422. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की क़यामत इस वक़्त तक काइम नहीं होगी जब तक मीरास तकसीम नहीं होगी, और माले गनीमत (की तकसीम) पर ख़ुशी महसूस नहीं होगी, फिर उन्होंने ने फ़रमाया: दुश्मन अहले शाम के लिए जमा होंगे जबके अहले इस्लाम उन (रुमियों) के लिए जमा हो जाएँगे, मुसलमान एक दस्ते को मौत के लिए तैयार करेंगे और वह गलबा हासिल कर एक ही वापिस आएँगे, वह किताल करेंगे हत्ता कि उन के दरमियान रात हाइल हो जाएगी, और दोनों तरफ की फ़ौजी गलबा हासिल किए बगैर वापिस जाएगी और मुन्तखब दस्ते शहीद कर दिए जाएँगे फिर मुसलमान एक दस्ते को मौत के लिए तैयार करेंगे और वह गलबा हासिल किए बगैर वापिस नहीं आएँगे वह किताल करते रहेंगे हत्ता कि उन के मबिन रात आड़े जाएगी तो दोनों तरफ की फ़ौजी गलबा हासिल किए बगैर वापिस आ जाएगी, और मुन्तखब दस्ते शहीद कर दिया जाएंगे, फिर वह मुसलमान (तीसरी मर्तबा) एक दस्ता मौत के लिए तैयार करेंगे वह गलबा हासिल कर के वापिस आएँगे, वह किताल करते रहेंगे, हत्ता कि शाम हो जाएगी, और दोनों तरफ की फ़ौजी गलबा हासिल किए बगैर वापिस जाएगी और मुन्तखब दस्ता शहीद कर दिया जाएगा, जब चोथा रोज़ होगा तो अहले इस्लाम के बाकी लोग इन के लिए उठ खड़े होंगे, तो अल्लाह उन (कुफ्फार) पर हार मुसल्लत कर देगा, वह खूब लड़ेंगे इस जैसी लड़ाई कभी न देखी गई होगी हत्ता कि अगर परिंदा उनकी तरफ से गुज़रना चाहेगा तो वह मुर्दा हालत में गिर पड़ेगा, एक बाप के बेटे लड़ाई से पहले गिने गए तो वह सौ थे, लेकिन लड़ाई के बाद वह उन में से सिर्फ एक आदमी पाएंगे, तो किसी गनीमत पर ख़ुशी होगी, और कौन सी मीरास तकसीम की जाएगी ? वह इसी असना में होंगे के वह अचानक एक लड़ाई के मुत्तल्लिक सुनेंगे जो के उस से भी बड़ी होगी, उन तक आवाज़ पहुंचेगी, दज्जाल उनकी औलाद में ज़ाहिर हो चूका है, उन के हाथो में जो कुछ होगा वह इसे फेंक देंगे, और इधर मुतवज्जे होंगे, वह खबर हासिल करने के लिए दस घुड़सवारों को भेजेंगे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं उन के और उन के आबाअ के नाम और उन के घोड़ो के रंग पहचानता हूँ और वह रुए ज़मीन पर बेहतरीन घुड़सवार होंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (37 / 2899)، (7281)

٥٤٢٣ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «هَلْ سَمِعْتُمْ بِمَدِينَةٍ جَانِبٌ مِنْهَا فِي الْبَرِّ وَجَانِبٌ مِنْهَا فِي الْبَحْرِ؟» قَالُوا: نَعَمْ يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ: " لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى يَغْزُوَهَا سَبْعُونَ أَلْفًا مِنْ بني إِسحاق فَإِذا جاؤوها نَزَلُوا فَلَمْ يُقَاتِلُوا بِسِلَاحٍ وَلَمْ يَرْمُوا بِسَهْمٍ قَالَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ فَيَسْقُطُ أحدُ جانبيها. - قالَ ثورُ بنُ يزيد الرَّاوِي: لَا أَعْلَمُهُ إِلَّا قَالَ -: " الَّذِي فِي الْبَحْر يَقُولُونَ الثَّانِيَةَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ فَيَسْقُطُ جَانِبُهَا الْآخَرُ ثُمَّ يَقُولُونَ الثَّالِثَةَ: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ فَيُفَرَّجُ لَهُم فيدخلونها فيغنمون فَبينا هُمْ يَقْتَسِمُونَ الْمَغَانِمَ إِذْ جَاءَهُمُ الصَّرِيخُ فَقَالَ: إِنَّ الدَّجَّالَ قَدْ خَرَجَ فَيَتْرُكُونَ كُلَّ شَيْءٍ ويرجعون ". رَوَاهُ مُسلم

5423. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने एक ऐसे शहर के मुत्तल्लिक सुना है जिस की एक जानिब खुश्की है और एक तरफ समुन्दर है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! जी हाँ, आप ﷺ ने

फ़रमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि बनू इसहाक के सत्तर हज़ार लोग वहां जिहाद करेंगे, जब वह वहां पहुँच कर पड़ाव डालेंगे तो वह न तो अस्लिहा से लड़ेंगे और न तीर अन्दाज़ी करेंगे “ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ (अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक नहीं अल्लाह सबसे बड़ा है) ” पढेंगे तो उस की एक जानिब गिर पड़ेंगे”, सौरन बिन यज़ीद रावी बयान करते हैं, मैं नहीं जानता मगर हज़रत अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु ने इस जानिब के मुत्तल्लिक फ़रमाया जो समुन्दर की तरफ है ’ फिर वह दूसरी मर्तबा : ’ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ (अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक नहीं अल्लाह सबसे बड़ा है) ” पढेंगे तो उस की दूसरी जानिब भी गिर पड़ेंगे, फिर वह तीसरी मर्तबा لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَاللَّهُ أَكْبَرُ (अल्लाह के सिवा कोई माबूद बरहक नहीं अल्लाह सबसे बड़ा है) ” पढेंगे तो वह (शहर) इन के लिए खोल दिया जाएगा तो वह उस में दाखिल होंगे और माले गनीमत हासिल करेंगे, वह माले गनीमत तकसीम कर रहे होंगे के एक ज़ोर दार आवाज़ उन्हें सुनाई देगी के दज्जाल का ज़ुहूर हो चूका ह, चुनांचे वह हर चीज़ छोड़ कर वापिस आजाएँगे”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (78 / 2920)، (7333)

بَاب الْمَلَاحِم • जंगो का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥٤٢٤ - (حسن) عَنْ»» مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عُمْرَانُ بَيْتِ الْمَقْدِسِ خَرَابُ يَثْرِبَ وَخَرَابُ يَثْرِبَ خُرُوجُ الْمَلْحَمَةِ وَخُرُوجُ الْمَلْحَمَةِ فَتْحُ قُسْطَنْطِينِيَّةَ وَفَتْحُ قُسْطَنْطِينِيَّةَ خُرُوجُ الدَّجَّالِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5424. मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बैतूल मकदस की आबादी, यसरिब की बर्बादी के वक़्त होगी, और यसरिब की खराबी बड़ी जंग के वक़्त होगी, और बड़ी जंग फतह कुस्तुनतुनिया के वक़्त होगी, और कुस्तुनतुनिया की फतह दज्जाल के निकलने के वक़्त होगी”| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (4294)

٥٤٢٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم: «الملحمة الْعُظْمَى وَفتح القسطنطينة وَخُرُوجُ الدَّجَّالِ فِي سَبْعَةِ أَشْهُرٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

5425. मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बड़ी जंग कुस्तुनतुनिया की फतह और खुरुज दज्जाल सात माह में होगा”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (2238 وقال : حسن) و ابوداؤد (4295) [و ابن ماجه (4092)] * ابوبکر بن ابی مریم : ضعیف وکان قد سرق بیته فاختلط و شیخه مجهول و یزید بن قطیب مجهول الحال

٥٤٢٦ - (ضَعِيف) وَعَن»» عبد الله بن بُسر أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «بَيْنَ الْمَلْحَمَةِ وَفَتْحِ الْمَدِينَةِ سِتُّ سِنِينَ وَيَخْرُجُ الدَّجَّالُ فِي السَّابِعَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَقَالَ: هَذَا أصح

5426. अब्दुल्लाह बिन बूसर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जंगे अज़ीम और शहर की फतह के बिच में छे साल का वक्फा होगा जबके दज्जाल का जुहूर सातवी साल होगा”| अबू दावुद और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ज़्यादा सहीह है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ ابوداؤد (4296) [و ابن ماجه (4093)] * ابن ابی بلال لم یوثقه غیر ابن حبان

٥٤٢٧ - (صَحِيح) وَعَنِ»» ابْنِ عُمَرَ قَالَ: يُوشِكُ الْمُسْلِمُونَ أَنْ يُحَاصَرُوا إِلَى الْمَدِينَةِ [ص:١٤٩ حَتَّى يَكُونَ أَبْعَدَ مَسَالِحِهِمْ سَلَاحٌ وَسَلَاحُ: قَرِيبٌ مِنْ خَيْبَرَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5427. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, करीब है के मुसलमानों को मदीना तक महसूर कर दिया जाए हत्ता कि उनकी सबसे दूर वाली सरहद सलाह होगी और सलाह खैबर के करीब है| (हसन)

حسن ، رواہ ابوداؤد (4250) [و الحاکم (4 / 511 ح 8560) و صححه علی شرط مسلم و وافقه الذھبی و سنده حسن]

٥٤٢٨ - (صَحِيح) وَعَن»» ذِي مِخبرٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " سَتُصَالِحُونَ الرُّومَ صُلْحًا آمِنًا فَتَغْزُونَ أَنْتُمْ وَهُمْ عَدُوًّا مِنْ وَرَائِكُمْ فَتُنْصَرُونَ وَتَغْنَمُونَ وَتَسْلَمُونَ ثُمَّ تَرْجِعُونَ حَتَّى تَنْزِلُوا بِمَرْجٍ ذِي تُلُولٍ فَيَرْفَعُ رَجُلٌ مِنْ أَهْلِ النَّصْرَانِيَّةِ الصَّلِيبَ»» فَيَقُولُ: غَلَبَ الصَّلِيبُ»» فَيَغْضَبُ رَجُلٌ مِنَ الْمُسْلِمِينَ فَيَدُقُّهُ فَعِنْدَ ذَلِكَ تَغْدِرُ الرُّومُ وَتَجْمَعُ لِلْمَلْحَمَةِ " وَزَادَ بَعْضُهُمْ: «فَيَثُورُ الْمُسْلِمُونَ إِلَى أَسْلِحَتِهِمْ فَيَقْتَتِلُونَ فيكرم الله تِلْكَ الْعِصَابَة بِالشَّهَادَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5428. ज़िमिख्बर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अनकरीब तुम (मुसलमानों!) रुमियो से मुआयदा अमन करोगे, तुम और वह अपने पीछे एक दुश्मन से जंग करोगे, तुम्हारी मदद की जाएगी और तुम माले गनीमत हासिल करोगे और तुम सलामत रहोगे, फिर तुम वापिस आओगे हत्ता कि तुम सर सब्ज़ टिलों वाली ज़मीन पर उतरोगे तो इसाइयों (रुमियों) में से एक शख़्स सलीब बुलंद करेगा और कहेगा सलीब ग़ालिब गई उस पर एक मुसलमान शख़्स गुस्से में आकर इस (सलीब) को तोड़ डालेगा इस वक़्त रूमी अहद तोड़ देंगे और वह जंग के लिए जमा होंगे”, और बाज़ राविये ने यह इज़ाफा नकल किया है: “तब मुसलमान अपने अस्लिहा की तरफ दोड़ेंगे और वह किताल करेंगे, अल्लाह इस जमाअत को शहादत के एजाज़ से नवाज़ेगा”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواہ ابوداؤد (4292 4239)

٥٤٢٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اتْرُكُوا الْحَبَشَةَ مَا تَرَكُوكُمْ فَإِنَّهُ لَا يَسْتَخْرِجُ كَنْزَ الْكَعْبَةِ إِلَّا ذُو السُّوَيْقَتَيْنِ مِنَ الْحَبَشَةِ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5429. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब तक हब्शी तुम से हमला न करे तुम भी उन से हमला न करो क्योंकि काबा का खज़ाना बारीक़ पिंडलियों वाला हब्शी ही निकालेगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4309)

٥٤٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ رَجُلٌ»» مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «دَعُوا الْحَبَشَةَ مَا وَدَعُوكُمْ وَاتْرُكُوا التُّرْكَ مَا تَرَكُوكُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيّ

5430. नबी ﷺ के एक सहाबी से रिवायत है, उन्होंने कहा:”तुम हब्शियों को छोड़े रखो जब तक वह तुम्हे छोड़े रखे और (इसी तरह) जब तक तुर्क तुम्हे छोड़े रखे तुम भी इन को छोड़े रखो| (हसन)

حسن ، رواه ابوداؤد (4302) و النسائی (6 / 44 ح 3178 مطولاً)

٥٤٣١ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» بُرَيْدَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَدِيثٍ: «يُقَاتِلُكُمْ قَوْمٌ صِغَارُ الْأَعْيُنِ» يَعْنِي التّرْك. قَالَ: «تسوقونهم ثَلَاث مَرَّات حَتَّى تلحقوهم بِجَزِيرَة الْعَرَب فَأَما السِّيَاقَةِ الْأُولَى فَيَنْجُو مَنْ هَرَبَ مِنْهُمْ وَأَمَّا الثَّانِيَة فينجو بعض وَيهْلك بعض وَأما الثَّالِثَةِ فَيُصْطَلَمُونَ» أَوْ كَمَا قَالَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5431. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से इस हदीस में रिवायत करते हैं, जिस में है: “छोटी आंखो वाले यानी तुर्क तुम से किताल करेंगे”, फ़रमाया: “तुम तीन मर्तबा उन्हें धकेलोंगे हत्ता कि तुम उन्हें जज़ीरा अरब तक पहुंचा दोगे, पहली मर्तबा धकेलने के मौके, भाग जाने वाले बच जाएँगे, दूसरी मर्तबा बाज़ बच जाएँगे और बाज़ हलाक हो जाएँगे, जबके तीसरी मर्तबा वह हलाक कर दिए जाएँगे, या जैसे आप ﷺ ने फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4305) * بشير بن المهاجر و ثقه الجمهور

٥٤٣٢ - (إِسْنَاده جيد) وَعَن أبي بكرَة أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَنْزِلُ أُنَاسٌ مِنْ أُمَّتِي [ص:١٤٩] بِغَائِطٍ يُسَمُّونَهُ الْبَصْرَةَ عِنْدَ نَهْرٍ يُقَالُ لَهُ: دِجْلَةُ يَكُونُ عَلَيْهِ جِسْرٌ يَكْثُرُ أَهْلُهَا وَيَكُونُ مِنْ أَمْصَارِ الْمُسْلِمِينَ وَإِذَا كَانَ فِي آخِرِ الزَّمَانِ جَاءَ بَنُو قَنْطُورَاءَ عِرَاضُ الْوُجُوهِ صِغَارُ الْأَعْيُنِ حَتَّى يَنْزِلُوا عَلَى شَطِّ النَّهْرِ فَيَتَفَرَّقُ أَهْلُهَا ثَلَاثَ فِرَقٍ فِرْقَةٌ يَأْخُذُونَ فِي أَذْنَابِ الْبَقَرِ وَالْبَرِّيَّةِ وَهَلَكُوا وَفِرْقَةٌ يَأْخُذُونَ لِأَنْفُسِهِمْ وَهَلَكُوا وَفِرْقَةٌ يَجْعَلُونَ ذَرَارِيَّهُمْ خَلْفَ ظُهُورِهِمْ وَيُقَاتِلُونَهُمْ وَهُمُ الشُّهَدَاءُ ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5432. अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत के कुछ लोग नहर के पास हम वार निचली ज़मीन पर पड़ाव डालेंगे जिसे वह बसरह के नाम से बोला करेंगे, और इस नहर को द्जलह के नाम से याद किया जाएगा, उस पर एक पुल होगा, इस के रहने वाले बहोत होंगे, और वह मुसलमानों के शहरो में से होगा, और

जब आखरी दौर होगा तो बनू क्न्तुरा आएँगे, जो चोड़े चेहरो और छोटी आंखो वाले होंगे हत्ता कि वह नहर के किनारे पड़ाव डालेंगे और वह (बसरह वाले) तीन गिरोहों में तकसीम हो जाएँगे, एक गिरोह गाय की दुमे पकड़ लेगा और वह जंगलों में (खेती बाड़ी करेंगे), और वह हलाक हो जाएँगे, एक गिरोह अपने जानो के लिए अमान हासिल कर लेंगे और वह भी हलाक हो जाएँगे और एक गिरोह अपने औलाद को अपने पुश्त के पीछे कर लेंगे और वह इनसे किताल करेंगे और यही शुहदा हैं”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4306)

٥٤٣٣ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يَا أَنَسُ إِنَّ النَّاسَ يمصِّرون أمصاراً فَإِن مِصْرًا مِنْهَا يُقَالُ لَهُ: الْبَصْرَةُ فَإِنْ أَنْتَ مَرَرْتَ بِهَا أَوْ دَخَلْتَهَا فَإِيَّاكَ وَسِبَاخَهَا وَكَلَّأَهَا ونخيلها وَسُوقَهَا وَبَابَ أُمَرَائِهَا وَعَلَيْكَ بِضَوَاحِيهَا فَإِنَّهُ يَكُونُ بهَا خَسْفٌ وقذفٌ ورجْفٌ وقومٌ يبيتُونَ ويصبحون قردة وَخَنَازِير " رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5433. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अनस! लोग शहर आबाद करेंगे और उन में से एक शहर है जिसे बसरह कहा जाएगा, अगर तुम वहां से गुजरो या तुम वहां जाओ तो उस की शोर वाली ज़मीन, घास वाली ज़मीन, उस के नखलिस्तान, उस के बाज़ारों और उस के हुक्मरानों के दरवाज़ो से बचते रहना (ज़िक्र की गई जगहों पर न जाना) , और तुम उस के अतराफ़ में रहना क्योंकि उस में ज़मीन का धसना होगा, आंधियां और ज़लज़ले आएँगे, वहां लोग रात को सोएंगे तो सुबह के वक़्त वह बंदर और खिंजिर बन जाएँगे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4307) * الراوى شک فى اتصاله فالسند معلل

٥٤٣٤ - (ضَعِيف) وَعَن»» صَالح بن دِرْهَم يَقُولُ: انْطَلَقْنَا حَاجِّينَ فَإِذَا رَجُلٌ فَقَالَ لَنَا: إِلَى جَنْبِكُمْ قَرْيَةٌ يُقَالُ لَهَا: الْأُبُلَّةُ؟ قُلْنَا: نَعَمْ. قَالَ: مَنْ يَضْمَنُ لِي مِنْكُمْ أَنْ يُصَلِّيَ لِي فِي مَسْجِدِ الْعَشَّارِ رَكْعَتَيْنِ أَوْ أَرْبَعًا وَيَقُولُ هَذِهِ لِأَبِي هُرَيْرَةَ؟ سَمِعْتُ خَلِيلِي أَبَا الْقَاسِمِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ يَبْعَثُ مِنْ مَسْجِدِ الْعَشَّارِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ شُهَدَاءَ لَا يَقُومُ مَعَ شُهَدَاءِ بَدْرٍ غَيْرُهُمْ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ. وَقَالَ: هَذَا الْمَسْجِدُ مِمَّا يَلِي النَّهْرَ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ أَبِي الدَّرْدَاءِ: «إِنَّ فُسْطَاطَ الْمُسْلِمِينَ» فِي بَابِ: «ذِكْرِ الْيَمَنِ وَالشَّامِ» . إِنْ شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى

5434. स्वालेह बिन दिरहम बयान करते हैं, हम हज के लिए रवाना हुए तो एक आदमी ने हमें कहा: तुम्हारे पास एक बस्ती है जिसे अबला कहा जाता है ? हमने कहा: हाँ, उस ने कहा तुम में से कौन मुझे ज़मानत देता है के वह मेरी खातिर मस्जिद अशार में दो या चार रकते पढ़ेगा, और वह कहेगा के यह (रकअते) अबू हुरैरा के लिए है, मैंने अपने दोस्त अबुल कासिम ﷺ को फरमाते हुए सुना: “बेशक अल्लाह अज्ज़वजल रोज़ ए क़यामत मस्जिद अशार से शुहदा उठाएगा, उन के अलावा शुहदाए बद्र के साथ कोई और खड़ा नहीं होगा”| अबू दावुद और उन्होंने ने फ़रमाया: यह मस्जिद नहर के किनारे वाकेअ है और हम अबू दरदा (र) से मरवी हदीस: “के मुसलमानों के खैमे ......” ذِكْرِ الْيَمَنِ وَالشَّامِ وَذِكْرِ أُوَيْسٍ الْقَرَنِيِّ (यमन और शाम और उवैसी करनी का ज़िक्र) मैं इनशाअल्लाह तआला ज़िक्र करेंगे. (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4308) * فيه ابراهيم بن صالح ضعفه الدارقطنى و الجمهور 0 حديث ابى الدرداء تقدم (6272)

جंगो का बयान • بَاب الْمَلَاحِم

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٥٤٣٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن شَقِيق عَن حُذَيْفَة قَالَ: كُنَّا عِنْدَ عُمَرَ فَقَالَ: أَيُّكُمْ يَحْفَظُ حَدِيثَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْفِتْنَةِ؟ فَقُلْتُ: أَنَا أَحْفَظُ كَمَا قَالَ: قَالَ: هَاتِ إِنَّكَ لِجَرِيءٌ وَكَيْفَ؟ قَالَ: قُلْتُ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ «فِتْنَةُ الرَّجُلِ فِي أَهْلِهِ وَمَالِهِ وَنَفْسِهِ وَوَلَدِهِ وَجَارِهِ يُكَفِّرُهَا الصِّيَامُ وَالصَّلَاةُ وَالصَّدَقَةُ وَالْأَمْرُ بِالْمَعْرُوفِ وَالنَّهْيُ عَنِ الْمُنْكَرِ» فَقَالَ عُمَرُ: لَيْسَ هَذَا أُرِيدُ إِنَّمَا أُرِيدُ الَّتِي تَمُوجُ كَمَوْجِ الْبَحْرِ. قَالَ: مَا لَكَ وَلَهَا يَا أَمِيرَ الْمُؤْمِنِينَ؟ إِنَّ بَيْنَكَ وَبَيْنَهَا بَابًا مُغْلَقًا. قَالَ: فَيُكْسَرُ الْبَابُ أويفتح؟ قَالَ: قُلْتُ: لَا بَلْ يُكْسَرُ. قَالَ: ذَاكَ أَحْرَى أَنْ لَا يُغْلَقَ أَبَدًا. قَالَ: فَقُلْنَا لحذيفة: هَل كَانَ عمر يعلم مَنِ البابُ؟ قَالَ: نَعَمْ كَمَا يَعْلَمُ أَنَّ دُونَ غَدٍ لَيْلَةٌ إِنِّي حَدَّثْتُهُ حَدِيثًا لَيْسَ بِالْأَغَالِيطِ قَالَ: فَهِبْنَا أَنْ نَسْأَلَ حُذَيْفَةَ مَنِ الْبَابُ؟ فَقُلْنَا لِمَسْرُوقٍ: سَلْهُ. فَسَأَلَهُ فَقَالَ: عُمَرُ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5435. शकिक, हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने ने फ़रमाया: हम उमर रदी अल्लाहु अन्हु के पास थे तो उन्होंने ने फ़रमाया: “तुम मैं रसूलुल्लाह ﷺ से फितने के मुत्तल्लिक मरवी हदीस कौन याद रखता है ? मैंने कहा: में याद रखता हूँ, जिस तरह आप ﷺ ने फ़रमाया था, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: सुनाओ! तुम तो बड़े दिलेर हो, और आप ﷺ ने कैसे फ़रमाया था ? मैंने कहा मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “आदमी के लिए उस के अहल व अयाल, उस का माल, उस की जान, उस की औलाद और उस का पड़ोसी फितना व आज़माइश है, जबके रोज़ा, नमाज़, सदका और नेकी का हुक्म करना, बुराई से रोकना उस का कफ्फारा है”, (इस पर) उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मेरी यह मुराद नहीं थी, मेरी मुराद तो वह (फितने) है जो समुन्दर की मोजो की तरह आएगा, वह बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अमीरुल मोमिनीन! आप को उन से क्या सरोकार ? क्योंकि उस के और आप के दरमियान बंद दरवाज़ा है, उन्होंने कहा: वह दरवाज़ा खोल दिया जाएगा या तोड़ दीया जाएगा ? वह बयान करते हैं, मैंने कहा: नहीं, बल्के वह तोड़ दीया जाएगा, उन्होंने ने फ़रमाया: फिर यह उस के ज़्यादा लायक है के वह कभी बंद न किया जाएगा, रावी बयान करते हैं, हमने हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु से पूछा क्या ऊमर रदी अल्लाहु अन्हु इस दरवाज़े के मुत्तल्लिक जानते थे ? उन्होंने कहा: हाँ, जैसे रात के बाद दिन आने का इल्म होता है, बेशक मैंने इसे हदीस बयान की जिस में कोई गलती व भ्रम नहीं, रावी बयान करते हैं, हमने खौफ की वजह से हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु से इस दरवाज़े के मुत्तल्लिक दरियाफ्त नहीं किया, हमने मसरुक से कहा के आप हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु से पूछे, उन्होंने उन से पूछा तो उन्होंने ने फ़रमाया: वह उमर है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7096) و مسلم (26 / 144)، (7268)

٥٤٣٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أنسٍ»» قَالَ: فَتْحُ القسطنطينة مَعَ قِيَامِ السَّاعَةِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5436. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने ने फ़रमाया: कुस्तुनतुनिया की फतह क़यामत के साथ (यानी क़रीब) होगी”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (2239) * وقال : محمود (بن غیلان) فیه :’’ هذا حدیث غریب ، و القسطنطینیة هی مدینة الروم تفتح عند خروج الدجال ، و القسطنطینیة قد فتحت فی زمان بعض اصحاب النبی صلی الله علیه و آله وسلم ‘‘

अलामत ए क़यामत का बयान

بَاب أَشْرَاط السَّاعَة •

पहली फस्ल

الْفَصْل الأول •

٥٤٣٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَنَسٍ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ مِنْ أَشْرَاطِ السَّاعَةِ أَنْ يُرْفَعَ الْعِلْمُ وَيَكْثُرَ الْجَهْلُ وَيَكْثُرَ الزِّنا ويكثُرَ شُربُ الخمرِ ويقِلَّ الرِّجالُ وتكثُرَ النِّسَاءُ حَتَّى يَكُونَ لِخَمْسِينَ امْرَأَةً الْقَيِّمُ الْوَاحِدُ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «يَقِلُّ الْعِلْمُ وَيَظْهَرُ الْجَهْلُ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5437. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अलामत ए क़यामत में से है की इल्म उठ जाएगा, जहालत ज़्यादा हो जाएगी, ज़िना कसरत से होगा, शराब नौशी ज़्यादा हो जाएगी, मर्द कम हो जाएँगे और औरते ज़्यादा हो जाएगी हत्ता कि पचास औरतो के लिए एक मुन्तजिम (देखने वाला) होगा”| एक दूसरी रिवायत में है: “इल्म कम हो जाएगा और जहालत ग़ालिब जाएगी”, (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (80) و مسلم (9 / 2671 و الرواية الثانية : 8 / 2671)، (6785 و 6786)

٥٤٣٨ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ بَيْنَ يَدَيِ السَّاعَةِ كَذَّابِينَ فَاحْذَرُوهُمْ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

5438. जाबिर बिन समुराह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “क़यामत से पहले (नबी ﷺ की तरफ झूठी बाते मंसूब करने वाले) कज्ज़ाब होंगे तुम उन से मुहतात (सावधान) रहना”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (10 / 1822)، (4711)

٥٤٣٩ - (صَحِيح) وَعَن أبي هريرة قَالَ: بَيْنَمَا كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُحَدِّثُ إِذْ جَاءَ أَعْرَابِيٌّ فَقَالَ: مَتَى السَّاعَةُ؟ قَالَ: «إِذَا ضُيِّعَتِ الْأَمَانَةُ فَانْتَظِرِ السَّاعَةَ» . قَالَ: كَيْفَ إِضَاعَتُهَا؟ قَالَ: «إِذَا وُسِّدَ الْأَمْرُ إِلَى غَيْرِ أَهْلِهِ فَانْتَظِرِ السَّاعَةَ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5439. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, इस असना में के नबी ﷺ गुफ्तगू फरमा रहे थे की अचानक एक आराबी आया तो उस ने अर्ज़ किया: क़यामत कब आएगी ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब अमानत ज़ाए हो जाए तो फिर क़यामत का इंतज़ार कर”, उस ने अर्ज़ किया: उस का ज़ाए करना कैसे है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जब मुआमलात नाआहल (नालायक) लोगो के सुपुर्द कर दिए जाए तो फिर क़यामत का इंतज़ार कर”| (बुखारी)

رواه البخاری (59)

٥٤٤٠ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى يَكْثُرَ الْمَالُ وَيَفِيضَ حَتَّى يُخْرِجَ الرَّجُلُ زَكَاةَ مَالِهِ فَلَا يَجِدُ أَحَدًا يَقْبَلُهَا مِنْهُ وَحَتَّى تَعُودَ أَرْضُ الْعَرَبِ مُرُوجًا وَأَنْهَارًا» رَوَاهُ مُسْلِمٌ. وَفِي رِوَايَة: قَالَ: «تبلغ المساكن إهَاب أَو يهاب»

5440. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि माल ज़्यादा हो जाएगा और उस की खूब रेल पेल होगी के आदमी अपने ज़कात का माल ले कर निकलेगा लेकिन इसे वुसुल करने वाला कोई नहीं मिलेगा और हत्ता कि सर ज़मीन अरब सरसब्ज़ व शादाब और बहती नहरों वाली वादी बन जाएगी”| मुस्लिम ही की एक दूसरी रिवायत में फ़रमाया: “मदीना की आबादी अहाब या यहाब तक पहोंच जाएगी”, (मुस्लिम)

رواه مسلم (60 / 157 و الرواية الثانية 43 / 2903)، (2339 و 7290)

٥٤٤١ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَكُونُ فِي آخِرِ الزَّمَانِ خَلِيفَةٌ يُقَسِّمُ الْمَالَ وَلَا يَعُدُّهُ» . وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: «يَكُونُ فِي آخِرِ أُمَّتِي خَلِيفَةٌ يَحْثِي الْمَالَ حَثْيًا وَلَا يَعُدُّهُ عَدًّا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

5441. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आखरी ज़माने में एक खलीफा होगा वह माल तकसीम करेगा और इसे गिनेगा नहीं ?” एक दूसरी रिवायत में है फ़रमाया: “मेरी उम्मत के आख़िर पर एक खलीफा होगा जो चुल्लू भर भर कर माल देगा और वह इसे गिन गिन कर नहीं देगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (69 / 2914 و الرواية الثانية 61 / 2913)، (7318 و 7317)

٥٤٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يُوشِكُ الْفُرَاتُ أَنْ يَحْسِرَ عَنْ كَنْزٍ مِنْ ذَهَبٍ فَمَنْ حَضَرَ فَلَا يَأْخُذْ مِنْهُ شَيْئًا» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5442. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “करीब है के फरात अपने सोने के खज़ाने ज़ाहिर कर दे, इस वक़्त जो मौजूद हो वह उस से कुछ न ले”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7119) و مسلم (30 / 2894)، (7274)

٥٤٤٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى يَحْسِرَ الْفُرَاتُ عَنْ جَبَلٍ مِنْ ذَهَبٍ يَقْتَتِلُ النَّاسُ عَلَيْهِ فَيُقْتَلُ مَنْ كُلِّ مِائَةٍ تِسْعَةٌ وَتِسْعُونَ وَيَقُولُ كُلُّ رَجُلٍ مِنْهُمْ: لَعَلِّي أَكُونُ أَنَا الَّذِي أنجو ". رَوَاهُ مُسلم

5443. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि फरात से सोने का पहाड़ ज़ाहिर कर दिया जाएगा, लोग उस पर झगड़ेंगे तो हर सौ में से निनान्वे क़त्ल कर दिए जाएँगे और उन में से हर शख़्स कहेगा में उम्मीद करता हूँ कि वह निजात पाने वाला मैं हूँ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (29 / 2894)، (7272)

٥٤٤٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " تَقِيءُ الْأَرْضُ أَفْلَاذَ كَبِدِهَا أَمْثَالَ الْأُسْطُوَانَةِ مِنَ الذَّهَبِ وَالْفِضَّةِ فَيَجِيءُ الْقَاتِلُ فَيَقُولُ: فِي هَذَا قَتَلْتُ وَيَجِيءُ الْقَاطِعُ فَيَقُولُ: فِي هَذَا قَطَعْتُ رَحِمِي. وَيَجِيءُ السَّارِقُ فَيَقُولُ: فِي هَذَا قُطِعت يَدي ثمَّ يَد عونه فَلَا يَأْخُذُونَ من شَيْئا ". رَوَاهُ مُسلم

5444. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ज़मीन सोने चाँदी के सुतून की तरह अपने खज़ाने उगल देगी तो कातिल आएगा और (अफ़सोस के साथ) कहेगा, मैंने इस वजह से क़त्ल किया था, कतअ रहमी करने वाला आएगा तो वह कहेगा मैंने इस की खातिर अपने रिश्तेदारों से नाते तोड़े, चोर आएगा और कहेगा इस वजह से मेरा हाथ काट दिया गया, फिर वह इसे छोड़ जाएँगे और वह उस में से कुछ भी नहीं लेंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (62 / 1013)، (2341)

٥٤٤٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَا تَذْهَبُ الدُّنْيَا حَتَّى يَمُرَّ الرَّجُلُ عَلَى الْقَبْرِ فَيَتَمَرَّغُ عَلَيْهِ ويقولُ: يَا لَيْتَنِي مَكَانَ صَاحِبِ هَذَا الْقَبْرِ وَلَيْسَ بِهِ الدِّينُ إِلَّا الْبَلَاء ". رَوَاهُ مُسلم

5445. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि आदमी कब्र के पास से गुजरेगा तो वह उस परलौट पोट होगा (लौटेगा), और कहेगा काश के इस कब्र वाले की जगह में होता और वह यह बात दिन की वजह से नहीं बल्कि फ़ितनो और आजमाइशो की वजह से कहेगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (54 / 157)، (7302)

٥٤٤٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى تَخْرُجَ نَارٌ مِنْ أَرْضِ الْحِجَازِ تُضِيءُ أعناقَ الإِبلِ ببُصْرى» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5446. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि सर ज़मीन हज्जाज़ से आग निकलेगी और वह बसरा (शाम का एक शहर) में ऊटों की गर्दनो को रोशन कर देगी”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7118) و مسلم (42 / 2902)، (7289)

٥٤٤٧ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَوَّلُ أَشْرَاطِ السَّاعَةِ نَارٌ تَحْشُرُ النَّاسَ مِنَ الْمَشْرِقِ إِلَى الْمَغْرِبِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5447. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अलामत ए क़यामत में से पहली निशानिया आग है जो लोगो को मशरिक से मग़रिब की तरफ जमा कर देगी”| (बुखारी)

رواه البخارى (3329)

अलामत ए क़यामत का बयान
بَاب أَشْرَاط السَّاعَة •

दूसरी फस्ल
الْفَصْل الثَّانِي •

٥٤٤٨ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ أَنَسٍ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَقُومُ السَّاعَةُ حَتَّى يتقاربَ الزَّمانُ فتكونُ السَّنةُ كالشهرِ والشَّهرُ كالجمعةِ وتكونُ الجمعةُ كاليومِ وَيَكُونُ الْيَوْمُ كَالسَّاعَةِ وَتَكُونُ السَّاعَةُ كَالضَّرْمَةِ بِالنَّارِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5448. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़यामत काइम नहीं होगी हत्ता कि ज़माना करीब आ जाएगा तो साल महीने की तरह, महीने जुमे (सात दिन) की तरह जुमा (यानी हफ्ता) दिन की तरह, दिन घंटे की तरह और घंटे आग के लपटों की तरह होगा”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (2332 وقال : غريب)

٥٤٤٩ - (ضَعِيف) وَعَن»» عبدِ الله بنِ حوالةَ قَالَ: بعثَنا رَسُول الله صلى اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِنَغْنَمَ عَلَى أَقْدَامِنَا فَرَجَعْنَا فَلَمْ نَغْنَمْ شَيْئًا وَعَرَفَ الْجَهْدَ فِي وجوهِنا فقامَ فِينَا فَقَالَ: «اللَّهُمَّ لَا تَكِلْهُمْ إِلَيَّ فَأَضْعُفَ عَنْهُمْ وَلَا تَكِلْهُمْ إِلَى أَنْفُسِهِمْ فَيَعْجِزُوا عَنْهَا وَلَا تَكِلْهُمْ إِلَى النَّاسِ فَيَسْتَأْثِرُوا عَلَيْهِمْ» ثُمَّ وَضَعَ يَدَهُ عَلَى رَأْسِي ثُمَّ قَالَ: «يَا ابْنَ حَوَالَةَ إِذَا رَأَيْتَ الْخِلَافَةَ قَدْ نَزَلَتِ الْأَرْضَ الْمُقَدَّسَةَ فَقَدْ دَنَتِ الزَّلَازِلُ وَالْبَلَابِلُ وَالْأُمُورُ الْعِظَامُ وَالسَّاعَةُ يَوْمَئِذٍ أَقْرَبُ مِنَ النَّاسِ مِنْ يَدِي هَذِه إِلَى رَأسك» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5449. अब्दुल्लाह बिन हवालत रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें माले गनीमत हासिल करने के लिए पैदल भेजा, हम माले गनीमत हासिल किए बगैर वापिस आए और आप ने हमारे चेहरो पर मशक्क़त के आसार देखे तो आप ﷺ हमें ख़िताब फरमाने के लिए खड़े हुए और दुआ फरमाई: “अल्लाह उन्हें मेरे सुपुर्द न कर में उन से ज़्यादा जईफ होऊंगा, उन्हें उनकी जानो के सुपुर्द न कर वह उन से आजिज़ आजाएँगे और उन्हें लोगो के हवाले न कर वह अपने आप को इन पर तरजीह देंगे”, और आप ﷺ ने अपना दस्ते मुबारक मेरे सर पर रखा और फ़रमाया: “इब्ने हवालत! जब तुम देखो के खिलाफत अर्जे मुक़द्दस (मुल्के शाम) मुन्तकिल हो गई है तो फिर (समझ लेना) ज़लज़ले, गम और अलामत ए क़यामत करीब आ चुकी है, और इस वक़्त क़यामत लोगो के इस क़दर करीब होगी जिस क़दर मेरा हाथ तेरे सर के करीब है”| अबू दावुद, और उस की सनद हसन है| और हाकिम ने इसे अपने सहीह में रिवायत किया है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2535) [و صححه الحاکم (4 / 425) و وافقه الذهبی]

٥٤٥٠ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا اتُّخِذَ الْفَيْءُ دِوَلًا وَالْأَمَانَةُ مَغْنَمًا وَالزَّكَاةُ مَغْرَمًا وَتُعُلِّمَ لِغَيْرِ الدِّينِ وَأَطَاعَ الرَّجُلُ امْرَأَتَهُ وَعَقَّ أُمَّهُ وَأَدْنَى صَدِيقَهُ وَأَقْصَى أَبَاهُ وَظَهَرَتِ الْأَصْوَاتُ فِي الْمَسَاجِدِ وَسَادَ الْقَبِيلَةَ فَاسِقُهُمْ وَكَانَ زَعِيمُ الْقَوْمِ أَرْذَلَهُمْ وَأُكْرِمَ الرَّجُلُ مَخَافَةَ شَرِّهِ [ص:١٥٠ وَظَهَرَتِ الْقَيْنَاتُ وَالْمَعَازِفُ وشُربتِ الخمورُ وَلَعَنَ آخِرُ هَذِهِ الْأُمَّةِ أَوَّلَهَا فَارْتَقِبُوا عِنْدَ ذَلِكَ رِيحًا حَمْرَاءَ وَزَلْزَلَةً وَخَسْفًا وَمَسْخًا وَقَذْفًا وَآيَاتٍ تَتَابَعُ كَنِظَامٍ قُطِعَ سِلْكُهُ فَتَتَابَعَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5450. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब माल ए फै, माल ए गनीमत को दौलत, अमानत को माले गनीमत और ज़कात को तावुन समझा जाए, इल्मे दीन मकासिद के अलावा दुनियवी मकासिद के लिए हासिल किया जाए, आदमी अपने अहलिया का इताअत गुज़ार बन जाए और अपने वालिद की नाफ़रमानी करे, वह अपने दोस्त को मुकर्रब बनाए और अपने वालिद को दूर रखे, मसाजिद में आवाज़े बुलंद होने लगे, कबिले का सबसे ज़्यादा अहमक शख़्स कबिले का सरदार बन जाए, कौम का ज़िम्मेदार व मुन्तजिम (देखने वाला) उनका सबसे ज़्यादा रज़िल शख़्स हो, आदमी की उस के शर के खौफ की वजह से इज्ज़त की जाए, गाने वालियों और आलात ए मौसिकी आम हो जाए, शराब नौशी की जाए, और इस उम्मत के बाद वाले लोग अपने पहले लोगो (यानी सलफ) पर लान व तान करे तो इस वक़्त तुम सुर्ख आँधियों, ज़लज़लो, ज़मीन में धंसने, चेहरो के मसख हो जाने, आसमान से पथ्थर बरसने और दीगर निशानियो के इस तरह मुसलसल आने का इंतज़ार करो, जिस तरह हार की डोरी टूट जाए तो फिर मोती लगातार गिरते है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2211 وقال : غریب) * فیه رمیح : مجھول کما فی التقریب و الکاشف (1 / 243) وغیرھما

٥٤٥١ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا فَعَلَتْ أُمَّتِي خَمْسَ عَشْرَةَ خَصْلَةً حَلَّ بِهَا الْبَلَاءُ» وَعَدَّ هَذِهِ الْخِصَالَ وَلَمْ يَذْكُرْ «تُعُلِّمَ لِغَيْرِ الدِّينِ» قَالَ: «وَبَرَّ صَدِيقَهُ وَجَفَا أَبَاهُ» وَقَالَ: «وَشُرِبَ الْخَمْرُ وَلُبِسَ الْحَرِيرُ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ .

5451. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब मेरी उम्मत पन्द्रह (बड़े) काम करेगी तो उस पर बला नाज़िल होगी, आप ने वह काम शुमार किए लेकिन अली रदी अल्लाहु अन्हु ने यह ज़िक्र नहीं किया के “इल्मे दीन मकासिद के अलावा हासिल किया जाएगा”, फ़रमाया: “अपने दोस्त से हुस्ने सुलूक करेगा और वालिद से जफा करेगा”, और फ़रमाया: “शराब नौशी की जाए और रेशम पहना जाए”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2210) * فیه فرج بن فضالة : ضعیف

٥٤٥٢ - (حسن) وَعَنْ»» عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تَذْهَبُ الدُّنْيَا حَتَّى يَمْلِكَ الْعَرَبَ رَجُلٌ مِنْ أهلِ بَيْتِي يُواطِىءُ اسمُه اسْمِي» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ. وَفِي رِوَايَةٍ لَهُ: «لَوْ لَمْ يَبْقَ مِنَ الدُّنْيَا إِلَّا يَوْمٌ لَطَوَّلَ اللَّهُ ذَلِكَ الْيَوْمَ حَتَّى يَبْعَثَ اللَّهُ فِيهِ رَجُلًا مِنِّي - أَوْ مِنْ أَهْلِ بَيْتِي - يُوَاطِئُ اسْمُهُ اسْمِيَ وَاسْمُ أَبِيهِ اسْمَ أَبِي يَمْلَأُ الْأَرْضَ قِسْطًا وَعَدْلًا كَمَا مُلِئَتْ ظُلْمًا وجورا»

5452. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “दुनिया ख़तम नहीं होगी हत्ता कि मेरे अहले बैत से मेरा हम नाम शख़्स अरबो का बादशाह बन जाएगा”| और अबू दावुद की रिवायत में है फ़रमाया: “अगर दुनिया का सिर्फ एक ही दिन बाकी रह गया तो अल्लाह इस दिन को लम्बा करेगा हत्ता कि अल्लाह उस में मेरे अहले बैत से एक आदमी भेजेगा जिस का नाम मेरे नाम जैसे और उस के वालिद का नाम मेरे वालिद के नाम जैसे होगा, वह ज़मीन को अदल व इंसाफ से भर देगा जिस तरह वह ज़ुल्म व सितम से भरी हुई थी”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2230) و ابوداؤد (4282)

٥٤٥٣ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «الْمَهْدِيُّ مِنْ عِتْرَتِي مِنْ أَوْلَادِ فَاطِمَةَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5453. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “महदी मेरी अतरत फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा की औलाद से होगा”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (4284)

٥٤٥٤ - (حسن) وَعَنْ»» أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمَهْدِيُّ مِنِّي أجلى الْجَبْهَة وأقنى الْأَنْفِ يَمْلَأُ الْأَرْضَ قِسْطًا وَعَدْلًا كَمَا مُلِئَتْ ظُلْمًا وَجَوْرًا يَمْلِكُ سَبْعَ سِنِينَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5454. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “महदी मेरी औलाद से होंगे, जो के कुशादा पेशानी और बुलंद नाक वाले होंगे, वह ज़मीन को अदल व इंसाफ से भर देगा जिस तरह वह ज़ुल्म व तुम से भरी हुई थी, वह सात साल हुकूमत करेगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4285) * قتادة مدلس ، عنعن و للحديث شواهد ضعيفة

٥٤٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ»» عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي قِصَّةِ الْمَهْدِيِّ قَالَ: " فَيَجِيءُ إِلَيْهِ الرَّجُلُ [ص:١٥٠ فَيَقُولُ: يَا مَهْدِيُّ أَعْطِنِي أَعْطِنِي. قَالَ: فَيَحْثِي لَهُ فِي ثَوْبِهِ مَا اسْتَطَاعَ أَنْ يَحْمِلَهُ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5455. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु महदी के किस्से के बारे में नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आदमी उस के पास आएगा तो वह कहेगा, महदी! मुझे अता करो, मुझे अता करो, फ़रमाया: वह उस के कपड़े को भर देंगे और वह शख़्स इसे उठाने से कासिर (असमर्थ) रहेगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2232 وقال : حسن) [و ابن ماجه (4083)] * فيه زيد العمى : ضعيف

٥٤٥٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَمِّ سَلَمَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَكُونُ اخْتِلَافٌ عِنْدَ مَوْتِ خَلِيفَةٍ فَيَخْرُجُ رَجُلٌ مِنْ أَهْلِ الْمَدِينَةِ هَارِبًا إِلَى مكةَ فيأتيه الناسُ من أهل مَكَّة فيخرجوه وَهُوَ كَارِه فيبايعونه بَين الرُّكْن وَالْمقَام يبْعَث إِلَيْهِ بَعْثٌ مِنَ الشَّامِ فَيُخْسَفُ بِهِمْ بِالْبَيْدَاءِ بَيْنَ مَكَّةَ وَالْمَدِينَةِ فَإِذَا رَأَى النَّاسُ ذَلِكَ أَتَاهُ أَبْدَالُ الشَّامِ وَعَصَائِبُ أَهْلِ الْعِرَاقِ فَيُبَايِعُونَهُ ثُمَّ يَنْشَأُ رَجُلٌ مِنْ قُرَيْشٍ أَخْوَالُهُ كَلْبٌ فَيَبْعَثُ إِلَيْهِمْ بَعْثًا فَيَظْهَرُونَ عَلَيْهِمْ وَذَلِكَ بَعَثُ كلب وَيعْمل النَّاسِ بِسُنَّةِ نَبِيِّهِمْ وَيُلْقِي الْإِسْلَامُ بِجِرَانِهِ فِي الْأَرْضِ فَيَلْبَثُ سَبْعَ سِنِينَ ثُمَّ يُتَوَفَّى وَيُصَلِّي عَلَيْهِ الْمُسلمُونَ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5456. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा नबी ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “बादशाह की मौत के वक़्त इख्तिलाफ हो जाएगा, अहले मदीना से एक आदमी निकल कर मक्का की तरफ भाग खड़ा होगा, अहले मक्का से कुछ लोग उस के पास आएँगे तो वह इसे (इस के घर से) बाहर लाएँगे, वह नापसंद करता होगा, लेकिन वह रुक्न (हजरे असवद) और

मकामे इब्राहीम के दरमियान उस की बैत करेंगे, शाम की तरफ से (इस से लड़ने के लिए) उस की तरफ एक लश्कर रवाना किया जाएगा, लेकिन इस लश्कर को मक्का और मदीना के दरमियान मक़ाम बैदा पर धंसा दीया जाएगा, जब लोग यह सूरत ए हाल देखेंगे तो शाम के अब्दाल (इबादत गुज़ार) और ईराक के बेहतरीन शख़्स उस के पास आएँगे तो वह उस की बैत कर लेंगे, फिर कुरैश से एक आदमी ज़ाहिर होगा जिस के ननिहाल कल्ब कबिले से होंगे वह (कलबी) उन (बैत करने वालो) की तरफ एक लश्कर भेजेंगे तो वह (बैत करने वाले) इन पर ग़ालिब आजाएँगे, और यह कल्ब का लश्कर होगा, और वह (महदी) उन में नबी ﷺ की सुन्नत के मुताबिक अमल करेंगे, इस्लाम ज़मीन पर साबित व काइम हो जाएगा, वह सात साल रहेंगे फिर वफात पा जाएँगे और मुसलमान उनकी नमाज़े जनाज़ा पढेंगे"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4286) * قتادة مدلس و عنعن

٥٤٥٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: ذَكَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بَلَاءً يُصِيبُ هَذِهِ الْأُمَّةَ حَتَّى لَا يَجِدَ الرَّجُلُ مَلْجَأً يَلْجَأُ إِلَيْهِ مِنَ الظُّلْمِ فَيَبْعَثُ اللَّهُ رَجُلًا مِنْ عِتْرَتِي وَأَهْلِ بَيْتِي فَيَمْلَأُ بِهِ الْأَرْضَ قِسْطًا وَعَدْلًا كَمَا مُلِئَتْ ظُلْمًا وَجَوْرًا يَرْضَى عَنْهُ سَاكِنُ السَّمَاءِ وَسَاكِنُ الْأَرْضِ لَا تَدَعُ السَّمَاءُ مِنْ قَطْرِهَا شَيْئًا إِلَّا صَبَّتْهُ مِدْرَارًا وَلَا تَدَعُ الْأَرْضُ مِنْ نَبَاتِهَا شَيْئًا إِلَّا أَخْرَجَتْهُ حَتَّى يَتَمَنَّى الْأَحْيَاءُ الْأَمْوَاتَ يَعِيشُ فِي ذَلِكَ سبعَ سِنِين أَو ثمانَ سِنِين أَو تسع سِنِين» . رَوَاهُ

٥٥٩٨ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قا ل: «شَفَاعَتِي لِأَهْلِ الْكَبَائِرِ مِنْ أُمَّتِي» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

5598. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मेरी शफाअत, मेरी उम्मत के उन लोगों के लिए है जो कबिराह गुनाह करते हैं”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (2435 وقال : حسن صحیح غریب) و ابوداؤد (4739)

٥٥٩٩ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ»» ابْن مَاجَه عَن جَابر

5599. और इब्ने माजा ने जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحیح ، رواه ابن ماجه (4310)

٥٦٠٠ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عَوْفِ بْنِ مَالِكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَتَانِي آتٍ مِنْ عِنْدِ رَبِّي فَخَيَّرَنِي بَيْنَ أَنْ يُدْخِلَ نِصْفَ أُمَّتِي الْجَنَّةَ وَبَيْنَ الشَّفَاعَةِ فَاخْتَرْتُ الشَّفَاعَةَ وَهِيَ لِمَنْ مَاتَ لَا يُشْرِكُ بِاللَّهِ شَيْئًا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

5600. ऑफ बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरे रब की तरफ से आने वाला एक मेरे पास आया तो उस ने मुझे इख़्तियार दीया के आप अपने आधी उम्मत जन्नत में दाखिल कर ले, या शफाअत का हक़ ले लें, मैंने शफाअत को इख़्तियार कर लिया, और वह इस शख़्स के लिए है जो इस हालत में फौत हुआ की वह अल्लाह के साथ किसी और को शरीक न ठहराता हो”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (2441) و ابن ماجه (4317)

٥٦٠١ - (صَحِيح) وَعَن»» عبدِ الله بن أبي الجَدعاءِ قَالَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «يَدْخُلُ الْجَنَّةَ بِشَفَاعَةِ رَجُلٍ مِنْ أُمَّتِي أَكْثَرُ مِنْ بَنِي تَمِيمٍ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ والدارمي وَابْن مَاجَه

5601. अब्दुल्लाह बिन अबी जदआअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मेरी उम्मत के एक आदमी (उस्मान (र)) की सिफारिश पर कबिले बनू तमीम से ज़्यादा लोग जन्नत में जाएँगे”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (2438 وقال : حسن صحيح غريب) و الدارمی (2 / 328 ح 2811 ، و ابن ماجه (4316)

٥٦٠٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَبِي سَعِيدٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ مِنْ أُمَّتِي مَنْ يَشْفَعُ لِلْقَبِيلَةِ وَمِنْهُمْ مَنْ يَشْفَعُ لِلْعُصْبَةِ وَمِنْهُمْ مَنْ يَشْفَعُ لِلرَّجُلِ حَتَّى يَدْخُلُوا [ص:١٥٥ الْجَنَّةَ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

5602. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत में से बाज़ एक जमाअत की सिफारिश करेंगे, उन में से बाज़ कबिले की, उन में से बाज़ एक खानदान की और उन में से कोई किसी आदमी की सिफारिश करेगा हत्ता के (इस तरह सिफारिश करते करते) वह जन्नत में दाखिल हो जाएँगे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2440 وقال : حسن) * عطية العوفی ضعيف

٥٦٠٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ وعَدَني أن يدْخل الجنةَ من أُمتي أربعمائةِ أَلْفٍ بِلَا حِسَابٍ» . فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ زِدْنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ وَهَكَذَا فَحَثَا بِكَفَّيْهِ وَجَمَعَهُمَا فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ: زِدْنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ. قَالَ: وَهَكَذَا فَقَالَ عُمَرُ دَعْنَا يَا أبكر. فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ: وَمَا عَلَيْكَ أَنْ يُدْخِلَنَا اللَّهُ كُلَّنَا الْجَنَّةَ؟ فَقَالَ عُمَرُ: إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ إِنْ شَاءَ أَنْ يُدْخِلَ خَلْقَهُ الْجَنَّةَ بِكَفٍّ وَاحِدٍ فَعَلَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «صَدَقَ عُمَرُ» رَوَاهُ فِي شرح السّنة

5603. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह अज्ज़वजल ने मुझ से वादा किया है के वह मेरी उम्मत से चार लाख लोगों को बगैर हिसाब जन्नत में दाखिल फरमाएगा”, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! इज़ाफा फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “और इस तरह, आप ने अपने दोनों हाथो से चुल्लू बनाया, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने फिर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हमारी इस तादाद मैं भी इज़ाफा फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “और इस तरह, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अबू बकर! हमें छोड़ दो, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अगर अल्लाह हम सब को जन्नत में दाखिल फरमा दें तो तुम्हारा क्या नुक्सान है ? उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अगर अल्लाह अज्ज़वजल चाहे के वह अपने मखलूक को एक चुल्लू के ज़रिए जन्नत में दाखिल फरमादे तो वह कर सकता है, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उमर ने ठीक कहा है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (15 / 163 ح 4335) [و احمد (3 / 165 ح 12725)] * قتادة مدلس و عنعن و للحديث طرق ضعيفة عند البزار (كشف الاستار : 3547 ، 3545) و ابی يعلی (3783) وغيرهما

٥٦٠٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يُصَفُّ أَهْلَ النَّارِ فَيَمُرُّ بِهِمُ الرَّجُلُ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ فَيَقُولُ

الرَّجُلُ مِنْهُمْ: يَا فُلَانُ أَمَا تَعْرِفُنِي؟ أَنَا الَّذِي سَقَيْتُكَ شَرْبَةً. وَقَالَ بَعْضُهُمْ: أَنَا الَّذِي وَهَبْتُ لَكَ وَضُوءًا فَيَشْفَعُ لَهُ فَيُدْخِلُهُ الْجَنَّةَ ". رَوَاهُ ابْنُ مَاجَه

5604. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जहन्नुमियो की सफ बनाई जाएगी तो जन्नत वालो में से आदमी उन के पास से गुज़रेगा तो उन में से एक आदमी कहेगा: ए फलां! क्या तुम मुझे पहचानते नहीं ? में वही हूँ जिस ने एक मर्तबा तुझे पानी पिलाया था, और उन में से कोई कहेगा में वही हो जिस ने वुज़ू के लिए पानी दिया था, वह उस के लिए सिफारिश करेगा तो वह इसे जन्नत में अपने साथ दाखिल कराएगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (3685) * یزید الرقاشی : ضعیف ، و الاعمش مدلس و عنعن

٥٦٠٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ رَجُلَيْنِ مِمَّنْ دَخَلَ النَّارَ اشْتَدَّ صِيَاحُهُمَا فَقَالَ الرَّبُّ تَعَالَى: أَخْرِجُوهُمَا. فَقَالَ لَهُمَا: لِأَيِّ شَيْءٍ اشْتَدَّ صِيَاحُكُمَا؟ قَالَا: فَعَلْنَا ذَلِكَ لِتَرْحَمَنَا. قَالَ: فَإِنَّ رَحْمَتِي لَكُمَا أَنْ تَنْطَلِقَا فَتُلْقِيَا أَنْفُسَكُمَا حَيْثُ كُنْتُمَا مِنَ النَّارِ فَيُلْقِي أَحَدُهُمَا نَفْسَهُ فَيَجْعَلُهَا اللَّهُ بَرْدًا وَسَلَامًا وَيَقُومُ الْآخَرُ فَلَا يُلْقِي نَفْسَهُ فَيَقُولُ لَهُ الرَّبُّ تَعَالَى: مَا مَنَعَكَ أَنْ تُلْقِيَ نَفْسَكَ كَمَا أَلْقَى صَاحِبُكَ؟ فَيَقُولُ: رَبِّ إِنِّي لَأَرْجُو أَنْ لَا تُعِيدَنِي فِيهَا بَعْدَ مَا أَخْرَجْتَنِي مِنْهَا. فَيَقُولُ لَهُ الرَّبُّ تَعَالَى: لَكَ رَجَاؤُكَ. فَيُدْخَلَانِ جَمِيعًا الْجَنَّةَ بِرَحْمَةِ اللَّهِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5605. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जहन्नम में जाने वालो में से दो आदमी बहोत ज़ोर से आह बकार कर रहे होंगे, रब तआला फरमाएगा: इन दोनों को निकालो वह उन्हें फरमाएगा: तुम किस वजह से ज़ोर ज़ोर से चीख रहे हो ? वह अर्ज़ करेंगे, हमने यह इसलिए किया है ताकि आप हम पर रहम फरमाए, अल्लाह तआला फरमाएगा: तुम्हारे लिए मेरी रहमत यही है के तुम चले जाओ और तुम जहन्नम में जहाँ थे अपने आप को वही डाल दो, उन में से एक अपने आप को (जहन्नम में) डाल लेगा, अल्लाह उस को उस पर ठंडी और सलामती वाली बनादेगा, जबके दूसरा खड़ा रहेगा और वह अपने आप को (जहन्नम में) नहीं डालेगा, रब तआला उस से पूछेगा: किस चीज़ ने तुझे अपने आप को जहन्नम में डालने से मना किया जैसा के तेरे साथी ने (अपने आप को) डाल लिया ? वह अर्ज़ करेगा: रब जी! मैं उम्मीद करता हूँ कि तू मुझे वहां नहीं भेजेगा जहाँ से तूने मुझे निकाल लिया था, रब तआला इसे फरमाएगा तुम्हारे लिए तुम्हारी उम्मीद के मुताबिक अता कर दिया गया, वह दोनों अल्लाह की रहमत से इकठ्ठ दी जन्नत में दाखिल किए जाएँगे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2599 وقال : ضعیف الخ) * رشدین و الافریقی ضعیفان

٥٦٠٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ»» مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَرِدُ النَّاسُ النَّارَ ثمَّ يصدون مِنْهَا بِأَعْمَالِهِمْ فَأَوَّلُهُمْ كَلَمْحِ الْبَرْقِ ثُمَّ كَالرِّيحِ ثُمَّ كَحُضْرِ الْفَرَسِ ثُمَّ كَالرَّاكِبِ فِي رَحْلِهِ ثُمَّ كَشَدِّ الرَّجُلِ ثُمَّ كَمَشْيِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

5606. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तमाम लोग आग (पुल सिरात) पर पेश होंगे फिर वह अपने आमाल के मुताबिक वहां से पार होंगे, उन में से सबसे पहले बिजली चमकने की तरह गुज़र जाएँगे,

फिर हवा की तरह, फिर तेज़ रफ़्तार घोड़े की तरह, फिर सवारी पर सवार की तरह, फिर दोड़ने वाले आदमी की तरह, और फिर पैदल चलने वाले की तरह (इस पुल से गुज़रेंगे जो के जहन्नम पर नसब होगा)”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3159 وقال : حسن) و الدارمی (2 / 329 ح 2813)

بَاب الْحَوْض والشفاعة • हौज़ और शफाअत का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٥٦٠٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ أَمَامَكُمْ حَوْضِي مَا بَيْنَ جَنْبَيْهِ كَمَا بَيْنَ جَرْبَاءَ وَأَذْرُحَ» . قَالَ بَعْضُ الرُّوَاةِ: هُمَا قَرْيَتَانِ بِالشَّامِ بَيْنَهُمَا مَسِيرَةُ ثَلَاثِ لَيَالٍ. وَفِي رِوَايَةٍ: «فِيهِ أَبَارِيقُ كَنُجُومِ السَّمَاءِ مَنْ وَرَدَهُ فَشَرِبَ مِنْهُ لَمْ يَظْمَأْ بَعْدَهَا أَبَدًا» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5607. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम्हारे आगे मेरा हौज़ है, उस के दोनों किनारों के दरमियान इतना फासला है जितना जरबाअ और अजरः के दरमियान है”| बाज़ रावियो ने कहा है, यह दोनों (जरबाअ और अजरः) शाम के दो गॉव हैं, इन दोनों के दरमियान तीन रातो की मुसाफ़त है| एक रिवायत में है उस के प्याले आसमान के सितारों की तरह हैं, जो कोई वहां आएगा और उस से पानी पि लेगा तो फिर उस के बाद वह कभी प्यास महसूस नहीं करेगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6577) و مسلم (34 / 2299)، (5986 و 5988)

٥٦٠٨ - ٥٦٠٩ (صَحِيح) وَعَن حذيفةَ وَأَبِي هُرَيْرَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَجْمَعُ اللَّهُ تَبَارَكَ وَتَعَالَى النَّاسَ فَيَقُومُ الْمُؤْمِنُونَ حَتَّى تُزْلَفَ لَهُمُ الْجَنَّةُ فَيَأْتُونَ آدَمَ فَيَقُولُونَ: يَا أَبَانَا اسْتَفْتِحْ لَنَا الْجَنَّةَ. فَيَقُولُ: وَهَلْ أَخْرَجَكُمْ مِنَ الْجَنَّةِ إِلَّا خَطِيئَةُ أَبِيكُمْ لَسْتُ بِصَاحِبِ ذَلِكَ اذْهَبُوا إِلَى ابْنِي إِبْرَاهِيمَ خَلِيلِ اللَّهِ " قَالَ: " فَيَقُولُ إِبْرَاهِيمُ: لَسْتُ بِصَاحِبِ ذَلِكَ إِنَّمَا كُنْتُ خَلِيلًا مِنْ وَرَاءَ وَرَاءَ اعْمَدُوا إِلَى مُوسَى الَّذِي كَلَّمَهُ اللَّهُ تَكْلِيمًا فَيَأْتُونَ مُوسَى عَلَيْهِ السَّلَام فَيَقُولُ: لَسْتُ بِصَاحِبِ ذَلِكَ اذْهَبُوا إِلَى عِيسَى [ص:١٥٦ كَلِمَةِ اللَّهِ وَرُوحِهِ فَيَقُولُ عِيسَى: لَسْتُ بِصَاحِبِ ذَلِكَ فَيَأْتُونَ مُحَمَّدًا صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَيَقُومُ فَيُؤْذَنُ لَهُ وَتُرْسَلُ الْأَمَانَةُ وَالرَّحِمُ فَيَقُومَانِ جَنَبَتَيِ الصِّرَاطِ يَمِينًا وَشِمَالًا فَيَمُرُّ أَوَّلُكُمْ كَالْبَرْقِ ". قَالَ: قُلْتُ: بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي أَيُّ شَيْءٍ كَمَرِّ الْبَرْقِ؟ قَالَ: " أَلَمْ تَرَوْا إِلَى الْبَرْقِ كَيْفَ يَمُرُّ وَيَرْجِعُ فِي طَرْفَةِ عَيْنٍ. ثُمَّ كَمَرِّ الرِّيحِ ثُمَّ كَمَرِّ الطَّيْرِ وَشَدِّ الرِّجَالِ تَجْرِي بِهِمْ أَعْمَالُهُمْ وَنَبِيُّكُمْ قَائِمٌ عَلَى الصِّرَاطِ يَقُولُ: يَا رَبِّ سَلِّمْ سَلِّمْ. حَتَّى تَعْجِزَ أَعْمَالُ الْعِبَادِ حَتَّى يَجِيءَ الرَّجُلُ فَلَا يَسْتَطِيعُ السَّيْرَ إِلَّا زَحْفًا ". وَقَالَ: «وَفِي حَافَتَيِ الصِّرَاطِ كَلَالِيبُ مُعَلَّقَةٌ مَأْمُورَةٌ تَأْخُذُ

مَنْ أَمِرَتْ بِهِ فَمَخْدُوشٌ نَاجٍ وَمُكَرْدَسٌ فِي النَّارِ» . وَالَّذِي نَفْسُ أَبِي هُرَيْرَةَ بِيَدِهِ إِنَّ قَعْرَ جَهَنَّمَ لَسَبْعِينَ خَرِيفًا. رَوَاهُ مُسلم

5608. हुज़ैफ़ा और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तबारक व तआला तमाम लोगो को जमा फरमाएग, तो मोमिन खड़े होंगे हत्ता के इन के लिए जन्नत करीब कर दी जाएगी, वह आदम अलैहिस्सलाम के पास आएँगे और अर्ज़ करेंगे: हमारे अब्बा जान! हमारे लिए जन्नत खोलने की दरख्वास्त करे, वह कहेंगे तुम्हारे वालिद की गलती ही ने तो तुम्हें जन्नत से निकलवाया था, मैं उस के अहल नहीं हूँ, तुम मेरे बेटे अल्लाह के खलील इब्राहीम अलैहिस्सलाम के पास जाओ, फ़रमाया: “इब्राहीम अलैहिस्सलाम फरमाइएगे मैं भी उस के अहल नहीं हूँ, मैं तो बहोत पहले (दुनिया में) खलील था, तुम मूसा अलैहिस्सलाम के पास जाओ, जिस से अल्लाह तआला ने कलाम फ़रमाया है, वह मूसा अलैहिस्सलाम के पास आएँगे तो वह भी कहेंगे, मैं उस के अहल नहीं हूँ, तुम इसा अलैहिस्सलाम के पास जाओ जो अल्लाह का कलिमा और उस की रूह है, इसा अलैहिस्सलाम भी कहेंगे: में उस के अहल नहीं हूँ, वह मुहम्मद ﷺ के पास आएँगे, वह खड़े होंगे, उन्हें इजाज़त दी जाएगी, अमानत और सिलह रहमी को भेजा जाएगा, वह पुल सिरात के दोनों तरफ खड़ी हो जाएगी, तुम में से पहला बिजली की तरह गुज़र जाएगा” रावी बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो, बिजली की तरह गुज़रने की क्या सूरत होगी ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने बिजली नहीं देखि, वह आँख झपकने में गुज़रती है और वापिस आ जाती है, फिर हवा के चलने की तरह, फिर परिंदे की तरह और तेज़ चलने वाले आदमियों की तरह, उन के आमाल उन्हें ले कर चलेंगे, और तुम्हारे नबी ﷺ पुल सिरात पर खड़े होंगे, वह कह रहे होंगे: रब जी! सलामती अता फरमा, सलामती अता फरमा, हत्ता के बंदो के आमाल आजिज़ आजाएँगे, यहाँ तक के एक ऐसा आदमी आएगा जो चलने की ताकत नहीं रखता होगा, बल्के वह सुरिन के बल घसीट रहा होगा”, और फ़रमाया: “पुल सिरात के दोनों किनारों पर आंकड़े मुअल्लक होंगे, वह इस बात पर मामूर होंगे के जिस के मुत्तल्लिक इसे हुक्म दिया जाएगा वह इसे पकड़ लेंगे, कुछ लोग मजरुह होंगे, निजात पाने वाले होंगे और कुछ जहन्नम में धकेल दिए जाएँगे”, और उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु की जान है! जहन्नम की गहराई सत्तर साल की मुसाफ़त है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (329 / 195)، (482)

٥٦٠٨ - ٥٦٠٩ (صَحِيح) وَعَن حذيفةَ وَأَبِي هُرَيْرَةَ قَالَا: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَجْمَعُ اللَّهُ تَبَارَكَ وَتَعَالَى النَّاسَ فَيَقُومُ الْمُؤْمِنُونَ حَتَّى تُزْلَفَ لَهُمُ الْجَنَّةُ فَيَأْتُونَ آدَمَ فَيَقُولُونَ: يَا أَبَانَا اسْتَفْتِحْ لَنَا الْجَنَّةَ. فَيَقُولُ: وَهَلْ أَخْرَجَكُمْ مِنَ الْجَنَّةِ إِلَّا خَطِيئَةُ أَبِيكُمْ لَسْتُ بِصَاحِبِ ذَلِكَ اذْهَبُوا إِلَى ابْنِي إِبْرَاهِيمَ خَلِيلِ اللَّهِ " قَالَ: " فَيَقُولُ إِبْرَاهِيمُ: لَسْتُ بِصَاحِبِ ذَلِكَ إِنَّمَا كُنْتُ خَلِيلًا مِنْ وَرَاءَ وَرَاءَ اعْمَدُوا إِلَى مُوسَى الَّذِي كَلَّمَهُ اللَّهُ تَكْلِيمًا فَيَأْتُونَ مُوسَى عَلَيْهِ السَّلَام فَيَقُولُ: لَسْتُ بِصَاحِبِ ذَلِكَ اذْهَبُوا إِلَى عِيسَى [ص:١٥٦ كَلِمَةِ اللَّهِ وَرُوحِهِ فَيَقُولُ عِيسَى: لَسْتُ بِصَاحِبِ ذَلِكَ فَيَأْتُونَ مُحَمَّدًا صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَيَقُومُ فَيُؤْذَنُ لَهُ وَتُرْسَلُ الْأَمَانَةُ وَالرَّحِمُ فَيَقُومَانِ جَنَبَتَيِ الصِّرَاطِ يَمِينًا وَشِمَالًا فَيَمُرُّ أَوَّلُكُمْ كَالْبَرْقِ ". قَالَ: قُلْتُ: بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي أَيُّ شَيْءٍ كَمَرِّ الْبَرْقِ؟ قَالَ: " أَلَمْ تَرَوْا إِلَى الْبَرْقِ كَيْفَ يَمُرُّ وَيَرْجِعُ فِي طَرْفَةِ عَيْنٍ. ثُمَّ كَمَرِّ الرِّيحِ ثُمَّ كَمَرِّ الطَّيْرِ وَشَدِّ الرِّجَالِ تَجْرِي بِهِمْ أَعْمَالُهُمْ وَنَبِيُّكُمْ قَائِمٌ عَلَى الصِّرَاطِ يَقُولُ: يَا رَبِّ سَلِّمْ سَلِّمْ. حَتَّى تَعْجِزَ أَعْمَالُ الْعِبَادِ حَتَّى يَجِيءَ الرَّجُلُ فَلَا يَسْتَطِيعُ السَّيْرَ إِلَّا زَحْفًا ". وَقَالَ: «وَفِي حَافَتَيِ الصِّرَاطِ كَلَالِيبُ مُعَلَّقَةٌ مَأْمُورَةٌ تَأْخُذُ مَنْ أُمِرَتْ بِهِ فَمَخْدُوشٌ نَاجٍ وَمُكَرْدَسٌ فِي النَّارِ» . وَالَّذِي نَفْسُ أَبِي هُرَيْرَةَ بِيَدِهِ إِنَّ قَعْرَ جَهَنَّمَ لَسَبْعِينَ خَرِيفًا. رَوَاهُ مُسلم

5609. हुज़ैफ़ा और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तबारक व तआला तमाम लोगो को जमा फरमाएग, तो मोमिन खड़े होंगे हत्ता के इन के लिए जन्नत करीब कर दी जाएगी, वह आदम अलैहिस्सलाम के पास आएँगे और अर्ज़ करेंगे: हमारे अब्बा जान! हमारे लिए जन्नत खोलने की दरख्वास्त करे, वह कहेंगे तुम्हारे वालिद की गलती ही ने तो तुम्हें जन्नत से निकलवाया था, मैं उस के अहल नहीं हूँ, तुम मेरे बेटे अल्लाह के खलील इब्राहीम अलैहिस्सलाम के पास जाओ, फ़रमाया: “इब्राहीम अलैहिस्सलाम फरमाइएगे मैं भी उस के अहल नहीं हूँ, मैं तो बहोत पहले (दुनिया में) खलील था, तुम मूसा अलैहिस्सलाम के पास जाओ, जिस से अल्लाह तआला ने कलाम फ़रमाया है, वह मूसा अलैहिस्सलाम के पास आएँगे तो वह भी कहेंगे, मैं उस के अहल नहीं हूँ, तुम इसा अलैहिस्सलाम के पास जाओ जो अल्लाह का कलिमा और उस की रूह है, इसा अलैहिस्सलाम भी कहेंगे: में उस के अहल नहीं हूँ, वह मुहम्मद ﷺ के पास आएँगे, वह खड़े होंगे, उन्हें इजाज़त दी जाएगी, अमानत और सिलह रहमी को भेजा जाएगा, वह पुल सिरात के दोनों तरफ खड़ी हो जाएगी, तुम में से पहला बिजली की तरह गुज़र जाएगा” रावी बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो, बिजली की तरह गुज़रने की क्या सूरत होगी ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने बिजली नहीं देखि, वह आँख झपकने में गुज़रती है और वापिस आ जाती है, फिर हवा के चलने की तरह, फिर परिंदे की तरह और तेज़ चलने वाले आदमियों की तरह, उन के आमाल उन्हें ले कर चलेंगे, और तुम्हारे नबी ﷺ पुल सिरात पर खड़े होंगे, वह कह रहे होंगे: रब जी! सलामती अता फरमा, सलामती अता फरमा, हत्ता के बंदो के आमाल आजिज़ आजाएँगे, यहाँ तक के एक ऐसा आदमी आएगा जो चलने की ताकत नहीं रखता होगा, बल्के वह सुरिन के बल घसीट रहा होगा”, और फ़रमाया: “पुल सिरात के दोनों किनारों पर आंकड़े मुअल्लक होंगे, वह इस बात पर मामूर होंगे के जिस के मुत्तल्लिक इसे हुक्म दिया जाएगा वह इसे पकड़ लेंगे, कुछ लोग मजरुह होंगे, निजात पाने वाले होंगे और कुछ जहन्नम में धकेल दिए जाएँगे”, और उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु की जान है! जहन्नम की गहराई सत्तर साल की मुसाफ़त है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (329 / 195)، (482)

٥٦١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يَخْرُجُ مِنَ النَّار بالشفاعة كَأَنَّهُمْ الثعارير؟ قَالَ: «إِنَّه الضغابيس» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5610. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कुछ लोग जहन्नम से शफाअत के ज़रिए निकलेंगे गोया वह सआरीर है”, हमने अर्ज़ किया: सआरीर क्या है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो लकड़िया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6558) و مسلم (318 / 191)، (471)

٥٦١١ - مَوْضُوع وَعَن عُثْمَان بن عَفَّان قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " يُشَفَّعُ يَوْمَ الْقِيَامَةِ ثَلَاثَةٌ: الْأَنْبِيَاءُ ثُمَّ الْعلمَاء ثمَّ الشُّهَدَاء ". رَوَاهُ ابْن مَاجَه

5611. उस्मान बिन अफ्फान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए क़यामत तीन किस्म

के लोग सिफारिश करेंगे, अंबिया (अस), फिर उलेमा और फिर शुहदा”| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه ابن ماجه (4313) * عنبسة بن عبد الرحمن كان ’’ يضع الحديث ‘‘ كما قال ابو حاتم و ابن معين رحمهما الله و علاق : مجهول و السند ضعفه العراقى و البوصيرى

بَاب صفةالجنة وَأَهْلهَا • जन्नत और अहले जन्नत के हाल का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٥٦١٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: أَعْدَدْتُ لِعِبَادِيَ الصَّالِحِينَ مَا لَا عَيْنٌ رَأَتْ وَلَا أُذُنٌ سَمِعَتْ وَلَا خَطَرَ عَلَى قَلْبِ بشر. واقرؤوا إِنْ شِئْتُمْ: (فَلَا تَعْلَمُ نَفْسٌ مَا أُخْفِيَ لَهُمْ مِنْ قُرَّة عين)»» مُتَّفق عَلَيْهِ

5612. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला ने फ़रमाया: मैंने अपने स्वालेह बंदो के लिए (जन्नत में) ऐसी चीज़े तैयार कर रखी है जो न तो किसी आँख ने देखी है, और न किसी कान ने सुनी है, और ना ही किसी इन्सान का दिल में उनका ख़याल गुज़रा है”, अगर तुम चाहो तो यह आयत पढ़ो: فَلَا تَعْلَمُ نَفْسٌ مَا أُخْفِيَ لَهُمْ مِنْ قُرَّة عين “कोई नफ्स नहीं जानता के उनकी आंखो की ठंडक के लिए क्या चीज़े छिपा कर रखी गई है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3244) و مسلم (2 / 2824)، (7132)

٥٦١٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ:»» مَوْضِعُ سَوْطٍ فِي الْجَنَّةِ خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا ". مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5613. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत में एक कूड़े जितनी जगह, दुनिया और उस में जो कुछ है, सबसे बेहतर है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2796 ، 6568) و مسلم (لم اجده)

٥٦١٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «غَدْوَةٌ فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَوْ رَوْحَةٌ خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا وَلَوْ

أَنَّ امْرَأَةً مِنْ نِسَاءِ أَهْلِ الْجَنَّةِ اطَّلَعت إِلى الأَرْض لَأَضَاءَتْ مابينهما وَلَمَلَأَتْ مَا بَيْنَهُمَا رِيحًا وَلَنَصِيفُهَا عَلَى رَأْسِهَا خَيْرٌ مِنَ الدُّنْيَا وَمَا فِيهَا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5614. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की राह में सुबह को या शाम को चलना दुनिया और उस में जो कुछ है, सबसे बेहतर है, अगर अहले जन्नत की औरतो में से एक औरत ज़मीन पर झांक ले तो इन दोनों (जमीन व आसमान) के दरमियान हर चीज़ रोशन हो जाए, इन दोनों के दरमियान जो कुछ है वह खुशबूदार हो जाए और इस (औरत) के सर का एक दुपट्टा दुनिया और उस में जो कुछ है इसे बेहतर है”| (बुखारी)

رواه البخاری (2796)

٥٦١٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِن فِي الْجَنَّةِ شَجَرَةً يَسِيرُ الرَّاكِبُ فِي ظِلِّهَا مِائَةَ عَامٍ لَا يَقْطَعُهَا وَلَقَابَ قَوْسِ أَحَدِكُمْ فِي الْجَنَّةِ خَيْرٌ مِمَّا طَلَعَتْ عَلَيْهِ الشَّمْسُ أَو تغرب» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5615. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत में ऐसा दरख्त है जिस के साए में घुड़सवार सौ साल चलता रहे तो वह इसे तेअ नहीं कर सकेगा, और जन्नत में कमान के बराबर जगह इस चीज़ से बेहतर है जिस पर सूरज तुलुअ होता है या गुरूब होता है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3252) ومسلم (6 / 2826)، (7136)

٥٦١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ لِلْمُؤْمِنِ فِي الْجَنَّةِ لَخَيْمَةً مِنْ لُؤْلُؤَةٍ وَاحِدَةٍ مُجَوَّفَةٍ عَرْضُهَا وَفِي رِوَايَةٍ: طُولُهَا سِتُّونَ مِيلًا فِي كُلِّ زَاوِيَةٍ مِنْهَا أَهْلٌ مَا يَرَوْنَ الْآخَرِينَ يَطُوفُ عَلَيْهِم المؤمنُ وجنَّتانِ من فضةٍ آنيتهما مَا فِيهِمَا وَجَنَّتَانِ مِنْ ذَهَبٍ آنِيَتُهُمَا وَمَا فِيهِمَا وَمَا بينَ أَنْ يَنْظُرُوا إِلَى رَبِّهِمْ إِلَّا رِدَاءُ الْكِبْرِيَاءِ على وجههِ فِي جنَّة عدْنٍ ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5616. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मोमिन के लिए जन्नत में एक खोलदार मोती का खैमा होगा, जिस का अर्ज़”, और एक रिवायत में है “ उस का तुल साठ मील होगा, उस के हर कोने में उस के अहले खाना होंगे, वह दुसरो को नहीं दीखेंगे, मोमिन इन सब के पास जाएगा, और (इस के लिए) दो बाग़ है, उन के बर्तन और जो कुछ इन दोनों में है वह सब चाँदी का है, और दो बाग़ है, इन दोनों के बर्तन और उन के दरमियान जो कुछ है के सब सोने का है, अहले जन्नत और उन के रब के बिच में सिर्फ किब्रियाई की चादर है जो के सदाबहार जन्नत में उस के चेहरे पर है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3243) و مسلم (23 / 2838)، (7158)

٥٦١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عُبَادَةَ بْنِ الصَّامِتِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فِي الْجَنَّةِ مائةُ درجةٍ مَا بينَ كلِّ دَرَجَتَيْنِ كَمَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ وَالْفِرْدَوْسُ أَعْلَاهَا دَرَجَةً مِنْهَا تُفَجَّرُ أَنْهَارُ الْجَنَّةِ الْأَرْبَعَةُ وَمِنْ فَوْقِهَا يَكُونُ الْعَرْشُ فَإِذَا سَأَلْتُمُ اللَّهَ فَاسْأَلُوهُ الْفِرْدَوْسَ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَلَمْ أَجِدْهُ فِي الصَّحِيحَيْنِ وَلَا فِي كِتَابِ الْحُمَيْدِيِّ

5617. उबादह बिन सामित रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत में सौ दरजे है, और हर दो दरजो के दरमियान इस क़दर फासला है जिस क़दर आसमान और ज़मीन के दरमियान है, और फिरदौस सबसे आअला दरजे की जन्नत है, जन्नत की चारो नहरे वहीँ से से जारी होती है और इसी के ऊपर अर्श है, जब तुम अल्लाह से सवाल करो तो उस से फिरदौस का सवाल करो (जो की जन्नत का आअला मक़ाम है)”| तिरमिज़ी, मैंने इसे ने तो सहीहैन में पाया है और न किताब अल हुमैदी में| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (2531)

٥٦١٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ فِي الْجَنَّةِ لَسُوقًا يَأْتُونَهَا كُلَّ جُمُعَةٍ فَتَهُبُّ رِيحُ الشَّمَالِ فَتَحْثُو فِي وُجوهِهم وثيابِهم فيزدادونَ حُسنا وجمالاً فيرجعونَ إِلى أَهْليهِمْ وَقَدِ ازْدَادُوا حُسْنًا وَجَمَالًا فَيَقُولُ لَهُمْ أَهْلُوهُمْ وَاللَّهِ لَقَدِ ازْدَدْتُمْ بَعْدَنَا حُسْنًا وَجَمَالًا فَيَقُولُونَ وَأَنْتُم واللَّهِ لقدِ ازددتم حسنا وجمالا»

5618. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत में एक (जुमआ) बाज़ार है, जहाँ वह हर जुमे आएँगे, शिमाल की तरफ से हवा चलेगी तो वह उन के चेहरो और उन के कपड़ो में (खुश्बू) डालेगी (जिस से) उन के हुस्न व जमाल में इज़ाफा हो जाएगा और जब वह अपने अहले खाना के पास जाएगी तो उनका हुस्न व जमाल बढ़ चूका होगा, चुनांचे उन के अहले खाना उन्हें कहेंगे: अल्लाह की क़सम! तुम हमारे बाद हुस्न व जमाल में बढ़ चुके हो वह कहेंगे, अल्लाह की क़सम! तुम भी हमारे बाद हुस्न व जमाल में बढ़ चुके हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (13 / 2833)، (7146)

٥٦١٩ - (صَحِيح) وَعَن أبي هُرَيْرَة قا ل: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ أَوَّلَ زُمْرَةٍ يَدْخُلُونَ الْجَنَّةَ عَلَى صُورَةِ الْقَمَرِ لَيْلَةَ الْبَدْرِ ثُمَّ الَّذِينَ يَلُونَهُمْ كَأَشَدِّ كَوْكَبٍ دُرِّيٍّ فِي السَّمَاءِ إِضَاءَةً قُلُوبُهُمْ عَلَى قَلْبِ رَجُلٍ وَاحِدٍ لَا اخْتِلَافَ بَيْنَهُمْ وَلَا تَبَاغُضَ لِكُلِّ [ص:١٥٦ امْرِئٍ مِنْهُمْ زَوْجَتَانِ مِنَ الْحُورِ الْعِينِ يُرَى مُخُّ سُوقِهِنَّ مِنْ وَرَاءِ الْعَظْمِ وَاللَّحْمِ مِنَ الْحُسْنِ يُسَبِّحُونَ اللَّهَ بُكْرَةً وَعَشِيًّا لَا يَسْقَمُونُ وَلَا يَبُولُونَ وَلَا يَتَغَوَّطُونَ وَلَا يَتْفُلُونَ وَلَا يَتَمَخَّطُونَ آنِيَتُهُمُ الذَّهَبُ وَالْفِضَّةُ وَأَمْشَاطُهُمُ الذَّهَبُ وَوَقُودُ مَجَامِرِهِمُ الْأَلُوَّةُ وَرَشْحُهُمُ الْمِسْكُ عَلَى خُلُقِ رَجُلٍ وَاحِدٍ عَلَى صُورَةِ أَبِيهِمْ آدَمَ ستونَ ذِرَاعا فِي السَّمَاء. رَوَاهُ مُسلم

5619. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पहला गिरोह जो जन्नत में दाखिल होगा उनकी सूरते चौदहवीं रात के चाँद की तरह रोशन होगी, फिर उन के बाद दाखिल होने वालो की सूरते आसमान के सबसे ज़्यादा रोशन सितारे की तरह होगी, (मुहब्बत व इत्तेफाक के लिहाज़ से) उन का दिल फर्द ए वाहिद के दिल की तरह होंगे, ना उन में बाहमी इख्तिलाफ होगा न कोई बाहमी बुग्ज़ होगा, उन में से हर शख़्स के लिए बड़ी आंखो वाली हूरो में से दो बीवियां होगी, वह इस क़दर हसीन होगी के उनकी पिंडलियों का गुदा हड्डियों और गोश्त में नज़र आता होगा, वह सुबह व शाम अल्लाह की तस्बीह बयान करते होंगे, ना वह बीमार होंगे न पेशाब करेंगे, ना उन्हें पाखाने की हाजत होगी न उन्हें थूक आएगा, और ना ही नाक से अलाइश निकलेगी, उन के बर्तन सोने और चाँदी के होंगे, उनकी कंघिया सोने की होगी उनके चुलो का इंधन खुशबु दार उद होगा, उनका पसीना कस्तूरी की तरह होगा वोह, तखलीक के लिहाज़ से बराबर होंगे

जैसे फर्द ए वाहिद हो और वह अपने वालिद आदम अलैहिस्सलाम के कद व कामत पर साठ साठ हाथ ऊँचे होंगे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخارى (3245 3246 ، 3254) و مسلم (16 ، 15 / 2834)، (7147 و 7149)

٥٦٢٠ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَهْلَ الْجَنَّةِ يَأْكُلُونَ فِيهَا وَيَشْرَبُونَ ولايتفلون ولايبولون وَلَا يَتَغَوَّطُونَ وَلَا يَتَمَخَّطُونَ» . قَالُوا: فَمَا بَالُ الطَّعَامِ؟ قَالَ: «جُشَاءٌ وَرَشْحٌ كَرَشْحِ الْمِسْكِ يُلْهَمُونَ التَّسْبِيحَ وَالتَّحْمِيدَ كَمَا تُلْهَمُونَ النَّفَسَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

5620. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नती जन्नत में खाए पिएंगे लेकिन ना वह थूकेंगे न उन्हें बोल बराज़ की हाजत होगी और ना ही उनकी नाक से अलाइश निकलेगी”, सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, तो फिर खाना किधर जाएगा ? फ़रमाया: “डकार और पसीना और पसीना कस्तूरी की तरह होगा, वह इस तरह (आसानी और तसलसुल के साथ) तस्बीह व तहमिद करेंगे जिस तरह तुम सांस लेते हो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 2835)، (7152)

٥٦٢١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يَدْخُلُ الْجَنَّةَ يَنْعَمُ وَلَا يَبْأَسُ»» وَلَا تَبْلَى ثِيَابُهُ وَلَا يفْنى شبابُه» . رَوَاهُ مُسلم

5621. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स जन्नत में दाखिल होगा वह खुशहाल रहेगा, बदहाल नहीं होगा न तो उस का लिबास पुराना होगा और न उस की जवानी ख़तम होगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (21 / 2836)، (7156)

٥٦٢٢ - (صَحِيح)

5622. अबू सईद और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(जन्नत में) एक एलान करने वाला एलान करेगा: “अब तुम सेहत मंद ही रहोगे, कभी बीमार नहीं होगे, तुम हमेशा जिंदा रहोगे, कभी मरोगे नहीं, हमेशा जवान रहोगे कभी बूढ़े नहीं होगे, और तुम हमेशा खुशहाल रहोगे कभी बदहाल नहीं होगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (22 / 2837)، (7157)

٥٦٢٣ - وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ وَأَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " يُنَادِي مُنَادٍ: إِنَّ لَكُمْ أَنْ تَصِحُّوا فَلَا تَسْقَمُوا أَبَدًا وَإِنَّ لَكُمْ أَنْ تَحْيَوْا فَلَا تَمُوتُوا أَبَدًا وَإِنَّ لَكُمْ أَنْ تَشِبُّوا فَلَا تَهْرَمُوا أَبَدًا وَإِنَّ لَكُمْ أَنْ تَنْعَمُوا فَلَا تَبْأَسُوا أبدا " رَوَاهُ مُسلم

5623. अबू सईद और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(जन्नत में) एक एलान करने वाला एलान करेगा: “अब तुम सेहत मंद ही रहोगे, कभी बीमार नहीं होगे, तुम हमेशा जिंदा रहोगे, कभी मरोगे नहीं, हमेशा जवान रहोगे कभी बूढ़े नहीं होगे, और तुम हमेशा खुशहाल रहोगे कभी बदहाल नहीं होगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (22 / 2837)، (7157)

٥٦٢٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيُّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ أَهْلَ الْجَنَّةِ يَتَرَاءَوْنَ أَهْلَ الْغُرَفِ مِنْ فَوْقِهِمْ كَمَا تَتَرَاءَوْنَ الْكَوْكَبَ الدُّرِّيَّ الْغَابِرَ فِي الْأُفُقِ مِنَ الْمَشْرِقِ أَو الْمَغْرِبِ لِتَفَاضُلِ مَا بَيْنَهُمْ» قَالُوا يَا رَسُولَ اللَّهِ [ص:١٥٦ تِلْكَ مَنَازِلُ الْأَنْبِيَاءِ لَا يَبْلُغُهَا غَيْرُهُمْ قَالَ: «بَلَى وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ رِجَالٌ آمَنُوا بِاللَّهِ وصدَّقوا الْمُرْسلين» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5624. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत वाले अपने ऊपर बाला खानों के मकानों को इस तरह देंखेंगे जिस तरह तुम मशरिक या मग़रिब के अफक में चमकते हुए डूबते सितारे को देखते हो, और यह तुम्हारे बाहम मर्तबे में फर्क की वजह से होगा”, उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! यह अंबिया अलैहिस्सलाम की मनाज़िले होगी जहाँ उन के अलावा कोई और नहीं पहुँच सकेगा ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “नहीं, बल्के उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! वह लोग जो अल्लाह पर ईमान लाए और उन्होंने रसूलो की तस्दीक की”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3256) و مسلم (11 / 2831)، (7144)

٥٦٢٥ - (صَحِيح) وَعَن»» أَبِي هُرَيْرَة قا ل: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَدْخُلُ الْجَنَّةَ أَقْوَامٌ أَفْئِدَتُهُمْ مِثْلُ أَفْئِدَةِ الطَّيْرِ» . رَوَاهُ مُسلم

5625. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत में कुछ ऐसे लोग दाखिल होंगे जिन का दिल (हसद व बुग्ज़ वगैरा से पाक होने के लिहाज़ से) परिंदों के दिलों की तरह होंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (27 / 2840)، (7162)

٥٦٢٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي سعيد قا ل: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى يَقُولُ لِأَهْلِ الْجَنَّةِ يَا أهلَ الجنةِ فيقولونَ لَبَّيْكَ رَبَّنَا وَسَعْدَيْكَ وَالْخَيْرُ كُلُّهُ فِي يَدَيْكَ فَيَقُولُ: هَلْ رَضِيتُمْ؟ فَيَقُولُونَ: وَمَا لَنَا لَا نَرْضَى يَا رَبِّ وَقَدْ أَعْطَيْتَنَا مَا لَمْ تُعْطِ أَحَدًا مِنْ خَلْقِكَ؟ فَيَقُولُ أَلَا أُعْطِيكُمْ أَفْضَلَ مِنْ ذَلِكَ؟ فَيَقُولُونَ: يَا رَبِّ وَأَيُّ شَيْءٍ أَفْضَلُ مِنْ ذَلِكَ؟ فَيَقُولُ: أُحِلُّ عَلَيْكُمْ رِضْوَانِي فَلَا أَسْخَطُ عَلَيْكُمْ بَعْدَهُ أَبَدًا ". مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5626. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह तआला अहले जन्नत से फरमाएगा जन्नत वालो! वह अर्ज़ करेंगे: हमारे रब! हम हाज़िर है, तेरी सआदत हासिल करने के लिए, और हर किस्म की खैर व भलाई तेरे हाथो में है, वह फरमाएगा क्या तुम खुश हो ? वह अर्ज़ करेंगे: रब जी! हमारे राज़ी न होने की क्या वजह

हो सकती है जबकि आप ने हमें वह कुछ अता फरमा दिया है जो आप ने अपनी मखलूक में से किसी को अता नहीं फरमाया, वह फरमाएगा क्या मैं तुम्हें उस से भी बेहतर चीज़ न दू ? वह अर्ज़ करेंगे: रब जी! उस से बेहतर चीज़ कौन सी है ? वह फरमाएगा में तुम्हें अपने दाइमी रज़ामंदी अता करता हूँ और मैं उस के बाद तुम पर कभी नाराज़ नहीं होऊंगा”| (मुत्तफ़िक़्_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6549) و مسلم (9 / 2829)، (7140)

٥٦٢٧ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " إِنَّ أَدْنَى مَقْعَدِ أَحَدِكُمْ مِنَ الْجَنَّةِ أَنْ يَقُولَ لَهُ: تَمَنَّ فَيَتَمَنَّى وَيَتَمَنَّى فَيَقُولُ لَهُ: هَلْ تَمَنَّيْتَ؟ فَيَقُولُ نَعَمْ فَيَقُولُ لَهُ: فَإِنَّ لَكَ مَا تَمَنَّيْتَ ومثلَه معَه ". رَوَاهُ مُسلم

5627. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत में तुम में सबसे कम मिल्कियत वाला शख़्स वह होगा जिसे अल्लाह तआला फरमाएगा: तमन्ना कर! वह तमन्ना करेगा और तमन्ना करेगा तो वह उस से पूछेगा: क्या तूने तमन्ना कर ली ? वह कहेगा, जी हाँ तो उसे कहा जाएगा: तुम्हारे लिए वह है जो तूने तमन्ना की और जो तूने तमन्ना की इतना उस के साथ और भी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (301 / 182)، (453)

٥٦٢٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَيْحَانُ وَجَيْحَانُ وَالْفُرَاتُ وَالنِّيلُ كُلٌّ من أنهارِ الْجنَّة» . رَوَاهُ مُسلم

5628. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: सयहान व हयहान व फरात और नील यह सब जन्नत की नहरे है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (26 / 2839)، (7161)

٥٦٢٩ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عُتْبَةَ بْنِ غَزْوَانَ قَالَ: ذُكِرَ لَنَا أَنَّ الْحَجَرَ يُلْقَى مِنْ شَفَةِ جَهَنَّمَ فَيَهْوِي فِيهَا سَبْعِينَ خَرِيفًا لَا يُدْرِكُ لَهَا قَعْرًا وَاللَّهِ لَتُمْلَأَنَّ وَلَقَدْ ذُكِرَ لَنَا أَنَّ مَا بَيْنَ مِصْرَاعَيْنِ مِنْ مَصَارِيعِ الْجَنَّةِ مَسِيرَةُ أَرْبَعِينَ سَنَةً وَلَيَأْتِيَنَّ عَلَيْهَا يَوْمٌ وَهُوَ كَظِيظٌ مِنَ الزحام ". رَوَاهُ مُسلم

5629. उत्बा बिन गज्वान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हमें बताया गया के अगर जहन्नम के किनारे से पथ्थर गिराया जाए तो वह सत्तर साल मैं भी उस की तेह तक नहीं पहुंचेगा, अल्लाह की क़सम! इसे भरा जाएगा, हमें यह भी बताया गया के जन्नत की चौखट का दरमियानी फासला चालीस साल का है, और उस पर एक दिन ऐसा भी आएगा के वह हुजूम की वजह से भरी होगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (14 / 2967)، (7435)

जन्नत और अहले जन्नत के हाल का बयान • بَاب صفةالجنة وَأَهْلهَا

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥٦٣٠ - (صَحِيح لشواهده) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ مِمَّ خُلِقَ الْخَلْقُ؟ قَالَ: «مِنَ الْمَاءِ» . قُلْنَا: الْجَنَّةُ مَا بِنَاؤُهَا؟ قَالَ: «لَبِنَةٌ مِنْ ذَهَبٍ وَلَبِنَةٌ مِنْ فِضَّةٍ وَمِلَاطُهَا الْمِسْكُ الْأَذْفَرُ وَحَصْبَاؤُهَا اللُّؤْلُؤُ وَالْيَاقُوتُ وَتُرْبَتُهَا الزَّعْفَرَانُ مَنْ يَدْخُلُهَا يَنْعَمُ وَلَا يَبْأَسُ وَيَخْلُدُ وَلَا يَمُوتُ وَلَا يَبْلَى ثِيَابُهُمْ وَلَا يَفْنَى شَبَابُهُمْ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ والدارمي

5630. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मखलूक को किसी चीज़ से पैदा किया गया ? फ़रमाया: “पानी से”, हमने अर्ज़ किया: जन्नत की तामीर कैसे हुई फ़रमाया: “एक ईंट सोने की और एक चाँदी की, उस का गारा तेज़ खुशबु वाली कस्तूरी का है, उस के कंकर हीरे ज़वारत और याकुत है, उस की मिट्टी ज़ाफ़रान है, जो उस में दाखिल होगा वह खुशहाल रहेगा, बदहाल नहीं होगा, वहां हमेशा रहेगा, फौत नहीं होगा, उस के कपड़े पोशीदा होंगे न उस की जवानी ख़तम होगी”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه احمد (2 / 305 ح 8030) و الترمذی (2526 و ضعفه) و الدارمی (2 / 333 ح 2824) * زیاد الطائی لم یثبت سماعه من ابی هریرة رضی الله عنه و لبعض الحدیث شاهد عند الترمذی (3598) و سنده حسن

٥٦٣١ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا فِي الْجَنَّةِ شَجَرَةٌ إِلَّا وساقُها من ذهب» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5631. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत के दरख्तों के तने सोने के होंगे”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2525 وقال : غریب حسن)

٥٦٣٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ فِي الْجَنَّةِ مِائَةَ دَرَجَةٍ مَا بَيْنَ كُلِّ دَرَجَتَيْنِ مِائَةُ عَامٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

5632. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत में सौ दरजे है, हर दो दरजो के दरमियान सौ साल की मुसाफ़त है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन ग़रीब है| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (2529)

٥٦٣٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ فِي الْجَنَّةِ مِائَةَ دَرَجَةٍ لَوْ أَنَّ الْعَالَمِينَ اجْتَمَعُوا فِي إِحْدَاهُنَّ لَوَسِعَتْهُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5633. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत में सौ दरजे है, अगर तमाम जहांन वाले उन में से किसी एक में जमा हो जाए तो वह इन के लिए काफी हो”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (2532) * ابن لھیعة مدلس و عنعن و حدث به قبل اختلاطه و باقی السند حسن لذاته

٥٦٣٤ - (ضَعِيف) وَعَنْهُ»» عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي قَوْلِهِ تَعَالَى (وفُرُشٍ مرفوعةٍ)»» قَالَ: «ارْتِفَاعُهَا لَكَمَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ مَسِيرَةَ خَمْسِمِائَةِ سَنَةً» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5634. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से अल्लाह तआला के फरमान (وَ فُرُشٍ مَّرْفُوْعَةٍ) “ और बुलंद बिस्तर” के बारे में रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन के फर्श और छत की बुलंदी इस तरह होगी जिस तरह ज़मीन व आसमान के दरमियान फासला है और वह फासला पांच सौ साल की मुसाफ़त है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (2540) [و ابن حبان (الاحسان : 7362 / 7405) بسند حسن عن عمرو بن الحارث عن دراج ،،، به]

٥٦٣٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَوَّلَ زُمْرَةٍ يَدْخُلُونَ الْجَنَّةَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ ضَوْءُ وُجُوهِهِمْ عَلَى مِثْلِ ضَوْءِ القمرِ ليلةَ البدْرِ وَالزُّمْرَةُ الثَّانِيَةُ عَلَى مِثْلِ أَحْسَنِ كَوْكَبٍ دُرِّيٍّ فِي السَّمَاءِ لِكُلِّ رَجُلٍ مِنْهُمْ زَوْجَتَانِ عَلَى كُلِّ زَوْجَةٍ سَبْعُونَ حُلَّةً يُرَى مُخُّ سَاقِهَا من وَرَائِهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5635. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “पहला गिरोह जो रोज़ ए क़यामत जन्नत में जाएगा उन के चेहरे इस तरह रोशन होंगे जिस तरह चौदहवीं रात का चाँद रोशन होता है, दूसरा गिरोह आसमान में सबसे ज़्यादा चमक दार सितारे की तरह रोशन होगा, उन में से हर आदमी के लिए दो बीवियां होगी, हर बीवी पर सत्तर जोड़े होंगे, उस की पिंडली का गुदा उन के ऊपर से नज़र आएगा”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (2535 وقال : حسن صحیح)

٥٦٣٦ - (صَحِيح لشواهده) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يُعْطَى الْمُؤْمِنُ فِي الْجَنَّةِ قُوَّةَ كَذَا وَكَذَا مِنَ الْجِمَاعِ» . قِيلَ: يَا رَسُولَ الله أَو يُطيق ذَلِكَ؟ قَالَ: «يُعْطَى قُوَّةَ مِائَةٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

5636. अनस रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मोमिन को जन्नत में जिमाअ की बहोत ज़्यादा ताकत दी जाएगी”| अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! क्या यह उसकी ताकत रखेगा ? आप ﷺ ने फ़रमाया: इसे सौ (आदमियों) की ताकत दी जाएगी”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (2536 وقال : صحیح غریب) * قتادة عنعن و للحدیث شواھد ضعیفة عند البزار (کشف الاستار 4 / 198 ح 3526) و البیھقی (البعث و النشور : 403) وغیرھما

٥٦٣٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَوْ أَنَّ مَا يُقِلُّ ظُفُرٌ مِمَّا فِي الْجَنَّةِ بَدَا لَتَزَخْرَفَتْ لَهُ مَا بَيْنَ خَوَافِقِ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضِ وَلَوْ أَنَّ رَجُلًا مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ اطَّلَعَ فَبَدَا أَسَاوِرُهُ لَطَمَسَ ضَوْؤُهُ ضَوْءَ الشَّمْسِ كَمَا تَطْمِسُ الشَّمْسُ ضَوْءَ النُّجُومِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5637. साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर जन्नत की नेअमतो में से नाख़ून बराबर कोई नेअमत (दुनिया में) ज़ाहिर हो जाए तो उस की वजह से ज़मीन व आसमान के किनारे चमकदार हो जाए और अगर जन्नत वालो में से एक आदमी (ज़मीन पर) झांक दे और उस के कंगन ज़ाहिर हो जाए तो उस की रोशनी सूरज की रोशनी को इस तरह मिटा देगी जिस तरह सूरज सितारों की रोशनी मिटा देता है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (2538)

٥٦٣٨ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَهْلُ الْجَنَّةِ جُرْدٌ مُرْدٌ كَحْلَى لَا يَفْنَى شَبَابُهُمْ وَلَا تَبْلَى ثِيَابهمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

5638. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत वालो के जिस्म पर बाल न होंगे और न उनकी दाढ़ी होगी और उनकी आँखे सुरमे वाली होगी, न तो उनकी जवानी ख़तम होगी और न उन के कपड़े पोशीदा होंगे”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (2539 وقال : غغریب) و الدارمی (2 / 335 ح 2829)

٥٦٣٩ - (حسن بِمَا قبله) وَعَنْ مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَدْخُلُ أَهْلُ الْجَنَّةِ الْجَنَّةَ جُرْدًا مُرْدًا مُكَحَّلِينَ أَبْنَاءَ ثَلَاثِينَ - أَوْ ثلاثٍ وَثَلَاثِينَ - سنة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5639. मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जन्नत वाले जन्नत में इस हाल में दाखिल होंगे के ना तो उन के जिस्म पर बाल होंगे और न उनकी दाढ़ी होगी, उनकी आँखे सुरमे वाली होगी और उनकी उमर तीस या तेतीस साल होगी”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (2545 وقال : حسن غریب) * قتادۃ مدلس و عنعن فاسند ضعیف و للحدیث شواھد ضعیفۃ عند احمد (2 / 295 ، 343 ، 415) وغیرہ ، و انظر الحدیث السابق [و النھایۃ بتحقیقی (1019)]

٥٦٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أَسمَاء»» بنت أبي بكر قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَذُكِرَ لَهُ سِدْرَةُ الْمُنْتَهَى قَالَ: «يَسِيرُ الرَّاكِبُ فِي ظِلِّ الْفَنَنِ مِنْهَا مِائَةَ سَنَةٍ أَوْ يَسْتَظِلُّ بِظِلِّهَا مِائَةُ رَاكِبٍ - شَكَّ الرَّاوِي - فِيهَا فَرَاشُ الذَّهَبِ كَأَنَّ ثَمَرَهَا الْقِلَالُ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5640. अस्मा बिन्ते अबी बक्र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना आप से

सिदरातुल मुन्तहा का ज़िक्र किया गया तो फ़रमाया: “सवार उस की शाखों के साए में सौ साल चलता रहेगा, या फ़रमाया: “उस के साए से सौ सवार साया हासिल कर सकेंगे”, उस में रावी को शक हुआ है” उस पर पतंगे सोने के होंगे, और उस का फल बड़े मटको की तरह होगा”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (2541) * محمد بن اسحاق بن یسار مدلس و صرح بالسماع عند هناد بن السری فی الزهد (1 / 98 ح 115)

٥٦٤١ - (حسن) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ماالكوثر؟ قَالَ: «ذَاكَ نَهْرٌ أَعْطَانِيهِ اللَّهُ يَعْنِي فِي الْجَنَّةِ أَشَدُّ بَيَاضًا مِنَ اللَّبَنِ وَأَحْلَى مِنَ الْعَسَلِ فِيهِ طَيْرٌ أَعْنَاقُهَا كَأَعْنَاقِ الْجُزُرِ» قَالَ عُمَرُ: إِنَّ هَذِهِ لَنَاعِمَةٌ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ «أَكَلَتُهَا أَنْعَمُ مِنْهَا» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5641. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ से दरियाफ्त किया गया कौसर क्या चीज़े है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो एक नहर है जो अल्लाह ने मुझे अता की है, यानी वह मुझे जन्नत में अता करेगा, (इस का पानी) दूध से ज़्यादा सफ़ेद, शहद से ज़्यादा मीठा है, उस में एक परिंदा है जिस की गर्दन ऊंट की गर्दन की तरह है”, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया: यह तो फिर बहोत अच्छी नेअमत है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उस को खाने वाले उस से भी ज़्यादा अच्छे है”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (2542 وقال : حسن)

٥٦٤٢ - (ضَعِيف) وَعَن»» بُرِيدَةَ أَنَّ رَجُلًا قَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَلْ فِي الْجَنَّةِ مِنْ خَيْلٍ؟ قَالَ: «إِنِ اللَّهُ أَدْخَلَكَ الْجَنَّةَ فَلَا تَشَاءُ أَنْ تُحْمَلَ فِيهَا عَلَى فَرَسٍ مِنْ يَاقُوتَةٍ حَمْرَاءَ يَطِيرُ بِكَ فِي الْجَنَّةِ حَيْثُ شِئْتَ إِلَّا فَعَلْتَ» وَسَأَلَهُ رجل فَقَالَ: يارسول الله هَل فِي الجنةِ من إبلٍ؟ قَالَ: فَلَمْ يَقُلْ لَهُ مَا قَالَ لِصَاحِبِهِ. فَقَالَ: «إِنْ يُدْخِلْكَ اللَّهُ الْجَنَّةَ يَكُنْ لَكَ فِيهَا مَا اشْتَهَتْ نَفْسُكَ وَلَذَّتْ عَيْنُكَ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5642. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या जन्नत में घोड़े होंगे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर अल्लाह ने तुझे जन्नत में दाखिल कर दिया और तूने अगर वहां सुर्ख याकुत के घोड़े पर सवार होने की ख्वाहिश की तो वह जन्नत में जहाँ तू चाहेगा तुझे उड़ा कर ले जाएगा”, एक दुसरे आदमी ने आप से दरियाफ्त करते हुए अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या जन्नत में ऊंट भी होंगे ? रावी बयान करते हैं, आप ﷺ ने इसे वह जवाब नहीं दिया, जो आप ने उस के साथी को जवाब दिया था (बल्के) आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर अल्लाह ने तुझे जन्नत में दाखिल फरमा दिया तो तेरे लिए वहां वह कुछ होगा जिस को तेरा दिल चाहेगा और (जिस से) तेरी आँखे लाज्ज़त व सरवर हासिल करेगी”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (2543) * المسعودی صدوق اختلط ولم یثبت تحدیثه به قبل اختلاطه و للحدیث شواهد ضعیفة و الحدیث الآتی یغنی عنه

٥٦٤٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» أَيُّوبَ قَالَ أَتَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَعْرَابِيٌّ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أُحِبُّ الْخَيْلَ أَفِي الْجَنَّةِ خَيْلٌ؟ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنْ أُدْخِلْتَ الْجَنَّةَ أُتِيتَ [ص:١٥٦ بِفَرَسٍ مِنْ يَاقُوتَةٍ لَهُ جَنَاحَانِ فَحُمِلْتَ عَلَيْهِ

ثُمَّ طَارَ بِكَ حَيْثُ شِئْتَ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ لَيْسَ بِالْقَوِيِّ وَأَبُو سَوْرَةَ الرَّاوِي يُضَعَّفُ فِي الْحَدِيثِ وَسَمِعْتُ مُحَمَّدَ بْنَ إِسْمَاعِيلَ يَقُولُ: أَبُو سَوْرَةَ هَذَا مُنكر الحَدِيث يروي مَنَاكِير

5643. अबू अय्यूब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आराबी नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं (दुनिया में) घोड़े पसंद करता हूँ, क्या जन्नत में घोड़े होंगे ? रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर तुझे जन्नत में दाखिल कर दिया गया तो तुझे याकुत का एक घोड़ा दीया जाएगा, जिस के दो पर होंगे, तुझे उस पर सवार किया जाएगा, फिर तू जहाँ चाहेगा वह तुझे उड़ा ले जाएगा”| इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: इस हदीस की सनद क़वी नहीं, अबू सुरह रावी हदीस के मुआमले में जईफ करार दिया गया है, मैंने इमाम बुखारी से सुना, वह फरमा रहे थे यह मुनकर उल हदीस है और वह मुनकर रिवायत बयान करता है| (हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (2544) * و للحدیث شاھد عند البیھقی فی البعث و النشور (439) و سندہ حسن لذاتہ

٥٦٤٤ - (صَحِيح) وَعَنْ» بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَهْلُ الْجَنَّةِ عِشْرُونَ وَمِائَةُ صَفٍّ ثَمَانُونَ مِنْهَا مِنْ هَذِهِ الْأُمَّةِ وَأَرْبَعُونَ مِنْ سَائِرِ الْأُمَمِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَالْبَيْهَقِيُّ فِي كتاب الْبَعْث والنشور

5644. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत वालो की एक सौ बीस सफे होगी, उन में से अस्सी इस उम्मत की होगी और चालीस बाकी तमाम उम्मतो की होगी”| (हसन)

حسن ، رواہ الترمذی (2546 وقال : حسن) و الدارمی (2 / 337 ح 2838) و البیھقی فی البعث و النشور (لم اجدہ) [و صححہ ابن حبان (الموارد : 2639) و الحاکم علی شرط مسلم (2 / 81 82) و وافقہ الذھبی]

٥٦٤٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن سَالم» عَنْ أَبِيهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بَابُ أُمَّتِي الَّذِينَ يَدْخُلُونَ مِنْهُ الْجَنَّةَ عَرْضُهُ مَسِيرَةُ الرَّاكِبِ الْمُجَوِّدِ ثَلَاثًا ثُمَّ إِنَّهُمْ لَيُضْغَطُونَ عَلَيْهِ حَتَّى تَكَادُ مَنَاكِبُهُمْ تَزُولُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ ضَعِيفٌ وَسَأَلْتُ مُحَمَّدَ بْنَ إِسْمَاعِيلَ عَنْ هَذَا الْحَدِيثِ فَلَمْ يَعْرِفْهُ وَقَالَ: خَالِد بن أبي بكر يروي الْمَنَاكِير

5645. सालिम रहीमा उल्लाह अपने वालिद से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरी उम्मत के लोग जिस दरवाज़े से जन्नत में दाखिल होंगे, उस का अर्ज़, बेहतरीन सवार की तीन (रोज़ या साल) की मुसाफ़त के बराबर है, फिर भी वहां से दाखिल होते वक़्त वह इतने तंग होंगे के करीब है के उन के कंधे अलग हो जाए”| इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: यह हदीस जईफ है, और मैंने मुहम्मद बिन इस्माइल (इमाम बुखारी (रह)) से इस हदीस के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया तो उन्होंने इसे न पहचाना और फ़रमाया यख्लद बिन अबी बक्र मुनकर रिवायत बयान करता है| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (2548) * خالد بن ابی بکر : فیہ لین وعد الذھبی ھذا الحدیث من مناکیرہ

٥٦٤٦ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ» عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِن فِي الْجَنَّةِ لَسُوقًا مَا فِيهَا شِرًى وَلَا

بَيْعٌ إِلَّا الصُّوَرَ مِنَ الرِّجَالِ وَالنِّسَاءِ فَإِذَا اشْتَهَى الرَّجُلُ صُورَةً دَخَلَ فِيهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5646. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जन्नत में एक बाज़ार है, वहां कोई खरीद व फरोख्त नहीं होगी, अलबत्ता वहां मर्दों और औरतो की तस्वीरे होगी, जब आदमी किसी सूरत तस्वीर को पसंद करेगा तो वह उस में दाखिल हो जाएगा"| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (2550) * فیه عبد الرحمن بن اسحاق الکوفی ضعیف (تقدم : 5597)

٥٦٤٧ - (ضَعِيف) وَعَن»» سعيد بن الْمسيب أَنه لقِيَ أَبَا هريرةَ فَقَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: أَسْأَلُ اللَّهَ أَنْ يَجْمَعَ بَيْنِي وَبَيْنَكَ فِي سُوقِ الْجَنَّةِ. فَقَالَ سَعِيدٌ: أَفِيهَا سُوقٌ؟ قَالَ: نَعَمْ أَخْبَرَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ أَهْلَ الْجَنَّةِ إِذَا دَخَلُوهَا نَزَلُوا فِيهَا بِفَضْلِ أَعْمَالِهِمْ ثُمَّ يُؤْذَنُ لَهُمْ [ص:١٥٧ فِي مِقْدَارِ يَوْمِ الْجُمُعَةِ مِنْ أَيَّامِ الدُّنْيَا فَيَزُورُونَ رَبَّهُمْ وَيَبْرُزُ لَهُمْ عَرْشُهُ وَيَتَبَدَّى لَهُم فِي روضةٍ من رياضِ الجنَّة فَيُوضَع لَهُم مَنَابِر من نور ومنابرمن لُؤْلُؤٍ وَمَنَابِرُ مِنْ يَاقُوتٍ وَمَنَابِرُ مِنْ زَبَرْجَدٍ وَمَنَابِرُ مِنْ ذَهَبٍ وَمَنَابِرُ مِنْ فِضَّةٍ وَيَجْلِسُ أَدْنَاهُم - وَمَا فيهم دنيٌّ - عَلَى كُثْبَانِ الْمِسْكِ وَالْكَافُورِ مَا يَرَوْنَ أَنَّ أَصْحَابَ الْكَرَاسِيِّ بِأَفْضَلَ مِنْهُمْ مَجْلِسًا» . قَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَهَلْ نَرَى رَبَّنَا؟ قَالَ: «نَعَمْ هَلْ تَتَمَارَوْنَ فِي رُؤْيَةِ الشَّمْسِ وَالْقَمَرِ لَيْلَةَ الْبَدْرِ؟» قُلْنَا: لَا. قَالَ: " كَذَلِكَ لَا تَتَمَارَوْنَ فِي رُؤْيَةِ رَبِّكُمْ وَلَا يَبْقَى فِي ذَلِكَ الْمَجْلِسِ رَجُلٌ إِلَّا حَاضَرَهُ اللَّهُ مُحَاضَرَةً حَتَّى يَقُولَ لِلرَّجُلِ مِنْهُمْ: يَا فلَان ابْن فلَان أَتَذكر يَوْم قلت كَذَا وَكَذَا؟ فيذكِّره بِبَعْض غدارته فِي الدُّنْيَا. فَيَقُولُ: يَا رَبِّ أَفَلَمْ تَغْفِرْ لِي؟ فَيَقُولُ: بَلَى فَبِسِعَةِ مَغْفِرَتِي بَلَغْتَ مَنْزِلَتَكَ هَذِهِ. فَبَيْنَا هُمْ عَلَى ذَلِكَ غَشِيَتْهُمْ سَحَابَةٌ مِنْ فَوْقِهِمْ فَأَمْطَرَتْ عَلَيْهِمْ طِيبًا لَمْ يَجِدُوا مِثْلَ رِيحِهِ شَيْئًا قَطُّ وَيَقُولُ رَبُّنَا: قُومُوا إِلَى مَا أَعْدَدْتُ لَكُمْ مِنَ الْكَرَامَةِ فَخُذُوا مَا اشْتَهَيْتُمْ فَنَأْتِي سُوقًا قَدْ حَفَّتْ بِهِ الْمَلَائِكَةُ فِيهَا مَا لَمْ تَنْظُرِ الْعُيُونُ إِلَى مِثْلِهِ وَلَمْ تَسْمَعِ الْآذَانُ وَلَمْ يَخْطُرْ عَلَى الْقُلُوبِ فَيُحْمَلُ لَنَا مَا اشْتَهَيْنَا لَيْسَ يُبَاعُ فِيهَا وَلَا يُشْتَرَى وَفِي ذَلِكَ السُّوقِ يَلْقَى أَهْلُ الْجَنَّةِ بَعْضُهُمْ بَعْضًا ". قَالَ: " فَيُقْبِلُ الرَّجُلُ ذُو الْمَنْزِلَةِ الْمُرْتَفِعَةِ فَيَلْقَى مَنْ هُوَ دُونَهُ - وَمَا فيهم دنيٌّ - فيروعُه مَا يرى عَلَيْهِ من اللباسِ فِيمَا يَنْقَضِي آخِرُ حَدِيثِهِ حَتَّى يَتَخَيَّلَ عَلَيْهِ مَا هُوَ أحسن مِنْهُ وَذَلِكَ أَنَّهُ لَا يَنْبَغِي لِأَحَدٍ أَنْ يَحْزَنَ فِيهَا ثُمَّ نَنْصَرِفُ إِلَى مَنَازِلِنَا فَيَتَلَقَّانَا أَزْوَاجُنَا فَيَقُلْنَ: مَرْحَبًا وَأَهْلًا لَقَدْ جِئْتَ وَإِنَّ بِكَ مِنَ الْجَمَالِ أَفْضَلَ مِمَّا فَارَقْتَنَا عَلَيْهِ فَيَقُولُ: إِنَّا جَالَسْنَا الْيَوْمَ رَبَّنَا الْجَبَّارَ وَيَحِقُّنَا أَنْ نَنْقَلِبَ بِمِثْلِ مَا انْقَلَبْنَا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

5647. सईद बिन मुसय्यिब रहीमा उल्लाह से रिवायत है के वह अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से मिले तो अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: में अल्लाह से दरख्वास्त करता हूँ कि वह (बाज़ारे मदीना की तरह) मुझ को और आप को जन्नत के बाज़ार में इकट्ठा फरमाए, सईद रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: क्या वहां बाज़ार होगा ? उन्होंने ने फ़रमाया: हां/ रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: "जब जन्नत वाले इस (जन्नत) में दाखिल हो जाएँगे तो वह अपने आमाल के हिसाब से वहां कयाम करेंगे, फिर दुनिया के अय्याम से जुमा के दिन की मिकदार के मुताबिक उन्हें इजाज़त दी जाएगी तो वह अपने रब की ज़ियारत करेंगे और वह इन के लिए अपना अर्श ज़ाहिर फरमाएगा, वह (उन का रब) उन की खातिर जन्नत के बाग़ो में से एक बागीचे में तजल्ली फरमाएगा, इन के लिए नूर के मोतियों के, याकुत के, पन्ना लगे हुए सोने के और चाँदी के मिम्बर लगाए जाएँगे, उन में से अदना दरजे का शख़्स और उन में से कोई भी अदना दरजेका इन्हें होगा, कस्तूरी और काफ़ूर के टीलो पर होगा, और वह यह महसूस नहीं करेंगे के कुर्सियों वाले निशात व बरख्वास्त में उन से अफज़ल है", अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या हम अपने रब को देंखेंगे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, क्या तुम सूरज देखने में और चौदहवीं रात का चाँद देखने में शक करते हो ?" हमने अर्ज़ किया: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसी तरह तुम अपने रब को देखने में शक नहीं करोगे, और इस मजलिस में मौजूद हर शख़्स से अल्लाह

٥٦٩٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " تَحَاجَّتِ الْجَنَّةُ وَالنَّارُ فَقَالَتِ النَّارُ: أُوثِرْتُ بِالْمُتَكَبِّرِينَ وَالْمُتَجَبِّرِينَ وَقَالَتِ الْجَنَّةُ: فَمَا لِي لَا يَدْخُلُنِي إِلَّا ضُعَفَاءُ النَّاسِ وَسَقَطُهُمْ وَغِرَّتُهُمْ. قَالَ اللَّهُ تَعَالَى لِلْجَنَّةِ: إِنَّمَا أَنْتِ رَحْمَتِي أَرْحَمُ بِكِ مَنْ أَشَاءُ مِنْ عِبَادِي وَقَالَ لِلنَّارِ: إِنَّمَا أَنْتِ عَذَابِي أُعَذِّبُ بِكِ مَنْ أَشَاءُ مِنْ عِبَادِي وَلِكُلِّ وَاحِدَةٍ مِنْكُمَا مِلْؤُهَا فَأَمَّا النَّارُ فَلَا تَمْتَلِئُ حَتَّى يَضَعَ اللَّهُ رِجْلَهُ. تَقُولُ: قَطْ قَطْ قَطْ فَهُنَالِكَ تَمْتَلِئُ وَيُزْوَى بَعْضُهَا إِلَى بَعْضٍ فَلَا يَظْلِمُ اللَّهُ مِنْ خَلْقِهِ أَحَدًا وَأَمَّا الْجَنَّةُ فَإِنَّ اللَّهَ ينشئ لَهَا خلقا ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5694. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जन्नत और जहन्नम ने बहस व मुबाहसा किया तो जहन्नम ने कहा: मुझे तकब्बुर करने वालो और सरकशो के लिए खास कर दिया गया है, जन्नत ने कहा मेरी तो हालत यह है कि मुझ में (ज़्यादा तर) सिर्फ जईफ और कम रुतबे वाले और दुनिया से बेज़ार लोग होंगे, अल्लाह ने जन्नत से फ़रमाया: तू मेरी रहमत है, मैं तेरे ज़रिए अपने बंदो में से जिस पर चाहूँगा रहम फर्माऊंगा, और जहन्नम से फ़रमाया: तू मेरा अज़ाब है, मैं तेरे ज़रिए अपने बंदो में से जिसे चाहूँगा अज़ाब दूंगा, और तुम दोनों भर जाओगी, रही जहन्नम तो वह नहीं भरेगी हत्ता के अल्लाह उस में अपना कदम रखेगा तो वह कहेगी: बस, बस, बस, तब वह भरेगी और उस का बाज़ हिस्सा बाज़ के साथ मिल जाएगा और अल्लाह अपने मखलूक में से किसी पर ज़ुल्म नहीं करेगा, रही जन्नत तो अल्लाह उस के लिए एक मखलूक पैदा फरमाएगा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4850) و مسلم (36 / 2846)، (7173 و 7175)

٥٦٩٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَا تَزَالُ جَهَنَّمَ يُلْقَى فِيهَا وَتَقُولُ: هَلْ مِنْ مَزِيدٍ؟ حَتَّى يَضَعَ رَبُّ الْعِزَّةِ فِيهَا قدمه فينزوي بَعْضُهَا إِلَى بَعْضٍ فَتَقُولُ: قَطْ قَطْ بِعِزَّتِكَ وَكَرَمِكَ وَلَا يَزَالُ فِي الْجَنَّةِ فَضْلٌ حَتَّى يُنْشِئَ اللَّهُ لَهَا خَلْقًا فَيُسْكِنُهُمْ فَضْلَ الْجَنَّةِ ". مُتَّفق عَلَيْهِ»» وذكرَ حَدِيث أنسٍ: «حُفَّتِ الجنَّةُ بالمكارِه» فِي «كتاب الرقَاق»

5695. अनस रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जहन्नम में लोगो को डाला जाएगा तो वह कहती रहेगी: कुछ और भी है ? हत्ता के रब्बुल इज्ज़त उस में अपना कदम रखेगा तो उस का बाज़ हिस्सा बाज़ के साथ मिल जाएगा और वह कहेगी: तेरी इज्ज़त व करम की क़सम बस, बस और जन्नत में मज़ीद गुंजाईश होगी हत्ता के अल्लाह उस के लिए एक मखलूक पैदा फरमाएगा और उन्हें जन्नत के इज़ाफ़ी (ज़्यादा) हिस्से में बसाएगा"| और अनस (र) से मरवी हदीस (كتاب الرقاق) (نحُفَّتِ الجنَّةُ بالمكارِه) (किताबुल रिकाक) में ज़िक्र की गई है. (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (7384) و مسلم (38 / 2848)، (7179) 0 حديث ’’ حفت الجنة بالمكاره ‘‘ تقدم (5160)

जन्नत और दोज़ख की तकलीफ का बयान
بَاب خلق الْجنَّة وَالنَّار •

दूसरी फस्ल
الْفَصْل الثَّانِي •

٥٦٩٦ - (حسن) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَمَّا خَلَقَ اللَّهُ الْجَنَّةَ قَالَ لِجِبْرِيلَ: اذْهَبْ فَانْظُرْ إِلَيْهَا فَذَهَبَ فَنَظَرَ إِلَيْهَا وَإِلَى مَا أَعَدَّ اللَّهُ لِأَهْلِهَا فِيهَا ثُمَّ جَاءَ فَقَالَ: أَيْ رَبِّ وَعِزَّتِكَ لَا يَسْمَعُ بِهَا أَحَدٌ إِلَّا دَخَلَهَا ثُمَّ حَفَّهَا بالمكارِه ثُمَّ قَالَ: يَا جِبْرِيلُ اذْهَبْ فَانْظُرْ إِلَيْهَا فَذَهَبَ فَنَظَرَ إِلَيْهَا ثُمَّ جَاءَ فَقَالَ: أَيْ رَبِّ وَعِزَّتِكَ لَقَدْ خَشِيتُ أَنْ لَا يَدْخُلَهَا أَحَدٌ ". قَالَ: " فَلَمَّا خَلَقَ اللَّهُ النَّارَ قَالَ: يَا جبريلُ اذهبْ فانظرْ إِليها فذهبَ فنظرَ إِليها فَقَالَ: أَيْ رَبِّ وَعِزَّتِكَ لَا يَسْمَعُ بِهَا أَحَدٌ فَيَدْخُلُهَا فَحَفَّهَا بِالشَّهَوَاتِ ثُمَّ قَالَ: يَا جبريلُ اذهبْ فانظرْ إِليها فذهبَ فَنَظَرَ إِلَيْهَا فَقَالَ: أَيْ رَبِّ وَعِزَّتِكَ لَقَدْ خَشِيتُ أَنْ لَا يَبْقَى أَحَدٌ إِلَّا دَخَلَهَا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُدَ وَالنَّسَائِيُّ

5696. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब अल्लाह ने जन्नत को पैदा फ़रमाया तो जिब्राइल अलैहिस्सलाम से फ़रमाया: जाओ इसे देखो वह गए और उन्होंने उस को और उस के रहने वालो के लिए अल्लाह ने जो कुछ तैयार कर रखा था उस को देखा, फिर वापिस आए तो अर्ज़ किया: रब जी! तेरी इज्ज़त की क़सम उस के मुत्तल्लिक जो भी सुनेगा वह उस में दाखिल होगा, फिर अल्लाह तआला ने उस के गिर्द नागवार चीजों की बाड़ लगा दी, फिर फ़रमाया जिब्राइल जाओ और इसे देखो", फ़रमाया: "वो गए और इसे देखा, फिर आए और अर्ज़ किया, रब जी! तेरी इज्ज़त की क़सम मुझे अंदेशा है के उस में कोई एक भी दाखिल नहीं होगा", फ़रमाया: "जब अल्लाह ने जहन्नम को पैदा फ़रमाया तो फ़रमाया: जिब्राइल! जाओ और इसे देखो", फ़रमाया: "वो गए और इसे देखा फिर आए और अर्ज़ किया: रब जी! तेरी इज्ज़त की क़सम उस के मुत्तल्लिक जो सुनेगा वह उस में दाखिल नहीं होगा", अल्लाह तआला ने उस के गिर्द शहवात की बाड़ लगा दी, फिर फ़रमाया: "जिब्राइल! जाओ, और इसे देखो", फ़रमाया: "वो गए और इसे देखा तो (आकर) अर्ज़ किया, रब जी! तेरी इज्ज़त की क़सम मुझे अंदेशा है के उस में दाखिल होने से कोई भी नहीं बचेगा"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (2560 وقال : حسن صحيح) و ابوداؤد (4744) و النسائى (7 / 3 ح 3794)

जन्नत और दोज़ख की तकलीफ का बयान • بَاب خلق الْجنَّة وَالنَّار

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٥٦٩٧ - (صَحِيح) عَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صلى بِنَا يَوْمًا الصَّلَاةَ ثُمَّ رَقِيَ الْمِنْبَرَ فَأَشَارَ بِيَدِهِ قِبَلَ قِبْلَةِ الْمَسْجِدِ فَقَالَ: «قَدْ أُرِيتُ الْآنَ مُذْ صَلَّيْتُ لَكُمُ الصَّلَاةَ الْجَنَّةَ وَالنَّارَ مُمَثَّلَتَيْنِ فِي قِبَلِ هَذَا الْجِدَارِ فَلَمْ أَرَ كَالْيَوْمِ فِي الْخَيْرِ وَالشَّر» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5697. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने एक रोज़ हमें नमाज़ पढ़ाई, फिर आप ﷺ मिम्बर पर चढ़े और अपने हाथ से मस्जिद के किबले की तरफ इरशाद किया, फिर फ़रमाया: “अब जब के में तुम्हें नमाज़ पढ़ा रहा था तो मुझे इस दिवार की तरफ जन्नत और जहन्नम के मनाज़िर दिखाई दिए, मैंने आज के दिन की तरह न तो कोई भली चीज़ देखी और न ऐसी कोई बुरी चीज़ देखी”। (बुखारी)

رواه البخاری (749)

मखलूक की इब्तिदा और अंबिया अलय्हीस्सलाम के ज़िक्र का बयान • بَاب بدءالخلق وَذِكْرِ الْأَنْبِيَاءِ عَلَيْهِمُ الصَّلَاةُ وَالسَّلَامُ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥٦٩٨ - (صَحِيح) عَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ قَالَ: إِنِّي كُنْتُ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذْ جَاءَ قومٌ منْ بَني تميمٍ فَقَالَ: «اقْبَلُوا الْبُشْرَى يَا بَنِي تَمِيمٍ» قَالُوا: بَشَّرْتَنَا فَأَعْطِنَا فَدَخَلَ نَاسٌ مِنْ أَهْلِ الْيَمَنِ فَقَالَ: «اقْبَلُوا الْبُشْرَى يَا أَهْلَ الْيَمَنِ إِذْ لَمْ يَقْبَلْهَا بَنُو تَمِيمٍ» . قَالُوا: قَبِلْنَا جِئْنَاكَ لِنَتَفَقَّهَ فِي الدِّينِ وَلِنَسْأَلَكَ عَنْ أَوَّلِ هَذَا الْأَمْرِ مَا كَانَ؟ قَالَ: «كَانَ اللَّهُ وَلَمْ يَكُنْ شَيْءٌ قَبْلَهُ وَكَانَ عَرْشُهُ عَلَى الْمَاءِ ثُمَّ خَلَقَ السَّمَاوَاتِ وَالْأَرْضَ وَكَتَبَ فِي الذِّكْرِ كلَّ شيءٍ» ثُمَّ أَتَانِي رَجُلٌ فَقَالَ: يَا عِمْرَانُ أَدْرِكْ نَاقَتَكَ فقدْ ذهبتْ فانطلقتُ أطلبُها وايمُ اللَّهِ لَوَدِدْتُ أَنَّهَا قَدْ ذَهَبَتْ وَلَمْ أَقُمْ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5698. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर था के बनू तमीम (क़बीले) के कुछ लोग आप के पास आए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “बनू तमीम! तुम खुशखबरी कबूल करो”, उन्होंने अर्ज़ किया, आप ने हमें खुशखबरी तो सुना दी, आप हमें अता भी फरमाइए, इतने में अहले यमन से कुछ लोग आए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “यमन वालो तुम खुशखबरी कबूल करो, जबके बनू तमीम ने इसे कबूल नहीं किया”, उन्होंने अर्ज़ किया, हमने कबूल किया, और हम आप की खिदमत में इसलिए हाज़िर हुए हैं ताकि हम दीन में समझ बुझ हासिल करे और सबसे पहले क्या चीज़ थी ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह था, और उस से पहले कोई चीज़ नहीं थी, और उस का अर्श पानी पर था,

फिर उस ने आसमान और ज़मीन पैदा फरमाई, और ज़िक्र (लोहे महफ़ूज़) में हर चीज़ लिखी”, रावी बयान करते हैं, फिर एक आदमी मेरे पास आया तो उस ने कहा: इमरान अपनी ऊंटनी की खबर लो, वह जा चुकी है, मैं उसे तलाश करने चला गया, अल्लाह की क़सम! मैंने ख्वाहिश की के वह चली जाती और मैं (वहां से) न उठता| (बुखारी)

رواه البخاری (7418)

٥٦٩٩ - (صَحِيح) وَعَن عمر قَالَ: قَامَ فِينَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَقَامًا فَأَخْبَرَنَا عَنْ بَدْءِ الْخَلْقِ حَتَّى دَخَلَ أَهْلُ الْجَنَّةِ مَنَازِلَهُمْ وَأَهْلُ النَّارِ مَنَازِلَهُمْ حَفِظَ ذَلِكَ مَنْ حَفِظَهُ وَنَسِيَهُ مَنْ نسيَه ". رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5699. उमर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक जगह रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें तवील खुत्बा इरशाद फ़रमाया, आप ने हमें मखलूक की इब्तिदा से बताना शुरू किया (और बताते गए) हत्ता के जन्नत वाले अपने मनाज़िल में और जहन्नम वाले अपने जगहों में दाखिल हो गए और जिस ने इसे याद रखना था उस ने इसे याद रखा और जिसे भूलना था वह भूल गया| (बुखारी)

رواه البخاری (3192)

٥٧٠٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى كَتَبَ كِتَابًا قَبْلَ أَنْ يَخْلُقَ الْخَلْقَ: إِنَّ رَحْمَتِي سَبَقَتْ غَضَبِي فَهُوَ مَكْتُوب عِنْده فَوق الْعَرْش ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5700. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “अल्लाह तआला ने मखलूक की तखलीक से पहले एक मक्तूब (लोहे महफ़ूज़) तहरीर किया के मेरी रहमत, मेरे गज़ब पर ग़ालिब है और वह अर्श के ऊपर उस के पास लिखा हुआ है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7554) و مسلم (14 / 2751)، (6969)

٥٧٠١ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خُلِقَتِ الْمَلَائِكَةُ مِنْ نُورٍ وَخُلِقَ الْجَانُّ مِنْ مَارِجٍ مِنْ نَارٍ وَخُلِقَ آدَمُ مِمَّا وصف لكم» . رَوَاهُ مُسلم

5701. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करती हैं आप ﷺ ने फ़रमाया: “फ़रिश्ते नूर से पैदा किए गए, जिन्न धुंए और आग की लो से पैदा किए गए जबके आदम अलैहिस्सलाम इस चीज़ से पैदा किए गए जो तुम्हें बयान कर दी गई है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (60 / 2996)، (7495)

٥٧٠٢ - (صَحِيح) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَمَّا صَوَّرَ اللَّهُ آدَمَ فِي الْجَنَّةِ تَرَكَهُ مَا شَاءَ أَنْ يَتْرُكَهُ فَجَعَلَ إِبْلِيسُ يُطِيفُ بِهِ يَنْظُرُ مَا هُوَ فَلَمَّا رَآهُ أَجْوَفَ عَرَفَ أَنَّهُ خُلِقَ خَلْقًا لَا يتمالَكُ» . رَوَاهُ مُسلم

5702. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब अल्लाह ने आदम अलैहिस्सलाम का खाका बनाया तो अल्लाह ने जिस क़दर चाहा के वह उन्हें जन्नत में छोड़ दे तो उस ने इसे इस क़दर जन्नत में छोड़ दिया, इब्लीस उन के गिर्द चक्कर लगाने लगा ताकि वह देखे के वह क्या चीज़ है, जब उस ने उन्हें (अंदर से) खाली देखा तो उस ने पहचान लिया के यह ऐसी मखलूक की तखलीक की गई है, जो (अपने नफ्स की ख्वाहिशात पर काबू नहीं रख सकेगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (111 / 2611)، (6649)

٥٧٠٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اخْتَتَنَ إِبْرَاهِيمُ النَّبِيُّ وَهُوَ ابْنُ ثَمَانِينَ سَنَةً بِالْقَدُومِ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5703. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने अस्सी साल की उमर में तैसे (बसूल) के साथ खतना किया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3356) و مسلم (151 / 2370)، (6141)

٥٧٠٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَمْ يَكْذِبْ إِبْرَاهِيمُ إِلَّا فِي ثَلَاثَ كَذَبَاتٍ: ثِنْتَيْنِ مِنْهُنَّ فِي ذَاتِ اللَّهِ قوله (إِنِي سَقيمٌ)»» وقوله (بلْ فعلَه كبيرُهم هَذَا)»» وَقَالَ: بَيْنَا هُوَ ذَاتَ يَوْمٍ وَسَارَةُ إِذْ أَتَى عَلَى جَبَّارٍ مِنَ الْجَبَابِرَةِ فَقِيلَ لَهُ: إِن هَهُنَا رَجُلًا مَعَهُ امْرَأَةٌ مِنْ أَحْسَنِ النَّاسِ فَأَرْسَلَ إِلَيْهِ فَسَأَلَهُ عَنْهَا: مَنْ هَذِهِ؟ قَالَ: أُخْتِي فَأَتَى سَارَةَ فَقَالَ لَهَا: إِنَّ هَذَا الْجَبَّارَ إِنْ يَعْلَمْ أَنَّكِ امْرَأَتِي يَغْلِبْنِي عَلَيْكِ فَإِنْ سألكِ فأخبِريهِ أَنَّكِ أُختي فإنكِ أُخْتِي فِي الْإِسْلَامِ لَيْسَ عَلَى وَجْهِ الْأَرْضِ مُؤْمِنٌ غَيْرِي وَغَيْرُكِ فَأَرْسَلَ إِلَيْهَا فَأُتِيَ بِهَا قَامَ إِبْرَاهِيمُ يُصَلِّي فَلَمَّا دَخَلَتْ عَلَيْهِ ذَهَبَ يَتَنَاوَلُهَا بِيَدِهِ. فَأُخِذَ - وَيُرْوَى فغُطَّ - حَتَّى رَكَضَ [ص:١٥٩ بِرِجْلِهِ فَقَالَ: ادْعِي اللَّهَ لِي وَلَا أَضُرُّكِ فَدَعَتِ اللَّهَ فَأُطْلِقَ ثُمَّ تَنَاوَلَهَا الثَّانِيَةَ فَأُخِذَ مِثْلَهَا أَوْ أَشَدُّ فَقَالَ: ادْعِي اللَّهَ لِي وَلَا أَضُرُّكِ فَدَعَتِ اللَّهَ فَأُطْلِقَ فَدَعَا بَعْضَ حجَبتِه فَقَالَ: إِنَّكَ لم تأتِني بِإِنْسَانٍ إِنَّمَا أَتَيْتَنِي بِشَيْطَانٍ فَأَخْدَمَهَا هَاجَرَ فَأَتَتْهُ وَهُوَ قائمٌ يُصلي فأوْمأَ بيدِه مَهْيَمْ؟ قَالَتْ: رَدَّ اللَّهُ كَيْدَ الْكَافِرِ فِي نَحْرِهِ وَأَخْدَمَ هَاجَرَ " قَالَ أَبُو هُرَيْرَةَ: تِلْكَ أُمُّكُمْ يَا بَنِي مَاءِ السَّمَاءِ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5704. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने सिर्फ तीन झूठ बोले उस में से दो अल्लाह की खातिर थे, उन्होंने कहा: “मैं बीमार हूँ” और यह कहना: “बल्के यह उन के बड़े ने किया है”, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक रोज़ वह इब्राहीम अलैहिस्सलाम और (उन की बीवी) साराह एक ज़ालिम बादशाह की सल्तनत से गुज़र रहे थे तो इस (बादशाह) को बताया गया के यहाँ एक आदमी है और उस के साथ एक इन्तिहाई खुबसूरत औरत है, इस (बादशाह) ने इब्राहीम अलैहिस्सलाम को बूला भेजा और उन से साराह के मुत्तल्लिक पूछा के यह कौन है ? उन्होंने कहा: मेरी बहन है, फिर इब्राहीम अलैहिस्सलाम साराह के पास आए और उन्हें बताया की ज़ालिम बादशाह है अगर इसे पता चल जाए के तू मेरी अहलिया है तो वह तेरे बारे में मुझ पर ग़ालिब आ जाएगा, अगर वह तुझ से पूछे तो यही कहना के तू मेरी बहन है, क्योंकी तू मेरी इस्लामी बहन है, रुए ज़मीन पर मेरे और तेरे सिवा कोई और

मोमिन नहीं, इस (बादशाह) ने साराह रदी अल्लाहु अन्हु को बूला भेजा उन्हें लाया गया तो इब्राहीम अलैहिस्सलाम नमाज़ पढ़ने लगे जब वह उन के पास गई और उस ने दस्त दराज़े की कोशिश की तो इसे पकड़ लिया गया”, और इस तरह भी मरवी है के, “उस का गला घोंट दिया गया हत्ता के उस ने ज़मीन पर अपना पाँव मारा और कहा अल्लाह से मेरे लिए दुआ करो में तुम्हें नुक्सान नहीं पहुंचाऊंगा, उन्होंने अल्लाह से दुआ की तो इसे छोड़ दिया गया, उस ने दूसरी मर्तबा दस्त दराज़े की कोशिश की, तो इसे इसी तरह या इसे भी सख्ती के साथ पकड़ लिया गया, उस ने कहा अल्लाह से मेरे लिए दुआ करो, मैं तुम्हें नुक्सान नहीं पहुंचाऊंगा, उन्होंने अल्लाह से दुआ की तो इसे छोड़ दिया गया, उस ने अपने किसी दरबाने को बुलाया और कहा तूने मेरे पास किसी इन्सान को नहीं बल्कि किसी शैतान को भेजा है, उस ने साराह की खिदमत के लिए उन्हें हाजर अता की, वह इब्राहीम अलैहिस्सलाम के पास आए तो वह खड़े नमाज़ अदा कर रहे थे, उन्होंने अपने हाथ के इशारे से पूछा क्या हुआ ? उन्होंने बताया: अल्लाह ने काफ़िर की तदबीर को इसी पर उलट दिया है, और उस ने खिदमत के लिए हाजर दी है”| अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: “अहल अरब (बारिश पर गुज़ार करने वालो) यह हाजर तुम्हारी वालिदा है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (2213 ، 3358) و مسلم (154 / 2371)، (6145)

٥٧٠٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " نَحْنُ أَحَقُّ بِالشَّكِّ مِنْ إِبْرَاهِيمَ إِذْ قَالَ: (رَبِّ أَرِنِي كَيْفَ تحيي الْمَوْتَى)»» وَيَرْحَمُ اللَّهُ لُوطًا لَقَدْ كَانَ يَأْوِي إِلَى رُكْنٍ شَدِيدٍ وَلَوْ لَبِثْتُ فِي السِّجْنِ طُولَ مَا لَبِثَ يُوسُفُ لَأَجَبْتُ الدَّاعِيَ ". مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5705. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम इब्राहीम अलैहिस्सलाम के मुकाबले में शक करने का ज़्यादा हक़ रखते है, जब उन्होंने कहा: “रब जी! मुझे दिखा के तू मर्दों को किस तरह जिंदा करेगा”, अल्लाह लुट अलैहिस्सलाम पर रहम फरमाए वह ज़बरदस्त सहारे (यानी अल्लाह तआला) की पनाह लेते थे, और अगर में इतनी मुद्दत तक, जितनी मुद्दत तक युसूफ अलैहिस्सलाम क़ैद खाने में रहे, क़ैद खाने में रहता तो मैं बुलाने वाले की बात ज़रूर मान लेता”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3372) و مسلم (152 / 151)، (382)

٥٧٠٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ مُوسَى كَانَ رَجُلًا حَيِيًّا سِتِّيرًا لَا يُرَى مِنْ جِلْدِهِ شَيْءٌ اسْتِحْيَاءً فَآذَاهُ مَنْ آذَاهُ مِنْ بَنِي إِسْرَائِيلَ فَقَالُوا: مَا تَسَتَّرَ هَذَا التَّسَتُّرَ إِلَّا مِنْ عَيْبٍ بِجِلْدِهِ: إِمَّا بَرَصٌ أَوْ أُدْرَةٌ وَإِنَّ اللَّهَ أَرَادَ أَنْ يُبَرِّئَهُ فَخَلَا يَوْمًا وَحده ليغتسل فَوَضَعَ ثَوْبَهُ عَلَى حَجَرٍ فَفَرَّ الْحَجَرُ بِثَوْبِهِ فجمع مُوسَى فِي إِثْرِهِ يَقُولُ: ثَوْبِي يَا حَجَرُ ثَوْبِي يَا حَجَرُ حَتَّى انْتَهَى إِلَى مَلَأٍ مِنْ بَنِي إِسْرَائِيلَ فَرَأَوْهُ عُرْيَانًا أَحْسَنَ مَا خَلَقَ اللَّهُ وَقَالُوا: وَاللَّهِ مَا بِمُوسَى مِنْ بَأْسٍ وَأَخْذَ ثَوْبَهُ وَطَفِقَ بِالْحَجَرِ ضَرْبًا [ص:١٥٩ فَوَاللَّهِ إِنَّ بِالْحَجَرِ لَنَدَبًا مِنْ أَثَرِ ضَرْبِهِ ثَلَاثًا أَو أَرْبعا أَو خمْسا ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5706. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मूसा अलैहिस्सलाम बड़े ही शर्म व हया वाले इन्सान थे, उन के हया की वजह से उनकी जिल्द से कुछ भी नहीं देखा जा सकता था, बनी इसराइल के जिन लोगो ने आप अलैहिस्सलाम को अज़ीयत पहुंचाई थी वह पहुंचा कर रहे, उन्होंने कहा: यह अपने किसी जिल्दी बीमारी की वजह से इस क़दर अपना बदन छिपा कर रखते है, यह या तो बरस के मरीज़ है या उन के खसिये (फोटे) फुल गए है, अल्लाह ने

इरादा फ़रमाया के वह इनको ऐब (कमी) से बे एब साबित करे, एक रोज़ वह अकेले गुसल करने के लिए आए तो अपने कपड़े उतार कर एक पथ्थर पर रख दिए, और वह पथ्थर उन के कपड़े ले कर भाग गया, मूसा अलैहिस्सलाम भी तेज़ी के साथ उस के पीछे भागने लगे और कहने लगे: पथ्थर! मेरे कपड़े (वापिस कर दो में और कुछ नहीं चाहता) वह (इस तरह कहते हुए) बनी इसराइल की एक जमाअत तक पहुँच गए, उन्होंने इनको उरिया हालत में देख लिया के अल्लाह ने जो तखलीक फरमाई है अहसन है, और उन्होंने कहा: अल्लाह की क़सम! मूसा अलैहिस्सलाम में कोई नुक्स नहीं, और उन्होंने अपने कपड़े लिए और पथ्थर को मारने लगे, अल्लाह की क़सम! उनकी मार के तीन, चार या पांच निशान पथ्थर पर पड़ गए"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3404) و مسلم (156 / 2371)، (6147)

٥٧٠٧ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " بَيْنَا أَيُّوبُ يَغْتَسِلُ عُرْيَانًا فَخَرَّ عَلَيْهِ جَرَادٌ مِنْ ذَهَبٍ فَجَعَلَ أَيُّوبُ يَحْثِي فِي ثَوْبِهِ فَنَادَاهُ رَبُّهُ: يَا أَيُّوبُ أَلَمْ أَكُنْ أَغْنَيْتُكَ عَمَّا تَرَى؟ قَالَ: بَلَى وَعِزَّتِكَ وَلَكِن لَا غنى بِي عَن بركتك ". رَوَاهُ البُخَارِيّ

5707. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अय्यूब अलैहिस्सलाम उरिया हालत में गुसल कर रहे थे की इन पर सोने की तिड्डिया गिरी तो अय्यूब अलैहिस्सलाम उन्हें कपड़े में जमा करने लगे तो उन के रब ने उन्हें आवाज़ दी, अय्यूब! क्या मैंने तुझे माल अता कर के उन (टिड्डियों) से बेनियाज़ नहीं कर दिया ? उन्होंने अर्ज़ किया, तेरी इज्ज़त की क़सम! क्यों नहीं, लेकिन में तेरी बरकत से कैसे बेनियाज़ रह सकता हो"| (बुखारी)

رواه البخارى (279)

٥٧٠٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ»» قَالَ: اسْتَبَّ رَجُلٌ مِنَ الْمُسْلِمِينَ وَرَجُلٌ مِنَ الْيَهُودِ. فَقَالَ الْمُسْلِمُ: وَالَّذِي اصْطَفَى مُحَمَّدًا عَلَى الْعَالَمِينَ. فَقَالَ الْيَهُودِيُّ: وَالَّذِي اصْطَفَى مُوسَى عَلَى الْعَالَمِينَ. فَرَفَعَ الْمُسْلِمُ يَدَهُ عِنْدَ ذَلِكَ فَلَطَمَ وَجْهَ الْيَهُودِيِّ فَذَهَبَ الْيَهُودِيُّ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَهُ بِمَا كَانَ من أمره وأمرِ الْمُسلم فَدَعَا النَّبِي صلى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمُسْلِمَ فَسَأَلَهُ عَنْ ذَلِكَ فَأَخْبَرَهُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا تُخَيِّرُونِي عَلَى مُوسَى فَإِنَّ النَّاسَ يُصْعَقُونَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فَأُصْعَقُ مَعَهُمْ فَأَكُونُ أَوَّلَ مَنْ يُفِيقُ فَإِذَا مُوسَى بَاطِشٌ بِجَانِبِ الْعَرْشِ فَلَا أَدْرَى كَانَ فِيمَنْ صُعِقَ فَأَفَاقَ قَبْلِي أَوْ كَانَ فِيمَنِ اسْتَثْنَى اللَّهُ.» . وَفِي رِوَايَةٍ: " فَلَا أَدْرِي أَحُوسِبَ بِصَعْقَةِ يَوْمِ الطُّورِ أَوْ بُعِثَ قَبْلِي؟ وَلَا أَقُولُ: أَنَّ أَحَدًا أَفْضَلَ مِنْ يُونُس بن مَتَّى "

5708. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, दो आदमियों ने आपस में बुरा भुला कहा, उन में से एक मुसलमान था और एक यहूदी था, मुसलमान ने कहा उस ज़ात की क़सम! जिस ने मुहम्मद ﷺ को तमाम जहांन वालो पर फ़ज़ीलत दी! यहूदी ने कहा उस ज़ात की क़सम! जिस ने मूसा अलैहिस्सलाम को तमाम जहांन वालो पर फ़ज़ीलत दी, मुसलमान ने इस वक़्त अपना हाथ उठाया और यहूदी के चेहरे पर थप्पड़ रसीद कर दिया, यहूदी, नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और अपना और मुसलमान का मुआमला आप को बताया तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: "मुझे मूसा अलैहिस्सलाम पर फोकियत न दो, क्योंकि रोज़ ए क़यामत लोग बेहोश हो जाएँगे तो मैं भी उन के साथ बेहोश हो जाऊंगा, और मुझे सबसे पहले होश आएगा तो मैं देखूंगा के मूसा अलैहिस्सलाम अर्श के एक कोने को थामे हुए होंगे, मैं नहीं जानता के वह बेहोश होने वालो में से थे और मुझ से पहले होश में गए या वह उन में से थे जिन्हें अल्लाह ने इस (बेहोशी) से मुशतश्ना करार दे दिया"| एक

दूसरी रिवायत में है: “मैं नहीं जानता के वह तुर के रोज़ जो बेहोश हुए थे वही इन के लिए काफी था, या वह मुझ से पहले उठाए गए, और मैं नहीं कहता के कोई युनुस बिन मत्ता से अफज़ल है”| (बुखारी)

رواه البخاری (2411) [و مسلم (160 / 2373)، (6151) الروایة الثانیة : البخاری (3415)]

٥٧٠٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَةِ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: «لَا تُخَيِّرُوا بَيْنَ الْأَنْبِيَاءِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَفِي رِوَايَةِ أَبِي هُرَيْرَة: «لَا تفضلوا بَين أَنْبيَاء الله»

5709. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु की रिवायत में है फ़रमाया: “अंबिया को एक दुसरे पर बढ़त न दो”, और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु की रिवायत में है: “अंबिया को एक दुसरे पर फ़ज़ीलत न दो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6916) و مسلم (163 / 2374)، (6156) و روایة سیدنا ابی هریرة رضی الله عنه ، رواها البخاری (3414) و مسلم (159 / 2372)، (6156)

٥٧١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " مَا يَنْبَغِي لِعَبْدٍ أَنْ يَقُولَ: إِنِّي خَيْرٌ مِنْ يُونُسَ بْنِ مَتَّى ". مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ»» وَفِي رِوَايَةِ الْبُخَارِيّ قَالَ: " من قَالَ: أَنَا خَيْرٌ مِنْ يُونُسَ بْنِ مَتَّى فقد كذب "

5710. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “किसी बन्दे के लिए मुनासिब नहीं के वह कहे की मैं युनुस बिन मत्ता से बेहतर हूँ”| और सहीह बुखारी की रिवायत में है, फ़रमाया: “जिस ने कहा की मैं युनुस बिन मत्ता से बेहतर हूँ तो उस ने झूठ कहा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3416) و مسلم (116 / 2376)، (6159) و الروایة الثانیة ، رواها البخاری (4604)

٥٧١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أُبَيِّ بْنِ كَعْبٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْغُلَامَ الَّذِي قَتَلَهُ الْخَضِرُ طُبِعَ كَافِرًا وَلَوْ عَاشَ لَأَرْهَقَ أَبَوَيْهِ طُغْيَانًا وَكُفْرًا» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5711. उबई बिन काब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो गुलाम जिसे खिज़र अलैहिस्सलाम ने क़त्ल किया था वह काफ़िर पैदा हुआ था, अगर वह जिंदा रहता तो वह अपने वालिदेन को सरकशी और कुफ्र पर मजबूर करता”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (لم اجده) و مسلم (29 / 2661)، (6766)

٥٧١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّمَا سُمِّيَ الْخَضِرُ لِأَنَّهُ جَلَسَ عَلَى فَرْوَةٍ بَيْضَاءَ فَإِذَا هِيَ تَهْتَزُّ من خَلْفِه خضراء» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5712. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “खिज़र अलैहिस्सलाम का नाम

खिज़र इसलिए रखा गया के वह एक खुश्क ज़मीन पर बैठे थे, तो वह ज़मीन उन के बाद सर सब्ज़ हो कर लहलहाने लगी”| (बुखारी)

رواه البخاری (3402)

٥٧١٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " جَاءَ مَلَكُ الْمَوْتِ إِلَى مُوسَى ابْنِ عِمْرَانَ فَقَالَ لَهُ: أَجِبْ رَبَّكَ ". قَالَ: «فَلَطَمَ مُوسَى عَيْنَ مَلَكِ الْمَوْتِ فَفَقَأَهَا» قَالَ: " فَرَجَعَ الْمَلَكُ إِلَى اللَّهِ فَقَالَ: إِنَّكَ أَرْسَلْتَنِي إِلَى عَبْدٍ لَكَ لَا يُرِيدُ الْمَوْتَ وَقَدْ فَقَأَ عَيْنِي " قَالَ: " فَرَدَّ اللَّهُ إِلَيْهِ عَيْنَهُ وَقَالَ: ارْجِعْ إِلَى عَبْدِي فَقُلْ: الْحَيَاةَ تُرِيدُ؟ فَإِنْ كُنْتَ تُرِيدُ الْحَيَاةَ فَضَعْ يَدَكَ عَلَى مَتْنِ ثَوْرٍ فَمَا تَوَارَتْ يَدُكَ مِنْ شَعْرِهِ فَإِنَّكَ تَعِيشُ بِهَا سَنَةً قَالَ: ثُمَّ مَهْ؟ قَالَ: ثُمَّ تَمُوتُ. قَالَ: فَالْآنَ مِنْ قَرِيبٍ رَبِّ أَدْنِنِي مِنَ الْأَرْضِ الْمُقَدَّسَةِ رَمْيَةً بِحَجَرٍ ". قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَاللَّهِ لَوْ أَنِّي عِنْدَهُ لَأَرَيْتُكُمْ قَبْرَهُ إِلَى جَنْبِ الطَّرِيقِ عِنْدَ الْكَثِيبِ الْأَحْمَرِ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5713. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मौत का फ़रिश्ता मूसा बिन इमरान अलैहिस्सलाम के पास आया तो उस ने उन्हें कहा: अपने रब का हुक्म कबूल करो (में आप की रूह कब्ज़ करने आया हूँ)”, फ़रमाया: “मूसा अलैहिस्सलाम ने मौत के फ़रिश्ते की आँख पर थप्पड़ मारा और इसे फोड़ दिया”, फ़रमाया: “वो फ़रिश्ता अल्लाह के पास वापिस चला गया और अर्ज़ किया, तूने मुझे अपने एक ऐसे बन्दे की तरफ भेजा जो मरना नहीं चाहता और उस ने मेरी आँख भी फोड़ दी है, फ़रमाया: अल्लाह ने उस की आँख इसे लौटा दी, और फ़रमाया: मेरे बन्दे के पास दोबारा जाओ और इसे कहो: तुम जिंदगी चाहते हो, अगर तुम जिंदगी चाहते हो तो अपना हाथ बेल की कमर पर रखो और जितने बाल तुम्हारे हाथ के निचे आजाएँगे तुम इतने साल जिंदा रहोगे, फ़रमाया: “फिर क्या होगा ? फ़रमाया: फिर तुम मर जाओगे ,फ़रमाया फिर अब इसी हालत में रूह कब्ज़ कर लो, और अर्ज़ किया, रब जी! मुझे अर्जे मुक़द्दस (बैतूल मुक़द्दस) के इतना करीब कर दे के अगर कोई पथ्थर फ़ेकने वाला फेंके तो वह वहां (बैतूल मुक़द्दस) तक पहुँच सके”, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह की क़सम! अगर में इस (बैतूल मुक़द्दस) के पास होता तो मैं सुर्ख टीले के पास, रास्ते के एक जानिब तुम्हें उनकी कब्र दीखाता “| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیہ ، رواہ البخاری (1339) و مسلم (158 ، 157 / 2372)، (6148)

٥٧١٤ - (صَحِيح) وَعَنْ»» جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «عُرِضَ عَلَيَّ الْأَنْبِيَاءُ فَإِذَا مُوسَى ضَرْبٌ مِنَ الرِّجَالِ كَأَنَّهُ مِنْ رِجَالِ شَنوءَةَ ورأيتُ عِيسَى بن مَرْيَم فإِذا أقربُ مَن رأيتُ بِهِ شَبَهًا عُرْوَةُ بْنُ مَسْعُودٍ وَرَأَيْتُ إِبْرَاهِيمَ فَإِذَا أَقْرَبُ مَنْ رَأَيْتُ بِهِ شَبَهًا صَاحِبُكُمْ - يَعْنِي نَفْسَهُ - وَرَأَيْتُ جِبْرِيلَ فَإِذَا أَقْرَبُ مَنْ رَأَيْتُ بِهِ شَبَهًا دِحْيَةُ بْنُ خَلِيفَةَ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

5714. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे अंबिया अलैहिस्सलाम दिखाए गए, मूसा अलैहिस्सलाम दुबले पतले हैं, गोया वह शनुअत कबिले के मर्दों जैसे हैं, मैंने इसा बिन मरियम अलैहिस्सलाम को देखा, और मैंने जिन्हें देखा उन में से वह उरवा बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से ज़्यादा मुशाबिहत रखते थे, मैंने इब्राहीम अलैहिस्सलाम को देखा वह सबसे ज़्यादा तुम्हारे साथी यानी मुहम्मद से मुशाबिहत रखते हैं, और मैंने जिब्राइल अलैहिस्सलाम को देखा तो वह उन लोगो में से जिन्हें मैंने देखा है दिह्या बिन खलीफा से सबसे ज़्यादा मुशाबिहत रखते हैं”| (मुस्लिम)

رواہ مسلم (271 / 167)، (423)

٥٧١٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «رَأَيْتُ لَيْلَةَ أَسْرِيَ بِي مُوسَى رَجُلًا آدَمَ طُوَالًا جَعْدًا كَأَنَّهُ شنُوءَة وَرَأَيْت رَجُلًا مَرْبُوعَ الْخَلْقِ إِلَى الْحُمْرَةِ وَالْبَيَاضِ سَبْطَ الرَّأْسِ وَرَأَيْتُ مَالِكًا خَازِنَ النَّارِ وَالدَّجَّالَ فِي آيَاتٍ أَرَاهُنَّ اللَّهُ إِيَّاهُ فَلَا تَكُنْ فِي مرية من لِقَائِه» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5715. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेअराज की रात मैंने मूसा अलैहिस्सलाम को देखा, आप का रंग गंदुमी, दराज़ कद और बाल घुंघरियाले थे, गोया वह शनुअत कबिले के लोगों में से हो, और मैंने इसा अलैहिस्सलाम को देखा, उनका कद दरमियाना, रंग सुरखी माईल सफ़ेद था और बाल घुंघरियाले नहीं बल्कि सीधे थे, मैंने जहन्नम के दरोगा मालिक और दज्जाल को भी देखा, यह उन निशानियो में से थी जो अल्लाह ने मुझे दिखाइए थी, आप उन (मुसा (अस)) से मुलाकात करने में किसी किस्म के शक में मुब्तिला न हो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3239) و مسلم (267 / 165)، (419)

٥٧١٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَيْلَةً أَسْرِيَ بِي لَقِيتُ مُوسَى - فَنَعَتَهُ -: فَإِذَا رَجُلٌ مُضْطَرِبٌ رَجِلُ الشَّعْرِ كَأَنَّهُ مِنْ رِجَالِ شَنُوءَةَ وَلَقِيتُ عِيسَى رَبْعَةً أَحْمَرَ كَأَنَّمَا خَرَجَ مِنْ دِيمَاسٍ - يَعْنِي الْحَمَّامَ - وَرَأَيْتُ إِبْرَاهِيمَ وَأَنَا أَشْبَهُ وَلَدِهِ بِهِ " قَالَ: " فَأُتِيتُ بِإِنَاءَيْنِ: أَحَدُهُمَا لَبَنٌ وَالْآخَرُ فِيهِ خَمْرٌ. فَقِيلَ لِي: خُذْ أَيَّهُمَا شِئْتَ. فَأَخَذْتُ اللَّبَنَ فَشَرِبْتُهُ فَقِيلَ لِي: هُدِيتَ الْفِطْرَةَ أَمَا إِنَّكَ لَوْ أَخَذْتَ الْخَمْرَ غَوَتْ أمتك ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5716. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेअराज की रात मेरी मूसा अलैहिस्सलाम से मुलाकात हुई”, आप ने उनका तफसील बयान की के, “वो एक दुबले पतले सीधे बालो वाले आदमी है, गोया वह शनुअत कबिले के आदमी है, मैंने इसा अलैहिस्सलाम से मुलाकात की, उनका कद दरमियाना और रंग सुर्ख था, गोया वह गुसल खाने से निकले है, मैंने इब्राहीम अलैहिस्सलाम से मुलाकात की, उनकी औलाद में से में उन के ज़्यादा मुशाबह (अनुरूप) हूँ”, फ़रमाया: “मेरे पास दो बर्तन लाए गए, उन में से एक में दूध और दुसरे में शराब थी, मुझे कहा गया दोनों में से जो चाहो पसंद कर लो, मैंने दूध लिया और इसे पि लिया, मुझे कहा गया आप को फितरत की रहनुमाई की गई, अगर आप शराब लेते तो आप की उम्मत गुमराह हो जाती”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3394) و مسلم (272 / 168)، (424)

٥٧١٧ - (صَحِيح) وَعَن»» ابنِ عبَّاسٍ قَالَ: سِرْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَيْنَ مَكَّةَ وَالْمَدِينَةِ فَمَرَرْنَا بِوَادٍ فَقَالَ: «أَيُّ وَادٍ هَذَا؟» . فَقَالُوا: وَادِي الْأَزْرَقِ. قَالَ: «كَأَنِّي أَنْظُرُ إِلَى مُوسَى» فَذَكَرَ مِنْ لَوْنِهِ وَشَعْرِهِ شَيْئًا وَاضِعًا أُصْبُعَيْهِ فِي أُذُنَيْهِ لَهُ جُؤَارٌ إِلَى اللَّهِ بِالتَّلْبِيَةِ مَارًّا بِهَذَا الْوَادِي ". قَالَ: ثُمَّ سِرْنَا حَتَّى أَتَيْنَا عَلَى ثَنِيَّةٍ. فَقَالَ: «أَيُّ ثَنِيَّةٍ هَذِهِ؟» قَالُوا: هَرْشَى - أَوْ لِفْتُ -. فَقَالَ: «كَأَنِّي أَنْظُرُ إِلَى يُونُسَ عَلَى نَاقَةٍ حَمْرَاءَ عَلَيْهِ جُبَّةُ صُوفٍ خِطَامُ نَاقَتِهِ خُلْبَةٌ مَارًّا بِهَذَا الْوَادِي مُلَبِّيًا» رَوَاهُ مُسلم

5717. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हमने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ मक्के और मदीना के दरमियान सफ़र किया, हम एक वादी से गुज़रे तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये कौन सी वादी है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, वादी ए अज़रक है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “गोया में मूसा अलैहिस्सलाम को देख रहा हूँ”, आप ने उन के रंग और उन के बालो के मुत्तल्लिक कुछ बताया, और बताया की“, वह अपने दोनों उंगलिया अपने कानो में रखे हुए थे, वह तल्बिहा के ज़रिए अल्लाह से तजरीअ

करते हुए इस वादी से गुज़र रहे हैं", रावी बयान करते हैं, फिर हमने सफ़र किया और हम घाटी पर पहुंचे तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये कौन सी घाटी है ?" उन्होंने अर्ज़ किया, हरशी या लफत फ़रमाया: "गोया में युनुस अलैहिस्सलाम को सुर्ख ऊंटनी पर सवार देख रहा हूँ, उन्होंने ऊनी जुब्बा पहना हुआ है और उनकी ऊंटनी की महार खजूर की शाखों से बनी हुई है, और वह भी तल्बिहा कहते हुए इस वादी से गुज़र रहे हैं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (268 / 166)، (420)

٥٧١٨ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «خُفِّفَ عَلَى دَاوُدَ [ص:١٥٩ الْقُرْآنُ فَكَانَ يَأْمُرُ بِدَوَابِّهِ فَتُسَرَّحَ فَيَقْرَأُ الْقُرْآنَ قَبْلَ أَنْ تُسَرَّحَ دَوَابُّهُ وَلَا يَأْكُلُ إِلَّا مِنْ عملِ يدَيهِ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

5718. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "दाउद (अ) पर ज़बूर की किराअत आसान कर दी गई थी, वह अपने सवारियों पर जैन कसने का हुक्म फरमाते और वह सवारियों पर जैन कसे जाने से पहले ही इस (जबूर) की किराअत मुकम्मल कर लेते थे, और वह सिर्फ अपने हाथो की कमाई खाते थे"| (बुखारी)

رواه البخاری (3417)

٥٧١٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " كَانَتِ امْرَأَتَانِ مَعَهُمَا ابْنَاهُمَا جَاءَ الذِّئْبُ فَذَهَبَ بِابْنِ إِحْدَاهُمَا فَقَالَتْ صَاحِبَتُهَا: إِنَّمَا ذَهَبَ بابنك. وَقَالَت الْأُخْرَى: إِنَّمَا ذهب بابنك فتحاكما إِلَى دَاوُدَ فَقَضَى بِهِ لِلْكُبْرَى فَخَرَجَتَا عَلَى سُلَيْمَانَ بْنِ دَاوُدَ فَأَخْبَرَتَاهُ فَقَالَ: ائْتُونِي بِالسِّكِّينِ أَشُقُّهُ بَيْنَكُمَا. فَقَالَتِ الصُّغْرَى: لَا تَفْعَلُ يَرْحَمُكَ اللَّهُ هُوَ ابْنُهَا فَقَضَى بِهِ لِلصُّغْرَى " مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5719. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "दो औरते थी उन के साथ उन के बेटे भी थे, भेड़िया आया और वह उन में से एक के बेटे को ले गया, एक ने अपने साथ वाली से कहा: वह तो तेरे बेटे को ले कर गया है, और दूसरी ने कहा (नहीं) वह तेरे बेटे को ले कर गया है, चुनांचे वह दोनों दाउद (अ) के पास मुकदमा ले गई तो उन्होंने बड़ी के हक़ में फैसला कर दिया, फिर वह दोनों सुलेमान बिन दाउद (अ) के पास से गुज़री और उन्होंने पूरा वाकिया बयान किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: मुझे छुरी दो में उसे टुकड़े कर के तुम दोनों के दरमियान तकसीम कर देता हूँ, छोटी ने कहा: अल्लाह आप पर रहम फरमाए, ऐसे न करे वह इसी का बेटा है, उन्होंने उस के मुत्तल्लिक छोटी के हक़ में फैसला कर दिया"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3427) و مسلم (20 / 1720)، (4495)

٥٧٢٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " قَالَ سُلَيْمَانُ: لَأَطُوفَنَّ اللَّيْلَةَ عَلَى تِسْعِينَ امْرَأَةٍ - وَفِي رِوَايَةٍ: بِمِائَةِ امْرَأَةٍ - كُلُّهُنَّ تَأْتِي بِفَارِسٍ يُجَاهِدُ فِي سَبِيلِ اللَّهِ. فَقَالَ لَهُ الْمَلَكُ: قُلْ إِنْ شَاءَ اللَّهُ. فَلَمْ يَقُلْ وَنَسِيَ فَطَافَ عَلَيْهِنَّ فَلَمْ تحملْ منهنَّ إِلا امرأةٌ واحدةٌ جاءتْ بشقِّ رَجُلٍ وَأَيْمُ الَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ لَوْ قَالَ: إِنْ شَاءَ اللَّهُ لَجَاهَدُوا فِي سَبِيلِ الله فُرْسَانًا أجمعونَ ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5720. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “सुलेमान अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया: आज रात में अपने नववे बेगमात (बीवियों) और एक दूसरी रिवायत में है सौ बेगमात (बीवियों) के पास जाऊंगा, वह सब अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले घुड़सवार बच्चो को जन्म देगी, फ़रिश्ते ने उन्हें कहा: इंशाअल्लाह (अगर अल्लाह ने चाहा) कहो, उन्होंने न कहा और (ये कहना) भूल गए, वह उन के पास गए (इन के साथ जिमाअ किया) और उन में से सिर्फ एक हामिला हुई, और उस ने भी नाकिस बच्चे को जन्म दिया, उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मुहम्मद ﷺ की जान है! अगर वह इंशाअल्लाह कह देते तो वह सारे अल्लाह की राह में जिहाद करने वाले घुड़सवार होते”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2819) و مسلم (25 / 1654)، (4286)

٥٧٢١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ»» أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَانَ زَكَرِيَّاء نجارا» . رَوَاهُ مُسلم

5721. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ज़करिया अलैहिस्सलाम बूढ़े थे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (169 / 2379)، (6162)

٥٧٢٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَا أَوْلَى النَّاسِ بِعِيسَى بن مَرْيَمَ فِي الْأُولَى وَالْآخِرَةِ الْأَنْبِيَاءُ أُخْوَةٌ مِنْ عَلَّاتٍ وَأُمَّهَاتُهُمْ شَتَّى وَدِينُهُمْ وَاحِدٌ وَلَيْسَ بَيْنَنَا نَبِي» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5722. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं इसा बिन मरियम अलैहिस्सलाम से दुनिया व आखिरत में और लोगो की निस्बत ज़्यादा कराबतदार हूँ, अंबिया अलैहिस्सलाम एलाती (एक बाप की औलाद) भाई है, उनकी माएं अलग अलग है, जबके उनका दीन एक है, और हमारे (मेरे और इसा (अस)) के दरमियान कोई नबी नहीं”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3442 3443) و مسلم (145 / 2365)، (6130)

٥٧٢٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّ بَنِي آدَمَ يَطْعَنُ الشَّيْطَانُ فِي جَنْبَيْهِ بِإِصْبَعَيْهِ حِينَ يُولَدُ غَيْرَ عِيسَى بْنِ مَرْيَمَ ذَهَبَ يَطْعَنُ فَطَعَنَ فِي الْحِجَابِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5723. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इसा बिन मरियम अलैहिस्सलाम के अलावा, शैतान हर नौ मौलूद को उस की पैदाइश के वक़्त अपने दो उंगलियों से उस के पहलु में डंक लगाता है, वह उन्हें भी डंक लगाने गया था लेकिन उस ने हिजाब में डंक लगा दिए”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3286) و مسلم (147 / 2366)، (6133)

٥٧٢٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَمُلَ مِنَ الرِّجَالِ كَثِيرٌ وَلَمْ يَكْمُلْ مِنَ النساءِ إِلا مريمُ بنتُ عِمْرَانَ وَآسِيَةُ امْرَأَةُ فِرْعَوْنَ وَفَضْلُ عَائِشَةَ عَلَى النِّسَاءِ كَفَضْلِ الثَّرِيدِ عَلَى سَائِرِ الطَّعَامِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ أَنَسٍ: «يَا خَيْرَ الْبَرِيَّةِ» . وَحَدِيثَ أَبِي هُرَيْرَةَ: «أَيُّ النَّاسِ أَكْرَمُ» وَحَدِيثُ ابْنِ عمر: " الْكَرِيم بن الْكَرِيم: «. فِي» بَابِ الْمُفَاخَرَةِ وَالْعَصَبِيَّةِ "

5724. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मर्दों में से तू बहोत से कामिल (सर्वोत्तम) हुए लेकिन औरतो में से मरयम बिन्ते इमरान और आसिया जौजा ए फिरोन कमाल को पहुंची, और आयशा रदी अल्लाहु अन्हा को तमाम औरतो पर ऐसे ही बढ़त हासिल है जैसे सरिद को तमाम खानो पर फ़ज़ीलत हासिल है”| और अनस (र) से मरवी हदीस ((يَا خَيْرَ الْبَرِيَّةِ)) अबू हुरैरा (र) से मरवी हदीस ((أَيُّ النَّاسِ أَكْرَمُ)) और इब्ने उमर (र अ) से मरवी हदीस ((الْكَرِيم بن الْكَرِيم)) بَابِ الْمُفَاخَرَةِ وَالْعَصَبِيَّةِ (बाब मुफाखिरत और अस्बियत का बयान) में ज़िक्र की गई है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (3411)و مسلم (70 / 2431)، (6272) 0 حدیث ’’ خیر البریة ‘‘ تقدم (4896) و ’’ ای الناس ، اکرم ‘‘ تقدم (4893) و ’’ الکریم بن اکریم ‘‘ تقدم (4894)

بَاب بدءالخلق وَذِكْرِ الْأَنْبِيَاءِ عَلَيْهِمِ الصَّلَاةُ وَالسَّلَامُ • मखलूक की इब्तिदा और अंबिया अलय्हीस्सलाम के ज़िक्र का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥٧٢٥ - (ضَعِيف وَالْبَعْض»» يُحسنهُ)»» عَن أبي رزين قَالَ: قلت: يَا رَسُول الله أَيْن رَبُّنَا قَبْلَ أَنْ يَخْلُقَ خَلْقَهُ؟ قَالَ: «كَانَ فِي عَمَاءٍ مَا تَحْتَهُ هَوَاءٌ وَمَا فَوْقَهُ هَوَاءٌ وَخَلَقَ عَرْشَهُ عَلَى الْمَاءِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: قَالَ يَزِيدُ بْنُ هَارُونَ: الْعَمَاءُ: أَيْ لَيْس مَعَه شَيْء

5725. अबू रजीन रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! जब रब तआला ने अपने मखलूक को पैदा फ़रमाया तो उस से पहले वह कहाँ था ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अबरा में उस के निचे हवा थी, और उस के ऊपर हवा थी, और उस ने अपना अर्श पानी पर तखलीक फ़रमाया”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यज़ीद बिन हारून ने कहा अमाअ से मुराद है उस के साथ कोई चीज़ नहीं थी| (हसन)

اسنادہ حسن ، رواہ الترمذی (3109) * وکیع بن عدس : حسن الحدیث وثقه الجمھور

٥٧٢٦ - (ضَعِيف) وَعَن»» العبَّاس بن عبد الْمطلب زعم أَنَّهُ كَانَ جَالِسًا فِي الْبَطْحَاءِ فِي عِصَابَةٍ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَالِسٌ فِيهِمْ فَمَرَّتْ سَحَابَةٌ فَنَظَرُوا إِلَيْهَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا تُسَمُّونَ هَذِهِ؟» . قَالُوا: السَّحَابَ. قَالَ: «وَالْمُزْنَ؟» قَالُوا: وَالْمُزْنَ. قَالَ: «وَالْعَنَانَ؟» قَالُوا: وَالْعَنَانَ. قَالَ: «هَلْ تَدْرُونَ مَا بعد مابين السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ؟ [ص:١٥٩» قَالُوا: لَا نَدْرِي. قَالَ: «إِنَّ بُعْدَ مَا بَيْنَهُمَا إِمَّا وَاحِدَةٌ وَإِمَّا اثْنَتَانِ أَوْ ثَلَاثٌ وَسَبْعُونَ سَنَةً وَالسَّمَاءُ الَّتِي فَوْقَهَا كَذَلِكَ» حَتَّى عَدَّ سَبْعَ سَمَاوَاتٍ. ثُمَّ «فَوْقَ السَّمَاء السَّابِعَة بَحر بَين أَعْلَاهُ وأسفله مَا بَيْنَ سَمَاءٍ إِلَى سَمَاءٍ ثُمَّ فَوْقَ ذَلِكَ ثَمَانِيَة أَو عَال بَيْنَ أَظْلَافِهِنَّ وَوُرُكِهِنَّ مِثْلُ مَا بَيْنَ سَمَاءٍ إِلَى سَمَاءٍ

ثُمَّ عَلَى ظُهُورِهِنَّ الْعَرْشُ بَيْنَ أَسْفَلِهِ وَأَعْلَاهُ مَا بَيْنَ سَمَاءٍ إِلَى سَمَاءٍ ثُمَّ اللَّهُ فَوْقَ ذَلِكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد

5726. अब्बास बिन अब्दुल मुत्तलिब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है उन्होंने नकल किया के वह बतहा में एक जमाअत के साथ बैठे हुए थे, और रसूलुल्लाह ﷺ उन में तशरीफ़ फरमा थे, इतने में बादल का एक टुकड़ा गुज़रा तो उन्होंने उस की तरफ देखा, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम उसे क्या नाम देते हो ?” उन्होंने अर्ज़ किया,: “अल साहब‘‘, फ़रमाया: “अल मज़न‘‘, उन्होंने अर्ज़ किया,: “अल मज़न” आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल अनान” उन्होंने अर्ज़ किया,: “अल अनान” आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो के आसमान और ज़मीन के दरमियान कितनी मुसाफ़त है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, हम नहीं जानते, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इन दोनों के दरमियान या तो इकहत्तर या बहत्तर या तिहत्तर साल की मुसाफ़त है, और आसमान जो उस के ऊपर है किस तरह है”, हत्ता के आप ﷺ ने सातों आसमान गिने”, फिर सातवें आसमान के ऊपर एक समुन्दर है, ऊपर वाले और निचले हिस्से के दरमियान उतनी ही मुसाफ़त है, जैसे आसमान से दुसरे आसमान तक, फिर उस के ऊपर आठ फ़रिश्ते हैं जो पहाड़ी बकरियों की शकल के हैं उन के खुड़ो और सुरिन के दरमियान इतना फासला है जितना आसमान से आसमान तक है, फिर उनकी पुश्तो पर अर्श है, उस के निचले और ऊपर वाले हिस्से के दरमियान इतना फासला है जितना आसमान से दुसरे आसमान के दरमियान फासला है, फिर उस के ऊपर अल्लाह है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3320 وقال : حسن غریب) و ابوداؤد (4723) [و ابن ماجه (193)] * سماک اختلط ولم یحدث به قبل اختلاطه و عبدالله بن عمیرة لایعرف له سماع من الاحنف کما قال البخاری رحمه الله

٥٧٢٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» جُبَيْرِ بْنِ مُطْعِمٍ قَالَ: أَتَى رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَعْرَابِيٌّ فَقَالَ: جَهِدَتِ الْأَنْفُسُ وَجَاعَ الْعِيَالُ وَنُهِكَتِ الْأَمْوَالُ وَهَلَكَتِ الْأَنْعَام فَاسْتَسْقِ اللَّهَ لَنَا فَإِنَّا نَسْتَشْفِعُ بِكَ عَلَى الله نستشفع بِاللَّهِ عَلَيْكَ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سُبْحَانَ اللَّهِ سُبْحَانَ اللَّهِ» . فَمَا زَالَ يسبّح حَتَّى عُرف ذَلِك فِي وُجُوه أَصْحَابه ثُمَّ قَالَ: «وَيْحَكَ إِنَّهُ لَا يُسْتَشْفَعُ بِاللَّهِ عَلَى أَحَدٍ شَأْنُ اللَّهِ أَعْظَمُ مِنْ ذَلِكَ وَيْحَكَ أَتَدْرِي مَا اللَّهُ؟ إِنَّ عَرْشَهُ عَلَى سَمَاوَاتِهِ لَهَكَذَا» وَقَالَ بِأَصَابِعِهِ مَثْلَ الْقُبَّةِ عَلَيْهِ «وإِنه ليئط أطيط الرحل بالراكب» رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5727. जुबेर बिन मुतअम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक आराबी रसूलुल्लाह ﷺ के पास आया तो उस ने अर्ज़ किया, जाने मशक्कत में पड़ गई, बाल बच्चे भूख का शिकार हो गए, अमवाल ख़तम हो गए और जानवर हलाक हो गए, आप अल्लाह से हमारे लिए बारिश की दुआ फरमाइए, हम आप के ज़रिए अल्लाह से सिफारिश करते हैं और अल्लाह के ज़रिए आप से सिफारिश करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “(سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह, (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह!‘‘ आप मुसलसल तस्बीह बयान करते रहे हत्ता के यह चीज़ आप के सहाबा के चेहरो से मालुम होने लगी, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुझ पर अफ़सोस है, किसी पर अल्लाह को सिफारिशी नहीं बनाया जाता, अल्लाह की शान उस से अज़ीम तर है, तुझ पर अफ़सोस है, क्या तुम जानते हो अल्लाह (की अज़मत व किब्रियाई) क्या है ? बेशक उस का अर्श उस के आसमानों पर इस तरह है”, और आप ﷺ ने अपने उंगलियों से इरशाद फ़रमाया जैसे उस पर कुब्बा (गुंबज) हो”, वह इस वजह से इस तरह आवाज़ निकालता है जिस तरह सवार की वजह से पालान आवाज़ निकालता है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابوداؤد (4726) * محمد بن اسحاق مدلس و عنعن و جبیر بن محمد : مستور ، لم یوثقه غیر ابن حبان

٥٧٢٨ - (صَحِيح) وَعَنْ»» جَابِرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أُذِنَ لِي أَنْ أُحَدِّثَ عَنْ مَلَكٍ مِنْ مَلَائِكَةِ

اللَّهِ مِنْ حَمَلَةِ الْعَرْشِ أَنَّ مَا بَيْنَ شحمة أُذُنَيْهِ إِلَى عَاتِقَيْهِ مَسِيرَةُ سَبْعِمِائَةِ عَامٍ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5728. जाबिर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मुझे इजाज़त दी गई की मैं अल्लाह के फरिश्तो में से एक फ़रिश्ते का ज़िक्र करू जो हामिलिने अर्श में से है, उस के कानो की लो और उस के कंधो के दरमियान सातसो साल की मुसाफ़त है"| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4727)

٥٧٢٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن زُرَارَة»» بن أوفى أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِجِبْرِيلَ: " هَلْ رَأَيْتَ رَبَّكَ؟ فَانْتَفَضَ جِبْرِيلُ وَقَالَ: يَا مُحَمَّدُ إِنَّ بَيْنِي وَبَيْنَهُ سَبْعِينَ حِجَابًا مِنْ نُورٍ لَوْ دَنَوْتُ مِنْ بَعْضِهَا لاحترقت «. هَكَذَا فِي» المصابيح "

5729. ज़ूरारत बिन अव्फी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने जिब्राइल अलैहिस्सलाम से पूछा: "क्या तुम ने अपने रब को देखा है ?", (इस सवाल से) जिब्राइल अलैहिस्सलाम लरज़ गए और फ़रमाया: मुहम्मद! मेरे और उस के दरमियान नूर के सत्तर परदे हैं, अगर में इन में से किसी के करीब चला जाऊ तो मैं जल जाऊ"| अल मसाबिह में इस तरह है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، و ذكره البغوى فى مصابيح السنة (4 / 30) [و ابو الشيخ فى العظمة (2 / 677 678) و الدارمى (فى الرد على المريسى ص 172)] * السند صحيح الى زرارة رحمه الله و لكنه : مرسل

٥٧٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ أَبُو»» نُعَيْمٍ فِي «الْحِلْيَةِ» عَنْ أَنَسٍ إِلَّا أَنه لم يذكر: «فانتفض جِبْرِيل»

5730. अबू नुअयम ने इसे हिलियत में अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है, अलबत्ता उन्होंने ज़िक्र नहीं किया: "जिब्राइल अलैहिस्सलाम लरज़ गए"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابو نعيم فى حلية الاولياء (5 / 55) * فيه ابو مسلم قائد الاعمش : ضعيف و الاعمش مدلس و عنعن ان صح السند اليه

٥٧٣١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ»» عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ خَلَقَ إِسْرَافِيلَ مُنْذُ يَوْمَ خَلَقَهُ صَافًّا قَدَمَيْهِ لَا يَرْفَعُ بَصَرَهُ بَيْنَهُ وَبَيْنَ الرَّبِّ تَبَارَكَ وَتَعَالَى سَبْعُونَ نورا مَا مِنْهَا من نورٍ يدنو مِنْهُ إِلاّ احْتَرَقَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَصَحَحهُ

5731. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अल्लाह ने इस्राफील अलैहिस्सलाम को पैदा फ़रमाया, उस ने जिस रोज़ से इसे पैदा फ़रमाया वह इस वक़्त से अपने कदमो पर खड़ा है और वह अपने नज़र तक नहीं उठाता, उस के और उस के रब तबारक व तआला के दरमियान सत्तर नूर है, जो इस नूर के करीब जाता है तो वह जल जाता है"| तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे सहीह करार दिया है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذى (لم اجده) [و رواه الطبرانى فى الكبير (11 / 379 380 ح 12061) و البيهقى فى شعب الايمان (157 ، نسخة محققة : 155) و فى السند محمد بن عبد الرحمن بن ابى ليلى ضعيف مشهور ضعفه جمهور المحدثين و فى السند علة أخرى]

٥٧٣٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ»» أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " لَمَّا خَلَقَ اللَّهُ آدَمَ وَذُرِّيَّتَهُ قَالَتِ: الْمَلَائِكَةُ: يَا رَبِّ خَلَقْتَهُمْ يَأْكُلُونَ وَيَشْرَبُونَ وَيَنْكِحُونَ وَيَرْكَبُونَ فَاجْعَلْ لَهُمُ الدُّنْيَا وَلَنَا الْآخِرَةَ. قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: لَا أَجْعَلُ مَنْ خَلَقْتُهُ بيديَّ ونفخت فِيهِ مِنْ رُوحِي كَمَنْ قُلْتُ لَهُ: كُنْ فَكَانَ «. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي» شُعَبِ الْإِيمَانِ "

5732. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "जब अल्लाह तआला ने आदम अलैहिस्सलाम और उस की औलाद को पैदा फ़रमाया तो फरिश्तो ने अर्ज़ किया, रब जी! तूने उन्हें पैदा फ़रमाया है, वह खाते पीते, शादियाँ करते और सवारी करते हैं, और तो इन के लिए दुनिया मुकर्रर कर दे और हमारे लिए आखिरत मुकर्रर फरमादे, अल्लाह तआला ने फ़रमाया: में इस (मखलूक) को, जिसे मैंने अपने हाथो से तखलीक किया और उस में अपनीने रूह फूंकी, इसे में इस मखलूक के बराबर नहीं करूँगा जिसे मैंने कहा बन जा और वह बिन गई"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى شعب الايمان (149 ، نسخة محققة : 147) * هشام بن عمار اختلط و الانصارى لم اعرفه وجاء تصريحه فى رواية جنيد بن حكيم و لا يدرى من هو ؟ و عبد ربه بن صالح القرشى وثقه ابن حبان وحده فهو مجهول الحال

بَاب بدءالخلق وَذِكْرِ الْأَنْبِيَاءِ عَلَيْهِمُ الصَّلَاةُ وَالسَّلَامُ • मखलूक की इब्तिदा और अंबिया अलय्हीस्सलाम के ज़िक्र का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٥٧٣٣ - (ضَعِيف) عَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْمُؤْمِنُ أَكْرَمُ عَلَى اللَّهِ مِنْ بَعْضِ مَلَائِكَتِهِ» . رَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ

5733. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मोमिन अल्लाह के यहाँ बाज़ फरिश्तो से भी ज़्यादा मुअज्ज़ज़ है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه ابن ماجه (3947) * فيه ابو المهزم : متروک

٥٧٣٤ - (صَحِيح) وَعَنْهُ»» قَالَ: أَخَذَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِيَدَيَّ فَقَالَ: «خلق الله الْبَرِيَّة يَوْمَ السَّبْتِ وَخَلَقَ فِيهَا الْجِبَالَ يَوْمَ الْأَحَدِ وَخلق الشّجر يَوْم الِاثْنَيْنِ وَخلق الْمَكْرُوه يَوْمَ الثُّلَاثَاءِ وَخَلَقَ النُّورَ يَوْمَ الْأَرْبِعَاءِ وَبَثَّ فِيهَا الدَّوَابَّ يَوْمَ الْخَمِيسِ وَخَلَقَ آدَمَ بَعْدَ الْعَصْرِ مِنْ يَوْمِ الْجُمُعَةِ فِي آخِرِ الْخَلْقِ وَآخِرِ سَاعَةٍ مِنَ النَّهَارِ فِيمَا بَيْنَ الْعَصْرِ إِلَى اللَّيْلِ» . [ص:١٥٩ رَوَاهُ مُسلم

5734. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मेरा हाथ पकड़ कर फ़रमाया: "अल्लाह ने मिट्टी (ज़मीन) को हफ्ते के दिन पैदा फ़रमाया, इतवार के रोज़ उस में पहाड़ पैदा फरमाए, पीर के दिन दरख्त पैदा फरमाए, मकरूह चीज़े मंगल के दिन पैदा फरमाए, बुध के रोज़ नूर पैदा फ़रमाया, जुमेरात के रोज़ उस में चोपाये फेलाए और आदम अलैहिस्सलाम को जुमा के दिन असर के बाद मखलूक में सबसे आख़िर पर पैदा फ़रमाया, और दीन की आखरी घड़ी असर और शाम के दरमियान है"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (27 / 2789)، (7054)

٥٧٣٥ - (ضَعِيف) وَعَنْهُ»» قَالَ: بَيْنَمَا نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَالِسٌ وَأَصْحَابُهُ إِذْ أَتَى عَلَيْهِمْ سَحَابٌ فَقَالَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلْ تَدْرُونَ مَا هَذَا؟» . قَالُوا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ. قَالَ: «هَذِهِ الْعَنَانُ هَذِهِ رَوَايَا الْأَرْضِ يَسُوقُهَا اللَّهُ إِلَى قَوْمٍ لَا يَشْكُرُونَهُ وَلَا يَدعُونَهُ» . ثمَّ قَالَ: «هَل تَدْرُونَ من فَوْقَكُمْ؟» قَالُوا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ. قَالَ: «فَإِنَّهَا الرَّقِيعُ سَقْفٌ مَحْفُوظٌ وَمَوْجٌ مَكْفُوفٌ» . ثُمَّ قَالَ: «هَلْ تَدْرُونَ مَا بَيْنَكُمْ وَبَيْنَهَا؟» قَالُوا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ. قَالَ: «بَيْنَكُمْ وَبَيْنَهَا خَمْسُمِائَةِ عَامٍ» ثُمَّ قَالَ: «هَلْ تَدْرُونَ مَا فَوْقَ ذَلِكَ؟» . قَالُوا: اللَّهُ ورسولُه أعلمُ. قَالَ: «سماءانِ بُعْدُ مَا بَيْنَهُمَا خَمْسُمِائَةِ سَنَةٍ» . ثُمَّ قَالَ كَذَلِكَ حَتَّى عَدَّ سَبْعَ سَمَاوَاتٍ «مَا بَيْنَ كُلِّ سَمَاءَيْنِ مَا بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ» . ثُمَّ قَالَ: «هَلْ تَدْرُونَ مَا فَوْقَ ذَلِكَ؟» قَالُوا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ. قَالَ: «إِنَّ فَوْقَ ذَلِكَ الْعَرْشُ وَبَيْنَهُ وَبَيْنَ السَّمَاءِ بُعْدُ مَا بَيْنَ السَّماءين» . ثُمَّ قَالَ: «هَلْ تَدْرُونَ مَا تَحْتَ ذَلِكَ؟» . قَالُوا: اللَّهُ وَرَسُولُهُ أَعْلَمُ. قَالَ: «إِنَّ تَحْتَهَا أَرْضًا أُخْرَى بَيْنَهُمَا مَسِيرَةُ خَمْسِمِائَةِ سَنَةٍ» . حَتَّى [ص:١٥٩ عدَّ سَبْعَ أَرضين بَين كلَّ أَرضين مسيرَة خَمْسمِائَة سنة " قَالَ: «وَالَّذِي نَفْسُ مُحَمَّدٍ بِيَدِهِ لَوْ أَنَّكُمْ دَلَّيْتُمْ بِحَبْلٍ إِلَى الْأَرْضِ السُّفْلَى لَهَبَطَ عَلَى اللَّهِ» ثُمَّ قَرَأَ (هُوَ الْأَوَّلُ وَالْآخِرُ وَالظَّاهِرُ وَالْبَاطِنُ وَهُوَ بِكُلِّ شيءٍ عليم)»» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ. وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: قِرَاءَةُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْآيَةَ تَدُلُّ على أَنه أَرَادَ الهبط عَلَى عِلْمِ اللَّهِ وَقُدْرَتِهِ وَسُلْطَانِهِ وَعِلْمُ اللَّهِ وَقُدْرَتُهُ وَسُلْطَانُهُ فِي كُلِّ مَكَانٍ وَهُوَ عَلَى الْعَرْش كَمَا وصف نَفسه فِي كِتَابه

5735. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, इस असना में के नबी ﷺ और आप के सहाबा बैठे हुए थे की एक बादल आया तो अल्लाह के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो के यह क्या है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये अनान है ? यह ज़मीन को सेराब करने वाला है, अल्लाह उस को इस कौम की तरफ हांक कर ले जाता है जो न तो उस का शुक्र अदा करते हैं और न उस से दुआ करते हैं”, फिर फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो तुम्हारे ऊपर किया है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ रकीअ (आसमान का नाम) एक महफ़ूज़ छत और थमी हुई मौज है”, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो के तुम्हारे और उस के दरमियान कितना फासला है ?” उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, फ़रमाया: “तुम्हारे और उस के दरमियान पांच सौ साल की मुसाफ़त है”, फिर फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो के उस के ऊपर क्या है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, फ़रमाया: “आसमान और इन दोनों के दरमियान पांच सौ साल की मुसाफ़त है”, रावी बयान करता है की फिर आप ﷺ ने इसी तरह फ़रमाया हत्ता के आप ने सात आसमान गिने .” और हर दो आसमान के दरमियान उतनी ही मुसाफ़त है जितनी आसमान और ज़मीन के दरमियान है”, फिर फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो उस के ऊपर क्या है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस के ऊपर अर्श है ? उस के और आसमान के दरमियान उतनी ही मुसाफ़त है जितनी दो आसमानों के दरमियान है”, फिर फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो के तुम्हारे निचे क्या है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, फ़रमाया: “वो ज़मीन है”, फिर फ़रमाया: “क्या तुम जानते हो उस के निचे क्या है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह और उस के रसूल बेहतर जानते हैं, फ़रमाया: “उस के निचे एक दूसरी ज़मीन है, इन दोनों के दरमियान पांच सौ साल की मुसाफ़त है” हत्ता के आप ﷺ ने सात ज़मीने शुमार की.” और हर दो ज़मीनों के दरमियान पांच सौ साल की मुसाफ़त है”, फिर फ़रमाया: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मुहम्मद ﷺ की जान है! अगर तुम नीचली ज़मीन की तरफ रस्सी लटकाओ तो वह अल्लाह के इल्म में है”, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत की: “वही अव्वल, वही आखिर, वही ज़ाहिर, वही बातिन है और वह हर चीज़ का इल्म रखता है”, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ की कीराअते आयत उस पर दलालत करती हैं के आप ﷺ ने इरादा फ़रमाया के वह अल्लाह के इल्म, उस की कुदरत और उस की बादशाहत में गिरती है, और अल्लाह का इल्म व कुदरत और उस की बादशाहत हर जगह पर है जबके वह अर्श पर (मुस्तवी) है, जैसे के उस ने अपने मुत्तल्लिक अपने किताब में बयान फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 206 207 ح 1770) و الترمذى (3298 وقال : غريب) * الحسن البصرى مدلس و عنعن و لبعض الحديث شواهد

٥٧٣٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ»» أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «كَانَ طُولُ آدَمَ سِتِّينَ ذِرَاعًا فِي سبع أَذْرع عرضا»

5736. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आदम अलैहिस्सलाम का तुल साठ हाथ और अर्ज़ सात हाथ था”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (2 / 535 ح 10926) * فيه على بن زيد بن جدعان : ضعيف مشهور

٥٧٣٧ - (صَحِيح) وَعَن»» أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَيُّ الْأَنْبِيَاءِ كَانَ أَوَّلَ؟ قَالَ: «آدَمُ» . قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَنَبِيٌّ كَانَ؟ قَالَ: «نَعَمْ نَبِيٌّ مُكَلَّمٌ» . قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كم المُرْسَلُونَ؟ قَالَ: «ثَلَاثِمِائَة وبضع عشر جماً غفيراً»»» وَفِي رِوَايَة عَنْ أَبِي أُمَامَةَ قَالَ أَبُو ذَرٍّ: قَلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ كَمْ وَفَاءُ عِدَّةِ الْأَنْبِيَاءِ؟ قَالَ: «مِائَةُ أَلْفٍ وَأَرْبَعَةٌ وَعِشْرُونَ أَلْفًا الرُّسُلُ مِنْ ذَلِكَ ثَلَاثُمِائَةٍ وَخَمْسَةَ عَشَرَ جَمًّا غَفِيرًا»

5737. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! सबसे पहले नबी कौन थे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “आदम (अस)”| मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या वह नबी थे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, ऐसे नबी थे जिन पर सहिफा नाज़िल किया गया था”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! रसूल कितने थे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तीन सौ और दस से कुछ ऊपर का कुछ ज़्यादा था”, और अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु की रिवायत में है, अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! अंबिया अलैहिस्सलाम की कुल तादाद कितनी है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “एक लाख चोबीस हज़ार, उन में से रसूलो की तादाद तीन सौ पन्द्रह एक कुछ ज़्यादा हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (5 / 178 ح 21879) * فيه عبيد بن خشخاش لين و ابو عمر الدمشقى : ضعيف 0 رواية ابى امامة : سنده ضعيف جدًا ، رواها احمد (5 / 265 ، 266 ح 22644) فيه على بن يزيد الالهانى ضعيف جدًا و معان بن رفاعة ضعيف

٥٧٣٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنِ»» ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَيْسَ الْخَبَرُ كَالْمُعَايَنَةِ إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى أَخْبَرَ مُوسَى بِمَا صَنَعَ قَوْمُهُ فِي الْعِجْلِ فَلَمْ يُلْقِ الْأَلْوَاحَ فَلَمَّا عَايَنَ مَا صَنَعُوا أَلْقَى الْأَلْوَاحَ فَانْكَسَرَتْ. رَوَى الْأَحَادِيث الثَّلَاثَة أَحْمد

5738. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “खबर, मुशाह्दे की तरह नहीं होती, क्योंकि अल्लाह तआला ने मूसा अलैहिस्सलाम को उनकी कौम के बछड़े को माबूद बनाने के मुत्तल्लिक बताया तो उन्होंने अल्वाह (तख्तियां) नहीं फेंकी, जब उन्होंने अपने आंखो से देख लिया जो उन्होंने किया था, तो उन्होंने तख्तिया फेंक दी और वह टूट गई”, तीनो (बल्के चारों) अहादीस को इमाम अहमद रहीमा उल्लाह ने नकल किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه احمد (1 / 271 ح 2447 و 1 / 215 ح 1842) [و صححه ابن حبان (الموارد : 2087 2088) و الحاكم (2 / 321 ح 3250 ، 2 / 380 ح 3435) على شرط الشيخين و وافقه الذهبى و سنده صحيح] * هشيم بن بشير عنعن و لكن تابعه ابو عوانة و به صح الحديث

سيय्यदुल मुरसलीन ﷺ के फ़ज़ाइल व मनाकिब का बयान • بَابُ فَضَائِلِ سَيِّدِ الْمُرْسَلِينَ

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٥٧٣٩ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بُعِثْتُ مِنْ خَيْرِ قُرُونِ بَنِي آدَمَ قَرْنًا فَقَرْنًا حَتَّى كُنْتُ من القرنِ الَّذِي كنتُ مِنْهُ» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

5739. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैं औलादे आदम के बेहतरीन तबकात से होता हुआ इस तबके में पहुंचा हो जिस में मैं पैदा हुआ हूँ"| (बुखारी)

رواه البخارى (3557)

٥٧٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ وَاثِلَةَ بْنِ الْأَسْقَعِ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ اصْطَفَى كِنَانَةَ مِنْ وَلَدِ إِسْمَاعِيلَ وَاصْطَفَى قُرَيْشًا مِنْ كِنَانَةَ وَاصْطَفَى مِنْ قُرَيْشٍ بَنَى هَاشِمٍ وَاصْطَفَانِي مِنْ بَنِي هَاشِمٍ» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَفِي رِوَايَةٍ لِلتِّرْمِذِيِّ: «إِنَّ اللَّهَ اصْطَفَى مِنْ ولد إِبْرَاهِيم إِسْمَاعِيل وَاصْطفى من ولد إِسْمَاعِيل بني كنَانَة»

5740. वासिला बिन अस्कअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: "अल्लाह ने औलादे इस्माइल अलैहिस्सलाम में से किनानाह को मुन्तखब फ़रमाया, किनानाह में से कुरैश को, कुरैश में से बनू हाशिम को और बनू हाशिम में से मुझे मुन्तखब फ़रमाया"| और तिरमिज़ी की रिवायत में है: "अल्लाह तआला ने इब्राहीम अलैहिस्सलाम की औलाद में से इस्माइल अलैहिस्सलाम को मुन्तखब फ़रमाया और इस्माइल अलैहिस्सलाम की औलाद में से बनू किनानाह को"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (1 / 2276)، (5938) و الترمذى (3606)

٥٧٤١ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَنَا سَيِّدُ وَلَدِ آدَمَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَأَوَّلُ مَنْ يَنْشَقُّ عَنْهُ الْقَبْرُ وَأَوَّلُ شَافِعٍ وَأَوَّلُ مُشَفَّعٍ ". رَوَاهُ مُسْلِمٌ

5741. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "रोज़ ए क़यामत आदम अलैहिस्सलाम की औलाद का सरदार में होगा, सबसे पहले मुझे कब्र से उठाया जाएगा, सबसे पहले में सिफारिश करूँगा और सबसे पहले मेरी सिफारिश कबूल की जाएगी"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (3 / 2278)، (5940)

٥٧٤٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَا أَكْثَرُ الْأَنْبِيَاءِ تَبَعًا يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَأَنَا أَوَّلُ مَنْ يَقْرَعُ بَابَ الجنةِ» . رَوَاهُ مُسلم

5742. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “रोज़ ए क़यामत तमाम अंबिया अलैहिस्सलाम से मेरे मुत्तबीइन ज़्यादा होंगे और बाब जन्नत पर सबसे पहले में दस्तक दूंगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (331 / 196)، (484)

٥٧٤٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " آتِي بَابَ الْجَنَّةِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ فَأَسْتَفْتِحُ فَيَقُولُ الْخَازِنُ: مَنْ أَنْتَ؟ فَأَقُولُ: مُحَمَّدٌ. فيقولُ: بِكَ أمرت أَن لاأفتح لأحد قبلك ". رَوَاهُ مُسلم

5743. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “क़यामत के दिन में जन्नत के दरवाज़े पर आऊंगा और उस के खोलने का मुतालबा करूँगा तो मुहाफ़िज़ पूछेगा: आप कौन है ? में कहूँगा: मुहम्मद ﷺ वह अर्ज़ करेगा: आप ही के मुत्तल्लिक मुझे हुक्म दिया गया था के आप से पहले किसी के लिए (इसे) न खोलो”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (333 / 197)، (486)

٥٧٤٤ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَا أَوَّلُ شَفِيعٍ فِي الْجَنَّةِ لَمْ يُصَدَّقْ نَبِيٌّ مِنَ الْأَنْبِيَاءِ مَا صُدِّقْتُ وَإِنَّ مِنَ الْأَنْبِيَاءِ نَبِيًّا مَا صَدَّقَهُ مِنْ أُمَّته إِلَّا رجل وَاحِد» . رَوَاهُ مُسلم

5744. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं जन्नत में (दाखिले के लिए) सबसे पहले सिफारिश करूँगा, तमाम अंबिया अलैहिस्सलाम में से मेरी तस्दीक करने वाले ज़्यादा होंगे, बिला शुबा अंबिया अलैहिस्सलाम में से कोई ऐसा नबी भी होगा जिस की, उस की उम्मत में से सिर्फ एक आदमी ने तस्दीक की होगी”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (332 / 196)، (485)

٥٧٤٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَثَلِي وَمَثَلُ الْأَنْبِيَاءِ كَمَثَلِ قَصْرٍ أَحسِنَ بُنْيَانُهُ تُرِكَ مِنْهُ مَوضِع لبنة فَطَافَ النظَّارُ يتعجَّبونَ من حُسنِ بنيانِه إِلَّا مَوْضِعَ تِلْكَ اللَّبِنَةِ فَكُنْتُ أَنَا سَدَدْتُ مَوْضِعَ اللَّبِنَةِ خُتِمَ بِيَ الْبُنْيَانُ وَخُتِمَ بِي الرُّسُلُ» . وَفِي رِوَايَةٍ: «فَأَنَا اللَّبِنَةُ وَأَنَا خَاتَمُ النَّبِيِّينَ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5745. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरे और दुसरे अंबिया अलैहिस्सलाम की मिसाल इस तरह है जैसे एक महल हो जिसे बेहतरीन अंदाज़ में तामीर किया गया हो, लेकिन एक ईंट की जगह छोड़ दी गई हो, देखने वाले उस के गिर्द चक्कर लगाते है और इस ईंट की जगह के अलावा उस के हुस्ने तामीर पर ताज्जुब में पड़ जाते हैं, वह मैं था जिस ने इस ईंट की जगह को पूरा किया, मेरे साथ ही तामीर मुकम्मल कर दी गई और मेरे साथ ही

रिसालत भी मुकम्मल कर दी गई”, एक दूसरी रिवायत में है: “मैं ही वह ईंट हूँ और मैं ही खातमन नबीय्यीन हो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3534 و الرواية الثانية : 3535) و مسلم (21 ، 20 / 2286، (5960) و الرواية الثانية 22 / 2286)، (5961)

٥٧٤٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنَ الْأَنْبِيَاءِ مِنْ نَبِيٍّ إِلَّا قَدْ أُعْطِيَ مِنَ الْآيَاتِ مَا مِثْلُهُ آمَنَ عَلَيْهِ الْبَشَرُ وَإِنَّمَا كَانَ الَّذِي أُوتِيتُ وَحْيًا أَوْحَى اللَّهُ إِلَيَّ وَأَرْجُو أَنْ أَكُونَ أَكْثَرَهُمْ تَابِعًا يَوْمَ الْقِيَامَةِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5746. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तमाम अंबिया अलैहिस्सलाम को मोअजिज़ात अता किए गए जिन के मुताबिक इन्सान इन पर ईमान लाए, और जो मुझे अता किया गया वह वही (यानी कुरान) है, अल्लाह ने मेरी तरफ वही भेजी, मैं उम्मीद करता हूँ कि रोज़ ए क़यामत उन (अंबिया (अस)) से मेरे मुत्तबीइन ज़्यादा होंगे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4981) و مسلم (239 / 152)، (385)

٥٧٤٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " أَعْطِيتُ خَمْسًا لَمْ يُعْطَهُنَّ أَحَدٌ قَبْلِي: نُصِرْتُ بِالرُّعْبِ مَسِيرَةَ شَهْرٍ وَجُعِلَتْ لِيَ الْأَرْضُ مَسْجِدًا وَطَهُورًا فَأَيُّمَا رَجُلٍ مِنْ أُمَّتِي أدركتْه الصَّلاةُ فليُصلِّ وأُحلَّتْ لي المغانمُ وَلَمْ تَحِلَّ لِأَحَدٍ قَبْلِي وَأَعْطِيتُ الشَّفَاعَةَ وَكَانَ النَّبِيُّ يُبْعَثُ إِلَى قَوْمِهِ خَاصَّةً وَبُعِثْتُ إِلَى النَّاسِ عامَّةً ". مُتَّفق عَلَيْهِ

5747. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे पांच चीज़े अता की गई है, जो मुझ से पहले किसी को अता नहीं की गई, एक महीने की मुसाफ़त से रोब के ज़रिए मेरी मदद की गई है, तमाम ज़मीन मेरे लिए सजदाह गाह और पाक बना दी गई है, मेरे उम्मती को जहाँ भी नमाज़ का वक़्त हो जाए तो वह वहीँ नमाज़ पढ़ ले, मेरे लिए माले गनीमत हलाल कर दिया गया है जबके मुझ से पहले वह किसी के लिए हलाल नहीं था, मुझे शफाअत अता की गई है और हर नबी अपनी अपनी कौम के लिए मबउस किया जाता था जबके मुझे उमूमी तौर पर तमाम इंसानों के लिए मबउस किया गया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (335) و مسلم (3 / 521)، (1163)

٥٧٤٨ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " فُضِّلْتُ عَلَى الْأَنْبِيَاءِ بِسِتٍّ: أَعْطِيتُ جَوَامِعَ الْكَلِمِ وَنُصِرْتُ بِالرُّعْبِ وَأُحِلَّتْ لِيَ الْغَنَائِمُ وَجُعِلَتْ لِيَ الْأَرْضُ مَسْجِدًا وَطَهُورًا وَأُرْسِلْتُ إِلَى الْخَلْقِ كَافَّةً وَخُتِمَ بِيَ النَّبِيُّونَ ". رَوَاهُ مُسلم

5748. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे दुसरे अंबिया अलैहिस्सलाम पर छे चीजों से फ़ज़ीलत अता की गई हैं, मुझे जामेअ कलाम (बात मुख़्तसर, मफ्हुम ज़्यादा) अता किए गए है, रॉब के ज़रिए मेरी मदद की गई है, माले गनीमत मेरे लिए हलाल किया गया है, मेरे लिए तमाम ज़मीन सजदाह गाह और पाक करार

दी गई है, मुझे तमाम मखलूक की तरफ भेजा गया है और मुझ पर नबूवत का सिलसिला ख़तम कर दिया गया है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (5 / 523)، (1167)

٥٧٤٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «بُعِثْتُ بِجَوَامِعِ الْكَلِمِ وَنُصِرْتُ بِالرُّعْبِ وبَينا أَنا نائمٌ رأيتُني أُوتيتُ بِمَفَاتِيحِ خَزَائِنِ الْأَرْضِ فَوُضِعَتْ فِي يَدِي» مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ.

5749. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मुझे जामेअ कलाम के साथ मबउस किया गया है, रॉब के ज़रिए मेरी मदद की गई है, और इस दौरान के में सोया हुआ था मैंने ख्वाब में देखा के मुझे ज़मीन के खज़ानो की चाबियां अता की गई हैं, और उन्हें मेरे हाथ में रख दिया गया है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (122) و مسلم (6 / 523)، (1171)

٥٧٥٠ - (صَحِيح) وَعَنْ»» ثَوْبَانَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ زَوَى لِيَ الْأَرْضَ فَرَأَيْتُ مَشَارِقَهَا وَمَغَارِبَهَا وَإِنَّ أُمَّتِي سَيَبْلُغُ مُلْكُهَا مَا زُوِيَ لِي مِنْهَا وَأُعْطِيتُ الْكَنْزَيْنِ: الْأَحْمَرَ وَالْأَبْيَضَ وَإِنِّي سَأَلْتُ رَبِّي لِأُمَّتِي أَنْ لَا يُهْلِكَهَا بِسَنَةٍ عَامَّةٍ وَأَنْ لَا يُسَلِّطَ عَلَيْهِمْ عَدُوًّا مِنْ سِوَى أَنْفُسِهِمْ فَيَسْتَبِيحَ بَيْضَتَهُمْ وإنَّ ربِّي قَالَ: يَا محمَّدُ إِذَا قَضَيْتُ قَضَاءً فَإِنَّهُ لَا يُرَدُّ وَإِنِّي أَعْطَيْتُكَ لِأُمَّتِكَ أَنْ لَا أُهْلِكَهُمْ بِسَنَةٍ عَامَّةٍ وأنْ لَا أُسلطَ عَلَيْهِم عدُوّاً سِوَى أَنْفُسِهِمْ فَيَسْتَبِيحَ بَيْضَتَهُمْ وَلَوِ اجْتَمَعَ عَلَيْهِمْ مَنْ بِأَقْطَارِهَا حَتَّى يَكُونَ بَعْضُهُمْ يُهْلِكُ بَعْضًا وَيَسْبِي بَعضهم بَعْضًا ". رَوَاهُ مُسلم

5750. सौबान रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने मेरे लिए ज़मीन को समेट दिया तो मैंने उस के म्शारिक व मगारिब को देख लिया, और जिस क़दर ज़मीन मेरे लिए समेट दी गई वहां तक मेरी उम्मत की हुकूमत पहुंचेगी, मुझे दो खज़ाने अता किए गए, सुर्ख और सफ़ेद, मैंने अपने रब से दरख्वास्त की के वह आम कहत साली के ज़रिए इसे हलाक न करे, उन के बाहमी दुश्मनों के सिवा किसी और दुश्मन को इन पर मुसल्लत न करे के वह उनका मरकज़ (सदर मकाम) तबाह कर दे और बिला शुबा मेरे रब ने फ़रमाया: ए मुहम्मद! जब कोई फैसला कर लेता हूँ तो वह टल नहीं सकता मैंने आप को आप की उम्मत के बारे में यह अहद दे दिया के में उसे कहत साली में मुब्तिला कर के तबाह नहीं करूँगा, यह भी अहद दे दिया के इन पर उन के बाहमी दुश्मन के अलावा कोई ऐसा दुश्मन उस पर मुसल्लत नहीं करूँगा जो उन के मरकज़ को तबाह कर दे, अगरचे उन के तमाम दुश्मन मुत्तहिद हो कर इन पर हमला कर दे अलबत्ता वह आपस में एक दुसरे को हलाक करेंगे और कैदी बनाएंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (19 / 2889)، (7258)

٥٧٥١ - (صَحِيح) وَعَن»» سَعْدٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَرَّ بِمَسْجِدِ بَنِي مُعَاوِيَةَ دَخَلَ فَرَكَعَ فِيهِ رَكْعَتَيْنِ وَصَلَّيْنَا مَعَهُ وَدَعَا رَبَّهُ طَوِيلًا ثُمَّ انْصَرَفَ فَقَالَ: «سَأَلْتُ رَبِّي ثَلَاثًا فَأَعْطَانِي ثِنْتَيْنِ وَمَنَعَنِي وَاحِدَةً سَأَلْتُ رَبِّي أَنْ لَا يُهْلِكَ أُمَّتِي بِالسَّنَةِ فَأَعْطَانِيهَا

وَسَأَلْتُهُ أَنْ لَا يُهْلِكَ أُمَّتِي بِالْغَرَقِ فَأَعْطَانِيهَا وَسَأَلْتُهُ أَنْ لَا يَجْعَلَ بأسهم بَينهم فَمَنَعَنِيهَا» . رَوَاهُ مُسلم

5751. साअद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ बनू मुआविया की मस्जिद के पास से गुज़रे तो आप उस में तशरीफ़ ले गए, आप ने वहां दो रकते पढ़ाइ और हमने भी आप के साथ (दो रकअते) पढ़ी, आप ﷺ ने अपने रब से तवील दुआ की, और जब उस से फारिग़ हुए तो फ़रमाया: "मैंने अपने रब से तीन चीज़े मांगी थी, उस ने मुझे दो अता फरमादी और एक से मुझे रोक दिया, मैंने अपने रब से सवाल किया था के वह मेरी उम्मत को कहत के साथ हलाक न करे, उस ने यह चीज़ मुझे अता फरमा दी, मैंने उस से यह सवाल किया के वह मेरी उम्मत को गर्क के ज़रिए हलाक न करे तो उस ने यह भी मुझे अता कर दी, और मैंने उस से सवाल किया के वह उन में बाहम लड़ाई पैदा न करे तो उस से मुझे रोक दिया गया"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (20 / 2890)، (7260)

٥٧٥٢ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عَطَاءِ بْنِ يَسَارٍ قَالَ: لَقِيتُ عَبْدَ اللَّهِ بْنَ عَمْرِو بْنِ الْعَاصِ قُلْتُ: أَخْبِرْنِي عَنْ صِفَةُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي التَّوْرَاةِ قَالَ: أَجَلْ وَاللَّهِ إِنَّهُ لموصوف بِبَعْض صفته فِي القرآنِ: (يَا أَيُّها النبيُّ إِنَّا أرسلناكَ شَاهدا ومُبشِّراً وَنَذِيرا)»» وحِرْزا [ص:١٦٠ للأُمِّيّينَ أَنْت بعدِي وَرَسُولِي سَمَّيْتُكَ الْمُتَوَكِّلَ لَيْسَ بِفَظٍّ وَلَا غَلِيظٍ وَلَا سَخَّابٍ فِي الْأَسْوَاقِ وَلَا يَدْفَعُ بِالسَّيِّئَةِ السَّيِّئَةَ وَلَكِنْ يَعْفُو وَيَغْفِرُ وَلَنْ يَقْبِضَهُ اللَّهُ حَتَّى يُقِيمَ بِهِ الْمِلَّةَ الْعَوْجَاءَ بِأَنْ يَقُولُوا: لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَيَفْتَحُ بِهَا أَعْيُنًا عُمْيًا وَآذَانًا صُمًّا وَقُلُوبًا غُلْفًا. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5752. अता इब्ने यस्सार रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अब्दुल्लाह बिन अम्र बिन आस रदी अल्लाहु अन्हु से मुलाकात की, मैंने कहा: मुझे रसूलुल्लाह ﷺ की इस सिफत के मुत्तल्लिक बताइए जो तौरात में मजकूर है, उन्होंने ने फ़रमाया: ठीक है, अल्लाह की क़सम! आप की जो सिफात कुरआन ए करीम में है, उन में से बाज़ तौरात में मजकूर है, जैसे के: "ए नबी! हमने आप को खुशखबरी सुनाने वाला, डराने वाला और अनपढ़ो (अरबों) की हिफाज़त करने वाला बना कर भेजा है, आप मेरे बन्दे और मेरे रसूल है, मैंने आप का नाम मतुकल रखा है, आप न तो बदअख़लाक़ है और न सख्त दिल है, आप बाज़ारों में शोरोगुल करने वाले हैं न बुराई का जवाब बुराई से देते है, बल्के आप दरगुज़र करते हैं, मुआफ़ करते हैं, और अल्लाह उनकी रूह कब्ज़ नहीं करेगा हत्ता के वह उन के ज़रिए टेढ़ी मिल्लत को सीधा करा ले, और वह "لا اله الا الله" का इकरार कर ले और वह इस (कलमे) के ज़रिए अंधी आंखो को कुव्वते बिनाई, बहरे कानो को कुव्वत सुनना और गिलाफ में बंद दिलो को खोल देगा"| (बुखारी)

رواه البخارى (2125)

٥٧٥٣ - (صَحِيح) وَكَذَا»» الدَّارِمِيُّ عَنْ عَطَاءٍ عَنِ ابْنِ سَلَامٍ نَحْوَهُ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ أَبِي هُرَيْرَةَ: «نَحْنُ الْآخِرُونَ» فِي «بَاب الْجُمُعَة»

5753. और इसी तरह दारमी ने अता अन इब्ने सलाम की सनद से इसी मिसल रिवायत किया है, और अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस ((نَحْنُ الْآخَرُونَ.....) "نبَاب الْجُمُعَة (जुमे का बयान)" में ज़िक्र की गई है| (सहीह)

صحيح ، رواه الدارمى (1 / 5 ح 6) 0 حديث '' نحن الآخرون '' تقدم (1354)

بَابُ فَضَائِلِ سَيِّدِ الْمُرْسَلِينَ • सय्यदुल मुरसलीन ﷺ के फ़ज़ाइल व मनाकिब का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥٧٥٤ - (صَحِيح) عَن»» خبَّابِ بنِ الأرتِّ قَالَ: صَلَّى بِنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَلَاةً فَأَطَالَهَا. قَالُوا: يَا رَسُولَ الله صلَّيتَ صَلَاةً لَمْ تَكُنْ تُصَلِّيهَا قَالَ: «أَجَلْ إِنَّهَا صَلَاةُ رَغْبَةٍ وَرَهْبَةٍ وَإِنِّي سَأَلْتُ اللَّهَ فِيهَا ثَلَاثًا فَأَعْطَانِي اثْنَتَيْنِ وَمَنَعَنِي وَاحِدَةً سَأَلْتُهُ أَنْ لَا يُهْلِكَ أُمَّتِي بِسَنَةٍ فَأَعْطَانِيهَا وَسَأَلْتُهُ أَنْ لَا يُسَلِّطَ عَلَيْهِمْ عَدُوًّا مِنْ غَيْرِهِمْ فَأَعْطَانِيهَا وَسَأَلْتُهُ أَنْ لَا يُذِيقَ بَعْضَهُمْ بَأْسَ بَعْضٍ فمنعَنيها» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَالنَّسَائِيّ

5754. खबाब बिन अरत्त रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें नमाज़ पढ़ाई तो उसे तवील किया, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप ने हमें नमाज़ पढ़ाई, जबके आप ने ऐसी नमाज़ (पहले कभी) नहीं पढ़ाई थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ठीक है, यह उम्मीद और खौफ वाली नमाज़ है, मेंने उस में अल्लाह तआला से तीन चीजों की दरख्वास्त की: उस ने मुझे दो अता फरमादे और एक से रोक दिया, मेंने उस से दरख्वास्त की के वह कहत के ज़रिए मेरी उम्मत को हलाक नहीं करेगा उस ने इसे सर्फे क़बूलियत बख्शा, मेंने उस से दरख्वास्त की के वह उन के अलावा किसी और दुश्मन को इन पर मुसल्लत नहीं करेगा, उस ने यह भी पूरी फरमा दिया, और मेंने उस से यह भी दरख्वास्त की के उनकी आपस में लड़ाई (खानाजंगी) न हो तो उस ने उस से मुझे रोक दिया”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (2175 وقال : حسن صحيح) و النسائى (3 / 216 217 ح 1639)

٥٧٥٥ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» مَالِكٍ الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ اللَّهَ عَزَّ وَجَلَّ أَجَارَكُمْ مِنْ ثَلَاثِ خِلَالٍ: أَنْ لَا يَدْعُوَ عَلَيْكُمْ نَبِيُّكُمْ فَتَهْلَكُوا جَمِيعًا وَأَنْ لَا يُظْهِرَ أَهْلَ الْبَاطِلِ على أهلِ الحقِّ وَأَن لَا تجتمِعوا على ضَلَالَة ". رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5755. अबू मालिक अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह अज्ज़वजल ने तुम्हें तीन चीजों से महफ़ूज़ रखा है, तुम्हारा नबी तुम्हारे लिए यह बद्दुआ नहीं करेगा की तुम सब हलाक हो जाओ, अहले बातिल अहले हक़ पर ग़ालिब नहीं होंगे और तुम गुमराही पर इकट्ठे नहीं होगे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4253) * فيه شريح عن ابى مالک رضى الله عنه ، وقال ابو حاتم الرازى :'' شريح بن عبيد عن ابى مالک الاشعرى : مرسل '' (المراسيل ص 90 ت 327 ب)

٥٧٥٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَوْفِ»» بْنِ مَالِكٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَنْ يَجْمَعَ [ص:١٦٠ اللَّهُ عَلَى هَذِهِ الْأُمَّةِ سَيْفَيْنِ: سَيْفًا مِنْهَا وسَيفاً منْ عدُوِّها " رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5756. ऑफ बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह इस उम्मत पर दो

तलवारे जमा नहीं करेगा, एक उनकी अपनी तलवार और एक उस के दुश्मन की तलवार (यानी ऐसा नहीं होगा के मुसलमानों में खाना जंगी भी हो और दुश्मन भी इन पर हमलावर हो)"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4301) * يحيى بن جابر : لم يلق عوف بن مالك رضی الله عنه فالسند منقطع

٥٧٥٧ - (صَحِيح) وَعَن»» الْعَبَّاس أَنَّهُ جَاءَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَكَأَنَّهُ سَمِعَ شَيْئًا فَقَامَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى الْمِنْبَرِ فَقَالَ: «مَنْ أَنَا؟» فَقَالُوا: أَنْتَ رَسُولُ اللَّهِ. فَقَالَ: «أَنَا مُحَمَّدُ بْنُ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَبْدِ الْمُطَّلِبِ إِنَّ اللَّهَ خَلَقَ الْخَلْقَ فَجَعَلَنِي فِي خَيْرِهِمْ ثمَّ جعلهم فرقتَيْن فجعلني فِي خير فِرْقَةً ثُمَّ جَعَلَهُمْ قَبَائِلَ فَجَعَلَنِي فِي خَيْرِهِمْ قَبيلَة ثمَّ جعله بُيُوتًا فَجَعَلَنِي فِي خَيْرِهِمْ بَيْتًا فَأَنَا خَيْرُهُمْ نفسا وَخَيرهمْ بَيْتا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5757. अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के वह (गुस्से की हालत में) नबी ﷺ की खिदमत में आए, गोया उन्होंने कुछ (नसब में तान) सुना था, नबी ﷺ मिम्बर पर खड़े हुए तो फ़रमाया: "मैं कौन हूँ ?" सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, आप अल्लाह के रसूल हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मैं मुहम्मद बिन अब्दुल्लाह बिन अब्दुल मुत्तलिब हूँ, अल्लाह तआला ने मुझे उन में से बेहतर गिरोह में पैदा फ़रमाया, फिर उस ने उन के कबिले बनाए तो मुझे उन सबसे बेहतर कबिले में पैदा फ़रमाया, फिर इनको घराने घराने बनाए तो मुझे उन में से बेहतरीन घराने में पैदा फ़रमाया, मैं उन से नफ्स व हसब के लिहाज़ से भी बेहतर हूँ और उन के घराने के लिहाज़ से भी बेहतर हो"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3607 3608 وقال : حسن) * فيه يزيد بن ابی زياد : ضعيف مشهور

٥٧٥٨ - (صَحِيح) وَعَن»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَتَى وَجَبَتْ لَكَ النُّبُوَّةُ؟ قَالَ: «وَآدَمُ بَيْنَ الرُّوحِ وَالْجَسَدِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5758. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप नबूवत के मंसब से कब नवाज़े गए आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब आदम अलैहिस्सलाम रूह और जिस्म के बिच में थे"| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3609 وقال : حسن صحيح غريب) [و الفريابی فی کتاب القدر (14)] * يعنی انه صلی الله عليه و آله وسلم کان نبيًا فی التقدير قبل خلق آدم عليه السلام فالحديث متعلق بالتقدير ، لا بخلق رسول الله صلی الله عليه و آله وسلم فافهمه فانه مهم و الحديث الآتی يؤيد هذا التفسير

٥٧٥٩ - (صَحِيح) وَعَن»» العِرْباض بن سارِيةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ: " إِنِّي عِنْدَ اللَّهِ مَكْتُوبٌ: خَاتَمُ النَّبِيِّينَ وَإِنَّ آدَمَ لِمُنْجَدِلٌ فِي طِينَتِهِ وَسَأُخْبِرُكُمْ بِأَوَّلِ أَمْرِي دَعْوَةُ إِبْرَاهِيمَ وَبِشَارَةُ عِيسَى وَرُؤْيَا أُمِّي الَّتِي رَأَتْ حِينَ وَضَعَتْنِي وَقَدْ خَرَجَ لَهَا نُورٌ أَضَاءَ لَهَا مِنْهُ قُصُورُ الشَّامِ «. وَرَاه فِي» شرح السّنة "

5759. इरबाज़ बिन सारीया रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ﷺ ने फ़रमाया: "मैं तो इस वक़्त से अल्लाह तआला के यहाँ खातमन नबीय्यीन लिखा हुआ हूँ जब आदम अलैहिस्सलाम अभी (ढाँचे की हालत में) मिट्टी की सूरत में पड़े हुए थे, और मैं अभी अपने मुआमले (यानी नबूवत) के बारे में तुम्हें बताता हूँ, मैं इब्राहीम

अलैहिस्सलाम की दुआ, इसा अलैहिस्सलाम की बशारत और अपने वालिदा का वह ख्वाब हूँ जो उन्होंने मेरी पैदाइश के करीब देखा था के इन के लिए एक नूर ज़ाहिर हुआ जिस से शाम के महल्लात इन के सामने रोशन हो गए"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البغوی فی شرح السنة (13 / 207 ح 3626) [و احمد (4 / 127 ح 17280 ، 4 / 128 ح 17281) و صححه ابن حبان (الموارد : 2093) و الحاکم (2 / 600) فتعقبه الذھبی ، قال :'' ابوبکر (ابن ابی مریم) ضعیف '' قلت؞لم ینفرد به ، بل تابعه الثقة معاویة بن صالح عن سعید بن سوید عن ابن ھلال السلمی عن العرباض بن ساریة رضی الله عنه به و سنده حسن

٥٧٦٠ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ»» أَحْمَدُ عَنْ أَبِي أُمَامَةَ مِنْ قَوْلِهِ: «سأخبركم» إِلَى آخِره

5760. और इमाम अहमद ने इसे अबू उमामा रदी अल्लाहु अन्हु से (سأخبركم) से लेकर आख़िर हदीस तक रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه احمد (5 / 262 ح 21616) و سنده ضعیف من اجل الفرج بن فضالة و الحدیث السابق شاھد له وھو به حسن

٥٧٦١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَا سَيِّدُ وَلَدِ آدَمَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَلَا فَخْرَ وَبِيَدِي لِوَاءُ الْحَمْدِ وَلَا فَخْرَ. وَمَا مِنْ نَبِيٍّ يَوْمَئِذٍ آدَمُ فَمَنْ سِوَاهُ إِلَّا تَحْتَ لِوَائِي وَأَنَا أَوَّلُ مَنْ تَنْشَقُّ عَنْهُ الْأَرْضُ وَلَا فَخْرَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5761. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "मैं रोज़ ए क़यामत आदम अलैहिस्सलाम की औलाद का सरदार होऊंगा और मैं यह अज़राहे फख्र नहीं कहता, हम्द का झंडा मेरे हाथ में होगा, और मैं यह बात अज़राहे फख्र नहीं कहता, इस रोज़ आदम अलैहिस्सलाम समेत तमाम अंबिया अलैहिस्सलाम मेरे झंडा तले होंगे, सबसे पहले मुझे कब्र से उठाया जाएगा, और मैं यह बात अज़राहे फख्र नहीं कहता"| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (3148 وقال : حسن) * علی بن زید بن جدعان ضعیف و لاکثر الفاظ الحدیث شواھد صحیحة وھی تغنی عن ھذا الحدیث

٥٧٦٢ - (ضَعِيف) وَعَن»» ابْن عَبَّاس قَالَ: جَلَسَ نَاسٌ مِنْ أَصْحَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَخَرَجَ حَتَّى إِذَا دَنَا مِنْهُمْ سَمِعَهُمْ يَتَذَاكَرُونَ قَالَ بَعْضُهُمْ: إِنَّ اللَّهَ اتَّخَذَ إِبْرَاهِيمَ خَلِيلًا [ص:١٦٠ وَقَالَ آخَرُ: مُوسَى كَلَّمَهُ اللَّهُ تَكْلِيمًا وَقَالَ آخَرُ: فَعِيسَى كَلِمَةُ الله وروحه. وَقَالَ آخَرُ: آدَمُ اصْطَفَاهُ اللَّهُ فَخَرَجَ عَلَيْهِمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَالَ: «قَدْ سَمِعْتُ كَلَامَكُمْ وَعَجَبَكُمْ أَنَّ إِبْرَاهِيمَ خَلِيل الله وَهُوَ كَذَلِكَ وَآدَمُ اصْطَفَاهُ اللَّهُ وَهُوَ كَذَلِكَ أَلَا وَأَنَا حَبِيبُ اللَّهِ وَلَا فَخْرَ وَأَنَا حَامِلُ لِوَاءِ الْحَمْدِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ تَحْتَهُ آدَمُ فَمَنْ دُونَهُ وَلَا فَخْرَ وَأَنَا أَوَّلُ شَافِعٍ وَأَوَّلُ مُشَفَّعٍ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَلَا فَخْرَ وَأَنَا أَوَّلُ مَنْ يُحَرِّكُ حَلَقَ الْجَنَّةِ فَيَفْتَحُ اللَّهُ لِي فَيُدْخِلُنِيهَا وَمَعِي فُقَرَاءُ الْمُؤْمِنِينَ وَلَا فَخْرَ وَأَنَا أَكْرَمُ الْأَوَّلِينَ وَالْآخَرِينَ عَلَى اللَّهِ وَلَا فخر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

5762. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के कुछ सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु बैठे हुए थे, आप बाहर से तशरीफ़ लाए और उन के करीब हो गए तो आप ने उन्हें बाते करते हुए सुना, किसी ने कहा: अल्लाह तआला ने इब्राहीम अलैहिस्सलाम को खलील बनाया, दुसरे ने कहा: अल्लाह तआला ने मूसा अलैहिस्सलाम से कलाम फ़रमाया,

किसी और ने कहा: इसा अलैहिस्सलाम तो, वह अल्लाह का कलिमा और उस की रूह है, किसी ने कहा आदम अलैहिस्सलाम को के अल्लाह ने उन्हें मुन्तखब फ़रमाया: इस दौरान रसूलुल्लाह ﷺ उन के पास पहुँच गए और फ़रमाया: “मैंने तुम्हारी बाते सुन ली है, और तुम्हारा ताज्जुब करना के इब्राहीम अलैहिस्सलाम अल्लाह के खलील है, और वह इसी तरह है, मूसा अलैहिस्सलाम कलीमुल्लाह है, वह भी इसी तरह है, इसा अलैहिस्सलाम उस की रूह और उस का कलिमा है, वह भी इसी तरह बजा है, आदम अलैहिस्सलाम को अल्लाह तआला ने मुन्तखब फ़रमाया है, यह भी हकीक़त है, जबके मैं अल्लाह तआला का हबीबी हूँ, और मैं यह बात अज़राहे फख्र नहीं कहता, रोज़ ए क़यामत हम्द का झंडा मेरे हाथ में होगा, आदम अलैहिस्सलाम और बाकी सब अंबिया अलैहिस्सलाम इसी के निचे होंगे और मैं यह बात अज़राहे फख्र नहीं कहता, रोज़ ए क़यामत में सबसे पहले सिफारिश करूँगा और सबसे पहले मेरी सिफारिश कबूल होगी, और यह में अज़राहे फख्र नहीं कहता, सबसे पहले मैं ही जन्नत के कुण्डी हिलाऊंगा तो अल्लाह तआला मेरे लिए खोल देगा और मुझे उस में दाखिल फरमाएगा, मेरे साथ ग़रीब ईमानदार होंगे, और मैं उस पर फख्र नहीं करता, अल्लाह तआला के यहाँ तमाम अव्वल व आखरिन से सबसे ज़्यादा मुअज्ज़ज़ में हूँ और मैं उस पर फख्र नहीं करता”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3616 وقال : غریب) و الدارمی (1 / 26 ح 48) * فیه زمعة بن صالح : ضعیف ، و حدیثه عند مسلم مقرون

٥٧٦٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن عَمْرو»» بن قَيْسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " نَحْنُ الْآخِرُونَ وَنَحْنُ السَّابِقُونَ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَإِنِّي قَائِلٌ قَوْلًا غَيْرَ فَخْرٍ: إِبْرَاهِيمُ خَلِيلُ الله ومُوسَى صفي الله وَأَنا حبييب اللَّهِ وَمَعِي لِوَاءُ الْحَمْدِ يَوْمَ الْقِيَامَةِ وَإِنَّ اللَّهَ وَعَدَنِي فِي أُمَّتِي وَأَجَارَهُمْ مِنْ ثَلَاثٍ: لَا يَعُمُّهُمْ بِسَنَةٍ وَلَا يَسْتَأْصِلُهُمْ عَدُوٌّ وَلَا يجمعهُمْ على ضَلَالَة ". رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

5763. अमर बिन कैस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हम (दुनिया में) आख़िर में आने वाले हैं, और रोज़ ए क़यामत (जन्नत में दाखिल होने वालो में) हम सबसे आगे होंगे, मैं किसी फख्र के बगैर यह बात कहता हूँ कि इब्राहीम अलैहिस्सलाम अल्लाह तआला के खलील है, मूसा अलैहिस्सलाम सफिअल्लाह है और मैं हबीबुल्लाह हूँ, रोज़ ए क़यामत हम्द का झंडा मेरे साथ होगा, अल्लाह तआला ने मेरी उम्मत के मुत्तल्लिक मुझ से वादा फरमा रखा है, और उस ने उन्हें तीन चीजों से महफूज़ रखा है, वह उन्हें आम कहत में मुब्तिला नहीं करेगा, दुश्मन उस को मुकम्मल तौर पर ख़तम नहीं कर सकेगा और वह इन सब को गुमराही पर जमा नहीं करेगा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الدارمی (1 / 29 ح 55) * السند منقطع ، و عمرو بن قیس : لم اعرفه و لعله ابو ثور الشامی

٥٧٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ»» أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَنَا قَائِدُ الْمُرْسَلِينَ وَلَا فَخْرَ وَأَنَا خَاتَمُ النَّبِيِّينَ وَلَا فَخْرَ وَأَنَا أَوَّلُ شافعٍ وَمُشَفَّع وَلَا فَخر» . رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

5764. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “मैं तमाम रसूलो का सरदार हूँ, यह बात में अज़राहे फख्र नहीं कहता, मैं खातमन नबीय्यीन हूँ, फख्र से नहीं कहता, मैं सबसे पहले सिफारिश करूँगा और सबसे पहले मेरी सिफारिश कबूल की जाएगी और मैं यह बात अज़राहे फख्र नहीं कहता”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الدارمی (1 / 27 ح 50) * فیه صالح بن عطاء بن خباب مجهول الحال وثقه ابن حبان وحده و للحدیث شواهد صحیحة دون قوله :’’ انا قائد المرسلین ‘‘ و الله اعلم

٥٧٦٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَا أَوَّلُ النَّاسِ خُرُوجًا إِذَا بُعِثُوا وَأَنَا قَائِدُهُمْ إِذَا وَفَدُوا وَأَنَا خَطِيبُهُمْ إِذَا أَنْصَتُوا وَأَنَا مُسْتَشْفِعُهُمْ إِذَا حُبِسُوا وَأَنَا مُبَشِّرُهُمْ إِذَا أَيِسُوا الْكَرَامَةُ وَالْمَفَاتِيحُ يَوْمَئِذٍ بِيَدِي وَلِوَاءُ الْحَمْدِ يَوْمَئِذٍ بِيَدِي وَأَنَا أَكْرَمُ وَلَدِ آدَمَ عَلَى رَبِّي يَطُوفُ عَلَيَّ أَلْفُ خادمٍ كأنَّهنَّ بَيْضٌ مُكْنُونٌ أَوْ لُؤْلُؤٌ مَنْثُورٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

5765. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जब लोगो को (कब्रो से) उठाया जाएगा तो मैं सबसे पहले निकलूंगा, जब वह अल्लाह तआला के हुज़ूर पेश होंगे तो मैं उनका सरदार होऊंगा, जब वह ख़ामोश होंगे तो मैं इन की तरफ से बात करूँगा, जब उन्हें रोक लिया जाएगा (हिसाब शुरू नहीं होगा) तो मैं इन की सिफारिश करूँगा ,जब वह ना उम्मीद हो जाएँगे तो मैं उन्हें (मगफिरत व रहमत की) खुशखबरी सुनाऊंगा, किरामत और चाबियां इस रोज़ मेरे हाथ में होगी, इस रोज़ हम्द का झंडा मेरे हाथ में होगा, मेरे रब के यहाँ तमाम इंसानों से मेरी सबसे ज़्यादा इज्ज़त होगी, हज़ार खादिम मेरे इर्दगिर्द चक्कर लगा रहे होंगे, गोया वह पोशीदा (बंद किए हुए अंडे) है, गया बिखरे हुए मोती है”| तिरमिज़ी, दारमी और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3610) و الدارمی (1 / 26 27 ح 49) * فيه ليث بن ابی سليم : ضعيف

٥٧٦٦ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «فَأُكْسَى حُلَّةً مِنْ حُلَلِ الْجَنَّةِ ثُمَّ أَقُومُ عَنْ يَمِينِ الْعَرْشِ لَيْسَ أَحَدٌ مِنَ الْخَلَائِقِ يقومُ ذلكَ المقامَ غَيْرِي» . رَوَاهُ الترمذيُّ. وَفِي رِوَايَة «جَامع الْأُصُول» عَنهُ: «أَنَا أَوَّلُ مَنْ تَنْشَقُّ عَنْهُ الْأَرْضُ فَأُكْسَى»

5766. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे एक जन्नती जोड़ा पहनाया जाएगा, फिर मैं अर्श के दाए तरफ खड़ा होऊंगा, और मेरे अलावा मखलूक में से कोई और इस मक़ाम पर खड़ा नहीं होगा”| तिरमिज़ी, और जामेअ अल अस्वल में अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी हदीस में है: “सबसे पहले मुझे कब्र से उठाया जाएगा और मुझे जोड़ा पहनाया जाएगा”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (3611 وقال : حسن غريب صحيح) * ابو خالد الدالانی مدلس و عنعن و احاديث مسلم (196 ، 2278)، (5940) وغيره تغنی عنه

٥٧٦٧ - (صَحِيح) وَعَنْهُ»» عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «سلوا الله الْوَسِيلَةَ» قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَمَا الْوَسِيلَةُ؟ قَالَ: «أَعْلَى دَرَجَةٍ فِي الْجَنَّةِ لَا يَنَالُهَا إِلَّا رجلٌ واحدٌ وَأَرْجُو أَنْ أَكُونَ أَنَا هُوَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

5767. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह तआला से मेरे लिए वसिला तलब करो”, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! वसीला क्या है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जन्नत में एक आअला दर्जा है, वह सिर्फ एक ही आदमी को नसीब होगा और मैं उम्मीद करता हूँ कि वह मैं ही होऊंगा”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3612 وقال : غريب ، اسناده ليس بالقوی) و للحديث شواهد قوية وهوبها حسن

٥٧٦٨ - (حسن) وَعَنْ»» أُبَيِّ بْنِ كَعْبٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِذَا كَانَ يَوْمُ الْقِيَامَةِ كُنْتُ إِمَامَ النَّبِيِّينَ وَخَطِيبَهُمْ وَصَاحِبَ شَفَاعَتِهِمْ غيرَ فَخر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5768. उबई बिन काब रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: "जब रोज़ ए क़यामत होगा तो में अंबिया अलैहिस्सलाम का इमाम होऊंगा, उनका खतिब और (मकामे महमूद पर) उनका साहबे शफाअत होऊंगा, और मैं यह बात फख्र से नहीं कहता"| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3613 وقال : حسن صحيح غريب) و ابن ماجه (4314) * عبدالله بن محمد بن عقيل ضعيف و احاديث البخارى (3340 ، 3361 ، 4712) و مسلم (194)، (480) وغيرهما تغنى عنه

٥٧٦٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ»» اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " إِن لِكُلِّ نَبِيٍّ وُلَاةً مِنَ النَّبِيِّينَ وَإِنَّ وَلِيِّيَ أَبِي وَخَلِيلُ رَبِّي ثُمَّ قَرَأَ: [إِنَّ أَوْلَى النَّاسِ بِإِبْرَاهِيمَ لَلَّذِينَ اتَّبَعُوهُ وَهَذَا النَّبِيُّ وَالَّذِينَ آمنُوا وَالله ولي الْمُؤمنِينَ] . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5769. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर नबी के लिए अंबिया अलैहिस्सलाम में से एक (नबी) रफीक है, और मेरे लिए रफीक, मेरे बाप और मेरे रब के खलील (इब्राहीम (अस)) है", फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: "बेशक इब्राहीम अलैहिस्सलाम के तमाम लोगो में से ज़्यादा हक़दार और करीबी वह लोग है, जिन्होंने उनकी इत्तेबा की और यह नबी ﷺ और वह लोग है जो ईमान लाए और अल्लाह तआला मोमिनो का दोस्त व हिमायती है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (2995) * سفيان الثورى مدلس مشهور و عنعن فى جميع الطرق فيما اعلم

٥٧٧٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٌ»» أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قا ل: «إِنَّ اللَّهَ بَعَثَنِي»» لِتَمَامِ مَكَارِمِ الْأَخْلَاقِ وَكَمَالِ محَاسِن الْأَفْعَال» . رَوَاهُ فِي شرح السّنة

5770. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह तआला ने मकारमे अख़लाक़ के मुकम्मल करने और मुहासने अफआल को माल तक पहुँचाने के लिए मुझे मबउस फ़रमाया है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (13 / 202 ح 3622) * يوسف بن محمد بن المنكدر : ضعيف وله شاهد عند احمد (2 / 381) :'' انما بعثت لاتمم صالح الاخلاق '' و صححه الحاكم (2 / 613) و وافقه الذهبى و سنده ضعيف (تقدم فى تخريج : 5096 5097)

٥٧٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ كَعْبٍ»» يَحْكِي عَنِ التَّوْرَاةِ قَالَ: نَجِدُ مَكْتُوبًا محمدٌ رسولُ الله [ص:١٦٠ عَبدِي الْمُخْتَار لَا فظٌّ وَلَا غَلِيظٍ وَلَا سَخَّابٍ فِي الْأَسْوَاقِ وَلَا يَجْزِي بِالسَّيِّئَةِ السَّيِّئَةَ وَلَكِنْ يَعْفُو وَيَغْفِرُ مَوْلِدُهُ بِمَكَّةَ وَهِجْرَتُهُ بِطِيبَةَ وَمُلْكُهُ بِالشَّامِ وَأُمَّتُهُ الْحَمَّادُونَ يَحْمَدُونَ اللَّهَ فِي السَّرَّاءِ وَالضَّرَّاءِ يَحْمَدُونَ اللَّهَ فِي كُلِّ مَنْزِلَةٍ وَيُكَبِّرُونَهُ عَلَى كُلِّ شَرَفٍ رُعَاةٌ لِلشَّمْسِ يُصَلُّونَ الصَّلَاةَ إِذَا جَاءَ وَقْتُهَا يتأزَّرون على أَنْصَافهمْ ويتوضؤون عَلَى أَطْرَافِهِمْ مُنَادِيهِمْ يُنَادِي فِي جَوِّ السَّمَاءِ صَفُّهُمْ فِي الْقِتَالِ وَصَفُّهُمْ فِي الصَّلَاةِ سَوَاءٌ لَهُمْ بِاللَّيْلِ دَوِيٌّ كَدَوِيِّ النَّحْلِ «. هَذَا لَفْظُ» الْمَصَابِيحِ " وَرَوَى الدَّارِمِيُّ مَعَ تَغْيِير يسير

5771. काब रदी अल्लाहु अन्हु तौरात से नकल करते हैं की हम तौरात में यह लिखा हुआ पाते है: मुहम्मद ﷺ अल्लाह के रसूल हैं, मेरे मुन्तखब बन्दे है, वह न तो बदअख़लाक़ है और न सख्त दिल न बाज़ारों में शोरोगुल करने वाले हैं और न बुराई का बदला बुराई से देते है, बल्के वह दरगुज़र करते और मुआफ़ कर देते है, उनकी जाए पैदाइश मक्का है, उनकी हिजरत तैबा (मदीना) की तरफ होगी, उनकी हुकूमत मुल्क ए शाम में होगी, उनकी उम्मत बहोत ज़्यादा हम्द करने वाली होगी, वह खुशहाली व तंगदस्ती (हर हाल) में हर जगह अल्लाह तआला की हम्द बयान करेंगे, हर बुलंद जगह पर अल्लाह तआला की तकबीर बयान करेंगे, वह (नमाज़ो के अवकात के लिए) सूरज का ख़याल रखते होंगे, जब नमाज़ का वक़्त हो जाएगा तो वह नमाज़ पढेंगे, उनका आज़ार आधी पिंडलियों तक होगा, वह आज़ाए वुज़ू तक वुज़ू करेंगे, उनका मुअज़्ज़िन बुलंद जगह पर (खड़ा हो कर) आज़ान देगा, उनकी नमाज़ के दौरान सफे और उनकी मैदान ए जिहाद में सफे बराबर होगी, और रात के वक़्त उन (तहज्जुद के वक़्त तस्बीह व तहलील) की आवाज़ इस तरह होगी जिस तरह शहद की मख्खी की आवाज़ होती है"| यह अल्फाज़ मसाबिह के है, और इमाम दारमी ने ठोड़ी सी तबदीली के साथ इसे रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمی (1 / 4 5 ح 5) * الاعمش مدلس و عنعن

٥٧٧٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» عَبْدِ اللَّهِ بْنِ سَلَامٍ قَالَ: مَكْتُوبٌ فِي التَّوْرَاةِ صِفَةُ مُحَمَّدٍ وَعِيسَى بن مَرْيَم يُدْفَنُ مَعَهُ قَالَ أَبُو مَوْدُودٍ: وَقَدْ بَقِي فِي الْبَيْت مَوضِع قَبره رَوَاهُ الترمذيُّ

5772. अब्दुल्लाह बिन सलाम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, तौरात में मुहम्मद ﷺ की सिफत लिखी हुई है और इसा अलैहिस्सलाम मुहम्मद ﷺ के साथ दफन किए जाएँगे", अबू मौदूद रावी ने बयान किया (आयशा रदी अल्लाहु अन्हा के) घर में एक कब्र की जगह बाकी है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3617 وقال : حسن غریب)

बَابُ فَضَائِلِ سَيِّدِ الْمُرْسَلِينَ • सय्यदुल मुरसलीन ﷺ के फ़ज़ाइल व मनाकिब का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٥٧٧٣ - (لم تتمّ دراسته) عَن ابْن»» عبَّاس قَالَ: إِنَّ الله تَعَالَى فضل مُحَمَّدًا صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى الْأَنْبِيَاءِ وَعَلَى أَهْلِ السَّمَاءِ فَقَالُوا يَا أَبَا عَبَّاسٍ بِمَ فَضَّله الله عَلَى أَهْلِ السَّمَاءِ؟ قَالَ: إِنَّ اللَّهَ تَعَالَى قَالَ لِأَهْلِ السَّمَاءِ [وَمَنْ يَقُلْ مِنْهُمْ إِنِّي إِلَهٌ مِنْ دُونِهِ فَذَلِكَ نَجْزِيهِ جَهَنَّمَ كَذَلِكَ نجزي الظَّالِمين] وَقَالَ اللَّهُ تَعَالَى لِمُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: [إِنَّا فَتَحْنَا لَكَ فَتْحًا مُبِينًا لِيَغْفِرَ لَكَ اللَّهُ مَا تَقَدَّمَ مِنْ ذَنْبِكَ وَمَا تَأَخَّر] قَالُوا: وَمَا فَضْلُهُ عَلَى الْأَنْبِيَاءِ؟ قَالَ: قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: [وَمَا أَرْسَلْنَا مِنْ رَسُولٍ [ص: ١٦٠ إِلَّا بِلِسَانِ قَوْمِهِ لِيُبَيِّنَ لَهُمْ فَيُضِلُّ اللَّهُ مَنْ يَشَاء] الْآيَةَ وَقَالَ اللَّهُ تَعَالَى لِمُحَمَّدٍ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: [وَمَا أَرْسَلْنَاك إِلَّا كَافَّة للنَّاس] فَأَرْسلهُ إِلَى الْجِنّ وَالْإِنْس

5773. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, अल्लाह तआला ने मुहम्मद ﷺ को तमाम अंबिया अलैहिस्सलाम और आसमान वालो पर फ़ज़ीलत दी है, उन्होंने कहा: अबू अब्बास! अल्लाह तआला ने आप को आसमान वालो पर किस

चीज़ से फ़ज़ीलत दी है, उन्होंने ने फ़रमाया: अल्लाह तआला ने आसमान वालो से फ़रमाया: “उन में से जिस ने कहा की मैं अल्लाह तआला के सिवा माबूद हूँ तो हम इसे जहन्नम की सज़ा देंगे, हम इसी तरह ज़ालिमो को सज़ा देते है”, और अल्लाह तआला ने मुहम्मद ﷺ से फ़रमाया: “हमने आप को फ़तहे मुबीन दी ताकि अल्लाह आप के तमाम गुनाह मुआफ़ फरमादे”, उन्होंने कहा: आप ﷺ की दुसरे अंबिया अलैहिस्सलाम पर कौन सी फ़ज़ीलत है ? उन्होंने कहा: अल्लाह तआला ने फ़रमाया: “हमने हर रसूल को उस की कौम की ज़ुबान के साथ मबउस फ़रमाया ताकि वह उन्हें वज़ाहत कर सके, अल्लाह तआला जिसे चाहता है गुमराह कर देता है”, जबके अल्लाह तआला ने मुहम्मद ﷺ से फ़रमाया: “हमने आप को तमाम इंसानों की तरफ मबउस फ़रमाया”, सो अल्लाह तआला ने आप ﷺ को तमाम जिन्नो और तमाम इंसानों की तरफ मबउस फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الدارمی (1 / 25 26 ح 47) و الحاکم (2 / 350)

٥٧٧٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي»»   ذرّ الْغِفَارِيّ قَالَ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ عَلِمْتَ أَنَّكَ نَبِيٌّ حَتَّى اسْتَيْقَنْتَ؟ فَقَالَ: " يَا أَبَا ذَر أَتَانِي ملكان وَأَنا ب بعض بطحاء مَكَّة فَوَقع أَحدهمَا على الْأَرْضِ وَكَانَ الْآخَرُ بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْأَرْضِ فَقَالَ أَحَدُهُمَا لِصَاحِبِهِ: أَهْوَ هُوَ؟ قَالَ: نَعَمْ. قَالَ: فَزِنْهُ بِرَجُلٍ فَوُزِنْتُ بِهِ فَوَزَنْتُهُ ثُمَّ قَالَ: زِنْهُ بِعَشَرَةٍ فَوُزِنْتُ بِهِمْ فَرَجَحْتُهُمْ ثُمَّ قَالَ: زنه بِمِائَة فَوُزِنْتُ بِهِمْ فَرَجَحْتُهُمْ كَأَنِّي أَنْظُرُ إِلَيْهِمْ يَنْتَثِرُونَ عَلَيَّ مِنْ خِفَّةِ الْمِيزَانِ. قَالَ: فَقَالَ أَحَدُهُمَا لصَاحبه: لَو وزنته بأمته لرجحها ". رَوَاهُمَا الدَّارمِيّ

5774. अबू ज़र गफ्फारी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप ने कैसे जाना के आप नबी है, हत्ता के आप ने यकीन कर लिया ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अबू ज़र! मेरे पास दो फ़रिश्ते आए जबके मैं मक्का की वादी बतहा मैं था, उन में से एक ज़मीन पर उतर आया और दूसरा आसमान और ज़मीन के दरमियान था, उन में से एक ने अपने साथी से कहा: क्या यह वही है ? उस ने कहा: हाँ, उस ने कहा: उनका एक आदमी के साथ वज़न करो, मेरा उस के साथ वज़न किया गया तो मैं उस पर भारी था, फिर उस ने कहा: उनका दस लोगों के साथ वज़न करो, मेरा उन के साथ वज़न किया गया तो मैं इन पर भारी रहा, फिर उस ने कहा: उनका सौ लोगों के साथ वज़न करो, मेरा उन के साथ वज़न किया गया तो मैं इन पर भी भारी रहा फिर उस ने कहा उनका एक हज़ार के साथ वज़न करो मेरा उन के साथ वज़न किया गया तो मैं इन पर भी भारी रहा, गोया तराज़ू के हल्के होने की वजह से में उन्हें देख रहा हूँ, के वह मुझ पर गिर पड़ेंगे”| फ़रमाया: “इन दोनों में से एक ने अपने साथी से कहा: अगर तुमने उनका उनकी पूरी उम्मत के साथ भी वज़न कर लिया तो यह इस (उम्मत) पर ग़ालिब आजाएँगे”, दोनों अहादीस को इमाम दारमी ने रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الدارمی (1 / 9 ح 14) * فیه عروة بن الزبیر عن ابی ذر رضی الله عنه وما اراه یسمع منه وقال ابن اسحاق امام المغازی رحمه الله :’’ حدثنی ثور بن یزید عن خالد بن معدان عن اصحاب رسول الله صلی الله علیه و آله وسلم انهم قالوا : یا رسول الله ! اخبرنا عن نفسک ؟ فقال : دعوة ابی ابراهیم و بشری عیسی و رأت امی حین حملت بی انه خرج منها نور أضاءت له قصور بصری من ارض الشام و استرضعت فی بنی سعد بن بکر ، فبینا انا مع اخ فی بهم لنا ، اتانی رجلان علیهما ثیاب بیاض ، معهما طست من ذهب مملوء ثلجًا فاضجعانی فشقابطنی ثم استخرجا قلبی فشقاه فاخر جا منه علقة سوداء فالقیاها ثم غسلا قلبی و بطنی بذاک الثلج حتی اذا انقیاه ، رداه کما کان ثم قال احدهما لصاحبه : زنه بعشرة من امته فوزننی بعشرة فوزنتهم ثم قال : زنه بالف من امته فوزننی بالف فوزنتهم فقال : دعه عنک فلو وزنته بامته لوزنهم ‘‘ (السیره لابن اسحاق ص 103) و سنده حسن لذاته وهو یغنی عنه

٥٧٧٥ - (ضَعِيف) وَعَن»»   ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُتِبَ عَلَيَّ النَّحْرُ وَلَمْ يُكْتَبْ عَلَيْكُمْ وَأُمِرْتُ بِصَلَاةِ الضُّحَى وَلَمْ تؤمَروا بهَا» . رَوَاهُ الدَّارَقُطْنِيّ

5775. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “कुर्बानी करना मुझ पर फ़र्ज़ किया गया है, जबके तुम पर फ़र्ज़ नहीं किया गया, और नमाज़ चाश्त का मुझे हुक्म दिया गया है जबके तुम्हें इस का हुक्म नहीं दिया गया”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه الدارقطنى (4 / 282 ح 4706) [و احمد (1 / 317) و البيهقى (8 / 264)] * فيه جابر بن يزيد الجعفى ضعيف جدًا ، رافضى

बَابِ أَسْمَاءِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَصِفَاتِه — रसूलुल्लाह ﷺ की आसमानी मुबारकी और शफात का बयान

الْفَصْلُ الأول — पहली फस्ल

٥٧٧٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ جُبَيْرِ بْنِ مُطْعَمٍ قَالَ: سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّ لِي أَسْمَاءً: أَنَا مُحَمَّدٌ وَأَنَا أَحْمَدُ وَأَنَا الْمَاحِي الَّذِي يَمْحُو اللَّهُ بِي الْكُفْرَ وَأَنَا الْحَاشِرُ الَّذِي يُحْشَرُ النَّاسُ عَلَى قَدَمِي وَأَنَا الْعَاقِبُ ". وَالْعَاقِب: الَّذِي لَيْسَ بعده شَيْء. مُتَّفق عَلَيْهِ

5776. जुबेर बिन मुतअम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मेरे बहोत से नाम है: में मुहम्मद हूँ में अहमद हूँ, मैं माहि हूँ, अल्लाह मेरे ज़रिए कुफ्र को मिटा देगा, मैं हाशिर हूँ, के तमाम लोग मेरे बाद उठाए जाएँगे और मैं आकिब हूँ”, और आकिब इसे कहते हैं जिस के बाद कोई नबी न हो| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3532) و مسلم (124 / 2354)، (6105)

٥٧٧٧ - (صَحِيح) وَعَن أبي مُوسَى الْأَشْعَرِيّ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُسَمِّي لَنَا نَفْسَهُ أَسْمَاءً فَقَالَ: «أَنَا مُحَمَّدٌ وَأَحْمَدُ وَالْمُقَفِّي وَالْحَاشِرُ وَنَبِيُّ التَّوْبَةِ وَنَبِيُّ الرَّحْمَةِ» . رَوَاهُ مُسلم

5777. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ अपने ज़ात मुबारक के नाम हमें बताया करते थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं मुहम्मद हूँ, मैं अहमद हूँ, मैं आख़िर पर आने वाला हूँ, (मेरे बाद कोई नबी नहीं), मैं हाशिर हूँ, मैं नबी तौबा हूँ (अल्लाह के हुज़ूर बहोत ज़्यादा रुजू करने वाला) और नबी रहमत हूँ”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (126 / 2355)، (6108)

٥٧٧٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَلَا تَعْجَبُونَ كَيْفَ يَصْرِفُ اللَّهُ عَنِّي شَتْمَ قُرَيْشٍ وَلَعْنَهُمْ؟ يَشْتُمُونَ مُذَمَّمًا وَيَلْعَنُونَ مُذَمَّمًا وَأَنَا مُحَمَّدٌ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5778. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "क्या तुम ताज्जुब नहीं करते के अल्लाह कुरैश के शब व सितम और उन के लान-तान करने को किस तरह मुझ से दूर करता है ? वह मुजम्मम (नाअउज़ुबिल्लाह जिस की मुजम्मत की गई हो) कह कर शब् व सितम और लान-तान करते हैं जबके मैं मुहम्मद ﷺ हूँ"| (बुखारी)

رواه البخاری (3533)

٥٧٧٩ - (صَحِيح) وَعَنْ جَابِرِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدْ شَمِطَ مُقَدَّمُ رَأْسِهِ وَلِحْيَتِهِ وَكَانَ إِذَا ادَّهَنَ لَمْ يَتَبَيَّنْ وَإِذَا شَعِثَ رَأْسُهُ تَبَيَّنَ وَكَانَ كَثِيرَ شَعْرِ اللِّحْيَةِ فَقَالَ رَجُلٌ: وَجْهُهُ مِثْلُ السَّيْفِ؟ قَالَ: لَا بَلْ كَانَ مِثْلَ الشَّمْسِ وَالْقَمَرِ وَكَانَ مُسْتَدِيرًا وَرَأَيْتُ الْخَاتَمَ عِنْدَ كَتِفِهِ مِثْلَ بَيْضَةِ الْحَمَامَةِ يشبه جسده ". رَوَاهُ مُسلم

5779. जाबिर बिन समुराह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के सर मुबारक और दाढ़ी के अगले हिस्से के कुछ बाल सफ़ेद हो चुके थे, जब आप तेल लगाते थे तो वह नज़र नहीं आते थे, और जब आप के सर के बालो में कंगी नहीं की होती थी तो वह नज़र आ जाते थे, आप की दाढ़ी के बाल घने थे, किसी आदमी ने कहा: आप का चेहरा मुबारक (चमक के लिहाज़ से) तलवार की तरह था, जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: नहीं, बल्के सूरज और चाँद की तरह चमकता था, रूखे अनवार (चेहरा) गोल था, मैंने आप के कंधे के पास महोरे नबूवत देखी जो के कबूतर के अंडे की तरह थी और वह आप के जिस्म अतहर (के रंग) के मुशाबह (अनुरूप) थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (109 / 2344)، (6084)

٥٧٨٠ - (صَحِيح) وَعَن عبدِ الله بن سرجسٍ قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَكَلْتُ مَعَهُ خُبْزًا وَلَحْمًا - أَوْ قَالَ: ثَرِيدًا - ثُمَّ دُرْتُ خَلْفَهُ فَنَظَرْتُ إِلَى خَاتَمِ النُّبُوَّةِ بَيْنَ كَتِفَيْهِ عِنْدَ نَاغِضِ كَتِفِهِ الْيُسْرَى جُمْعًا عَلَيْهِ خيلال كأمثال الثآليل. رَوَاهُ مُسلم

5780. अब्दुल्लाह बिन सरजिस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को देखा और आप के साथ गोश्त रोटी खाई, या कहा: सरिद खाई, फिर मैं घूम कर आप के पिछली जानिब गया और मैंने आप के दोनों कंधों के दरमियान बाएं कंधे की नरम हड्डी के पास मोहरे नबूवत देखी, वह बंद मुट्ठी की तरह थी, उस पर दो तिल थे जैसे मस्ते हो"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (112 / 2346)، (6088)

٥٧٨١ - (صَحِيح) وَعَنْ أُمِّ خَالِدٍ بِنْتِ خَالِدِ بْنِ سَعِيدٍ قَالَتْ: أُتِيَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِثِيَابٍ فِيهَا خَمِيصَةٌ سَوْدَاءُ صَغِيرَةٌ فَقَالَ: «ائْتُونِي بِأُمِّ خَالِدٍ» فَأُتِيَ بِهَا تُحْمَلُ فَأَخَذَ الْخَمِيصَةَ بِيَدِهِ فَأَلْبَسَهَا. قَالَ: «أَبْلِي وَأَخْلِقِي ثُمَّ أَبْلِي وَأَخْلِقِي» وَكَانَ فِيهَا عَلَمٌ أَخْضَرُ أَوْ أَصْفَرُ. فَقَالَ: «يَا أُمَّ خَالِدٍ هَذَا سِنَاهْ» وَهِيَ بالحبشيَّةِ حسنَة. قَالَت: فذهبتُ أَلعبُ بخاتمِ النبوَّةِ فز برني أَبِيٍّ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «دعها» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

5781. उम्म खालिद बिन्ते खालिद बिन सईद रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करती हैं, नबी ﷺ के पास कुछ कपड़े लाए गए उन में एक छोटी सी काली चादर थी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "उम्म खालिद को मेरे पास लाओ, इसे उठाकर लाया गया, आप ने अपने दस्ते मुबारक से वह चादर पकड़ी और इसे पहना दी, और फ़रमाया: "तुम उसे पोशीदा करो और तुम उसे

पुराना करो (देर तक जीती रहो), तुम उसे पोशीदा करो और इसे पुराना करो", इस (चादर) में सब्ज़ या ज़र्द रंग के निशानात थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "उम्म खालिद! यह "सनाह'' है" और यह (सनाह) हब्शी ज़ुबान का लफ़्ज़ है यानी खुबसूरत, वह बयान करती हैं, मैं महोरे नबूवत के साथ खेलने लगी तो मेरे वालिद ने मुझे डांटा तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इसे छोड़ दो"| (बुखारी)

رواه البخاری (3071)

٥٧٨٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَيْسَ بِالطَّوِيلِ الْبَائِنِ وَلَا بِالْقَصِيرِ وَلَيْسَ بِالْأَبْيَضِ الْأَمْهَقِ وَلَا بِالْآدَمِ وَلَيْسَ بِالْجَعْدِ الْقَطَطِ وَلَا بِالسَّبْطِ بَعَثَهُ اللَّهُ عَلَى رَأْسِ أَرْبَعِينَ سَنَةً فَأَقَامَ بِمَكَّةَ عَشْرَ سِنِينَ وبالمدينة عشر سِنِين وتوفَّاه الله على رَأس سِتِّينَ سَنَةً وَلَيْسَ فِي رَأْسِهِ وَلِحْيَتِهِ عِشْرُونَ شَعْرَةً بَيْضَاءَ»» وَفِي رِوَايَةٍ يَصِفُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: كَانَ رَبْعَةً مِنَ الْقَوْمِ لَيْسَ بِالطَّوِيلِ وَلَا بِالْقَصِيرِ أَزْهَرَ اللَّوْنِ. وَقَالَ: كَانَ شَعْرُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى أَنْصَافِ أُذُنَيْهِ»» وَفِي رِوَايَةٍ: بَيْنَ أُذُنَيْهِ وَعَاتِقِهِ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ»» وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ قَالَ: كَانَ ضَخْمَ الرَّأْسِ وَالْقَدَمَيْنِ لَمْ أَرَ بَعْدَهُ وَلَا قَبْلَهُ مِثْلَهُ وَكَانَ سَبْطَ الكفَّين. وَفِي أُخْرَى لَهُ قَالَ: كَانَ شئن الْقَدَمَيْنِ وَالْكَفَّيْنِ

5885. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम एक सफ़र मैं रसूलुल्लाह ﷺ के हमराह थे हत्ता कि हमने एक वसीअ वादी में पड़ाव किया तो रसूलुल्लाह ﷺ कजाए हाजत के लिए तशरीफ़ ले गए, आप ने ओट के लिए कोई चीज़ न देखी अलबत्ता वादी के किनारे पर दो दरख्त देखे, रसूलुल्लाह ﷺ उन में से एक की तरफ चल दिए, और उस की एक शाख पकड़ कर फ़रमाया: “अल्लाह के हुक्म से मुझ पर परदा कर”, चुनांचे उस ने नकिल दिए हुए ऊंट की तरह झुक कर आप के ऊपर परदा किया, जिस तरह वह अपने सरदार की इताअत करता है, फिर आप ﷺ दुसरे दरख्त के पास गए और उस की एक शाख को पकड़ कर फ़रमाया: “अल्लाह के हुक्म से मुझ पर परदा कर”, वह भी इसी तरह आप पर झुक गया, हत्ता कि जब वह दोनों आधे फासले पर पहुँच गई तो फ़रमाया: “अल्लाह के हुक्म से मुझ पर साया कर दो”, चुनांचे वह दोनों करीब हो गए (हत्ता के आप कजाए हाजत से फारिग़ हो गए) में बैठा अपने दिल में सोच रहा था के इतने में अचानक रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ ले आए, और मैंने दोनों दरख्तों को देखा के वह अलग अलग हो गए और हर एक अपने तने पर खड़ा हो गया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (74 / 3012)، (7518)

٥٨٨٦ - (صَحِيح) عَن»» يَزِيدَ بْنِ أَبِي عُبَيْدٍ قَالَ: رَأَيْتُ أَثَرَ ضَرْبَةٍ فِي سَاقِ سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ فَقُلْتُ يَا أَبَا مُسلم مَا هَذِه الضَّربةُ؟ فَقَالَ: هَذِه ضَرْبَةٌ أَصَابَتْنِي يَوْمَ خَيْبَرَ فَقَالَ النَّاسُ أُصِيبَ سَلَمَةُ فَأَتَيْتُ الْنَبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَنَفَثَ فِيهِ ثَلَاثَ نَفَثَاتٍ فَمَا اشْتَكَيْتُهَا حَتَّى السَّاعَة. رَوَاهُ البُخَارِيّ

5886. यज़ीद बिन अबी उबैद रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैंने सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु की पिंडली पर चोट का निशान देखा तो मैंने कहा: अबू मुस्लिम! यह चोट कैसी है ? उन्होंने ने फ़रमाया: यह चोट मुझे गज़वा ए खैबर के मौके पर लगी थी, लोगो ने तो कह दिया था: सलमा रदी अल्लाहु अन्हु शहीद हो गए, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ने वहां तीन बार दम किया और फिर आज तक मुझे उस की कोई शिकायत नहीं हुई| (बुखारी)

رواه البخاری (4206)

٥٨٨٧ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ نَعَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ زَيْدًا وَجَعْفَرًا وَابْنَ رَوَاحَةَ لِلنَّاسِ [ص:١٦٤ قَبْلَ أَن يَأْتِيهِ خَبَرُهُمْ فَقَالَ أَخَذَ الرَّايَةَ زِيدٌ فَأُصِيبَ ثُمَّ أَخَذَ جَعْفَرٌ فَأُصِيبَ ثُمَّ أَخَذَ ابْنُ رَوَاحَةَ فَأُصِيبَ وَعَيْنَاهُ تَذْرِفَانِ حَتَّى أَخَذَ الرَّايَةَ سَيْفٌ من سيوف الله حَتَّى فتح الله عَلَيْهِم. رَوَاهُ البُخَارِيّ

5887. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने ज़ैद जाफर और इब्ने रवाहा रदी अल्लाहु अन्हु की खबर शहादत आने से पहले ही उनकी शहादत के मुत्तल्लिक लोगो को बता दिया था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ज़ैद ने झंडा थाम लिया और वह शहीद कर दिए गए, फिर जाफर ने थाम लिया वह भी शहीद कर दिए गए फिर इब्ने रवाहा ने थाम लिया तो वह भी शहीद कर दिए गए”, इस वक़्त आप की आंखो से आंसू रवाह थे.” हत्ता कि अल्लाह की तलवारों में से एक तलवार यानी

खालिद बिन वलीद ने झंडा थाम लिया और अल्लाह ने उन्हें फतह दी है”| (बुखारी)

رواه البخاری (4262)

٥٨٨٨ - (صَحِيح) وَعَن»» عَبَّاسٍ قَالَ: شَهِدْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ حُنَيْنٍ فَلَمَّا الْتَقَى الْمُسْلِمُونَ وَالْكُفَّارُ وَلَّى الْمُسْلِمُونَ مُدْبِرِينَ فَطَفِقَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَرْكُضُ بَغْلَتَهُ قِبَلَ الْكُفَّارِ وَأَنَا آخِذٌ بِلِجَامِ بَغْلَةَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَكُفُّهَا إِرَادَةَ أَن لَا تسرع وَأَبُو سُفْيَان آخِذٌ بِرِكَابِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَيْ عَبَّاسُ نَادِ أَصْحَابَ السَّمُرَةِ فَقَالَ عَبَّاسٌ وَكَانَ رَجُلًا صَيِّتًا فَقُلْتُ بِأَعْلَى صَوْتِي أَيْنَ أَصْحَابُ السَّمُرَةِ فَقَالَ وَاللَّهِ لَكَأَنَّ عَطْفَتَهُمْ حِينَ سَمِعُوا صَوْتِي عَطْفَةُ الْبَقَرِ عَلَى أَوْلَادِهَا فَقَالُوا يَا لَبَّيْكَ يَا لَبَّيْكَ قَالَ فَاقْتَتَلُوا وَالْكُفَّارَ وَالدَّعْوَةُ فِي الْأَنْصَارِ يَقُولُونَ يَا مَعْشَرَ الْأَنْصَارِ يَا مَعْشَرَ الْأَنْصَارِ قَالَ ثُمَّ قُصِرَتِ الدَّعْوَةُ عَلَى بَنِي الْحَارِثِ بْنِ الْخَزْرَجِ فَنَظَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ عَلَى بَغْلَتِهِ كَالْمُتَطَاوِلِ عَلَيْهَا إِلَى قِتَالِهِمْ فَقَالَ حِينَ حَمِيَ الْوَطِيسُ ثُمَّ أَخَذَ حَصَيَاتٍ فَرَمَى بِهِنَّ وُجُوهَ الْكُفَّارِ ثُمَّ قَالَ انْهَزَمُوا وَرَبِّ مُحَمَّدٍ فَوَاللَّهِ مَا هُوَ إِلَّا أَنْ رَمَاهُمْ بِحَصَيَاتِهِ فَمَا زِلْتُ أَرَى حَدَّهُمْ كَلِيلًا وَأَمْرَهُمْ مُدبرا. رَوَاهُ مُسلم

5888. अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए हुनैन के मौके पर मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ था, जब मुसलमानों और काफिरों का आमना सामना हुआ तो कुछ मुसलमान भाग खड़े हुए जबके रसूलुल्लाह ﷺ अपने खच्चर को कुफ्फार की तरफ भगा रहे थे और मैं रसूलुल्लाह ﷺ के खच्चर की लगाम थामे हुए था, मैं इस (खच्चर) को रोक रहा था के वह तेज़ न दोड़े जबके अबू सुफियान बिन हारिस रसूलुल्लाह ﷺ की रकाब थामे हुए थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अब्बास! दरख्त (के निचे बैते रिज़वान करने) वालो को आवा: दरख्त (के निचे बैत करने) वाले कहाँ है ? वह बयान करते हैं, अल्लाह की क़सम! जब उन्होंने मेरी आवाज़ सुनी तो वह इस तरह वापिस आए जिस तरह गाय अपने औलाद के पास आती है, उन्होंने अर्ज़ किया, हम हाज़िर है! हम हाज़िर है! रावी बयान करते हैं, उन्होंने कुफ्फार से किताल किया जिस रोज़ अंसार का नारा या अंसार था, रावी बयान करते हैं, फिर यह नारा बनू हारिस बिन खजरज़ तक महदूद हो कर रह गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने खच्चर पर से मैदाने जंग की तरफ देखा तो फ़रमाया: “अब मैदाने जंग गरम हो गया है”, फिर आप ने कंकरिया पकड़े और उन्हें काफिरों के चेहरो पर फेका, फिर फ़रमाया: “मुहम्मद के रब की क़सम! वह शिकश्त खोर देह है”, अल्लाह की क़सम! उनकी तरफ कंकरिया फेंकना ही उनकी शिकश्त का बाईस था, मैं इन की हदत, उनकी लड़ाई और उनकी तलवारों को कमज़ोर ही देखता रहा, और उन के मुआमले को ज़लील ही देखता रहा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (76 / 1775)، (4612)

٥٨٨٩ - (صَحِيح) وَعَن»» أبي إِسْحَق قَالَ قَالَ رَجُلٌ لِلْبَرَاءِ يَا أَبَا عُمَارَةَ فَرَرْتُمْ يَوْمَ حُنَيْنٍ قَالَ لَا وَاللَّهِ مَا وَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَكِنْ خَرَجَ شُبَّانُ أَصْحَابِهِ لَيْسَ عَلَيْهِمْ كَثِيرُ سِلَاحٍ فَلَقَوْا قَوْمًا رُمَاةً لَا يَكَادُ يَسْقُطُ لَهُمْ سَهْمٌ فَرَشَقُوهُمْ رَشْقًا مَا يَكَادُونَ يُخْطِئُونَ فَأَقْبَلُوا هُنَاكَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى بَغْلَتِهِ [ص:١٦٥ الْبَيْضَاءِ وَأَبُو سُفْيَانَ بْنُ الْحَارِثِ يَقُودُهُ فَنَزَلَ وَاسْتَنْصَرَ وَقَالَ أَنَا النَّبِيُّ لَا كَذِبَ أَنَا ابْنُ عَبْدِ الْمُطَّلِبْ ثُمَّ صفهم. رَوَاهُ مُسلم. وللبخاري مَعْنَاهُ

5889. अबू इसहाक बयान करते हैं, किसी आदमी ने बराअ रदी अल्लाहु अन्हु से कहा अबू उमारह! गज़वा ए हुनैन के मौके पर तुम लोग भाग गए थे ? उन्होंने कहा: नहीं ? अल्लाह की क़सम! रसूलुल्लाह ﷺ नहीं फिरे थे, लेकिन आप के सहाबा में

से कुछ नोजवान, जिन के पास ज़्यादा अस्लिहा नहीं था, उनका सामना ऐसे माहिर तीर अन्दाज़ो से हुआ, जिन का कोई तीर खता नहीं जाता था, उन्होंने इन पर तीर बरसाए, वह रसूलुल्लाह ﷺ की तरफ आए, इस वक़्त रसूलुल्लाह ﷺ अपने सफ़ेद खच्चर पर सवार थे, और अबू सुफियान बिन हारिस आप के आगे थे, आप खच्चर से निचे उतरे और अल्लाह से मदद तलब की, और आप ﷺ इस वक़्त फरमा रहे थे: "मैं नबी हूँ यह झूठ नहीं, मैं अब्दुल मुत्तलिब का बेटा हूँ" फिर आप ने उनकी सफ बंदी फरमाई| (मुस्लिम)

رواه مسلم (78 / 1776)، (4615) و البخارى (2930)

٥٨٩٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَةٍ لَهُمَا قَالَ الْبَرَاءُ كُنَّا وَاللَّهِ إِذَا احْمَرَّ الْبَأْسُ نَتَّقِي بِهِ وَإِنَّ الشُّجَاعَ مِنَّا لَلَّذِي يُحَاذِيهِ يَعْنِي النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم

5890. और सहीह बुखारी में इसी के हम मानी है, और सहीहैन की रिवायत में है, बराअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अल्लाह की क़सम! जब लड़ाई शिद्दत इख़्तियार कर जाती तो हम आप के ज़रिए बचाव करते थे और हम में से सबसे ज़्यादा शिजाअ वह था जो (मैदाने जंग में) नबी ﷺ के बराबर रहता| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (لم اجده) و مسلم (79 / 1776)، (4616)

٥٨٩١ - (صَحِيح) وَعَنْ»» سَلَمَةَ بْنِ الْأَكْوَعِ قَالَ غَزَوْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حُنَيْنًا فَوَلَّى صَحَابَةُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا غَشُوا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَزَلَ عَنِ الْبَغْلَةِ ثُمَّ قَبَضَ قَبْضَةً مِنْ تُرَابٍ مِنَ الْأَرْضِ ثُمَّ اسْتَقْبَلَ بِهِ وُجُوهَهُمْ فَقَالَ شَاهَتِ الْوُجُوهُ فَمَا خَلَقَ اللَّهُ مِنْهُمْ إِنْسَانًا إِلَّا مَلَأَ عَيْنَيْهِ تُرَابًا بِتِلْكَ الْقَبْضَةِ فَوَلَّوْا مُدْبِرِينَ فَهَزَمَهُمْ الله عز وَجل وَقَسْمِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غنائمهم بَين الْمُسلمين رَوَاهُ مُسلم

5891. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम गज़वा ए हुनैन मैं रसूलुल्लाह ﷺ के हमराह थे रसूलुल्लाह ﷺ के चंद सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु पीठ फेर गए, जब वह (काफिर) रसूलुल्लाह ﷺ पर हमलावर हुए तो आप खच्चर से निचे उतरे और ज़मीन से मिट्टी की मुठ्ठी भरी, फिर इसे उन के चेहरो की तरफ फेंकते हुए फ़रमाया: "(इन के) चेहरे झुलसा जाए", इस मुठ्ठी से उन तमाम इंसानों (काफिरों) की आँखे मिट्टी से भर गई और वह पीठ फेर कर भाग गए, अल्लाह ने उन्हें शिकश्त से दो चार कर दिया और रसूलुल्लाह ﷺ ने उन से हासिल होने वाला माले गनीमत मुसलमानों में तकसीम फ़रमाया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (81 / 1777)، (4619)

٥٨٩٢ - (صَحِيح) وَعَن»» أبي هريرة قَالَ شَهِدْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حُنَيْنًا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِرَجُلٍ مِمَّنْ مَعَهُ يَدَّعِي الْإِسْلَامَ هَذَا مِنْ أَهْلِ النَّارِ فَلَمَّا حَضَرَ الْقِتَالُ قَاتَلَ الرَّجُلُ مِنْ أَشَدِّ الْقِتَالِ وَكَثُرَتْ بِهِ الْجِرَاحُ فَجَاءَ رَجُلٌ فَقَالَ يَا رَسُولَ الله أَرَأَيتَ الَّذِي تحدثت أَنَّهُ مِنْ أَهْلِ النَّارِ قَدْ قَاتَلَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ مِنْ أَشَدِّ الْقِتَالِ فَكَثُرَتْ بِهِ الْجِرَاحُ فَقَالَ أَمَّا إِنَّهُ مِنْ أَهْلِ النَّارِ

فَكَادَ بَعْضُ النَّاسِ يَرْتَابُ فَبَيْنَمَا هُوَ عَلَى ذَلِكَ إِذْ وَجَدَ الرَّجُلُ أَلَمَ الْجِرَاحِ فَأَهْوَى بِيَدِهِ إِلَى كِنَانَتِهِ فَانْتَزَعَ سَهْمًا فَانْتَحَرَ بِهَا فَاشْتَدَّ رِجَالٌ مِنَ الْمُسْلِمِينَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا يَا رَسُولَ اللَّهِ صَدَّقَ اللَّهُ حَدِيثَكَ قَدِ انْتَحَرَ فُلَانٌ وَقَتَلَ نَفْسَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اللَّهُ أَكْبَرُ [ص:١٦٥ أَشْهَدُ أَنِّي عَبْدُ اللَّهِ وَرَسُولُهُ يَا بِلَالُ قُمْ فَأَذِّنْ لَا يَدْخُلُ الْجَنَّةَ إِلَّا مُؤْمِنٌ وَإِنَّ اللَّهَ لَيُؤَيِّدُ هَذَا الدينَ بِالرجلِ الْفَاجِر. رَوَاهُ البُخَارِيّ

5892. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए हुनैन में हम रसूलुल्लाह ﷺ के साथ शरीक थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक ऐसे शख़्स के बारे में, जो आप के साथ था और मुसलमान होने का दावा करता था, फ़रमाया: “ये जहन्नुमियो में से है”, जब लड़ाई शुरू हुई तो वह शख़्स बहोत जिरात (जुर्रत) के साथ लड़ा और बहोत ज़्यादा ज़ख़्मी हो गया, एक आदमी आया और उस ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मुझे बताइए के आप ने जिस शख़्स के बारे में फ़रमाया था के वह जहन्नुमियो में से है इस ने तो अल्लाह की राह में बहोत जिरात (जुर्रत) के साथ लड़ाई लड़ी है और उस ने बहोत ज़्यादा जख्म खाए है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सुन लो! वह जहन्नुमियो में से है”, करीब था के बाज़ लोग शक व शुबा का शिकार हो जाते, वह आदमी अभी इसी कश्मकश मैं था के इस आदमी ने ज़ख्मो की तकलीफ महसूस की और अपने तरकशी की तरफ हाथ बढ़ाकर एक तीर निकाला और इसे अपने सीने में पेवश्त कर लिया, मुसलमान यह मंजर देख कर दौड़ते हुए रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में आए और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह ने आप की बात सच कर दिखाई, फलां शख़्स ने अपने सीने में तीर पेवश्त कर के खुदकुशी कर ली है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर मैं गवाही देता हूँ की मैं अल्लाह का बंदा और उस का रसूल हूँ, बिलाल! खड़े हो कर एलान कर दो की जन्नत में सिर्फ मोमिन ही जाएँगे बेशक अल्लाह अपने दीन की मदद फ़ाजिर शख़्स से भी ले लेता है”| (बुखारी)

رواه البخارى (3062) [و مسلم (178 / 111)، (305)]

٥٨٩٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ سُحِرَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى إِنَّهُ لَيُخَيَّلُ إِلَيْهِ أَنَّهُ فَعَلَ الشَّيْءَ وَمَا فَعَلَهُ حَتَّى إِذا كَانَ ذَات يَوْم وَهُوَ عِنْدِي دَعَا اللَّهَ وَدَعَاهُ ثُمَّ قَالَ أَشَعَرْتِ يَا عَائِشَةُ أَنَّ اللَّهَ قَدْ أَفْتَانِي فِيمَا استفتيته جَاءَنِي رجلَانِ فَجَلَسَ أَحَدُهُمَا عِنْدَ رَأْسِي وَالْآخَرُ عِنْدَ رِجْلِي ثُمَّ قَالَ أَحَدُهُمَا لِصَاحِبِهِ مَا وَجَعُ الرَّجُلِ قَالَ مَطْبُوبٌ قَالَ وَمَنْ طَبَّهُ قَالَ لَبِيدُ بْنُ الْأَعْصَمِ الْيَهُودِيُّ قَالَ فِي مَاذَا قَالَ فِي مُشْطٍ وَمُشَاطَةٍ وَجُفِّ طَلْعَةِ ذَكَرٍ قَالَ فَأَيْنَ هُوَ قَالَ فِي بِئْرِ ذَرْوَانَ فَذَهَبَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي أُنَاسٍ مِنْ أَصْحَابِهِ إِلَى الْبِئْرِ فَقَالَ هَذِهِ [ص:١٦٥ الْبِئْرُ الَّتِي أُريتها وَكَأَن ماءَها نُقاعةُ الْحِنَّاء ولكأن نخلها رُءُوس الشَّيَاطِين فاستخرجه مُتَّفق عَلَيْهِ

5893. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ पर जादू कर दिया गया हत्ता कि आप को ख़याल गुज़रता के आप ने कोई काम कर लिया है हालांकि आप ने इसे नहीं किया होता था, हत्ता कि एक रोज़ आप मेरे वहां तशरीफ़ फरमा थे, आप अल्लाह से बार बार दुआ कर रहे थे, फिर फ़रमाया: “आयशा! क्या तुम्हें मालुम है के मैंने जिस चीज़ के बारे में अल्लाह से सवाल किया था उस ने वह चीज़ मुझे दे दिया है: दो आदमी मेरे पास आए, उन में से एक मेरे सिरहाने बैठ गया और दूसरा मेरे पाँव के पास, फिर उन में से एक ने अपने साथी से कहा: उन्हें क्या तकलीफ है ? उस ने कहा: इन पर जादू किया गया है, उस ने पूछा: इन पर किस ने जादू किया है ? उस ने कहा लबीद बिन अअसम यहूदी ने, उस ने कहा किसी चीज़ में ? उस ने कहा: कंघी और बालों में और नर खजूर के खोशे में है, उस ने पूछा: वह कहाँ है ? उस ने कहा: ज़रान के कुंवो में”, चुनांचे नबी ﷺ अपने चंद सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु के साथ इस कुंवे पर तशरीफ़ ले गए और फ़रमाया: “ये वह कुंवा है जो मुझे दिखाया गया है, और उस का पानी महंदी के अर्क जैसे है और उस के खजूर के दरख्त

शैतान के सरो जैसे है", पस आप ﷺ ने इसे निकलवा दीया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3268) و مسلم (43 / 2189)، (5703)

٥٨٩٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ بَيْنَمَا نَحْنُ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ يَقْسِمُ قَسْمًا أَتَاهُ ذُو الْخُوَيْصِرَةِ وَهُوَ رجلٌ من بني تَمِيم فَقَالَ يَا رسولَ الله اعْدِلْ فَقَالَ وَيلك وَمن يَعْدِلُ إِذَا لَمْ أَعْدِلْ قَدْ خِبْتَ وَخَسِرْتَ إِن لم أكن أعدل فَقَالَ عمر لَهُ ائْذَنْ لي أضْرب عُنُقه فَقَالَ دَعْهُ فَإِنَّ لَهُ أَصْحَابًا يَحْقِرُ أَحَدُكُمْ صَلَاتَهُ مَعَ صَلَاتِهِمْ وَصِيَامَهُ مَعَ صِيَامِهِمْ يَقْرَءُونَ الْقُرْآنَ لَا يُجَاوِزُ تَرَاقِيَهُمْ يَمْرُقُونَ مِنَ الدِّينِ كَمَا يَمْرُقُ السَّهْمُ مِنَ الرَّمِيَّةِ يُنْظَرُ إِلَى نَصْلِهِ إِلَى رُصَافِهِ إِلَى نَضِيِّهِ وَهُوَ قِدْحُهُ إِلَى قُذَذِهِ فَلَا يُوجَدُ فِيهِ شَيْءٌ قَدْ سَبَقَ الْفَرْثَ وَالدَّمَ آيَتُهُمْ رَجُلٌ أَسْوَدُ إِحْدَى عَضُدَيْهِ مِثْلُ [ص:١٦٥ ثَدْيِ الْمَرْأَةِ أَوْ مِثْلُ الْبَضْعَةِ تَدَرْدَرُ وَيخرجُونَ على حِين فِرْقَةٍ مِنَ النَّاسِ قَالَ أَبُو سَعِيدٍ أَشْهَدُ أَنِّي سَمِعْتُ هَذَا الْحَدِيثَ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَشْهَدُ أَنَّ عَلِيَّ بْنَ أَبِي طَالِبٍ قَاتَلَهُمْ وَأَنَا مَعَهُ فَأَمَرَ بذلك الرجل فالْتُمِسَ فَأُتِيَ بِهِ حَتَّى نَظَرْتُ إِلَيْهِ عَلَى نَعْتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الَّذِي نَعَتَهُ»» وَفِي رِوَايَةٍ: أَقْبَلَ رَجُلٌ غَائِرُ الْعَيْنَيْنِ نَاتِئُ الجبين كَثُّ اللِّحْيَةِ مُشْرِفُ الْوَجْنَتَيْنِ مَحْلُوقُ الرَّأْسِ فَقَالَ يَا مُحَمَّد اتَّقِ الله فَقَالَ: «فَمن يُطِيع اللَّهَ إِذَا عَصَيْتُهُ فَيَأْمَنُنِي اللَّهُ عَلَى أَهْلِ الْأَرْضِ وَلَا تَأْمَنُونِي» فَسَأَلَ رَجُلٌ قَتْلَهُ فَمَنَعَهُ فَلَمَّا وَلَّى قَالَ: «إِنَّ مِنْ ضِئْضِئِ هَذَا قَوْمًا يَقْرَءُونَ الْقُرْآنَ لَا يُجَاوِزُ حَنَاجِرَهُمْ يَمْرُقُونَ من الإسلام مروق السهْم من الرَّمية يقتلُون أَهْلَ الْإِسْلَامِ وَيَدَعُونَ أَهْلَ الْأَوْثَانِ لَئِنْ أَدْرَكْتُهُمْ لأقتلنهم قتل عَاد» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5894. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर थे और रसूलुल्लाह ﷺ माले गनीमत तकसीम फरमा रहे थे, इतने में बनू तमीम कबिले से ज़ुल्खसिरा नामी शख़्स आया और उस ने कहा: अल्लाह के रसूल! इंसाफ करे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुझ पर अफ़सोस! अगर में अदल नहीं करूँगा तो फिर और कौन अदल करेगा, अगर में अदल न करू तो मैं भी खाइब व खासिर हो जाऊं", उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मुझे इजाज़त फरमाइए की मैं उस की गर्दन मार दूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे छोड़ दो की उस के कुछ साथी होंगे तुम में से कोई अपने नमाज़ को उनकी नमाज़ के मुकाबले में, अपने रोज़े उन के रोज़ो के मुकाबले में मामूली समझेगा, वह कुरान पढेंगे लेकिन वह उन के हलक से निचे नहीं उतरेगा, वह दीन से इस तरह निकल जाएँगे जिस तरह तीर शिकार से पार हो जाता है, इस (तीर) के नोक उस केपुश्त पर जो के नोक पर लपेटा जाता है और तीर के इस हिस्से को जो के पर और नोक के दरमियान होता है जो देखा जाए तो उस पर कोई निशान नज़र नहीं आएगा, हालाँकि वह (तीर) गोबर और खून में से गुज़रा है, उनकी निशानिया यह है कि एक सियाह फाम शख़्स है उस का एक बाज़ू औरत के पिस्तान की तरह (उठा हुआ) होगा या हिलते हुए गोश्त के टुकड़े की तरह होगा, और वह लोगो के बेहतरीन गिरोह के खिलाफ बग़ावत करेंगे", अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैं गवाही देता हूँ कि मैंने यह हदीस रसूलुल्लाह ﷺ से सुनी है, और मैं गवाही देता हूँ कि अली बिन अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु ने उन से लड़ाई लड़ी है और मैं अली रदी अल्लाहु अन्हु के साथ था, इस शख़्स के मुत्तल्लिक हुक्म दिया गया तो उसे तलाश किया गया और इसे लाया गया हत्ता कि मैंने इसे देखा तो उस का पूरा हुलिया बिलकुल इसी तरह था, जिस तरह नबी ﷺ ने उस का हुलिया बयान किया था| एक दूसरी रिवायत में है, एक आदमी आया उस की आँखे धंसी हुई थी, पेशानी उभरी हुई थी, दाढ़ी घनी थी, गाले फूली हुई थी, सर मुंडा हुआ था, उस ने कहा मुहम्मद अल्लाह से डर जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगर में अल्लाह की नाफ़रमानी करूँगा तो फिर और कौन उन से डरेगा, अल्लाह ने ज़मीन वालो पर मुझे अमिन बना कर भेजा है ,जबकि तुम मुझे अमिन नहीं समझते हो", एक आदमी ने इसे क़त्ल करने की दरख्वास्त की तो आप ﷺ ने इसे रोक दिया, जब वह वापिस गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "इस शख़्स नसब से कुछ ऐसे लोग पैदा होंगे जो कुरान पढेंगे लेकिन वह उन के हलक से निचे नहीं उतरेगा, वह इस्लाम से इस तरह ख़ारिज हो जाएँगे

जिस तरह तीर शिकार से पार हो जाता है, वह अहले इस्लाम को क़त्ल करेंगे और बुत परस्तो को छोड़ देंगे अगर मैंने उन्हें पा लिया तो मैं उन्हें कौम ए आद की तरह क़त्ल करूँगा"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3344) و مسلم (143 / 1064)، (2451)

٥٨٩٥ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ كُنْتُ أَدْعُو أُمِّي إِلَى الْإِسْلَامِ وَهِيَ مُشْرِكَةٌ فَدَعَوْتُهَا يَوْمًا فَأَسْمَعَتْنِي فِي رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا أكره فَأَتَيْتُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا أَبْكِي قُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ: ادْعُ اللَّهَ أَنْ يَهْدِيَ أُمَّ أَبِي هُرَيْرَةَ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ اهْدِ أُمَّ أَبِي هُرَيْرَةَ» . فَخَرَجْتُ مُسْتَبْشِرًا بِدَعْوَةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا صِرْتُ إِلَى الْبَابِ فَإِذَا هُوَ مُجَافٍ فَسَمِعَتْ أُمِّي خَشْفَ قَدَمَيَّ فَقَالَتْ مَكَانَكَ يَا أَبَا هُرَيْرَةَ وَسمعت خضخضة المَاء قَالَ فَاغْتَسَلَتْ فَلَبِسَتْ دِرْعَهَا وَعَجِلَتْ عَنْ خِمَارِهَا فَفَتَحَتِ الْبَابَ ثُمَّ قَالَتْ يَا أَبَا [ص:١٦٥ هُرَيْرَةَ أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ فَرَجَعْتُ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا أَبْكِي مِنَ الْفَرح فَحَمدَ الله وَأثْنى عَلَيْهِ وَقَالَ خيرا. رَوَاهُ مُسلم

5895. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अपने मुशरिक वालिदा को इस्लाम की दावत पेश करता था, एक रोज़ मैंने इसे दावत पेश की तो इस ने रसूलुल्लाह ﷺ की शान में कुछ ऐसे अल्फाज़ कहे जो मुझे नागवार गुज़रे, मैं रोता हुआ रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह से दुआ फरमाइए के वह अबू हुरैरा की वालिदा को हिदायत नसीब फरमादे, आप ﷺ ने फ़रमाया: "ए अल्लाह! अबू हुरैरा की वालिदा को हिदायत अता फरमा", मैं नबी ﷺ की दुआ पर खुश होता हुआ वहां से चला जब में दरवाज़े पर पहुंचा तो वह बंद था, मेरी वालिद ने मेरे कदमो की आहट सुन कर फ़रमाया: अबू हुरैरा अपनी जगह पर ठहर जाओ, मैंने पानी गिरने की आवाज़ सुन ली थी, उन्होंने गुसल किया, अपनी कमीज़ पहनी, और जल्दबाज़ी में चादर भी न ली और दरवाज़ा खोल कर फ़रमाया: अबू हुरैरा में गवाही देती हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और मैं गवाही देती हूँ कि मुहम्मद ﷺ उस के बन्दे और उस के रसूल हैं, मैं ख़ुशी के आंसू बहाता हुआ रसूलुल्लाह ﷺ के पास वापिस आया, आप ﷺ ने अल्लाह का शुक्र अदा किया और दुआएं खैर फरमाई| (मुस्लिम)

رواه مسلم (158 / 2491)، (6396)

٥٨٩٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعنهُ إِنَّكُمْ تَقُولُونَ أَكْثَرَ أَبُو هُرَيْرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَاللَّهُ الْمَوْعِدُ وَإِنَّ إِخْوَتِي مِنَ الْمُهَاجِرِينَ كَانَ يَشْغَلُهُمُ الصَّفِقُ بِالْأَسْوَاقِ وَإِنَّ إِخْوَتِي مِنَ الْأَنْصَارِ كَانَ يَشْغَلُهُمْ عَمَلُ أَمْوَالِهِمْ وَكُنْتُ امْرَأً مِسْكِينًا أَلْزَمُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى مَلْءِ بَطْنِي وَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمًا: «لَنْ يَبْسُطَ أَحَدٌ مِنْكُمْ ثَوْبَهُ حَتَّى أَقْضِيَ مَقَالَتِي هَذِهِ ثُمَّ يَجْمَعَهُ إِلَى صَدْرِهِ فَيَنْسَى مِنْ مَقَالَتِي شَيْئًا أَبَدًا» فَبَسَطْتُ نَمِرَةً لَيْسَ عَلَيَّ ثَوْبٌ غَيْرَهَا حَتَّى قَضَى النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَقَالَتَهُ ثُمَّ جَمَعْتُهَا إِلَى صَدْرِي فَوَالَّذِي بَعَثَهُ بِالْحَقِّ مَا نَسِيتُ مِنْ مقَالَته تِلْكَ إِلَى يومي هَذَا. مُتَّفق عَلَيْهِ

5896. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, तुम लोग कहते हो के अबू हुरैरा, नबी ﷺ से बहोत ज़्यादा अहादीस बयान करता है, अल्लाह की क़सम! एक दिन अल्लाह के पास जाना है, मेरे मुहाजर भाई बाज़ारों में खरीद व फरोख्त फरोख्त में मशगुल रहा करते थे और मेरे अंसार भाई अपने अमवाल (खेतो और बाग़ात) में मशगुल रहा करते थे, मैं एक मिस्किन आदमी था, मैं अपना पेट भरने के बाद फिर रसूलुल्लाह ﷺ के साथ रहता, एक रोज़ नबी ﷺ ने फ़रमाया: "तुम

में से जो शख़्स मेरी इस गुफ्तगू के पूरा होने तक कपड़ा बिछाए रखेगा, फिर इसे अपने सीने के साथ लगा लेगा तो वह मेरे फरामिन में से कुछ भी नहीं भूलेगा", मैंने धारी दार चादर बिछा दिया उस के अलावा मेरे पास कोई और कपड़ा नहीं होता था, नबी ﷺ ने जब अपने गुफ्तगू मुकम्मल फरमाई तो मैंने चादर को अपने सीने के साथ लगा लिया, उस ज़ात की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया! मैं इस रोज़ से आज तक आप ﷺ के फरामिन से कुछ नहीं भुला| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2350) و مسلم (160 ، 159 / 2492)، (6397 و 6399)

٥٨٩٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَرِيرِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَلَا تُرِيحُنِي مِنْ ذِي الْخَلَصَةِ؟» فَقُلْتُ: بَلَى وَكُنْتُ لَا أَثْبُتُ عَلَى الْخَيْلِ فَذَكَرْتُ ذَلِكَ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَضَرَبَ يَدَهُ عَلَى صَدْرِي حَتَّى رَأَيْتُ أَثَرَ يَدِهِ فِي صَدْرِي وَقَالَ: «اللَّهُمَّ ثَبِّتْهُ وَاجْعَلْهُ هَادِيًا مَهْدِيًّا» . قَالَ فَمَا وَقَعْتُ عَنْ فَرَسِي بَعْدُ فَانْطَلَقَ فِي مِائَةٍ وَخَمْسِينَ فَارِسًا مِنْ أحمس فحرقها بالنَّار وَكسرهَا. مُتَّفق عَلَيْهِ

5897. जरीर बिन अब्दुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: "क्या तुम मुझे ज़ुलखलस्त (बत) से आराम नहीं पहुंचाते ?" मैंने अर्ज़ किया: क्यों नहीं, ज़रू,र लेकिन में घोड़े की सवारी अच्छी तरह नहीं कर पाता था, मैंने नबी ﷺ से इस का ज़िक्र किया तो आप ने अपना हाथ मेरे सिने पर मारा हत्ता कि मैंने आप के हाथ के असरात अपने सीने में महसूस किए, और आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह उस को (घोड़े की पुश्त पर) तबात अता फरमा, इसे हिदायत की राहे खाने वाला और हिदायत याफ्ता बना", वह बयान करते हैं, उस के बाद में अपने घोड़े से नहीं गिरा, वह अहमस कबिले के डेढ़ सौ घोड़ा सवारों के साथ रवाना हुए और इसे आग के साथ जला दिया और इसे तोड़ दिया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4357) و مسلم (137 ، 136 / 2476)، (6365 و 6366)

٥٨٩٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: إِنَّ رَجُلًا كَانَ يَكْتُبُ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَارْتَدَّ عَنِ الْإِسْلَامِ وَلَحِقَ بِالْمُشْرِكِينَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الْأَرْضَ لَا تَقْبَلُهُ» . فَأَخْبَرَنِي أَبُو طَلْحَةَ أَنَّهُ أَتَى الْأَرْضَ الَّتِي مَاتَ فِيهَا فَوَجَدَهُ مَنْبُوذًا فَقَالَ: مَا شَأْنُ هَذَا؟ فَقَالُوا: دَفَنَّاهُ مِرَارًا فَلَمْ تَقْبَلْهُ الأَرْض. مُتَّفق عَلَيْهِ

5898. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की एक आदमी नबी ﷺ के लिए (वही) लिखा करता था, वह इस्लाम से मुरतद हो कर मुशरिकीन से जा मिला तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: "ज़मीन इसे कबूल नहीं करेगी", अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु ने मुझे बताया के वह शख़्स जिस जगह फौत हुआ था वह वहां गई तो उन्होंने इसे सतह ज़मीन पर पड़ा हुआ देखा तो पूछा उस का क्या मुआमला है ? उन्होंने बताया की हमने इसे कई मर्तबा दफन किया मगर ज़मीन (कब्र) इसे कबूल नहीं करती| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3617) و مسلم (14 / 2781)، (7040)

٥٨٩٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي أَيُّوب قا ل: خَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَدْ وَجَبَتِ الشَّمْسُ فَسَمِعَ صَوْتًا فَقَالَ: «يَهُودُ تُعَذَّبَ فِي قبورها» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5899. अबू अय्यूब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ बाहर तशरीफ़ लाए इस वक़्त सूरज गुरूब हो चूका था, आप ने एक आवाज़ सुनी तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “यहूदियों को उनकी क़बरो में अज़ाब दीया जा रहा है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1375) و مسلم (69 / 2869)، (7215)

٥٩٠٠ - (صَحِيح) وَعَن»» جَابر قا ل: قَدِمَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ سَفَرٍ فَلَمَّا كَانَ قُرْبَ الْمَدِينَةِ هَاجَتْ رِيحٌ تَكَادُ أَنْ تَدْفِنَ الرَّاكِبَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «بُعِثَتْ هَذِهِ الرِّيحُ لِمَوْتِ مُنَافِقٍ» . فَقَدِمَ الْمَدِينَةَ فَإِذَا عَظِيمٌ مِنَ الْمُنَافِقِين قد مَاتَ. رَوَاهُ مُسلم

5900. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ एक सफ़र से वापिस तशरीफ़ लाए, जब आप मदीना के करीब पहुंचे तो ऐसी तेज़ हवा चली, करीब था के वह सवार को छिपा देती, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये हवा किसी मुनाफ़िक़ की मौत के वक़्त चलाई गई है”, आप मदीना पहुंचे तो मुनाफिको का एक बड़ा आदमी फौत हो चूका था| (मुस्लिम)

رواه مسلم (15 / 2782)، (7041)

٥٩٠١ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى قَدِمْنَا عُسْفَانَ فَأَقَامَ بِهَا لَيَالِيَ فَقَالَ النَّاس: مَا نَحن هَهُنَا فِي شَيْءٍ وَإِنَّ عِيَالَنَا لَخُلُوفٌ مَا نَأْمَنُ عَلَيْهِمْ فَبَلَغَ ذَلِكَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ مَا فِي الْمَدِينَةِ شِعْبٌ وَلَا نَقْبٌ [ص:١٦٥ إِلَّا عَلَيْهِ مَلَكَانِ يَحْرُسَانِهَا حَتَّى تَقْدَمُوا إِلَيْهَا» ثُمَّ قَالَ: «ارْتَحِلُوا» فَارْتَحَلْنَا وَأَقْبَلْنَا إِلَى الْمَدِينَةِ فَوَالَّذِي يُحْلَفُ بِهِ مَا وَضَعْنَا رِحَالَنَا حِينَ دَخَلْنَا الْمَدِينَةَ حَتَّى أَغَارَ عَلَيْنَا بَنُو عَبْدِ اللَّهِ بْنِ غَطَفَانَ وَمَا يُهَيِّجُهُمْ قَبْلَ ذَلِكَ شَيْءٌ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

5901. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम नबी ﷺ के साथ रवाना हुए हत्ता कि हम उस्फान पहुंचे तो आप ने चंद रोज़ वहां कयाम फ़रमाया, तो बाज़ (मुनाफ़िक) लोगो ने कहा: यहाँ तो हम बिला मकसद ठहरे है, हमारे अहल व अयाल पीछे है, हमें उनका खतरा है, नबी ﷺ तक यह बात पहुंची तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! मदीना की हर घाटी और हर डेरे पर दो फ़रिश्ते पहरा दे रहे हैं, हत्ता कि तुम वहां वापिस चले जाओ”, फिर फ़रमाया: “कुच करो”, हमने कुच किया और मदीना की तरफ वापिस पलटे, उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! जब हम मदीना में दाखिल हुए तो हमने अभी अपना सामान नहीं उतारा था के बनू अब्दुल्लाह बिन ग्त्फ़ान ने हम पर हमला कर दिया, उस से पहले कोई चीज़ उन्हें अमादा नहीं करती थी| (मुस्लिम)

رواه مسلم (475 / 1374)، (3336)

٥٩٠٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أنسٍ قَالَ أَصَابَت النَّاس سنَةٌ عَلَى عَهْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَبَيْنَا النَّبِيُّ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم

يخْطب فِي يَوْم جُمُعَة قَامَ أَعْرَابِيٌّ فَقَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ هَلَكَ الْمَالُ وَجَاعَ الْعِيَالُ فَادْعُ اللَّهَ لَنَا فَرَفَعَ يَدَيْهِ وَمَا نَرَى فِي السَّمَاءِ قَزَعَةً فَوَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ مَا وَضَعَهَا حَتَّى ثَارَ السَّحَابُ أَمْثَالَ الْجِبَالِ ثُمَّ لَمْ يَنْزِلْ عَنْ مِنْبَرِهِ حَتَّى رَأَيْت الْمَطَر يتحادر على لحيته صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فمطرنا يَوْمنَا ذَلِك وَمن الْغَد وَبعد الْغَد وَالَّذِي يَلِيهِ حَتَّى الْجُمُعَةِ الْأُخْرَى وَقَامَ ذَلِكَ الْأَعْرَابِيُّ أَوْ قَالَ غَيْرُهُ فَقَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ تَهَدَّمَ الْبِنَاءُ وَغَرِقَ الْمَالُ فَادْعُ اللَّهَ لَنَا فَرَفَعَ يَدَيْهِ فَقَالَ اللَّهُمَّ حَوَالَيْنَا وَلَا عَلَيْنَا فَمَا يُشِيرُ بِيَدِهِ إِلَى نَاحِيَةٍ مِنَ السَّحَابِ إِلَّا انْفَرَجَتْ وَصَارَتِ الْمَدِينَةُ مِثْلَ الْجَوْبَةِ وَسَالَ الْوَادِي قَنَاةُ شَهْرًا وَلَمْ يَجِئْ أَحَدٌ مِنْ نَاحِيَةٍ إِلَّا حَدَّثَ بِالْجَوْدِ»» وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «اللَّهُمَّ حَوَالَيْنَا وَلَا عَلَيْنَا اللَّهُمَّ عَلَى الْآكَامِ وَالظِّرَابِ وَبُطُونِ الْأَوْدِيَةِ وَمَنَابِتِ الشَّجَرِ» . قَالَ: فَأَقْلَعَتْ وَخَرَجْنَا نَمْشِي فِي الشّمسِ»» مُتَّفق عَلَيْهِ

5902. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के अहद में लोग कहत साली का शिकार हो गए, इस दौरान के नबी ﷺ खुत्बा ए जुमा इरशाद फरमा रहे थे, एक आराबी खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! माल मवेशी हलाक हो गए, बाल बच्चे भूख का शिकार हो गए, अल्लाह से हमारे लिए दुआ फरमाइए: आप ने हाथ बुलंद फरमाए, इस वक़्त हम आसमान पर बादल का टुकड़ा तक नहीं देख रहे थे, उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! आप ने अभी उन्हें निचे नहीं किया था के पहाड़ो की तरह बादल छा गए, फिर आप अपने मिम्बर से निचे नहीं उतरे थे की मैंने बारिश के कतरे आप की दाढ़ी मुबारक पर गिरते हुए देखे, इस रोज़ अगले रोज़ यहाँ तक के दुसरे जुमे तक बारिश होती रही, फिर दुसरे जुमा को वही आराबी या कोई और शख़्स खड़ा हुआ और उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मकान गिर गए, माल डूब गया, आप अल्लाह से हमारे लिए दुआ फरमाइए, आप ﷺ ने हाथ उठाए और दुआ फरमाई: “अल्लाह हमारे आस पास बारिश बरसा, हम पर न बरसा”, आप बादलो के जिस कोने की तरफ इरशाद फरमाते, तो इधर से बादल छट जाता और मदीना हौज़ की तरह बन चूका था, जबके वादी किनात का नाला महीने भर बहता रहा, और मदीना के आस पा इसे जो भी आता वह खूब सेराबी की बात करता| एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह हमारे आस पास बारिश बरसा, हम पर न बरसा, ऐ अल्लाह! टीलो पर पहाड़ो पर जो वादियों में और दरख्तों के उगने की जगहों पर बारिश बरसा”, रावी बयान करते हैं, बारिश थम गई और हम निकले तो हम धुप में चल रहे थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (933) و مسلم (8 ، 9 / 897)، (2078)

٥٩٠٣ - (صَحِيح) وَعَنْ»» جَابِرٍ قَالَ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا خَطَبَ اسْتَنَدَ إِلَى جِذْعِ نَخْلَةٍ مِنْ سَوَارِي الْمَسْجِدِ فَلَمَّا صُنِعَ لَهُ الْمِنْبَرُ فَاسْتَوَى عَلَيْهِ صاحَتِ النَّخْلَةُ الَّتِي كَانَ يَخْطُبُ عِنْدَهَا حَتَّى كَادَت تَنْشَقَّ فَنَزَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى أَخَذَهَا فَضَمَّهَا إِلَيْهِ فَجَعَلَتْ تَئِنُّ [ص:١٦٥] أَنِينَ الصَّبِيِّ الَّذِي يُسَكَّتُ حَتَّى اسْتَقَرَّتْ قَالَ بَكَتْ عَلَى مَا كَانَتْ تَسْمَعُ مِنَ الذِّكْرِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5903. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ खुत्बा इरशाद फरमाते, तो आप मस्जिद के सुतून में से खजूर के तने के साथ टेक लगाया करते थे, जब आप के लिए मिम्बर बना दिया गया तो आप उस पर खड़े हो गए, चुनांचे आप जिस खजूर के तने के पास खुत्बा इरशाद फ़रमाया करते थे वह चीखने चलाने लगा: हत्ता कि करीब था के वह फट जाता, नबी ﷺ (मिम्बर से) निचे उतरे, इसे पकड़ा और इसे अपने साथ मिलाया तो वह इस बच्चे की तरह रोने लगा जिसे ख़ामोश कराया जाता है, हत्ता कि वह ख़ामोश हो गया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो जो ज़िक्र सुना करता था अब वह उस से महरूम हो गया है इस लिए वह रोया था”| (बुखारी)

رواه البخارى (2095)

٥٩٠٤ - (صَحِيح) وَعَن»» سَلمَة بن الْأَكْوَع أَنَّ رَجُلًا أَكَلَ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِشِمَالِهِ فَقَالَ: «كُلْ بِيَمِينِكَ» قَالَ: لاأستطيع. قَالَ «لَا اسْتَطَعْتَ» . مَا مَنَعَهُ إِلَّا الْكِبْرُ قا ل: فَمَا رَفعهَا إِلَى فِيهِ. رَوَاهُ مُسلم

5904. सलमा बिन अक्वा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ के पास बाए हाथ से खाया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने दाए हाथ से खाओ”, उस ने कहा में ताकत नहीं रखता, आप ﷺ ने फ़रमाया: ’, तो इस्तिताअत न रखे”, इस शख़्स को तकब्बुर ही ने रोका था, रावी बयान करते हैं, वह फिर इस दाए हाथ को अपने मुंह तक नहीं उठा सकता था| (मुस्लिम)

رواه مسلم (107 / 2021)، (5268)

٥٩٠٥ -(صَحِيح) وَعَن أنسٍ أَنَّ أَهْلَ الْمَدِينَةِ فَزِعُوا مَرَّةً فَرَكِبَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَسًا لِأَبِي طَلْحَةَ بَطِيئًا وَكَانَ يَقْطِفُ فَلَمَّا رَجَعَ قَالَ: «وَجَدْنَا فَرَسَكُمْ هَذَا بَحْرًا» . فَكَانَ بَعْدَ ذَلِكَ لَا يُجَارَى»» وَفِي رِوَايَةٍ: فَمَا سُبِقَ بَعْدَ ذَلِكَ الْيَوْم. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5905. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक मर्तबा मदीना वाले घबराहट का शिकार हो गए, नबी ﷺ अबू तल्हा के घोड़े पर जिस पर जैन नहीं थी, सवार हो गए वह सुस्त रफ़्तार था, जब आप ﷺ वापिस तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “हमने तुम्हारे इस घोड़े को दरिया (यानी तेज़ रफ़्तार) पाया”, फिर उस के बाद यह घोड़ा किसी दुसरे घोड़े को करीब फटकने नहीं देता था एक दूसरी रिवायत में है इस रोज़ के बाद कोई घोड़ा उस के आगे नहीं बढ़ सका| (बुखारी)

متفق علیه ، رواه البخارى (2867 و الرواية الثانية : 2969) و مسلم (48 / 2307)، (6006)

٥٩٠٦ - (صَحِيح) وَعَن»» جابرٍ قَالَ: تُوُفِّيَ أَبِي وَعَلَيْهِ دَيْنٌ فَعَرَضْتُ عَلَى غُرَمَائه أَن يأخذو االتمر بِمَا عَلَيْهِ فَأَبَوْا فَأَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ: قَدْ عَلِمْتَ أَنَّ وَالِدِي استُشهدَ يَوْم أحد وَترك عَلَيْهِ دَيْنًا كَثِيرًا وَإِنِّي أُحِبُّ أَنْ يَرَاكَ الْغُرَمَاءُ فَقَالَ لِيَ: " اذْهَبْ فَبَيْدِرْ كُلَّ تَمْرٍ عَلَى نَاحِيَةٍ فَفَعَلْتُ ثُمَّ دَعَوْتُهُ فَلَمَّا نَظَرُوا إِلَيْهِ كَأَنَّهُمْ أُغْرُوا بِي تِلْكَ السَّاعَةَ فَلَمَّا رَأَى مَا يَصْنَعُونَ طَافَ حَوْلَ أَعْظَمِهَا بَيْدَرًا ثَلَاثَ مَرَّاتٍ ثُمَّ جَلَسَ عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «ادْعُ لِي أَصْحَابَكَ» . فَمَا زَالَ يَكِيلُ لَهُمْ حَتَّى أَدَّى اللَّهُ عَنْ وَالِدِي أَمَانَتَهُ وَأَنَا أَرْضَى أَن يُؤَدِّي الله أَمَانَة وَالِدي وَلَا أرجع إِلَى أَخَوَاتِي بِتَمْرَةٍ فَسَلَّمَ اللَّهُ الْبَيَادِرَ كُلَّهَا وَحَتَّى إِني أنظر إِلى البيدر الَّذِي كَانَ عَلَيْهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَأَنَّهَا لم تنقصُ تَمْرَة وَاحِدَة. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5906. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की जिस वक़्त मेरे वालिद फौत हुए तो वह मकरूज़ थे, मैंने उन के क़र्ज़ ख्वाहों को पेश कश की के वह उस के क़र्ज़ के बराबर खजूरे ले लें, लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और अर्ज़ किया, आप जानते हैं की मेरे वालिद गज़वा ए उहद में शहीद कर दिए गए थे, और उन्होंने बहोत सा क़र्ज़ छोड़ा है, और मैं चाहता हूँ कि वह क़र्ज़ ख्वाह आप को (मेरे यहाँ) देख लें, आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “जाओ हर किस्म की खजूर अलग अलग जमा करो”, मैंने ऐसे ही किया, फिर आप को दावत दी, जब क़र्ज़ ख्वाहों ने आप की तरफ देखा तो मुझ पर सख्त नाराज़ हुए, जब आप ने उनका तर्ज़े अमल देखा तो आप ने सबसे बड़े ढेर के गिर्द तीन चक्कर लगाए, फिर उस पर बैठ गए, फिर फ़रमाया: “अपने क़र्ज़ ख्वाहों को बुलाओ”, आप ﷺ उन्हें नाप कर अदा फरमाते रहे हत्ता कि अल्लाह ने मेरे वालिद का सारा क़र्ज़ अदा कर दिया और मैं खुश था के अल्लाह ने मेरे वालिद का क़र्ज़ अदा फरमा दिया

और (मेरा ख़याल था के) में अपने बहनों के लिए एक खजूर भी ले कर न जा सकूंगा, लेकिन अल्लाह ने सारे ढेर बचा दिए हत्ता कि में इस ढेर की तरफ, जिस पर नबी ﷺ बैठे हुए थे देख रहा हूँ कि वह इसी तरह है के जिस तरह उस से एक खजूर भी कम नहीं हुई| (बुखारी)

رواه البخارى (2781)

٥٩٠٧ - (صَحِيح) وَعَنْهُ»» قَالَ: إِنَّ أُمَّ مَالِكٍ كَانَتْ تُهْدِي لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي عُكَّةٍ لَهَا سَمْنًا فَيَأْتِيهَا بَنُوهَا فَيَسْأَلُونَ الْأُدْمَ وَلَيْسَ عِنْدَهُمْ شَيْءٌ فَتَعْمِدُ إِلَى الَّذِي كَانَتْ تُهْدِي فِيهِ لِلنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَتَجِدُ فِيهِ سَمْنًا فَمَا زَالَ يُقِيمُ لَهَا أُدْمَ بَيْتِهَا حَتَّى عَصَرَتْهُ فَأَتَتِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «عَصَرْتِيهَا» قَالَتْ نَعَمْ قَالَ: «لَوْ تَرَكْتِيهَا مَا زَالَ قَائِمًا» . رَوَاهُ مُسْلِمٌ

5907. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की उम्म मालिक रदी अल्लाहु अन्हा अपने एक मश्किज़े में नबी ﷺ की खिदमत में घी का हदिया पेश किया करती थी, उन के बेटे उन के पास आते और सालन मांगते और उन के पास कुछ न होता तो वह इस मश्किज़े का क़सद करती जिस में वह नबी ﷺ को हदिया भेजा करती थी, वह उस में घी पाती, और उन के घर में हमेशा ही सालन रहा हत्ता कि उस ने इस (मश्किज़े) को निचोड़ लिया, वह नबी ﷺ के पास आई तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने इसे निचोड़ लिया है ?” उम्म मालिक रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम उसे छोड़ देती तो वह वैसे ही रहता”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (8 / 2280)، (5945)

٥٩٠٨ - (صَحِيح) وَعَن»» أنسٍ قَالَ: قَالَ أَبُو طَلْحَةَ لِأُمِّ سُلَيْمٍ لَقَدْ سَمِعْتُ صَوْتَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ضَعِيفًا أَعْرِفُ فِيهِ الْجُوعَ فَهَلْ عِنْدَكِ من شَيْء؟ فَأَخْرَجَتْ أَقْرَاصًا مِنْ شَعِيرٍ ثُمَّ أَخْرَجَتْ خِمَارًا لَهَا فَلَفَّتِ الْخُبْزَ بِبَعْضِهِ ثُمَّ دَسَّتْهُ تَحْتَ يَدِي وَلَاثَتْنِي بِبَعْضِهِ ثُمَّ أَرْسَلَتْنِي إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ فَذَهَبْتُ بِهِ فَوَجَدْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْمَسْجِدِ وَمَعَهُ النَّاسُ فَقُمْتُ عَلَيْهِمْ فَقَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَرْسَلَكَ أَبُو طَلْحَةَ؟» قُلْتُ نَعَمْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِمَنْ مَعَهُ قُومُوا فَانْطَلَقَ وَانْطَلَقْتُ بَيْنَ أَيْدِيهِمْ حَتَّى جِئْت أَبَا طَلْحَة فَقَالَ أَبُو طَلْحَةَ يَا أُمَّ سُلَيْمٍ قَدْ جَاءَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالنَّاسِ وَلَيْسَ عِنْدَنَا مَا نُطْعِمُهُمْ فَقَالَتْ اللَّهُ وَرَسُوله أعلم قَالَ فَانْطَلَقَ أَبُو طَلْحَةَ حَتَّى لَقِيَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَقْبَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَبُو طَلْحَةَ مَعَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هَلُمِّي يَا أُمَّ سُلَيْمٍ مَا عِنْدَكِ فَأَتَتْ بذلك الْخبز فَأمر بِهِ ففت وعصرت أم سليم عكة لَهَا فأدمته ثمَّ قَالَ فِيهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا شَاءَ اللَّهُ أَنْ يَقُولَ ثُمَّ قَالَ ائْذَنْ لِعَشَرَةٍ فَأَذِنَ لَهُمْ فَأَكَلُوا [ص:١٦٥ حَتَّى شَبِعُوا ثُمَّ خَرَجُوا ثُمَّ قَالَ ائْذَنْ لِعَشَرَةٍ فَأَذِنَ لَهُمْ فَأَكَلُوا حَتَّى شَبِعُوا ثُمَّ خَرَجُوا ثُمَّ قَالَ ائْذَنْ لِعَشَرَةٍ فَأَذِنَ لَهُمْ فَأَكَلُوا حَتَّى شَبِعُوا ثمَّ خرجُوا ثمَّ أذن لِعَشَرَةٍ فَأَكَلَ الْقَوْمُ كُلُّهُمْ وَشَبِعُوا وَالْقَوْمُ سَبْعُونَ أَوْ ثَمَانُونَ رَجُلًا. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ»» وَفِي رِوَايَةٍ لمُسلم أَنه قَالَ: «أذن لِعَشَرَةٍ» فَدَخَلُوا فَقَالَ: «كُلُوا وَسَمُّوا اللَّهَ» . فَأَكَلُوا حَتَّى فَعَلَ ذَلِكَ بِثَمَانِينَ رَجُلًا ثُمَّ أَكَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَهْلُ الْبَيْتِ وَتَرَكَ سُؤْرًا»» وَفِي رِوَايَةٍ لِلْبُخَارِيِّ قَالَ: «أَدْخِلْ عَلَيَّ عَشَرَةً» . حَتَّى عَدَّ أَرْبَعِينَ ثُمَّ أَكَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجَعَلْتُ أَنْظُرُ هَلْ نَقَصَ مِنْهَا شَيْءٌ؟»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ: ثُمَّ أَخَذَ مَا بَقِيَ فَجَمَعَهُ ثُمَّ دَعَا فِيهِ با لبركة فَعَاد كَمَا كَانَ فَقَالَ: «دونكم هَذَا»

5908. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु ने उम्मे सुलैम रदी अल्लाहु अन्हा से कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की आवाज़ कमज़ोर सी सुनी है, जिस से मैंने भूख का अंदाज़ा लगाया है, क्या तुम्हारे पास कोई चीज़

है ? उन्होंने कहा: जी हाँ, उन्होंने जो की चंद रोटियां निकाली, फिर अपनी ओढ़नी निकाली और रोटियों को लपेट कर चादर के एक कोने में बांध कर मेरे हाथ में थमा दिया, फिर मुझे रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में भेज दिया, मैं वह ले कर चला गया, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को मस्जिद में पाया और आप के साथ कुछ लोग भी थे, मैंने उन्हें सलाम किया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: "तुझे अबू तल्हा ने भेजा है ?" मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ने फ़रमाया: "खाना दे कर ?" मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! रसूलुल्लाह ﷺ ने हाज़िरिन से फ़रमाया: "खड़े हो जाओ", आप चले और मैं उन के आगे आगे चल रहा था, हत्ता कि मैंने अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु के पास पहुँच कर उन्हें बताया तो अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: उम्म सुलैम! रसूलुल्लाह ﷺ चंद साथियो के साथ तशरीफ़ लाइ है, जबके हमारे पास तो ऐसी कोई चीज़ नहीं जो उन्हें खिलाने के लिए पेश कर सके, उन्होंने ने फ़रमाया: अल्लाह और उस के रसूल ज़्यादा जानते हैं, अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु गए हत्ता के रसूलुल्लाह ﷺ से मुलाकात की, फिर रसूलुल्लाह ﷺ अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु के साथ तशरीफ़ लाए तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "उम्म सुलय्म! तुम्हारे पास जो कुछ है के ले आओ", वह वही रोटियां ले आइ, रसूलुल्लाह ﷺ के फरमान पर उन रोटियों को चुरा किया गया और उम्मे सुलैम रदी अल्लाहु अन्हा ने इन पर घी का मश्किज़ा निचोड़ा और इसे सालन बनाया, फिर रसूलुल्लाह ﷺ ने इस खाने के बारे में वह दुआ फरमाई जो अल्लाह तआला ने चाहो फिर फ़रमाया: "दस आदमियों को बुलाओ, उन्हें बुलाया गया उन्होंने सैर हो कर खाना खाया, फिर वह चले गए, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "दस को बुलाओ, इस तरह सब लोगो ने सैर हो कर खाना खाया, वह सत्तर या अस्सी लोग थे| और सहीह मुस्लिम की रिवायत में है की आप ﷺ ने फ़रमाया: "दस लोगों को बुलाओ", वह आए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह का नाम ले कर खाओ", उन्होंने खाया हत्ता कि आप ﷺ ने अस्सी लोगों से ऐसे ही फ़रमाया, फिर नबी ﷺ और घरवालो ने खाया और खाना बच भी गया| और सहीह बुखारी की रिवायत में है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मेरे पास दस आदमी भेजो, हत्ता कि आप ने चालीस लोग गिने, फिर नबी ﷺ ने खाना खाया, मैं देखने लगा के क्या उस में कोई कमी आती है ? और सहीह मुस्लिम की रिवायत में है, फिर जो खाना बच गया, आप ﷺ ने इसे इकट्ठा किया, फिर उस के लिए बरकत की दुआ फरमाई तो वह जितना था इतना ही हो गया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे ले लो"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3578) و مسلم (142 / 2040) الرواية الثانية ، رواها مسلم (143 / 2040) و الرواية الثالثة ، رواها البخارى (5450) و الرواية الرابعة ، رواها مسلم (143 / 2040)، (5316)

٥٩٠٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعنهُ قا ل: أَتِيَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِإِنَاءٍ وَهُوَ بِالزَّوْرَاءِ فَوَضَعَ يَدَهُ فِي الْإِنَاءِ فَجَعَلَ الْمَاءُ يَنْبُعُ مِنْ بَيْنِ أَصَابِعِهِ فَتَوَضَّأَ الْقَوْمُ قَالَ قَتَادَةُ: قُلْتُ لِأَنَسٍ: كَمْ كُنْتُمْ؟ قَالَ: ثلاثمائةٍ أَو زهاءَ ثلاثمائةٍ. مُتَّفق عَلَيْهِ

5909. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ जवरा के मक़ाम पर थे की एक बर्तन आप की खिदमत में पेश किया गया, आप ने अपना दस्ते मुबारक बर्तन में रखा तो आप की उंगलियों से पानी फूटने लगा, सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने उस से वुज़ू किया, क़तादाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अनस रदी अल्लाहु अन्हु से पूछा: तुम कितने थे ? उन्होंने फ़रमाया तीन सौ या तकरीबन तीन सौ| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3572) و مسلم (7 ، 6 / 2279)، (5943 و 5944)

٥٩١٠ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ قَالَ: كُنَّا نَعُدُّ الْآيَاتِ بَرَكَةً وَأَنْتُمْ تَعُدُّونَهَا تَخْوِيفًا كُنَّا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَفَرٍ فَقَلَّ الْمَاءُ فَقَالَ: «اطْلُبُوا فَضْلَةً مِنْ مَاءٍ» فَجَاءُوا بِإِنَاءٍ فِيهِ مَاءٌ قَلِيلٌ فَأَدْخَلَ يَدَهُ فِي الْإِنَاءِ ثُمَّ قَالَ: «حَيَّ على الطَّهورِ الْمُبَارك وَالْبركَة من الله» فَلَقَد رَأَيْتُ الْمَاءَ يَنْبُعُ مِنْ بَيْنِ أَصَابِعِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَقَد كُنَّا نَسْمَعُ تَسْبِيحَ الطَّعَامِ وَهُوَ يُؤْكَلُ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5910. अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम तो तो आयात व मोअजिज़ात को बाईस ए बरकत शुमार किया करते थे जबके तुम उन्हें बाईस ए तखविफ समझते हो, हम एक मर्तबा रसूलुल्लाह ﷺ के साथ शरीक ए सफ़र थे की पानी कम पड़ गया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो पानी बच गया है उसे ले कर आओ”, वह एक बर्तन लाए जिस में थोड़ा पानी था, आप ﷺ ने अपना दस्ते मुबारक बर्तन में दाखिल फ़रमाया फिर फ़रमाया: “मुबारक पानी हासिल करो और बरकत अल्लाह की तरफ से हुई है” और मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की उंगलियों से पानी फूटते हुए देखा, और खाना खाने के दौरान हम खाने की तस्बीह सुना करते थे| (बुखारी)

رواه البخاری (3579)

٥٩١١ - (صَحِيح) وَعَن»» أبي قتادة قَالَ خَطَبَنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ إِنَّكُمْ [ص:١٦٦ تَسِيرُونَ عَشِيَّتَكُمْ وَلَيْلَتَكُمْ وَتَأْتُونَ الْمَاءَ إِنْ شَاءَ اللَّهُ غَدًا فَانْطَلَقَ النَّاسُ لَا يَلْوِي أَحَدٌ عَلَى أَحَدٍ قَالَ أَبُو قَتَادَةَ فَبَيْنَمَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَسِيرُ حَتَّى ابْهَارَّ اللَّيْلُ فَمَالَ عَنِ الطَّرِيقِ فَوَضَعَ رَأْسَهُ ثُمَّ قَالَ احْفَظُوا عَلَيْنَا صَلَاتَنَا فَكَانَ أَوَّلَ مَنِ اسْتَيْقَظَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالشَّمْسُ فِي ظَهْرِهِ ثُمَّ قَالَ ارْكَبُوا فَرَكِبْنَا فَسِرْنَا حَتَّى إِذَا ارْتَفَعَتِ الشَّمْسُ نَزَلَ ثُمَّ دَعَا بِمِيضَأَةٍ كَانَتْ معي فِيهَا شيءٌ من مَاء قَالَ فَتَوَضَّأَ مِنْهَا وُضُوءًا دُونَ وُضُوءٍ قَالَ وَبَقِيَ فِيهَا شَيْءٌ مِنْ مَاءٍ ثُمَّ قَالَ احْفَظْ عَلَيْنَا مِيضَأَتَكَ فَسَيَكُونُ لَهَا نَبَأٌ ثُمَّ أَذَّنَ بِلَالٌ بِالصَّلَاةِ فَصَلَّى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ صَلَّى الْغَدَاةَ وَرَكِبَ وَرَكِبْنَا مَعَهُ فَانْتَهَيْنَا إِلَى النَّاسِ حِينَ امْتَدَّ النَّهَارُ وَحَمِيَ كُلُّ شَيْءٌ وَهُمْ يَقُولُونَ يَا رَسُولَ اللَّهِ هَلَكْنَا وَعَطِشْنَا فَقَالَ لَا هُلْكَ عَلَيْكُمْ وَدَعَا بِالْمِيضَأَةِ فَجَعَلَ يَصُبُّ وَأَبُو قَتَادَةَ يَسْقِيهِمْ فَلَمْ يَعْدُ أَنْ رَأَى النَّاسُ مَاءً فِي الْمِيضَأَةِ تَكَابُّوا عَلَيْهَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَحْسِنُوا الْمَلَأَ كُلُّكُمْ سَيُرْوَى قَالَ فَفَعَلُوا فَجَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَصُبُّ وَأَسْقِيهِمْ حَتَّى مَا بَقِيَ غَيْرِي وَغَيْرُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ صَبَّ فَقَالَ لِيَ اشْرَبْ فَقُلْتُ لَا أَشْرَبُ حَتَّى تَشْرَبَ يَا رَسُولَ الله قَالَ إِن ساقي الْقَوْم آخِرهم شربا قَالَ فَشَرِبْتُ وَشَرِبَ قَالَ فَأَتَى النَّاسُ الْمَاءَ جَامِّينَ رِوَاءً. رَوَاهُ مُسْلِمٌ هَكَذَا فِي صَحِيحِهِ وَكَذَا فِي كتاب الْحميدِي وجامع الْأُصُولِ وَزَادَ فِي الْمَصَابِيحِ بَعْدَ قَوْلِهِ آخِرُهُمْ لَفْظَة شربا

5911. अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें खुत्बा इरशाद फ़रमाया तो उस में फ़रमाया: “तुम रातभर सफ़र करने के बाद इंशाअल्लाह कल पानी तक पहुँच जाओगे”, सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन चलते गए कोई किसी तरफ तवज्जो नहीं कर रहा था, अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: रसूलुल्लाह ﷺ सफ़र कर रहे थे हत्ता कि आधी रात हो गइ तो आप रास्ते से हट कर एक जगह सर मुबारक रख कर सोने लगे और फ़रमाया: “हमारी नमाज़ का ख़याल रखना”, सबसे पहले रसूलुल्लाह (स) ही बेदार हुए इस वक़्त सूरज तुलुअ हो चूका था, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “सवारियों पर सवार हो जाओ”, हम सवार हो गए और सफ़र शुरू कर दिया हत्ता कि जब सूरज बुलंद हो गया तो आप ने पड़ाव डाला, फिर आप ने पानी का बर्तन मंगवाया जो के मेरे पास था, उस में कुछ पानी था, आप ने एहतियात के साथ उस से वुज़ू फ़रमाया, रावी बयान करते हैं, उस में थोड़ा पानी बच गया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “हमारे लिए इस पानी की हिफाज़त करो, अनकरीब इस बर्तन को बड़ी अज़मत हासिल होगी”, फिर बिलाल रदी अल्लाहु अन्हु ने नमाज़ के लिए आज़ान दी तो रसूलुल्लाह ﷺ ने दो रकते पढ़ाइ, फिर नमाज़ ए फजर अदा की, आप सवार हुए तो

हम भी आप के साथ ही सवार हो गए, और हम लोगो के पास पहुंचे तो दिन अच्छी तरह चढ़ चूका था और हर चीज़ गरम हो चुकी थी, लोग कह रहे थे: अल्लाह के रसूल! हम (लू की वजह से) हलाक हो गए और प्यासे हो गए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम हलाक नहीं होगे”, आप ने पानी का बर्तन मंगवाया, आप उन्देल रहे थे और अबू क़तादा रदी अल्लाहु अन्हु उन्हें पिला रहे थे, लोगो ने पानी का बर्तन देखा तो वह उस पर झुक गए रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने अख़लाक़ संवारो, तुम सब सेराब हो जाओगे”, रावी बयान करते हैं, उन्होंने तामिल की तो रसूलुल्लाह ﷺ उन्देल रहे थे और मैं उन्हें पिला रहा था, हत्ता कि में और रसूलुल्लाह (स) ही बाकी रह गए, फिर आप ने पानी उंडेला और मुझे फ़रमाया: “पियो”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं आप से पहले नहीं पियूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “लोगो को पिलाने वाला सबसे आख़िर पर पीता है”, रावी बयान करते हैं, मैंने पिया और फिर आप ने पिया, रावी बयान करते हैं, लोग सेराब हो कर राहत के साथ पानी पर आए| # इसी तरह सहीह मुस्लिम में है और किताब अल हुमैदी और जामेअ अल अस्वल में इसी तरह है, और मसाबिह में लफ्ज़ ((آخِرُهُمْ)) के बाद लफ़्ज़ ((شربا)) का इज़ाफा है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (311 / 681)، (1562)

٥٩١٢ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: لَمَّا كَانَ يَوْمُ غزوةِ تَبُوك أصابَ النَّاس [ص:١٦٦ مجاعةٌ فَقَالَ عُمَرُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ادْعُهُمْ بِفَضْلِ أَزْوَادِهِمْ ثُمَّ ادْعُ اللَّهَ لَهُمْ عَلَيْهَا بِالْبَرَكَةِ فَقَالَ: نعم قَالَ فَدَعَا بِنِطَعٍ فَبُسِطَ ثُمَّ دَعَا بِفَضْلِ أَزْوَادِهِمْ فَجَعَلَ الرَّجُلُ يَجِيءُ بِكَفِّ ذُرَةٍ وَيَجِيءُ الْآخَرُ بِكَفِّ تَمْرٍ وَيَجِيءُ الْآخَرُ بِكِسْرَةٍ حَتَّى اجْتَمَعَ عَلَى النِّطَعِ شَيْءٌ يَسِيرٌ فَدَعَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالْبَرَكَةِ ثُمَّ قَالَ خُذُوا فِي أوعيتكم فَأَخَذُوا فِي أَوْعِيَتِهِمْ حَتَّى مَا تَرَكُوا فِي الْعَسْكَر وعَاء إِلا ملؤوه قَالَ فَأَكَلُوا حَتَّى شَبِعُوا وَفَضَلَتْ فَضْلَةٌ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَأَنِّي رَسُولُ اللَّهِ لَا يَلْقَى اللَّهَ بِهِمَا عَبْدٌ غَيْرُ شاكٍّ فيحجبَ عَن الْجنَّة» . رَوَاهُ مُسلم

5912. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए तबुक के मौके पर सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन सख्त भूख का शिकार हो गए तो उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! उन से इज़ाफ़ी (ज़्यादा) जादे राह (रसद) तलब फरमाइए, फिर अल्लाह से इन के लिए उस में बरकत की दुआ फरमाइए, आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, ठीक है” आप ने चमड़े का दस्तरखान मंगवाया, इसे बिछा दिया गया, फिर आप ने उन से बचा हुआ जादे राह (रसद) तलब फ़रमाया, कोई आदमी मुठ्ठी फिर कई लाया, कोई मुठ्ठी फिर खजूर लाया, और कोई रोटी का टुकड़ा लाया, हत्ता कि दस्तरखान पर ठोड़ी सी चीज़ जमा हो गइ तो रसूलुल्लाह ﷺ ने बरकत के लिए दुआ फरमाई फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “अपने बर्तन भर लो”| उन्होंने अपने बर्तन भर लिए हत्ता कि उन्होंने लश्कर के तमाम बर्तन भर लिए, रावी बयान करते हैं, उन्होंने खूब सैर हो कर खाया हत्ता कि खाना बच भी गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं और यह कि में अल्लाह का रसूल हूँ, जो शख़्स यकीन के साथ शहादतीन का इकरार करता है तो वह जन्नत से नहीं रोका जाएगा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (45 / 27)، (139)

٥٩١٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أَنَسٍ: كَانَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَرُوسًا بِزَيْنَبَ فَعَمَدَتْ أَمِّي أَمُّ سُلَيْمٍ إِلَى تَمْرٍ وَسَمْنٍ وَأَقِطٍ فَصَنَعَتْ حَيْسًا فَجَعَلَتْهُ فِي تَوْرٍ فَقَالَتْ يَا أَنَسُ اذْهَبْ بِهَذَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْ بَعَثَتْ بِهَذَا إِلَيْكَ أُمِّي وَهِيَ تُقْرِئُكَ السَّلَامَ

وَتَقُولُ إِنَّ هَذَا لَكَ مِنَّا قَلِيلٌ يَا رَسُولَ الله قَالَ فَذَهَبْتُ فَقُلْتُ فَقَالَ ضَعْهُ ثُمَّ قَالَ اذْهَبْ فَادْعُ لِي فُلَانًا وَفُلَانًا وَفُلَانًا رِجَالًا سَمَّاهُمْ وَادْعُ مَنْ لَقِيتَ فَدَعَوْتُ مَنْ سَمَّى وَمَنْ لَقِيتُ فَرَجَعْتُ فَإِذَا الْبَيْتُ غَاصٌّ بِأَهْلِهِ قِيلَ لأنس عدد كم كَانُوا؟ قَالَ زهاء ثَلَاث مائَة. فَرَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَضَعَ يَدَهُ عَلَى تِلْكَ الْحَيْسَةِ وَتَكَلَّمَ بِمَا شَاءَ اللَّهُ ثُمَّ جَعَلَ يَدْعُو عَشَرَةً عَشَرَةً يَأْكُلُونَ مِنْهُ وَيَقُول لَهُم: «اذْكروا اسْم الله وليأكلْ كُلُّ رَجُلٍ مِمَّا يَلِيهِ» قَالَ: فَأَكَلُوا حَتَّى شَبِعُوا. فَخَرَجَتْ طَائِفَةٌ وَدَخَلَتْ طَائِفَةٌ حَتَّى أَكَلُوا كُلُّهُمْ قَالَ لِي يَا أَنَسُ ارْفَعْ. فَرَفَعْتُ فَمَا أَدْرِي حِينَ وَضَعْتُ كَانَ أَكْثَرَ أَمْ حِين رفعت. مُتَّفق عَلَيْهِ

5913. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ की जैनब रदी अल्लाहु अन्हा से शादी हुई तो मेरी वालिदा उम्मे सुलैम रदी अल्लाहु अन्हा ने खजूर, घी और पनीर ले कर हईस बनाया और इसे हंडिया जैसे बर्तन में रखा, और फ़रमाया: अनस! इसे रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में ले जाओ, और उन्हें कहो: इसे मेरी वालिदा ने आप की खिदमत में पेश किया है और वह आप को सलाम अर्ज़ करती है, और उन्होंने यह भी अर्ज़ किया है के अल्लाह के रसूल! यह हमारी तरफ से आप की खिदमत में मुख़्तसर (यानी हकीर) सा हदिया है, मैं गया, और अर्ज़ किया, तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे रख दो”, फिर फ़रमाया: “जाओ! फलां, फलां और फलां शख़्स को बूला लाओ”, और आप ने उन के नाम भी बताए “ और जो भी तुझे मिले इसे बुला लाओ”, आप ने जिन के नाम बताए थे, मैं उन्हें और जो लोग रास्ते में मुझे मिले तो मैं उन्हें बुला लाया, मैं वापिस आया तो घर भर चुका था, अनस रदी अल्लाहु अन्हु से दरियाफ्त किया गया: तुम कितने लोग थे ? उन्होंने ने फ़रमाया: तकरीबन तीन सो, मैंने नबी ﷺ को देखा के आप ने इस हिस्से (हलवे) में अपना दस्ते मुबारक रखा और जो अल्लाह ने चाहा वह दुआ फरमाई, फिर आप दस दस आदमियों को बुलाते रहे और वह उस से खाते रहे, आप ﷺ उन्हें फरमाते: “अल्लाह का नाम लो और हर शख़्स अपने सामने से खाए”, रावी बयान करते हैं, इन सब ने खूब सैर हो कर खा लिया, एक गिरोह निकलते तो दूसरा गिरोह दाखिल हो जाता, हत्ता कि इन सब ने खा लिया, आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “अनस (इसे) उठा लो”, मैंने उठा लिया, मैं नहीं जानता की जब मैंने (हयस) रखा था तब ज़्यादा था या जब मैंने उठाया था तब ज़्यादा था| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (5163) و مسلم (94 / 1428)، (3507)

٥٩١٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: غَزَوْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنا على نَاضِحٍ [ص:١٦٦ لنا قَدْ أَعْيَا فَلَا يَكَادُ يَسِيرُ فَتَلَاحَقَ بِيَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ لي مَا لبعيرك قلت: قدعيي فَتَخَلَّفَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فزجره ودعا لَهُ فَمَا زَالَ بَيْنَ يَدَيِ الْإِبِلِ قُدَّامَهَا يسير فَقَالَ لي كَيفَ ترى بعيرك قَالَ قُلْتُ بِخَيْرٍ قَدْ أَصَابَتْهُ بَرَكَتُكَ قَالَ أَفَتَبِيعُنِيهِ بِوُقِيَّةٍ. فَبِعْتُهُ عَلَى أَنَّ لِي فَقَارَ ظَهْرِهِ حَتَّى الْمَدِينَةِ فَلَمَّا قَدِمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ غَدَوْتُ عَلَيْهِ بِالْبَعِيرِ فَأَعْطَانِي ثمنَهُ وردَّهُ عَليّ. مُتَّفق عَلَيْهِ

5914. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं एक गज़वा मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ शरीक था, मैं पानी लाने वाले एक ऊंट पर सवार था, वह थक चूका था और वह चलने के काबिल नहीं रहा था, नबी ﷺ मेरे पास तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “तेरे ऊंट को क्या हुआ है ?” मैंने अर्ज़ किया: वह थक चूका है, रसूलुल्लाह ﷺ पीछे गए और इसे डांटा और उस के लिए दुआ फरमाई, फिर वह दुसरे ऊटों के आगे आगे चलता रहा, आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “तुम्हारे ऊंट का क्या हाल है ?” मैंने अर्ज़ किया: बेहतर है ? आप की बरकत का उस पर असर हो गया है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तूम उसे चालीस दिरहम के अवेज़ बेचोगे ?” मैंने इस शर्त पर इसे बेच दीया के मदीना तक में इसी पर सफ़र करूँगा, जब रसूलुल्लाह ﷺ

मदीना पहुंचे तो अगले रोज़ में ऊंट ले कर हाज़िर ए खिदमत हुआ तो आप ﷺ ने मुझे उस की कीमत अता फरमा दी, वह ऊंट भी मुझे वापिस दे दिया| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2967) و مسلم (110 / 715)، (4100)

٥٩١٥ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن أبي حميد السَّاعِدِيّ قَالَ: خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غَزْوَةَ تَبُوكَ فَأَتَيْنَا وَادِيَ الْقُرَى عَلَى حَدِيقَةٍ لِامْرَأَةٍ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اخْرُصُوهَا» فَخَرَصْنَاهَا وَخَرَصَهَا رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَشَرَةَ أَوْسُقٍ وَقَالَ: «أَحْصِيهَا حَتَّى نَرْجِعَ إِلَيْكِ إِنْ شَاءَ اللَّهُ» وَانْطَلَقْنَا حَتَّى قَدِمْنَا تَبُوكَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «سَتَهُبُّ عَلَيْكُمُ اللَّيْلَةَ رِيحٌ شَدِيدَةٌ فَلَا يَقُمْ فِيهَا أَحَدٌ مِنْكُم فَمَنْ كَانَ لَهُ بَعِيرٌ فَلْيَشُدَّ عِقَالَهُ» فَهَبَّتْ رِيحٌ شَدِيدَةٌ فَقَامَ رَجُلٌ فَحَمَلَتْهُ الرِّيحُ حَتَّى أَلْقَتْهُ بِجَبَلَيْ طَيِّئٍ ثُمَّ أَقْبَلْنَا حَتَّى قَدِمْنَا وَادِيَ الْقُرَى فَسَأَلَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَرْأَةُ عَنْ حَدِيقَتِهَا كَمْ بَلَغَ ثَمَرهَا فَقَالَت عشرَة أوسق. مُتَّفق عَلَيْهِ

5915. अबू हुमैद साअदि रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम गज़वा ए तबुक मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ रवाना हुए हम वादी कुरा में एक औरत के बाग़ के पास पहुंचे तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “इस (के फूलों) का अंदाज़ा लगाओ”, हमने अंदाज़ा लगाया और रसूलुल्लाह ﷺ ने उस का दस वुसक का अंदाज़ा लगाया, और आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस को याद रखना हत्ता कि अगर अल्लाह ने चाहा तो हम तुम्हारे पास वापिस आएँगे”, और हम चलते गए हत्ता कि हम तबुक पहुँच गई तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “आज रात बड़े ज़ोर की आंधी चलेगी, उस में कोई शख़्स खड़ा न हो और जिस शख़्स के पास ऊंट हो तो वह इसे बांध ले”, ज़ोर की आंधी चली, एक आदमी खड़ा हुआ तो आंधी ने इसे उठाकर जबल तय्यीअ पर जा फेका, फिर हम वापिस आए हत्ता कि हम वादी कुरा पहुंचे तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इस औरत से उस के बाग़ के फल के मुत्तल्लिक पूछा के “ उस के फल कितने हुए थे ?” उस ने अर्ज़ किया, दस वुसक| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (1481) و مسلم (11 / 1392)، (3371)

٥٩١٦ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ»» أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّكُمْ سَتَفْتَحُونَ مِصْرَ وَهِيَ أَرْضٌ يُسَمَّى فِيهَا الْقِيرَاطُ فَإِذَا فَتَحْتُمُوهَا فَأَحْسِنُوا إِلَى أَهْلِهَا فَإِنَّ لَهَا ذِمَّةً وَرَحِمًا أَوْ قَالَ: ذِمَّةً وَصِهْرًا فَإِذَا رَأَيْتُمْ رَجُلَيْنِ يَخْتَصِمَانِ فِي مَوْضِعِ لَبِنَةٍ فَاخْرُجْ مِنْهَا ". قَالَ: فَرَأَيْتُ عَبْدَ الرَّحْمَن بن شُرَحْبِيل بن حَسَنَة وأخاه يَخْتَصِمَانِ فِي مَوْضِعِ لَبِنَةٍ فَخَرَجْتُ مِنْهَا. رَوَاهُ مُسلم

5916. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “तुम अनकरीब मस्वर फतह करोगे, और वह ऐसी सरज़मीन है जिस की कर्निसी किरात है, जब तुम उसे फतह कर लो तो वहां के बासिंदों से हुस्ने सुलूक करना, क्योंकि उन्हें हुरमत और क़राबत का हक़ हासिल है, ‘या फ़रमाया: “उन्हें हुरमत और रिश्तेदारी का हक़ हासिल है और जब तुम दो आदमियों को ईंट बराबर जगह पर झगड़ा करते हुए देखो तो वहां से कुच कर जाना”, और मैंने अब्दुल रहमान बिन शुर्हबिल बिन हसन और उस के भाई रबिआ को एक ईंट बराबर पर झगड़ा करते हुए देखा तो मैं वहा इसे निकल आया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (227 ، 226 / 2543)، (6493 و 6494)

٥٩١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ»» حُذَيْفَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " فِي أَصْحَابِي وَفِي رِوَايَة قا ل: فِي أُمَّتِي اثْنَا عَشَرَ مُنَافِقًا لَا يَدْخُلُونَ الْجَنَّةَ وَلَا يَجِدُونَ رِيحَهَا حَتَّى يَلِجَ الْجَمَلُ فِي سم الْخياط ثَمَانِيَة مِنْهُم تَكُ (فيهم الدُّبَيْلَةُ: سِرَاجٌ مِنْ نَارٍ يَظْهَرُ فِي أَكْتَافِهِمْ حَتَّى تَنْجُمَ فِي صُدُورِهِمْ ". رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَسَنَذْكُرُ حَدِيثَ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ: «لَأُعْطِيَنَّ هَذِهِ الرَّايَةَ غَدًا» فِي «بَابِ مَنَاقِبِ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ»» وَحَدِيثَ جَابِرٍ «مَنْ يَصْعَدُ الثَّنِيَّةَ» فِي «بَابِ جَامِعِ الْمَنَاقِبِ» إِنْ شَاءَ اللَّهُ تَعَالَى

5917. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरे सहाबा में”, एक रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरी उम्मत में बारह मुनाफ़िक़ होंगे वह जन्नत में दाखिल होंगे न उस की खुशबु पाएंगे, हत्ता कि ऊंट सुई के नाके में से गुज़र जाए, उन में से आठ को तो वह फोड़ा ही काफी है, इस के अलावा आग का एक शअला जो उन के कंधो के दरमियान ज़ाहिर होगा हत्ता कि उस की हरारत का असर उन के सीनों (यानी दिलों) पर महसूस होगा”| और हम सहल बिन साद (र) से मरवी हदीस ((لأ عطين هذا الرأية غدا)) बाब मनाकब अली (र) और जाबिर (र) से मरवी हदीस (مَنْ يَصْعَدُ الثَّنِيَّةَ) बाब मनाकब का बयान मैं इनशाअल्लाह तआला ज़िक्र करेंगे. (मुस्लिम)

رواه مسلم (10 ، 9 / 2779)، (7035 و 7036) 0 حديث سهل بن سعد سياتى (6080) و حديث جابر ياتى (6220)

بَاب فِي المعجزات • मौजिज़े का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٥٩١٨ - (صَحِيح) عَنْ أَبِي مُوسَى قَالَ: خَرَجَ أَبُو طَالِبٍ إِلَى الشَّام وَخرج مَعَه النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي أَشْيَاخٍ مِنْ قُرَيْشٍ فَلَمَّا أَشْرَفُوا عَلَى الرَّاهِبِ هَبَطُوا فَحَلُّوا رِحَالَهُمْ فَخَرَجَ إِلَيْهِمُ الرَّاهِبُ وَكَانُوا قَبْلَ ذَلِكَ يَمُرُّونَ بِهِ فَلَا يَخْرُجُ إِلَيْهِمْ قَالَ فَهُمْ يَحُلُّونَ رِحَالَهُمْ فَجَعَلَ يَتَخَلَّلُهُمُ الرَّاهِبُ حَتَّى جَاءَ فَأَخَذَ بِيَدِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ هَذَا سَيِّدُ الْعَالَمِينَ هَذَا رسولُ ربِّ الْعَالِمِينَ يَبْعَثُهُ اللَّهُ رَحْمَةً لِلْعَالِمِينَ فَقَالَ لَهُ أَشْيَاخٌ مِنْ قُرَيْشٍ مَا عِلْمُكَ فَقَالَ إِنَّكُمْ حِينَ أَشْرَفْتُمْ مِنَ الْعَقَبَةِ لَمْ يَبْقَ شَجَرٌ وَلَا حَجَرٌ إِلَّا خَرَّ سَاجِدًا وَلَا يَسْجُدَانِ إِلَّا لِنَبِيٍّ وَإِنِّي أَعْرِفُهُ بِخَاتَمِ النُّبُوَّةِ أَسْفَلَ مِنْ غُضْرُوفِ كَتِفِهِ مِثْلَ التُّفَّاحَةِ ثُمَّ رَجَعَ فَصَنَعَ لَهُمْ طَعَامًا فَلَمَّا أَتَاهُمْ بِهِ وَكَانَ هُوَ فِي رِعْيَةِ الْإِبِلِ فَقَالَ أَرْسِلُوا إِلَيْهِ فَأَقْبَلَ وَعَلَيْهِ غَمَامَةٌ تُظِلُّهُ فَلَمَّا دَنَا مِنَ الْقَوْمِ وجدهم قد سَبَقُوهُ إِلَى فَيْءِ الشَّجَرَة فَلَمَّا جَلَسَ مَالَ [ص:١٦٦ فَيْءُ الشَّجَرَةِ عَلَيْهِ فَقَالَ انْظُرُوا إِلَى فَيْءِ الشَّجَرَةِ مَالَ عَلَيْهِ فَقَالَ أنْشدكُمْ بِاللَّه أَيُّكُمْ وَلِيُّهُ قَالُوا أَبُو طَالِبٍ فَلَمْ يَزَلْ يُنَاشِدُهُ حَتَّى رَدَّهُ أَبُو طَالِبٍ وَبَعَثَ مَعَهُ أَبُو بَكْرٍ بِلَالًا وَزَوَّدَهُ الرَّاهِبُ مِنَ الْكَعْكِ وَالزَّيْت. (علق الشَّيْخ أَن ذكر بِلَال فِي الحَدِيث خطأ إِذْ لم يكن خلق بعد)

5918. अबू मूसा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू तालिब नबी ﷺ के साथ कुरैश के अकाबिरिन की साथ में शाम के लिए रवाना हुए, जब वह राहीब के पास पहुंचे तो उन्होंने उस के वहां पड़ाव डालकर अपने सवारियों के कजावे खोल दिए, इतने में राहिब उन के पास आया, वह उस से पहले भी यहाँ से गुज़रा करते थे, लेकिन वह उन के पास नहीं आता था, रावी बयान करते हैं, वह अपने सवारियों के कजावे उतार रहे थे, तो रायिब उन के दरमियान किसी को तलाश करता फिर रहा था, हत्ता कि वह रसूलुल्लाह ﷺ तक पहुँच गया, उस ने आप का दस्ते मुबारक पकड़ कर कहा यह सय्यिदुल आलमीन है, यह रब्बुल आलमीन के रसूल हैं, अल्लाह उन्हें रहमतुल आलमीन बना कर मबउस फरमाएगा, उस पर अकाबिराने कुरैश

ने पूछा तुम्हारे इल्म की बुनियाद क्या है ? उस ने कहा जब तुम घाटी पर चढ़े तो हर सजर व हजर आप के सामने झुक गया, और वह सिर्फ किसी नबी की खातिर ही झुकते है, और मैं महोरे नबूवत से भी उन्हें पहचानता हूँ, जो उन के शाने की हड्डी के निचे सेब की तरह है, फिर वह वापिस गया और इन के लिए खाने का इह्तेमाम किया, जब वह खाना ले कर उन के पास आया तो इस वक़्त आप ﷺ ऊटों की चराहगाह में थे, उस ने कहा: उन्हें बिला भेजो, जब आप तशरीफ़ लाए तो बादल का टुकड़ा आप पर साया किया था, जब आप अकेले कौम के पास आए तो वह लोग आप से पहले ही दरख्त के साये में जा चुके थे, जब आप बैठ गए तो दरख्त का साया झुक गया, उस ने कहा: दरख्त के साए को देखो के वह इन पर झुक गया है, उस ने कहा: में तुम्हें अल्लाह की क़सम दे कर पूछता हूँ, के तुम में से उनका सरपरस्त कौन है ? उन्होंने बताया अबू तालिब, वह मुसलसल इनको क़सम देता रहा (के आप उन्हें वापिस ले जाए) हत्ता कि अबू तालिब ने उन्हें वापिस भेज दिया, और अबू बकर ने बिलाल को आप के साथ रवाना किया और राहीब ने रोटी और जैतून बतौर रसद (माल सामान) आप ﷺ को अता किया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3620 وقال : غريب) * يونس بن ابی اسحاق مدلس و عنعن

٥٩١٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ»» بْنَ أَبِي طَالِبٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ كُنْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَكَّةَ فَخَرَجْنَا فِي بَعْضِ نَوَاحِيهَا فَمَا اسْتَقْبَلَهُ جَبَلٌ وَلَا شَجَرٌ إِلَّا وَهُوَ يَقُولُ: السَّلَامُ عَلَيْكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ والدارمي

5919. अली बिन अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ के साथ मक्का में मौजूद था, हम उस की एक जानिब निकले तो सामने आने वाला हर सजर व हजर कह रहा था: अल्लाह के रसूल! السَّلَامُ عَلَيْكَ (सलामती हो तुम पर)| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3626 وقال : حسن غريب) و الدارمی (1 / 12 ح 21) * وليد بن ابی ثور : ضعيف و عباد : مجهول

٥٩٢٠ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أُتِيَ بِالْبُرَاقِ لَيْلَةَ أُسْرِيَ بِهِ مُلْجَمًا مُسْرجاً فاستصعب عَلَيْهِ فَقَالَ لَهُ جِبْرِيل: أَبِمُحَمَّدٍ تَفْعَلُ هَذَا؟ قَالَ: فَمَا رَكِبَكَ أَحَدٌ أَكْرَمُ عَلَى اللَّهِ مِنْهُ قَالَ: فَارْفَضَّ عَرَقًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

5920. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के मेअराज की रात नबी ﷺ के पास बुराक लाइ गई जिसे लगाम डाली गई थी और उस पर जैन सजाई गई थी, उस ने आप के बैठनेमें रुकावट पैदा की तो जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने इसे फ़रमाया: क्या तुम मुहम्मद ﷺ के साथ यह सुलूक करती हो ? अल्लाह के यहाँ उन से बढ़कर मुअज्ज़ज़ किसी शख्शियत ने तुझ पर सवारी नहीं की होगी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “(ये सुन कर) वह (बुराक) पसीने से शराबोर हो गई| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3131) * قتادة مدلس و عنعن

٥٩٢١ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» بُرَيْدَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَمَّا انْتَهَيْنَا إِلَى بَيْتِ الْمَقْدِسِ قَالَ جِبْرِيل بِأُصْبُعِهِ فَخَرَقَ بِهَا الْحَجَرَ فَشَدَّ بِهِ الْبُرَاقَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5921. बुरैदाह् रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब हम बैतूल मकदस पहुंचे तो जिब्राइल ने अपने ऊँगली से इरशाद फ़रमाया तो उस के साथ पथ्थर में सुराख़ कर दिया और उस के साथ बुराक को बांध दिया"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3132 وقال : غريب)

٥٩٢٢ - (صَحِيح لشواهده) وَعَن يعلى بن مرَّةَ الثَّقفي قَالَ ثَلَاثَةُ أَشْيَاءَ رَأَيْتُهَا مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَيْنَا نَحْنُ نَسِيرُ مَعَه إِذ مَرَرْنَا بِبَعِير يُسْنَى عَلَيْهِ فَلَمَّا رَآهُ الْبَعِيرُ جَرْجَرَ فَوَضَعَ جِرَانَهُ فَوَقَفَ عَلَيْهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ أَيْنَ صَاحِبُ هَذَا الْبَعِيرِ فَجَاءَهُ فَقَالَ بِعْنِيهِ فَقَالَ بَلْ نَهَبُهُ لَكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ وَإِنَّهُ لِأَهْلِ بَيْتٍ مَا لَهُمْ مَعِيشَةٌ غَيْرُهُ [ص:١٦٦ قَالَ أَمَا إِذْ ذَكَرْتَ هَذَا مِنْ أَمْرِهِ فَإِنَّهُ شَكَا كَثْرَةَ الْعَمَلِ وَقِلَّةَ العلفِ فَأَحْسنُوا إِلَيْهِ قَالَ ثمَّ سرنا فنزلنا مَنْزِلًا فَنَامَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجَاءَتْ شَجَرَةٌ تَشُقُّ الْأَرْضَ حَتَّى غَشِيَتْهُ ثُمَّ رَجَعَتْ إِلَى مَكَانِهَا فَلَمَّا اسْتَيْقَظَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذُكِرَتْ لَهُ فَقَالَ هِيَ شجرةٌ استأذَنَتْ ربّها عز وَجل أَنْ تُسَلِّمَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَذِنَ لَهَا قَالَ ثُمَّ سِرْنَا فَمَرَرْنَا بِمَاءٍ فَأَتَتْهُ امْرَأَةٌ بِابْنٍ لَهَا بِهِ جِنَّةٌ فَأَخَذَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بمنخره فَقَالَ اخْرُج إِنِّي مُحَمَّد رَسُول الله قَالَ ثمَّ سرنا فَلَمَّا رَجعْنَا من سفرنا مَرَرْنَا بِذَلِكَ الْمَاءِ فَسَأَلَهَا عَنِ الصَّبِيِّ فَقَالَتْ وَالَّذِي بَعثك بِالْحَقِّ مَا رأَينا مِنْهُ رَيباً بعْدك. رَوَاهُ فِي شرح السّنة

5922. यअली बिन मरह सक्फी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से तीन मोअजिज़ात देखे, हम सफ़र कर रहे थे की हम एक ऊंट के पास से गुज़रे उस पर पानी लाया जाता था, जब इस ऊंट ने आप ﷺ को देखा तो वह बिलबिला उठा और अपनी गर्दन (ज़मीन पर) रख दी, नबी ﷺ वहां ठहर गए और फ़रमाया: "इस ऊंट का मालिक कहाँ है ?" वह आप की खिदमत में आया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "इसे मुझे फरोख्त कर दो", उस ने अर्ज़ किया, नहीं, हम अल्लाह के रसूल! आप को वैसे ही हिब्बा कर देते है, लेकिन अर्ज़ यह है कि यह जिस घराने का है इन की मैशत का सहारा सिर्फ इसी पर है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "सुन ले जो तूने उस की यह सूरत बयान की तो उस ने कसरते अमल और किल्लते खुराक की शिकायत की थी तुम उस के साथ अच्छा सुलूक करो", फिर हमने सफ़र शुरू किया हत्ता कि हमने एक जगह कयाम किया तो नबी ﷺ सो गए, एक दरख्त ज़मीन फाड़ता हुआ आया हत्ता कि उस ने आप को ढांप लिया, और फिर वापिस अपनी जगह पर चला गया, जब रसूलुल्लाह ﷺ बेदार हुए तो मैंने आप से इस का ज़िक्र किया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "ये वह दरख्त है जिस ने अपने रब से इजाज़त तलब की के वह रसूलुल्लाह ﷺ को सलाम करे लिहाज़ा इसे इजाज़त दी गई", रावी बयान करते हैं, फिर हमने सफ़र शुरू किया तो हम पानी के करीब से गुज़रे वहां एक औरत अपने मजनून बेटे को ले कर आप ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई, नबी ﷺ ने इसे उस की नाक से पकड़ कर फ़रमाया: "निकल जा, क्योंकि मैं मुहम्मद अल्लाह का रसूल हूँ", फिर हमने सफ़र शुरू कर दिया, जब हम वापिस आए और इसी पानी के मक़ाम से गुज़रे तो आप ने इस औरत से इस बच्चे के मुत्तल्लिक दरियाफ्त फ़रमाया तो उस ने अर्ज़ किया, उस ज़ात की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया! हमने आप ﷺ के बाद उस की तरफ से कोई नागवार चीज़ नहीं देखी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (13 / 295 296 ح 3718) [و احمد (4 / 173 ح 17708) * فيه عبدالله بن حفص : مجهول و عطاء بن السائب : اختلط ، رواه عنه معمر وله شواهد ضعيفة عند الحاكم (2 / 617 618) و احمد (4 / 170) وغيرهما

٥٩٢٣ - (ضَعِيف) وَعَن»» ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنَّ امْرَأَةً جَاءَتْ بابنٍ لَهَا إِلى رَسُول اللَّهِ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَتْ يارسول اللَّهِ إِنَّ ابْنِي بِهِ جُنُونٌ وَأَنَّهُ لَيَأْخُذُهُ عِنْدَ غَدَائِنَا وَعَشَائِنَا (فَيَخْبُثُ عَلَيْنَا)»» فَمَسَحَ رَسُولُ اللَّهِ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَدْرَهُ وَدَعَا فَثَعَّ ثَعَّةً وَخَرَجَ مِنْ جَوْفِهِ مِثْلُ الجرو الْأَسود يسْعَى. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

5923. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक औरत अपना बेटा ले कर रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुई तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे बेटे को जूनून है और इसे सुबह व शाम उस का दोरा पड़ता है, रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के सीने पर हाथ फेरा और दुआ फरमाई उस ने एक ज़ोर दार कै की तो उस के पट से काले कुत्ते का पिल्ला दोड़ता हुआ निकल गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمی (1 / 11 12 ح 19) * فيه فرقد السبخی وهو ضعيف

٥٩٢٤ - (صَحِيح) وَعَن»» أنس بن مَالك قَالَ جَاءَ جِبْرِيلُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ جَالس حَزِين وَقد تخضب بِالدَّمِ من فعل أهل مَكَّة من قُرَيْش فَقَالَ جِبْرِيل يَا رَسُول الله هَل تحب أَن أريك آيَةً قَالَ نَعَمْ فَنَظَرَ إِلَى شَجَرَةٍ مِنْ وَرَائِهِ فَقَالَ ادْعُ بِهَا فَدَعَا بِهَا فَجَاءَتْ وَقَامَت بَيْنَ يَدَيْهِ فَقَالَ مُرْهَا فَلْتَرْجِعْ فَأَمَرَهَا فَرَجَعَتْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حسبي حسبي. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

5924. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जिब्राइल अलैहिस्सलाम नबी ﷺ के पास तशरीफ़ लाए जबके आप ग़मगीन बैठे हुए थे और आप मक्का वालो के नारवा सुलूक से खून से रंगीन हो चुके थे, उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या आप पसंद करते हैं की हम आप को एक निशानी दिखाए ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ”, जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने आप के पीछे से एक दरख्त देखा, और फ़रमाया इसे बूलाएँ, आप ने इसे बुलाया तो वह आया और आप के सामने खड़ा हो गया, फिर आप ने कहा इसे वापिस जाने का हुक्म फरमाइए, उन्होंने इसे हुक्म फ़रमाया, तो वह वापिस चला गया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरे लिए काफी है, मेरे लिए काफी है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمی (1 / 12 13 ح 23) [و ابن ماجه (4028)] * فيه الاعمش مدلس و عنعن

٥٩٢٥ - (صَحِيح) وَعَن»» ابْنِ عُمَرَ قَالَ كُنَّا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي سَفَرٍ فَأَقْبَلَ أَعْرَابِي فَلَمَّا دنا مِنْهُ قَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَشْهَدُ أَنْ لَا إِلَهَ إِلَّا اللَّهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ قَالَ وَمَنْ يَشْهَدُ عَلَى مَا تَقُولُ؟ قَالَ: «هَذِهِ السَّلَمَةُ» فَدَعَاهَا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ بِشَاطِئِ الْوَادِي فَأَقْبَلَتْ تَخُدُّ الْأَرْضَ حَتَّى قَامَتْ بَيْنَ يَدَيْهِ فَاسْتَشْهِدْهَا ثَلَاثًا فَشَهِدَتْ ثَلَاثًا أَنَّهُ كَمَا قَالَ ثُمَّ رجعتْ إِلى منبتِها. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

5925. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हम एक सफ़र मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ थे, एक आराबी आया, जब वह करीब आ गया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “क्या तुम गवाही देते हो के अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, वह यकता है, उस का कोई शरीक नहीं और यह कि मुहम्मद ﷺ उस के बन्दे और उस के रसूल हैं”, उस ने कहा: आप जो फरमा रहे हैं उस पर कौन गवाही देता है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये खारदार दरख्त”, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे बुलाया और वह वादी के किनारे पर था वह ज़मीन फाड़ता हुआ आया हत्ता कि वह आप के सामने खड़ा हो गया, आप ने उस से

तीन मर्तबा गवाही तलब की तो उस ने तीन मर्तबा गवाही दी के आप की शान वही है जैसे के आप ﷺ ने फ़रमाया है, फिर वह अपने उगने की जगह पर चला गया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الدارمى (1 / 10 ح 16)

٥٩٢٦ - (صَحِيح) وَعَن»» ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ جَاءَ أَعْرَابِيٌّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: بِمَا أَعْرِفُ أَنَّكَ نَبِيٌّ؟ قَالَ: «إِنْ دَعَوْتَ هَذَا الْعِذْقَ مِنْ هَذِهِ النَّخْلَةِ يَشْهَدُ أَنِّي رَسُولُ اللَّهِ» فَدَعَاهُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجَعَلَ يَنْزِلُ مِنَ النَّخْلَةِ حَتَّى سَقَطَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ قَالَ: «ارْجِعْ» فَعَادَ فَأَسْلَمَ الْأَعْرَابِيُّ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَصَححهُ

5926. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक आराबी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ और उस ने अर्ज़ किया, मुझे किस तरह पता चले के आप नबी है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर में खजूर के इस दरख़्त से इस खोशे को बुलाऊं और वह गवाही दे की मैं अल्लाह का रसूल हूँ (तो फिर ठीक है)”, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे बुलाया तो वह खजूर के दरख्त से उतर कर नबी ﷺ की खिदमत में पेश हो गया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “वापिस चले जाओ”, वह वापिस चला गया, और आराबी ने इस्लाम कबूल कर लिया| तिरमिज़ी, और उन्होंने इसे सहीह करार दिया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3628) * شريک مدلس و عنعن وله شواهد ضعيفة

٥٩٢٧ - (صَحِيح) وَعَن»» أبي هريرةَ قَالَ جَاءَ ذِئْبٌ إِلَى رَاعِي غَنَمٍ فَأَخَذَ مِنْهَا شَاةً فَطَلَبَهُ الرَّاعِي حَتَّى انْتَزَعَهَا مِنْهُ قَالَ فَصَعِدَ الذئبُ على تل فأقعى واستذفر فَقَالَ عَمَدت إِلَى رزق رزقنيه الله عز وَجل أخذتُه ثمَّ انتزعته مِنِّي فَقَالَ الرَّجُلُ تَاللَّهِ إِنْ رَأَيْتُ كَالْيَوْمِ ذئبا يَتَكَلَّمُ فَقَالَ الذِّئْبُ أَعْجَبُ مِنْ هَذَا رَجُلٌ فِي النَّخَلَاتِ بَيْنَ الْحَرَّتَيْنِ يُخْبِرُكُمْ بِمَا مَضَى وَبِمَا هُوَ كَائِن بعدكم وَكَانَ الرجل يَهُودِيًّا فجَاء الرجل إِلَى النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فَأسلم وَخَبره فَصَدَّقَهُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِنَّهَا أَمارَة من أَمَارَاتٌ بَيْنَ يَدَيِ السَّاعَةِ قَدْ أَوْشَكَ الرَّجُلُ أَن يخرج فَلَا يرجع حَتَّى تحدثه نعلاه وَسَوْطه مَا أَحْدَثَ أَهْلُهُ بَعْدَهُ ". رَوَاهُ فِي شَرْحِ السُّنَّةِ

5927. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक भेड़िया बकरियों के रेवड़ के चरवाहे के पास आया और उस ने वहां से एक बकरी उठा ली, चरवाहे ने उस का पीछा किया हत्ता कि उस को उस से छुड़ा लिया, रावी बयान करते हैं, भेड़िया एक टीले पर चढ़ गया, और वहां सुरिन के बल बैठ गया और दूम दोनों पाँव के दरमियान दाखिल कर ली, फिर उस ने कहा: मैंने रोज़ी का क़सद किया जो अल्लाह ने मुझे अता की थी और मैंने इसे हासिल कर लिया था, मगर तूने इसे मुझ से छुड़ा लिया, इस आदमी ने कहा: अल्लाह की क़सम! मैंने आज के दिन की तरह कोई भेड़िया बोलते हुए नहीं देखा, भेड़िये ने कहा उस से भी अजीब बात यह है कि आदमी (मुहम्मद ﷺ) जो दो पहाड़ो के दरमियान वाकेअ नखलिस्तान (मदीना) में रहता है, वह तुम्हें माज़ी और हाल के वाकिअत के मुत्तल्लिक बताता है, रावी बयान करते हैं, वह शख़्स यहूदी था, वह नबी ﷺ के पास आया तो उस ने इस वाकिए के मुत्तल्लिक आप को बताया और इस्लाम कबूल कर लिया, नबी ﷺ ने उस की तस्दीक फरमाई, फिर नबी ﷺ ने फ़रमाया: “ये क़यामत से पहले की निशानिया हैं, करीब है के आदमी (घर से) निकले, फिर वह वापिस आए तो उस के जूते और उस का कोड़ा इसे उन हालात के मुत्तल्लिक बताइए जो उस के बाद उस के अहले खाना के साथ पेश आए हो”| (सहीह)

صحيح ، رواه البغوى فى شرح السنة (15 / 87 ح 4282) [و احمد (2 / 306 ح 8049 و سنده حسن)] * وله شاهد عند احمد (3 / 83 84) و صححه الحاكم (4 / 467 468) و وافقه الذهبى و اصله فى سنن الترمذى (2181 وهو حديث صحيح)

٥٩٢٨ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي الْعَلَاءِ عَنْ سَمُرَةَ بْنِ جُنْدَبٍ قَالَ كُنَّا مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ نَتَدَاوَلُ مِنْ قَصْعَةٍ مِنْ غُدْوَةٍ حَتَّى اللَّيْلِ يَقُومُ عَشَرَةٌ وَيَقْعُدُ عَشَرَةٌ قُلْنَا: فَمِمَّا كَانَتْ تُمَدُّ؟ قَالَ: مِنْ أَيِّ شَيْءٍ تَعْجَبُ؟ مَا كَانَت تمَدّ إِلا من هَهنا وَأَشَارَ بِيَدِهِ إِلَى السَّمَاءِ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالدَّارِمِيُّ

5928. अबू अल अलाइ, समुरह बिन जुन्दुब रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा, हम नबी ﷺ के साथ एक बर्तन से दिन भर बारी बार तनावुल करते रहे, वह इस तरह के दस खा जाते और दस आ जाते, हमने कहा: कहाँ से बढ़ाया जा रहा था ? उन्होंने (समुरह (र)) ने फ़रमाया: तुम किस चीज़ से ताज्जुब करते हो ? उस में इज़ाफा तो इस तरफ से हो रहा था, और उन्होंने अपने हाथ से आसमान की तरफ इरशाद फ़रमाया| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (3625 وقال : حسن صحيح) و الدارمى (1 / 30 ح 57)

٥٩٢٩ - (حسن) وَعَنْ»» عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ يَوْمَ بَدْرٍ فِي ثَلَاثِمِائَةٍ وَخَمْسَةَ عَشَرَ قَالَ: «اللَّهُمَّ إِنَّهُمْ حُفَاةٌ فَاحْمِلْهُمْ اللَّهُمَّ إِنَّهُمْ عُرَاةٌ فَاكْسُهُمْ اللَّهُمَّ إِنَّهُمْ جِيَاعٌ فَأَشْبِعْهُمْ» فَفَتَحَ اللَّهُ لَهُ فَانْقَلَبُوا وَمَا مِنْهُمْ رَجُلٌ إِلَّا وَقَدْ رَجَعَ بِجَمَلٍ أَوْ جَمَلَيْنِ وَاكْتَسَوْا وَشَبِعُوا. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5929. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ बद्र के रोज़ तीन सौ पन्द्रह सहाबा किराम के साथ रवाना हुए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह यह नंगे पाँव हैं, तो उन्हें सवारी अता फरमा, ऐ अल्लाह! यह नंगे बदन हैं, तो उन्हें लिबास अता फरमा, ऐ अल्लाह! यह भूख का शिकार हैं, तो उन्हें शक्म सैर फरमा”, अल्लाह ने आप ﷺ को फतह दी, आप वापिस आए तो उन में से हर आदमी के पास एक या दो ऊंट थे, उनके पास लिबास भी था और वह शक्म सैर भी थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2747)

٥٩٣٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ»» مَسْعُودٍ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قا ل: «إِنَّكُمْ مَنْصُورُونَ وَمُصِيبُونَ وَمَفْتُوحٌ لَكُمْ فَمَنْ أَدْرَكَ ذَلِكَ مِنْكُمْ فَلْيَتَّقِ اللَّهَ وَلْيَأْمُرْ بِالْمَعْرُوفِ وَلْيَنْهَ عَنِ الْمُنكر» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5930. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारी (दुश्मन के खिलाफ) मदद की जाएगी, तुम माले गनीमत हासिल करोगे, तुम (बहोत से मुल्क) फतह करोगे तुम में से जो शख़्स यह मज्कुरह चीज़े पा ले तो वह अल्लाह से डरे, नेकी का हुक्म करे और बुराई से मना करे”| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (5118 مختصرًا جدًا ولم يذكر هذا اللفظ و سنده صحيح) [و ابوداؤد الطيالسى (337) و الترمذى (2257)]

٥٩٣١ - (صَحِيح) وَعَن»» جَابر بِأَن يَهُودِيَّةً مِنْ أَهْلِ خَيْبَرَ سَمَّتْ شَاةً مَصْلِيَّةً ثُمَّ أَهْدَتْهَا لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخَذَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الذِّرَاعَ فَأَكَلَ مِنْهَا وَأَكَلَ رَهْطٌ مِنْ أَصْحَابِهِ مَعَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ارْفَعُوا أَيْدِيَكُمْ وَأَرْسَلَ إِلَى الْيَهُودِيَّةِ فَدَعَاهَا فَقَالَ سممتِ هَذِهِ الشَّاةَ فَقَالَتْ مَنْ أَخْبَرَكَ قَالَ أَخْبَرَتْنِي هَذِه فِي يَدي للذِّراع قَالَت نعم قَالَت قلت إِن

كَانَ نَبيا فَلَنْ يضرّهُ وَإِنْ لَمْ يَكُنْ نَبِيًّا اسْتَرَحْنَا مِنْهُ فَعَفَا عَنْهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَمْ يُعَاقِبهَا وَتُوفِّي بعض أَصْحَابُهُ الَّذِينَ أَكَلُوا مِنَ الشَّاةِ وَاحْتَجَمَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى كَاهِلِهِ مِنْ أَجْلِ الَّذِي أَكَلَ مِنَ الشَّاةِ حَجَمَهُ أَبُو [ص:١٦٦ هِنْدٍ بِالْقَرْنِ وَالشَّفْرَةِ وَهُوَ مَوْلًى لِبَنِي بَيَاضَةَ مِنَ الْأَنْصَارِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ وَالدَّارِمِيُّ

5931. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के अहल खैबर की एक यहूदी औरत ने एक भुनी हुई बकरी में ज़हर मिला दिया, फिर इसे रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हदिया के तौर पर भेज दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने दस्ती ली और उस से खाया और आप के चंद सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने भी आप के साथ खाया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अपने हाथ (खाने से) उठा लो”, आप ने यहूदी औरत को बूला भेजा और फ़रमाया: “क्या तूने इस बकरी में ज़हर मिलाया था ?” उस ने कहा: आप को किस ने बताया है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरे हाथ में यह जो दस्ती है उस ने मुझे बताया है”, उस ने अर्ज़ किया, जी हाँ! मैंने कहा: अगर तो वह सच्चे नबी हुए तो यह इसे नुक्सान नहीं पहुंचाएगी, और अगर वह सच्चे नबी न हुए तो हम उस से आराम पा जाएँगे, रसूलुल्लाह ﷺ ने उस को मुआफ़ फरमा दिया और इसे सज़ा न दि, और आप के जिन सहाबा किराम ने बकरी का गोश्त खाया था वह फौत हो गए, जबके रसूलुल्लाह ﷺ ने बकरी का गोश्त खाने की वजह से अपने कंधो के दरमियान पछने (हिजामा) लगवाए, अबू हिन्द जो के अंसार कबिले बनू बयाज़ा के आज़ाद करदा गुलाम थे, उन्होंने संगी और छुरी के साथ आप ﷺ के पछने (हिजामा) लगाए थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4510) و الدارمی (1 / 33 ح 69) * الزهری عن جابر : منقطع ’’ لم یسمع منه ‘‘ انظر تحفة الاشراف (2 / 356)

٥٩٣٢ - (صَحِيح) وَعَن»» سهل ابْن الْحَنْظَلِيَّةِ أَنَّهُمْ سَارُوا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ حُنَيْنٍ فَأَطْنَبُوا السَّيْرَ حَتَّى كَانَت عَشِيَّةً فَجَاءَ فَارِسٌ فَقَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي طَلِعْتُ عَلَى جَبَلِ كَذَا وَكَذَا فَإِذَا أَنَا بِهَوَازِنَ عَلَى بَكْرَةِ أَبِيهِمْ بِظُعُنِهِمْ وَنَعَمِهِمُ اجْتَمَعُوا إِلَى حُنَيْنٍ فَتَبَسَّمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَالَ تِلْكَ غَنِيمَةُ الْمُسْلِمِينَ غَدا إِن شَاءَ الله ثمَّ قَالَ مَنْ يَحْرُسُنَا اللَّيْلَةَ قَالَ أَنَسُ بْنُ أَبِي مَرْثَدٍ الْغَنَوِيُّ أَنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ ارْكَبْ فَرَكِبَ فَرَسًا لَهُ فَقَالَ: «اسْتَقْبِلْ هَذَا الشِّعْبَ حَتَّى تَكُونَ فِي أَعْلَاهُ» . فَلَمَّا أَصْبَحْنَا خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى مُصَلَّاهُ فَرَكَعَ رَكْعَتَيْنِ ثُمَّ قَالَ هَلْ حسستم فارسكم قَالُوا يَا رَسُولَ اللَّهِ مَا حَسِسْنَا فَثُوِّبَ بِالصَّلَاةِ فَجَعَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُصَلِّي وَهُوَ يَلْتَفِتُ إِلَى الشِّعْبِ حَتَّى إِذَا قَضَى الصَّلَاةَ قَالَ أَبْشِرُوا فَقَدْ جَاءَ فَارِسُكُمْ فَجَعَلْنَا نَنْظُرُ إِلَى خِلَالِ الشَّجَرِ فِي الشِّعْبِ فَإِذَا هُوَ قَدْ جَاءَ حَتَّى وَقَفَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسلم فَقَالَ إِنِّي انْطَلَقْتُ حَتَّى كُنْتُ فِي أَعْلَى هَذَا الشِّعْبِ حَيْثُ أَمَرَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا أَصبَحت اطَّلَعت الشِّعْبَيْنِ كِلَيْهِمَا فَلَمْ أَرَ أَحَدًا فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هَلْ نَزَلْتَ اللَّيْلَةَ قَالَ لَا إِلَّا مُصَلِّيًا أَوْ قَاضِيَ حَاجَةٍ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَلَا عَلَيْكَ أَنْ لَا تَعْمَلَ بعدَها» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5932. सहल बिन हंजलीय्या रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के गज़वा ए हुनैन के मौके पर उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ सफ़र किया, उन्होंने सफ़र जारी रखा हत्ता कि पिछला पहर हो गया, एक घुड़सवार आया और उस ने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैं फलां फलां पहाड़ के ऊपर चढ़ा हो और मैंने अचानक हवाज़ीन कबिले को देखा है के वह सब के सब अपने मवेशियों और अपने अमवाल के साथ हुनैन की तरफ इकठ्ठे हो रहे हैं, इस पर रसूलुल्लाह ﷺ मुस्कुराए और फ़रमाया: “इंशाअल्लाह तआला कल वह मुसलमानों का माले गनीमत होगा”, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “आज रात हमारा पहरा कौन देगा ?” अनस बिन अबी मर्सडी गंविय्य रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! में, आप ﷺ ने फ़रमाया: “सवार हो जाओ”, वह अपने घोड़े पर सवार हुए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस घाटी की तरफ जाओ हत्ता कि तुम उस की चोटी पर पहुँच जाओ”, जब सुबह हुई तो रसूलुल्लाह ﷺ अपने जाए नमाज़ पर तशरीफ़ ले गए और दो रक्अत नमाज़

अदा की, फिर फ़रमाया: “क्या तुम ने अपने घुड़सवार को महसूस किया ?” एक आदमी ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हमने महसूस नहीं किया नमाज़ के लिए इकामत कही गई तो रसूलुल्लाह ﷺ दौरान ए नमाज़ इस घाटी की तरफ तवज्जो फरमाते रहे हत्ता कि जब आप ﷺ नमाज़ पढ़ चुके तो फ़रमाया: “खुश हो जाओ तुम्हारा घुड़सवार आ गया है”, हम भी दरख्तों के दरमियान इस घाटी की तरफ देखने लगे तो वह अचानक आ गया हत्ता के रसूलुल्लाह ﷺ के पास आकर खड़ा हो गया तो उस ने अर्ज़ किया, मैं चलता गया हत्ता कि मैं रसूलुल्लाह ﷺ के फरमान के मुताबिक इस घाटी के बुलंद तरीन हिस्से पर था, जब सुबह हुई तो मैं इन दोनों घाटियों के अतराफ़ से हो आया हूँ, लेकिन मैंने किसी को नहीं देखा, रसूलुल्लाह ﷺ ने उन से पूछा: “क्या रात के वक़्त तुम (अपने घोड़े से) निचे उतरे थे ?” उन्होंने अर्ज़ किया, नमाज़ पढ़ने या कजाए हाजत के अलावा में नहीं उतरा, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अगर तुम इस (रात) के बाद कोई भी नेक अमल न करो तो तुम पर कोई मुआखिज़ा (इलज़ाम) नहीं|” (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2501)

٥٩٣٣ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ قَالَ أَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم بِتَمَرَاتٍ فَقُلْتُ يَا رَسُولَ اللَّهِ ادْعُ اللَّهَ فِيهِنَّ بِالْبَرَكَةِ فَضَمَّهُنَّ ثُمَّ دَعَا لِي فِيهِنَّ بِالْبركَةِ فَقَالَ خذهن واجعلهن فِي مِزْوَدِكَ كُلَّمَا أَرَدْتَ أَنْ تَأْخُذَ مِنْهُ شَيْئًا فَأَدْخِلْ فِيهِ يَدَكَ فَخُذْهُ وَلَا تَنْثُرْهُ [ص:١٦٦ نَثْرًا فَقَدْ حَمَلْتُ مِنْ ذَلِكَ التَّمْرِ كَذَا وَكَذَا مِنْ وَسْقٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَكُنَّا نَأْكُلُ مِنْهُ وَنُطْعِمُ وَكَانَ لَا يُفَارِقُ حَقْوِي حَتَّى كَانَ يَوْمُ قَتْلِ عُثْمَانَ فَإِنَّهُ انْقَطَعَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5933. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं कुछ खजूरे ले कर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! उन में बरकत के लिए दुआ फरमाइए, आप ﷺ ने उन्हें इकट्ठा किया फिर मेरे लिए उन में बरकत की दुआ फरमाई, और फ़रमाया: “उन्हें ले लो और उन्हें अपने तोशादान में रख लो, जब भी तुम उन में से कुछ लेना चाहो तो उस में अपना हाथ डाल कर ले लेना और उन्हें मुकम्मल तौर पर बाहर न निकालना”, मैंने उन में से इतने इतने वुसक खजूर अल्लाह की राह में अता किए, हम खुद भी उस में से खाते थे और खिलाते भी थे, और वह मेरी कमर से अलग नहीं होता था हत्ता कि उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु की शहादत के रोज़ वह मुन्कतेअ हो कर गिर पड़ा| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3839 وقال : حسن غریب)

मौजिज़े का बयान — بَاب فِي المعجزات

तीसरी फस्ल — الْفَصْل الثَّالِث

٥٩٣٤ - (ضَعِيف) وَعَن»» ابْن عبَّاس قَالَ تَشَاوَرَتْ قُرَيْشٌ لَيْلَةً بِمَكَّةَ فَقَالَ بَعْضُهُمْ إِذَا أَصْبَحَ فَأَثْبِتُوهُ بِالْوِثَاقِ يُرِيدُونَ النَّبِيَّ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم وَقَالَ بَعْضُهُمْ بَلِ اقْتُلُوهُ وَقَالَ بَعْضُهُمْ بَلْ أَخْرِجُوهُ فَأطلع الله عز وَجل نَبِيَّهُ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى ذَلِكَ فَبَاتَ عَلِيّ عَلَى فِرَاشِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تِلْكَ اللَّيْلَةَ وَخَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى لَحِقَ بِالْغَارِ وَبَاتَ الْمُشْرِكُونَ يَحْرُسُونَ عَلِيًّا يَحْسَبُونَهُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا أَصْبحُوا ثَارُوا إِلَيْهِ فَلَمَّا رَأَوْا عَلِيًّا رَدَّ اللَّهُ مَكْرَهُمْ فَقَالُوا أَيْنَ صَاحِبُكَ هَذَا قَالَ لَا أَدْرِي

فَاقْتَصُّوا أَثَرَهُ فَلَمَّا بَلَغُوا الْجَبَلَ اخْتَلَطَ عَلَيْهِمْ فَصَعِدُوا فِي الْجَبَلَ فَمَرُّوا بِالْغَارِ فَرَأَوْا عَلَى بَابِهِ نَسْجَ الْعَنْكَبُوتِ فَقَالُوا لَوْ دَخَلَ هَاهُنَا لَمْ يَكُنْ نَسْجُ الْعَنْكَبُوتِ عَلَى بَابِهِ فَمَكَثَ فِيهِ ثَلَاثَ لَيَال. رَوَاهُ أَحْمد

5934. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, कुरैश ने एक रात मक्का में मशवरा किया तो उन में से किसी ने कहा जब सुबह हो तो उस को क़ैद कर दो, उनकी मुराद नबी ﷺ थे, किसी ने कहा: नहीं, बल्के इसे क़त्ल कर दो, और किसी ने कहा नहीं बल्कि इसे (मक्के से) निकाल बाहर करो, अल्लाह ने अपने नबी ﷺ को इस (मंसूबें) पर मुत्तिला कर दिया, इस रात अली रदी अल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ के बिस्तर पर रात बसर की और नबी ﷺ वहां से चल दिए हत्ता कि आप ग़ार में पहुँच गए, जबके मुशरिकीन पूरी रात अली रदी अल्लाहु अन्हु पर पहरा देते रहे और वह समझते रहे के वह नबी ﷺ है, जब सुबह हुई तो वह इन पर हमलावर हुए, जब उन्होंने देखा के यह तो अली रदी अल्लाहु अन्हु है, अल्लाह ने उनका मंसूबा नाकाम बना दिया, उन्होंने पूछा तुम्हारा साथी कहाँ है ? उन्होंने ने फ़रमाया: मैं नहीं जानता, उन्होंने आप ﷺ के कदमो के निशानात का खोज लगाया जब वह पहाड़ पर पहुंचे तो इन पर मुआमला मुश्तबाह हो गया, वह पहाड़ पर चढ़ गए और ग़ार के पास से गुज़रे, उन्होंने उस के दरवाज़े पर मकड़ी का जाल देखा और उन्होंने कहा: अगर वह उस में दाखिल हुए होते तो उस के दरवाज़े पर मकड़ी का जाल न होता, आप ﷺ ने वहां तीन रोज़ कयाम फ़रमाया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 348 ح 3251) * فيه عثمان الجزرى بن عمرو بن ساج : فيه ضعيف

٥٩٣٥ - (صَحِيح) وَعَن»» أبي هُرَيْرَة أَنه قَالَ لَمَّا فُتِحَتْ خَيْبَرُ أُهْدِيَتْ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّم شَاةٌ فِيهَا سُمٌّ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اجْمَعُوا لي من كَانَ هَا هُنَا من الْيَهُود فجمعُوا لَهُ فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِنِّي سَائِلُكُمْ عَنْ شَيْءٍ فَهَلْ أَنْتُمْ صادقي عَنهُ فَقَالُوا نَعَمْ يَا أَبَا الْقَاسِمِ فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ أَبُوكُم قَالُوا فلَان فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَذبْتُمْ بل أبوكم فلَان فَقَالُوا صدقت وبررت قَالَ: «هَلْ أَنْتُمْ مُصَدِّقِيَّ عَنْ شَيْءٍ إِنْ سَأَلْتُكُمْ [ص:١٦٧ عَنْهُ» قَالُوا نَعَمْ يَا أَبَا الْقَاسِمِ وَإِنْ كَذَبْنَاكَ عَرَفْتَ كَمَا عَرَفْتَهُ فِي أَبِينَا قَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ أَهْلُ النَّارِ قَالُوا نَكُونُ فِيهَا يَسِيرًا ثمَّ تخلفوننا فِيهَا فَقَالَ لَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اخْسَئُوا فِيهَا وَاللَّهِ لَا نَخْلُفُكُمْ فِيهَا أبدا ثمَّ قَالَ لَهُم فَهَلْ أَنْتُمْ مُصَدِّقِيَّ عَنْ شَيْءٍ إِنْ سَأَلْتُكُمْ عَنهُ قَالُوا نَعَمْ يَا أَبَا الْقَاسِمِ قَالَ: «هَلْ جَعَلْتُمْ فِي هَذِه الشَّاة سما» . قَالُوا نعم فَقَالَ مَا حملكم على ذَلِك فَقَالُوا أردنَا إِن كنت كذابا نستريح مِنْك وَإِن كنت نَبيا لم يَضرك. رَوَاهُ البُخَارِيّ

5935. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब खैबर फतह हुआ तो रसूलुल्लाह ﷺ को एक बकरी का हदिया पेश किया गया जिस में ज़हर था, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "यहाँ जितने यहूदी मौजूद है उन्हें मेरे पास जमा करो", चुनांचे वह सब रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में पेश कर दिए गए, आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: "मैं तुम से एक चीज़ के मुत्तल्लिक सवाल करने लगा हूँ, क्या तुम उस के मुत्तल्लिक मुझे सच सच बताओगे ?" उन्होंने कहा: जी हाँ! अबुल कासिम! रसूलुल्लाह ﷺ ने उन से पूछा: "तुम्हारे बाप कौन थे ?" उन्होंने बताया: फलां, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम झूठ बोलते हो बल्के तुम्हारा बाप तो फलां है", उन्होंने कहा: आप ने सच फ़रमाया, और अच्छा किया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "अगर में तुम से किसी चीज़ के मुत्तल्लिक दरियाफ्त करूँ तो तुम मुझे सच सच बताओगे ?" उन्होंने कहा: जी हाँ! अबुल कासिम अगर हमने आप से झूठ बोला तो आप समझ जाएँगे जिस तरह आप ने हमारे बाप के बारे में (हमारा झूठ) जान लिया था, आप ﷺ ने उन से पूछा: "जहन्नमी कौन है ?" उन्होंने कहा: कुछ मुद्दत के लिए हम उस में जाएँगे, फिर हमारी जगह तुम वहां जाओगे, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम ही उस में ज़लील हो कर रहोगे, क्योंकि हम उस में तुम्हारी जगह कभी भी दाखिल नहीं होंगे", फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "मैं तुम से एक चीज़ के बारे में सवाल करता हूँ क्या तुम मुझे सच सच जवाब दोगे ?"

उन्होंने कहा: हाँ, अबुल कासिम! आप ﷺ ने पूछा: “क्या तुम ने इस बकरी (के गोश्त) में ज़हर मिलाया है ?” उन्होंने कहा: जी हाँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “किसी चीज़ ने तुम्हें उस पर अमादा किया ?” उन्होंने कहा, हम ने इसलिए किया के अगर आप झूठे हुए तो हमें आप से आराम मिल जाएगा और अगर आप सच्चे हुए तो आप को नुक्सान नहीं पहुंचेगा| (बुखारी)

رواه البخاری (3169)

٥٩٣٦ - (صَحِيح) وَعَن»» عَمْرو بن أخطَب الْأَنْصَارِيّ قَالَ صَلَّى بِنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمًا الْفجْر وَصعد الْمِنْبَرِ فَخَطَبَنَا حَتَّى حَضَرَتِ الظُّهْرُ فَنَزَلَ فَصَلَّى ثمَّ صعِد الْمِنْبَر فَخَطَبَنَا حَتَّى حَضَرَتِ الْعَصْرُ ثُمَّ نَزَلَ فَصَلَّى ثُمَّ صَعِدَ الْمِنْبَرَ حَتَّى غَرَبَتِ الشَّمْسُ فَأَخْبَرَنَا بِمَا هُوَ كَائِنٌ إِلَى يَوْمِ الْقِيَامَةِ فَأَعْلَمُنَا أحفظنا. رَوَاهُ مُسلم

5936. उमर बिन अख्तब अंसारी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने हमें फज्र की नमाज़ पढ़ाई और मिम्बर पर तशरीफ़ ले गए, हमें ख़िताब फ़रमाया हत्ता कि ज़ुहर का वक़्त हो गया, फिर आप मिम्बर से उतरे और नमाज़ पढ़ाई फिर मिम्बर पर तशरीफ़ ले गए और हमें ख़िताब फ़रमाया हत्ता कि नमाज़ ए असर का वक़्त हो गया, फिर आप निचे तशरीफ़ लाए और नमाज़ पढ़ाई, फिर मिम्बर पर तशरीफ़ ले गए और (खिताब फ़रमाया) हत्ता कि सूरज गुरूब हो गया, आप ने क़यामत तक होने वाले वाकिअत के मुत्तल्लिक हमें बयान फ़रमाया, रावी बयान करते हैं, हम में से ज़्यादा आलम वह है जो इस खुत्बे को हम में से ज़्यादा याद रखने वाला है| (मुस्लिम)

رواه مسلم (25 / 2892)، (7267)

٥٩٣٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ مَعْنِ بْنِ عَبْدِ الرَّحْمَنِ قَالَ سَمِعْتُ أَبِي قَالَ: سَأَلْتُ مَسْرُوقًا: مَنْ آذَنَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِالْجِنِّ لَيْلَةَ اسْتَمَعُوا الْقُرْآنَ؟ قَالَ حَدَّثَنِي أَبُوكَ يَعْنِي عَبْدَ اللَّهِ ابْن مَسْعُودٍ أَنَّهُ قَالَ: آذَنَتْ بِهِمْ شَجَرَةٌ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5937. मअन बिन अब्दुल रहमान बयान करते हैं, मैंने अपने वालिद से सुना, उन्होंने कहा: मैंने मसरुक से दरियाफ्त किया जिस रात जिन्नो ने कुरान सुना था उस की खबर नबी ﷺ को किस ने दी थी ? उन्होंने बताया: मुझे तुम्हारे वालिद यानी अब्दुल्लाह बिन मसउद रदी अल्लाहु अन्हु ने बयान किया के उन के मुत्तल्लिक एक दरख्त ने इत्तिला दी थी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3859) و مسلم (153 / 450)، (1011)

٥٩٣٨ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ كُنَّا مَعَ عُمَرَ بَيْنَ مَكَّةَ وَالْمَدِينَةِ فَتَرَاءَيْنَا الْهِلَالَ وَكُنْتُ رَجُلًا حَدِيدَ الْبَصَرِ فَرَأَيْتُهُ وَلَيْسَ أَحَدٌ يَزْعُمُ أَنَّهُ رَآهُ غَيْرِي قَالَ فجعلتُ أقولُ لعُمر أما ترَاهُ فَجعل لَا يَرَاهُ قَالَ يَقُولُ عُمَرُ سَأَرَاهُ وَأَنَا مُسْتَلْقٍ عَلَى فِرَاشِي ثُمَّ أَنْشَأَ يُحَدِّثُنَا عَنْ أَهْلِ بدر فَقَالَ إِنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يُرِينَا مَصَارِعَ أَهْلِ بَدْرٍ بِالْأَمْسِ يَقُولُ هَذَا مَصْرَعُ فُلَانٍ غَدًا إِنْ شَاءَ الله قَالَ فَقَالَ عمر فوالذي بَعثه بِالْحَقِّ مَا أخطئوا الْحُدُود الَّتِي حد رَسُول الله صلى الله عَلَيْهِ وَسلم قَالَ فَجُعِلُوا فِي بِئْرٍ بَعْضُهُمْ [ص:١٦٧ عَلَى بَعْضٍ فَانْطَلَقَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى انْتَهَى إِلَيْهِمْ فَقَالَ يَا فُلَانَ بْنَ فُلَانٍ وَيَا فُلَانَ بْنَ فُلَانٍ هَلْ وَجَدْتُمْ مَا وَعَدَكُمُ اللَّهُ وَرَسُولُهُ

حَقًّا فَإِنِّي قَدْ وَجَدْتُ مَا وَعَدَني الله حَقًّا قَالَ عُمَرُ يَا رَسُولَ اللَّهِ كَيْفَ تُكَلِّمُ أَجْسَادًا لَا أَرْوَاحَ فِيهَا قَالَ مَا أَنْتُمْ بِأَسْمَعَ لِمَا أَقُولُ مِنْهُمْ غَيْرَ أَنَّهُمْ لَا يَسْتَطِيعُونَ أَن يَردُّوا عليَّ شَيْئا ". رَوَاهُ مُسلم

5938. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हम उमर रदी अल्लाहु अन्हु के साथ मक्का और मदीना के दरमियान थे, हमने चाँद देखने का इह्तेमाम किया, मेरी नज़र तेज़ थी, लिहाज़ा मैंने इसे देख लिया, और मेरे सिवा किसी ने न कहा के उस ने इसे देखा है, मैं उमर रदी अल्लाहु अन्हु से कहने लगा क्या आप इसे देख नहीं ? है वह इसे नहीं देख पा रहे थे, रावी बयान करते हैं, उमर रदी अल्लाहु अन्हु फरमाने लगे में अनकरीब इसे देखलूँगा, मैं अपने बिस्तर पर लेटा हुआ था, फिर उन्होंने अहले बद्र के मुत्तल्लिक हमें बताना शुरू किया, उन्होंने कहा के रसूलुल्लाह ﷺ बद्र के मौके पर कुफ्फार के क़त्लगाहों के मुत्तल्लिक एक रोज़ पहले ही बता रहे थे: “कल इंशाअल्लाह यहाँ फलां क़त्ल होगा और कल इंशाअल्लाह यहाँ फलां क़त्ल होगा”, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: उस ज़ात की क़सम जिस ने आप को हक़ के साथ मबउस फ़रमाया! रसूलुल्लाह ﷺ ने जिस जिस जगह की निशान देह फरमाई थी, उस में ज़रा भी फर्क नहीं आया था (वो वहीँ वहीँ क़त्ल हुए थे) रावी बयान करते हैं, इन सब को एक दुसरे पर कुंवो में डाल दिया गया फिर रसूलुल्लाह ﷺ वहां तशरीफ़ लाए और फ़रमाया: “ए फलां बिन फलां! ए फलां बिन फलां! अल्लाह और उस के रसूल ने तुझ से जो वादा फ़रमाया था क्या तुम ने इसे सच्चा पाया, क्योंकि अल्लाह ने मुझ से जो वादा फ़रमाया था मैंने तो उसे सच्चा पाया है”, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप बे रूह जिस्मों से कैसे कलाम फरमा रहे हैं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं उन से जो कह रहा हूँ वह इसे तुम से ज़्यादा सुन रहे हैं लेकिन वह मुझे किसी चिज़ का जवाब नहीं दे सकते”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (76 / 2873)، (7222)

٥٩٣٩ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أُنَيْسَةَ»» بِنْتِ زَيْدِ بْنِ أَرْقَمَ عَنْ أَبِيهَا إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ عَلَى زَيْدٍ يَعُودُهُ مِنْ مَرَضٍ كَانَ بِهِ قَالَ: «لَيْسَ عَلَيْكَ مِنْ مَرَضِكَ بَأْسٌ وَلَكِنْ كَيْفَ لَكَ إِذا عُمِّرْتَ بَعْدِي فَعَمِيتَ؟» قَالَ: أَحْتَسِبُ وَأَصْبِرُ. قَالَ: «إِذًا تَدْخُلِ الْجَنَّةَ بِغَيْرِ حِسَاب» . قَالَ: فَعَمِيَ بَعْدَ مَا مَاتَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم ثمَّ ردَّ اللَّهُ بَصَره ثمَّ مَاتَ

5939. उनैस बिन्ते ज़ैद बिन अरकम अपने वालिद से रिवायत करती हैं की नबी ﷺ ज़ैद की बीमारी मैं इन की इयादत (बीमार के पास जाकर खबर लेना) के लिए तशरीफ़ ले गए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम्हारी बीमारी खतरनाक नहीं, लेकिन तुम्हारी इस वक़्त क्या हालत होगी जब मेरे बाद तुम्हारी उमर दराज़ होगी और तुम अंधे हो जाओगे ?” उन्होंने अर्ज़ किया, मैं सवाब की उम्मीद रखते हुए सब्र करूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तब तुम बगैर हिसाब जन्नत में दाखिल हो जाओगे”, रावी बयान करती हैं, नबी ﷺ की वफात के बाद वह नाबीना हो गए, फिर अल्लाह ने उन्हें बसारत दी और फिर उन्होंने वफात पाई| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى دلائل النبوة (6 / 479) * فيه ’’ نباتة عن حمادة عن انيسة بنت زيد بن ارقم ‘‘ وهن مجهولات و من دونهن ينظر فيه

٥٩٤٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَسَامَةَ»» بْنِ زَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «من تَقول عَليّ مالم أَقُلْ فَلْيَتَبَوَّأْ مَقْعَدَهُ مِنَ النَّارِ» . وَذَلِكَ أَنَّهُ بَعَثَ رَجُلًا فَكَذَبَ عَلَيْهِ فَدَعَا عَلَيْهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَوَجَدَ مَيِّتًا وَقد انشقَّ بَطْنه وَلم تقبله الأَرْض. رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيّ فِي دَلَائِل النُّبُوَّة

5940. उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जिस शख़्स ने मेरे जिम्मे ऐसी बात लगाईं जो मैंने न कही हो तो वह अपना ठिकाना जहन्नम में बना ले”, और आप ने यह इसलिए फ़रमाया के आप ने किसी आदमी को (कहीं) भेजा तो उस ने आप पर झूठ बोला तो रसूलुल्लाह ﷺ ने उस के लिए बद्दुआ फरमाई, इसे मुर्दा पाया गया, उस का पेट चाक हो चूका था और ज़मीन ने इसे कबूल नहीं किया, दोनों अहादीस को इमाम बयहकी ने दलाइलुल नबुवा में रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جذا ، رواه البيهقى فى دلائل النبوة (6 / 245) * فيه الوازع بن نافع العقيلى : متروك ، وقوله :’’ من تقول على مالم اقل فليتبوا مقعده من النار ‘‘ صحيح متواتر من طرق أخرى

٥٩٤١ - (صَحِيح) وَعَن»» جابرٍ أنَّ رسولَ الله جَاءَهُ رَجُلٌ يَسْتَطْعِمُهُ فَأَطْعَمَهُ شَطْرَ وَسَقِ شَعِيرٍ فَمَا زَالَ الرَّجُلُ يَأْكُلُ مِنْهُ وَامْرَأَتُهُ وَضَيْفُهُمَا حَتَّى كَالَهُ فَفَنِيَ فَأَتَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «لَوْ لَمْ تَكِلْهُ لَأَكَلْتُمْ مِنْهُ ولقام لكم» رَوَاهُ مُسلم

5941. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी रसूलुल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने आप ﷺ से खाना तलब किया, आप ने इसे एक वुसक जौ दिए, वह आदमी, उस की बीवी और उनका महमान उस से खाते रहे लेकिन जब इस शख़्स ने वह नाप लिए तो वह ख़तम हो गए, वह नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम उसे न नापते तो तुम उस से खाते रहते और वह तुम्हारे लिए हमेशा रहता”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 2281)، (5946)

٥٩٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عَاصِمِ بْنِ كُلَيْبٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ رَجُلٍ مِنَ الْأَنْصَارِ قَالَ خَرَجْنَا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي جَنَازَةٍ فَرَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ عَلَى الْقَبْرِ يُوصِي الْحَافِرَ يَقُولُ: «أَوْسِعْ مِنْ قِبَلِ رِجْلَيْهِ أَوْسِعْ مِنْ قِبَلِ رَأْسِهِ» فَلَمَّا رَجَعَ اسْتَقْبَلَهُ [ص:١٦٧ دَاعِيَ امْرَأَتِهِ فَأَجَابَ وَنَحْنُ مَعَه وَجِيء بِالطَّعَامِ فَوَضَعَ يَدَهُ ثُمَّ وَضَعَ الْقَوْمُ فَأَكَلُوا فَنَظَرْنَا إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يلوك لقْمَة فِي فَمه ثُمَّ قَالَ أَجِدُ لَحْمَ شَاةٍ أُخِذَتْ بِغَيْرِ إِذْنِ أَهْلِهَا فَأَرْسَلَتِ الْمَرْأَةُ تَقُولُ يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي أَرْسَلْتُ إِلَى النَّقِيعِ وَهُوَ مَوْضِعٌ يُبَاعُ فِيهِ الْغَنَمُ لِيُشْتَرَى لِي شَاةٌ فَلَمْ تُوجَدْ فَأَرْسَلْتُ إِلَى جَارٍ لِي قَدِ اشْتَرَى شَاة أَن أرسل إِلَيّ بهَا بِثَمَنِهَا فَلَمْ يُوجَدْ فَأَرْسَلْتُ إِلَى امْرَأَتِهِ فَأَرْسَلَتْ إِلَيَّ بِهَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَطْعِمِي هَذَا الطَّعَامَ الْأَسْرَى»»» رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ والْبَيْهَقِيُّ فِي دَلَائِلِ النُّبُوَّةِ

5942. आसिम बिन कुलैब अपने वालिद से और वह अंसार में से एक आदमी से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: हम एक जनाज़े मैं रसूलुल्लाह ﷺ के साथ शरीक हुए तो मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को एक कब्र पर गुर्कन (कब्र खोदने वाले) को हिदायत (सुझाव) देते हुए सुना: “उस के पाँव की जानिब से खुली करो, उस के सर की जानिब से खुली करो”, जब आप वापिस आए तो इस (मय्यत) की औरत की तरफ से दावत का पैग़ाम देने वाला आप को मिला तो आप ने दावत कबूल फरमाई और हम भी आप के साथ थे, खाना पेश किया गया तो आप ने अपना हाथ बढ़ाया, फिर लोगो ने (हाथ) बढ़ाया, उन्होंने खाना खाया, हमने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा के आप ने अपने मुंह में लुकमे चबाते हुए फ़रमाया: “मैं एक ऐसी बकरी का गोश्त पाता हूँ जो अपने मालिक की इजाज़त के बगैर हासिल की गई है”, इस औरत ने अपने वाज़ाहती पैग़ाम में अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मैंने नकीअ की तरफ, जो के बकरियों की खरीद व फरोख्त फरोख्त का मरकज़ है, आदमी भेजा था ताकि वह मेरे

लिए एक बकरी खरीद लाए, लेकिन वहां न मिली तो मैंने अपने पड़ोसी की तरफ भेजा, उस ने एक बकरी खरीदी हुई थी, के वह उस की कीमत के अवज़ इसे मेरी तरफ भेज दे, लेकिन वह (पड़ोसी) न मिला तो मैंने इस की औरत की तरफ पैग़ाम भेजा तो उस ने इसे मेरी तरफ भेज दिया, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “ये खाना कैदियों को खिला दो”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (3332) [و عنه] و البيهقى فى دلائل النبوة (6 / 310) * قوله ’’ داعى امراته ‘‘ خطا من الناسخ اوغيره ، و الصواب :’’ داعى امراة ‘‘ كما فى سنن ابى داود وغيره ولو صح فمعناه ’’ اى امراة الحافر ‘‘ و لا يدل هذا اللفظ الى ما ذهب اليه البريلوية و من و افقهم بان المراد منه ’’ داعى امراة الميت ‘‘ و لم ياتو باى دليل على تحريفهم هذا !

٥٩٤٣ - (ضَعِيف وَقد»» يرقى إِلَى الْحسن بِتَعَدُّد طرقه)»» وَعَن حَازِمِ بْنِ هِشَامٍ عَنْ أَبِيهِ عَنْ جَدِّهِ حُبَيْشِ بن خَالِد - وَهُوَ أَخُو أُمِّ مَعْبَد - أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حِينَ أُخْرِجَ مِنْ مَكَّةَ خَرَجَ مُهَاجِرًا إِلَى الْمَدِينَةِ هُوَ وَأَبُو بَكْرٍ وَمَوْلَى أَبِي بَكْرٍ عَامِرُ بْنُ فُهَيْرَةَ وَدَلِيلُهُمَا عَبْدُ اللَّهِ اللَّيْثِيِ مَرُّوا عَلَى خَيْمَتَيْ أُمِّ مَعْبَدٍ فَسَأَلُوهَا لَحْمًا وَتَمْرًا لِيَشْتَرُوا مِنْهَا فَلَمْ يُصِيبُوا عِنْدَهَا شَيْئًا من ذَلِك وَكَانَ الْقَوْمُ مُرْمِلِينَ مُسْنِتِينَ فَنَظَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى شَاةٍ فِي كِسْرِ الْخَيْمَةِ فَقَالَ: «مَا هَذِهِ الشَّاةُ يَا أُمَّ معبد؟» قَالَتْ: شَاةٌ خَلَّفَهَا الْجَهْدُ عَنِ الْغَنَمِ. قَالَ: «هَلْ بِهَا مِنْ لَبَنٍ؟» قَالَتْ: هِيَ أَجْهَدُ مِنْ ذَلِكَ. قَالَ: «أَتَأْذَنِينَ لِي أَنْ أَحْلِبَهَا؟» قَالَتْ: بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي إِنْ رَأَيْتَ بِهَا حَلباً فاحلبها. فَدَعَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَمَسَحَ بِيَدِهِ ضَرْعَهَا وَسَمَّى اللَّهَ تَعَالَى وَدَعَا لَهَا فِي شَاتِهَا فتفاجت عَلَيْهِ وَردت وَاجْتَرَّتْ فَدَعَا بِإِنَاءٍ يُرْبِضُ [ص:١٦٧ الرَّهْطَ فَحَلَبَ فِيهِ ثجّاً حَتَّى علاهُ الْبَهَاءُ ثُمَّ سَقَاهَا حَتَّى رَوِيَتْ وَسَقَى أَصْحَابَهُ حَتَّى رَوُوا ثُمَّ شَرِبَ آخِرَهُمْ ثُمَّ حَلَبَ فِيهِ ثَانِيًا بَعْدَ بَدْءٍ حَتَّى مَلَأَ الْإِنَاءَ ثُمَّ غَادَرَهُ عِنْدَهَا وَبَايَعَهَا وَارْتَحَلُوا عَنْهَا. رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» وَابْنُ عَبْدِ الْبَرِّ فِي «الِاسْتِيعَابِ» وَابْنُ الْجَوْزِيِّ فِي كِتَابِ «الْوَفَاءِ» وَفِي الحَدِيث قِصَّةٌ

5943. हज़ाम बिन हिश्शाम अपने वालिद से, वह अपने दादा हुबैश बिन खालिद, जो के उम्म मअबद के भाई है, उन से रिवायत करते हैं की रसूलुल्लाह ﷺ को जब मक्का से निकाला गया तो आप ﷺ मक्का से मदीना की तरफ मुहाजर की हैसियत से रवाना हुए, आप ﷺ के साथ अबू बकर और अबू बकर के आज़ाद करदा गुलाम अम्मार बिन फुहयरत थे और उनकी रहनुमाई करने वाले अब्दुल्लाह अल लय्शी थे, वह उम्म मअबद के दो खैमो के पास से गुज़रे तो उन्होंने उस से गोश्त और खजूर के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया ताकि वह उस से खरीद लें, लेकिन उन्हें उस के वहां कोई चीज़ न मिली, जबके उन के पास रसद (माल सामान) नहीं था और वह कहत साली का शिकार हो चुके थे, रसूलुल्लाह ﷺ ने खैमे के एक कोने में एक बकरी देखी तो फ़रमाया: “उम्म मअबद यह बकरी केसी है ?” उस ने बताया के यह लागीर पन की वजह से रेवड़ के साथ नहीं जा सकती, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या यह दूध देती है ?” उस ने अर्ज़ किया, यह इस लायक नहीं है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम मुझे इजाज़त देती तो की मैं उस का दूध धोलूँ ?” उस ने अर्ज़ किया, मेरे वालिदेन कुरबान हो, अगर आप उस में दूध देखते है तो ज़रूर धो लें, चुनांचे रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे तलब फ़रमाया, उस के थन को अपना दस्ते मुबारक लगाया, अल्लाह तआला का नाम लिया, उम्म मअबद के लिए इस बकरी के बारे में दुआएं खैर फरमाई, उस ने पाँव खोल दिए, दूध छोड़ दिया, और वह जुगाली करने लगी, आप ने एक बर्तन मंगवाया जो एक जमाअत को सैर कर सकता था, उस में दूध धोया और इतना धोया के उस पर झाग आ गया, फिर आप ने उम्म मअबद को पिलाया हत्ता कि वह खूब सेराब हो गई, फिर अपने साथियो को पिलाया हत्ता कि वह सेराब हो गए, फिर आप ने इन सब के आख़िर पर खुद पिया, फिर आप ने इस बर्तन में दूसरी मर्तबा दूध धोया हत्ता कि बर्तन भर गया, इस (दूध) को उम्म मअबद के पास छोड़ दिया, फिर आप ने उस से इस्लाम पर बैत ली फिर सब उस के पास से कुच कर गए| # शरह सुन्ना इब्ने अब्दुल बर्र ने अल इस्तियाब में और

इब्नुल जौज़ी ने इसे किताब वफ़ा में रिवायत किया है और हदीस में तवील किस्सा है| (हसन)

حسن ، رواه البغوى فى شرح السنة (13 / 261 ح 3704) و ابن عبدالبر فى الاستيعاب (4 / 495 498 مع الاصابة) [و صححه الحاكم (3 / 9 ، 10 و وافقه الذهبى] * و للحديث شواهد

باب الكرامات • करामतो का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٥٩٤٤ - (صَحِيح) عَن أنس أَنَّ أَسَيْدَ بْنَ حُضَيْرٍ وَعَبَّادَ بْنَ بِشْرٍ تَحَدَّثَا عِنْدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَاجَةٍ لَهُمَا حَتَّى ذَهَبَ مِنَ اللَّيْلِ سَاعَةٌ»» فِي لَيْلَةٍ شَدِيدَةِ الظُّلْمَةِ ثُمَّ خَرَجَا مِنْ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ينقلبان وبيد كل مِنْهُمَا عُصَيَّةٌ فَأَضَاءَتْ عصى أَحَدِهِمَا لَهُمَا حَتَّى مَشَيَا فِي ضَوْئِهَا حَتَّى إِذَا افْتَرَقَتْ بِهِمَا الطَّرِيقُ أَضَاءَتْ لِلْآخَرِ عَصَاهُ فَمَشَى كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا فِي ضَوْءِ عَصَاهُ حَتَّى بلغ أَهله»» رَوَاهُ البُخَارِيّ

5944. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उसैद बिन हज़िर और अब्बाद बिन बशीर रदी अल्लाहु अन्हु अपने किसी मसअले के बारे में नबी ﷺ से गुफ्तगू करते रहे हत्ता कि शदीद तारिक रात में रात का काफी हिस्सा गुज़र गया, फिर वह रसूलुल्लाह ﷺ के पास से वापसी के लिए रवाना हुए, हर एक के हाथ में छोटी सी लाठी थी, चुनांचे इन दोनों में से एक की लाठी ने रोशनी पैदा कर दी हत्ता कि वह उस की रोशनी में चलने लगे, लेकिन जब इन दोनों की राहें अलग अलग हुई तो दुसरे के लिए उस की लाठी ने रोशनी पैदा कर दी, दोनों में हर एक अपने लाठी की रोशनी में चलने लगा हत्ता कि वह अपने घर पहुँच गया| (बुखारी)

رواه البخارى (3805)

٥٩٤٥ - (صَحِيح) وَعَن جَابر قَالَ: لَمَّا حَضَرَ أُحُدٌ دَعَانِي أَبِي مِنَ اللَّيْلِ فَقَالَ مَا أَرَانِي إِلَّا مَقْتُولًا فِي أَوَّلِ مَنْ يُقْتَلُ مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَإِنِّي لَا أَتْرُكُ بَعْدِي أَعَزَّ عَلَيَّ مِنْكَ غَيْرَ نَفْسِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَإِنَّ عَلَيَّ دَيْنًا فَاقْضِ وَاسْتَوْصِ بِأَخَوَاتِكَ خَيْرًا فَأَصْبَحْنَا فَكَانَ أَوَّلَ قَتِيلٍ وَدَفَنْتُهُ مَعَ آخَرَ فِي قبر»» رَوَاهُ البُخَارِيّ

5945. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब गज़वा ए उहद का वक़्त आया तो रात के वक़्त मेरे वालिद ने मुझे बुलाया और कहा; में अपने मुत्तल्लिक समझता हूँ कि नबी ﷺ के सहाबा रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन में से सबसे पहले

में शहीद होऊंगा, रसूलुल्लाह ﷺ की ज़ात मुबारक के अलावा में अपने बाद तुझ से ज़्यादा अज़ीज़ शख़्स कोई नहीं छोड़ कर जा रहा, मेरे जिम्मे कुछ क़र्ज़ है उसे अदा करना और अपने बहनों के साथ अच्छा सुलूक करना, सुबह हुई तो वह पहले शहीद थे, मैंने उन्हें एक दुसरे शख़्स के साथ एक कब्र में दफन किया| (बुखारी)

رواه البخارى (1351)

٥٩٤٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عبد الرَّحْمَن بن أبي بكر إِنَّ أَصْحَابَ الصُّفَّةِ كَانُوا أُنَاسًا فُقَرَاءَ وَإِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ كَانَ عِنْده طَعَام اثْنَيْنِ فليذهب بثالث وَإِن كَانَ عِنْدَهُ طَعَامُ أَرْبَعَةٍ فَلْيَذْهَبْ بِخَامِسٍ أَوْ سادس» وَأَن أَبَا بكر جَاءَ بِثَلَاثَة فَانْطَلق النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِعَشَرَةٍ وَإِنَّ أَبَا بكر تعَشَّى عِنْد النبيِّ صلى الله عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ لَبِثَ حَتَّى صُلِّيَتِ الْعِشَاءُ ثُمَّ رَجَعَ فَلَبِثَ حَتَّى تَعَشَّى النَّبِيُّ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم فَجَاءَ بَعْدَ مَا مَضَى مِنَ اللَّيْلِ مَا شَاءَ الله. قَالَت لَهُ امْرَأَته: وَمَا حَبسك عَن أضيافك؟ قَالَ: أوما عَشَّيْتِيهِمْ؟ قَالَتْ: أَبَوْا حَتَّى تَجِيءَ فَغَضِبَ وَقَالَ: لَا أَطْعَمُهُ أَبَدًا فَحَلَفَتِ الْمَرْأَةُ أَنْ لَا تَطْعَمَهُ وَحَلَفَ الْأَضْيَافُ أَنْ لَا يَطْعَمُوهُ. قَالَ أَبُو بَكْرٍ: كَانَ هَذَا مِنَ الشَّيْطَانِ فَدَعَا بِالطَّعَامِ فَأَكَلَ وَأَكَلُوا فَجَعَلُوا لَا يَرْفَعُونَ لُقْمَةً إِلَّا رَبَتْ مِنْ أَسْفَلِهَا أَكْثَرَ مِنْهَا. فَقَالَ لِامْرَأَتِهِ: يَا أُخْتَ بَنِي فِرَاسٍ مَا هَذَا؟ قَالَتْ: وَقُرَّةِ عَيْنِي إِنَّهَا الْآنَ لَأَكْثَرُ مِنْهَا قَبْلَ ذَلِكَ بِثَلَاثِ مِرَارٍ فَأَكَلُوا وَبَعَثَ بِهَا إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذُكِرَ أَنَّهُ أَكَلَ مِنْهَا. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ»» وَذُكِرَ حَدِيثُ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَسْعُودٍ: كُنَّا نَسْمَعُ تَسْبِيحَ الطَّعَام فِي «المعجزات»

5946. अब्दुल रहमान बिन अबी बक्र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, की असहाबे सुफ्फा मुहताज लोग थे, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स के पास दो आदमियों का खाना हो तो वह तीसरे को साथ ले जाए, जिस शख़्स के पास चार लोगों का खाना हो तो वह पांचवे को या चोथे को साथ ले जाए”, और अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु तीन को साथ ले कर आए, नबी ﷺ दस को साथ ले कर गए, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने शाम का खाना नबी ﷺ के यहाँ खाया, फिर वहीँ ठहर गए हत्ता कि नमाज़ ए ईशा पढ़ ली गई, फिर वापिस तशरीफ़ ले आए और वहीँ ठहर गए हत्ता कि नबी ﷺ ने खाना खाया, फिर जितना अल्लाह ने चाहा रात का हिस्सा गुज़र गया तो वह वापिस अपने घर चले गए, उनकी अहलिया ने उन से कहा: आप को आप के मेहमानों के साथ आने से किस ने रोका था ? उन्होंने पूछा क्या तुम ने उन्हें खाना नहीं खिलाया ? उन्होंने अर्ज़ किया, उन्होंने इन्कार कर दिया, हत्ता कि आप तशरीफ़ ले आए, वह नाराज़ हो गए और कहा: अल्लाह की क़सम! मैं बिलकुल खाना नहीं खाऊंगा औरत ने भी क़सम खा ली के वह इसे नहीं खाएगी और मेहमानों ने भी क़सम उठा ली के वह भी खाना नहीं खाएंगे अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: यह (हलफ उठाना) शैतान की तरफ से था, उन्होंने खाना मंगवाया, खुद खाया और उन के साथ मेहमानों ने भी खाया, वह लुकमे उठाते तो उस के निचे से और ज़्यादा हो जाता था, उन्होंने अपने अहलिया से फ़रमाया: बनू फरासत की बहन! यह क्या मुआमला है ? उन्होंने कहा: मेरी आंखो की ठंडक की क़सम! यह अब पहले से भी तीन गुना ज़्यादा हैं, चुनांचे उन्होंने खाया और इसे नबी ﷺ की खिदमत में भी भेजा, बयान किया गया के आप ﷺ ने उस में से तनावुल फ़रमाया| और अब्दुल्लाह बिन मसउद (र) से मरवी हदीस (كُنَّا نَسْمَعُ تَسْبِيْحَ الطَّعَامِ)بَاب فِي المعجزات (मोजिजो का बयान) में गुज़र चुकी है? (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3581) و مسلم (176 / 2057)، (5365) 0 حديث ابن مسعود تقدم (5910)

करामतो का बयान • بَاب الكرامات

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٥٩٤٧ - (لم تتمّ دراسته) عَن عَائِشَة قَالَتْ: لَمَّا مَاتَ النَّجَاشِيُّ كُنَّا نَتَحَدَّثُ أَنَّهُ لَا يَزَالُ يُرَى عَلَى قَبْرِهِ نُورٌ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

5947. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब नज्जाशी फौत हुए तो हम बाहम गुफ्तगू करते थे की उनकी कब्र पर मुसलसल रोशनी नज़र आ रही है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه ابوداؤد (2523)

٥٩٤٨ - (حسن) وَعَنْهَا قَالَتْ: لَمَّا أَرَادُوا غُسْلَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالُوا: لَا نَدْرِي أَنُجَرِّدُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ ثِيَابه كَمَا تجرد مَوْتَانَا أَمْ نُغَسِّلُهُ وَعَلَيْهِ ثِيَابُهُ؟ فَلَمَّا اخْتَلَفُوا أَلْقَى اللَّهُ [ص:١٦٧ عَلَيْهِمُ النَّوْمَ حَتَّى مَا مِنْهُمْ رجل إِلَّا وذقته فِي صَدْرِهِ ثُمَّ كَلَّمَهُمْ مُكَلِّمٌ مِنْ نَاحِيَةِ الْبَيْتِ لَا يَدْرُونَ مَنْ هُوَ؟ اغْسِلُوا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَعَلَيْهِ ثِيَابُهُ فَقَامُوا فَغَسَّلُوهُ وَعَلَيْهِ قَمِيصُهُ يَصُبُّونَ الْمَاءَ فَوْقَ الْقَمِيصِ وَيُدَلِّكُونَهُ بِالْقَمِيصِ. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي «دَلَائِلِ النُّبُوَّة»

5948. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने नबी ﷺ को गुसल देने का इरादा किया तो उन्होंने कहा: मालुम नहीं के जिस तरह हम अपने फौत होने वाले दीगर लोगों के (बवक्ते गुसल) कपड़े उतार देते हैं इसी तरह रसूलुल्लाह ﷺ के भी कपड़े उतार दे या हम कपड़ो समेत गुसल दें, जब उन्होंने इख्तिलाफ किया तो अल्लाह ने इन पर नींद तारी कर दी हत्ता कि उन में से हर शख़्स की ठोड़ी उस के सीने के साथ लगने लगी, फिर घर के एक कोने से किसी ने उन से बात की मगर सहाबा को उस के बारे में कुछ मालुम नहीं के वह कौन था, (इस ने कहा) नबी ﷺ को कपड़ो समेत गुसल दो, वह खड़े हुए और आप को इस तरह गुसल दिया के आप की कमीज़ आप पर थी, वह कमीज़ के ऊपर पानी गिराते थे और आप की कमीज़ के साथ मलते थे| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البيهقى فى دلائل النبوة (7 / 242) [و ابوداؤد (3141) و ابن ماجه (1464) ببعضه و احمد (6 / 267 ح 26837)]

٥٩٤٩ - (صَحِيح) وَعَنْ ابْنِ الْمُنْكَدِرِ أَنَّ سَفِينَةَ مَوْلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَخْطَأَ الْجَيْشَ بِأَرْضِ الرُّومِ أَوْ أُسِرَ فَانْطَلَقَ هَارِبًا يَلْتَمِسُ الْجَيْشَ فَإِذَا هُوَ بِالْأَسَدِ. فَقَالَ: يَا أَبَا الْحَارِثِ أَنَا مَوْلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ مِنْ أَمْرِي كَيْتَ وَكَيْتَ فَأَقْبَلَ الْأَسَدُ لَهُ بَصْبَصَةٌ حَتَّى قَامَ إِلَى جَنْبِهِ كُلَّمَا سَمِعَ صَوْتًا أَهْوَى إِلَيْهِ ثُمَّ أَقْبَلَ يَمْشِي إِلَى جَنْبِهِ حَتَّى بَلَغَ الْجَيْشَ ثُمَّ رَجَعَ الْأَسَدُ. رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ»

5949. इब्ने मुन्कदिर से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ के आज़ाद करदा गुलाम सफीना रदी अल्लाहु अन्हु सर ज़मीने रोम में लश्कर से बिछड़ गए, या उन्हें क़ैद कर लिया गया, वह लश्कर की तलाश में दोड़ने लगी तो अचानक शेर से सामना हो

गया, उन्होंने ने फ़रमाया: अबिल हारिस (शेर की कुनियत) मैं रसूलुल्लाह ﷺ का आज़ाद करदा गुलाम हूँ, मेरे साथ यह यह मसअला बना है, शेर दुम हिलाता हुआ आप के सामने आया हत्ता कि वह आप के पहलु में खड़ा हो गया, जब वह कहीं से (खौफनाक) आवाज़ सुनता तो वह उस की तरफ मुतवज्जे हो जाता, फिर वह उनकी तरफ जाता हत्ता कि वह लश्कर के साथ जा मिले फिर शेर वापिस चला गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه البغوی فی شرح السنة (13 / 313 ح 3732) [و صححه الحاکم (3 / 606) و و افقه الذهبی] * محمد بن المنکدر لم یثبت سماعه من سفینة رضی الله عنه فالسند معلل

٥٩٥٠ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي الْجَوْزَاءِ قَالَ: قُحِطَ أَهْلُ الْمَدِينَةِ قَحْطًا شَدِيدًا فَشَكَوْا إِلَى عَائِشَةَ فَقَالَتْ: انْظُرُوا قبر النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسلم فاجعلوا مِنْهُ كُوًى إِلَى السَّمَاءِ حَتَّى لَا يَكُونَ بَيْنَهُ وَبَيْنَ السَّمَاءِ سَقْفٌ فَفَعَلُوا فَمُطِرُوا مَطَرًا حَتَّى نَبَتَ الْعُشْبُ وَسَمِنَتِ الْإِبِلُ حَتَّى تَفَتَّقَتْ مِنَ الشَّحْمِ فَسُمِّيَ عَامَ الْفَتْقِ. رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ

5950. अबुल जव्ज़ाअ बयान करते हैं, मदीना वाले शदीद कहत का शिकार हो गए तो उन्होंने आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से अर्ज़ किया तो उन्होंने ने फ़रमाया: नबी ﷺ की कब्र की तरफ देखो (जाओ) और उस में से आसमान की तरफ कुछ सुराख़ बना दो, हत्ता कि इन पर कोई परदा न हो, उन्होंने ऐसे ही किया तो इन पर खूब बारिश हुई हत्ता कि घास उग आई, ऊंट इस क़दर मोटे हो गए के वह चरबी से फुल गए और इस साल का नाम आम उल्फतक यानी (खुशहाली का साल) रखा गया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الدارمی (1 / 43 44 ح 93) * فیه عمرو بن مالک النکری ، رواه عن ابی الجوزاء وقال ابن عدی :'' یحدث عن ابی الجوزاء هذا ایضًا عن ابن عباس قدر عشرة احادیث غیر محفوظة '' (الکامل 1 / 401 ، نسخة أخری 2 / 108) و هذا جرح خاص فالسند ضعیف معلل

٥٩٥١ - (ضَعِيف) وَعَن سعيد بْنِ عَبْدِ الْعَزِيزِ قَالَ: لَمَّا كَانَ أَيَّامُ الْحَرَّةِ لَمْ يُؤَذَّنْ فِي مَسْجِدِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثَلَاثًا وَلَمْ يُقَمْ وَلَمْ يَبْرَحْ سَعِيدُ بْنُ الْمُسَيَّبِ الْمَسْجِدَ وَكَانَ [ص:١٦٧ لَا يَعْرِفُ وَقْتَ الصَّلَاةِ إِلَّا بِهَمْهَمَةٍ يَسْمَعُهَا مِنْ قَبْرِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

5951. सईद बिन अब्द अज़ीज़ बयान करते हैं, जब हर्रा का वाकिया हुआ तो नबी ﷺ की मस्जिद में तीन रोज़ तक आज़ान हुई न नमाज़, और ना ही सईद बिन मुसय्यिब मस्जिद से बाहर निकल सके, उन्हें नमाज़ का वक़्त नबी ﷺ की कब्र मुबारक से आने वाली मुबहम सी आवाज़ से मालुम होता था| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف * فیه سعید بن عبد العزیز : لم یثبت سماعه من سعید بن المسیب رحمه الله

٥٩٥٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَبِي خَلْدَةَ قَالَ: قُلْتُ لِأَبِي الْعَالِيَةِ: سَمِعَ أَنَسٌ مِنَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: خَدَمَهُ عَشْرَ سِنِينَ وَدَعَا لَهُ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَانَ لَهُ بُسْتَانٌ يَحْمِلُ فِي كُلِّ سَنَةٍ الْفَاكِهَةَ مَرَّتَيْنِ وَكَانَ فِيهَا رَيْحَانٌ يَجِيءُ مِنْهُ رِيحُ الْمِسْكِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

5952. अबू खल्दत बयान करते हैं, मैंने अबूल आलियाह से कहा, क्या अनस रदी अल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ से अहादीस सुनी है ? उन्होंने कहा: उन्होंने आप ﷺ की दस साल खिदमत की है और नबी ﷺ ने उन के हक़ में दुआ फरमाई जिस की वजह से उनका बाग़ साल में दो मर्तबा फल दिया करता था, और उस में कस्तूरी जैसी खुशबु आती थी| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذى (3833) و اخطا من ضعفه

करामतो का बयान • بَاب الكرامات

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٥٩٥٣ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن عُرْوَة بن الزبير أَنَّ سَعِيدُ بْنُ زَيْدِ بْنِ عَمْرِو بْنِ نُفَيْلٍ خاصمته أروى بنت أويس إِلَى مَرْوَانَ بْنِ الْحَكَمِ وَادَّعَتْ أَنَّهُ أَخَذَ شَيْئًا مِنْ أَرْضِهَا فَقَالَ سَعِيدٌ أَنَا كُنْتُ آخُذُ مِنْ أَرْضِهَا شَيْئًا بَعْدَ الَّذِي سَمِعْتُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ وماذا سَمِعْتُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ مَنْ أَخَذَ شِبْرًا مِنَ الْأَرْضِ ظُلْمًا طُوِّقَهُ إِلَى سَبْعِ أَرَضِينَ فَقَالَ لَهُ مَرْوَانُ لَا أَسْأَلُكَ بَيِّنَةً بَعْدَ هَذَا فَقَالَ اللَّهُمَّ إِن كَانَت كَاذِبَة فعم بَصَرَهَا وَاقْتُلْهَا فِي أَرْضِهَا قَالَ فَمَا مَاتَتْ حَتَّى ذهب بصرها ثمَّ بَينا هِيَ تَمْشِي فِي أَرْضِهَا إِذْ وَقَعَتْ فِي حُفْرَةٍ فَمَاتَتْ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ [ص:١٦٧»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ عَنْ مُحَمَّدِ بْنِ زَيْدِ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ بِمَعْنَاهُ وَأَنَّهُ رَآهَا عَمْيَاءَ تَلْتَمِسُ الْجُدُرَ تَقُولُ: أَصَابَتْنِي دَعْوَةُ سَعِيدٍ وَأَنَّهَا مَرَّتْ على بئرٍ فِي الدَّار الَّتِي خاصمته فَوَقعت فِيهَا فَكَانَت قبرها

5953. उरवा बिन ज़ुबैर से रिवायत है के सईद बिन ज़ैद बिन अम्र बिन नुफैल से मुत्तल्लिक उरवा बिन्ते औस ने मरवान बिन हकम की अदालत में मुकदमा पेश किया और दावा किया के उन्होंने मेरी कुछ ज़मीन हासिल कर ली है, सईद रदी अल्लाहु अन्हु ने जवाब दिया: क्या मैं रसूलुल्लाह ﷺ से हदीस सुन लेने के बाद भी उनकी ज़मीन के कुछ हिस्सा पर कब्ज़े करूँगा ? मरवान ने कहा तुमने रसूलुल्लाह ﷺ से क्या सुना है ? उन्होंने कहा: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जिस ने बालिश्त भर ज़मीन नाहक हासिल की तो इसे सातों ज़मीनों का तोक पहनाया जाएगा”, तब मरवान ने कहा: उस के बाद में आप से कोई सबूत नहीं मांगता, सईद ने दुआ फरमाई: ऐ अल्लाह! अगर वह झूठी है तो इसे अंधी बना दे और इसे उस की ज़मीन में मौत दे, रावी बयान करते हैं, जब वह फौत हुई तो वह अंधी हो चुकी थी और वह अपने ज़मीन में चल रही थी के एक घड़े में गिरी और फौत हो गई| और सहीह मुस्लिम में मुहम्मद बिन ज़ैद बिन अब्दुल्लाह बिन उमर से उस के हम मानी रिवायत है के उन्होंने इसे बिनाई से महरूम दीवारों को टटोलते हुए देखा और वह कहती थी: मुझे सईद की बद्दुआ लग गई और वह घर के इस कुंवो के पास से गुज़री जिस के मुत्तल्लिक उस ने उन सईद रदी अल्लाहु अन्हु से मुकदमा किया था, वह उस में गिरी और वही उस की कब्र बनी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3198) و مسلم (139 ، 136 / 1610)، (4132 و 4134)

٥٩٥٤ - (حسن) وَعَن»» ابْن عمر أَنَّ عُمَرَ بَعَثَ جَيْشًا وَأَمَّرَ عَلَيْهِمْ رَجُلًا يُدْعَى سَارِيَةَ فَبَيْنَمَا عُمَرُ يَخْطُبُ فَجَعَلَ يَصِيحُ: يَا أَمِيرَ

الْمُؤْمِنِينَ لَقِيَنَا عَدُوُّنَا فَهَزَمُونَا فَإِذَا بِصَائِحٍ يَصِيحُ: يَا سَارِيَ الْجَبَلَ. فَأَسْنَدْنَا ظُهُورَنَا إِلَى الْجَبَلِ فَهَزَمَهُمُ اللَّهُ تَعَالَى»» رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي دَلَائِلِ النُّبُوَّة

5954. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने एक लश्कर रवाना किया और सारीया नामी शख़्स को उस का अमीर मुकर्रर किया, इस असना में के उमर रदी अल्लाहु अन्हु खुत्बा इरशाद फरमा रहे थे की आप ज़ोर से कहने लगे: सारीया ! पहाड़ की तरफ, फिर लश्कर की तरफ से एक कासिद आया तो उस ने कहा अमीरुल मोमिनीन! हमारा दुश्मन से मुक़ाबला हुआ तो उस ने हमें शिकश्त से दो चार कर दिया था मगर अचानक किसी ने ज़ोर से आवाज़ दी सारीया ! पहाड़ को न छोड़ो, हमने अपने पुश्ते पहाड़ की जानिब कर ली तो अल्लाह तआला ने उन्हें शिकश्त से दो चार कर दिया| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البيهقى فى دلائل النبوة (6 / 380) * فيه محمد بن عجلان مدلس و عنعن وله طرق عند ابن عساكر (تاريخ دمشق 22 / 18 ، 19) وغيره وكلها ضعيفة و مرسلة ، لا يصح منها شئ و اخطا من صححه اوحسنه !

٥٩٥٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» نُبَيْهَةَ بْنِ وَهْبٍ أَنَّ كَعْبًا دَخَلَ عَلَى عَائِشَةَ فَذَكَرُوا رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ كَعْبٌ: مَا مِنْ يَوْمٍ يَطْلُعُ إِلَّا نَزَلَ سَبْعُونَ أَلْفًا مِنَ الْمَلَائِكَةِ حَتَّى يَحُفُّوا بِقَبْرِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَضْرِبُونَ بِأَجْنِحَتِهِمْ وَيُصَلُّونَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى إِذَا أَمْسَوْا عَرَجُوا وَهَبَطَ مِثْلُهُمْ فَصَنَعُوا مِثْلَ ذَلِكَ حَتَّى إِذَا انْشَقَّتْ عَنْهُ الْأَرْضُ خَرَجَ فِي سَبْعِينَ أَلْفًا مِنَ الْمَلَائِكَةِ يَزُفُّونَهُ. رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ

5955. नुबैहा बिन वहब से रिवायत है के काब, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा के पास गए, अहल मजलिस ने रसूलुल्लाह ﷺ का तज़किरह किया, तो काब ने फ़रमाया: हर रोज़ सत्तर हज़ार फ़रिश्ते नाज़िल होते हैं और वह रसूलुल्लाह ﷺ की कब्र मुबारक को घेर लेते है, वह अपने पर फरफराते है और रसूलुल्लाह ﷺ पर दुरुद भेजते है, जब शाम होती है तो वह ऊपर चढ़ जाते हैं और इतने ही फ़रिश्ते और उतर आते है और वह भी इसी तरह करते हैं, हत्ता कि जब (रोज़ ए क़यामत) आप ﷺ अपने कब्र मुबारक से निकलेंगे तो आप सत्तर हज़ार फरिश्तो की साथ में होंगे वह आप को ले कर जल्दी भागेंगे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمى (1 / 44 ح 95) * فى سماع نبيهة بن وهب من كعب نظر ولم يدرک عائشة ايضًا فالسند منقطع

बَاب هِجْرَة أَصْحَابه صلى الله عَلَيْهِ وَسلم من مَكَّة ووفاته • सहाबा किराम के मक्का मुकर्रमा से हिजरत और नबी की वफात का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٥٩٥٦ - (صَحِيح) عَن الْبَراء قَالَ: أَوَّلُ مَنْ قَدِمَ عَلَيْنَا مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُصْعَبُ بْنُ عُمَيْرٍ وَابْنُ أُمِّ مَكْتُومٍ فَجَعَلَا يُقْرِآنِنَا الْقُرْآنَ ثُمَّ جَاءَ عَمَّارٌ وَبِلَالٌ وَسَعْدٌ ثُمَّ جَاءَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ فِي عِشْرِينَ مِنْ أَصْحَابِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ جَاءَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَمَا رَأَيْتُ أَهْلَ الْمَدِينَةِ فَرِحُوا بِشَيْءٍ فَرَحَهُمْ بِهِ حَتَّى رَأَيْتُ الْوَلَائِدَ وَالصِّبْيَانَ يَقُولُونَ: هَذَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدْ جَاءَ فَمَا جَاءَ حَتَّى قرأتُ: [سبِّح اسْم ربِّك الْأَعْلَى] فِي سُوَرٍ مِثْلِهَا مِنَ الْمُفَصَّلِ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

5956. बराअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ के सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन में से सबसे पहले हमारे पास मुसअब बिन उमैर और इब्ने उम्म मक्तूम रदी अल्लाहु अन्हुमा तशरीफ़ लाए, उन्होंने हमें कुरान पढ़ाना शुरू किया, फिर अम्मार बिलाल और साद रदी अल्लाहु अन्हु आए फिर उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ के बीस सहाबा रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन के साथ तशरीफ़ लाए, फिर नबी ﷺ तशरीफ़ लाए, मैंने मदीना वालो को किसी चीज़ पर इतना खुश नहीं देखा जितना मैंने उन्हें आप ﷺ की आमद पर खुश देखा, हत्ता कि मैंने छोटी छोटी बच्चियों और बच्चो को कहते हुए सुना: रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ ला चुके हैं, जब आप तशरीफ़ लाए तो मैं सुरह अल अअला के साथ मुफ़स्सल सूरतो में से कई सूरते पढ़ चूका था| (बुखारी)

رواه البخاری (4941)

٥٩٥٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيُّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَلَسَ عَلَى الْمِنْبَرِ فَقَالَ: «إِنَّ عَبْدًا خَيَّرَهُ اللَّهُ بَيْنَ أَنْ يُؤْتِيَهُ مِنْ زَهْرَةِ الدُّنْيَا مَا شَاءَ وَبَيْنَ مَا عِنْدَهُ فَاخْتَارَ مَا عِنْدَهُ» . فَبَكَى أَبُو بَكْرٍ قَالَ: فَدَيْنَاكَ بِآبَائِنَا وَأُمَّهَاتنَا فعجبنا لَهُ فَقَالَ النَّاس: نظرُوا إِلَى هَذَا الشَّيْخِ يُخْبِرُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَنْ عَبْدٍ خَيَّرَهُ اللَّهُ بَيْنَ أَنْ يُؤْتِيَهُ مِنْ زَهْرَةِ الدُّنْيَا وَبَيْنَ مَا عِنْدَهُ وَهُوَ يَقُولُ: فَدَيْنَاكَ بِآبَائِنَا وَأُمَّهَاتِنَا فَكَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هُوَ الْمُخَير وَكَانَ أَبُو بكر هُوَ أعلمنَا. مُتَّفق عَلَيْهِ

5957. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूलुल्लाह ﷺ मिम्बर पर तशरीफ़ फरमा हुए और फ़रमाया: “अल्लाह ने अपने एक बन्दे को इख़्तियार दीया के वह दुनिया की नेअमतो में से जो चाहे अपने लिए पसंद कर ले या फिर वह इस चीज़ को इख़्तियार कर ले जो अल्लाह तआला के पास है”, (ये सुन कर) अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु रोने लगे, और अर्ज़ किया, हमारे वालिदेन आप पर फ़िदा हो! हमें उनकी इस हालत पर ताज्जुब हुआ, लोगो ने कहा: इस बुज़ुर्ग को देखो, रसूलुल्लाह ﷺ एक बन्दे के मुत्तल्लिक बता रहे हैं की अल्लाह ने इसे इख़्तियार दिया है के वह दुनिया की नेअमतें पसंद कर ले या इस चीज़ को पसंद कर ले जो उस के पास है, और वह कह रहा है मारे वालिदेन आप पर फ़िदा हो, चुनान्चे जिस बन्दे को इख़्तियार दिया गया था वह रसूलुल्लाह (स) ही थे, और अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु हम सबसे ज़्यादा इस बात को जानने वाले थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3904) و مسلم (2 / 2382)، (6170)

٥٩٥٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: صَلَّى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى قَتْلَى أحد بعد [ص:١٦٨ ثَمَانِي سِنِينَ كَالْمُوَدِّعِ لِلْأَحْيَاءِ وَالْأَمْوَاتِ ثُمَّ طَلَعَ الْمِنْبَرَ فَقَالَ: «إِنِّي بَيْنَ أَيْدِيكُمْ فَرَطٌ وَأَنَا عَلَيْكُمْ شَهِيدٌ وَإِنَّ مَوْعِدَكُمُ الْحَوْضُ وَإِنِّي لَأَنْظُرُ إِلَيْهِ من مَقَامِي هَذَا وَإِنِّي قَدْ أُعْطِيتُ مَفَاتِيحَ خَزَائِنِ الْأَرْضِ وَإِنِّي لَسْتُ أَخْشَى عَلَيْكُمْ أَنْ تُشْرِكُوا بعدِي وَلَكِنِّي أَخْشَى عَلَيْكُم الدُّنْيَا أَن تنافسوها فِيهَا» . وَزَادَ بَعْضُهُمْ:: «فَتَقْتَتِلُوا فَتَهْلِكُوا كَمَا هَلَكَ من كَانَ قبلكُمْ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5958. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने आठ साल बाद शुहदाए उहद पर ऐसे नमाज़ ए जनाज़ा अदा की जैसे आप जिंदो और फौत शुदा लोगो से रुखसत हो रहे हो, फिर आप ﷺ मिम्बर पर तशरीफ़ लाए और फ़रमाया: “मैं तुम से आगे आगे हूँ, मैं तुम पर गवाह रहूँगा, मुझ से तुम्हारी मुलाकात हौज़ पर होगी, मैं उसे देख रहा हूँ हालाँकि में अपने इस जगह पर हूँ, और मुझे ज़मीन के खज़ानो की चाबियां अता की गई है, मुझे तुम्हारे मुत्तल्लिक यह खदशा नहीं के तुम मेरे बाद शिर्क करोगे, लेकिन मुझे तुम्हारे मुत्तल्लिक दुनिया का खदशा है के तुम उस के मुत्तल्लिक बाहम सबकत ले जाने की कोशिश करोगे”, और बाज़ राावियो ने यह इज़ाफा नकल किया है: “तुम बाहम लड़ोगे और तुम भी इसी तरह हलाक हो जाओगे जिस तरह तुम से पहले लोग हलाक हुए थे”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4042) و مسلم (30 / 2296 و الزيادة له 31 / 2296)، (5976)

٥٩٥٩ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: إِنَّ مِنْ نِعَمِ اللَّهِ عَلَيَّ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تُوُفِّيَ فِي بَيْتِي وَفِي يَوْمِي وَبَيْنَ سَحْرِي وَنَحْرِي وَإِنَّ اللَّهَ جَمَعَ بَيْنَ رِيقِي وَرِيقِهِ عِنْدَ مَوْتِهِ دَخَلَ عَلَيَّ عَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ أَبِي بَكْرٍ وَبِيَدِهِ سِوَاكٌ وَأَنَا مُسْنِدَةٌ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَرَأَيْتُهُ يَنْظُرُ إِلَيْهِ وَعَرَفْتُ أَنَّهُ يُحِبُّ السِّوَاكَ فَقُلْتُ: آخُذُهُ لَكَ؟ فَأَشَارَ بِرَأْسِهِ أَنْ نَعَمْ فَتَنَاوَلْتُهُ فَاشْتَدَّ عَلَيْهِ وَقُلْتُ: أُلَيِّنُهُ لَكَ؟ فَأَشَارَ بِرَأْسِهِ أَنْ نَعَمْ فَلَيَّنْتُهُ فَأَمَرَّهُ وَبَيْنَ يَدَيْهِ رَكْوَةٌ فِيهَا مَاءٌ فَجَعَلَ يُدْخِلُ يَدَيْهِ فِي الْمَاءِ فَيَمْسَحُ بِهِمَا وَجْهَهُ وَيَقُولُ: «لَا إِلَهَ إِلَّا الله إِنَّ للموتِ سَكَراتٍ» . ثمَّ نصب يَده فَجَعَلَ يَقُولُ: «فِي الرَّفِيقِ الْأَعْلَى» . حَتَّى قُبِضَ ومالت يَده. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5959. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, की अल्लाह के इनामात में से यह भी मुझ पर इनाम है के रसूलुल्लाह ﷺ ने मेरे घर में और मेरी बारी में वफात पाई इस वक़्त आप मेरे सिने से टेक लगाए हुए थे, और अल्लाह ने आप की वफात के वक़्त मेरे और आप ﷺ के लुआब को एक साथ जमा कर दिया, (वो इस तरह के) अब्दुल रहमान बिन अबी बक्र रदी अल्लाहु अन्हुमा मेरे पास आए तो उन के हाथ में मिस्वाक थी, और रसूलुल्लाह ﷺ मुझ से टेक लगाए हुए थे, मैंने देखा के आप इसे देख रहे हैं, मैंने पहचान लिया के आप मिस्वाक पसंद करते हैं, मैंने अर्ज़ किया: में उसे आप के लिए ले लूँ ? आप ने अपने सर से इरशाद फ़रमाया के हाँ, मैंने इसे हासिल किया, लेकिन आप के लिए इसे चबाना मुश्किल था मैंने अर्ज़ किया: क्या मैं उसे आप की खातिर नरम कर दूँ ? आप ने अपने सर मुबारक से इरशाद फ़रमाया के हाँ, मैंने इसे नरम कर दिया और आप के सामने चमड़े का एक बर्तन था जिस में पानी था, आप अपने हाथ पानी में दाखिल फरमाते और उन्हें अपने चेहरे पर फिराते और फरमाते: “अल्लाह के सिवा कोई माबूद ए बरहक़ नहीं, मौत की सख्तिया होती है”, फिर आप ﷺ ने अपना दस्ते मुबारक उठाया और फरमाने लगे (ए अल्लाह!) आला साथ नसीब फरमा”, हत्ता कि आप की रूह कब्ज़ हो गई और आप का दस्ते मुबारक झुक गया| (बुखारी)

رواه البخارى (4449)

٥٩٦٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْهَا قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «مامن نَبِيٍّ يَمْرَضُ إِلَّا خُيِّرَ بَيْنَ الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ» . وَكَانَ فِي شَكْوَاهُ الَّذِي قُبِضَ أَخَذَتْهُ بُحَّةٌ شَدِيدَةٌ فَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: مَعَ الَّذِينَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ من الصديقين والنبيين وَالشُّهَدَاءِ وَالصَّالِحِينَ. فَعَلِمْتُ أَنَّهُ خُيِّرَ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

5960. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “जो नबी मर्जुल मौत में बीमार होता है तो इसे दुनिया व आखिरत के बिच में इख़्तियार दिया जाता है”, और जिस मर्ज़ में आप की रूह कब्ज़ की गई, इस मर्ज़ में आप पर हिचकी का सख्त हमला हुआ था, मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: “उन लोगो के साथ जिन पर तूने इनाम फ़रमाया, अंबिया (अस), सिद्दिकिन शुहदा और स्वालेहीन (के साथ)”, मैंने जान लिया के आप को इख़्तियार दिया गया है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4586) و مسلم (86 / 2444)، (6295)

٥٩٦١ - (صَحِيح) وَعَن أنس قَالَ: لما ثقل النَّبِي صلى الله عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَعَلَ يَتَغَشَّاهُ الْكَرْبُ. [ص:١٦٨ فَقَالَتْ فَاطِمَةُ: وَاكَرْبَ آبَاهْ فَقَالَ لَهَا: «لَيْسَ عَلَى أَبِيكِ كَرْبٌ بَعْدَ الْيَوْمِ» . فَلَمَّا مَاتَ قَالَتْ: يَا أَبَتَاهُ أَجَابَ رَبًّا دَعَاهُ يَا أَبَتَاهُ مَنْ جَنَّةُ الْفِرْدَوْسِ مَأْوَاهُ يَا أَبَتَاهُ إِلَى جِبْرِيلَ نَنْعَاهُ. فَلَمَّا دُفِنَ قَالَتْ فَاطِمَةُ: يَا أَنَسُ أَطَابَتْ أَنْفُسُكُمْ أَنْ تَحْثُوا عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ التُّرَابَ؟ رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

5961. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ का मर्ज़ शिद्दत इख़्तियार कर गया तो आप पर करब व तकलीफ छाने लगी तो फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया, अब्बा जान को कितनी तकलीफ है, आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “आज के बाद आप के अब्बा जान को कोई तकलीफ नहीं होगी”, जब आप वफात पा गए तो फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा ने कहा अब्बा जान! आप ने अपने रब के बुलावे पर लब्बैक कहा, अब्बा जान! आप जिन का ठिकाना जन्नत अल फिरदौस है, अब्बा जान! हम जिब्राइल अलैहिस्सलाम को आप की मौत की खबर सुनाते है, जब आप को दफन कर दिया गया तो फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: अनस तुम्हार दिल रसूलुल्लाह ﷺ पर मिट्टी डालने के लिए कैसे अमादा हो गए ? (बुखारी)

رواه البخاری (4462)

सहाबा किराम के मक्का मुकर्रमा से हिजरत और नबी की वफात का बयान

بَاب هِجْرَة أَصْحَابه صلى الله عَلَيْهِ وَسلم من مَكَّة ووفاته

दूसरी फस्ल

الْفَصْل الثَّانِي

٥٩٦٢ - (صَحِيح) عَن أَنَسٍ قَالَ: لَمَّا قَدِمَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ لَعِبَتِ الْحَبَشَةُ بِحِرَابِهِمْ فَرَحًا لِقُدُومِهِ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ»» وَفِي رِوَايَةِ الدَّارِمِيِّ (صَحِيح)»» قَالَ: مَا رَأَيْتُ يَوْمًا قَطُّ كَانَ أَحْسَنَ وَلَا أَضْوَأَ مِنْ يَوْمٍ دَخَلَ عَلَيْنَا فِيهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَا رَأَيْت يَوْمًا كَانَ أقبح وأظلم مِنْ يَوْمٍ مَاتَ فِيهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ»» وَفِي رِوَايَةِ التِّرْمِذِيِّ قَالَ: لَمَّا كَانَ

الْيَوْمُ الَّذِي دَخَلَ فِيهِ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْمَدِينَةَ أَضَاءَ مِنْهَا كُلُّ شَيْءٍ فَلَمَّا كَانَ الْيَوْمُ الَّذِي مَاتَ فِيهِ أَظْلَمَ مِنْهَا كُلُّ شَيْءٍ وَمَا نَفَضْنَا أَيْدِيَنَا عَنِ التُّرَابِ وَإِنَّا لَفِي دَفْنِهِ حَتَّى أَنْكَرْنَا قُلُوبَنَا

5962. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो हब्शियों ने आप की आमद की ख़ुशी पर अपने नेज़ो का खेल पेश किया| और दारमी की रिवायत में है, फ़रमाया: मैंने इस रोज़ से, जिस रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए, ज़्यादा हसीन और ज़्यादा रोशन कोई दिन नहीं देखा, और मैंने इस दिन से जिस दिन रसूलुल्लाह ﷺ ने वफात पाई, ज़्यादा कबिह और ज़्यादा तारिक कोई और दिन नहीं देखा| और तिरमिज़ी की रिवायत में है, फ़रमाया: जिस रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ मदीना में दाखिल हुए थे तो उस से हर चीज़ रोशन हो गई थी, चुनांचे जिस दिन आप ने वफात पाई थी उस से हर चीज़ तारिक हो गई थी, हमने अपने हाथ मिट्टी से साफ़ नहीं किए थे और अभी हम आप की तद्फिन में मसरूफ थे की हमने अपने दिलो को अजनबी पाया| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه ابوداؤد (4923) و الدارمى (1 / 41 ح 89) و الترمذى (3618 وقال : صحيح غريب) * سند ابى داود صحيح على شرط الشيخين و سند الدارمى صحيح و سند الترمذى : حسن

٥٩٦٣ - (ضَعِيف وَرُوِيَ صَحِيحا من وَجه آخر)»» وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: لَمَّا قُبِضَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اخْتَلَفُوا فِي دَفْنِهِ. فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ: سَمِعْتُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ شَيْئًا. قَالَ: «مَا قَبَضَ اللَّهُ نَبِيًّا إِلَّا فِي الْمَوْضِعِ الَّذِي يحبُ أَن يُدْفَنَ فِيهِ» . ادفنوه فِي موضعِ فراشِهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

5963. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ की रूह कब्ज़ की गई तो आप की तद्फिन के मुत्तल्लिक सहाबा में इख्तिलाफ पैदा हो गया, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से (इस बारे में) कुछ सुना है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह नबी की रूह इसी जगह कब्ज़ फरमाता है वहां वह पसंद फरमाता है के उस की तद्फिन हो”, तुम आप को आप के बिस्तर की जगह पर दफन करो| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (1018 وقال : غريب)

बाब हिजरत असहाबिहि ﷺ

بَاب هِجْرَة أَصْحَابه صلى الله عَلَيْهِ وَسلم من مَكَّة ووفاته • सहाबा किराम के मक्का मुकर्रमा से हिजरत और नबी की वफात का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٥٩٦٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ وَهُوَ صَحِيح: «لَنْ يُقْبَضَ نَبِيٌّ قَطُّ حَتَّى يُرَى مَقْعَدَهُ مِنَ الْجَنَّةِ ثُمَّ يُخَيَّرَ» . قَالَتْ عَائِشَةُ: فَلَمَّا نَزَلَ بِهِ ورأسه على فَخذِي غُشِيَ عَلَيْهِ ثُمَّ أَفَاقَ فَأَشْخَصَ بَصَرَهُ إِلَى السَّقْفِ ثُمَّ قَالَ: «اللَّهُمَّ الرَّفِيقَ الْأَعْلَى» . قُلْتُ: إِذَنْ لَا يَخْتَارُنَا. قَالَتْ: وَعَرَفْتُ أَنَّهُ الْحَدِيثُ الَّذِي كَانَ يُحَدِّثُنَا بِهِ وَهُوَ صَحِيحٌ فِي قَوْلِهِ: «إِنَّهُ لَنْ يُقْبَضَ نَبِيٌّ قَطُّ حَتَّى يُرَى مَقْعَدَهُ مِنَ الْجَنَّةِ ثُمَّ يُخَيَّرَ» قَالَتْ عَائِشَةُ: فَكَانَ آخِرُ كَلِمَةٍ تَكَلَّمَ بِهَا النَّبِيُّ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: «اللَّهُمَّ الرفيق الْأَعْلَى» . مُتَّفق عَلَيْهِ

5964. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ हालत सेहत में फ़रमाया करते थे: “किसी नबी की रूह इस वक़्त तक कब्ज़ नहीं की जाती जब तक उन्हें उनका जन्नती ठिकाना नहीं दिखा दिया जाता है, फिर उन्हें इख़्तियार दिया जाता है”, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, जब आप पर मौत तारी हुई इस वक़्त आप का सर मुबारक मेरी रान पर था, आप पर बेहोशी तारी हुई, फिर अफाका हुआ तो आप ﷺ ने अपनी नज़र छत की तरफ उठाई, फिर फ़रमाया: “ए अल्लाह! आला साथ नसीब फरमा, मैंने कहा: तब तो आप हमें इख़्तियार नहीं करेंगे, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने जान लिया के वह हदीस जो आप हमें बयान किया करते थे, जब के आप सेहत मंद थे: “किसी नबी की रूह कब्ज़ नहीं की जाती हत्ता कि वह अपना जन्नती ठिकाना देख लेता है, फिर इसे इख़्तियार दिया जाता है”, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: नबी ﷺ ने जो आखरी बात फरमाई वह यह थी: “ए अल्लाह! आला साथ नसीब फरमा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6509) و مسلم (87 / 2444)، (6297)

٥٩٦٥ - (صَحِيح) وَعَنْهَا»» قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ فِي مَرَضِهِ الَّذِي مَاتَ فِيهِ: «يَا عَائِشَةُ مَا أَزَالُ أَجِدُ أَلَمَ الطَّعَامِ الَّذِي أَكَلْتُ بِخَيْبَرَ وَهَذَا أَوَانُ وَجَدْتُ انْقِطَاعَ أَبهري من ذَلِك السم» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

5965. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ अपने मर्जे वफ़ात में फरमा रहे थे: “आयशा! मैंने जो खाना खैबर के मौके पर खाया था उस की तकलीफ मुसलसल उठाता रहा हूँ, और यह वह वक़्त आ गया है के ऐसा मालुम होता है के इस ज़हर की वजह से मेरी शै रग कट जाएगी”| (बुखारी)

رواه البخارى (4428)

٥٩٦٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: لَمَّا حُضِرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَفِي الْبَيْتِ رِجَالٌ فِيهِمْ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَلُمُّوا أَكْتُبْ لَكُمْ كِتَابًا لَنْ تَضِلُّوا بَعْدَهُ» . فَقَالَ عُمَرَ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدْ غَلَبَ عَلَيْهِ الْوَجَعُ وَعِنْدَكُمُ الْقُرْآنُ حَسْبُكُمْ كِتَابُ اللَّهِ فَاخْتَلَفَ أَهْلُ الْبَيْتِ وَاخْتَصَمُوا فَمِنْهُمْ مَنْ يَقُولُ: قَرِّبُوا يَكْتُبْ لَكُمْ رَسُولُ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم. وَمِنْهُم يَقُولُ مَا قَالَ عُمَرُ. فَلَمَّا أَكْثَرُوا اللَّغَطَ وَالِاخْتِلَافَ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «قُومُوا عَنِّي» . قَالَ عُبَيْدُ اللَّهِ: فَكَانَ ابنُ عباسٍ يَقُول: إِن الرزيئة كل الرزيئة مَا حَالَ بَيْنَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ [ص:١٦٨ وَبَيَّنَ أَنْ يَكْتُبَ لَهُمْ ذَلِكَ الْكِتَابَ لِاخْتِلَافِهِمْ وَلَغَطِهِمْ»» وَفِي رِوَايَةِ سُلَيْمَانَ بْنِ أَبِي مُسْلِمٍ الْأَحْوَلِ قَالَ ابْنُ عَبَّاسٍ: يَوْمُ الْخَمِيسِ وَمَا يَوْمُ الْخَمِيسِ؟ ثُمَّ بَكَى حَتَّى بَلَّ دَمْعُهُ الْحَصَى. قُلْتُ: يَا ابْنَ عَبَّاسٍ وَمَا يَوْمُ الْخَمِيسِ؟ قَالَ: اشْتَدَّ بِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَجَعُهُ فَقَالَ: «ائْتُونِي بِكَتِفٍ أَكْتُبْ لَكُمْ كِتَابًا لَا تَضِلُّوا بَعْدَهُ أَبَدًا» . فَتَنَازَعُوا وَلَا يَنْبَغِي عِنْدَ نَبِيٍّ تَنَازُعٌ. فَقَالُوا: مَا شَأْنُهُ أَهَجَرَ؟ اسْتَفْهِمُوهُ فَذَهَبُوا يَرُدُّونَ عَلَيْهِ. فَقَالَ: «دَعُونِي ذَرُونِي فَالَّذِي أَنَا فِيهِ خَيْرٌ مِمَّا تَدْعُونَنِي إِلَيْهِ» . فَأَمَرَهُمْ بِثَلَاثٍ: فَقَالَ: «أَخْرِجُوا الْمُشْرِكِينَ مِنْ جَزِيرَةِ الْعَرَبِ وَأَجِيزُوا الْوَفْدَ بِنَحْوِ مَا كُنْتُ أُجِيزُهُمْ» . وَسَكَتَ عَنِ الثَّالِثَةِ أَوْ قَالَهَا فَنَسِيتُهَا قَالَ سُفْيَانُ: هَذَا مِنْ قَول سُلَيْمَان. مُتَّفق عَلَيْهِ

5966. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ पर मर्जुल मौत के आसार ज़ाहिर होने लगे, तो इस वक़्त (आप के) घर में कुछ लोग थे उन में उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु भी थे, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “लाओ

में तुम्हें एक तहरीर लिख दू जिस के बाद तुम कभी गुमराह न होंगे”, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: आप पर तकलीफ का गलबा है और तुम्हारे पास कुरान है, तुम्हारे लिए अल्लाह की किताब काफी है, उस पर घर में मौजूद लोगों में इख्तिलाफ पड़ गया, और वह झगड़ पड़े, कोई कह रहा था, लाओ रसूलुल्लाह ﷺ तुम्हें लिख दें, और कोई वही कह रहा था जो उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने कहा था, चुनांचे जब शोरो गुल और इख्तिलाफ ज़्यादा हो गया तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मेरे पास से उठ जाओ”, उबैदुल्लाह ने बयान किया, इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा फ़रमाया करते थे: सबसे बड़ी मुसीबत यह थी के उनका इख्तिलाफ और शोरो शगब रसूलुल्लाह ﷺ और आप की तहरीर के दरमियान हाइल हो गया| और सुलेमान बिन अबी मुस्लिम अल अहवल की रिवायत में है, इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा ने जुमेरात के दिन का ज़िक्र किया, और जुमेरात के दिन क्या हुआ ? फिर वह रोने लगे, इतना रोए के उन के आसूंओ ने संगरेज़ो को तर कर दिया, मैंने कहा: इब्ने अब्बास जुमेरात के दिन क्या हुआ ? उन्होंने ने फ़रमाया: इस रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ की तकलीफ शिद्दत इख़्तियार कर गई, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे शाने की हड्डी दो में तुम्हें तहरीर लिख दू, उस के बाद तुम कभी गुमराह न होगे”, उन्होंने इख्तिलाफ कर लिया, हालाँकि नबी के यहाँ तनाज़ा मुनासिब नहीं, उन्होंने कहा: उनकी क्या हालत है ? क्या आप ﷺ (मर्ज़ की वजह से) ऐसी बात फरमा रहे हैं, उन्हें समझने की कोशिश करो, फिर वह आप ﷺ से बार बार पूछने की कोशिश करते रहे लेकिन आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुझे छोड़ दो, मुझे मेरे हाल पर रहने दो में जिस हालत में हूँ वह उस से, जिस के लिए तुम कह रहे हो बेहतर है”, आप ﷺ ने उन्हें तीन बातो की वसीयत फरमाई: “मुशरिकीन को जज़ीरा अरब से निकाल देना, वफद को इसी तरह अतियात देते रहना जिस तरह में उन्हें अतियात दिया करता था”, और रावी ने तीसरी बात नहीं की या उस के मुत्तल्लिक उन्होंने कहा: में उसे भूल गया हूँ सुफियान रहीमा उल्लाह ने कहा यह (कहना के उन्होंने तीसरी बात बयान नहीं की) सुलेमान का कौल है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (114) و مسلم (22 / 1637) الرواية الثانية : البخارى (4431) و مسلم (20 / 1637)، (4232 و 4234)

٥٩٦٧ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ: قَالَ أَبُو بَكْرٍ لِعُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا بَعْدَ وَفَاةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: انْطَلِقْ بِنَا إِلَى أُمِّ أَيْمَنَ نَزُورُهَا كَمَا كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَزُورُهَا فَلَمَّا انْتَهَيْنَا إِلَيْهَا بَكَتْ. فَقَالَا لَهَا: مَا يُبْكِيكِ؟ أَمَا تَعْلَمِينَ أَنَّ مَا عِنْدَ اللَّهِ خَيْرٌ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ فَقَالَتْ: إِنِّي لَا أَبْكِي أَنِّي لَا أَعْلَمُ أَنَّ مَا عِنْدَ اللَّهِ تَعَالَى خَيْرٌ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَلَكِنْ أَبْكِي أَنَّ الْوَحْيَ قَدِ انْقَطَعَ مِنَ السَّمَاءِ فَهَيَّجَتْهُمَا عَلَى الْبُكَاءِ فَجعلَا يَبْكِيَانِ مَعهَا. رَوَاهُ مُسلم

5967. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ की वफात के बाद उमर रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: उम्म अयमन रदी अल्लाहु अन्हा के पास चले उनकी ज़ियारत करे जिस तरह रसूलुल्लाह ﷺ उनकी ज़ियारत किया करते थे, जब हम उन के पास पहुंचे तो वह रोने लगी, इन दोनों हज़रात ने उन्हें कहा: आप क्यों रोती है ? क्या आप को मालुम नहीं के अल्लाह के यहाँ जो है के रसूलुल्लाह ﷺ के लिए बेहतर है ? उन्होंने ने फ़रमाया: में इसलिए नहीं रो रही के मुझे इल्म नहीं के अल्लाह तआला के यहाँ जो है वह रसूलुल्लाह ﷺ के लिए बेहतर है, मैं तो इसलिए रो रही हूँ कि आसमान से वही का आना मुन्कतेअ हो चूका है, उम्म अयमन रदी अल्लाहु अन्हा ने इन दोनों हज़रात को भी रोने पर अमादा कर दिया, वह भी उन के साथ रोना शुरू हो गए| (मुस्लिम)

رواه مسلم (103 / 2454)، (6318)

٥٩٦٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي»» سعيد الْخُدْرِيّ قَالَ: خَرَجَ عَلَيْنَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي مَرَضِهِ الَّذِي مَاتَ فِيهِ وَنَحْنُ فِي الْمَسْجِدِ عَاصِبًا رَأْسَهُ بِخِرْقَةٍ حَتَّى أَهْوَى نَحْوَ الْمِنْبَرِ فَاسْتَوَى عَلَيْهِ وَاتَّبَعْنَاهُ قَالَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ إِنِّي؟ لَأَنْظُرُ إِلَى الْحَوْضِ مِنْ مَقَامِي هَذَا» ثُمَّ قَالَ: «إِنَّ عَبْدًا عُرِضَتْ عَلَيْهِ الدُّنْيَا وَزِينَتُهَا فَاخْتَارَ الْآخِرَةَ» قَالَ: فَلَمْ يَفْطِنْ لَهَا [ص:١٦٨ أَحَدٌ غَيْرُ أَبِي بَكْرٍ فَذَرَفَتْ عَيْنَاهُ فَبَكَى ثُمَّ قَالَ: بَلْ نَفْدِيكَ بِآبَائِنَا وأمَّهاتِنا وأنفسنا وأموالِنا يَا رسولَ الله قَالَ: ثُمَّ هَبَطَ فَمَا قَامَ عَلَيْهِ حَتَّى السَّاعَة. رَوَاهُ الدَّارِمِيّ

5968. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ अपने मर्जे वफ़ात में (अपने हुजरे से) बाहर तशरीफ़ लाए, हम इस वक़्त मस्जिद में थे, आप ने अपने सर पर पट्टी बांध रखी थी, आप मिम्बर की तरफ बढ़े और उस पर जलवा अफ़रोज़ हुए, हम भी आप के करीब हुए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! मैं अपने इस जगह से हौज़ (कौसर) को देख रहा हूँ", फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: "एक बन्दे पर दुनिया और उस की जैब व ज़ीनत पेश की गई लेकिन उस ने आखिरत को पसंद किया", रावी बयान करते हैं, सिर्फ अबू बकर रदी अल्लाहु अन्हु ही इस बात को समझ सके, उनकी आंखो से आंसू बहने लगे और आप ज़ारो कतार रोने लगे, फिर अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! नहीं, बल्के हम आप पर अपने वालिदेन, अपने जानें और अपने अमवाल कुरबान कर देंगे, रावी बयान करते हैं, फिर आप मिम्बर से निचे तशरीफ़ लाए फिर, वफात तक दोबारा मिम्बर पर जलवा अफ़रोज़ नहीं हुए| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الدارمی (1 / 36 ح 78)

٥٩٦٩ - (حسن) وَعَنِ»» ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: لَمَّا نَزَلَتْ [إِذَا جَاءَ نصر الله وَالْفَتْح] دَعَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَاطِمَةَ قَالَ: «نُعِيَتْ إِلَيَّ نَفْسِي» فَبَكَتْ قَالَ: «لَا تَبْكِي فَإِنَّكِ أَوَّلُ أَهْلِي لَاحِقٌ بِي» فَضَحِكَتْ فَرَآهَا بَعْضُ أَزْوَاجِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْنَ: يَا فَاطِمَةُ رَأَيْنَاكِ بَكَيْتِ ثُمَّ ضَحِكْتِ. قَالَتْ: إِنَّهُ أَخْبَرَنِي أَنَّهُ قَدْ نُعِيَتْ إِلَيْهِ نَفْسُهُ فَبَكَيْتُ فَقَالَ لِي: لَا تَبْكِي فإنك أَوَّلُ أَهلِي لاحقٌ بِي فضحكتُ. وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِذَا جَاءَ نصرُ الله وَالْفَتْح وَجَاءَ أَهْلُ الْيَمَنِ هُمْ أَرَقُّ أَفْئِدَةً وَالْإِيمَانُ يمانٍ وَالْحِكْمَة يَمَانِيَة» . رَوَاهُ الدَّارمِيّ

5969. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, जब सुरह नस्र नाज़िल हुई तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा को बुलाया और फ़रमाया: "मुझे मेरी वफात की इत्तिला दी गई है", वह रोने लगी, आप ﷺ ने फ़रमाया: "मत रोएँ, क्योंकि मेरे अहले खाना में से सबसे पहले आप मुझे मिलेगी", उस पर वह हंस दी, नबी ﷺ की किसी ज़ौजा ए मोहतरमा ने उन्हें देख लिया तो उन्होंने कहा: फ़ातिमा! हमने आप को रोते हुए देखा फिर आप को हँसते हुए देखा, (क्या मुआमला था ?) उन्होंने ने फ़रमाया: आप ﷺ ने मुझे बताया की मुझे मेरी वफात की इत्तिला दी गई है तो उस पर में रोने लगी, फिर आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: "आप मत रोएँ क्योंकि मेरे अहले खाना में से सबसे पहले आप मुझे मिलेगी", तो उस पर में हंस दी, और रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "जब अल्लाह की नुसरत और फतह आ गई", और अहले यमन आए, वह नरम दिल है, और ईमान यमनी है और हिकमत यमनी है"| (हसन)

سنده حسن ، رواه الدارمی (1 / 37 ح 80)

٥٩٧٠ - (صَحِيح) وَعَن»» عَائِشَة أَنَّهَا قَالَت: وَا رأساه قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ذَاكِ لَوْ كَانَ وَأَنَا حَيٌّ فَأَسْتَغْفِرُ لَكِ وَأَدْعُو لَكِ» فَقَالَتْ عَائِشَةُ: وَاثُكْلَيَاهْ وَاللَّهِ إِنِّي لَأَظُنُّكَ تُحِبُّ مَوْتِي فَلَوْ كَانَ ذَلِكَ لَظَلِلْتَ آخِرَ يَوْمِكَ مُعْرِسًا بِبَعْضِ أَزْوَاجِكَ فَقَالَ النَّبِيُّ

صلى الله عَلَيْهِ وَسلم: " بل أَنا وَا رأساه لَقَدْ هَمَمْتُ أَوْ أَرَدْتُ أَنْ أُرْسِلَ إِلَى أَبِي بَكْرٍ وَابْنِهِ وَأَعْهَدُ أَنْ يَقُولَ الْقَائِلُونَ أَوْ يَتَمَنَّى الْمُتَمَنُّونَ ثُمَّ قُلْتُ: يَأْبَى اللَّهُ وَيَدْفَعُ الْمُؤْمِنُونَ أَوْ يَدْفَعُ اللَّهُ وَيَأْبَى الْمُؤْمِنُونَ ". رَوَاهُ البُخَارِيّ

5970. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के उन्होंने कहा: हाए सर फटा जा रहा है (और उन्होंने मौत की तरफ इरशाद किया) तब रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "अगर ऐसी सूरत हुई (तुम्हारी मौत वाकेअ हो गई) और मैं जिंदा हुआ तो में तुम्हारे लिए मगफिरत तलब करूँगा और तुम्हारे लिए दुआ करूँगा", आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: अफ़सोस! अल्लाह की क़सम! मैं आप के मुत्तल्लिक यह ख़याल करती हूँ कि आप मेरी मौत पसंद फरमाते हैं, अगर ऐसे हो गया तो आप अगले ही रोज़ किसी दूसरी औरत से शादी कर लेंगे, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "नहीं, बल्के में अपने सर फटने का इज़हार करता हूँ, मैंने इरादा किया था की मैं अबू बकर और उन के बेटे को बुला भेजू और उन (अबू बक्र (र)) को खलीफा नाम ज़द कर दूँ, ताकि कोई दावा करने वाला उस का दावा न करे या कोई ख्वाहिश रखने वाला उस की ख्वाहिश न रखे, फिर मैंने कहा: अल्लाह खुद ही (किसी और की खिलाफत का) इन्कार फरमादेगा और मोमिन (किसी और को खिलाफत से) दूर कर देंगे, या अल्लाह (किसी और की खिलाफत) हटा देगा और मोमिन इन्कार कर देंगे"| (बुखारी)

رواه البخارى (5666)

٥٩٧١ - (حسن) وَعَنْهَا»» : قَالَتْ: رَجَعَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَات يومٍ من جنازةٍ مِنَ الْبَقِيعِ فَوَجَدَنِي وَأَنَا أَجِدُ صُدَاعًا وَأَنَا أَقُولُ: وَارَأْسَاهُ قَالَ: «بَلْ أَنَا يَا عَائِشَةُ وَارَأْسَاهُ» قَالَ: «وَمَا ضَرَّكِ لَوْ مِتِّ قَبْلِي فَغَسَّلْتُكِ وَكَفَّنْتُكِ وَصَلَّيْتُ عَلَيْكِ وَدَفَنْتُكِ؟» قُلْتُ: لَكَأَنِّي بِكَ وَاللَّهِ لَوْ فَعَلْتَ ذَلِكَ لَرَجَعْتَ إِلَى بَيْتِي فَعَرَّسْتَ فِيهِ بِبَعْضِ [ص:١٦٨ نِسَائِكَ فَتَبَسَّمَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ بُدِيءَ فِي وَجَعِهِ الَّذِي مَاتَ فِيهِ. رَوَاهُ الدَّارِمِيُّ

5971. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, एक रोज़ रसूलुल्लाह ﷺ जनाज़े से फारिग़ हो कर बकी से वापिस मेरे पास तशरीफ़ लाए और आप ने मुझे इस हाल में पाया के मेरे सर में दर्द था, और मैं कह रही थी: हाए दर्द की वजह से सर फटा जा रहा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: "नहीं, बल्कि आयशा! मैं और मेरा सर दर्द से फटा जा रहा है" फ़रमाया: "अगर तुम मुझ से पहले वफात पा गई तो यह तुम्हारे लिए मुज़िर नहीं क्यूंकि के इस सूरत में में तुम्हें गुसल दूंगा, तुझे कफन पहनाऊंगा, तुम्हारी नमाज़ ए जनाज़ा पढ़ूँगा और तुम्हें दफन करूँगा", मैंने कहा: अल्लाह की क़सम! आप के मुत्तल्लिक मेरा भी हमें ख़याल है, अगर आप ने इस तरह (गुसल व कफन और दफन वगैरा) किया तो आप मेरे घर वापिस आएँगे, वहां अपनी किसी बीवी से सोहबत करेंगे, (ये सुन कर) रसूलुल्लाह ﷺ मुस्कुरा दिए, फिर आप को तकलीफ ज़ाहिर हुई जिस में आप ﷺ ने वफात पाई| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الدارمى (1 / 37 38 ح 81) [و ابن ماجه (1465)] * الزهرى مدلس و عنعن

٥٩٧٢ - (واه) وَعَنْ»» جَعْفَرِ بْنِ مُحَمَّدٍ عَنْ أَبِيهِ أَنَّ رَجُلًا مِنْ قُرَيْشٍ دَخَلَ عَلَى أَبِيهِ عَلِيِّ بْنِ الْحُسَيْنِ فَقَالَ أَلَا أُحَدِّثُكَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَ: بَلَى حَدِّثْنَا عَنْ أَبِي الْقَاسِمِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: لَمَّا مَرِضَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَتَاهُ جِبْرِيلُ فَقَالَ: " يَا مُحَمَّدُ إِنَّ اللَّهَ أَرْسَلَنِي إِلَيْكَ تَكْرِيمًا لَكَ وَتَشْرِيفًا لَكَ خَاصَّةً لَكَ يَسْأَلُكَ عَمَّا هُوَ أَعْلَمُ بِهِ مِنْكَ يَقُولُ: كَيْفَ تجدك؟ قَالَ: أجدُني يَا جِبْرِيل مغموماً وأجدني يَا جِبْرِيل مَكْرُوبًا ". ثُمَّ جَاءَهُ الْيَوْمُ الثَّانِي فَقَالَ لَهُ ذَلِكَ فَرَدَّ عَلَيْهِ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَمَا رَدَّ أَوَّلَ يَوْمٍ ثُمَّ جَاءَهُ الْيَوْمَ الثَّالِثَ فَقَالَ لَهُ كَمَا قَالَ أَوَّلَ يَوْمٍ وَرَدَّ عَلَيْهِ كَمَا رَدَّ عَلَيْهِ وَجَاءَ مَعَهُ مَلَكٌ يُقَالُ لَهُ: إِسْمَاعِيلُ عَلَى مِائَةِ أَلْفِ

مَلَكٍ كُلُّ مَلَكٍ عَلَى مِائَةِ أَلْفِ مَلَكٍ فَاسْتَأْذَنَ عَلَيْهِ فَسَأَلَهُ عَنْهُ. ثُمَّ قَالَ جِبْرِيل: هَذَا مَلَكُ الْمَوْتِ يَسْتَأْذِنُ عَلَيْكَ. مَا اسْتَأْذَنَ عَلَى آدَمِيٍّ قَبْلَكَ وَلَا يَسْتَأْذِنُ عَلَى آدَمِيٍّ بَعْدَكَ. فَقَالَ: ائْذَنْ لَهُ فَأَذِنَ لَهُ فَسَلَّمَ عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ يَا مُحَمَّدُ إِنَّ اللَّهَ أَرْسَلَنِي إِلَيْكَ فَإِنْ أَمَرْتَنِي أَنْ أَقْبِضَ رُوحَكَ قَبَضْتُ وَإِنْ أَمَرْتَنِي أَنْ أَتْرُكَهُ تَرَكْتُهُ فَقَالَ: وَتَفْعَلُ يَا مَلَكَ الْمَوْتِ؟ قَالَ: نَعَمْ بِذَلِكَ أُمرتُ وأُمرتُ أَن أطيعَك. قَالَ: فَنَظَرَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى جِبْرِيل عَلَيْهِ السَّلَام فَقَالَ جِبْرِيلُ: يَا مُحَمَّدُ إِنَّ اللَّهَ قَدِ اشْتَاقَ إِلَى لِقَائِكَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِمَلَكِ الْمَوْتِ: «امْضِ لِمَا أُمِرْتَ بِهِ» فَقَبَضَ رُوحَهُ فَلَمَّا تُوُفِّيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَجَاءَتِ التَّعْزِيَةُ سَمِعُوا صَوْتًا مِنْ نَاحِيَةِ الْبَيْتِ: السَّلَامُ عَلَيْكُمْ أَهْلَ الْبَيْتِ وَرَحْمَةُ اللَّهِ وَبَرَكَاتُهُ إِنَّ فِي اللَّهِ عَزَاءً مِنْ كُلِّ مُصِيبَةٍ وَخَلَفًا مِنْ كُلِّ هالكٍ ودَرَكاً من كلِّ فَائت فبالله فثقوا وَإِيَّاهُ فَارْجُوا فَإِنَّمَا الْمُصَابُ مَنْ حُرِمَ الثَّوَابَ. فَقَالَ عَلِيٌّ: أَتَدْرُونَ مَنْ هَذَا؟ هُوَ الْخَضِرُ عَلَيْهِ السَّلَامُ. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيُّ فِي « دَلَائِلِ النُّبُوَّةِ»

5972. जाफर बिन मुहम्मद अपने वालिद से रिवायत करते हैं की कुरैश में से एक आदमी उन के वालिद अली बिन हुसैन के पास आया और उस ने कहा: क्या मैं तुम है रसूलुल्लाह ﷺ की हदीस न सुनाउ ? उन्होंने ने फ़रमाया: हाँ, अबुल कासिम ﷺ की हदीस हमें सुनाओ, इस आदमी ने कहा जब रसूलुल्लाह ﷺ बीमार हुए तो जिब्राइल अलैहिस्सलाम आप के पास आए तो उन्होंने कहा: मुहम्मद अल्लाह ने आप की तकरिम व ताज़ीम की खातिर मुझे आप की तरफ भेजा है, वह आप के लिए खास है, वह आप से इस चीज़ के मुत्तल्लिक दरियाफ्त करता है, जिस के मुत्तल्लिक वह आप से बेहतर जानता है, वह फरमाता है, आप अपने आप को कैसा महसूस करते हैं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “जिब्राइल! मैं अपने आप को मगमूम पाता हूँ, और जिब्राइल में अपने आप को करब में महसूस करता हूँ”, फिर वह दुसरे रोज़ आए तो उन्होंने आप से यही कहा ,रसूलुल्लाह ﷺ ने वही जवाब दिया जो आप ने पहले रोज़ दिया था फिर वह तीसरे रोज़ आप के पास आए तो उन्होंने आप से वही कुछ कहा जो पहले रोज़ कहा था, और आप ने भी उन्हें वही जवाब दिया, और आखरी बार जिब्राइल अलैहिस्सलाम के साथ इस्माइल नामी फ़रिश्ता आया जो एक लाख फरिश्तो का सरदार है, और उस का हर मातेहत फ़रिश्ता लाख फरिश्तो का सरदार है, उस ने आप ﷺ से इजाज़त तलब की, आप ﷺ ने जिब्राइल अलैहिस्सलाम से इस फरिश्तो के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया, तो जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने अर्ज़ किया, यह मौत का फ़रिश्ता है, वह आप के पास आने की इजाज़त तलब कर रहा है, उस ने आप से पहले किसी आदमी से इजाज़त तलब की है न आप के बाद किसी आदमी से इजाज़त तलब करेगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इसे इजाज़त दे दी”, इसे इजाज़त दे दी गई, उस ने सलाम किया, फिर कहा: मुहम्मद! अल्लाह ने मुझे आप की तरफ भेजा है, अगर आप अपनी रूह कब्ज़ करने की मुझे इजाज़त दें तो मैं कब्ज़ कर लूँगा, और अगर आप ने इजाज़त न फरमाई में उसे कब्ज़ नहीं करूँगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मौत के फ़रिश्ते! क्या तुम ऐसे करोगे ?” उस ने कहा: हाँ, क्योंकि मुझे यह हुक्म दिया गया है कि मैं आप की चाहत का एहतराम करू, रावी बयान करते हैं, नबी ﷺ ने जिब्राइल अलैहिस्सलाम की तरफ देखा तो जिब्राइल अलैहिस्सलाम ने कहा: मुहम्मद! अल्लाह आप की मुलाकात का मुश्ताक (उत्सुक) है, तब नबी ﷺ ने मलिकुल मौत से फ़रमाया: “तुम्हें जो हुक्म दिया गया है उस की तामिल करो”, उस ने आप की रूह कब्ज़ की, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने वफात पाई और ताज़ियत करने वाले हाज़िर हुए तो उन्होंने घर के कोने से आवाज़ सुनी, अहले बैत! तुम पर सलामती हो, अल्लाह की रहमत और उस की बरकात हो, बेशक अल्लाह की किताब में हर मुसीबत से अज़ा व तसल्ली है, हर हलाक होने वाली चिज़ का मुआवज़ा , और हर नुक्सान का तदराक है, अल्लाह की तौफिक के साथ अल्लाह से डरो, सिर्फ उस से उम्मी से वाबिस्ता करो, खसारे वाला शख़्स वह है जो सवाब से महरूम हो गया अली (ज़ैनुल आबेदीन (रह)) ने कहा: क्या तुम जानते हो के वह शख़्स कौन था, वह खिज़र अलैहिस्सलाम थे| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه البيهقى فى دلائل النبوة (7 / 267 268) [و الشافعى فى السنن الماثورة (ص 334 335 ح 390 رواية الطحاوى عن المزنى) و السهمى فى تاريخ جرجان (ص 363 364)] * فيه قاسم بن عبدالله بن عمر بن حفص : متروک رماه احمد بالكذب

بَابُ • गुज़िश्ता बाब के बारे में बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٥٩٧٣ - (صَحِيح) عَن عَائِشَةَ قَالَتْ: مَا تَرَكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دِينَارًا وَلَا دِرْهَمًا وَلَا شَاةً وَلَا بَعِيرًا وَلَا أَوْصَى بِشَيْءٍ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ

5973. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने (तर्के में) ना कोई दीनार छोड़ा न दिरहम, ना कोई बकरी छोड़ी न ऊंट और ना ही किसी चीज़ की वसीयत की| (मुस्लिम)

رواه مسلم (18 / 1635)، (4229)

٥٩٧٤ - (صَحِيح) عَن عَمْرو بن الْحَارِث أخي جوَيْرِية قَالَ: مَا تَرَكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عِنْدَ مَوْتِهِ دِينَارًا وَلَا دِرْهَمًا وَلَا عَبْدًا وَلَا أَمَةً وَلَا شَيْئًا إِلَّا بَغْلَتَهُ الْبَيْضَاءَ وَسِلَاحَهُ وَأَرْضًا جَعَلَهَا صَدَقَةً. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

5974. जुरियह रदी अल्लाहु अन्हु के भाई अम्र बिन हारिस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने अपने वफात के वक़्त ना कोई दीनार छोड़ा न दिरहम, ना कोई गुलाम छोड़ा न लोंदी, ना आप ने अपना सफ़ेद खच्चर अपना अस्लिहा और कुछ ज़मीन छोड़ी थी, और इस (ज़मीन) को भी सदका करार दे दिया था| (बुखारी)

رواه البخارى (2739)

٥٩٧٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يَقْتَسِمُ وَرَثَتِي دِينَارًا مَا تَرَكْتُ بَعْدَ نَفَقَةِ نِسَائِي وَمُؤْنَةِ عَامِلِي فَهُوَ صَدَقَةٌ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकब और फ़ज़ाइल का बयान — بَاب مَنَاقِب أبي بكر

तीसरी फस्ल — الْفَصْل الثَّالِث

٦٠٣٤ - (لم تتمّ دراسته) عَن عمر»» ذُكِرَ عِنْدَهُ أَبُو بَكْرٍ فَبَكَى وَقَالَ: وَدِدْتُ أَنَّ عَمَلِي كُلَّهُ مِثْلُ عَمَلِهِ يَوْمًا وَاحِدًا مِنْ أَيَّامِهِ وَلَيْلَةً وَاحِدَةً مِنْ لَيَالِيهِ أَمَّا لَيْلَتُهُ فَلَيْلَةٌ سَارَ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى الْغَار فَلَمَّا انتهينا إِلَيْهِ قَالَ: وَاللَّهِ لَا تَدْخُلُهُ حَتَّى أَدْخُلَ قَبْلَكَ فَإِنْ كَانَ فِيهِ شَيْءٌ أَصَابَنِي دُونَكَ فَدَخَلَ فَكَسَحَهُ وَوَجَدَ فِي جَانِبِهِ ثُقْبًا فَشَقَّ إِزاره وسدها بِهِ وَبَقِي مِنْهَا اثْنَان فألقمها رِجْلَيْهِ ثُمَّ قَالَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ادْخُلْ»» فَدَخَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ»» وَوُضِعَ [ص:١٧٠ رَأسه فِي حجره وَنَامَ فَلُدِغَ أَبُو بَكْرٍ فِي رِجْلِهِ مِنَ الْجُحر وَلم يَتَحَرَّك مَخَافَة أَن ينتبه رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَسَقَطَتْ دُمُوعُهُ عَلَى وَجْهُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَا لَكَ يَا أَبَا بَكْرٍ؟» قَالَ: لُدِغْتُ فِدَاكَ أَبِي وَأُمِّي فَتَفِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَذَهَبَ مَا يَجِدُهُ ثُمَّ انْتَقَضَ عَلَيْهِ وَكَانَ سَبَبَ مَوْتِهِ وَأَمَّا يَوْمُهُ فَلَمَّا قُبِضَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ارْتَدَّتِ الْعَرَبُ وَقَالُوا: لَا نُؤَدِّي زَكَاةً. فَقَالَ: لَوْ مَنَعُونِي عِقَالًا لَجَاهَدْتُهُمْ عَلَيْهِ. فَقُلْتُ: يَا خَلِيفَةُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَأَلَّفِ النَّاسَ وَارْفُقْ بِهِمْ. فَقَالَ لِي: أَجَبَّارٌ فِي الْجَاهِلِيَّةِ وَخَوَّارٌ فِي الْإِسْلَامِ؟ إِنَّهُ قَدِ انْقَطَعَ الْوَحْيُ وَتَمَّ الدِّينُ أَيَنْقُصُ وَأَنَا حَيٌّ؟ . رَوَاهُ رزين

6034. उमर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन के पास अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु का तज़किरह किया गया तो वह रो पड़े और कहा: मैं चाहता हूँ कि मेरे सारे अमल उन के अय्याम में से एक यौम और उनकी रातो में से एक रात की मिस्ल हो जाए, रही उनकी रात, तो वह रात जब उन्होंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ ग़ार की तरफ सफ़र किया था, जब वह दोनों वहां तक पहुंचे तो अबू बक्र ने अर्ज़ किया, अल्लाह की क़सम! आप उस में दाखिल नहीं होंगे हत्ता कि में आप से पहले दाखिल हो जाऊं, ताकि अगर उस में कोई चीज़ हो तो उस का नुक्सान मुझे पहुंचे आप उन से महफ़ूज़ रहे, वह उस में दाखिल हुए, इसे साफ़ किया, और उन्होंने उस की एक जानिब सुराख़ देखे, उन्होंने अपना आज़ार फोड़ा और उन से सुराखों को बंद किया, मगर दो सुराख़ बाकी रह गए और उन्होंने इन पर अपने पाँव रख दिए, फिर रसूलुल्लाह ﷺ से अर्ज़ किया, तशरीफ़ ले आए, रसूलुल्लाह ﷺ अन्दर तशरीफ़ ले आए और अपना सर मुबारक उनकी गोद में रख कर सो गए, सुराख़ से अबू बक्र का पाँव दस लिया गया, लेकिन उन्होंने इस अंदेशे के पेशे नज़र के आप बेदार न हो जाए हरकत न की, उन के आंसू रसूलुल्लाह ﷺ के चेहरा मुबारक पर गिरे तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “अबू बकर! क्या हुआ ?” उन्होंने अर्ज़ किया, मेरे वालिदेन आप पर फ़िदा हो मुझे दस लिया गया है, रसूलुल्लाह ﷺ ने लुआब लगाया और तकलीफ जाती रही, और बाद में इस ज़हर का असर इन पर दोबारा शुरू हो गया और यही उनकी वफात का सबब बना, रहा उनका दीन तो जब रसूलुल्लाह ﷺ ने वफात पाई कुछ अरब मुरतद हो गए और उन्होंने कहा: हम ज़कात नहीं देंगे, उन्होंने ने फ़रमाया: अगर उन्होंने एक रस्सी भी देने से इन्कार किया तो में उन से जिहाद करूँगा, मैंने कहा रसूल अल्लाह के खलीफा लोगो को मिलाए और नरमी करे, उन्होंने मुझे फ़रमाया: क्या अहलियत में सख्त थे और इस्लाम मे बुज़दिल हो गए हो, वही का सिलसिला मुन्कतेअ हो गया, दीन मुकम्मल हो चूका, तो क्या मेरे जीते हुए दीन कम (नाकिस) हो जाएगा| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف جدا ، رواه رزين (لم اجده) [و البيهقى فى دلائل النبوة (2 / 477)] * فيه فرات بن السائب عن ميمون بن مهران ، و الفرات هذا ضعيف جدًا متروك

उमर रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकब का बयान • بَاب مَنَاقِب عمر

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٦٠٣٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَقَدْ كَانَ فِيمَا قَبْلَكُمْ مِنَ الْأُمَمِ مُحَدَّثُونَ فَإِنْ يَكُ فِي أمّتي أحدٌ فإنَّه عمر» . مُتَّفق عَلَيْهِ

6035. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "तुम से पहली उम्मतो में मुहद्दस (जिन्हें इल्हाम होता हो) हुआ करते थे, अगर मेरी उम्मत में कोई शख़्स (मुहद्दस) होता तो वह उमर है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (3689) و مسلم (23 / 2398)، (6204)

٦٠٣٦ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ قَالَ: اسْتَأْذن عمر رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَعِنْدَهُ نِسْوَةٌ مِنْ قُرَيْشٍ يُكَلِّمْنَهُ وَيَسْتَكْثِرْنَهُ عَالِيَةً أَصْوَاتُهُنَّ فَلَمَّا اسْتَأْذَنَ عُمَرُ قُمْنَ فَبَادَرْنَ الْحِجَابَ فَدَخَلَ عُمَرُ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَضْحَكُ فَقَالَ: أَضْحَكَ اللَّهُ سِنَّكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ. فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَجِبْتُ مِنْ هَؤُلَاءِ اللَّاتِي كُنَّ عِنْدِي فَلَمَّا سَمِعْنَ صَوْتَكَ ابْتَدَرْنَ الْحِجَابَ» قَالَ عُمَرُ: يَا عَدُوَّاتِ أَنْفُسِهِنَّ أَتَهَبْنَنِي وَلَا تَهَبْنَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وسلم؟ قُلْنَ: نَعَمْ أَنْتَ أَفَظُّ وَأَغْلَظُ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِيهٍ يَا ابْنَ الْخَطَّابِ وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ مَا لَقِيَكَ الشَّيْطَانُ سَالِكًا فَجًّا قَطُّ إِلَّا سَلَكَ فَجًّا غَيْرَ فَجِّكَ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ. وَقَالَ الْحُمَيْدِيُّ: زَادَ الْبَرْقَانِيُّ بَعْدَ قَوْلِهِ: يَا رَسُولَ اللَّهِ: مَا أَضْحَكَكَ

6036. साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु ने रसूलुल्लाह ﷺ के पास आने की इजाज़त तलब की, इस वक़्त आप के पास कुरैश की चंद औरतें(आप की अज़वाजे मुतहरात) थी, वह आप से बुलंद आवाज़ में गुफ्तगू कर रही थी और आप से नान व नफ्का में इज़ाफे का मुतालबा कर रही थी, जब उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने इजाज़त तलब की तो वह खड़ी हुई और जल्दी से परदे में चली गई, उमर रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए तो रसूलुल्लाह ﷺ हंस रहे थे, उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अल्लाह आप को सदा खुश रखे, नबी ﷺ ने फ़रमाया: "मुझे इन पर ताज्जुब है के वह मेरे पास थी, जब उन्होंने आप की आवाज़ सुनी तो वह फ़ौरन हिजाब में चली गई", उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अपनी जान की दुश्मन! तुम मुझ से डरती हो लेकिन रसूलुल्लाह ﷺ से नहीं डरती हो, उन्होंने ने फ़रमाया: हाँ, आप सख्त मिज़ाज और सख्त दिल है, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "इब्ने खत्ताब! और कुछ कहो, उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! शैतान तुम्हें किसी रास्ते पर चलता मिल जाता है तो वह उस रास्ते को छोड़ कर किसी दुसरे रास्ते पर चल पड़ता है"| # और इमाम हुमैदी (रह) बयान करते हैं, बिरकानी ने "या रसूल अल्लाह" के अल्फाज़ के बाद "ما أضحک" " आप को किसी चीज़ ने हसाया" के अल्फाज़ का इज़ाफा किया है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواہ البخاری (3683) و مسلم (22 / 2396)، (6202)

٦٠٣٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: " دخلتُ الجَنَّةَ فإِذا أَنا بالرُّميضاء امْرَأَةِ أَبِي طَلْحَةَ وَسَمِعْتُ خَشَفَةً فَقُلْتُ: مَنْ هَذَا؟ فَقَالَ: هَذَا بِلَالٌ وَرَأَيْتُ قَصْرًا بِفِنَائِهِ جاريةٌ فَقلت: لمن هَذَا؟ فَقَالُوا: لِعُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ فَأَرَدْتُ أَنْ أَدْخُلَهُ فَأَنْظُرَ إِليه [ص:١٧٠ فذكرتُ غيرتك " فَقَالَ عمر: بِأَبِي أَنْتَ وَأُمِّي يَا رَسُولَ اللَّهِ أَعَلَيْكَ أغار؟ . مُتَّفق عَلَيْهِ

6037. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “(मेअराज की रात) में जन्नत में दाखिल हुआ तो मैंने अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु की अहलिया रामिसाअ को देखा (नैज़) मैंने कदमो की आवाज़ सुनी तो मैंने पूछा यह कौन है ? उन्होंने बताया यह बिलाल है, मैंने एक महल देखा उस के सहन में एक लौंडी देखी मैंने पूछा: “ये (महल) किस के लिए है ?” उन्होंने बताया उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु के लिए है, मैंने उस के अन्दर दाखिल होने का इरादा किया ताके में उसे देख सकू, लेकिन मुझे तुम्हारी गैरत याद आ गई”, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे वालिदेन आप पर कुरबान हो, क्या मैं आप से गैरत करूँगा| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3679) و مسلم (20 / 2394)، (6198)

٦٠٣٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «بَيْنَا أَنَا نَائِمٌ رَأَيْتُ النَّاسَ يُعْرَضُونَ عَلَيَّ وَعَلَيْهِمْ قُمُصٌ مِنْهَا مَا يَبْلُغُ الثُّدِيَّ وَمِنْهَا مَا دُونَ ذَلِكَ وَعُرِضَ عَلَيَّ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ وَعَلَيْهِ قَمِيصٌ يَجُرُّهُ» قَالُوا: فَمَا أَوَّلْتَ ذَلِكَ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «الدِّينَ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

6038. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं सो रहा था के मैंने लोगो को देखा के वह मेरे सामने पेश किए गए है, इन पर कुमुसून थी उन में से किसी की कुमुस सीने तक पहुँचती थी, किसी की उस से छोटी थी, उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु मुझ पर पेश किए गए, इन पर जो कमीज़ थी वह (चलते वक़्त) इसे घसीटते थे”, सहाबा रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप ने उस की क्या तावील फरमाई है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस से दीन मुराद है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3691) و مسلم (15 / 2390)، (6189)

٦٠٣٩ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم يَقُول: «بَيْنَا أَنَا نَائِمٌ أُتِيتُ بِقَدَحِ لَبَنٍ فَشَرِبْتُ حَتَّى إِنِّي لَأَرَى الرِّيَّ يَخْرُجُ فِي أَظْفَارِي ثُمَّ أَعْطَيْتُ فَضْلِي عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ» قَالُوا: فَمَا أَوَّلْتَهُ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «الْعِلْمَ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

6039. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मैं सोया हुआ था तो मेरे पास दूध का प्याला लाया गया तो मैंने पि लिया हत्ता कि सेराबी का असर मैंने अपने नाख़ून में ज़ाहिर होता देखा, फिर मैंने अपने से बचा हुआ उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु को अता किया: “सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप ने उस की क्या तावील फरमाई ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “इल्म”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3681) و مسلم (16 / 2391)، (6190)

٦٠٤٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «بَيْنَا أَنَا نَائِمٌ رَأَيْتُنِي عَلَى قَلِيبٍ عَلَيْهَا دَلْوٌ؟ فَنَزَعْتُ مِنْهَا مَا شَاءَ اللَّهُ ثُمَّ أَخَذَهَا ابْنُ أَبِي قُحَافَةَ فَنَزَعَ مِنْهَا ذَنُوبًا أَوْ ذَنُوبَيْنِ وَفِي نَزْعِهِ ضَعْفٌ وَاللَّهُ يَغْفِرُ لَهُ ضَعْفَهُ ثُمَّ اسْتَحَالَتْ غَرْبًا فَأَخَذَهَا ابْنُ الْخَطَّابِ فَلَمْ أَرَ عَبْقَرِيًّا مِنَ النَّاسِ يَنْزِعُ نَزْعَ عُمَرَ حَتَّى ضرب النَّاس بِعَطَن»

6040. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मैं सो रहा था के मैंने अपने आप को एक कुंवो पर देखा, उस पर एक डोल था, जिस क़दर अल्लाह ने चाहा मैंने उस से पानी निकाला, फिर इब्ने अबी कुहाफ़ा (अबू बक्र (र)) ने इसे हासिल कर लिया, उन्होंने एक या दो डोल निकाले, और उन के निकालने में ज़ोफ़ था, अल्लाह उन के ज़ोफ़ को मुआफ़ फरमाए, फिर वह (डोल) बड़े डोल में बदल गया, और उमर बिन खत्ताब ने इसे पकड़ लिया, मैंने ऐसा ताकतवर आदमी नहीं देखा जो उमर रदी अल्लाहु अन्हु की तरह डोल खींचता हो हत्ता कि लोगो ने अपने ऊटों को हौज़ से सेराब किया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3664) و مسلم (17 / 2392)، (6192)

٦٠٤١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَةِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: «ثُمَّ أَخَذَهَا ابْنُ الْخَطَّابِ مِنْ يَدِ أَبِي بَكْرٍ فَاسْتَحَالَتْ فِي يَدِهِ غَرْبًا فَلَمْ أَرَ عَبْقَرِيًّا يَفْرِي فَرْيَهُ حَتَّى رَوِيَ النَّاسُ وَضَرَبُوا بِعَطَنٍ» . مُتَّفق عَلَيْهِ

6041. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हा से मरवी रिवायत में है आप ﷺ ने फ़रमाया: “फिर अबू बक्र के हाथ से इब्ने खत्ताब ने इसे ले लिया तो वह उन के हाथ में बड़ा हो गया, मैंने ऐसा सरदार नहीं देखा जो उन की तरह काम करता हो, हत्ता कि लोग सेराब हो गए और उन्होंने ऊटों को भी हौज़ से सेराब किया”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (7019) و مسلم (19 / 2393)، (6196)

उमर रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकब का बयान • بَاب مَنَاقِب عمر

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٦٠٤٢ - (حسن) عَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ اللَّهَ جَعَلَ الْحَقَّ عَلَى لِسَانِ عُمَرَ وَقَلْبِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

6042. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अल्लाह ने हक़ को उमर रदी अल्लाहु अन्हु की ज़ुबान और उन का दिल पर जारी फरमा दिया है”| (सहीह)

صحیح ، رواه الترمذی (3682 وقال : حسن صحیح غریب)

٦٠٤٣ - (ضَعِيف) وَفِي رِوَايَةِ أَبِي دَاوُدَ عَنْ أَبِي ذَرٍّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّ اللَّهَ وَضَعَ الْحَقَّ عَلَى لِسَان عمر يَقُول بِهِ»

6043. और अबू दावुद की रिवायत में जो के अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु से मरवी है, फ़रमाया: "अल्लाह ने हक़ को उमर की ज़ुबान पर रख दिया है जिस के ज़रिए वह बोलते हैं"| (सहीह)

صحيح ، رواه ابوداؤد (2962)

٦٠٤٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَلِيٍّ»» رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: مَا كُنَّا نُبْعِدُ أَنَّ السَّكِينَةَ تَنْطِقُ عَلَى لِسَانِ عمر. رَوَاهُ الْبَيْهَقِيّ فِي «دَلَائِل النُّبُوَّة»

6044. अली रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: हम इस बात बईद नहीं समझते के तस्कीन बख्शने वाला कलाम उमर रदी अल्लाहु अन्हु की ज़ुबान पर जारी होता है| (सहीह)

صحيح ، رواه البيهقى فى دلائل النبوة (6 / 369 370) [و عبدالله بن احمد (1 / 106 ح 834 و سنده حسن) و عبد الرزاق (11 / 222 ح 20380) و البغوى فى شرح السنة (14 / 86 ح 3877) و للحديث طرق كثيرة عند احمد بن حنبل فى فضائل الصحابة (310 ، 522 ، 523 ، 601 ، 614 ، 634 ، 707 ، 711) وغيره فالحديث صحيح]

٦٠٤٥ - (حسن صَحِيح) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اللَّهُمَّ أَعِزَّ الْإِسْلَامَ بِأَبِي جَهْلِ بْنِ هِشَامٍ أَوْ بِعُمَرَ بْنِ الْخَطَّابِ» فَأَصْبَحَ عُمَرُ فَغَدَا عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَسْلَمَ ثُمَّ صَلَّى فِي الْمَسْجِدِ ظَاهرا. رَوَاهُ أَحْمد وَالتِّرْمِذِيّ

6045. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने दुआ फरमाई: ऐ अल्लाह! इस्लाम को अबू जहल बिन हिशाम या उमर बिन खत्ताब के ज़रिए गलबा अता फरमा", सुबह हुई तो उमर पहले पहर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए और इस्लाम कबूल किया, फिर आप ने मस्जिद में एलानिया नमाज़ अदा फरमाई| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه احمد فى فضائل الصحابة (1 / 249 250 ح 311) [و الترمذى (3683 وقال : غريب) و سنده ضعيف] * سنده ضعيف جدًا ، نضر بن عبد الرحمن الخزاز ابو عمر : متروک ، و روى الترمذى (3681) بسند حسن عن ابن عمر ان رسول الله صلى الله عليه و آله وسلم قال :'' اللهم اعز الاسکام باحب هذه الرجلين اليک : بابى جهل او بعمر بن خطاب '' وقال :'' هذا حديث حسن صحيح '' وهو يغنى عنه

٦٠٤٦ - (بَاطِل) وَعَنْ»» جَابِرٍ قَالَ: قَالَ عُمَرُ لِأَبِي بَكْرٍ: يَا خَيْرَ النَّاسِ بَعْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. فَقَالَ أَبُو بَكْرٍ: أَمَا إِنَّكَ إِنْ قُلْتَ ذَلِكَ فَلَقَدْ سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا طَلَعَتِ الشَّمْسُ عَلَى رَجُلٍ خَيْرٍ مِنْ عُمَرَ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6046. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: ए वह इन्सान जो रसूलुल्लाह ﷺ के बाद सबसे बेहतर शख्शियत है! अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: सुन लो! अगर आप ने यह बात कही तो मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना है", उमर से बेहतर शख़्स कोई नहीं सूरज तुलुअ हुआ हो"|

तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3684) * فیه عبدالله الواسطی : ضعیف و شیخه : مجهول و الحدیث ضعفه الذهبی جدًا بقوله : ’’ و الحدیث شبه الموضوع ‘‘

٦٠٤٧ - (حَسَنٌ) وَعَنْ»» عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لوكان بَعْدِي نَبِيٌّ [ص:١٧٠ لَكَانَ عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6047. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अगर मेरे बाद कोई नबी होता तो वह उमर बिन खत्ताब होते”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3686)

٦٠٤٨ - (حسن صَحِيح) وَعَن بُرَيْدَة قَالَ: خَرَجَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي بَعْضِ مَغَازِيهِ فَلَمَّا انْصَرَفَ جَاءَتْ جَارِيَةٌ سَوْدَاءُ. فَقَالَتْ: يَا رَسُولَ اللَّهِ إِنِّي كنتُ نذرت إِن ردك الله سالما أَنْ أَضْرِبَ بَيْنَ يَدَيْكَ بِالدُّفِّ وَأَتَغَنَّى. فَقَالَ لَهَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنْ كُنْتِ نَذَرْتِ فَاضْرِبِي وَإِلَّا فَلَا» فَجَعَلَتْ تَضْرِبُ فَدَخَلَ أَبُو بَكْرٍ وَهِيَ تَضْرِبُ ثُمَّ دَخَلَ عَلِيٌّ وَهِيَ تَضْرِبُ ثُمَّ دَخَلَ عُثْمَانُ وَهِيَ تَضْرِبُ ثُمَّ دَخَلَ عُمَرُ فَأَلْقَتِ الدُّفَّ تَحْتَ اسْتِهَا ثُمَّ قَعَدَتْ عَلَيْهَا فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ الشَّيْطَانَ لَيَخَافُ مِنْكَ يَا عُمَرُ إِنِّي كُنْتُ جَالِسًا وَهِيَ تَضْرِبُ فَدَخَلَ أَبُو بَكْرٍ وَهِيَ تَضْرِبُ ثُمَّ دَخَلَ عَلِيٌّ وَهِيَ تَضْرِبُ ثُمَّ دَخَلَ عُثْمَانُ وَهِيَ تَضْرِبُ فَلَمَّا دَخَلْتَ أَنْتَ يَا عُمَرُ أَلْقَتِ الدُّفَّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيب

6048. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ किसी गज़वा के लिए तशरीफ़ ले गए, जब आप वापिस हुए तो एक सियाह फाम औरत आप के पास आए तो उस ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैंने नज़र मानी थी के अगर अल्लाह आप को सहीह सलाम वापिस ले आया तो मैं आप के सामने दफ बजाउंगी और गज़ल पढ़ूंगी, रसूलुल्लाह ﷺ ने इसे फ़रमाया: “अगर तूने नज़र मानी थी तो फिर दफ बजा ले और अगर नज़र नहीं मानी तो फिर नहीं ?” वह बजाने लगी तो अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए वह (इन के आने पर) बजाती रही, फिर अली रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए और वह बजाती रही, फिर उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए तो वह बजाती रही, फिर उमर रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए तो उस ने दफ अपने सुरिन के निचे रख ली और उस पर बैठ गई, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “उमर शैतान तुम से डरता है, मैं बैठा हुआ था और वह दफ बजाती रही, अबू बक्र आए तो वह बजाती रही, फिर अली आए तो वह बजाती रही, फिर उस्मान आए तो वह बजाती रही, उमर जब तुम आए तो उस ने दफ फेंक दिया”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3690)

٦٠٤٩ - (حسن) وَعَنْ»» عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَالِسًا فَسَمِعْنَا لَغَطًا وَصَوْتَ صِبْيَانٍ. فَقَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَإِذَا حَبَشِيَّةٌ تَزْفِنُ وَالصِّبْيَانُ حَوْلَهَا فَقَالَ: «يَا عَائِشَةُ تَعَالَيْ فَانْظُرِي» فَجِئْتُ فَوَضَعْتُ لَحْيَيَّ عَلَى مَنْكِبِ رَسُولِ

اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجَعَلْتُ أَنْظُرُ إِلَيْهَا مَا بَيْنَ الْمَنْكِبِ إِلَى رَأْسِهِ. فَقَالَ لِي: «أَمَا شَبِعْتِ؟ أَمَا شَبِعْتِ؟» فَجَعَلْتُ أَقُولُ: لَا لِأَنْظُرَ مَنْزِلَتِي عِنْدَهُ إذ طلع عمر قَالَت فَارْفض النَّاس عَنْهَا. قَالَتْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي لأنظر إِلَى شَيَاطِينِ الْإِنْسِ وَالْجِنِّ قَدْ فَرُّوا مِنْ عُمَرَ» قَالَتْ: فَرَجَعْتُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ غَرِيب

6049. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ तशरीफ़ फरमा थे की हमने शोर और बच्चो की आवाज़ सुनी, रसूलुल्लाह ﷺ खड़े हुए तो देखा के एक हब्शी खातून रक्स कर रही थी और बच्चे उस के इर्दगिर्द (तमाशा देख रहे) थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आयशा आओ और देखो”, मैं आई तो मैंने अपने जबड़े (चहरा) रसूलुल्लाह ﷺ के कंधे पर रख दिए और मैं आप के कंधे और सर के दरमियान से इसे देखने लगी, आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “क्या तुम सैर नहीं हुई ? क्या तुम सैर नहीं हुई ?” में कहने लगी नहीं, ताकि मैं आप के यहाँ अपने कद्र व मंज़िलत का अंदाज़ा लगा सकू, अचानक उमर रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ ले आए तो सारे लोग इस (जशिये) के पास से तरबितर हो गए, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैंने शैतान जिन्न व इन्स को देखा के वह उमर की वजह से भाग रहे हैं”, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: में वापिस आ गई| तिरमिज़ी, और फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3691)

उमर रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकब का बयान • بَاب مَنَاقِب عمر

तीसरी फस्ल • الْفَصْلُ الثَّالِث

٦٠٥٠ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن أنس وَابْن عمر أَن عمر قَالَ: وَافَقْتُ رَبِّي فِي ثَلَاثٍ: قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ لَوِ اتَّخَذْنَا مِنْ مَقَامِ إِبْرَاهِيمَ مُصَلًّى؟ فَنَزَلَتْ [وَاتَّخِذُوا مِنْ مَقَامِ إِبْرَاهِيمَ مُصَلًّى] . وَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ يَدْخُلُ عَلَى نِسَائِكَ الْبَرُّ وَالْفَاجِرُ فَلَوْ أَمَرْتَهُنَّ يَحْتَجِبْنَ؟ فَنَزَلَتْ آيَةُ الْحِجَابِ وَاجْتَمَعَ نِسَاءُ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي الْغَيْرَةِ فَقُلْتُ [عَسَى رَبُّهُ إِنْ طلَّقكنَّ أَن يُبدلهُ أَزْوَاجًا خيرا منكنَّ] فنزلت كَذَلِك

6050. अनस और इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने तीन उमूर में अपने रब से मुवाफिकत की, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! अगर हम मकामे इब्राहीम को जाए नमाज़ बना लें ? अल्लाह ने यह आयत नाज़िल फरमा दि: “मकामे इब्राहीम को जाए नमाज़ बनाओ”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप की अज़वाज ए मूतहरात के पास नेक व फासिक़ किस्म के लोग आते हैं, अगर आप उन्हें परदा करने का हुक्म फरमादे, तब अल्लाह ने आयते हिजाब नाज़िल फरमाई और (एक मौके पर) नबी ﷺ की अज़वाज ए मूतहरात किस्सा गैरत (शहद पीने वाले वाकिया) पर इकट्ठी हो गई, तो मैंने कहा: “करीब है के उस का रब अगर वह तुम्हें तलाक दे दे, तुम से बेहतर बीवियां उन्हें अता फरमादे”, इसी तरह आयत नाज़िल हो गई| (बुखारी)

رواه البخاری (402 ، 4483) [و احمد (1 / 23)]

٦٠٥١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَفِي رِوَايَةٍ لِابْنِ عُمَرَ قَالَ: قَالَ عُمَرُ: وَافَقْتُ رَبِّي فِي ثَلَاثٍ: فِي مَقَامِ إِبْرَاهِيمَ وَفِي الْحِجَابِ وَفِي أَسَارَى بَدْرٍ. مُتَّفق عَلَيْهِ

6051. और इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा की रिवायत में है, उन्होंने कहा: उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: मैंने तीन उमूर में अपने रब से मुवाफिकत की, मकामे इब्राहीम के मुत्तल्लिक, परदे और बद्र के कैदियों के बारे में| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (لم اجده) و مسلم (24 / 2399)، (6206)

٦٠٥٢ - (ضَعِيف) وَعَن»» ابْن مَسْعُود قَالَ: فُضِّلَ النَّاسَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ بِأَرْبَعٍ: بِذِكْرِ الْأَسَارَى يَوْمَ بَدْرٍ أَمَرَ بِقَتْلِهِمْ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى [لَوْلَا كِتَابٌ مِنَ اللَّهِ سَبَقَ لَمَسَّكُمْ فِيمَا أَخَذْتُم عَذَاب عَظِيم] وَبِذِكْرِهِ الْحِجَابَ أَمَرَ نِسَاءَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يَحْتَجِبْنَ فَقَالَتْ لَهُ زَيْنَبُ: وَإِنَّكَ عَلَيْنَا يَا ابْنَ الْخَطَّابِ وَالْوَحْيُ يَنْزِلُ فِي بُيُوتِنَا؟ فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى [وَإِذَا سَأَلْتُمُوهُنَّ مَتَاعا فَاسْأَلُوهُنَّ من وَرَاء حجاب] وَبِدَعْوَةِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ أَيِّدِ الْإِسْلَامَ بِعُمَرَ» وَبِرَأْيِهِ فِي أَبِي بَكْرٍ كَانَ أول نَاس بَايعه. رَوَاهُ أَحْمد

6052. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु को चार चीजों की वजह से दीगर लोगो पर फ़ज़ीलत अता की गई, उन्होंने बद्र के कैदियों को क़त्ल करने का मशवरा दिया था, अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “अगर अल्लाह की किताब में यह हुक्म पहले से मौजूद न होता तो तुमने जो (फिदिया) लिया उस पर तुम्हें बड़ा अज़ाब पहुँचता”, और उनका हिजाब के मुत्तल्लिक फरमाना, उन्होंने नबी ﷺ की अज़वाज ए मूतहरात से फ़रमाया के वह परदा किया करे, तो जैनब रदी अल्लाहु अन्हु ने उन्हें फ़रमाया: इब्ने खत्ताब क्या आप हमें हुक्म देते हैं जबके वही तो हमारे घरो में उतरी है, तब अल्लाह तआला ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “और जब तुम उन से कोई चीज़ तलब करो तो उन से परदे के पीछे से तलब करो”, और उन के मुत्तल्लिक नबी ﷺ की दुआ: “अल्लाह उमर के ज़रिए इस्लाम को तकवियत (मजबूती) फरमा”, और अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु के (खलीफ़ा होने के) मुत्तल्लिक सबसे पहली उन्हें की राय थी और उन्होंने ही सबसे पहले उन की बैत की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (1 / 456 ح 3662) * فیه ابو نهشل : مجهول و ابو النضر هاشم بن القاسم سمع من المسعودی بعد اختلاطه

٦٠٥٣ - (واه) وَعَنْ»» أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «ذَاكَ الرَّجُلُ أَرْفَعُ أُمَّتِي دَرَجَةً فِي الْجَنَّةِ» . قَالَ أَبُو سَعِيدٍ: وَاللَّهِ مَا كُنَّا نُرَى ذَلِكَ الرَّجُلَ إِلَّا عُمَرَ بْنَ الْخَطَّابِ [ص: ١٧٠ حَتَّى مَضَى لِسَبِيلِهِ. رَوَاهُ ابْن مَاجَه

6053. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “वो आदमी मेरी उम्मत में से जन्नत में एक दर्जा बुलंद मक़ाम पर फाईज़ होगा”, अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: अल्लाह की क़सम! हमारे ख़याल में वह आदमी उमर बिन खत्ताब रदी अल्लाहु अन्हु ही है हत्ता कि वह वफात पा गए| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه ابن ماجه (4077 ب) * فیه عطیة العوفی ضعیف و مدلس و عبید الله بن الولید الوصافی : ضعیف

٦٠٥٤ - (صَحِيح) وَعَن»» أسلم قَالَ: سَأَلَنِي ابْنُ عُمَرَ بَعْضَ شَأْنِهِ - يَعْنِي عُمَرَ - فَأَخْبَرْتُهُ فَقَالَ: مَا رَأَيْتُ أَحَدًا قَطُّ بَعْدَ رَسُولِ اللَّهِ

صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ حِينِ قُبِضَ كَانَ أَجَدَّ وَأَجْوَدَ حَتَّى انْتهى من عمر. رَوَاهُ البُخَارِيّ

6054. असलम (उमर रदी अल्लाहु अन्हु के आज़ाद करदा गुलाम) बयान करते हैं, इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने मुझ से उमर रदी अल्लाहु अन्हु के बाज़ हालात के मुत्तल्लिक दरियाफ्त किया तो मैंने उन्हें बताया की मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की वफात के बाद किसी शख़्स को इतनी ज़्यादा जद्दोजहद और सखावत करने वाला नहीं देखा हत्ता कि यह फ़ज़ाइल उमर रदी अल्लाहु अन्हु पर ख़तम हो गए| (बुखारी)

رواه البخارى (3687)

٦٠٥٥ - (صَحِيح) وَعَن»» المِسور بن مَخْرَمةَ قَالَ: لَمَّا طُعِنَ عُمَرُ جَعَلَ يَأْلَمُ فَقَالَ لَهُ ابْنُ عَبَّاسٍ وَكَأَنَّهُ يُجَزِّعُهُ: يَا أَمِيرَ الْمُؤْمِنِينَ وَلَا كُلُّ ذَلِكَ لَقَدْ صَحِبْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَحْسَنْتَ صُحْبَتَهُ ثُمَّ فَارَقَكَ وَهُوَ عَنْكَ رَاضٍ ثُمَّ صَحِبْتَ أَبَا بَكْرٍ فَأَحْسَنْتَ صُحْبَتَهُ ثُمَّ فَارَقَكَ وَهُوَ عَنْكَ رَاضٍ ثُمَّ صَحِبْتَ الْمُسْلِمِينَ فَأَحْسَنْتَ صُحْبَتَهُمْ وَلَئِنْ فَارَقْتَهُمْ لَتُفَارِقَنَّهُمْ وَهُمْ عَنْكَ رَاضُونَ. قَالَ: أَمَّا مَا ذَكَرْتَ مِنْ صُحْبَةِ رَسُولِ اللَّهِ صلى الله عَلَيْهِ وَسلم وَرِضَاهُ فَإِنَّمَا ذَاك مَنٌّ مِنَ اللَّهِ مَنَّ بِهِ عَلَيَّ وَأَمَّا مَا ذَكَرْتَ مِنْ صُحْبَةِ أَبِي بَكْرٍ وَرِضَاهُ فَإِنَّمَا ذَلِك من من الله جلّ ذكره مَنَّ بِهِ عَلَيَّ. وَأَمَّا مَا تَرَى مِنْ جزعي فَهُوَ من أَجلك وَأجل أَصْحَابِكَ وَاللَّهِ لَوْ أَنَّ لِي طِلَاعَ الْأَرْضِ ذَهَبا لافتديت بِهِ من عَذَاب الله عز وَجل قبل أَن أرَاهُ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

6055. मिस्वर बिन मखरम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब उमर रदी अल्लाहु अन्हु ज़ख़्मी कर दिए गए तो वह तकलीफ महसूस करने लगे, उस पर इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा ने उन्हें तसल्ली देते हुए अर्ज़ किया: अमीरुल मोमिनीन आप इतनी तकलीफ का क्यों इज़हार कर रहे हैं ? आप ने रसूलुल्लाह ﷺ की सोहबत इख़्तियार की, और इसे अच्छे अंदाज़ में निभाया, फिर वह आप से जुदा हुए तो वह आप पर राज़ी थे, फिर आप अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु की सोहबत में रहे, और उन के साथ भी खूब रहे, फिर वह आप से जुदा हुए तो वह भी आप पर राज़ी थे, फिर आप मुसलमानों की सोहबत में रहे, और आप उन के साथ भी खूब अच्छी तरह रहे, और अगर आप उन से जुदा हुए तो आप उन से भी इस हाल में जुदा होंगे के वह आप से राज़ी होंगे, उन्होंने ने फ़रमाया: तुमने जो रसूलुल्लाह ﷺ के साथ और आप के राज़ी होने का ज़िक्र किया है तो वह अल्लाह की तरफ से एक इहसान है जो उस ने मुझ पर किया है, और तुमने जो अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु के साथ और उन के राज़ी होने का ज़िक्र किया है तो वह भी अल्लाह की तरफ से एक इहसान है, जो उस ने मुझ पर किया है, और रही मेरी घबराहट और परेशानी जो तुम देख रहे हो तो वह आप और आप के साथियो के बारे में फ़िक्र मंद होने की वजह से है, अल्लाह की क़सम! अगर मेरे पास ज़मीन भर सोना होता तो मैं अल्लाह के अज़ाब को देखने से पहले उस का फिदिया दे कर उन से निजात हासिल करता| (बुखारी)

رواه البخارى (3692)

بَابِ مَنَاقِبِ أَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا • अबू बक्र और उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा के मनाकिब का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٦٠٥٦ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " بَينا رجل يَسُوق بقرة إِذْ أعيي فَرَكِبَهَا فَقَالَتْ: إِنَّا لَمْ نُخْلَقْ لِهَذَا إِنَّمَا خُلِقْنَا لِحِرَاثَةِ الْأَرْضِ. فَقَالَ النَّاسُ: سُبْحَانَ اللَّهِ بَقَرَةٌ تَكَلَّمُ ". فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فَإِنِّي أومن بِهَذَا أَنَا وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ» . وَمَا هُمَا ثَمَّ وَقَالَ: " بَيْنَمَا رَجُلٌ فِي غَنَمٍ لَهُ إِذْ عدا الذِّئْب فَذهب عَلَى شَاةٍ مِنْهَا فَأَخَذَهَا فَأَدْرَكَهَا صَاحِبُهَا فَاسْتَنْقَذَهَا فَقَالَ لَهُ الذِّئْبُ: فَمَنْ لَهَا يَوْمَ السَّبْعِ يَوْمَ لَا رَاعِيَ لَهَا غَيْرِي؟ فَقَالَ النَّاسُ: سُبْحَانَ الله ذِئْب يتَكَلَّم؟ ". قَالَ: أُومِنُ بِهِ أَنَا وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ " وَمَا هما ثمَّ. مُتَّفق عَلَيْهِ

6056. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु रसूलुल्लाह ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “इस असना में के एक आदमी गाय हांक रहा था, जब वह थक जाता तो वह उस पर सवार हो जाता, उस ने कहा: हमें इसलिए नहीं पैदा किया गया, हमे, तो खेत जोतने के लिए पैदा किया गया है, लोगो ने कहा: (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह गाय कलाम करती है”, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं उस पर ईमान रखता हूँ, अबू बक्र और उमर रदी अल्लाहु अन्हु भी उस पर ईमान रखते है”, और वह दोनों इस वक़्त वहां मौजूद नहीं थे, और फ़रमाया: “एक आदमी बकरिया चरा रहा था के भेड़िये ने एक बकरी पर हमला किया और इसे पकड़ लिया, उस के मालिक ने इसे पा लिया और इसे छुड़ा लिया, भेड़िये ने इसे कहा जिस दिन दरिन्दे ही दरिन्दे रह जाएँगे और इस दिन मेरे सिवा बकरियों को चराने वाला कौन होगा ? लोगो ने कहा: (سُبْحَانَ اللهِ) सुबहानल्लाह भेड़िया कलाम करता है”, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं उस पर ईमान रखता हूँ, और अबू बक्र व उमर रदी अल्लाहु अन्हु उस पर ईमान रखते है”, और वह दोनों इस वक़्त वहां मौजूद नहीं थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3471) و مسلم (13 / 2388)، (6183)

٦٠٥٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: إِنِّي لَوَاقِفٌ فِي قَوْمٍ فَدَعَوُا اللَّهَ لِعُمَرَ وَقَدْ وُضِعَ عَلَى سَرِيرِهِ إِذَا رَجُلٌ مِنْ خَلْفِي قد وضع مِرْفَقُهُ عَلَى مَنْكِبِي يَقُولُ: يَرْحَمُكَ اللَّهُ إِنِّي لَأَرْجُو أَنْ يَجْعَلَكَ اللَّهُ مَعَ صَاحِبَيْكَ لِأَنِّي كَثِيرًا مَا كُنْتُ أَسْمَعُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «كُنْتُ وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ وَفَعَلْتُ وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ وَانْطَلَقْتُ وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ وَدَخَلْتُ وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ وَخَرَجْتُ وَأَبُو بكر وَعمر» . فَالْتَفَتُّ فَإِذَا هُوَ عَلِيُّ بْنُ أَبِي طَالِبٍ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ. مُتَّفق عَلَيْهِ

6057. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैं इन लोगो में खड़ा था जो उमर रदी अल्लाहु अन्हु के लिए दुआए कर रहे थे, और उनका जनाज़ा उनकी चार पाई पर रखा हुआ था, के अचानक एक आदमी ने मेरे पीछे से अपने कोहनी मेरे कंधो पर रख दी, और वह कह रहे थे: अल्लाह आप रदी अल्लाहु अन्हु पर रहम फरमाए, मुझे उम्मीद है के अल्लाह आप को आप के दोनों साथियो के साथ (दफन) कराएगा, क्योंकि मैं अक्सर रसूलुल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना करता था: “मैं अबू बक्र और उमर थे, मैं अबू बक्र और उमर ने कलाम किया, मैं अबू बक्र और उमर गए, मैं अबू बक्र और उमर दाखिल हुए, मैं अबू बक्र और उमर बाहर निकले”, मैंने जो मुड़ कर देखा तो वह अली बिन अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3677) و مسلم (14 / 2389)، (6187)

بَابِ مَنَاقِبِ أَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا • अबू बक्र और उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा के मनाकिब का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٦٠٥٨ - (ضَعِيف) عَنْ أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِن أهل الْجنَّة ليراءون أهلَ عِلِّيِّينَ كَمَا تَرَوْنَ الْكَوْكَبَ الدُّرِّيَّ فِي أُفُقِ السَّمَاءِ وَإِنَّ أَبَا بَكْرٍ وَعُمَرَ مِنْهُمْ وَأَنْعَمَا» . رَوَاهُ فِي «شَرْحِ السُّنَّةِ» وَرَوَى نَحْوَهُ أَبُو دَاوُد وَالتِّرْمِذِيّ وَابْن مَاجَه

6058. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “जन्नत वाले मक़ाम अलिय्यीन वालो को इस तरह देंखेंगे जिस तरह तुम आसमान के अफक में चमक दार सितारे को देखते हो, और अबू बक्र व उमर उन्हीं में से है, और वह क्या खूब हैं”| शरह सुन्ना अबू दावुद, तिरमिज़ी और इब्ने माजा ने इसी तरह रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه البغوی فی شرح السنة (14 / 100 ح 3893) و ابوداؤد (3987) و الترمذی (3658 وقال : حسن) و ابن ماجه (96) * عطية العوفی ضعيف مدلس و للحديث شواهد ضعيفة و روى الطبرانی فی الاوسط (7 / 6 ح 6003) بلفظ : ((ان الرجل من اهل عليين يشرف على اهل الجنة كانه كوكب دری و ان ابا بكر و عمر منهما و انعما)) و سنده حسن

٦٠٥٩ - (صَحِيح لشواهده) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ سَيِّدَا كُهُولِ أَهْلِ الْجَنَّةِ مِنَ الْأَوَّلِينَ وَالْآخِرِينَ إِلَّا النَّبِيين وَالْمُرْسلينَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6059. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “अबू बक्र और उमर रदी अल्लाहु अन्हु अहले जन्नत के अव्वलीन व आखरिन के उमर रसीद लोगो के सरदार होंगे अलबत्ता अंबिया अलैहिस्सलाम और रसूल उस से मुशतश्ना (अपवाद) होंगे”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3664 وقال : غريب) و للحديث شواهد وهوبها حسن

٦٠٦٠ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنهُ

6060. इमाम इब्ने माजा रहीमा उल्लाह ने इसे अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه ابن ماجه (97)

٦٠٦١ - (حسن) وَعَنْ حُذَيْفَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنِّي لَا أَدْرِي مَا بَقَائِي فِيكُمْ؟ فَاقْتَدُوا بِاللَّذَيْنِ مِنْ بَعْدِي: أَبِي بكر وَعمر ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6061. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “मैं नहीं जानता की मैं तुम में कितनी देर बाकी रहूँगा, मेरे बाद तुम अबू बक्र और उमर दोनों की इक्तेदा करना”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3663)

٦٠٦٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِذَا دَخَلَ الْمَسْجِدَ لَمْ يَرْفَعْ أَحَدٌ رَأْسَهُ غَيْرُ أَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ كَانَا يَتَبَسَّمَانِ إِلَيْهِ وَيَتَبَسَّمُ إِلَيْهِمَا رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6062. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ जब मस्जिद में तशरीफ़ लाते तो अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु और उमर रदी अल्लाहु अन्हु के सिवा कोई अपना सर न उठाता वह दोनों आप की तरफ देख कर मुस्कुराते और आप इन दोनों की तरफ देख कर मुस्कुराते थे| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3668) * فیه الحکم بن عطیة ضعیف ضعفه الجمهور و روی عنه ابوداؤد (الطیالسی) احادیث منکرة (راجع تھذیب التھذیب وغیره)

٦٠٦٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خَرَجَ ذَاتَ يَوْمٍ وَدَخَلَ الْمَسْجِدَ [ص:١٧١ وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ أَحَدُهُمَا عَنْ يَمِينِهِ وَالْآخَرُ عَنْ شِمَالِهِ وَهُوَ آخِذٌ بِأَيْدِيهِمَا. فَقَالَ: «هَكَذَا نُبْعَثُ يَوْمِ الْقِيَامَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيب

6063. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के एक रोज़ नबी ﷺ (घर से) बाहर निकले और मस्जिद में दाखिल हुए, और अबू बक्र व उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा में से एक आप के दाए तरफ था और एक आप के बाए तरफ था, आप इन दोनों के हाथ पकड़े हुए थे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “रोज़ ए क़यामत हम इसी तरह उठाए जाएँगे”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3669) [و ابن ماجه (99)] * فیه سعید بن مسلمة : ضعیف

٦٠٦٤ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ حَنْطَبٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَى أَبَا بَكْرٍ وَعُمَرَ فَقَالَ: «هَذَانِ السَّمْعُ وَالْبَصَرُ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ مُرْسلا

6064. अब्दुल्लाह बिन हंतब से रिवायत है के नबी ﷺ ने अबू बक्र और उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा को देखा तो फ़रमाया: “ये दोनों समाअ व बसर (की तरह) हैं”, इमाम तिरमिज़ी ने इसे मुरसल रिवायत किया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (3671) * المطلب بن عبدالله بن حنطب مدلس و عنعن و للحدیث شواھد ضعیفة عند الحاکم (3 / 369 ح 4432) و الخطیب (8 / 460 ، فیه ابن عقیل ضعیف) وغیرھما

٦٠٦٥ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَبِي سَعِيدٍ الْخُدْرِيِّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا مِنْ نَبِيٍّ إِلَّا وَلَهُ وَزِيرَانِ مِنْ أَهْلِ السَّمَاءِ وَوَزِيرَانِ مِنْ أَهْلِ الْأَرْضِ فَأَمَّا وَزِيرَايَ مِنْ أَهْلِ السَّمَاءِ فَجِبْرِيلُ وَمِيكَائِيلُ وَأَمَّا وَزِيرَايَ مِنْ أَهْلِ الْأَرْضِ فَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

6065. अबू सईद खुदरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “हर नबी के आसमान वालो से दो वज़ीर है और ज़मीन वालो से दो वज़ीर है, आसमान वालो से मेरे दो वज़ीर जिब्राइल अलैहिस्सलाम और मिकाइल अलैहिस्सलाम है, और ज़मीन वालो में से अबू बक्र और उमर है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواہ الترمذی (3680 وقال : حسن غریب) * فیہ تلید : رافضی ضعیف و عطیۃ العوفی شیعی ضعیف مدلس

٦٠٦٦ - (صَحِيح إِن»» سلم من عنعنة الْحسن الْبَصْرِيّ)»» وَعَن أبي بكرَة أَنَّ رَجُلًا قَالَ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: رَأَيْتُ كَأَنَّ مِيزَانًا نَزَلَ مِنَ السَّمَاءِ فَوُزِنْتَ أَنْتَ وَأَبُو بَكْرٍ فَرَجَحْتَ أَنْتَ وَوُزِنَ أَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ فَرَجَحَ أَبُو بَكْرٍ وَوُزِنَ عُمَرُ وَعُثْمَانُ فَرَجَحَ عُمَرُ ثُمَّ رُفِعَ الْمِيزَانُ " فَاسْتَاءَ لَهَا رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَعْنِي فَسَاءَهُ ذَلِكَ. فَقَالَ: «خِلَافَةُ نُبُوَّةٍ ثُمَّ يُؤْتِي اللَّهُ الْمُلْكَ مَنْ يَشَاءُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَأَبُو دَاوُد

6066. अबू बकरह रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के एक आदमी ने रसूलुल्लाह ﷺ से अर्ज़ किया, मैंने (ख्वाब में) देखा के गोया एक तराज़ू आसमान से उतरा है, आप ﷺ का अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु से वज़न किया गया तो आप भारी रहे, अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु और उमर रदी अल्लाहु अन्हु का वज़न किया गया तो अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु भारी रहे, उमर रदी अल्लाहु अन्हु और उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु का वज़न किया गया तो उमर रदी अल्लाहु अन्हु भारी रहे, फिर तराज़ू उठा ली गई इस से रसूलुल्लाह ﷺ ग़मगीन हुए, यानी इस (ख्वाब) ने आप को ग़मगीन कर दिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “नबूवत का खिलाफत की जानिब इरशाद है, फिर अल्लाह जिसे चाहेगा बादशाहत अता फरमाएगा”| (ज़ईफ़)

سندہ ضعیف ، رواہ الترمذی (2287 وقال : حسن صحیح) و ابوداؤد (4634) * الحسن البصری مدلس و عنعن

بَابِ مَنَاقِبِ أَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُمَا — अबू बक्र और उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा के मनाकिब का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث — तीसरी फस्ल

٦٠٦٧ - (ضَعِيف) عَن»» ابْنِ مَسْعُودٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَطَّلِعُ عَلَيْكُمْ رَجُلٌ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ» . فَاطَّلَعَ أَبُو بَكْرٍ ثُمَّ قَالَ: «يَطَّلِعُ عَلَيْكُمْ رَجُلٌ مِنْ أَهْلِ الْجَنَّةِ» فَاطَّلَعَ عُمَرُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

6067. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अहल जन्नत! मैं से एक आदमी तुम्हारे पास ज़ाहिर होगा”, अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “अहल जन्नत! मैं से एक आदमी

तुम्हारे पास ज़ाहिर होगा", उमर रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3694) * عبدالله بن عبد القدوس : ضعیف ، ضعفه الجمهور وله متابعة ضعيفة مردودة عند الطبرانی فی الکبیر (10 / 206 ح 10344) و الاعمش مدلس و عنعن ان صح السند اليه

٦٠٦٨ - (مَوْضُوع) وَعَن»» عَائِشَة قَالَتْ: بَيْنَا رَأْسَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حجري لَيْلَةٍ ضَاحِيَةٍ إِذْ قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ هَلْ يَكُونُ لِأَحَدٍ مِنَ الْحَسَنَاتِ عَدَدُ نُجُومِ السَّمَاءِ؟ قَالَ: «نَعَمْ عُمَرُ» . قُلْتُ: فَأَيْنَ حَسَنَاتُ أَبِي بَكْرٍ؟ قَالَ: «إِنَّمَا جَمِيعُ حَسَنَاتِ عُمَرَ كَحَسَنَةٍ وَاحِدَةٍ مِنْ حَسَنَاتِ أَبِي بَكْرٍ» رَوَاهُ رزين

6068. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, चांदनी रात में रसूलुल्लाह ﷺ का सर मुबारक मेरी गोद मैं था के अचानक मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! क्या किसी शख़्स की आसमान के सितारों के बराबर नेकियाँ होगी ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ, उमर", मैंने अर्ज़ किया: अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु की नेकियाँ कहाँ गई ? आप ﷺ ने फ़रमाया: "उमर की सारी नेकियाँ अबू बक्र की नेकियो के मुकाबले में एक नेकी की तरह है"| (मौज़ू)

اسناده موضوع ، رواه رزين (لم اجده) [و رواه الخطيب فی تاریخ بغداد (7 / 135) و فیه بریه بن محمد : کذاب ، حدث عن اسماعیل الصنعانی احادیث باطلة موضوعة ، وقال الخطیب :'' حدیث موضوع ''[

بَاب مَنَاقِب عُثْمَان • उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकिब का बयान

الْفَصْل الأول • पहली फस्ल

٦٠٦٩ - (صَحِيح) عَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُضْطَجِعًا فِي بَيْتِهِ كَاشِفًا عَنْ فَخِذَيْهِ - أَوْ سَاقَيْهِ - فَاسْتَأْذَنَ أَبُو بَكْرٍ فَأَذِنَ لَهُ وَهُوَ عَلَى تِلْكَ الْحَالِ فَتَحَدَّثَ ثُمَّ اسْتَأْذَنَ عُمَرُ فَأَذِنَ لَهُ وَهُوَ كَذَلِكَ فَتَحَدَّثَ ثُمَّ اسْتَأْذَنَ عُثْمَانُ فَجَلَسَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَسَوَّى ثِيَابَهُ فَلَمَّا خَرَجَ قَالَتْ عَائِشَةُ: دَخَلَ أَبُو بَكْرٍ فَلَمْ تَهْتَشَّ لَهُ وَلَمْ تُبَالِهِ ثُمَّ دَخَلَ عُمَرُ فَلَمْ تَهْتَشَّ لَهُ وَلَمْ تُبَالِهِ ثُمَّ دَخَلَ عُثْمَان فَجَلَست وسوَّيت ثِيَابك فَقَالَ: «أَلا أستحي من رجل تَسْتَحي مِنْهُ الْمَلَائِكَةُ؟»»» وَفِي رِوَايَةٍ قَالَ: «إِنَّ عُثْمَانَ رَجُلٌ حَيِيٌّ وَإِنِّي خَشِيتُ إِنْ أَذِنْتُ لَهُ عَلَى تِلْكَ الْحَالَةِ أَنْ لَا يَبْلُغَ إِلَيَّ فِي حَاجته» . رَوَاهُ مُسلم

6069. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूलुल्लाह ﷺ अपने घर में लपटे हुए थे और इस वक़्त आप की रानो या पिंडलियों से कपड़ा उठा हुआ था, अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु ने अन्दर आने की इजाज़त तलब की तो उन्हें इजाज़त दे दी गई और आप इसी हालत में रहे, उन्होंने बात चित की, फिर उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अन्दर आने की इजाज़त तलब की तो आप ने उन्हें इजाज़त दे दि और आप इसी हालत में रहे, उन्होंने बात चित की, फिर उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु ने

अन्दर आने की इजाज़त तलब की तो रसूलुल्लाह ﷺ उठ कर बैठ गए, अपने कपड़े दुरुस्त किए, जब वह (आप ﷺ के पास से उठ कर) चले गए तो आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया, अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु आए तो आप ने उन की खातिर कोई हरकत न की और न उनकी कोई परवाह की, फिर उमर रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए तो आप ने उन की खातिर कोई हरकत की न उनकी कोई परवाह, की फिर उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए तो आप उठ कर बैठ गए और अपने कपड़े दुरुस्त किए, (क्या मुआमला है ?) आप ﷺ ने फ़रमाया: "क्या मैं इस शख़्स से हया न करू जिस से फ़रिश्ते हया करते हैं ?" एक दूसरी रिवायत में है आप ने फ़रमाया: "उस्मान हया दार शख़्स है, मुझे अंदेशा हुआ की अगर मैंने उन्हें इसी हालत में अन्दर आने की इजाज़त दे दी तो हो सकता है के (शर्म के मारे) वह अपने किसी काम के बारे में अपने बात मुझे न पहुंचा सके"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (26 / 2401) و الرواية الثانية ، رواها مسلم (27 / 2402)، (6209 و 6210)

بَاب مَنَاقِب عُثْمَان • उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकिब का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٦٠٧٠ - (لم تتمّ دراسته) عَن طَلْحَةَ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لِكُلِّ نَبِيٍّ رَفِيقٌ وَرَفِيقِي - يَعْنِي فِي الْجنَّة - عُثْمَان» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6070. तल्हा बिन उबैदुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: "हर नबी का एक रफीक (ख़ास) होता है और मेरे रफीक यानी जन्नत में उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु है"| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3698 وقال : غریب ، لیس اسناده بالقوی '' الخ) و انظر الحدیث الآتی (6062) * فیه شیخ من بنی زھرۃ : لم اعرفه ، و شیخه حارث بن عبد الرحمن بن ابی ذباب لم یدرک طلحة رضی الله عنه (انظر تحفة الاشراف 4 / 212)

٦٠٧١ - (لم تتمّ دراسته) وَرَوَاهُ ابْنُ مَاجَهْ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ [ص:١٧١٠»» وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَلَيْسَ إِسْنَادُهُ بِالْقَوِيِّ وَهُوَ مُنْقَطع

6071. और इब्ने माजा ने अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है, और तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है, और उस की सनद क़वी नहीं, और वह मुन्कतेअ है| (ज़ईफ़)

ضعیف ، رواہ ابن ماجه (109) و سندہ ضعیف جدًا ، فیه عثمان بن خالد : متروک الحدیث و انظر الحدیث السابق (6061)

٦٠٧٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ خَبَّابٍ قَالَ: شَهِدْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ يَحُثُّ عَلَى جَيْشِ الْعُسْرَةِ فَقَامَ عُثْمَانُ فَقَالَ: يَا رَسُول الله عَلَيَّ مِائَتَا بَعِيرٍ بِأَحْلَاسِهَا وَأَقْتَابِهَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ حَضَّ عَلَى الْجَيْشِ فَقَامَ عُثْمَانُ فَقَالَ: عَلَيَّ مِائَتَا بَعِيرٍ بِأَحْلَاسِهَا

وَأَقْتَابِهَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ ثُمَّ حَضَّ فَقَامَ عُثْمَانُ فَقَالَ: عَلَيَّ ثَلَاثُمِائَةِ بَعِيرٍ بِأَحْلَاسِهَا وَأَقْتَابِهَا فِي سَبِيلِ اللَّهِ فَأَنَا رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَنْزِلُ عَنِ الْمِنْبَرِ وَهُوَ يَقُولُ: «مَا عَلَى عُثْمَانَ مَا عَمِلَ بَعْدَ هَذِهِ مَا عَلَى عُثْمَانَ مَا عَمِلَ بَعْدَ هَذِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6072. अब्दुल रहमान बिन खब्बाब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं नबी ﷺ की खिदमत में इस वक़्त हाज़िर हुआ जब आप गज़वा ए तबुक के लिए अमादा कर रहे थे, उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु खड़े हुए और उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! सो ऊंट साज़ो सामान के साथ अल्लाह की राह में मेरे ज़िम्मे है, फिर आप ने लश्कर के लिए अमादा किया तो उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु खड़े हुए और अर्ज़ किया, अल्लाह की राह में दो सो ऊंट साज़ो समान के साथ मेरे ज़िम्मे है, फिर आप ने तरगीब दिलाई तो उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु खड़े हुए तो अर्ज़ किया, अल्लाह की राहे में तीन सो ऊंट मेरे ज़िम्मे है, रावी बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ को देखा के आप ﷺ मिम्बर से उतरते फरमा रहे थे: “उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु ने उस के बाद जो भी अमल किया उस पर कोई मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) नहीं, उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु उस के बाद जो भी अमल करे उस पर कोई मुआखिज़ा (इलज़ाम लगाना) नहीं| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (3700 وقال : غريب) * فرقد ابو طلحة مجهول و حديث الترمذی (3701) يغنی عنه

٦٠٧٣ - (حسن) وَعَنْ عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ سَمُرَةَ قَالَ: جَاءَ عُثْمَانُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِأَلْفِ دِينَارٍ فِي كُمِّهِ حِينَ جَهَّزَ جَيْشَ الْعُسْرَةِ فَنَثَرَهَا فِي حِجْرِهِ فَرَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُقَلِّبُهَا فِي حِجْرِهِ وَيَقُولُ: «مَا ضَرَّ عُثْمَانَ مَا عَمِلَ بَعْدَ الْيَوْمِ» مرَّتَيْنِ. رَوَاهُ أَحْمد

6073. अब्दुल रहमान बिन समुरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब नबी ﷺ ने जैशुल अशरा तैयार फ़रमाया तो उस्मान ने अपनी जेब में एक हज़ार दीना लाकर आप की खिदमत में पेश किए और आप की गोद में ढेर कर दिए, मैंने नबी ﷺ को देखा के आप अपने गोद में उन्हें पलट रहे थे और फरमा रहे थे: “उस्मान ने जो भी अमल किया आज के बाद वह उस के लिए नुक्सान देह नहीं”, आप ﷺ ने दो मर्तबा ऐसे फ़रमाया| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (5 / 63 ح 20906) [و الترمذی (3701 وقال : حسن غريب) و صححه الحاكم (3 / 102) و وافقه الذهبی]

٦٠٧٤ - (ضَعِيف) وَعَن أنسٍ قَالَ: لَمَّا أَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِبَيْعَةِ الرِّضْوَانِ كَانَ عُثْمَانُ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ رَسُولُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى مَكَّةَ فَبَايَعَ النَّاسُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِن عُثْمَانَ فِي حَاجَةِ اللَّهِ وَحَاجَةِ رَسُولِهِ» فَضَرَبَ بِإِحْدَى يَدَيْهِ عَلَى الْأُخْرَى فَكَانَتْ يَدُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِعُثْمَانَ خَيْرًا من أَيْدِيهم لأَنْفُسِهِمْ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6074. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूलुल्लाह ﷺ ने बैते रिज़वान के लिए हुक्म फ़रमाया तो उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु मक्का की तरफ रसूलुल्लाह ﷺ के कासिद बनकर गए थे, सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन ने बैत की तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “बिलाशुबा उस्मान अल्लाह और उस के रसूल के काम पे गए हुए है, आप ﷺ ने अपना एक हाथ दुसरे पर मारा, रसूलुल्लाह ﷺ का हाथ, उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु की खातिर उन के अपने ज़ात की खातिर हाथो से बेहतर था| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (3702 وقال : حسن صحيح غريب) * الحكم بن عبدالملک ضعيف و حديث ابی داود (2726) يغنی عنه

٦٠٧٥ - (ضَعِيف) وَعَن ثُمامة بن حَزْنٍ الْقشيري قَالَ: شَهِدْتُ الدَّارَ حِينَ أَشْرَفَ عَلَيْهِمْ عُثْمَانُ فَقَالَ: أَنْشدكُمْ بِاللَّه وَالْإِسْلَامَ هَلْ تَعْلَمُونَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدِمَ الْمَدِينَةَ وَلَيْسَ بِهَا مَاءٌ يُسْتَعْذَبُ غَيْرُ بِئْرِ رُومَةَ؟ فَقَالَ: «مَنْ يَشْتَرِي بِئْرَ رُومَةَ يَجْعَلُ دَلْوَهُ مَعَ دِلَاءِ الْمُسْلِمِينَ بِخَيْرٍ لَهُ مِنْهَا فِي الْجَنَّةِ؟» فَاشْتَرَيْتُهَا مِنْ صُلْبِ مَالِي وَأَنْتُمُ الْيَوْمَ تَمْنَعُونَنِي أَنْ أَشْرَبَ مِنْهَا حَتَّى أَشْرَبَ مِنْ مَاءِ الْبَحْرِ؟ قَالُوا: اللَّهُمَّ نعم. فَقَالَ: أَنْشدكُمْ بِاللَّه وَالْإِسْلَامَ هَلْ تَعْلَمُونَ أَنَّ الْمَسْجِدَ ضَاقَ بِأَهْلِهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يَشْتَرِي بُقْعَةَ آلِ فُلَانٍ فَيَزِيدُهَا فِي الْمَسْجِد بِخَير مِنْهَا فِي الْجَنَّةِ؟» . فَاشْتَرَيْتُهَا مِنْ صُلْبِ مَالِي فَأَنْتُمُ الْيَوْمَ تَمْنَعُونَنِي أَنْ أُصَلِّيَ فِيهَا رَكْعَتَيْنِ؟ فَقَالُوا: اللَّهُمَّ نعم. قَالَ: أَنْشدكُمْ بِاللَّه وَالْإِسْلَامَ هَلْ تَعْلَمُونَ أَنِّي جَهَّزْتُ جَيْشَ الْعُسْرَةِ مِنْ مَالِي؟ قَالُوا: اللَّهُمَّ نَعَمْ. قَالَ: أَنْشُدُكُمْ بِاللَّه وَالْإِسْلَامَ هَلْ تَعْلَمُونَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ عَلَى ثَبِيرِ مَكَّةَ وَمَعَهُ أَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ وَأَنَا فَتَحَرَّكَ الْجَبَلُ حَتَّى تَسَاقَطَتْ حِجَارَتُهُ بِالْحَضِيضِ فَرَكَضَهُ بِرِجْلِهِ قَالَ: «اسْكُنْ ثَبِيرُ فَإِنَّمَا عَلَيْكَ نَبِيٌّ وَصِدِّيقٌ وَشَهِيدَانِ» . قَالُوا: اللَّهُمَّ نَعَمْ. قَالَ: اللَّهُ أَكْبَرُ شَهِدُوا وَرَبِّ الْكَعْبَةِ أَنِّي شَهِيدٌ ثَلَاثًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَالنَّسَائِيّ وَالدَّارَقُطْنِيّ

6075. सुमामा बिन हज़न कुशयरी रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैं इस वक़्त घर के पास था, जब उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु ने (अपने घर से) झांक कर फ़रमाया: में तुम्हें अल्लाह और इस्लाम का वास्ते दे कर पूछता हूँ, क्या तुम जानते हो की जब रसूलुल्लाह ﷺ मदीना तशरीफ़ लाए तो रुव्मा कुंवो के अलावा वहां मीठा पानी नहीं था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स रुव्मा कुंवो को खरीद कर मुसलमानों के लिए वक्फ़ कर देगा तो उस के लिए जन्नत में उस से बेहतर होगा”, मैंने अपने खालिस माल से इसे खरीदा, और आज तुम मुझे उस का पानी पीने से रोक रहे हो हत्ता कि में समुंदरी पानी पि रहा हूँ, उन्होंने कहा: अल्लाह की क़सम! ऐसे ही है, फिर उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: में तुम्हें अल्लाह और इस्लाम का वास्ता दे कर पूछता हूँ, क्या तुम जानते हो के मस्जिद अपने नमाज़ियो के लिए तंग थी, तो रसूलुल्लाह ﷺ ने फरमाया: “जो शख़्स आले फलां से ज़मीन का हिस्सा खरीद कर उस से मस्जिद की तोशीअ कर देगा तो उस के लिए जन्नत में उस से बेहतर होगा”, मैंने अपने खालिस माल से इसे खरीदा, और आज तुम मुझे उस में दो रक्अत नमाज़ अदा करने से रोक रहे हो, उन्होंने कहा: हाँ, ऐसे ही है, आप ने फ़रमाया: में अल्लाह और इस्लाम का वास्ता दे कर तुम्हें पूछता हूँ, क्या तुम जानते हो के जैशुल ऊसर को मैंने अपने माल से तैयार किया था ? उन्होंने कहा: हाँ, उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: में अल्लाह और इस्लाम का वास्ता दे कर तुम से पूछता हूँ, क्या तुम जानते हो के रसूलुल्लाह ﷺ मक्का के पहाड़ पर थे, और इस वक़्त अबू बकर, उमर और मैं आप के साथ थे, पहाड़ ने हरकत की हत्ता कि ज़मीन पर कुछ टुकड़े गिर गए तो आप ﷺ ने अपने पाँव से इसे ठोकर मार कर फ़रमाया: “पहाड़ ठहर जा तुझ पर एक नबी है, एक सिद्दीक है और दो शहीद है”, उन्होंने कहा: हाँ, ऐसे ही है, आप ने तीन बार फ़रमाया (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर रब्बे काबा की क़सम उन्होंने गवाही दे दि की मैं शहीद हूँ| (हसन)

حسن دون قوله ’’ ثبیر ‘‘ ، رواہ الترمذی (3703 وقال : حسن) و النسائی (6 / 235 236 ح 3638) و الدارقطنی (4 / 196)

٦٠٧٦ - (صَحِيح) وَعَن مرّة بن كَعْب قَالَ: سَمِعْتُ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَذكر الْفِتَن فقر بهَا فَمَرَّ رَجُلٌ مُقَنَّعٌ فِي ثَوْبٍ فَقَالَ: «هَذَا يَوْمئِذٍ على هدى» فَقُمْتُ إِلَيْهِ فَإِذَا هُوَ عُثْمَانُ بْنُ عَفَّانَ. قَالَ: فَأَقْبَلْتُ عَلَيْهِ بِوَجْهِهِ. فَقُلْتُ: هَذَا؟ قَالَ: «نَعَمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ: هَذَا حَدِيث حسن صَحِيح [ص:١٧١

6076. मुर्रह बिन काब रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह ﷺ से सुना आप ने फ़ितनो का ज़िक्र किया और उन के करीब होने का इरशाद फ़रमाया, इतने में एक आदमी गुज़रा उस ने एक कपड़ा लपेट रखा था, आप ﷺ ने फ़रमाया यह शख़्स इस (फितने के) दिन हिदायत पर होगा”, मैं इन की तरफ गया, देखा के वह उस्मान बिन अफ्फान रदी अल्लाहु

अन्हु है, रावी बयान करते हैं, मैंने उनका चेहरा आप की तरफ फेर कर अर्ज़ किया, यह वह (आदमी) है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: हाँ”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3704) و ابن ماجه (11)

٦٠٧٧ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «يَا عُثْمَانُ إِنَّهُ لَعَلَّ اللَّهَ يُقَمِّصُكَ قَمِيصًا فَإِنْ أَرَادُوكَ عَلَى خَلْعِهِ فَلَا تَخْلَعْهُ لَهُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ وَقَالَ التِّرْمِذِيُّ فِي الحَدِيث قصَّة طَوِيلَة

6077. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस्मान! उम्मीद है के अल्लाह तुम्हें कमीज़ पहनाएगा, अगर वह तुम से इसे उतारना चाहे तो तुम उन की खातिर इसे न उतारना”| तिरमिज़ी, इब्ने माजा और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: हदीस में तवील किस्सा है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3705 وقال : حسن غريب) و ابن ماجه (112)

٦٠٧٨ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنِ ابْنِ»» عُمَرَ قَالَ: ذَكَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِتْنَةً فَقَالَ: «يُقْتَلُ هَذَا فِيهَا مَظْلُومًا» لِعُثْمَانَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ إِسْنَادًا

6078. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूलुल्लाह ﷺ ने एक फितने का ज़िक्र किया तो फ़रमाया: “ये यानी उस्मान उस में मज़लूम शहीद कर दिए जाएँगे”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन है, उस की सनद ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (3708) * سنان بن هارون البرجمی ضعيف ضعفه الجمهور

٦٠٧٩ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي سَهْلَةَ قَالَ: قَالَ لِي عُثْمَانُ يَوْمَ الدَّارِ: أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَدْ عَهِدَ إِلَيَّ عَهْدًا وَأَنَا صَابِرٌ عَلَيْهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

6079. अबू सहलत रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु ने मुहासरे के दिन मुझे फ़रमाया के रसूल अल्लाह ﷺ ने मुझ से एक अहद लिया था और उस पर में काइम हूँ”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3711)

بَاب مَنَاقِب عُثْمَان • उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकिब का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٦٠٨٠ - (صَحِيح) عَنْ»» عُثْمَانَ بْنِ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ مَوْهَبٍ قَالَ: جَاءَ رَجُلٌ مِنْ أَهْلِ مِصْرَ يُرِيدُ حَجَّ الْبَيْتِ فَرَأَى قَوْمًا جُلُوسًا فَقَالَ: مَنْ هَؤُلَاءِ الْقَوْمُ؟ قَالُوا: هَؤُلَاءِ قُرَيْشٌ. قَالَ فَمَنِ الشَّيْخُ فِيهِمْ؟ قَالُوا: عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ. قَالَ: يَا ابْنَ عُمَرَ إِنِّي سَائِلُكَ عَنْ شَيْءٍ فَحَدِّثْنِي: هَلْ تَعْلَمُ أَنَّ عُثْمَانَ فَرَّ يَوْمَ أُحُدٍ؟ قَالَ: نَعَمْ. قَالَ: هَلْ تَعْلَمُ أَنَّهُ تَغَيَّبَ عَنْ بَدْرٍ وَلَمْ يَشْهَدْهَا؟ قَالَ: نَعَمْ. قَالَ: هَلْ تَعْلَمُ أَنَّهُ تَغَيَّبَ عَنْ بَيْعَةِ الرِّضْوَانِ فَلَمْ يَشْهَدْهَا؟ قَالَ: نَعَمْ؟ قَالَ: اللَّهُ أَكْبَرُ قَالَ ابْنُ عُمَرَ: تَعَالَ أُبَيِّنْ لَك أما فِرَاره يَوْم أُحد فأشهدُ أَن اللَّهَ عَفَا عَنْهُ وَأَمَّا تَغَيُّبُهُ عَنْ بَدْرٍ فَإِنَّهُ كَانَتْ تَحْتَهُ رُقَيَّةُ بِنْتُ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَكَانَتْ مَرِيضَةً فَقَالَ لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ لَكَ أَجْرَ رَجُلٍ مِمَّنْ شَهِدَ بَدْرًا وَسَهْمَهُ» . وَأَمَّا تَغَيُّبُهُ عَنْ بَيْعَةِ [ص:١٧١ الرِّضْوَانِ فَلَوْ كَانَ أَحَدٌ أَعَزَّ بِبَطْنِ مَكَّةَ مِنْ عُثْمَانَ لَبَعَثَهُ فَبَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عُثْمَان وَكَانَت بَيْعةُ الرضْوَان بعدَ مَا ذَهَبَ عُثْمَانُ إِلَى مَكَّةَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِيَدِهِ الْيُمْنَى : « هَذِهِ يَدُ عُثْمَانَ» فَضَرَبَ بِهَا عَلَى يَدِهِ وَقَالَ: «هَذِه لعُثْمَان» . فَقَالَ لَهُ ابْنُ عُمَرَ: اذْهَبْ بِهَا الْآنَ مَعَكَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

6080. उस्मान बिन अब्दुल्लाह बिन वहब रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, अहल मस्वर से एक आदमी हज के इरादे से आया तो उस ने कुछ लोगो को बैठे हुए देख कर कहा: यह कौन लोग है ? उन्होंने बताया: यह कुरैश है, उस ने कहा उन में अल शैख़ (मोतबर आलिम) कौन है ? उन्होंने कहा: अब्दुल्लाह बिन उमर (र अ), इस आदमी ने कहा: इब्ने उमर में तुम से किसी चीज़ के मुत्तल्लिक सवाल करता हूँ, मुझे बताइए: क्या आप जानते हैं की उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु गज़वा ए उहद में फरार हो गए थे ? उन्होंने ने फ़रमाया: हाँ, उस ने कहा: क्या आप जानते हैं के वह गज़वा ए बद्र मैं भी शरीक नहीं हुए थे ? उन्होंने ने फ़रमाया: हाँ, उस ने कहा: क्या आप जानते हैं की बैते रिज़वान के मौके पर भी वह मौजूद नहीं थे ? उन्होंने ने फ़रमाया: हाँ, उस ने कहा (اللَّهُ أَكْبَرُ) अल्लाहु अकबर, इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: आओ में तुम्हें वाज़ेह करता हूँ, रहा उनका गज़वा ए उहद से फरार होना तो मैं गवाही देता हूँ कि अल्लाह ने उन्हें मुआफ़ फरमा दिया है, रहा उनका बद्र से गायब होना तो उस की वजह यह है कि रसूल अल्लाह ﷺ की बेटी रुकय्या रदी अल्लाहु अन्हु उनकी अहलिया थी और वह बीमार थी, रसूल अल्लाह ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “आप के लिए गज़वा ए बद्र में शरीक होने वाले मुजाहिद के बराबर अज्र व सवाब है और उस के बराबर आप के लिए माले गनीमत में से हिस्सा भी है”, रहा उनका बैते रिज़वान के वक़्त मौजूद न होना, तो अगर मक्का में उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु से ज़्यादा कोई मुअज्ज़ज़ होता तो आप इसे भेजते, लेकिन रसूल अल्लाह ﷺ ने उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु को भेजा, और बैते रिज़वान उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु के मक्का चले जाने के बाद हुई थी, रसूल अल्लाह ﷺ ने अपने दाए हाथ के मुत्तल्लिक फ़रमाया: “ये उस्मान का हाथ है”, और इसे अपने हाथ पर मारा और फ़रमाया: “ये उस्मान के लिए है”, फिर इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने फ़रमाया: उबई (जवाबात) अपने साथ ले जाना (और उन्हें याद रखना) | (बुखारी)

رواه البخاری (3698)

٦٠٨١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي»» سلهة مولى عُثْمَان رَضِي الله عَنْهُمَا قَالَ: جَعَلَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُسِرُّ إِلَى عُثْمَانَ وَلَوْنُ عُثْمَانَ يَتَغَيَّرُ فَلَمَّا كَانَ يَوْمُ الدَّار قُلْنَا: أَلَا نُقَاتِلُ؟ قَالَ: لَا أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَهِدَ إِلَيَّ أَمْرًا فَأَنَا صَابِرٌ نَفسِي عَلَيْهِ

6081. उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु के आज़ाद करदा गुलाम अबू सहलत बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु से छुपा तौर पर कोई बात कर रहे थे, और उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु का रंग मतिग़र हो रहा था, जब मुहासरे का दिन था तो हमने कहा: क्या हम लड़ाई नहीं करेंगे ? उन्होंने ने फ़रमाया: नहीं, क्योंकि रसूल अल्लाह ﷺ ने मुझे एक अम्र की वसीयत की है और मैं अपने आप को उस का पाबंद रखूँगा| (सहीह)

صحیح ، رواه البیهقی فی دلائل النبوة (6 / 391 بزیادة :'' عن عائشة '')] و ابن ماجه (113) بدون ذکر عائشة رضی الله عنها] و للحدیث شواهد

٦٠٨٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن أبي»» حبيبةَ أَنَّهُ دَخَلَ الدَّارَ وَعُثْمَانُ مَحْصُورٌ فِيهَا وَأَنَّهُ سَمِعَ أَبَا هُرَيْرَةَ يَسْتَأْذِنُ عُثْمَانَ فِي الْكَلَامِ فَأَذِنَ لَهُ فَقَامَ فَحَمِدَ اللَّهَ وَأَثْنَى عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: " إِنَّكُمْ سَتَلْقَوْنَ بَعْدِي فِتْنَةً وَاخْتِلَافًا - أَوْ قَالَ: اخْتِلَافًا وَفِتْنَةً - فَقَالَ لَهُ قَائِلٌ مِنَ النَّاسِ: فَمَنْ لَنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ أَوْ مَا تَأْمُرُنَا بِهِ؟ قَالَ: «عَلَيْكُمْ بِالْأَمِيرِ وَأَصْحَابِهِ» وَهُوَ يُشِيرُ إِلَى عُثْمَانَ بِذَلِكَ. رَوَاهُمَا الْبَيْهَقِيّ فِي «دَلَائِل النبوَّة»

6082. अबू हबीबा से रिवायत है के वह घर में दाखिल हुए जबके उस्मान उस में महसूर थे, और उन्होंने अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु को सुना के वह उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु से बात करने की इजाज़त तलब कर रहे हैं, उन्हें इजाज़त मिल गई, वह खड़े हुए अल्लाह की हम्द व सना बयान की, फिर फ़रमाया: मैंने रसूल अल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “मेरे बाद तुम फितने और इख्तिलाफ देखोगे, या फ़रमाया: “इख्तिलाफ और फितने देखोगे”, किसी ने आप से अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हमारे लिए क्या हुक्म है या आप हमें क्या हुक्म फरमाते हैं ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम अमीर और उस के साथियो को लाज़िम पकड़ो”, और आप इस (अमिर) के मुत्तल्लिक उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु की तरफ इरशाद फरमा रहे थे| इमाम बयहकी ने दोनों अहादीस दलाइलुल नबुवा में रिवायत की है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه البیهقی فی دلائل النبوة (6 / 393) [و احمد (2 / 344 345 ح 8522)]

इन तीनो के मनाकिब का बयान • بَاب مَنَاقِب هَؤُلَاءِ الثَّلَاثَة

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٦٠٨٣ - (صَحِيح) عَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ صَعِدَ أُحُدًا وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ وَعُثْمَانُ فَرَجَفَ بِهِمْ فَضَرَبَهُ بِرِجْلِهِ فَقَالَ: «اثْبُتْ أُحُدُ فَإِنَّمَا عَلَيْكَ نَبِيٌّ وَصِدِّيقٌ وَشَهِيدَانِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

6083. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ओहद पहाड़ पर चढ़े, अबू बक्र व उमर और उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु भी आप के साथ थे, उस ने हरकत की तो आप ने उस पर अपना पाँव मार कर फ़रमाया: “उहद! ठहर जाओ, तुम पर एक नबी है, एक सिद्दीक और दो शहीद हैं”| (बुखारी)

رواه البخاری (3686)

٦٠٨٤ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي مُوسَى الْأَشْعَرِيِّ قَالَ: كُنْتُ مَعَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حَائِطٍ مِنْ حِيطَانِ الْمَدِينَةِ فَجَاءَ رَجُلٌ فَاسْتَفْتَحَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «افْتَحْ لَهُ وَبَشِّرْهُ بِالْجَنَّةِ» فَفَتَحْتُ لَهُ فَإِذَا أَبُو بَكْرٍ فَبَشَّرْتُهُ بِمَا قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَمِدَ اللَّهَ ثُمَّ جَاءَ رَجُلٌ فَاسْتَفْتَحَ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «افْتَحْ لَهُ وَبَشِّرْهُ بِالْجَنَّةِ» . فَفَتَحْتُ لَهُ فَإِذا هُوَ عُمَرُ فَأَخْبَرْتُهُ بِمَا قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَمِدَ اللَّهَ ثُمَّ اسْتَفْتَحَ رَجُلٌ فَقَالَ لِي: «افْتَحْ لَهُ وَبَشِّرْهُ بِالْجَنَّةِ عَلَى بَلْوَى تُصِيبُهُ» فَإِذَا عُثْمَانُ فَأَخْبَرْتُهُ بِمَا قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَحَمِدَ اللَّهَ ثمَّ قَالَ: الله الْمُسْتَعَان. مُتَّفق عَلَيْهِ

6084. अबू मूसा अशअरी रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं मदीना के एक बाग़ में नबी ﷺ के साथ था, एक आदमी आया और उस ने दरवाज़ा खोलने की दरख्वास्त की तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस के लिए दरवाज़ा खोल दो, और इसे जन्नत की बशारत दो”, चुनांचे मैंने इस शख़्स के लिए दरवाज़ा खोल दिया तो वह अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु थे, मैंने रसूल अल्लाह ﷺ के फरमान के मुताबिक उन्हें जन्नत की बशारत सुनाई तो उन्होंने अल्लाह की हम्द बयान की, फिर एक और आदमी आया और उस ने भी दरवाज़ा खोलने का कहा तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “उस के लिए भी दरवाज़ा खोल दो और इसे भी जन्नत की बशारत सुनाओ”, चुनांचे मैंने उस के लिए दरवाज़ा खोला तो वह उमर रदी अल्लाहु अन्हु थे, मैंने नबी ﷺ के फरमान के मुताबिक उन्हें भी जन्नत की बशारत सुनाई तो उन्होंने अल्लाह की हम्द बयान की, फिर एक और आदमी ने दरवाज़ा खोलने की दरख्वास्त की तो आप ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “उस के लिए दरवाज़ा खोल दो और इसे भी जन्नत की बशारत सुना दो, उन मसाइब (तकलीफ) के बाद जिन से उनका वास्ते पड़ेगा”, तो वह उस्मान रदी अल्लाहु अन्हु थे, मैंने नबी ﷺ के फरमान के मुताबिक उन्हें बताया तो उन्होंने अल्लाह की हम्द बयान की फिर फ़रमाया अल्लाह ही से मदद दरकार है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3693) و مسلم (28 / 2403)، (6212)

بَاب مَنَاقِب هَؤُلَاءِ الثَّلَاثَة • इन तीनो के मनाकिब का बयान

الْفَصْل الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٦٠٨٥ - (حسن صَحِيح) عَن ابْن عمر قَالَ: كُنَّا نَقُولُ وَرَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَيٌّ: أَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ وَعُثْمَانُ رَضِي الله عَنْهُم. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6085. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, हम रसूल अल्लाह ﷺ की हयाते मुबारक में अबू बकर, उमर और उस्मान रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन कहा करते थे| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3707 وقال : حسن صحیح غریب) [و اصله فی صحیح البخاری (3698)]

इन तीनो के मनाकिब का बयान • بَاب مَنَاقِب هَؤُلَاءِ الثَّلَاثَة

तीसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّالِث

٦٠٨٦ - (ضَعِيف) عَن جابرن أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أرِيَ اللَّيْلَةَ رَجُلٌ صَالِحٌ كَأَنَّ أَبَا بَكْرٍ نِيطَ بِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنِيطَ عُمَرُ بِأَبِي بَكْرٍ وَنِيطَ عُثْمَانُ بِعُمَرَ» قَالَ جَابِرٌ: فَلَمَّا قُمْنَا مِنْ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قُلْنَا: أَمَّا الرَّجُلُ الصَّالِحُ فَرَسُولُ اللَّهِ وَأَمَّا نَوْطُ بَعْضِهِمْ بِبَعْضٍ فَهُمْ وُلَاةُ الْأَمْرِ الَّذِي بَعَثَ اللَّهُ بِهِ نَبِيَّهُ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ أَبُو دَاوُدَ

6086. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “रात मुझे ख्वाब में एक मर्द स्वालेह दिखाया गया गोया वह अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु है, जो के रसूल अल्लाह ﷺ के साथ मुअल्लक है, उमर, अबू बक्र के साथ मुअल्लक है, और उस्मान उमर के साथ मुअल्लक है”, जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब हम रसूल अल्लाह ﷺ के पास से उठे तो हमने कहा मर्द स्वालेह से मुराद रसूल अल्लाह ﷺ है, और दुसरे जो एक दुसरे के साथ मुअल्लक है, उस से मुराद यह है कि वह इस दिन के वाली है, जिस के साथ अल्लाह ने अपने नबी ﷺ को मबउस फ़रमाया है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4636) [و صححه الحاكم (3 / 71 72) و وافقه الذهبى] * الزهرى مدلس و عنعن وله شاهد ضعيف تقدم (6057)

अली इब्ने अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकिब का बयान • بَاب مَنَاقِب عَلِيّ بن أبي طَالب

पहली फस्ल • الْفَصْل الأول

٦٠٨٧ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِعَلِيٍّ: «أَنْتَ مِنِّي بِمَنْزِلَةِ هَارُونَ مِنْ مُوسَى إِلَّا أَنَّهُ لَا نَبِيَّ بَعْدِي» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

6087. साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने अली रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “आप मेरे लिए ऐसे है जैसे मूसा अलैहिस्सलाम के लिए हारून अलैहिस्सलाम थे| अलबत्ता मेरे बाद कोई नबी नहीं”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3706) و مسلم (30 / 2404)، (6217)

٦٠٨٨ - (صَحِيح) وَعَنْ زِرِّ بْنِ حُبَيْشٍ قَالَ: قَالَ عَلِيٌّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ: وَالَّذِي فَلَقَ الْحَبَّةَ وَبَرَأَ النَّسَمَةَ إِنَّهُ لَعَهْدُ النَّبِيِّ الْأُمِّيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَيَّ: أَنْ لَا يُحِبَّنِي إِلَّا مؤمنٌ وَلَا يبغضني إِلَّا مُنَافِق. رَوَاهُ مُسلم

6088. ज़िर्र बिन हुबैश बयान करते हैं, अली रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: उस ज़ात की क़सम जिस ने दाने को उगाया और हर जानदार को पैदा फ़रमाया नबीए उम्मी ﷺ ने मुझे अहद दे के मोमिन शख़्स ही मुझ से मुहब्बत करेगा और सिर्फ मुनाफ़िक़ शख़्स ही मुझ से दुश्मनी रखेगा| (मुस्लिम)

رواه مسلم (131 / 78)، (240)

٦٠٨٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ سَهْلِ بْنِ سَعْدٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ يَوْمَ خَيْبَرَ: «لَأُعْطِيَنَّ هَذِهِ الرَّايَةَ غَدًا رَجُلًا يَفْتَحُ اللَّهُ عَلَى يَدَيْهِ يُحِبُّ اللَّهَ وَرَسُولَهَ وَيُحِبُّهُ اللَّهُ وَرَسُولُهُ» . فَلَمَّا أَصْبَحَ النَّاسُ غَدَوْا عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كلهم يَرْجُو أَنْ يُعْطَاهَا فَقَالَ: «أَيْنَ عَلِيُّ بْنُ أَبِي طَالِبٍ؟» فَقَالُوا: هُوَ يَا رَسُولَ اللَّهِ يَشْتَكِي عَيْنَيْهِ. قَالَ: «فَأَرْسِلُوا إِلَيْهِ» . فَأُتِيَ بِهِ فَبَصَقَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي عَيْنَيْهِ فَبَرَأَ حَتَّى كَأَنْ لَمْ يَكُنْ بِهِ وَجَعٌ فَأَعْطَاهُ الرَّايَةَ فَقَالَ عَلِيٌّ: يَا رَسُولَ الله أقاتلهم حَتَّى يَكُونُوا مثلنَا؟ فَقَالَ: «انْفُذْ عَلَى رِسْلِكَ حَتَّى تَنْزِلَ بِسَاحَتِهِمْ ثُمَّ ادْعُهُمْ إِلَى الْإِسْلَامِ وَأَخْبِرْهُمْ بِمَا يَجِبُ عَلَيْهِمْ مِنْ حَقِّ اللَّهِ فِيهِ [ص:١٧٢ فَوَاللَّهِ لَأَنْ يَهْدِيَ اللَّهُ بِكَ رَجُلًا وَاحِدًا خَيْرٌ لَكَ مِنْ أَنْ يَكُونَ لَكَ حُمْرُ النَّعَمِ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ»» وَذكر حَدِيث الْبَراء قَالَ لعَلي: «أَنْت مني وَأَنا مِنْك» فِي بَاب «بُلُوغ الصَّغِير»

6089. सहल बिन साद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने गज़वा ए खैबर के मौके पर फ़रमाया: “मैं कल एक ऐसे शख़्स को झंडा अता करूँगा जिस के हाथो अल्लाह फतह अता फरमाएगा, वह शख़्स अल्लाह और रसूल से मुहब्बत करता है, और अल्लाह और उस का रसूल इसे महबूब रखते हैं”, चुनांचे जब सुबह हुई तो तमाम लोग रसूल अल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए, और वह सब पर उम्मीद थे की वह (परचम) इसे अता किया जाएगा, आप ﷺ ने फ़रमाया: “अली बिन अबी तालिब कहाँ हैं?” उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! उनकी आंखो में तकलीफ है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “उन्हें बुलाओ”, वह आप के पास लाए गए तो रसूल अल्लाह ﷺ ने उनकी आंखो में अपना लुआब लगाया तो वह ऐसे शिफ़ायाब हुए के गोया उन्हें कोई तकलीफ थी ही नहीं, आप ﷺ ने झंडा उन्हें अता फ़रमाया तो अली रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! क्या मैं उन से लड़ता रहूँ हत्ता कि वह हमारे जैसे (यानी मुसलमान) हो जाए, आप ﷺ ने फ़रमाया: “यूँही चलते रहो हत्ता कि तुम उन के मैदान में उतरो, फिर उन्हें इस्लाम की दावत पेश करो और उन्हें बताओ के अल्लाह के क्या हुकुक इन पर वाजिब हैं, अल्लाह की क़सम! अगर तुम्हारे ज़रिए अल्लाह किसी एक आदमी को हिदायत अता फरमादे तो वह तुम्हारे लिए सुर्ख ऊटों से बेहतर है”| और बराअ (र) से मरवी हदीस आप ﷺ ने अली (र) से फ़रमाया : “तू मुझ से और में तुम से हूँ” बाब بُلُوغ الصَّغِير (छोटे लड़के की बुलुगत और कमसिनी में इस की तरबियत का बयान) में ज़िक्र की गई है. (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2942) و مسلم (34 / 2406)، (6223) 0 حديث البراء تقدم (3377)

अली इब्ने अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकिब का बयान

بَاب مَنَاقِب عَلِيّ بن أبي طَالب

दूसरी फस्ल

الْفَصْل الثَّانِي

٦٠٩٠ - (صَحِيح) عَنْ عِمْرَانَ بْنِ حُصَيْنٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ عَلِيًّا مِنِّي وَأَنَا مِنْهُ وَهُوَ وَلِيُّ كُلِّ مُؤْمِنٍ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6090. इमरान बिन हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: "अली मुझ से हैं और मैं उन से हूँ और वह हर मोमिन के दोस्त हैं"| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3712 وقال : غریب)

٦٠٩١ - (صَحِيح) وَعَن زيد بن أَرقم أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «مَنْ كُنْتُ مَوْلَاهُ فَعَلِيٌّ مَوْلَاهُ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيّ

6091. ज़ैद बिन अरक़म रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: '' में जिस का मौला हूँ अली उस के मौला हैं"| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه احمد (4 / 368 ح 19494) و الترمذی (3713 وقال : حسن غریب) * و للحدیث طریق کثیرة جدًا فھو من الاحادیث المتواترة

٦٠٩٢ - (لم تتمّ دراسته) وَعَن حبشِي بن جُنَادَة قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «عَلِيٌّ مِنِّي وَأَنَا مِنْ عَلِيٍّ وَلَا يُؤَدِّي عني إِلَّا أَنا وَعلي» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ»» وَرَوَاهُ أَحْمد عَن أبي جُنَادَة

6092. हुब्शीय बिन जनादह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: "अली मुझ से है और मैं उन से हूँ, और मेरी तरफ से कोई अदाइगी न करे सिवाय मेरे और अली के"| तिरमिज़ी, और इमाम अहमद ने इसे अबू जुनादा से रिवायत किया है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3719 وقال : حسن غریب صحیح) و احمد (4 / 164 ح 17645)

٦٠٩٣ - (ضَعِيف) وَعَنِ ابْنِ عُمَرَ قَالَ: آخَى رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَيْنَ أَصْحَابِهِ فَجَاءَ عَلِيٌّ تَدْمَعُ عَيْنَاهُ فَقَالَ: آخَيْتَ بَيْنَ أَصْحَابِكَ وَلم تؤاخ بَيْنِي وَبَيْنَ أُحُدٍ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ [ص:١٧٢] صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنْتَ أَخِي فِي الدُّنْيَا وَالْآخِرَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

6093. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने अपने सहाबा के दरमियान भाई चाराह काइम

किया तो अली रदी अल्लाहु अन्हु अश्कबार आंखो के साथ आए और अर्ज़ किया: आप ﷺ ने अपने सहाबा रदी अल्लाहु अन्हु के दरमियान भाई चाराह काइम किया है, लेकिन आप ने मेरे और किसी और के दरमियान भाई चाराह काइम नहीं फरमाया, आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुम मेरे दुनिया और आखिरत में भाई हो"| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3720) * حکيم بن جبير : ضعيف رمی بالتشيع ، و جميع بن عمير : ضعيف ضعفه الجمهور

٦٠٩٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: كَانَ عِنْدَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ طَيْرٌ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ ائْتِنِي بِأَحَبِّ خَلْقِكَ إِلَيْكَ يَأْكُلُ مَعِي هَذَا الطَّيْرَ» فجَاء عَلِيٌّ فَأَكَلَ مَعَهُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6094. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ के पास एक भुना हुआ परिंदा था, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह अपने मखलूक में से अपने महबूब तरीन शख़्स को मेरे पास भेज जो मेरे साथ इस परिंदे को खाए", अली रदी अल्लाहु अन्हु उन के पास तशरीफ़ लाए और उन्होंने आप के साथ तनावुल फ़रमाया| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3721)

٦٠٩٥ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: كُنْتُ إِذَا سَأَلْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَعْطَانِي وَإِذَا سَكَتُّ ابْتَدَأَنِي. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ «حَسَنٌ غَرِيبٌ»

6095. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं जब रसूल अल्लाह ﷺ से कोई चीज़ तलब करता तो आप मुझे अता फरमाते और जब में ख़ामोश रहता तो आप तलब किए बगैर मुझे अता फरमा देंते थे| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (3722) * عبدالله بن عمرو بن هند لم يسمع من علی رضی الله عنه ، وجاء فی المستدرک (3 / 125 ح 463) قال :'' سمعت عليًا رضی الله عنه '' !!

٦٠٩٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنَا دَارُ الْحِكْمَةِ وَعَلِيٌّ بَابُهَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ وَقَالَ: رَوَى بَعْضُهُمْ هَذَا الْحَدِيثَ عَنْ شَرِيكٍ وَلَمْ يَذْكُرُوا فِيهِ عَنِ الصُّنَابِحِيِّ وَلَا نَعْرِفُ هَذَا الْحَدِيثَ عَنْ أَحَدٍ مِنَ الثِّقَاتِ غَيْرَ شَرِيكٍ

6096. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: "मैं दारे हिकमत हूँ और अली उस का दरवाज़ा है"| इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने कहा: यह हदीस ग़रीब है, और उन्होंने ने फ़रमाया: बाज़ रावियो ने इस हदीस को शरीक से रिवायत किया है, और उन्होंने उस में अन अल सनाबिह का ज़िक्र नहीं किया, और हम शरीक के अलावा यह हदीस किसी सिका रावी से नहीं जानते| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3723) * شريک القاضی مدلس و عنعن ولم يثبت تصريح سماعه فی هذا الحديث و للحديث شواهد ضعيفة

٦٠٩٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» جَابِرٍ قَالَ: دَعَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلِيًّا يَوْمَ الطَّائِفِ فَانْتَجَاهُ فَقَالَ النَّاسُ: لَقَدْ طَالَ نَجْوَاهُ مَعَ ابْنِ عَمِّهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا انْتَجَيْتُهُ وَلَكِنَّ اللَّهَ انْتَجَاهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6097. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, ताईफ के रोज़ रसूल अल्लाह ﷺ ने अली रदी अल्लाहु अन्हु को बुलाया और उन से सरगोशी फरमाई, लोगो ने कहा आप की अपने चचाज़ाद के साथ सरगोशी तवील हो गई, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने उन से सरगोशी नहीं की बल्के अल्लाह ने उन से सरगोशी की है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3726 وقال : حسن غریب) * ابو الزبیر مدلس و عنعن

٦٠٩٨ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِعَلِيٍّ: «يَا عَلِيُّ لَا يَحِلُّ لِأَحَدٍ يُجْنِبُ فِي هَذَا الْمَسْجِدِ غَيْرِي وَغَيْرَكَ» قَالَ عَلِيُّ بْنُ الْمُنْذِرِ: فَقُلْتُ لِضِرَارِ بْنِ صُرَدٍ: مَا مَعْنَى هَذَا الْحَدِيثِ؟ قَالَ: لَا يَحِلُّ لِأَحَدٍ يَسْتَطْرِقُهُ جُنُبًا غَيْرِي وَغَيْرَكَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيبٌ

6098. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने अली रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “अली! मेरे और तुम्हारे सिवा किसी के लिए दुरुस्त नहीं के वह हालत जनाबत में इस मस्जिद में से गुज़रे”, अली बिन मुन्ज़िर बयान करते हैं, मैंने ज़रार बिन सूरद से पूछा इस हदीस का किया माना है ? उन्होंने ने फ़रमाया: मेरे और तेरे सिवा किसी के लिए दुरुस्त नहीं के वह हालत जनाबत में मस्जिद से रास्ते का काम ले| तिरमिज़ी, और उन्होंने कहा: यह हदीस हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3727) * فیه عطیة العوفی : ضعیف

٦٠٩٩ - (ضَعِيف) وَعَن»» أم عطيَّة قَالَتْ: بَعَثَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَيْشًا فِيهِمْ عَلِيٌّ قَالَتْ: فَسَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ رَافِعٌ يَدَيْهِ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ لَا تُمِتْنِي حَتَّى تُرِيَنِي علياًّ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6099. उम्म अतिया रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने एक लश्कर रवाना किया उस में अली रदी अल्लाहु अन्हु भी थे, उम्म अतिया रदी अल्लाहु अन्हा ने कहा मैंने रसूल अल्लाह ﷺ को अपने हाथ उठाकर दुआ करते हुए सुना: “अल्लाह मुझे मौत न देना हत्ता के तू मुझे अली रदी अल्लाहु अन्हु को दिखा दे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3737 وقال : حسن) * ام شراحیل و ابو الجراح المهری : مجهولا الهال ، لم یوثقهما غیر الترمذی

अली इब्ने अबी तालिब रदी अल्लाहु अन्हु के मनाकिब का बयान

بَاب مَنَاقِب عَلِيّ بن أبي طَالب

तीसरी फस्ल

الْفَصْل الثَّالِث

٦١٠٠ - (ضَعِيف) عَنْ»» أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَا يُحِبُّ عَلِيًّا مُنَافِقٌ وَلَا يُبْغِضُهُ مُؤْمِنٌ» . رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ غَرِيب إِسْنَادًا

6100. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “मुनाफ़िक़ शख़्स अली से मुहब्बत करेगा न मोमिन शख़्स उन से दुश्मनी रखेगा”| अहमद तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस सनद के लिहाज़ से हसन ग़रीब है| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواہ احمد (6 / 282 ح 27040) و الترمذی (2 / 3717 و حسنه و سندہ ضعیف) * مساور الحمیری مجھول و حدیث الترمذی (3736) و مسلم (78) یغنی عنه

٦١٠١ - (ضَعِيف) وَعَنْهَا»» قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ سَبَّ عَلِيًّا فَقَدْ سَبَّنِي» . رَوَاهُ أَحْمد

6101. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “जिस शख़्स ने अली को बुरा-भला कहा तो उस ने मुझे बुरा-भला कहा”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ احمد (6 / 323 ح 27284) [و صححه الحاکم (3 / 121) و وافقه الذھبی] * ابو اسحاق مدلس و عنعن ، و روی ابو یعلی (7013) من حدیث السدی (اسماعیل بن عبد الرحمن) عن ابی عبداللہ الجدلی قال :’’ قالت ام سلمة : ایسب رسول اللہ صلی اللہ علیه و آله وسلم علی المنابر ؟ قلت : و انی ذلک ؟ قالت : الیس یسب علی و من یحبه ؟ فاشھد ان رسول اللہ صلی اللہ علیه و آله وسلم کان یحبه ‘‘ و سندہ حسن

٦١٠٢ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «فِيكَ [ص:١٧٢] مَثَلٌ مِنْ عِيسَى أَبْغَضَتْهُ الْيَهُودُ حَتَّى بَهَتُوا أُمَّهُ وَأَحَبَّتْهُ النَّصَارَى حَتَّى أَنْزَلُوهُ بِالْمَنْزِلَةِ الَّتِي لَيْسَتْ لَهُ» . ثُمَّ قَالَ: يَهْلِكُ فِيَّ رَجُلَانِ: مُحِبٌّ مُفْرِطٌ يُقَرِّظُنِي بِمَا لَيْسَ فِيَّ وَمُبْغِضٌ يَحْمِلُهُ شَنَآنِي عَلَى أَنْ يَبْهَتَنِي. رَوَاهُ أَحْمَدُ

6102. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “तुम में इसा अलैहिस्सलाम की एक मुशाबिहत है, यहूदी उन से दुश्मनी रखते है हत्ता कि वह उनकी वालिद (मुताहर्रा) पर तोहमत लगाते है, जबके नसारा उन से मुहब्बत करते हैं हत्ता कि उन्होंने उन्हें ऐसे मक़ाम पर फाईज़ कर दिया जिस के वह हक़दार नहीं”, फिर अली रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: दो किस्म के लोग मेरे (हक़ के) मुत्तल्लिक हलाक हो जाएँगे, इफरात से काम लेने वाला मुहब्ब (प्यार करने वाला) वह मेरे मुत्तल्लिक ऐसा इफरात करेगा जो मुझ में नहीं है, और दुश्मनी रखने वाला के मेरी दुश्मनी इसे उस पर अमादा करेगी के वह मुझ पर बोहतान लगाएगा| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ [عبداللہ] احمد (1 / 160 ح 1376) * فیه الحکم بن عبد الملک : ضعیف

٦١٠٣ - (ضَعِيف) وَعَن»» الْبَرَاءِ بْنِ عَازِبٍ وَزَيْدِ بْنِ أَرْقَمَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمَّا نَزَلَ بِغَدِيرِ خُمٍّ أَخَذَ بِيَدِ عَلِيٍّ فَقَالَ: «أَلَسْتُمْ تَعْلَمُونَ أَنِّي أَوْلَى بِالْمُؤْمِنِينَ مِنْ أَنْفُسِهِمْ؟» قَالُوا: بَلَى قَالَ: «أَلَسْتُمْ تَعْلَمُونَ أَنِّي أَوْلَى بِكُلِّ مُؤْمِنٍ مِنْ نَفْسِهِ؟» قَالُوا: بَلَى قَالَ: «اللَّهُمَّ مَنْ كُنْتُ مَوْلَاهُ فَعَلِيٌّ مَوْلَاهُ اللَّهُمَّ وَالِ مَنْ وَالَاهُ وَعَادِ مَنْ عَادَاهُ» . فَلَقِيَهُ عُمَرُ بَعْدَ ذَلِكَ فَقَالَ لَهُ: هَنِيئًا يَا ابْنَ أَبِي طَالِبٍ أَصْبَحْتَ وَأَمْسَيْتَ مَوْلَى كلَّ مُؤمن ومؤمنة. رَوَاهُ أَحْمد

6103. बराअ बिन आज़िब और ज़ैद बिन अरक़म रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने जब गदिरे खुम पर पड़ाव डाला तो आप ﷺ ने अली रदी अल्लाहु अन्हु का हाथ पकड़ कर फ़रमाया: “क्या तुम नहीं जानते के मेरा मोमिनो पर उनकी जानो से भी ज़्यादा हक़ है ?” उन्होंने कहा: क्यों नहीं! ज़रूर है, फिर फ़रमाया: “क्या तुम नहीं जानते के मेरा हर मोमिन पर उस की जान से भी ज़्यादा हक़ है ?” उन्होंने अर्ज़ किया: क्यों नहीं! ज़रूर है, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह मैं जिस शख़्स का मौला हूँ अली उस के मौला हैं, ऐ अल्लाह! जो शख़्स उस को दोस्त बनाए तो उसे दोस्त बना और जो शख़्स उन से दुश्मनी रखा तो उन्हें दुश्मन बना”, उस के बाद उमर रदी अल्लाहु अन्हु अली से मिले तो उन्होंने अली रदी अल्लाहु अन्हु से कहा: इब्ने अबी तालिब आप को मुबारक हो आप सुबह व शाम (हर वक़्त) हर मोमिन और हर मोमिन के दोस्त बन गए| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (4 / 281 ح 18671 من حدیث البراء بن عازب رضی الله عنه) * فیه علی بن زید بن جدعان : ضعیف ، و رواه احمد (4 / 368 ، 370 ، 372) من طرق عن زید بن ارقم رضی الله عنه به دون قول عمر رضی الله عنه و المرفوع صحیح

٦١٠٤ - (صَحِيح) وَعَن»» بُرَيْدَة قَالَ: خطب أَبُي بَكْرٍ وَعُمَرُ فَاطِمَةَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّهَا صَغِيرَةٌ» ثُمَّ خَطَبَهَا عليٌّ فزوَّجها مِنْهُ. رَوَاهُ النَّسَائِيّ

6104. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू बक्र व उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा से शादी का पैग़ाम भेजा तो रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “वो तो छोटी (कमसिन) है”, फिर अली रदी अल्लाहु अन्हु ने उन्हें पैग़ाम भेजा तो आप ने उनकी शादी उन से कर दी| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه النسائی (6 / 62 ح 3223) و السند صحیح علی شرط مسلم

٦١٠٥ - (ضَعِيف) وَعَن»» ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَمَرَ بِسَدِّ الْأَبْوَابِ إِلَّا بَابَ عَلِيٍّ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6105. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने बाब अली के सिवा तमाम दरवाज़े बंद करने का हुक्म फ़रमाया| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3732)

٦١٠٦ - (ضَعِيف) وَعَن»» عَلِيّ قَالَ: كَانَتْ لِي مَنْزِلَةٌ مِنْ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لَمْ تَكُنْ لِأَحَدٍ مِنَ الْخَلَائِقِ آتِيهِ بِأَعْلَى سَحَرٍ فَأَقُولُ: السَّلَامُ عَلَيْكَ يَا نَبِيَّ اللَّهِ فَإِنْ تَنَحْنَحَ [ص:١٧٢ انْصَرَفْتُ إِلَى أَهْلِي وَإِلَّا دَخَلْتُ عَلَيْهِ. رَوَاهُ النَّسَائِيُّ

6106. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ के यहाँ जो मेरा मक़ाम व मर्तबा था वह मखलूक में से

किसी और का नहीं था, मैं सहरी के अव्वल वक़्त (रात के आखरी चोथे हिस्से) में आप ﷺ के पास आता तो मैं कहता, अल्लाह के नबी! आप पर सलामती हो, अगर आप खांस देते तो मैं अहले खाना के पास वापिस चला जाता, वरना में आप के यहाँ दाखिल हो जाता| (हसन)

اسناده حسن ، رواه النسائی (3 / 12 ح 1214) [و ابن خزیمة (902)]

٦١٠٧ - (ضَعِيف) وَعَنْهُ»» قَالَ: كُنْتُ شَاكِيًا فَمَرَّ بِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَأَنَا أَقُولُ: اللَّهُمَّ إِنْ كَانَ أَجَلِي قَدْ حَضَرَ فَأَرِحْنِي وَإِن كَانَ متأخِّراً فارفَعْني وَإِنْ كَانَ بَلَاءً فَصَبِّرْنِي. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَيْفَ قُلْتَ؟» فَأَعَادَ عَلَيْهِ مَا قَالَ فَضَرَبَهُ بِرِجْلِهِ وَقَالَ: «اللَّهُمَّ عَافِهِ - أَوِ اشْفِهِ -» شَكَّ الرَّاوِي قَالَ: فَمَا اشْتَكَيْتُ وَجَعِي بَعْدُ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

6107. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं मरीज़ था, रसूल अल्लाह ﷺ मेरे पास से गुज़रे, और इस वक़्त में कह रहा था, ऐ अल्लाह! अगर मेरी मौत का वक़्त आ चूका है तो मुझे (मौत के ज़रिए) राहत अता फरमा, और अगर अभी देर है तो फिर मुझे सेहत अता फरमा, और अगर यह आज़माइश है तो फिर मुझे सब्र अता फरमा, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “तुमने कैसे कहा है ?” मैंने आप को दोबारा सुना दिया, आप ने इसे अपना पाँव मारा और फ़रमाया: “अल्लाह उन्हें आफियत अता फरमा”, या फ़रमाया: “इसे शिफा अता फरमा”, रावी को उस में शक हुआ है, वह बयान करते हैं, उस के बाद मुझे तकलीफ नहीं हुई| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस हसन सहीह है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3564)

بَابُ مَنَاقِبِ الْعَشَرَةِ رَضِـيَ اللَّهُ عَنْهُمْ • अशरा मुबशरा रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन के मनाकिब का बयान

الْفَصْلُ الأول • पहली फस्ल

٦١٠٨ - (صَحِيح) عَنْ عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: مَا أَحَدٌ أَحَقَّ بِهَذَا الْأَمْرِ مِنْ هَؤُلَاءِ النَّفَرِ الَّذِينَ تُوُفِّيَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ عَنْهُمْ رَاضٍ فَسَمَّى عَلِيًّا وَعُثْمَانَ وَالزُّبَيْرَ وَطَلْحَةَ وَسَعْدًا وَعَبْدَ الرَّحْمَنِ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

6108. उमर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, उन हज़रात से, जिन पर रसूल अल्लाह ﷺ मरते दम तक खुश रहे, इस अम्रे खिलाफत का कोई शख़्स हक़दार नहीं, उन्होंने नाम गिनाए अली, उस्मान, जुबैर, तल्हा, साद और अब्दुल रहमान रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन | (बुखारी)

رواه البخاری (3700)

٦١٠٩ - (صَحِيح) وَعَن قيس بن حازِمٍ قَالَ: رَأَيْتُ يَدَ طَلْحَةَ شَلَّاءَ وَقَى بِهَا النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ أُحُدٍ. رَوَاهُ البُخَارِيّ

6109. कैस बिन अबी हाज़िम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु का हाथ देखा जिस के साथ उन्होंने गज़वा ए उहद में नबी ﷺ को (दुश्मन के वार से) बचाया था| (बुखारी)

رواه البخاری (4063)

٦١١٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يَأْتِينِي بِخَبَرِ الْقَوْمِ يَوْمَ الْأَحْزَابِ؟» قَالَ الزُّبَيْرُ: أَنَا فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ لِكُلِّ نَبِيٍّ حَوَارِيًّا وحَوَارِيَّ الزبيرُ» مُتَّفق عَلَيْهِ

6110. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नबी ﷺ ने गज़वा ए अहज़ाब के रोज़ फ़रमाया: “कौन शख़्स मेरे पास लश्कर की खबर लाएगा ?” जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, मैं नबी ﷺ ने फ़रमाया: “हर नबी का एक हवारी (मुखलस मददगार) होता है और मेरे हवारी जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (2846) و مسلم (48 / 2415)، (6243)

٦١١١ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الزُّبَيْرِ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يَأْتِي بَنِي قُرَيْظَةَ فَيَأْتِينِي بِخَبَرِهِمْ؟» فَانْطَلَقْتُ فَلَمَّا رَجَعْتُ جَمَعَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَبَوَيْهِ فَقَالَ: «فَدَاكَ أَبِي وَأُمِّي» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

6111. जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “कौन शख़्स बनू कुरैज़ा जाए और उन के मुत्तल्लिक खबर मेरे पास लाए ?” में गया, और जब में वापिस आया तो रसूल अल्लाह ﷺ ने मेरे लिए फ़रमाया: “तुझ पर मेरे वालिदेन फ़िदा हो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3720) و مسلم (49 / 2416)، (6245)

٦١١٢ - (مُتَّفَق عَلَيْهِ) وَعَن عليٍّ قَالَ: مَا سَمِعْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ جَمَعَ أَبَوَيْهِ لِأَحَدٍ إِلَّا لِسَعْدِ بْنِ مَالِكٍ فَإِنِّي سَمِعْتُهُ يَقُولُ يَوْمَ أُحُدٍ: «يَا سَعْدُ ارْمِ فَدَاكَ أَبِي وَأُمِّي» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

6112. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को साद बिन मालिक रदी अल्लाहु अन्हु के अलावा किसी और शख़्स के लिए अपने वालिदेन को एक साथ जमा करते (यानी मेरे माँ बाप तुझ पर फ़िदा हो) नहीं सुना क्योंकि गज़वा ए उहद के मौके पर मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: “साद! तीर अन्दाज़ी करो मेरे वालिदेन तुम पर कुरबान हो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (4059) و مسلم (41 / 2411)، (6233)

٦١١٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ قَالَ: إِنِّي لَأَوَّلُ الْعَرَبِ رَمَى بِسَهْمٍ فِي سَبِيل الله. مُتَّفق عَلَيْهِ

6113. साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अल्लाह की राह में तीर चलाने वाला में पहला अरबी शख़्स हूँ| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3728) و مسلم 16 / 2966)، (7433)

٦١١٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن عَائِشَة قَالَتْ: سَهِرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَقْدِمَهُ الْمَدِينَةَ لَيْلَةً فَقَالَ: «لَيْتَ رَجُلًا صَالِحًا يَحْرُسُنِي» إِذْ سَمِعْنَا صَوْتَ سِلَاحٍ فَقَالَ: «مَنْ هَذَا؟» قَالَ: أَنَا سَعْدٌ قَالَ: «مَا جَاءَ بِكَ؟» قَالَ: وَقَعَ فِي نَفْسِي خَوْفٌ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجِئْتُ أَحْرُسُهُ فَدَعَا لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ثُمَّ نَامَ. مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

6114. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूल अल्लाह ﷺ (किसी गज़वा से वापिस) मदीना आए तो रातभर जागते रहे, आप ﷺ ने फ़रमाया: “काश कोई मर्द स्वालेह मेरे लिए पहरा देता, इतने में हमने हथियारों की आवाज़ (झंकार) सुनी, आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये कौन है ?” उन्होंने अर्ज़ किया, मैं साद हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आप यहाँ कैसे आए ?” उन्होंने अर्ज़ किया, मेरा दिल में रसूल अल्लाह ﷺ के मुत्तल्लिक खौफ सा पैदा हुआ तो में आप के लिए पहरा देने आया हूँ, रसूल अल्लाह ﷺ ने इन के लिए दुआ फरमाई फिर सो गए| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2885) و مسلم (40 / 2410)، (6231)

٦١١٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لِكُلِّ أُمَّةٍ أَمِينٌ وَأَمِينُ هَذِهِ الْأُمَّةِ أَبُو عُبَيْدَةَ بْنُ الْجراح. مُتَّفق عَلَيْهِ

6115. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “हर उम्मत के लिए एक अमिन होता है औरइस उम्मत के अमिन अबू उबैदाह बिन जराह है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4382) و مسلم (53 / 2419)، (6252)

٦١١٦ - (صَحِيح) وَعَن ابْن أبي مليكَة قَالَ: سَمِعْتُ عَائِشَةَ وَسُئِلَتْ: مَنْ كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مُسْتَخْلِفًا لَوِ اسْتَخْلَفَهُ؟ قَالَت: أَبُو بكر. فَقيل: ثُمَّ مَنْ بَعْدَ أَبِي بَكْرٍ؟ قَالَتْ: عُمَرُ. قِيلَ: مَنْ بَعْدَ عُمَرَ؟ قَالَتْ: أَبُو عُبَيْدَةَ بن الْجراح. رَوَاهُ مُسلم

6116. इब्ने अबी मुलयका रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से इस वक़्त सुना जब उन से यह सवाल किया गया के अगर रसूल अल्लाह ﷺ किसी को खलीफा नाम ज़द करते तो आप किसे नाम ज़द फरमाते ? उन्होंने ने फ़रमाया: अबू बक्र (र), पूछा गया: फिर अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु के बाद कौन ? उन्होंने ने फ़रमाया: उमर (र), पूछा गया: उमर रदी अल्लाहु अन्हु के बाद कौन ? उन्होंने ने फ़रमाया: अबू उबैदाह बिन जराह (र)| (मुस्लिम)

رواه مسلم (9 / 2385)، (6178)

٦١١٧ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ عَلَى حِرَاءٍ هُوَ وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ وَعُثْمَانُ وَعَلِيٌّ وَطَلْحَةُ وَالزُّبَيْرُ فَتَحَرَّكَتِ الصَّخْرَةُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اهْدَأْ فَمَا عَلَيْكَ إِلَّا نَبِيٌّ أَوْ صِدِّيقٌ أَوْ شَهِيدٌ» . وَزَادَ بَعْضُهُمْ: وَسَعْدُ بْنُ أَبِي وَقَّاصٍ وَلَمْ يَذْكُرْ عَلِيًّا. رَوَاهُ مُسلم

6117. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ अबू बकर, उमर, उस्मा,न अली, तल्हा और जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु हिरा पर थे की पथ्थर ने हरकत की तो रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “ठहर जा तुझ पर नबी, सिद्दीक और शहीद हैं”, और बाज़ रावियो ने साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु का इज़ाफा नकल किया है, और अली रदी अल्लाहु अन्हु का ज़िक्र नहीं किया| (मुस्लिम)

رواه مسلم (50 / 2417)، (6247)

बَابُ مَنَاقِبِ الْعَشَرَةِ رَضِيَ اللهُ عَنْهُمْ • अशरा मुबशरा रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईंन के मनाकिब का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي • दूसरी फस्ल

٦١١٨ - (صَحِيح) عَن»» عبد الرَّحْمَن بن عَوْف أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَبُو بَكْرٍ فِي الْجَنَّةِ وَعُمَرُ فِي الْجَنَّةِ وَعُثْمَانُ فِي الْجَنَّةِ وَعَلِيٌّ فِي الْجَنَّةِ وَطَلْحَةُ فِي الْجَنَّةِ وَالزُّبَيْرُ فِي الْجَنَّةِ [ص:١٧٢ وَعَبْدُ الرَّحْمَنِ بْنُ عَوْفٍ فِي الْجَنَّةِ وَسَعْدُ بْنُ أَبِي وَقَّاصٍ فِي الْجَنَّةِ وَسَعِيدُ بْنُ زَيْدٍ فِي الْجَنَّةِ وَأَبُو عُبَيْدَةَ بْنُ الْجَرَّاحِ فِي الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6118. अब्दुल रहमान बिन ऑफ रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अबू बक्र जन्नत में, उमर जन्नत में, उस्मान जन्नत में, अली जन्नत में, तल्हा जन्नत में, जुबैर जन्नत में, अब्दुल रहमान बिन ऑफ जन्नत में, सईद बिन अबी वकास जन्नत में, सईद बिन ज़ैद जन्नत में और अबू उबैदाह (आमिर) बिन जराह जन्नत में हैं”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (3747)

٦١١٩ - (صَحِيح) وَرَوَاهُ»» ابْنُ مَاجَهْ عَنْ سَعِيدِ بْنِ زَيْدٍ

6119. इब्ने माजा रहीमा उल्लाह ने इसे सईद बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत किया है| (सहीह)

صحيح ، رواه ابن ماجه (133)

٦١٢٠ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَنَسٍ»» أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «أَرْحَمُ أُمَّتِي بِأُمَّتِي أَبُو بَكْرٍ وَأَشَدُّهُمْ فِي أَمْرِ اللَّهِ عُمَرُ

وَأَصْدَقُهُمْ حَيَاءً عُثْمَانُ وَأَفْرَضُهُمْ زَيْدُ بْنُ ثَابِتٍ وَأَقْرَؤُهُمْ أَبَيُّ بْنُ كَعْبٍ وَأَعْلَمُهُمْ بِالْحَلَالِ وَالْحَرَامِ مُعَاذُ بْنُ جَبَلٍ وَلِكُلِّ أُمَّةٍ أَمِينٌ وَأَمِينُ هَذِهِ الْأُمَّةِ أَبُو عُبَيْدَةَ بْنُ الْجَرَّاحِ» رَوَاهُ أَحْمَدُ وَالتِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ»» وروى مَعْمَرٍ عَنْ قَتَادَةَ مُرْسَلًا وَفِيهِ: «وَأَقْضَاهُمْ عَلِيٌّ»

6120. अनस रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरी उम्मत में से मेरी उम्मत पर सबसे ज़्यादा मेहरबान अबू बक्र है, अल्लाह के दीन के मुआमले में सबसे ज़्यादा सख्त उमर है, उन में से सबसे ज़्यादा बा हया उस्मान है, इल्म मीरास के सबसे बड़े आलम ज़ैद बिन साबित है, सबसे बड़े कारी उबई बिन काब है, हलाल व हराम के मुत्तल्लिक सबसे ज़्यादा इल्म रखने वाले मुआज़ बिन जबल है, और हर उम्मत का एक अमिन होता है और इस उम्मत के अमिन अबू उबैदाह बिन जराह है”| अहमद तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| और मअमर से क़तादाह की सनद से मुरसल रिवायत है और इस में है कज़ा में सबसे ज़्यादा आलम अली (र) है”, (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه احمد (3 / 281 ح 14035) و الترمذی (3791) * حديث معمر عن قتادة : رواه عبد الرزاق (11 / 225 ح 20387) و سنده ضعيف لارساله

٦١٢١ - (حسن) وَعَنِ»» الزُّبَيْرِ قَالَ: كَانَ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ أُحُدٍ دِرْعَانِ فَنَهَضَ إِلَى الصَّخْرَةِ فَلَمْ يَسْتَطِعْ فَقَعَدَ طَلْحَةُ تَحْتَهُ حَتَّى اسْتَوَى عَلَى الصَّخْرَةِ فَسَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «أَوْجَبَ طَلْحَةُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6121. जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, गज़वा ए उहद के मौके पर नबी ﷺ ने दो ज़िराहे पहना हुई थी, आप एक चट्टान की तरफ मुतवज्जे हुए लेकिन आप उस पर चढ़ न सके तो तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु आप के निचे बैठ गए हत्ता कि आप इस चट्टान पर पहुँच गए, मैंने रसूल अल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तल्हा ने (जन्नत को) वाजिब कर लिया”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3738 وقال : حسن صحيح غريب)

٦١٢٢ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» جَابِرٍ قَالَ: نَظَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى طَلْحَةَ بْنِ عُبَيْدِ اللَّهِ قَالَ: «مَنْ أَحَبَّ أَنْ يَنْظُرَ إِلَى رَجُلٍ يَمْشِي عَلَى وَجْهِ الْأَرْضِ وَقَدْ قَضَى نَحْبَهُ فَلْيَنْظُرْ إِلَى هَذَا» . وَفِي رِوَايَةٍ: «مَنْ سَرَّهُ أَنْ يَنْظُرَ إِلَى شَهِيدٍ يَمْشِي عَلَى وَجْهِ الْأَرْضِ فَلْيَنْظُرْ إِلَى طَلْحَةَ بْنِ عُبَيْدِ الله» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6122. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने तल्हा बिन उबैदुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु की तरफ देखा तो फ़रमाया: “जो शख़्स यह पसंद करता हूँ कि वह रुए ज़मीन पर चलते हुए ऐसे शख़्स को देखे जो अपना अहद निभा चूका तो वह इस शख़्स को देख ले”| एक दूसरी रिवायत में है: “जो शख़्स रुए ज़मीन पर चलते फिरते शहीद को देखना चाहे तो वह तल्हा बिन उबैदुल्लाह रदी अल्लाहु अन्हु को देख ले”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذی (3739 وقال : غريب) [و ابن ماجه (125)] * الصلت بن دينار : متروک و للحديث شواهد ضعيفة ولم اجد له طريقًا صحيحًا ولا حسنًا

٦١٢٣ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: سَمِعْتُ أُذُنِي مِنْ فِي رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «طَلْحَةُ وَالزُّبَيْرُ جَارَايَ فِي الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6123. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरे कानो ने रसूल अल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “तल्हा और जुबैर जन्नत में मेरे हम हमसाए है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3741) * فيه عقبة بن علقمة و عبدالرحمن بن منصور العنزى : ضعيفان

٦١٢٤ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ يَوْمَئِذٍ يَعْنِي يَوْمَ أُحُدٍ: «اللَّهُمَّ اشْدُدْ رَمْيَتَهُ وَأَجِبْ دعوتَه» . رَوَاهُ فِي «شرح السّنة»

6124. साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने गज़वा ए उहद के मौके पर फ़रमाया: “अल्लाह इस साअद रदी अल्लाहु अन्हु को तीर अन्दाज़ी में क़वी बना और उस की दुआ कबूल फरमा”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه البغوى فى شرح السنة (14 / 124 125 ح 3922) [و الحاكم (3 / 499 500) و ابن حبان (2215)] * فيه ابراهيم بن يحيى الشجرى و ابوه ضعيفان و اسماعيل بن ابى خالد مدلس و عنعن ان صح السند اليه

٦١٢٥ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ»» أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «اللَّهُمَّ اسْتَجِبْ لِسَعْدٍ إِذَا دَعَاكَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6125. साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “ए अल्लाह! साद जब तुझ से दुआ करे तो तू उस की दुआ कबूल फरमा”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3751) * اسماعيل بن ابى خالد مدلس و عنعن و للحديث شواهد

٦١٢٦ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: مَا جَمَعَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَبَاهُ وَأُمَّهُ إِلَّا لِسَعْدٍ قَالَ لَهُ يَوْمَ أُحُدٍ: «ارْمِ فَدَاكَ أَبِي وَأُمِّي» وَقَالَ لَهُ: «ارْمِ أَيهَا الْغُلَام الحزور» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6126. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने सिर्फ साद रदी अल्लाहु अन्हु के लिए अपने वालिदेन को (फ़िदा होने पर) इकट्ठा ज़िक्र किया, आप ﷺ ने गज़वा ए उहद के मौके पर उन्हें फ़रमाया: “मेरे माँ बाप तुझ पर फ़िदा हो तीर अन्दाज़ी करो”, और आप ﷺ ने उन्हें फ़रमाया: “कवी नोजवान तीर फेंको”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3753 ، 2829 وقال : حسن صحيح) * فيه سفيان بن عيينة وهو مدلس عنعن وكان يدلس عن الثقات و الضعفاء و المدلسين كما حققته فى تخريج الفتن و الملاحم ، و قوله :’’ ارم ايها الغلام الحزور ‘‘ سنده ضعيف و باقى الحديث صحيح بالشواهد

٦١٢٧ - (صَحِيح) وَعَن»» جَابر قَالَ: أَقْبَلَ سَعْدٌ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَذَا خَالِي فَلْيُرِنِي امْرُؤٌ خَالَهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: كَانَ سَعْدٌ مِنْ بَنِي زهرَة وَكَانَتْ أُمُّ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ بَنِي زُهْرَةَ فَلِذَلِكَ قَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هَذَا خَالِي» . وَفِي «الْمَصَابِيحِ» : «فلْيُكرمَنَّ» بدل «فَلْيُرني»

6127. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, साद रदी अल्लाहु अन्हु आए तो नबी ﷺ ने फ़रमाया: “ये मेरे मामू है, कोई मुझे उन जैसे अपना मामू दिखाए”| इमाम तिरमिज़ी रहीमा उल्लाह ने फ़रमाया: साद रदी अल्लाहु अन्हु बनू जुहरा कबिले से थे, और नबी ﷺ की वालिदा मोहतरमा भी बनू जुहरा कबिले से थी, इसीलिए नबी ﷺ ने फ़रमाया: “ये मेरे मामू है”, और मसाबिह में (فَلْيُرِنِيْ) के बजाए (فَلْيُكْرِمَنَّ) के अल्फाज़ है| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (3752 وقال : حسن) * مجالد ضعيف و للحديث شواهد ضعيفة عند الحاكم (3 / 491) وغيره

بَابُ مَنَاقِبِ الْعَشَرَةِ رَضِيَ اللہُ عَنْہُمْ • अशरा मुबशरा रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन के मनाकिब का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٦١٢٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) عَن قيس بن حَازِمٍ قَالَ: سَمِعْتُ سَعْدَ بْنَ أَبِي وَقَّاصٍ يَقُولُ: إِنِّي لَأَوَّلُ رَجُلٍ مِنَ الْعَرَبِ رَمَى بِسَهْمٍ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَرَأَيْتُنَا نَغْزُو مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَمَا لَنَا طَعَامٌ إِلَّا الْحُبْلَةَ وَوَرَقَ السَّمُرِ وَإِنْ كَانَ أَحَدنَا ليضع كَمَا تضع الشَّاة مَاله خِلْطٌ ثُمَّ أَصْبَحَتْ بَنُو أَسَدٍ تُعَزِّرُنِي عَلَى الْإِسْلَامِ لَقَدْ خِبْتُ إِذًا وَضَلَّ عَمَلِي وَكَانُوا وَشَوْا بِهِ إِلَى عُمَرَ وَقَالُوا: لَا يُحْسِنُ يُصَلِّي. مُتَّفق عَلَيْهِ

6128. कैस बिन अबी हाज़िम रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु को फरमाते हुए सुना: में अरब में सबसे पहला शख़्स हूँ जिस ने अल्लाह की राह में तीर अन्दाज़ी की, और हमारी यह हालत थी के हम रसूल अल्लाह ﷺ के साथ जिहाद में शरीक होते थे और हमारा खाना केकड़ का फल और केकड़ के पत्ते होते थे, और हम में से हर शख़्स बकरी की तरह इजाबत (मेंग्नियाँ) किया करता था, वह (खुश्क होने की वजह से) एक दूसरी के साथ जुड़ी हुई नहीं होती थी, फिर यह वक़्त आया की बनू असद मेरे इस्लाम के मुत्तल्लिक मुझ पर नुक्ता चीनी करते हैं, अगर ऐसे हो तो में नामुराद हुआ और मेरे अमल बर्बाद हो गए, और वह (बनू असद) उन (साअद (र)) के मुत्तल्लिक उमर रदी अल्लाहु अन्हु से शिकायत किया करते थे और वह यह कि वह अच्छी तरह नमाज़ नहीं पढ़ते थे| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخاری (3728) و مسلم (12 / 2966)، (7433)

٦١٢٩ - (صَحِيح) وَعَنْ»» سَعْدٍ قَالَ: رَأَيْتُنِي وَأَنَا ثَالِثُ الْإِسْلَامِ وَمَا أَسْلَمَ أَحَدٌ إِلَّا فِي الْيَوْمِ الَّذِي أَسْلَمْتُ فِيهِ وَلَقَدْ مَكَثْتُ سَبْعَةَ أَيَّامٍ وَإِنِّي لثالث الْإِسْلَام. رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

6129. साअद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं जानता हूँ कि इस्लाम कबूल करने वाला में तीसरा शख़्स हूँ, जिस दिन

मैंने इस्लाम कबूल किया किसी रोज़ दुसरे भी इस्लाम में दाखिल हुए और मैं सात दिन तक इसी हालत में रहा की मैं इस्लाम कबूल करने वाला तीसरा शख़्स हूँ| (बुखारी)

رواه البخاری (3727)

٦١٣٠ - (حسن) وَعَنْ»» عَائِشَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ كَانَ يَقُولُ لِنِسَائِهِ: «إِنَّ أَمْرَكُنَّ مِمَّا يُهِمُّنِي مِنْ بَعْدِي وَلَنْ يَصْبِرَ عَلَيْكُنَّ إِلَّا الصَّابِرُونَ الصِّدِّيقُونَ» قَالَتْ عَائِشَةُ: يَعْنِي الْمُتَصَدِّقِينَ ثُمَّ قَالَتْ عَائِشَةُ لِأَبِي سَلَمَةَ بْنِ عَبْدِ الرَّحْمَنِ سَقَى اللَّهُ أَبَاكَ مِنْ سَلْسَبِيلِ الْجَنَّةِ وَكَانَ ابنُ عوفٍ قَدْ تَصَدَّقَ عَلَى أُمَّهَاتِ الْمُؤْمِنِينَ بِحَدِيقَةٍ بِيعَتْ بِأَرْبَعِينَ ألفا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6130. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ अपने अज़वाज ए मूतहरात से फ़रमाया करते थे: “मैं अपने बाद तुम्हारे बारे में बहोत फ़िक्र मंद हूँ, सब्र करने वाले और सिद्दिकिन ही उन मुश्किल मुआमलात में तुम्हारा साथ देंगे”, आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया: यानी सदका करने वाले, फिर आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने अबू सलमा बिन अब्दुल रहमान रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया अल्लाह तुम्हारे वालिद को जन्नत के चश्मे सलसबिल से पिलाए, और इब्ने ऑफ रदी अल्लाहु अन्हु ने उम्महातुल मोमिनीन के लिए एक बाग़ वक्फ़ किया था जो चालीस हज़ार में फरोख्त किया गया था| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3749 وقال : حسن صحیح غریب)

٦١٣١ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أُمِّ سَلَمَةَ قَالَتْ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ لِأَزْوَاجِهِ: «إِنَّ الَّذِي يَحْثُو عَلَيْكُنَّ بَعْدِي هُوَ الصَّادِقُ الْبَارُّ اللَّهُمَّ اسْقِ عَبْدَ الرَّحْمَنِ بْنَ عَوْفٍ مِنْ سلسبيلِ الجنةِ» . رَوَاهُ أَحْمد

6131. उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, मैंने रसूल अल्लाह ﷺ को अपने अज़वाज ए मूतहरात से फरमाते हुए सुना: “जो शख़्स मेरे बाद तुम पर खर्च करेगा तो वह शख़्स सच्चा और इहसान करने वाला है, अल्लाह अब्दुल रहमान बिन ऑफ को जन्नत के चश्मे सलसबिल से जाम पिला”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه احمد (6 / 299 ح 27094) [و الحاكم (3 / 311)] * محمد بن اسحاق مدلس و عنعن و محمد بن عبد الرحمن بن عبدالله بن الحصين و ثقه ابن حبان وحده

٦١٣٢ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن حُذَيْفَة قَالَ: جَاءَ أَهْلُ نَجْرَانَ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ ابْعَثْ إِلَيْنَا رَجُلًا أَمِينًا. فَقَالَ: «لَأَبْعَثَنَّ إِلَيْكُمْ رَجُلًا أَمِينًا حَقَّ أَمِينٍ» فَاسْتَشْرَفَ لَهَا النَّاسُ قَالَ: فَبعث أَبَا عبيدةَ بن الْجراح. مُتَّفق عَلَيْهِ

6132. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, नजरान वाले रसूल अल्लाह ﷺ के पास आए और उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! किसी अमिन शख़्स को हमारी तरफ मबउस फरमाना, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं तुम्हारी तरफ ऐसे अमिन शख़्स को भेजूंगा जो के हकीकी मानी में अमिन होगा”, सहाबा ए किराम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन इस (अमारत) के ख्वाहिश मंद थे, रावी बयान करते हैं, आप ने अबू उबैदाह बिन जराह को भेजा| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (3745) و مسلم (55 / 2420)، (6254)

٦١٣٣ - (ضَعِيف) وَعَن»» عَليّ قَالَ: قيل لرَسُول اللَّهِ: مَنْ نُؤَمِّرُ بَعْدَكَ؟ قَالَ: «إِنْ تُؤَمِّرُوا أَبَا بَكْرٍ تَجِدُوهُ أَمِينًا زَاهِدًا فِي الدُّنْيَا رَاغِبًا فِي الْآخِرَةِ وَإِنْ تُؤَمِّرُوا عُمَرَ تَجِدُوهُ قَوِيًّا أَمِينًا لَا يَخَافُ فِي اللَّهِ لَوْمَةَ لَائِمٍ وَإِنْ تُؤَمِّرُوا عَلِيًّا - وَلَا أَرَاكُمْ فَاعِلِينَ - تَجِدُوهُ هَادِيًا مَهْدِيًّا يَأْخُذُ بِكُمُ الطَّرِيقَ الْمُسْتَقِيمَ» . رَوَاهُ أَحْمد

6133. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अर्ज़ किया गया, अल्लाह के रसूल! हम आप के बाद किसे खलीफा मुकर्रर फरमाए ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम अबू बक्र को अमीर बना लो तो तुम उन्हें अमिन, दुनिया से बे रगबत रखने वाला और आखिरत से रगबत रखने वाला पाओगे और अगर तुम उमर को अमीर मुकर्रर करोगे तो तुम उन्हें क़वी अमिन पाओगे, वह अल्लाह के मुआमले में किसी मलामत करने वाले की मलामत से खौफ ज़दाह नहीं होते, और अगर तुम अली को अमीर बनाओगे हालाँकि में समझता की तुम उन्हें बनाओगे, तो तुम उन्हें हादी और हिदायत याफ्ता पाओगे, वह तुम्हें सिरातुल मुस्तकीम पर चलाएंगे”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه احمد (1 / 109 ح 859) * فيه ابو اسحاق السبيعى مدلس و عنعن

٦١٣٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رَحِمَ اللَّهُ أَبَا بَكْرٍ زَوَّجَنِي ابْنَتَهُ وَحَمَلَنِي إِلَى دَارِ الْهِجْرَةِ وَصَحِبَنِي فِي الْغَارِ وَأَعْتَقَ بِلَالًا مِنْ مَالِهِ. رَحِمَ اللَّهُ عُمَرَ يَقُولُ الْحَقَّ وَإِنْ كَانَ مُرًّا تَرَكَهُ الْحَقُّ وَمَا لَهُ مِنْ صَدِيقٍ. رَحِمَ اللَّهُ عُثْمَانَ تَسْتَحْيِيهِ الْمَلَائِكَةُ رَحِمَ اللَّهُ عَلِيًّا اللَّهُمَّ أَدِرِ الْحَقَّ مَعَهُ حَيْثُ دَارَ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6134. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह अबू बक्र पर रहम फरमाए, उन्होंने अपने बेटी से मेरी शादी की, दार हिजरत की तरफ मुझे उठाकर (अपने ऊंट पर सवार कर के) ले गए, ग़ार में मेरे साथ रहे, और अपने माल से बिलाल को आज़ाद कराया, और उमर पर रहम फरमाए वह हक़ फरमाते हैं ख्वाह वह कड़वा हो हक़ गोई ने उन्हें तन्हा छोड़ दिया इसलिए उनका कोई दोस्त नहीं, अल्लाह उस्मान पर रहम फरमाए फ़रिश्ते भी उन से हया करते हैं, अल्लाह अली पर रहम फरमाए ऐ अल्लाह! वह जहाँ भी जाए हक़ उन के साथ ही रहे”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3714) * فيه مختار بن نافع : ضعيف

بَابِ مَنَاقِبِ أَهْلِ بَيْتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ
रसूलुल्लाह ﷺ के घर वालो के मनाकब का बयान

الْفَصْلُ الأول
पहली फस्ल

٦١٣٥ - (صَحِيح) عَنْ سَعْدِ بْنِ أَبِي وَقَّاصٍ قَالَ: لَمَّا نزلت هَذِهِ الْآيَة [ندعُ أبناءنا وأبناءكم] دَعَا رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلِيًّا وَفَاطِمَةَ وَحَسَنًا وَحُسَيْنًا فَقَالَ: «اللَّهُمَّ هَؤُلَاءِ أهل بَيْتِي» رَوَاهُ مُسلم

6135. साद बिन अबी वकास रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब यह आयत (نَدْعُ اَبْنَاءَ نَا وَ اَبْنَاءَ كُمْ) “हम बुलाएं अपने बेटे और तुम बुलाओ अपने बेटों को“ नाज़िल हुई तो रसूल अल्लाह ﷺ ने अली, फ़ातिमा, हसन और हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु को बुलाया और फ़रमाया: “अल्लाह यह मेरे अहले बैत है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (32 / 2404)، (6220)

٦١٣٦ - (صَحِيح) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: خَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غَدَاةً وَعَلَيْهِ مِرْطٌ مُرَحَّلٌ مِنْ شَعْرٍ أَسْوَدَ فَجَاءَ الْحَسَنُ بْنُ عَلِيٍّ فَأَدْخَلَهُ ثُمَّ جَاءَ الْحُسَيْنُ فَدَخَلَ مَعَهُ ثُمَّ جَاءَتْ فَاطِمَةُ فَأَدْخَلَهَا ثُمَّ جَاءَ عَلَيٌّ فَأَدْخَلَهُ ثُمَّ قَالَ: [إِنَّمَا يُرِيدُ اللَّهُ لِيُذْهِبَ عَنْكُمُ الرِّجْسَ أهل الْبَيْت وَيُطَهِّرَكُمْ تَطْهِيرا] رَوَاهُ مُسلم

6136. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, सुबह के वक़्त नबी ﷺ निकले इस वक़्त आप पर काले बालो से बनी हुई नक्श दार चादर थी, इस दौरान हसन बिन अली रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए तो आप ने उन्हें अपने साथ इस (चादर) में दाखिल फरमा लिया, फिर हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु आए तो आप ने उन्हें भी दाखिल फरमा लिया, फिर फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा आई तो आप ने उन्हें भी दाखिल फरमा लिया, फिर अली रदी अल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए तो आप ने उन्हें भी दाखिल फरमा लिया, फिर आप ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “अल्लाह सिर्फ यही चाहता है, ए अहले बैत! के वह तुम से गुनाह की गंदगी दूर फरमादे और तुम्हें मुकम्मल तौर पर पाक साफ़ कर दे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (61 / 2424)، (6261)

٦١٣٧ - (صَحِيح) وَعَن الْبَراء قَالَ: لَمَّا تُوُفِّيَ إِبْرَاهِيمُ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّ لَهُ مُرْضِعًا فِي الْجنَّة» رَوَاهُ البُخَارِيّ

6137. बराअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब रसूल अल्लाह ﷺ के लख्ते जिगर इब्राहीम फौत हुए तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “इन के लिए जन्नत में एक दूध पिलाने वाली है”| (बुखारी)

رواه البخارى (1382)

٦١٣٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَائِشَةَ: قَالَتْ: كُنَّا - أَزْوَاجَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ - عِنْدَهُ. فَأَقْبَلَتْ فَاطِمَةُ مَا تَخْفَى مِشْيَتُهَا مِنْ مِشْيَةِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا رَآهَا قَالَ: «مَرْحَبًا بِابْنَتِي» ثُمَّ أَجْلَسَهَا ثُمَّ سَارَّهَا فَبَكَتْ بُكَاءً شَدِيدًا فَلَمَّا رَأَى حُزْنَهَا سَارَّهَا الثَّانِيَةَ فَإِذَا هِيَ تَضْحَكُ فَلَمَّا [ص:١٧٣ قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَأَلْتُهَا عَمَّا سَارَّكِ؟ قَالَتْ: مَا كُنْتُ لِأُفْشِيَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سِرَّهُ فَلَمَّا تُوُفِّيَ قُلْتُ: عَزَمْتُ عَلَيْكِ بِمَا لِي عَلَيْك مِنَ الْحَقِّ لِمَا أَخْبَرْتِنِي. قَالَتْ: أَمَّا الْآنَ فَنَعَمْ أَمَّا حِينَ سَارَّ بِي فِي الْأَمْرِ الأوَّل فإنه أَخْبرنِي: «إِنَّ جِبْرِيل كَانَ يُعَارضهُ بِالْقُرْآنِ كل سنة مرّة وَإِنَّهُ قد عَارَضَنِي بِهِ الْعَامَ مَرَّتَيْنِ وَلَا أَرَى الْأَجَلَ إِلَّا قَدِ اقْتَرَبَ فَاتَّقِي اللَّهَ وَاصْبِرِي فَإِنِّي نعم السّلف أنا لَك» فَلَمَّا رَأَى جَزَعِي سَارَّنِيَ الثَّانِيَةَ قَالَ: «يَا فَاطِمَةُ أَلَا تَرْضِينَ أَنْ تَكُونِي سَيِّدَةَ نِسَاءِ أَهْلِ الْجَنَّةِ أَوْ نِسَاءِ الْمُؤْمِنينَ؟»»» وَفِي رِوَايَةٍ: فَسَارَّنِي فَأَخْبَرَنِي أَنَّهُ يُقْبَضُ فِي وَجَعِهِ فَبَكَيْتُ ثُمَّ سَارَّنِي فَأَخْبَرَنِي أَنِّي أَوَّلُ أَهْلِ بَيْتِهِ أتبعه فَضَحكت. مُتَّفق عَلَيْهِ

6138. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, हम नबी ﷺ की अज़वाज ए मूतहरात रदी अल्लाहु अन्हु आप की खिदमत में हाज़िर थी, फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा आए, वह रसूल अल्लाह ﷺ तक पहुँच गई, जब आप ﷺ ने उन्हें देखा तो फ़रमाया: "प्यारी बेटी! खुशामदीद", फिर आप ने उन्हें बैठा लिया, फिर उन से सरगोशी फरमाई तो वह बहोत ज़्यादा रोने लगी, जब आप ने उनका गम देखा तो आप ने दूसरी मर्तबा उन से सरगोशी फरमाई, वह हंस दी, चुनांचे जब रसूल अल्लाह ﷺ खड़े हुए तो मैंने फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा से पूछा: आप ﷺ ने तुम्हारे साथ किया सरगोशी फरमाई ? उन्होंने ने फ़रमाया: में रसूल अल्लाह ﷺ के राज़ को इफ्शा नहीं करुँगी, जब आप ﷺ वफात पा गए तो मैंने कहा मेरा आप पर जो हक़ है जिस हवाले से में आप को क़सम दे कर पूछती हूँ क्या आप मुझे नहीं बताएंगी ? उन्होंने ने फ़रमाया: हाँ, अब ठीक है, जहाँ तक इस पहली सरगोशी का ताल्लुक है तो आप ﷺ ने मुझे बताया की, " जिब्राइल अलैहिस्सलाम हर साल मुझ से एक मर्तबा कुरान का दौर किया करते थे जबके इस साल उन्होंने दो मर्तबा दौर किया है, और मैं समझता हूँ कि वक़्त पूरा हो चूका है, तुम अल्लाह से डरती रहना और सब्र करना, और मैं तुम्हारे लिए बेहतरीन कारवां हूँ", लेकिन जब आप ने मेरी घबराहट देखी तो आप ﷺ ने दूसरी मर्तबा सरगोशी की और फ़रमाया: "फ़ातिमा! क्या तुम उस पर खुश नहीं के तुम अहले जन्नत की औरतों या मोमिन औरतों की सरदार होगी ?" एक दूसरी रिवायत में है आप ﷺ ने मुझ से सरगोशी की तो मुझे बताया की इसी तकलीफ मैं इन की रूह कब्ज़ की जाएगा तो उस पर में रो पड़ी, फिर आप ﷺ ने मुझ से सरगोशी की तो मुझे बताया की आप के अहले बैत में से सबसे पहले में आप के पीछे आउंगी तो उस पर में हंस पड़ी| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (6285 6286 و الرواية الثانية : 3626) و مسلم (98 / 2450 و الرواية الثانية : 97 / 2450)، (6313)

٦١٣٩ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَن المِسور بْنِ مَخْرَمَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «فَاطِمَةُ بَضْعَةٌ مِنِّي فَمَنْ أَغْضَبَهَا أَغْضَبَنِي» وَفِي رِوَايَةٍ: «يُرِيبُنِي مَا أَرَابَهَا وَيُؤْذِينِي مَا آذاها» . مُتَّفق عَلَيْهِ

6139. मिस्वर बिन मखरम रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: "फ़ातिमा मेरे जिगर का टुकड़ा है, जिस ने उस से दुश्मनी रखी उस ने मुझ से दुश्मनी रखी", एक दूसरी रिवायत में है: "जो चीज़ इसे किल्लत में मुब्तिला कर देती है वही चीज़ मुझे किल्लत में मुब्तिला कर देती है और जो चीज़ इसे तकलीफ पहुंचाती है वही चीज़ मुझे तकलीफ पहुंचाती है"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3767 و الرواية الثانية : 5230) و مسلم (93 / 2449)، (6307)

٦١٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ زَيْدِ بْنِ أَرْقَمَ قَالَ: قَامَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمًا فِينَا خَطِيبًا بِمَاءٍ يُدْعَى: خُمًّا بَيْنَ مَكَّةَ وَالْمَدِينَةِ فَحَمِدَ اللَّهَ وَأَثْنَى عَلَيْهِ وَوَعَظَ وَذَكَّرَ ثُمَّ قَالَ: " أَمَّا بعدُ أَلا أيُّها النَّاس فَإِنَّمَا أَنَا بَشَرٌ يُوشِكُ أَنْ يَأْتِيَنِي رَسُولُ رَبِّي فَأُجِيبَ وَأَنَا تَارِكٌ فِيكُمُ الثَّقَلَيْنِ: أَوَّلُهُمَا كِتَابُ اللَّهِ فِيهِ الْهُدَى وَالنُّورُ فَخُذُوا بِكِتَابِ اللَّهِ وَاسْتَمْسِكُوا بِهِ " فَحَثَّ عَلَى كِتَابِ اللَّهِ وَرَغَّبَ فِيهِ ثُمَّ قَالَ: «وَأَهْلُ بَيْتِي أُذَكِّرُكُمُ اللَّهَ فِي أَهْلِ بَيْتِي أُذَكِّرُكُمُ اللَّهَ فِي أَهْلِ بَيْتِي» وَفِي رِوَايَة: «كتاب الله عز وَجل هُوَ حَبْلُ اللَّهِ مَنِ اتَّبَعَهُ كَانَ عَلَى الْهُدَى وَمَنْ تَرَكَهُ كَانَ عَلَى الضَّلَالَةِ» . رَوَاهُ مُسلم

6140. ज़ैद बिन अरक़म रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, एक रोज़ मक्का और मदीना के दरमियान पानी की जगह पर खुम नामी मक़ाम पर रसूल अल्लाह ﷺ ने हमें खुत्बा इरशाद फ़रमाया, आप ﷺ ने अल्लाह की हम्द व सना बयान की,

वाज़ व नसीहत की फिर फ़रमाया: "अम्मा बाद! लोगो! सुनो मैं भी इन्सान हूँ, करीब है के मेरे रब का कासिद आए और मैं उस की बात कबूल कर लू, मैं तुम में दो अज़ीम चीज़े छोड़ कर जा रहा हूँ, इन दोनों में से पहली चीज़ अल्लाह की किताब है, उस में हिदायत और नूर है, तुम अल्लाह की किताब को पकड़ो और उस से तमसिक इख़्तियार करो", आप ने अल्लाह की किताब (पर अमल करने) पर उभारा और उस के मुत्तल्लिक तरगीब दिलाई ,फिर फ़रमाया: "(दूसरी चीज़) मेरे अहले बैत, मैं अपने अहले बैत के मुत्तल्लिक तुम्हें अल्लाह से डराता हूँ, अपने अहले बैत के मुत्तल्लिक में तुम्हें अल्लाह से डराता हूँ" एक दूसरी रिवायत में है: "अल्लाह की किताब वह अल्लाह की रस्सी है, जिस ने उस की इत्तेबा की वह हिदायत पर है और जिस ने इसे छोड़ दिया वह गुमराही पर होगा"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (37 / 248)، (6225)

٦١٤١ - (صَحِيح) وَعَن ابْن عمر أَنَّهُ كَانَ إِذَا سَلَّمَ عَلَى ابْنِ جَعْفَرٍ قَالَ: السَّلَام عَلَيْك يَا ابْن [ص:١٧٣ ذِي الجناحين. رَوَاهُ البُخَارِيّ

6141. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के जब वह इब्ने जाफर रदी अल्लाहु अन्हु को सलाम किया करते थे तो यूँ कहते थे ज़ुलजनाहीन (जाफर रदी अल्लाहु अन्हु का लकब) के बेटे तुम पर सलाम हो| (बुखारी)

رواه البخارى (3709)

٦١٤٢ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنِ الْبَرَاءِ قَالَ: رَأَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَالْحَسَنُ بْنُ عَلِيٍّ عَلَى عَاتِقِهِ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أُحِبُّهُ فَأَحِبَّهُ» مُتَّفق عَلَيْهِ

6142. बराअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने नबी ﷺ को देखा इस वक़्त हसन बिन अली रदी अल्लाहु अन्हु आप के कंधे पर थे, आप ﷺ फरमा रहे थे: "अल्लाह मैं उस से मुहब्बत करता हूँ तू भी उस से मुहब्बत फरमा"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3749) و مسلم (58 / 2422)، (6258)

٦١٤٣ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: خَرَجْتُ مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي طَائِفَةٍ مِنَ النَّهَارِ حَتَّى أَتَى خِبَاءَ فَاطِمَةَ فَقَالَ: «أَثَمَّ لُكَعُ؟ أَثَمَّ لُكَعُ؟» يَعْنِي حَسَنًا فَلَمْ يَلْبَثْ أَنْ جَاءَ يَسْعَى حَتَّى اعْتَنَقَ كُلُّ وَاحِدٍ مِنْهُمَا صَاحِبَهُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «اللَّهُمَّ إِنِّي أُحِبُّهُ فَأَحِبَّهُ وَأَحِبَّ مَنْ يُحِبُّهُ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

6143. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, दिन के किसी हिस्से में में रसूल अल्लाह ﷺ के साथ रवाना हुआ हत्ता कि आप फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा के घर तशरीफ़ ले गए, आप ﷺ ने दरियाफ्त फ़रमाया: "क्या यहाँ छोटा बच्चा है गया यहाँ छोटा बच्चा यानी हसन है ?" थोड़ी देर गुज़री थी के वह दौड़ते हुए आए हत्ता कि इन दोनों में से हर एक ने अपने साथी को गले लगाया, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह बेशक में उस से मुहब्बत करता हूँ तू भी उस से मुहब्बत रखने वाले से मुहब्बत फरमा"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (2122) و مسلم (57 / 2421)، (6257)

٦١٤٤ - (صَحِيح) وَعَن»» أبي بكرَة قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى الْمِنْبَرِ وَالْحَسَنُ بْنُ عَلِيٍّ إِلَى جَنْبِهِ وَهُوَ يُقْبِلُ عَلَى النَّاسِ مَرَّةً وَعَلَيْهِ أُخْرَى وَيَقُولُ: «إِنَّ ابْنِي هَذَا سَيِّدٌ وَلَعَلَّ اللَّهَ أَنْ يُصْلِحَ بِهِ بَيْنَ فِئَتَيْنِ عَظِيمَتَيْنِ مِنَ الْمُسْلِمِينَ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

6144. अबू बक्र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूलुल्लाह (स) को मिम्बर पर देखा जबके हसन बिन अली रदी अल्लाहु अन्हुमा आप के पहलू में थे, आप (स) एक मर्तबा लोगों की तरफ तवज्जो फरमाते और दूसरी मर्तबा हसन रदी अल्लाहु अन्हु की तरफ तवज्जो फरमाते, और फरमाते: बेशक! मेरा यह बेटा सरदार है, उम्मीद है की अल्लाह इस की वजह से मुसलमान की दो अज़ीम जमाअतों के दरमियान सुलह कराएगा| (बुखारी)

رواه البخاری (2704)

٦١٤٥ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي نُعْمٍ قَالَ: سمعتُ عبدَ اللَّهِ بن عُمَرَ وَسَأَلَهُ رَجُلٌ عَنِ الْمُحْرِمِ قَالَ شُعْبَةُ أَحْسَبُهُ يَقْتُلُ الذُّبَابَ؟ قَالَ: أَهْلُ الْعِرَاقِ يَسْأَلُونِي عَنِ الذُّبَابِ وَقَدْ قَتَلُوا ابْنَ بِنْتُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «هُمَا رَيْحَانَيَّ مِنَ الدُّنْيَا» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

6145. अब्दुल रहमान बिन अबी नुअमी रहीमा उल्लाह बयान करते हैं, मैंने अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से इस वक़्त सुना जब उन से किसी आदमी ने मुहर्र्रम (हालत ए इहराम वाले शख्स) के मुत्तल्लिक मसअला दरियाफ्त किया, शुअबा बयान करते हैं, मेरा ख़याल है के वह पूछ रहा था (अगर मुहर्रम) मख्खी मार दे (तो उस पर क्या कफ्फारा होगा ?) उन्होंने ने फ़रमाया: अहले इराक मख्खी (मारने) के मुत्तल्लिक मुझ से मसअला दरियाफ्त करते हैं जबके उन्होंने रसूल अल्लाह ﷺ के नवासे को क़त्ल कर दिया, और रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया था: “वो दोनों (हसन व हुसैन (र अ)) दुनिया में मेरे दो फुल है”| (बुखारी)

رواه البخاری (3753)

٦١٤٦ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ: لَمْ يَكُنْ أَحَدٌ أَشْبَهَ بِالنَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنَ الْحَسَنِ بن عليّ وَقَالَ فِي الْحسن أَيْضًا: كَانَ أَشْبَهَهُمْ بِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

6146. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, हसन बिन अली रदी अल्लाहु अन्हुमा रसूल अल्लाह ﷺ से सबसे ज़्यादा मुशाबिहत रखते थे, और उन्होंने हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु के बारे में भी फ़रमाया: वह रसूल अल्लाह ﷺ से उन सबसे ज़्यादा मुशाबिहत रखते थे| (बुखारी)

رواه البخاری (3752 ، 3748)

٦١٤٧ - (صَحِيح) وَعَن»» ابْن عَبَّاس قَالَ: ضَمَّنِي النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ إِلَى صَدْرِهِ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ عَلِّمْهُ الْحِكْمَةَ»»» وَفِي رِوَايَة: «علمه الْكتاب» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

6147. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ ने मुझे सीने से लगा कर फ़रमाया: “ए अल्लाह! इसे हिकमत की तालीम अता फरमा”, एक दूसरी रिवायत में है: “इसे किताब की तालीम अता फरमा”| (बुखारी)

رواه البخارى (3756)

٦١٤٨ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: إِنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ دَخَلَ الْخَلَاءَ فَوَضَعْتُ لَهُ وَضُوءًا فَلَمَّا خَرَجَ قَالَ: «مَنْ وَضَعَ هَذَا؟» فَأُخْبِرَ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ فقهه فِي الدّين» . مُتَّفق عَلَيْهِ

6148. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने कहा के नबी ﷺ बैतूलखला में दाखिल हुए तो मैंने तहारत के लिए पानी रख दिया, चुनांचे जब आप ﷺ बाहर तशरीफ़ लाए तो फ़रमाया: “ये किस ने रखा था ?” आप को बताया गया तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “ए अल्लाह! इसे दीन की समझ बुझ अता फरमा”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (143) و مسلم (138 / 2477)، (6368)

٦١٤٩ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَسَامَةَ بْنِ زَيْدٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ كَانَ يَأْخُذُهُ وَالْحَسَنَ فَيَقُولُ: «اللَّهُمَّ أَحِبَّهُمَا فَإِنِّي أُحبُّهما»»» وَفِي رِوَايَةٍ: قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَأْخُذُنِي فَيُقْعِدُنِي عَلَى فَخِذِهِ وَيُقْعِدُ الْحَسَنَ بْنَ عَلِيٍّ عَلَى فَخِذِهِ الْأُخْرَى ثُمَّ يَضُمُّهُمَا ثُمَّ يَقُولُ: «اللَّهُمَّ ارْحَمْهُمَا فَإِنِّي أرحمُهما» . رَوَاهُ البُخَارِيّ

6149. उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप मुझे और हसन को पकड़ कर फरमाते: “अल्लाह उन से मुहब्बत फरमा क्योंकि मैं इन दोनों से मुहब्बत करता हूँ”| एक दूसरी रिवायत में है: रसूल अल्लाह ﷺ मुझे पकड़ कर अपनी एक रान पर बेठा लेते थे और हसन बिन अली रदी अल्लाहु अन्हु को अपने दूसरी रान पर बेठा लेते फिर उन्हें मिला कर फरमाते: “ए अल्लाह! इन दोनों पर रहम फरमा क्योंकि में इन पर शफकत व रहमत फ़रमाता हूँ”| (बुखारी)

رواه البخارى (3735) و الرواية الثانية ، رواها البخارى (6003)

٦١٥٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بَعَثَ بَعْثًا وَأَمَّرَ عَلَيْهِمْ أَسَامَةَ بْنَ زَيْدٍ فَطَعَنَ بَعْضُ النَّاسِ فِي إِمَارَتِهِ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنْ كُنْتُمْ تَطْعَنُونَ فِي إِمَارَتِهِ فَقَدْ كُنْتُمْ تَطْعَنُونَ فِي إِمَارَةِ أَبِيهِ مِنْ قَبْلُ وَأَيْمُ اللَّهِ إِنْ كَانَ لَخَلِيقًا لِلْإِمَارَةِ وَإِنْ كَانَ لَمِنْ أَحَبِّ النَّاسِ إِلَيَّ وَإِنَّ هَذَا لَمِنْ أَحَبِّ النَّاسِ إِلَيَّ بَعْدَهُ» مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ»» وَفِي رِوَايَةٍ لِمُسْلِمٍ نَحْوُهُ وَفِي آخِره: «أوصيكم بِهِ فَإِنَّهُ من صالحيكم»

6150. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने एक लश्कर भेजा तो उस पर उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा को अमीर मुकर्रर फ़रमाया, कुछ लोगो ने उनकी अमारत के बारे में एतराज़ किया तो रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “अगर तुम उस की अमारत पर एतराज़ करते हो तो तुम उस से पहले उस के वालिद की अमारत के बारे में भी एतराज़ कर चुके हो, अल्लाह की क़सम! बिलाशुबा वह अमारत के ज़्यादा लायक था और वह तमाम

लोगो से मुझे ज़्यादा महबूब था और उस के बाद यह भी मुझे तमाम लोगो से ज़्यादा महबूब है”| और सहीह मुस्लिम की रिवायत मैं भी इसी तरह है, और उस के आख़िर में है: “मैं उस के मुत्तल्लिक तुम्हें वसीयत करता हूँ क्योंकि वह तुम्हारे स्वालेहीन में से है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3730) و مسلم (63 / 2426 و الرواية الثانية : 64 / 2426)، (6264 و 6265)

٦١٥١ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْهُ قَالَ: إِنَّ زَيْدِ بْنِ حَارِثَةَ مَوْلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا كُنَّا نَدْعُوهُ إِلَّا زَيْدَ بْنَ مُحَمَّدٍ حَتَّى نزل الْقُرْآن [أُدعوهم لِآبَائِهِمْ] مُتَّفق عَلَيْهِ»» وَذكر حَدِيث الْبَراء قَالَ لعليّ: «أَنْتَ مِنِّي» فِي «بَابِ بُلُوغِ الصَّغِيرِ وَحَضَانَتِهِ»

6151. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ के आज़ाद करदा गुलाम ज़ैद बिन हारिस रदी अल्लाहु अन्हु को कुरआन ए करीम की इस आयत“, इनको उन के आबाअ के नाम से बुलाओ”, के नाज़िल होने तक हम ज़ैद बिन मुहम्मद ﷺ कह कर बुलाया करते थे| और बराअ (र) से मरवी हदीस के आप ﷺ ने अली (र) से फ़रमाया (أَنْتَ مِنِّي) बाब بُلُوغِ الصَّغِيرِ (छोटे लड़के की बुलुगत और कमसिनी में इस की तरबियत का बयान) में ज़िक्र हो चुकी है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4782) و مسلم (62 / 2425)، (6262) 0 حديث البراء تقدم (3377)

بَابِ مَنَاقِبِ أَهْلِ بَيْتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ — रसूलुल्लाह ﷺ के घर वालो के मनाकब का बयान

الْفَصْلُ الثَّانِي — दूसरी फस्ल

٦١٥٢ - (صَحِيح بِالَّذِي بعده) عَنْ جَابِرٍ قَالَ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي حِجَّتِهِ يَوْمَ عَرَفَةَ وَهُوَ عَلَى نَاقَتِهِ الْقَصْوَاءِ يَخْطُبُ فَسَمِعْتُهُ يَقُولُ: " يَا أَيُّهَا النَّاسُ إِنِّي تَرَكْتُ فِيكُمْ مَا إِنْ أَخَذْتُمْ بِهِ لَنْ تَضِلُّوا: كِتَابَ اللَّهِ وعترتي أهل بيتِي ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6152. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूल अल्लाह ﷺ को हज्जतुल वदा के मौके पर अरफा के रोज़ आप की ऊंटनी कसवाअ पर ख़िताब फरमाते हुए देखा, मैंने आप ﷺ को फरमाते हुए सुना: “लोगो! मैंने तुम में ऐसी चीज़ छोड़ी है जब तक तुम उसे थामे रखोगे गुमराह नहीं होगे, वह अल्लाह की किताब और मेरी अतरत मेरे अहले बैत है”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3786 وقال : غريب حسن) * زيد بن الحسن ضعيف و حديث مسلم (2408) و ابن ماجه (1558) يغنى عنه

٦١٥٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» زَيْدِ بْنِ أَرْقَمَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنِّي تَارِكٌ فِيكُمْ مَا إِنْ تَمَسَّكْتُمْ بِهِ لَنْ تَضِلُّوا بَعْدِي أَحَدُهُمَا أَعْظَمُ مِنَ الْآخَرِ: كِتَابُ اللَّهِ حَبْلٌ مَمْدُودٌ مِنَ السَّمَاءِ إِلَى الْأَرْضِ وَعِتْرَتِي أَهْلُ بَيْتِي وَلَنْ يَتَفَرَّقَا حَتَّى يَرِدَا عَلَيَّ الْحَوْضَ فَانْظُرُوا كَيْفَ تَخْلُفُونِي فِيهِمَا ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

6153. ज़ैद बिन अरक़म रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “मैं तुम में ऐसी चीज़ छोड़ कर जा रहा हूँ जब तक तुम उस के साथ तमसिक इख़्तियार रखोगे तो मेरे बाद कभी गुमराह नहीं होगे, उन में से एक दूसरी से अज़ीम तर है, अल्लाह की किताब जो के एक ऐसी रस्सी है, जो आसमान से ज़मीन की तरफ दराज़ की गई है, और मेरी अतरत अहले बैत, यह दोनों अलग नहीं होंगे हत्ता कि हौज़ (कौसर) पर मेरे पास आएँगे, देखो की तुम इन दोनों के बारे में मेरी केसी जानशीन निभाते हो”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذى (3788 وقال : حسن غريب) عطية العوفى ضعيف و الاعمش مدلس و عنعن و حديث مسلم : (2408) و الطحاوى (مشكل الآثار : 5 / 13 ، ح : 1760) يغنى عنه

٦١٥٤ - (ضَعِيف) وَعَنْهُ»» أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ لِعَلِيٍّ وَفَاطِمَةَ وَالْحَسَنِ وَالْحُسَيْنِ: «أَنَا حَرْبٌ لِمَنْ حَارَبَهُمْ وَسِلْمٌ لِمَنْ سَالَمَهُمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6154. ज़ैद बिन अरक़म रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने अली फ़ातिमा और हसन और हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु के बारे में फ़रमाया: “जिस ने उन से लड़ाई की में उन से लड़ने वाला हूँ, और जिस ने उन से मस्वालेह की में उन से मस्वालेह करने वाला हूँ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3870 وقال : غريب) [و ابن ماجه (145)] * صبيح مولى ام سلمة : لم يوثقه غير ابن حبان

٦١٥٥ - (حسن) وَعَنْ»» جُمَيْعِ بْنِ عُمَيْرٍ قَالَ: دَخَلْتُ مَعَ عَمَّتِي عَلَى عَائِشَةَ فَسَأَلْتُ: أَيُّ النَّاسِ كَانَ أَحَبَّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ قَالَتْ: فَاطِمَةُ. فَقِيلَ: مِنَ الرِّجَالِ؟ قَالَتْ: زَوْجُهَا إِنْ كَانَ مَا عَلِمْتُ صَوَّامًا قَوَّامًا. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6155. जुमयइ बिन उमैर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं अपने फूफी के साथ आयशा रदी अल्लाहु अन्हा के पास गया तो मैंने पूछा: रसूल अल्लाह ﷺ को सबसे ज़्यादा किस से मुहब्बत थी ? उन्होंने ने फ़रमाया: फ़ातिमा रदी अल्लाहु अन्हा से, पूछा गया: मर्दों में से उन्होंने ने फ़रमाया: उन के शोहर अली रदी अल्लाहु अन्हु से | (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذى (3874 وقال : حسن غريب) * جميع بن عمير ضعيف ضعفه الجمهور و لحديثه شواهد ضعيفة عند الترمذى (2868) وغيره

٦١٥٦ - (ضَعِيف إِلَّا»» الْجُمْلَة الْأَخِيرَة فصحيحة)»» وَعَنْ عَبْدِ الْمُطَّلِبِ بْنِ رَبِيعَةَ أَنَّ الْعَبَّاسَ دَخَلَ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ [ص:١٧٣ مُغْضَبًا وَأَنَا عِنْدَهُ فَقَالَ: «مَا أَغْضَبَكَ؟» قَالَ: يَا رَسُول الله مَا لَنَا وَلِقُرَيْشٍ إِذَا تَلَاقَوْا بَيْنَهُمْ تَلَاقَوْا بِوُجُوهٍ مُبْشَرَةٍ وَإِذَا لَقُونَا لَقُونَا بِغَيْرِ ذَلِكَ؟ فَغَضِبَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَتَّى احْمَرَّ وَجْهُهُ ثُمَّ قَالَ: «وَالَّذِي نَفْسِي بِيَدِهِ لَا يَدْخُلُ قَلْبَ رَجُلٍ الْإِيمَانُ حَتَّى يحبكم لله وَلِرَسُولِهِ» ثمَّ قَالَ: «يَا أَيُّهَا النَّاسُ مَنْ آذَى عَمِّي فَقَدْ آذَانِي فَإِنَّمَا عَمُّ الرَّجُلِ صِنْوُ أَبِيهِ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ. وَفِي «المصابيح» عَن الْمطلب

6156. अब्दुल मुत्तलिब बिन रबिआ से रिवायत है के अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु गुस्से की हालत में रसूल अल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए, मैं इस वक़्त आप के पास ही था, आप ﷺ ने फ़रमाया: “आप को किस ने नाराज़ किया ?” उन्होंने

ने फ़रमाया: अल्लाह के रसूल! हमारा (बनू हाशिम) और बाकी कुरैशीयो का क्या मामला है ? जब वह आपस में मिलते हैं तो बड़ी कुशादाह पेशानी से मिलते हैं, और जब हम से मिलते हैं, तो इस तरह नहीं मिलते, चुनांचे रसूल अल्लाह ﷺ भी गुस्से में आ गए हत्ता कि आप का चेहरा मुबारक सुर्ख हो गया, फिर आप ﷺ ने फ़रमाया: “उस ज़ात की क़सम जिस के हाथ में मेरी जान है! किसी शख़्स का दिल में ईमान दाखिल नहीं हो सकता हत्ता कि वह अल्लाह और उस के रसूल की खातिर तुम से मुहब्बत न करे, फिर फ़रमाया: “लोगो! जिस ने मेरे चचा को अज़ीयत पहुंचाई उस ने मुझे अज़ीयत पहुंचाई, आदमी का चचा उस के बाप के तरह होता है”| तिरमिज़ी, और मसाबिह में मतलब से मरवी है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3758 وقال : حسن صحيح) * فيه يزيد بن ابی زياد : ضعيف مشهور

٦١٥٧ - (ضَعِيف) وَعَنِ»» ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْعَبَّاسُ مِنِّي وَأَنَا مِنْهُ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6157. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “अब्बास मुझ से है और मैं उन से हूँ”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3759 وقال : حسن صحيح غريب) * فيه عبد الاعلی الثعلبی : ضعيف

٦١٥٨ - وَعَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ لِلْعَبَّاسِ: «إِذَا كَانَ غَدَاةَ الِاثْنَيْنِ فَأْتِنِي أَنْتَ وَوَلَدُكَ حَتَّى أَدْعُوَ لَهُمْ بِدَعْوَةٍ يَنْفَعُكَ اللَّهُ بِهَا وَوَلَدَكَ» فَغَدَا وَغَدَوْنَا مَعَهُ وَأَلْبَسَنَا كِسَاءَهُ ثُمَّ قَالَ: «اللَّهُمَّ اغْفِرْ لِلْعَبَّاسِ وَوَلَدِهِ مَغْفِرَةً ظَاهِرَةً وَبَاطِنَةً لَا تُغَادِرُ ذَنْبًا اللَّهُمَّ احْفَظْهُ فِي وَلَدِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَزَادَ رَزِينٌ: «وَاجْعَلِ الْخِلَافَةَ بَاقِيَةً فِي عَقِبِهِ» وَقَالَ التِّرْمِذِيّ: هَذَا حَدِيث غَرِيب

6158. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: “जब पीर का दिन हो तो आप और आप की औलाद मेरे पास आना, मैं तुम्हारे लिए दुआ करूँगा, जिस के ज़रिए अल्लाह तुम्हें और तुम्हारी औलाद को फ़ायदा पहुंचाएगा”, हम उन के साथ आप की खिदमत में हाज़िर हुए, आप ﷺ ने हमें अपने चादर में ले कर दुआ फरमाई: “ए अल्लाह! अब्बास और उन की औलाद की तमाम ज़ाहिरी व बातिनी लग्ज़िश मुआफ़ फरमा, उनका कोई गुनाह बाकी न छोड़, ऐ अल्लाह! उनका साया उनकी औलाद पर काइम फरमा”| और रजिन ने यह इज़ाफा नकल किया है: “और उनकी औलाद में खिलाफत बाकी रख”, और इमाम तिरमिज़ी ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3762) و رزين (لم اجده) * فيه عبدالوهاب بن عطاء مدلس و عنعن و روی عن ابن معين بانه قال :'' هذا موضوع و عبد الوهاب : لم يقل فيه حدثنا ثور و لعله دلّس فيه وهو ثقة '' و فيه علة أخرى

٦١٥٩ - (ضَعِيف) وَعنهُ»» أَنه رأى جِبْرِيل مَرَّتَيْنِ وَدَعَا لَهُ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مرَّتَيْنِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6159. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने जिब्राइल को दो मर्तबा देखा है, निज़ रसूल अल्लाह ﷺ

ने उन के हक़ में दो मर्तबा दुआ फरमाई| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3822) * فيه ليث بن ابى سليم : ضعيف و الثورى مدلس و عنعن و السند منقطع

٦١٦٠ - (حسن) وَعَنْهُ»» أَنَّهُ قَالَ: دَعَا لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُؤْتِيَنِي اللَّهُ الْحِكْمَة [ص:١٧٣ مرَّتَيْنِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6160. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के उन्होंने ने फ़रमाया: रसूल अल्लाह ﷺ ने दो मर्तबा उन के हक़ में दुआ फरमाई के अल्लाह मुझे हिकमत अता फरमाए| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3823 وقال : حسن غريب)

٦١٦١ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ أَبِي»» هُرَيْرَةَ قَالَ: كَانَ جَعْفَرٌ يُحِبُّ الْمَسَاكِينَ وَيَجْلِسُ إِلَيْهِمْ وَيُحَدِّثُهُمْ وَيُحَدِّثُونَهُ وَكَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُكَنِّيهِ بِأَبِي الْمَسَاكِين. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6161. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जाफर रदी अल्लाहु अन्हु मसाकिन से मुहब्बत किया करते थे, उन के वहां बैठा करते थे और वह उन से बात चित किया करते थे, और रसूल अल्लाह ﷺ ने उनकी कुनियत “अबिल मसाकिन‘‘ रखी थी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3766) [و ابن ماجه (4125 مختصرًا)] * فيه ابراهيم المخزومى : متروك

٦١٦٢ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «رَأَيْتُ جَعْفَرًا يَطِيرُ فِي الْجَنَّةِ مَعَ الْمَلَائِكَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6162. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने जाफर को जन्नत में फरिश्तो के साथ परवाज़ करते हुए देखा है”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

حسن ، رواه الترمذى (3763)

٦١٦٣ - (حسن صَحِيحٌ) وَعَنْ أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «الْحَسَنُ وَالْحُسَيْنُ سَيِّدَا شباب أهل الْجنَّة» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6163. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “हसन व हुसैन अहले जन्नत के जवानों के सरदार है”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (3768 وقال : صحيح حسن)

٦١٦٤ - (صَحِيح) وَعَن»» ابْنِ عُمَرَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «إِنَّ الْحَسَنَ وَالْحُسَيْنَ هُمَا رَيْحَانَيَّ مِنَ الدُّنْيَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَدْ سبَق فِي الْفَصْل الأول

6164. इब्ने उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “हसन व हुसैन दोनों दुनिया में मेरे दो फुल हैं”| तिरमिज़ी यह हदीस फसल ए अव्वल मैं भी गुज़र चुकी है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (3770 وقال : صحيح) [وهو فى صحيح البخارى (3753)] * و انظر الحديث السابق (6136)

٦١٦٥ - (ضَعِيف) وَعَن»» أسامةَ بنِ زيدٍ قَالَ: طَرَقْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ ذَاتَ لَيْلَةٍ فِي بَعْضِ الْحَاجَةِ فَخَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَهُوَ مُشْتَمِلٌ عَلَى شَيْءٍ وَلَا أَدْرِي مَا هُوَ فَلَمَّا فَرَغْتُ مِنْ حَاجَتِي قُلْتُ: مَا هَذَا الَّذِي أَنْتَ مُشْتَمِلٌ عَلَيْهِ؟ فَكَشَفَهُ فَإِذَا الْحَسَنُ وَالْحُسَيْنُ عَلَى وَرِكَيْهِ. فَقَالَ: «هَذَانِ ابْنَايَ وَابْنَا ابْنَتِي اللَّهُمَّ إِنِّي أُحِبُّهُمَا فأحبهما وَأحب من يحبهما» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6165. उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, एक रात किसी ज़रूरत के तहत में नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, नबी ﷺ बाहर तशरीफ़ लाए तो आप किसी चीज़ को छुपाए हुए थे, मैं नहीं जानता था के वह क्या चीज़े थी, जब में अपने काम से फारिग़ हुआ तो मैंने अर्ज़ किया: आप ने यह क्या चीज़े छिपा रखी है ? आप ने कपड़ा उठाया तो आप के दोनों कूल्हों पर हसन व हुसैन रदी अल्लाहु अन्हुमा थे आप ﷺ ने फ़रमाया: “ये दोनों मेरे बेटे है और मेरी बेटी के बेटे है, ऐ अल्लाह! मैं उन्हें महबूब रखता हूँ तू भी उन से मुहब्बत फरमा, और उन से मुहब्बत रखने वाले से भी मुहब्बत फरमा”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذى (3769 وقال : حسن غريب) و سنده حسن و للحديث شواهد

٦١٦٦ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» سَلْمَى قَالَتْ: دَخَلْتُ عَلَى أُمِّ سَلَمَةَ وَهِيَ تبْكي فَقلت: مَا بيكيك؟ قَالَتْ: رَأَيْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ - تَعْنِي فِي الْمَنَامِ - وَعَلَى رَأْسِهِ وَلِحْيَتِهِ التُّرَابُ فَقُلْتُ: مَا لَكَ [ص:١٧٣ يَا رَسُولَ اللَّهِ؟ قَالَ: «شَهِدْتُ قَتْلَ الْحُسَيْنِ آنِفًا» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6166. सलमा बयान करती हैं की मैं उम्मे सलमा रदी अल्लाहु अन्हा के पास गई तो वह रो रही थी, मैंने कहा आप क्यों रो रही है ? उन्होंने ने फ़रमाया: मैंने ख्वाब में रसूल अल्लाह ﷺ को देखा तो आप के सर मुबारक और दाढ़ी पर मिट्टी थी, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! आप का क्या हाल है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं अभी अभी हुसैन की शहादत के वाकिए में हाज़िर हुआ था”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3771) * سلمى : لاتعرف و حديث احمد (1 / 283) عن ابن عباس قال :’’ رايت رسول الله صلى الله عليه و آله وسلم فى النوم نصف النهار اشعث اغبر و بيده قارورة فيها دم ، قلت : يا رسول الله ما هذا ؟ قال : هذا دم الحسين و اصحابه ، لم ازل اليوم التقطه ‘‘ سنده حسن ، وهو يغنى عن هذا الحديث الضعيف ، و فى صحيح الحديث شغل عن سقيمه

٦١٦٧ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ: سُئِلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: أَي بَيْتِكَ أَحَبُّ إِلَيْكَ؟ قَالَ: «الْحَسَنُ وَالْحُسَيْنُ» وَكَانَ يَقُولُ لِفَاطِمَةَ: «ادْعِي لِي ابْنَيَّ» فَيَشُمُّهُمَا وَيَضُمُّهُمَا إِلَيْهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6167. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूलुल्लाह (स) से दरियाफ्त किया गया, आप के अहले बैत में से कोण सा शख़्स आप को सब से ज़्यादा महबूब है ? आप (स) ने फ़रमाया: हसन व हुसैन, आप (स) ने फातिमा रदी अल्लाहु अन्हा से फ़रमाया करते थे: मेरे बेटो को बुलाव, आप उन्हें चुमते और इन्हें अपने गले से लगाते| तिरमिज़ी और फ़रमाया यह हदीस गरीब है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3772) * فيه يوسف بن ابراهيم : ضعيف

٦١٦٨ - (صَحِيح) وَعَنْ»» بُرَيْدَةَ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَخْطُبُنَا إِذْ جَاءَ الْحَسَنُ وَالْحُسَيْنُ عَلَيْهِمَا قَمِيصَانِ أَحْمَرَانِ يَمْشِيَانِ وَيَعْثُرَانِ فَنَزَلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَنْ الْمِنْبَرِ فَحَمَلَهُمَا وَوَضَعَهُمَا بَيْنَ يَدَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «صَدَقَ اللَّهُ [إِنَّمَا أَمْوَالُكُمْ وَأَوْلَادُكُمْ فِتْنَةٌ] نَظَرْتُ إِلَى هَذَيْنِ الصَّبِيَّيْنِ يَمْشِيَانِ وَيَعْثُرَانِ فَلَمْ أَصْبِرْ حَتَّى قَطَعْتُ حَدِيثِي وَرَفَعْتُهُمَا» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَأَبُو دَاوُد وَالنَّسَائِيّ

6168. बुरैदाह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ हमें ख़िताब फरमा रहे थे की अचानक हसन व हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु आए, उन्होंने सुर्ख कुमुसून पहन रखी थी, वह चलते और गिर पड़ते थे, रसूल अल्लाह ﷺ मिम्बर से उतरे उन्हें उठाया और उन्हें अपने सामने बिठाया, फिर फ़रमाया: “अल्लाह ने सच फ़रमाया: “तुम्हारे अमवाल व औलाद बाईस फितने है”, मैंने इन दो बच्चो को चलते और गिरते हुए देखा तो मैं सब्र न कर सका हत्ता कि मैंने अपनी बात काट कर उन्हें उठा लिया”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3774 وقال : حسن غريب) و ابوداؤد (1109) و النسائى (3 / 108 ح 1414)

٦١٦٩ - (ضَعِيف) وَعَن»» يعلى بن مرَّة قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «حُسَيْنٌ مِنِّي وَأَنَا مِنْ حُسَيْنٍ أَحَبَّ اللَّهُ مَنْ أَحَبَّ حُسَيْنًا حُسَيْنٌ سِبَطٌ مِنَ الأسباط» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6169. यअली बिन मरह रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “हुसैन मुझ से है और मैं हुसैन से हूँ, जो शख़्स हुसैन से मुहब्बत करता है तो अल्लाह उस से मुहब्बत करे और हुसैन मेरी औलाद से है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذى (3775 وقال : حسن)

٦١٧٠ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: الْحَسَنُ أَشْبَهَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا بَيْنَ الصَّدْرِ إِلَى الرَّأْسِ وَالْحُسَيْنُ أَشْبَهَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مَا كَانَ أَسْفَل من ذَلِك. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6170. अली रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है, उन्होंने ने फ़रमाया: हसन रदी अल्लाहु अन्हु सीने से ले कर सर तक रसूल अल्लाह ﷺ से मुशाबिहत रखते हैं, जबके हुसैन रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से उस से निचले हिस्से से मुशाबिहत रखते हैं| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذى (3779 وقال : حسن غريب) * فيه ابو اسحاق السبيعى : مدلس و عنعن

٦١٧١ - (إسْنَاده جيد) وَعَن حُذَيْفَة قَالَ: قُلْتُ لِأُمِّي: دَعِينِي آتِي النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأُصَلِّي مَعَهُ الْمَغْرِبَ وَأَسْأَلُهُ أَنْ يَسْتَغْفِرَ لِي وَلَكِ فَأَتَيْتُ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَصَلَّيْتُ مَعَهُ الْمَغْرِبَ فَصَلَّى حَتَّى صَلَّى الْعِشَاءَ ثُمَّ انْفَتَلَ فَتَبِعْتُهُ فَسَمِعَ صَوْتِي فَقَالَ: «مَنْ هَذَا؟ حُذَيْفَةُ؟» قُلْتُ: نَعَمْ. قَالَ: «مَا حَاجَتُكَ؟ غَفَرَ اللَّهُ لَكَ وَلِأُمِّكَ إِنَّ هَذَا مَلَكٌ لَمْ يَنْزِلِ الْأَرْضَ قَطُّ قَبْلَ هَذِهِ [ص:١٧٣ اللَّيْلَةِ اسْتَأْذَنَ رَبَّهُ أَنْ يُسَلِّمَ عَلَيَّ وَيُبَشِّرَنِي بِأَنَّ فَاطِمَةَ سَيِّدَةُ نِسَاءِ أَهْلِ الْجَنَّةِ وَأَنَّ الْحَسَنَ وَالْحُسَيْنَ سَيِّدَا شَبَابِ أَهْلِ الْجَنَّةِ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6171. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने अपनी वालिदा से कहा मुझे छोड़ दे की मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर होकर आप के साथ नमाज़ ए मग़रिब अदा करू, और आप से दरख्वास्त करू के आप तुम्हारे लिए और मेरे लिए दुआएं मगफिरत फरमाइए, मैं नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ, आप के साथ नमाज़ ए मग़रिब अदा की, आप (नफिल) नमाज़ पढ़ते रहे हत्ता कि आप ने नमाज़ ए ईशा अदा की, फिर आप वापिस घर जाने लगे तो मैं भी आप के पीछे पीछे चल दिया, आप ﷺ ने मेरी आवाज़ सुने तो फ़रमाया: “कौन है ? क्या हुज़ैफ़ा है ?” मैंने अर्ज़ किया: जी हाँ! आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह तुम्हारी और तुम्हारी वालिदा की मगफिरत फरमाए, क्या काम है ? (फिर फ़रमाया) यह एक फ़रिश्ता है, जो इस रात से पहले कभी ज़मीन पर नहीं उतरा, उस ने अपने रब से इजाज़त तलब की के वह मुझे सलाम करे और मुझे बशारत सुनाए के फ़ातिमा अहले जन्नत की औरतों की सरदार है, और हसन व हुसैन अहले जन्नत के जवानों के सरदार है”| तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3781)

٦١٧٢ - (ضَعِيف) وَعَن»» ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: كَانَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ حَامِلًا الْحَسَنَ بْنَ عليٍّ على عَاتِقه فَقَالَ رَجُلٌ: نِعْمَ الْمَرْكَبُ رَكِبْتَ يَا غُلَامُ فَقَالَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «وَنِعْمَ الرَّاكِبُ هُوَ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6172. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ हसन बिन अली रदी अल्लाहु अन्हुमा को अपने कंधे पर उठाए हुए थे तो किसी आदमी ने कहा: ए लड़के! क्या खूब सवारी है जिस पर तो सवार है! नबी ﷺ ने फ़रमाया: “सवार भी किया खूब है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3784 وقال : حسن صحیح) * فیه زمعة بن صالح : ضعیف ، و للحدیث شواھد ضعیفة

٦١٧٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» عُمَرَ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ أَنَّهُ فَرَضَ لِأُسَامَةَ فِي ثَلَاثَةِ آلَافٍ وَخَمْسِمِائَةٍ وَفَرَضَ لِعَبْدِ اللَّهِ بْنِ عُمَرَ فِي ثَلَاثَةِ آلَافٍ. فَقَالَ عَبْدُ اللَّهِ بْنُ عُمَرَ لِأَبِيهِ: لِمَ فَضَّلْتَ أُسَامَة عَليّ؟ فو الله مَا سَبَقَنِي إِلَى مَشْهَدٍ. قَالَ: لِأَنَّ زَيْدًا كَانَ أَحَبَّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ أَبِيكَ وَكَانَ أُسَامَةُ أَحَبَّ إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْكَ فَآثَرْتُ حِبُّ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَلَى حبي. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6173. उमर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के उन्होंने उसामा रदी अल्लाहु अन्हु के लिए साढ़े तीन हज़ार वज़ीफ़ा मुकर्रर किया और अपने बेटे अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा के लिए तीन हज़ार वज़ीफ़ा मुकर्रर फ़रमाया तो अब्दुल्लाह

बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा ने अपने वालिद से अर्ज़ किया, आप ने उसामा रदी अल्लाहु अन्हु को मुझ पर क्यों फोकियत दि है ? अल्लाह की क़सम! उन्होंने किसी मारके में मुझ से सबकत हासिल नहीं की, उन्होंने ने फ़रमाया: इसलिए के ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु रसूल अल्लाह ﷺ को तुम्हारे वालिद से ज़्यादा महबूब थे, और उसामा रदी अल्लाहु अन्हु रसूल अल्लाह ﷺ को तुम से ज़्यादा महबूब थे, लिहाज़ा मैंने रसूल अल्लाह ﷺ के महबूब को अपने महबूब पर तरजीह दिया है। (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3813 وقال : حسن غریب)

٦١٧٤ - (ضَعِيف) وَعَن»» جبلة بن حارثة قَالَ: قَدِمْتُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ ابْعَثْ مَعِي أَخِي زَيْدًا. قَالَ: «هُوَ ذَا فَإِنِ انْطَلَقَ مَعَكَ لَمْ أَمْنَعْهُ» قَالَ زَيْدٌ: يَا رَسُولَ اللَّهِ وَاللَّهِ لَا أَخْتَارُ عَلَيْكَ أَحَدًا. قَالَ: فَرَأَيْتُ رَأْيَ أَخِي أَفْضَلَ مِنْ رَأْيِي. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6174. जबलत बिन हारिस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैंने रसूल अल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हो कर अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मेरे भाई ज़ैद को मेरे साथ भेज दें, आप ﷺ ने फ़रमाया: “वो हाज़िर है, अगर वह तुम्हारे साथ जाना चाहे तो में उसे मना नहीं करूँगा”, ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मैं आप पर किसी को तरजीह नहीं देता, उन्होंने कहा: मैंने अपने भाई की राय को अपने राय से अफज़ल पाया। (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواه الترمذی (3815 وقال : حسن غریب) * اسماعیل بن ابی خالد مدلس و عنعن و للحدیث شواهد

٦١٧٥ - (حسن) وَعَنْ»» أَسَامَةَ بْنِ زَيْدٍ قَالَ: لَمَّا ثَقُلَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ هَبَطْتُ وَهَبَطَ النَّاسُ الْمَدِينَةَ فَدَخَلْتُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَدْ أُصْمِتَ فَلَمْ يَتَكَلَّمْ فَجَعَلَ رَسُولُ [ص:١٧٤ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَضَعُ عَلَيّ يَدَيْهِ وَيَرْفَعُهُمَا فَأَعْرِفُ أَنَّهُ يَدْعُو لِي. رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6175. उसामा बिन ज़ैद रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, की जब रसूल अल्लाह ﷺ बीमारी की वजह से जईफ हो गए तो मैंने और सहाबा किराम ने मदीना में रिहाइश इख़्तियार कर ली, चुनांचे में रसूल अल्लाह ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो इस वक़्त आप ख़ामोश थे और किसी से कोई बात नहीं कर रहे थे, रसूल अल्लाह ﷺ मुझ पर अपने हाथ मुबारक रखते और उन्हें उठा लेते, मैंने जान लिया के आप मेरे लिए दुआ कर रहे हैं। तिरमिज़ी, और फ़रमाया यह हदीस ग़रीब है। (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3817)

٦١٧٦ - (حسن) وَعَنْ»» عَائِشَةَ قَالَتْ: أَرَادَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنْ يُنَحِّي مُخَاطَ أَسَامَةَ. قَالَتْ عَائِشَةُ: دَعْنِي حَتَّى أَكُونَ أَنَا الَّذِي أَفْعَلُ. قَالَ: «يَا عَائِشَةُ أَحِبِّيهِ فَإِنِّي أُحِبُّهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6176. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने उसामा रदी अल्लाहु अन्हु की नाक साफ़ करना चाही तो आयशा रदी अल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ किया, मुझे इजाज़त फरमाइए में साफ़ कर देती हूँ, आप ﷺ ने फ़रमाया:

“आयशा उस से मुहब्बत किया करो क्योंकि उस से में मुहब्बत करता हूँ”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3818 وقال : حسن غريب)

٦١٧٧ - (ضَعِيف) وَعَن»» أَسَامَة قَالَ: كُنْتُ جَالِسًا إِذْ جَاءَ عَلِيٌّ وَالْعَبَّاسُ يستأذنان فَقَالَا لِأُسَامَةَ: اسْتَأْذِنْ لَنَا عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقُلْتُ: يَا رَسُولَ الله عَلِيٌّ وَالْعَبَّاسُ يَسْتَأْذِنَانِ. فَقَالَ: «أَتَدْرِي مَا جَاءَ بهما؟» قلت: لَا. قَالَ: «لكني أَدْرِي فَأذن لَهما» فدخلا فَقَالَا: يَا رَسُولَ اللَّهِ جِئْنَاكَ نَسْأَلُكَ أَيُّ أَهْلِكَ أَحَبُّ إِلَيْكَ؟ قَالَ: «فَاطِمَةُ بِنْتُ مُحَمَّدٍ» فَقَالَا: مَا جِئْنَاكَ نَسْأَلُكَ عَنْ أَهْلِكَ قَالَ: " أَحَبُّ أَهْلِي إِلَيَّ مَنْ قَدْ أَنْعَمَ اللَّهُ عَلَيْهِ وَأَنْعَمْتُ عَلَيْهِ: أُسَامَةُ بْنُ زَيْدٍ " قَالَا: ثُمَّ مَنْ؟ قَالَ: «ثُمَّ عَلِيُّ بْنُ أَبِي طَالِبٍ» فَقَالَ الْعَبَّاسُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ جَعَلْتَ عَمَّكَ آخِرَهُمْ؟ قَالَ: «إِنَّ عَلِيًّا سَبَقَكَ بِالْهِجْرَةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ»» وَذَكَرَ أَنَّ عَمَّ الرَّجُلِ صِنْوُ أَبِيهِ فِي «كتاب الزَّكَاة»

6177. उसामा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं (बाबे रिसालत पर) बैठा हुआ था के अली और अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा इजाज़त तलब करने के लिए तशरीफ़ लाए तो उन्होंने उसामा रदी अल्लाहु अन्हु से फ़रमाया: रसूल अल्लाह ﷺ से हमें इजाज़त ले दें, मैंने (अंदर जाकर) अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अली और अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा अन्दर आने की इजाज़त तलब करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: ” क्या तुम जानते हो के वह क्यों आए है ? मैंने अर्ज़ किया: नहीं, आप ﷺ ने फ़रमाया: ” लेकिन में जानता हूँ, इन दोनों को इजाज़त दे दो”, वह दोनों अन्दर आए तो अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हम आप की खिदमत में यह दरियाफ्त करने के लिए हाज़िर हुए हैं की आप को अपने अहले खाना में से किसी से ज़्यादा मुहब्बत है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” फ़ातिमा बिन्ते मुहम्मद ﷺ”| उन्होंने अर्ज़ किया: हम आप की खिदमत में आप के अहले खाना के मुत्तल्लिक पूछने नहीं आए, आप ﷺ ने फ़रमाया: ” मेरे अहल (यानी मर्दों) में से वह शख़्स मुझे ज़्यादा महबूब है जिस पर अल्लाह ने इनाम फ़रमाया और मैंने इनाम किया, उसामा बिन ज़ैद (र अ)”, उन्होंने अर्ज़ किया, फिर कौन ? आप ﷺ ने फ़रमाया: ” फिर अली बिन अबी तालिब (र)”, अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप ने अपने चचा को उन से मोअख़्ख़र कर दिया, आप ﷺ ने फ़रमाया: ” इसलिए के अली रदी अल्लाहु अन्हु ने आप से पहले हिजरत की”| तिरमिज़ी, और यह बात: “आदमी का चचा उस के वालिद की तरह होता है “ किताब अल ज़कात में गुज़र चुकी है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3819 وقال : حسن) * حديث ” ان عم الرجل صنو ابيه “ تقدم (6147) ولم اجده فی کتاب الزکاة

بَابِ مَنَاقِبِ أَهْلِ بَيْتِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ • रसूलुल्लाह ﷺ के घर वालो के मनाकब का बयान

الْفَصْلُ الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٦٢١٧ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ قَالَ: إِنَّ نَاسًا مِنَ الْأَنْصَارِ قَالُوا حِينَ أَفَاءَ اللَّهُ عَلَى رَسُولِهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنْ أَمْوَالِ هَوَازِنَ مَا أَفَاءَ فَطَفِقَ يُعْطِي رِجَالًا مِنْ قُرَيْشٍ الْمِائَةَ مِنَ الْإِبِلِ فَقَالُوا: يَغْفِرُ اللَّهُ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعْطِي قُرَيْشًا وَيَدَعُنَا وَسُيُوفُنَا تَقْطُرُ مِنْ دِمَائِهِمْ فَحَدَّثَ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ بِمَقَالَتِهِمْ فَأَرْسَلَ إِلَى الْأَنْصَارِ فَجَمَعَهُمْ فِي قُبَّةٍ مَنْ أَدَمٍ وَلَمْ يَدْعُ مَعَهُمْ أَحَدًا غَيْرَهُمْ فَلَمَّا اجْتَمَعُوا جَاءَهُمْ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم فَقَالَ: «مَا كَانَ حَدِيثٌ بَلَغَنِي عَنْكُمْ؟» فَقَالَ فُقَهَاؤُهُمْ: أَمَّا ذَوُو رَأْيِنَا يَا رَسُولَ اللَّهِ فَلَمْ يَقُولُوا شَيْئًا وَأَمَّا أُنَاسٌ مِنَّا حَدِيثَةٌ أَسْنَانُهُمْ قَالُوا: يَغْفِرُ اللَّهُ لِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يُعْطِي قُرَيْشًا وَيَدَعُ الْأَنْصَارَ

وَسُيُوفُنَا تَقْطُرُ مِنْ دِمَائِهِمْ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي أُعْطِي رِجَالًا حَدِيثِي عَهْدٍ بِكُفْرٍ أَتَأَلَّفُهُمْ أَمَا تَرْضَوْنَ أَنْ يَذْهَبَ النَّاسُ بِالْأَمْوَالِ وَتَرْجِعُونَ إِلَى رِحَالِكُمْ بِرَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ» . قَالُوا بَلَى يَا رَسُولَ اللَّهِ قد رَضِينَا. مُتَّفق عَلَيْهِ

6217. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब अल्लाह ने अपने रसूल ﷺ को हवाज़ीन कबिले के अमवाल में से गनीमत दी और आप कुरैश के (नौ मुस्लिम) लोगों को सौ ऊंट देने लगी तो अंसार के कुछ लोगो ने कहा: अल्लाह रसूल अल्लाह ﷺ की मगफिरत फरमाए, आप कुरैशीयो को तो अता फरमा रहे हैं जबके हमें छोड़ रहे हैं, और सूरते हाल यह है कि हमारी तलवारों से उनका खून अभी तक टपक रहा है, उनकी यह गुफ्तगू रसूल अल्लाह ﷺ को बताई गई तो आप ने अंसार को बुला भेजा और उन्हें चमड़े के एक खैमे में जमा किया और आप ने उन के अलावा किसी और को वहां न बुलाया, जब वह इकठ्ठे हो गए तो रसूल अल्लाह ﷺ उन के पास तशरीफ़ लाए और फ़रमाया: “तुम्हारे मुत्तल्लिक मुझे किया खबर पहुंची है ?” उन (अंसार) के समझ दार लोगो ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! हमारे संजीदा लोगो ने तो कोई बात नहीं की, अलबत्ता हमारे चंद नौ उमर लड़को ने कहा है: अल्लाह, रसूल अल्लाह ﷺ को मुआफ़ फरमाए के वह कुरैशीयो को दे रहे हैं और अंसार को छोड़ रहे हैं, जबके हमारी तलवारों से उन (कुरैशो) का खून टपक रहा है, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “मैंने नौ मुस्लिमो को उनकी तालिफे क़ल्बी के लिए दिया है, क्या तुम पसंद नहीं करते के लोग तो माल व दौलत ले कर वापिस जाए और तुम रसूल अल्लाह ﷺ को साथ ले कर अपने घरो को वापिस जाओ”, उन्होंने अर्ज़ किया, क्यों नहीं! अल्लाह के रसूल! हम उस पर राज़ी है| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3147) و مسلم (132 / 1059)، (2436)

٦٢١٨ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْلَا الْهِجْرَةُ لَكُنْتُ امْرَءًا مِنَ الْأَنْصَارِ وَلَوْ سَلَكَ النَّاسُ وَادِيًا وَسَلَكَتِ الْأَنْصَارُ وَادِيًا أَوْ شِعْبًا لَسَلَكْتُ وَادِيَ الْأَنْصَارِ وشعبها وَالْأَنْصَار شِعَارٌ وَالنَّاسُ دِثَارٌ إِنَّكُمْ سَتَرَوْنَ بَعْدِي أَثَرَةً فَاصْبِرُوا حَتَّى تَلْقَوْنِي عَلَى الْحَوْضِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

6218. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “अगर हिजरत न होती तो मैं भी अंसार में से एक आदमी होता, अगर सारे लोग एक वादी में चले और अंसार एक वादी या घाटी में चले तो मैं भी अंसार की वादी और घाटी में चलूँगा, अंसार अस्तर है जबके बाकी लोग ऊपर का कपड़ा है, बेशक तुम लोग मेरे बाद तरजीह देखोगे (के तुम पर दुसरो को तरजीह दी जाएगी) तुम सब्र करना हत्ता कि तुम होज़े कौसर पर मुझ से मुलाकात करो”| (बुखारी)

متفق عليه ، رواه البخارى (4330) و مسلم (139 / 1061)، (2446)

٦٢١٩ - (صَحِيح) وَعَنْهُ»» قَالَ: كُنَّا مَعَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَوْمَ الْفَتْحِ فَقَالَ: «مَنْ دَخَلَ دَارَ أَبِي سُفْيَانَ فَهُوَ آمِنٌ وَمَنْ أَلْقَى السِّلَاحَ فَهُوَ آمِنٌ» . فَقَالَتِ الْأَنْصَارُ: أَمَّا الرَّجُلُ فَقَدْ أَخَذَتْهُ رَأْفَةٌ بِعَشِيرَتِهِ وَرَغْبَةٌ فِي قَرْيَتِهِ. وَنَزَلَ الْوَحْيُ عَلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «قُلْتُمْ أَمَّا الرَّجُلُ فَقَدْ أَخَذَتْهُ رَأْفَةٌ بِعَشِيرَتِهِ وَرَغْبَةٌ فِي قَرْيَتِهِ كَلَّا إِنِّي عَبْدُ اللَّهِ وَرَسُولُهُ هَاجَرْتُ إِلَى الله وإليكم فالمحيا مَحْيَاكُمْ وَالْمَمَاتُ مَمَاتُكُمْ» قَالُوا: وَاللَّهِ مَا قُلْنَا إِلَّا ضِنًّا بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ. قَالَ: «فَإِنَّ اللَّهَ وَرَسُوله يصدقانكم ويعذرانكم» . رَوَاهُ مُسلم

6219. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, फतह मक्का के रोज़ हम रसूल अल्लाह ﷺ के साथ थे, आप ﷺ ने

फ़रमाया: "जो शख़्स अबू सुफियान के घर दाखिल हो जाए तो वह अमन में है, जो हथियार डाल दे वह अमन में है", अंसार ने कहा इस आदमी को अपने रिश्तेदारों से रहमत और अपने शहर की मुहब्बत ने पकड़ लिया, (उन की इस बात के मुत्तल्लिक) रसूल अल्लाह ﷺ पर वही नाज़िल हुई तो आप ﷺ ने फ़रमाया: "तुमने कहा है के इस आदमी को अपने कुंबे से हमदर्दी और अपने शहर से मुहब्बत ने पकड़ लिया है, सुन लो! ऐसे नहीं, मैं अल्लाह का बंदा और उस का रसूल हूँ, मैंने अल्लाह और तुम्हारी तरफ हिजरत की, मेरा जीना मरना तुम्हारे साथ है" उन्होंने अर्ज़ किया, अल्लाह की क़सम! हमने तो महज़ अल्लाह और उस के रसूल की रफाकत के हुसूल के लिए ऐसे कहा था, आप ﷺ ने फ़रमाया: "अल्लाह और उस का रसूल तुम्हारी तस्दीक करते हैं, और तुम्हारा उज़्र कबूल करते हैं"| (मुस्लिम)

رواه مسلم (86 / 1780)، (4624)

٦٢٢٠ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ أَنَسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَى صِبْيَانًا وَنِسَاءً مُقْبِلِينَ مِنْ عُرْسٍ فَقَامَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «اللَّهُمَّ أَنْتُمْ مِنْ أَحَبِّ النَّاسِ إِلَيَّ اللَّهُمَّ أَنْتُمْ مِنْ أَحَبِّ النَّاسِ إِلَيَّ» يَعْنِي الْأَنْصَار. مُتَّفق عَلَيْهِ

6220. अनस रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के नबी ﷺ ने (अंसार के) कुछ बच्चो और औरतों को किसी शादी की तक़रीब से वापिस आते हुए देखा तो नबी ﷺ ने खड़े हो कर फ़रमाया: "ए अल्लाह! (तू जानता है) तुम तमाम लोगो से ज़्यादा मुझे महबूब हो, ऐ अल्लाह! (तू जानता है) तुम यानी अंसार तमाम लोगो से ज़्यादा मुझे महबूब हो"| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3785) و مسلم (174 / 2508)، (6417)

٦٢٢١ - (صَحِيح) وَعَنْهُ»» قَالَ: مَرَّ أَبُو بَكْرٍ وَالْعَبَّاسُ بِمَجْلِسٍ من مجَالِس الْأَنْصَار وهم يَبْكُونَ فَقَالَ: مَا يُبْكِيكُمْ؟ قَالُوا: ذَكَرْنَا مَجْلِسَ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ مِنَّا فَدَخَلَ أَحَدُهُمَا عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَأَخْبَرَهُ بِذَلِكَ فَخَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَقَدْ عَصَّبَ عَلَى رَأْسِهِ حَاشِيَةَ بُرْدٍ فَصَعِدَ الْمِنْبَر وَلم يَصْعَدهُ بعد ذَلِك الْيَوْم. فَحَمدَ الله وَأَثْنَى عَلَيْهِ. ثُمَّ قَالَ: «أُوصِيكُمْ بِالْأَنْصَارِ فَإِنَّهُمْ كَرِشِي وَعَيْبَتِي وَقَدْ قَضَوُا الَّذِي عَلَيْهِمْ وَبَقِيَ الَّذِي لَهُمْ فَاقْبَلُوا مِنْ مُحْسِنِهِمْ وَتَجَاوَزُوا عَنْ مسيئهم» . رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

6221. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अबू बक्र और अब्बास रदी अल्लाहु अन्हु अंसार की एक मजलिस के पास से गुज़रे तो वह इस वक़्त रो रहे थे, उन्होंने पूछा तुम क्यों रो रहे हो ? उन्होंने कहा: हम ने नबी ﷺ की मजलिस को याद किया जिस में हम (बैठा करते) थे, इन दोनों में से एक नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने उस के मुत्तल्लिक आप को बताया, नबी ﷺ अपने सर मुबारक पर कपड़े की पट्टी बांधे हुए बाहर तशरीफ़ लाए और मिम्बर पर जलवा अफ़रोज़ हुए, और इस रोज़ के बाद आप मिम्बर पर तशरीफ न ला सके, आप ﷺ ने अल्लाह तआला की हम्द व सना बयान की फिर फ़रमाया: "मैं अंसार के बारे में तुम्हें वसीयत करता हूँ वह मेरे जिस्म व जान (हाथ व बाज़ू) है, वह अपने ज़िम्मेदारिया निभा चुके, अब उन के हुकुक बाकी है, तुम उन के नेकोकारों की तरफ से (अज़र) कबूल करना और उन के खाताकारों से दरगुज़र करना"| (बुखारी)

رواه البخارى (3799)

٦٢٢٢ - (صَحِيح) وَعَنِ»» ابْنِ عَبَّاسٍ قَالَ: خَرَجَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي مَرَضِهِ الَّذِي مَاتَ فِيهِ حَتَّى جَلَسَ عَلَى الْمِنْبَرَ فَحَمِدَ اللَّهَ وَأَثْنَى عَلَيْهِ ثُمَّ قَالَ: «أَمَّا بَعْدُ فَإِنَّ النَّاسَ يَكْثُرُونَ وَيَقِلُّ الْأَنْصَارُ حَتَّى يَكُونُوا فِي النَّاسِ بِمَنْزِلَةِ الْمِلْحِ فِي الطَّعَامِ فَمَنْ وَلِيَ مِنْكُمْ شَيْئًا يَضُرُّ فِيهِ قَوْمًا وَيَنْفَعُ فِيهِ آخَرين فليقبل عَن محسنهم وليتجاوز عَن مسيئهم» رَوَاهُ الْبُخَارِيّ

6222. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, नबी ﷺ अपने मर्जे वफ़ात में बाहर तशरीफ़ लाए और मिम्बर पर जलवा अफ़रोज़ हुए, आप ने अल्लाह की हम्द व सना बयान की, फिर फ़रमाया: “अम्मा बाद! जबकि लोग तो बहोत ज़्यादा हो जाएँगे जबके अंसार कम हो जाएँगे, हत्ता कि वह लोगो में नमक के तनासब (हिसाब) से हो जाएँगे, तुम में से जो शख़्स किसी ऐसी चिज़ का ज़िम्मेदार व सरपरस्त हो जिस में वह किसी को नुक्सान और किसी को फ़ायदा पहुंचा सकता हो तो वह उन (अंसार) के नेकोकारों के नेक कामो को कबूल करे और उन के खाताकारों से दरगुज़र करे”| (बुखारी)

رواه البخارى (3628)

٦٢٢٣ - (صَحِيح) وَعَنْ»» زَيْدِ بْنِ أَرْقَمَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسلم: «الله اغْفِرْ لِلْأَنْصَارِ وَلِأَبْنَاءِ الْأَنْصَارِ وَأَبْنَاءِ أَبْنَاءِ الْأَنْصَارِ» . رَوَاهُ مُسلم

6223. ज़ैद बिन अरक़म रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह अंसार, अंसार की औलाद और अंसार की औलाद की औलाद की मगफिरत फरमा”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (172 / 2506)، (6414)

٦٢٢٤ - (مُتَّفق عَلَيْهِ) وَعَنْ أَبِي أَسَيْدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «خَيْرُ دُورِ الْأَنْصَارِ بَنُو النَّجَّارِ ثُمَّ بَنُو عَبْدِ الْأَشْهَلِ ثُمَّ بَنُو الْحَارِثِ بْنِ الْخَزْرَجِ ثُمَّ بَنُو سَاعِدَةَ وَفِى كُلِّ دُورِ الْأَنْصَارِ خَيْرٌ» . مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ

6224. अबू उसैद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “अंसार का सबसे बेहतरीन कबिले बनू नजार का कबिला है, फिर बनू अब्दुल शम्स, बनू हारिस बिन खजरज़, फिर बनू शाइदाह और अंसार के हर कबिले में खैर है”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (3789) و مسلم (177 / 2511)، (6421)

٦٢٢٥ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: بَعَثَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَا وَالزُّبَيْر والمقداد - وَفِي رِوَايَة: أَبَا مَرْثَدٍ بَدَلَ الْمِقْدَادِ - فَقَالَ: «انْطَلِقُوا حَتَّى تَأْتُوا رَوْضَةَ خَاخٍ فَإِنَّ بِهَا ظَعِينَةً مَعَهَا كِتَابٌ فَخُذُوا مِنْهَا» فَانْطَلَقْنَا تَتَعَادَى بِنَا خَيْلُنَا حَتَّى أَتَيْنَا الرَّوْضَة فَإِذا نَحن بِالظَّعِينَةِ قُلْنَا لَهَا: أَخْرِجِي الْكتاب قَالَت: مَا معي كِتَابٍ. فَقُلْنَا لَتُخْرِجِنَّ الْكِتَاب أَوْ لَتُلْقِيَنَّ الثِّيَابَ فَأَخْرَجَتْهُ مِنْ عِقَاصِهَا فَأَتَيْنَا بِهِ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَإِذَا فِيهِ: مِنْ حَاطِبِ بْنِ أَبِي بَلْتَعَةَ إِلَى نَاسٍ مِنَ الْمُشْرِكِينَ مِنْ أَهْلِ مَكَّةَ يُخْبِرُهُمْ بِبَعْضِ أَمَرَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «يَا حَاطِبُ مَا هَذَا؟» فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ لَا تَعْجَلْ عَلَيَّ إِنِّي كُنْتُ امْرَأً مُلْصَقًا فِي قُرَيْشٍ وَلَمْ أَكُنْ مِنْ أَنْفُسِهِمْ وَكَانَ مَنْ مَعَكَ من الْمُهَاجِرين من لَهُم قَرَابَات يحْمُونَ بهَا أَمْوَالهم وأهليهم بِمَكَّةَ

فَأَحْبَبْتُ إِذْ فَاتَنِي ذَلِكَ مِنَ النَّسَبِ فِيهِمْ يَدًا يَحْمُونَ بِهَا قَرَابَتِي وَمَا فَعَلْتُ [ص:١٧٥ كفرا وَلَا ارْتِدَادًا عَن ديني وَلَا رضى بِالْكُفْرِ بَعْدَ الْإِسْلَامِ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنَّهُ قَدْ صَدَقَكُمْ» فَقَالَ عُمَرُ: دَعْنِي يَا رَسُولَ اللَّهِ أَضْرِبْ عُنُقَ هَذَا الْمُنَافِقِ. فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّهُ قَدْ شَهِدَ بَدْرًا وَمَا يُدْرِيكَ لَعَلَّ اللَّهَ اطَّلَعَ عَلَى أَهْلِ بَدْرٍ فَقَالَ: اعْمَلُوا مَا شِئْتُم فقد وَجَبت لكم الجنةُ «»» وَفِي رِوَايَة فقد غَفَرْتُ لَكُمْ» فَأَنْزَلَ اللَّهُ تَعَالَى [يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا لَا تَتَّخِذُوا عَدُوِّي وَعَدُوَّكُمْ أَوْلِيَاءَ] . مُتَّفق عَلَيْهِ

6225. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने मुझ को जुबैर और मिकदाद रदी अल्लाहु अन्हा को एक दूसरी रिवायत में मिकदाद के बजाए अबू मर्सडी रदी अल्लाहु अन्हु का नाम है, किसी काम पर रवाना फ़रमाया, आप ﷺ ने फ़रमाया: “तुम चलते जाना हत्ता कि तुम रोज़े खाख पर पहुँच जाओ, वहां एक औरत होगी उस के पास एक ख़त होगा, तुम वह उन से ले लेना”, हम रवाना हुए, हम अपने घोड़े दोड़ाते रहे हत्ता कि हम रोज़े खाख पर पहुँच गए, और वहां हमें वह औरत मिल गई, हमने कहा: ख़त निकालो, उस ने कहा मेरे पास कोई ख़त नहीं, हमने कहा: ख़त निकाल दो वरना हम तेरे कपड़े उतार देंगे, चुनांचे उस ने वह ख़त अपने चोटी से निकाल दिया, हम वह ख़त ले कर नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उस में लिखा हुआ था, हातिब बिन अबी बलता की तरफ से अहले मक्का के चंद मुशरिकीन के नाम, उन्होंने उस में रसूल अल्लाह ﷺ के बाज़ उमूर के मुत्तल्लिक उन्हें खबर दी थी, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “हातिब यह किया (माजरा) है ?” उन्होंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! मेरे मुत्तल्लिक जल्दी न फरमाना, मैं एक ऐसा शख़्स हूँ की मैं कुरैश का साथी हूँ, मैं उन के खानदान में से नहीं हूँ, और आप के साथ जो मुहाजरिन है, उनकी तो (उन से) क़राबत है जिस की वजह से वह मक्का में उन के अमवाल और अहल व अयाल की हिफाज़त कर रहे हैं, मैंने उन से नसबी रिश्ता न होने की वजह से यह पसंद किया की मैं उन से कोई इहसान करूँ, जिस की वजह से वह मेरे क़राबत दारो की हिफाज़त करेंगे, ना मैंने यह कुफ्र की वजह से किया है न अपने दीन से इर्तिदाद (पलटने) की वजह से किया है और ना ही इस्लाम के बाद कुफ्र को पसंद कर के किया है, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “उस ने तुम से सच्ची बात की है” उमर रदी अल्लाहु अन्हु ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! मुझे इजाज़त फरमाइए में इस मुनाफ़िक़ की गर्दन उड़ा दू, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “इस शख़्स ने गज़वा ए बद्र में शिरकत की है, और तुम नहीं जानते के अल्लाह ने अहले बद्र के अहवाल पहले से जान लिए थे, इसलिए उस ने फ़रमाया: “जो चाहो सो करो, तुम्हारे लिए जन्नत वाजिब हो चुकी है”| एक दूसरी रिवायत में है: “मैं तुम्हें मुआफ़ कर चूका”, तब अल्लाह ने यह आयत नाज़िल फरमाई: “ईमान वालो मेरे और अपने दुश्मनों को दोस्त न बनाओ”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق علیه ، رواه البخاری (6259 و الرواية الثانية : 4274) و مسلم (161 / 2494)، (6401)

٦٢٢٦ - (صَحِيح) وَعَنْ»» رِفَاعَةَ بْنِ رَافِعٍ قَالَ: جَاءَ جِبْرِيلُ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «مَا تَعُدُّونَ أَهْلَ بَدْرٍ فِيكُمْ» . قَالَ: «مِنْ أَفْضَلِ الْمُسْلِمِينَ» أَوْ كَلِمَةً نَحْوَهَا قَالَ: «وَكَذَلِكَ مَنْ شَهِدَ بَدْرًا مِنَ الْمَلَائِكَةِ» . رَوَاهُ الْبُخَارِيُّ

6226. रफाअ बिन राफीअ रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जिब्राइल अलैहिस्सलाम नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने ने फ़रमाया: “तुम अहले बद्र को अपने वहां किस दर्जा में शुमार करते हो ?” आप ﷺ ने फ़रमाया: “मुसलमानों में से सबसे अफज़ल”, या “आप ने इसी तरह की बात फरमाई”, उन्होंने (जिब्राइल (अस)) ने फ़रमाया: “इसी तरह जो फ़रिश्ते बद्र में शरीक हुए उनका भी बुलंद दर्जा है”| (बुखारी)

رواه البخاری (3992)

٦٢٢٧ - (صَحِيح) وَعَنْ»» حَفْصَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «إِنِّي لَأَرْجُو أَنْ لَا يَدْخُلَ النَّارَ إِنْ شَاءَ اللَّهُ أَحَدٌ شَهِدَ بَدْرًا وَالْحُدَيْبِيَةَ» قُلْتُ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَيْسَ قَدْ قَالَ اللَّهُ تَعَالَى: [وَإِنْ مِنْكُمْ إِلَّا واردها] قَالَ: " فَلَمْ تَسْمَعِيهِ يَقُولُ: [ثُمَّ نُنَجِّي الَّذِينَ اتقَوا] "»» وَفِي رِوَايَةٍ: «لَا يَدْخُلُ النَّارَ إِنْ شَاءَ اللَّهُ مِنْ أَصْحَابِ الشَّجَرَةِ - أَحَدُ - الَّذِينَ بَايَعُوا تحتهَا» . رَوَاهُ مُسلم

6227. हफ्सा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “मैं उम्मीद करता हूँ कि इंशाअल्लाह गज़वा ए बद्र और सुलह हुदैबिया में शिरकत करने वाला कोई शख़्स जहन्नम में दाखिल नहीं होगा”, मैंने अर्ज़ किया: अल्लाह के रसूल! अल्लाह तआला ने तो फ़रमाया है, “तुम में से हर शख़्स ने उस पर वारिद (उपर) होना है” आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या तुम ने सुना नहीं, वह फरमाता है, फिर वह तक़्वा इख़्तियार करने वालो को बचा लेगा”, एक दूसरी रिवायत में है: “इंशाअल्लाह असहाब शजरा जिन्होंने इस (दरख्त) के निचे बैत की थी जहन्नम में दाखिल नहीं होंगे”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (163 / 2496)، (6404)

٦٢٢٨ - (مُتَّفَقٌ عَلَيْهِ) وَعَنْ جَابِرٍ قَالَ: كُنَّا يَوْمَ الْحُدَيْبِيَةِ أَلْفًا وَأَرْبَعمِائَةٍ. قَالَ لَنَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَنْتُمُ الْيَوْمَ خَيْرُ أَهْلِ الْأَرْض» . مُتَّفق عَلَيْهِ

6228. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया: सुलह हुदैबिया के मौके पर हम चौदाह सौ लोग थे, नबी ﷺ ने हमें फ़रमाया: “आज ज़मीन वालो में से तुम सबसे बेहतर हो”| (मुत्तफ़िक़_अलैह)

متفق عليه ، رواه البخارى (4154) و مسلم (71 / 1856)، (4811)

٦٢٢٩ - (صَحِيحٌ) وَعَنْهُ»» قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَنْ يَصْعَدِ الثَّنِيَّةَ ثَنِيَّةَ الْمُرَارِ فَإِنَّهُ يُحَطُّ عَنْهُ مَا حُطَّ عَنْ بَنِي إِسرائيل» . وَكَانَ أَوَّلَ مَنْ صَعِدَهَا خَيْلُنَا خَيْلُ بَنِي الْخَزْرَجِ ثُمَّ تَتَامَّ النَّاسُ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كُلُّكُمْ مَغْفُورٌ لَهُ إِلَّا صَاحِبَ الْجَمَلِ الْأَحْمَرِ» . [ص:١٧٥ فَأَتَيْنَاهُ فَقُلْنَا: تَعَالَ يَسْتَغْفِرْ لَكَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: لَأَنْ أَجِدَ ضَالَّتِي أَحَبُّ إِلَيَّ مِنْ أَنْ يَسْتَغْفِرَ لِي صَاحِبُكُمْ. رَوَاهُ مُسْلِمٌ»» وَذَكَرَ حَدِيثَ أَنَسٍ قَالَ لِأُبَيِّ بْنِ كَعْبٍ: «إِنَّ اللَّهَ أَمَرَنِي أَنْ أَقْرَأَ عَلَيْكَ» فِي «بَابٍ» بعدَ فَضَائِلِ الْقُرْآنِ

6229. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “जो शख़्स मिरार घाटी की चोटी पर चढ़ेगा तो उस के गुनाह इस तरह ख़तम कर दिए जाएँगे जिस तरह बनी इसराइल के गुनाह ख़तम कर दिए गए थे”, बनू खजरज़ का दस्ता सबसे पहले उस पर चढ़ा, फिर बाकी लोग मुतवातिर पहुँचते रहे, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “इस सुर्ख ऊंट वाले के सिवा तुम सब की मगफिरत हो गई”, हम इस शख़्स के पास आए तो हमने कहा: आओ रसूल अल्लाह ﷺ तुम्हारे लिए मगफिरत तलब करे, उस ने कहा: अगर में अपना गुमशुदा ऊंट पा लू तो यह मुझे उस से ज़्यादा पसंद है के तुम्हारा साथी मेरे लिए मगफिरत तलब करे| और अनस (र) से मरवी हदीस के आप ﷺ ने उबई बिन काब (र) से फ़रमाया के, “अल्लाह ने मुझे हुक्म दिया है की मैं तुम्हें कुरान सुनाउ”, बाब فَضَائِلِ الْقُرْآنِ (फ़ज़ाइल ए कुरान) के बाद ज़िक्र की गई है. (मुस्लिम)

رواه مسلم (12 / 2880)، (7038) 0 حديث انس لابى بن كعب رضى الله عنهما تقدم (2196)

मनाकब का बयान • بَاب جَامع المناقب

दूसरी फस्ल • الْفَصْل الثَّانِي

٦٢٣٠ - (ضَعِيف) عَن»» ابْنِ مَسْعُودٍ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: " اقْتَدُوا بِاللَّذَيْنِ مِنْ بَعْدِي مِنْ أَصْحَابِي: أَبِي بَكْرٍ وَعُمَرَ وَاهْتَدُوا بِهَدْيِ عمّارٍ وَتَمَسَّكُوا بِعَهْدِ ابْنِ أُمِّ عَبْدٍ ". رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ

6230. इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं, आप ﷺ ने फ़रमाया: “मेरे बाद मेरे दो सहाबा अबू बक्र व उमर की इक्तेदा करना, अम्मार की राह पर चलना, उम्मे अब्द (अब्दुल्लाह बिन मसउद (र)) की वसीयत को लाज़िम पकड़ना”| हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु की रिवायत में है: “इब्ने मसउद जो बात तुम से कहे उस की तस्दीक करना”, उस में इब्ने उम्म अब्द (अब्दुल्लाह बिन मसउद (र)) की वसीयत को लाज़िम पकड़ना”, के अल्फाज़ के बजाए मज्कुरह बाला अल्फाज़ है| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3663)

٦٢٣١ - (واه) وَعَنْ»» عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «لَوْ كُنْتُ مُؤَمِّرًا مِنْ غَيْرِ مَشُورَةٍ لَأَمَّرْتُ عَلَيْهِمُ ابْنَ أُمِّ عَبْدٍ» رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَابْنُ مَاجَهْ

6231. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “अगर में किसी मशवरा के बगैर किसी शख़्स को अमीर मुकर्रर करता तो मैं इब्ने उम्म अब्द (अब्दुल्लाह बिन मसउद (र)) को उनका अमीर मुकर्रर करता”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3808) و ابن ماجه (137) * فیه الحارث الاعور : ضعیف و ابو اسحاق السبیعی مدلس و عنعن

٦٢٣٢ - (صَحِيح) وَعَنْ»» خَيْثَمَةَ بْنِ أَبِي سَبْرَةَ قَالَ: أَتَيْتُ الْمَدِينَةَ فَسَأَلْتُ اللَّهَ أَنْ يُيَسِّرَ لِي جَلِيسًا صَالِحًا فَيَسَّرَ لِي أَبَا هُرَيْرَةَ فَجَلَسْتُ إِلَيْهِ فَقُلْتُ: إِنِّي سَأَلْتُ اللَّهَ أَنْ يُيَسِّرَ لِي جَلِيسًا صَالِحًا فَوُفِّقْتَ لِي فَقَالَ: مِنْ أَيْنَ أَنْتَ؟ قُلْتُ: مِنْ أَهْلِ الْكُوفَةِ جِئْتُ أَلْتَمِسُ الْخَيْرَ وَأَطْلُبُهُ. فَقَالَ: أَلَيْسَ فِيكُمْ سَعْدُ بْنُ مَالِكٍ مُجَابُ الدَّعْوَةِ؟ وَابْنُ مَسْعُودٍ صَاحِبُ طَهُورِ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَنَعْلَيْهِ؟ وَحُذَيْفَةُ صَاحِبُ سِرِّ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ وَعَمَّارٌ [ص:١٧٥] الَّذِي أَجَارَهُ اللَّهُ مِنَ الشَّيْطَانِ عَلَى لِسَانِ نَبِيِّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ؟ وَسَلْمَانُ صَاحِبُ الْكِتَابَيْنِ؟ يَعْنِي الْإِنْجِيلَ وَالْقُرْآنَ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6232. खय्समा बिन अबी सबरह बयान करते हैं, मैं मदीना आया तो मैंने अल्लाह से दरख्वास्त की वह किसी स्वालेह शख़्स की हम नशीन इख़्तियार करने की तौफिक बख्शे चुनांचे उस ने मेरे लिए अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु की हम नशीनी मयस्सर फरमा दी, मैं उन के पास बैठ गया, मैंने कहा: मैंने अल्लाह से दुआ की थी के वह मुझे किसी स्वालेह शख़्स की हम नशीनी मयस्सर फरमाए, मुझे तुम्हारी हम नशीनी नसीब हुई है, उन्होंने ने फ़रमाया: तुम कहाँ से (आए) हो? मैंने कहा कुफा से और मैं खैर की तलब व तलाश में आया हूँ, उन्होंने ने फ़रमाया: क्या तुम में मुस्तजाब अल दअवात सईद बिन

मालिक रदी अल्लाहु अन्हु नहीं है ? और रसूल अल्लाह ﷺ की तहारत के लिए वुज़ू का इंतेज़ाम करने वाले और आप के जूते उठाने वाले इब्ने मसउद रदी अल्लाहु अन्हु नहीं है ? रसूल अल्लाह ﷺ के राज़दार हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु और अम्मार रदी अल्लाहु अन्हु जिन्हें अल्लाह ने अपने नबी ﷺ की ज़ुबान पर शैतान से पनाह दी है और साहबे किताबिन यानी इंजील व कुरान पर ईमान रखने वाले सलमान नहीं है ? (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه الترمذی (3811) * قتادة مدلس و عنعن و للحديث شواهد معنوية

٦٢٣٣ - (صَحِيحٌ) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «نِعْمَ الرَّجُلُ أَبُو بَكْرٍ نِعْمَ الرَّجُلُ عُمَرُ نِعْمَ الرَّجُلُ أَبُو عُبَيْدَةَ بْنُ الْجَرَّاحِ نِعْمَ الرَّجُلُ أُسَيْدُ بْنُ حُضَيْرٍ نِعْمَ الرَّجُلُ ثَابِتُ بْنُ قَيْسِ بْنِ شَمَّاسٍ نِعْمَ الرَّجُلُ مُعَاذُ بْنُ جَبَلٍ نِعْمَ الرَّجُلُ مُعَاذُ بْنُ عَمْرِو بْنِ الْجَمُوحِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ غَرِيبٌ

6233. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “अच्छा शख़्स है अबू बक्र अच्छा शख़्स है, ऊमर अच्छा शख़्स है, अबू उबैदा बिन जराह अच्छा शख़्स है, सय्यिद बिन हज़िर बेहतरीन आदमी है, साबित बिन कैस बिन शम्मास बेहतरीन आदमी है, मुआज़ बिन जबल और अच्छा शख़्स है मुआज़ बिन अम्र बिन जमूह रदी अल्लाहु अन्हुम ”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (3795)

٦٢٣٤ - (ضَعِيفٌ) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى الله عَلَيْهِ وَسلم: «إِنَّ الْجَنَّةَ تَشْتَاقُ إِلَى ثَلَاثَةٍ عَلِيٍّ وَعَمَّارٍ وسلمان» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6234. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “जन्नत तीन शख्स, अली, अम्मार और सलमान रदी अल्लाहु अन्हु की मुश्ताक (उत्सुक) है”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3797 وقال : حسن غريب) * فيه الحسن البصری مدلس مشهور و عنعن

٦٢٣٥ - (حَسَنٌ) وَعَنْ»» عَلِيٍّ رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: اسْتَأْذَنَ عَمَّارٌ عَلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «ائْذَنُوا لَهُ مَرْحَبًا بِالطَّيِّبِ الْمُطَيَّبِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6235. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, अम्मार रदी अल्लाहु अन्हु ने नबी ﷺ से अन्दर आने की इजाज़त तलब की तो आप ﷺ ने फ़रमाया: ” उन्हें इजाज़त दे दो बहोत ही अच्छे शख़्स के लिए खुशामदीद”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3798 وقال : حسن صحيح)

٦٢٣٦ - (حسن لغيره) وَعَنْ عَائِشَةَ قَالَتْ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا خُيِّرَ عَمَّارٌ بَيْنَ أمرينِ إِلا اخْتَار أرشدهما» رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6236. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा बयान करती हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “अम्मार को जब भी दो उमूर में से किसी एक को पसंद करने का इख़्तियार दिया गया तो उन्होंने उन में से मुश्किल काम को पसंद किया”| (ज़ईफ़)

ضعيف ، رواه الترمذی (3799) [و ابن ماجه (148) و الحاکم (3 / 388 ح 5665) و احمد (6 / 113)] * فيه حبيب بن ابی ثابت مدلس و عنعن و للحديث شاھد عند احمد (1 / 389 ، 445) و الحاکم (3 / 388 ح 5664) من حديث سالم بن ابی الجعد عن ابن مسعود رضی الله عنه به و سنده منقطع وقال علی بن المدينی :'' سالم ابن ابی الجعد : لم يلق ابن مسعود '' فالحديث ضعيف من جميع الطريقين

٦٢٣٧ - (صَحِيح) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ: لَمَّا حُمِلَتْ جِنَازَةُ سَعْدِ بْنِ مُعَاذٍ قَالَ الْمُنَافِقُونَ: مَا أَخَفَّ جِنَازَتَهُ وَذَلِكَ لِحُكْمِهِ فِي بَنِي قُرَيْظَةَ فَبَلَغَ ذَلِكَ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «إِنَّ الْمَلَائِكَة [ص:١٧٥ كَانَت تحمله» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6237. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, जब सईद बिन मुआज़ रदी अल्लाहु अन्हु का जनाज़ा उठाया गया तो मुनाफिको ने कहा: उस का जनाज़ा किस कदर हल्का है, और यह बनू कुरैज़ा के मुत्तल्लिक उस के फैसले की वजह से है, नबी ﷺ तक बात पहुंची तो आप ﷺ ने फ़रमाया: “हल्का इसलिए है के फ़रिश्ते इसे उठाए हुए थे”| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3849 وقال : حسن صحيح) و اصله فی صحيح مسلم (2467)

٦٢٣٨ - (حسن) وَعَنْ»» عَبْدِ اللَّهِ بْنِ عَمْرٍو قَالَ: سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «مَا أَظَلَّتِ الْخَضْرَاءُ وَلَا أَقَلَّتِ الْغَبْرَاءُ أَصْدَقَ مِنْ أَبِي ذَر» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6238. अब्दुल्लाह बिन उमर रदी अल्लाहु अन्हुमा बयान करते हैं, मैंने रसूल अल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “आसमान तले रुए ज़मीन पर अबू ज़र से ज़्यादा सच्चा आदमी कोई नहीं”| (हसन)

حسن ، رواه الترمذی (3801 وقال : حسن غريب)

٦٢٣٩ - (حسن) وَعَنْ»» أَبِي ذَرٍّ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «مَا أَظَلَّتِ الْخَضْرَاءُ وَلَا أَقَلَّتِ الْغَبْرَاءُ مِنْ ذِي لَهْجَةٍ أَصْدَقَ وَلَا أَوْفَى مِنْ أَبِي ذَرٍّ شِبْهِ عِيسَى بن مَرْيَم» يَعْنِي فِي الزّهْد. فَقَالَ عُمَرُ بْنُ الْخَطَّابِ كَالْحَاسِدِ: يَا رَسُولَ الله أفتعرف ذَلِك لَهُ؟ قَالَ: «نعم فَاعْرِفُوهُ لَهُ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وَقَالَ: حَدِيث حسن غَرِيب

6239. अबू ज़र रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “आसमान तले रुए ज़मीन पर अबू ज़र से ज्याद रास्त गो और अहद वफा करने वाला और ज़ूहद में इसा बिन मरियम अलैहिस्सलाम से ज़्यादा मुशाबह (अनुरूप) कोई नहीं|” (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3802)

٦٢٤٠ - (صَحِيح) وَعَنْ»» مُعَاذِ بْنِ جَبَلٍ لَمَّا حَضَرَهُ الْمَوْتُ قَالَ: الْتَمِسُوا الْعِلْمَ عِنْدَ أَرْبَعَةٍ: عِنْدَ عُوَيْمِرٍ أَبِي الدَّرْدَاءِ وَعِنْدَ سَلْمَانَ وَعِنْدَ ابْنِ مَسْعُودٍ وَعِنْدَ عَبْدِ اللَّهِ بْنِ سَلَامٍ الَّذِي كَانَ يَهُودِيًّا فَأسلم فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «إِنَّهُ عَاشِرُ عَشَرَةٍ فِي الْجَنَّةِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6240. मुआज़ बिन जबल रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है जब उनकी मौत का वक़्त करीब आया तो उन्होंने कहा: चार शख़्स से इल्म हासिल करो उवयमिर अबू दरदा, सलमान, इब्ने मसउद और अब्दुल्लाह बिन सलाम से और अब्दुल्लाह बिन सलाम रदी अल्लाहु अन्हुम अजमईन यहूदी थे, फिर इस्लाम कबूल किया, क्योंकि मैंने रसूल अल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “आप दस जन्नतियो में से दसवे हैं”| (सहीह)

اسناده صحيح ، رواه الترمذی (3804 وقال : حسن صحيح)

٦٢٤١ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» حُذَيْفَةَ قَالَ: قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ لَوِ اسْتَخْلَفْتَ؟ قَالَ: «إِنِ اسْتَخْلَفْتُ عَلَيْكُمْ فَعَصَيْتُمُوهُ عُذِّبْتُمْ وَلَكِنْ مَا حَدَّثَكُمْ حُذَيْفَةُ فَصَدِّقُوهُ وَمَا أقرأكم عبد الله فاقرؤوه» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6241. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! अगर आप खलीफा मुकर्रर फरमादे ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “अगर मैंने तुम पर खलीफा मुकर्रर कर दिया और तुमने उस की नाफ़रमानी की तो तुम अज़ाब में मुब्तिला हो जाओगे, लेकिन हुज़ैफ़ा जो तुम्हें बताइए उस की तस्दीक करो और अब्दुल्लाह जो तुम्हें पढ़ाए इसे पढ़ो”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3812 وقال : حسن) * فيه ابو اليقظان عثمان بن عمير : ضعيف و شريک القاضی مدلس و عنعن

٦٢٤٢ - (صَحِيح) وَعَنْهُ»» قَالَ: مَا أَحَدٌ مِنَ النَّاسِ تُدْرِكُهُ الْفِتْنَةُ إِلَّا أَنَا أَخَافُهَا عَلَيْهِ إِلَّا مُحَمَّدُ بْنُ مِسْلَمَةَ فَإِنِّي سَمِعْتُ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَقُولُ: «لَا تَضُرُّكَ الْفِتْنَةُ» . رَوَاهُ أَبُو دَاوُد

6242. हुज़ैफ़ा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मुहम्मद बिन मुस्लिम, रदी अल्लाहु अन्हु के अलावा हर शख़्स के मुत्तल्लिक अंदेशा है के इसे फितने नुक्सान पहुंचाएगा लेकिन उन के मुत्तल्लिक कोई अंदेशा नहीं, क्यूंकि मैंने रसूल अल्लाह ﷺ को फरमाते हुए सुना: “फितने तुम्हें नुक्सान नहीं पहुंचाएगा”| (ज़ईफ़)

سنده ضعيف ، رواه ابوداؤد (4663) * هشام بن حسان مدلس و عنعن

٦٢٤٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» عَائِشَةَ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَى فِي بَيْتِ الزُّبَيْرِ مِصْبَاحًا فَقَالَ: «يَا عَائِشَة ماأرى أَسْمَاءَ إِلَّا قَدْ نُفِسَتْ وَلَا تُسَمُّوهُ حَتَّى أُسَمِّيَهُ» فَسَمَّاهُ عَبْدَ اللَّهِ وَحَنَّكَهُ بِتَمْرَةٍ بِيَدِهِ. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6243. आयशा रदी अल्लाहु अन्हा से रिवायत है के नबी ﷺ ने जुबैर रदी अल्लाहु अन्हु के घर में चिराग जलता हुआ देखा तो फ़रमाया: “आयशा मेरा ख़याल है के अस्मा के यहाँ विलादत हुई है, तुम इस बच्चे का नाम न रखना उस का नाम में खुद

रखूँगा”, आप ﷺ ने इस (बच्चे) का नाम अब्दुल्लाह रखा और अपने हाथ से खजूर के साथ इसे घुट्टी दी| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3826 وقال : حسن غریب) * فیه عبدالله بن مؤمل : ضعیف ، و حدیث مسلم (2146) هو المحفوظ

٦٢٤٤ - (صَحِيح) وَعَنْ»» عَبْدِ الرَّحْمَنِ بْنِ أَبِي عَمِيرَةَ عَنِ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ أَنَّهُ قَالَ لِمُعَاوِيَةَ: «اللَّهُمَّ اجْعَلْهُ هَادِيًا مَهْدِيًّا وَاهْدِ بِهِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6244. अब्दुल रहमान बिन अबी उमैर रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से रिवायत करते हैं की आप ने मुआविया रदी अल्लाहु अन्हु के मुत्तल्लिक फ़रमाया: “अल्लाह इसे हादी और हिदायत याफ्ता बना और उस के ज़रिए हिदायत नसीब फरमा”| (सहीह)

اسناده صحیح ، رواه الترمذی (3842 وقال : حسن غریب)

٦٢٤٥ - (حسن لشاهده) وَعَنْ عُقْبَةَ بْنِ عَامِرٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَسْلَمَ النَّاسُ وآمن عَمْرو بنُ الْعَاصِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ وقا ل: هَذَا حَدِيث غَرِيب وَلَيْسَ إِسْنَاده بِالْقَوِيّ

6245. उक्बा बिन आमिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “लोगो ने इस्लाम कबूल किया और अम्र बिन आस ईमान लाए”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस ग़रीब है, उस की इसनाद क़वी नहीं| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3844) و للحدیث شاھد

٦٢٤٦ - (لم تتمّ دراسته) وَعَنْ جَابِرٍ»» قَالَ: لَقِيَنِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ: «يَا جَابِرُ مَا لي أَرَاك منكسراً» قلت يَا رَسُول الله اسْتشْهد أبي قتل يَوْم أحد وَتَرَكَ عِيَالًا وَدَيْنًا قَالَ أَفَلَا أُبَشِّرُكَ بِمَا لَقِي الله بِهِ أَبَاك قَالَ قُلْتُ بَلَى يَا رَسُولَ اللَّهِ قَالَ مَا كَلَّمَ اللَّهُ أَحَدًا قَطُّ إِلَّا مِنْ وَرَاءِ حجاب وَأَحْيَا أَبَاك فكَلمهُ كفاحا فَقَالَ يَا عَبْدِي تَمَنَّ عَلَيَّ أُعْطِكَ قَالَ يَا رَبِّ تُحْيِينِي فَأُقْتَلُ فِيكَ ثَانِيَةً قَالَ الرَّبُّ عز وَجل إِنَّه قد سبق مني أَنهم إِلَيْهَا لَا يرجعُونَ قَالَ وأنزلت هَذِهِ الْآيَةِ [وَلَا تَحْسَبَنَّ الَّذِينَ قُتِلُوا فِي سَبِيلِ اللَّهِ أَمْوَاتًا] الْآيَة. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6246. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने मुझ से मुलाकात की तो फ़रमाया: “जाबिर! क्या बात है की मैं तुम्हें मगमूम देख रहा हूँ ?” मैंने अर्ज़ किया: मेरे वालिद शहीद हो गए है और उन्होंने बच्चे और क़र्ज़ छोड़ा है, आप ﷺ ने फ़रमाया: “क्या मैं तुम्हें इस चीज़ के मुत्तल्लिक खुशखबरी न सुनाउ जिस के साथ अल्लाह ने तेरे वालिद से मुलाकात फरमाई ?” मैंने अर्ज़ किया: ज़रूर अल्लाह के रसूल! आप ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह ने जिस से भी कलाम फ़रमाया, पस परदा कलाम फ़रमाया, और तेरे वालिद को जिंदा किया तो उस से हिजाब के बगैर कलाम फ़रमाया, फ़रमाया: मेरे बन्दे तमन्ना कर में तुझे अता करूँगा, उन्होंने अर्ज़ किया, रब जी! तू मुझे जिंदा फरमा ताकि मैं तेरी खातिर दोबारा शहीद कर दिया जाऊ रब तबारक व तआला ने फ़रमाया: मेरी तरफ से फैसला हो चूका है के वह वापिस नहीं

जाएँगे”, तब यह आयत नाज़िल हुई: “अल्लाह की राह में शहीद हो जाने वालो को मुर्दा मत कहो”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3010)

٦٢٤٧ - (لم تتمّ دراسته) وَعنهُ قا»» ل: اسْتَغْفَرَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ خمْسا وَعشْرين مرّة. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6247. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने मेरे लिए पच्चीस मर्तबा मगफिरत तलब की| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3852 وقال : حسن غریب صحیح) * فیه ابو الزبیر مدلس و عنعن و اخرج مسلم (ح 715 بعد ح 1599) من حدیث ابی الزبیر بغیر ھذا اللفظ وھو الصحیح المحفوظ

٦٢٤٨ - (حسن) وَعَنْ»» أَنَسٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كَمْ مِنْ أَشْعَثَ أَغْبَرَ ذِي [ص:١٧٥ طِمْرَيْنِ لَا يُؤْبَهُ لَهُ لَوْ أَقْسَمَ عَلَى اللَّهِ لَأَبَرَّهُ مِنْهُمُ الْبَرَاءُ بْنُ مَالِكٍ» رواء التِّرْمِذِيّ وَالْبَيْهَقِيّ فِي دَلَائِل النُّبُوَّة

6248. अनस रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “कितने ही लोग है जो परान्दा बाल है, गुबार आलूद है, इन पर दो बोशीदा कपड़े है, उनकी कोई वकअत नहीं होती लेकिन अगर वह अल्लाह पर क़सम उठा लें तो वह इसे पूरी फरमा देंता है, बराअ बिन मालिक भी उन्हीं में से है”| (हसन)

اسناده حسن ، رواه الترمذی (3854 وقال : حسن غریب) و البیھقی فی دلائل النبوۃ (6 / 368) [و صححه الحاکم (3 / 292) و وافقه الذھبی)]

٦٢٤٩ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَبِي سَعِيدٍ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَلَا إِنَّ عَيْبَتِيَ الَّتِي آوِي إِلَيْهَا أَهْلُ بَيْتِي وَإِنَّ كَرِشِيَ الأنصارُ فاعفوا عَن مسيئهم واقبلوا من مُحْسِنِهِمْ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ

6249. अबू सईद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “सुन लो! मेरे अहले बैत मेरे खास है जहाँ में पनाह लेता हूँ और मेरे राज़दान अंसार है, उन के खाताकारों से दरगुज़र करो और उन के नेकोकारों से (अज़र) कबूल करो”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन है| (ज़ईफ़)

اسناده ضعیف ، رواه الترمذی (3904) * فیه عطیة العوفی : ضعیف مشھور مع التدلیس القبیح

٦٢٥٠ - (ضَعِيف) وَعَنِ»» ابْنِ عَبَّاسٍ أَنَّ النَّبِيَّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: «لَا يُبْغِضُ الْأَنْصَارَ أَحَدٌ يُؤْمِنُ بِاللَّهِ وَالْيَوْمِ الْآخِرِ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيُّ وَقَالَ: هَذَا حَدِيثٌ حَسَنٌ صَحِيحٌ

6250. इब्ने अब्बास रदी अल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है के नबी ﷺ ने फ़रमाया: “अल्लाह और रोज़ आखिरत पर ईमान रखने वाला कोई शख़्स अंसार से दुश्मनी नहीं रखेगा”| तिरमिज़ी, और उन्होंने ने फ़रमाया: यह हदीस हसन सहीह है| (सहीह)

صحيح ، رواه الترمذی (3906)

٦٢٥١ - (ضَعِيف) وَعَن»» أنس وَأبي طَلْحَة قَالَ: قَالَ لِي رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «أَقْرِئْ قَوْمَكَ السَّلَامَ فَإِنَّهُمْ مَا علمت أَعِفَّةٌ صُبُرٌ» . رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6251. अनस (र), अबू तल्हा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हैं, उन्होंने कहा: रसूल अल्लाह ﷺ ने मुझे फ़रमाया: “अपनी कौम को सलाम कहो, क्योंकि वह सवाल करने से परहेज़ करते हैं और लड़ाई के वक़्त सब्र करते हैं”| (ज़ईफ़)

اسناده ضعيف ، رواه الترمذی (3903 وقال : حسن صحيح) * فيه محمد بن ثابت البنانی : ضعيف ، و تابعه الضعيف : الحسن بن ابی جعفر

٦٢٥٢ - (صَحِيح) وَعَنْ»» جَابِرٍ أَنَّ عَبْدًا لِحَاطِبٍ جَاءَ إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ يَشْكُو حَاطِبًا إِلَيْهِ فَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ لَيَدْخُلَنَّ حَاطِبٌ النَّار فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: «كذبت لَا يدخلهَا فَإِنَّهُ شهد بَدْرًا وَالْحُدَيْبِيَة» . رَوَاهُ مُسلم

6252. जाबिर रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के हातिब रदी अल्लाहु अन्हु का गुलाम नबी ﷺ की खिदमत में हाज़िर हुआ तो उस ने आप से हातिब की शिकायत करते हुए कहा: अल्लाह के रसूल! हातिब जहन्नम में जाएगा, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “तू झूठ कहता है, वह उस में दाखिल नहीं होगा क्योंकि वह बद्र और हुदैबिया में शिरकत कर चूका है”| (मुस्लिम)

رواه مسلم (162 / 2195)، (6403)

٦٢٥٣ - (ضَعِيف) وَعَنْ»» أَبِي هُرَيْرَةَ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ تَلَا هَذِهِ الْآيَةَ: [وَإِنْ تَتَوَلَّوْا يَسْتَبْدِلْ قَوْمًا غَيْرَكُمْ ثُمَّ لَا يَكُونُوا أمثالكم] قَالُوا: يَا رَسُولَ اللَّهِ مَنْ هَؤُلَاءِ الَّذِينَ ذَكَرَ اللَّهُ إِنْ تَوَلَّيْنَا اسْتُبْدِلُوا بِنَا ثُمَّ لَا يَكُونُوا أَمْثَالَنَا؟ فَضَرَبَ عَلَى فَخِذِ سَلْمَانَ الْفَارِسِيِّ ثُمَّ قَالَ: «هَذَا وَقَوْمُهُ وَلَوْ كَانَ الدِّينُ عِنْدَ الثُّرَيَّا لَتَنَاوَلَهُ رِجَالٌ مِنَ الْفُرْسِ» . رَوَاهُ [ص:١٧٦ التِّرْمِذِيّ

6253. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु से रिवायत है के रसूल अल्लाह ﷺ ने यह आयत तिलावत फरमाई: “अगर तुम फिर गई तो अल्लाह तुम्हारी जगह दूसरी कौम ले आएगा, फिर वह तुम्हारी तरह नहीं होंगे”, सहाबा ने अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! यह कौन लोग हैं जिन का अल्लाह ने ज़िक्र फ़रमाया है के अगर हम फिर गए तो वह हमारी जगह आजाएँगे और वह

हमारी तरह नहीं होंगे, आप ﷺ ने सलमान फारसी रदी अल्लाहु अन्हु की रान पर हाथ मार कर फ़रमाया: “ये और उनकी कौम अगर दीन सुरय्ये पर भी हुआ तो फारसी लोगो से हासिल कर लेंगे”| (ज़ईफ़)

سنده ضعیف ، رواہ الترمذی (3260) * شیخ من اهل المدینة مجهول

٦٢٥٤ - (ضَعِيف) وَعَنْهُ»» قَالَ: ذُكِرَتِ الْأَعَاجِمُ عِنْدَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " لَأَنَا بِهِمْ أَوْ بِبَعْضِهِمْ أَوْثَقُ مِنِّي بِكُمْ أَوْ بِبَعْضِكُمْ رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6254. अबू हुरैरा रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ के पास अज़मीओ का ज़िक्र किया गया तो रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “मैं इन पर या उन के बाज़ लोगो पर तुम से या तुम्हारे बाज़ लोगो से ज़्यादा एतमाद करता हूँ”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (3932 وقال : غریب) * صالح بن ابی صالح مھران ضعیف (انظر تقریب التھذیب : 2867) و سفیان بن وکیع خعیف ایضًا

बَاب جَامع المناقب • मनाकब का बयान

الْفَصْل الثَّالِث • तीसरी फस्ल

٦٢٥٥ - (لم تتمّ دراسته) عَنْ عَلِيٍّ»» رَضِيَ اللَّهُ عَنْهُ قَالَ: قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ: " إِنَّ لِكُلِّ نَبِيٍّ سَبْعَةَ نُجَبَاءَ رُقَبَاءَ وَأُعْطِيتُ أَنَا أَرْبَعَةَ عشرَة قُلْنَا: مَنْ هُمْ؟ قَالَ: " أَنَا وَابْنَايَ وَجَعْفَرٌ وَحَمْزَةُ وَأَبُو بَكْرٍ وَعُمَرُ وَمُصْعَبُ بْنُ عُمَيْرٍ وَبِلَالٌ وَسَلْمَانُ وَعَمَّارٌ وَعَبْدُ اللَّهِ بْنُ مَسْعُودٍ وَأَبُو ذَر والمقداد. رَوَاهُ التِّرْمِذِيّ

6255. अली रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, रसूल अल्लाह ﷺ ने फ़रमाया: “हर नबी के सात बरगुज़ेदा निगेहबान होते हैं जबके मुझे चौदाह अता किए गए है, हमने अर्ज़ किया: वह कौन है ? आप ﷺ ने फ़रमाया: “मैं और मेरे दो बेटे हसन व हुसैन (र अ), जाफर, हम्ज़ा, अबू बकर, उमर, मुसअब बिन उमैर, बिलाल, सलमान, अम्मा,र अब्दुल्लाह बिन मसउद, अबू ज़र और मिकदाद (रअअ)”| (ज़ईफ़)

اسنادہ ضعیف ، رواہ الترمذی (3785) [و صححه الحاکم (3 / 199) فتعقبه الذھبی بقوله :’’ بل کثیر واہ ‘‘] * فیه کثیر النواء : ضعیف

٦٢٥٦ - (صَحِيح) وَعَنْ»» خَالِدِ بْنِ الْوَلِيدِ قَالَ: كَانَ بَيْنِي وَبَيْنَ عَمَّارِ بْنِ يَاسِرٍ كَلَامٌ فَأَغْلَظْتُ لَهُ فِي الْقَوْلِ فَانْطَلَقَ عَمَّارٌ يَشْكُونِي إِلَى رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَجَاءَ خَالِدٌ وَهُوَ يشكوه إِلَى النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ: فَجَعَلَ يُغْلِظُ لَهُ وَلَا يَزِيدُهُ إِلَّا غِلْظَةً وَالنَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ سَاكِتٌ لَا يَتَكَلَّمُ فَبَكَى عَمَّارٌ وَقَالَ: يَا رَسُولَ اللَّهِ أَلَا تَرَاهُ؟ فَرَفَعَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأْسَهُ وَقَالَ: «مَنْ عَادَى عَمَّارًا عَادَاهُ اللَّهُ وَمَنْ أَبْغَضَ عَمَّارًا أَبْغَضَهُ اللَّهُ» . قَالَ خَالِدٌ: فَخَرَجْتُ فَمَا كَانَ شَيْءٌ أَحَبَّ إِلَيَّ من رضى عمار فَلَقِيته بِمَا رَضِي فَرضِي

6256. खालिद बिन वलीद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मेरे और अम्मार बिन यासिर रदी अल्लाहु अन्हुमा के दरमियान किसी मुआमला में मुकालिमा (बहसबाज़ी) हो गया तो मैंने उन से सख्त लहजे में बात की तो अम्मार रदी अल्लाहु अन्हु रसूल अल्लाह ﷺ से मेरी शिकायत लगाने चले गए, खालिद रदी अल्लाहु अन्हु आए तो अम्मार रदी अल्लाहु अन्हु नबी ﷺ से खालिद रदी अल्लाहु अन्हु की शिकायत कर रहे थे, रावी बयान करते हैं, खालिद रदी अल्लाहु अन्हु उन से सख्त लहजे में बात करने लगे और इस सख्ती में इज़ाफा होता चला गया जबके नबी ﷺ ख़ामोश है कोई बात नहीं कर रहे, (इस पर) अम्मार रदी अल्लाहु अन्हु रो पड़े और अर्ज़ किया, अल्लाह के रसूल! आप उन्हें देख नहीं रहे ? नबी ﷺ ने अपना सर मुबारक उठाकर फ़रमाया: “जिस ने अम्मार से अदावत रखी अल्लाह उन से अदावत रखेगा और जो शख़्स अम्मार से बुग्ज़ रखेगा तो अल्लाह उन से बुग्ज़ रखेगा”, खालिद रदी अल्लाहु अन्हु बयान करते हैं, मैं वहाँ से निकला तो अम्मार रदी अल्लाहु अन्हु की रज़ामंदी के सिवा मुझे कोई चीज़ ज़्यादा महबूब नहीं थी, मैंने उन्हें राज़ी करने की कोशिश की हत्ता कि वह राज़ी हो गए| (हसन)

اسناده حسن ، رواه احمد (4 / 89 ح 16938) [و الحاكم (3 / 390 391) و صححه و للسند علة ذكرها الذهبى و لكنها غير قادحة]

